एडवांस ग्रुप मेंटरिंग गाइड

NIKE

Advance Group Mentoring Guide
© Ben Jack, 2022.

Published by
The Message Trust
message.org.uk

Unless otherwise indicated scriptures are taken from the Holy Bible, New International Version®, NIV®. Copyright © 1973, 1978, 1984, 2011 by Biblica, Inc.™ Used by permission of Zondervan. All rights reserved worldwide. www.zondervan.com The "NIV" and "New International Version" are trademarks registered in the United States Patent and Trademark Office by Biblica, Inc.™

Scripture quotations marked NLT are taken from the Holy Bible, New Living Translation, copyright ©1996, 2004, 2015 by Tyndale House Foundation. Used by permission of Tyndale House Publishers, Carol Stream, Illinois 60188. All rights reserved.

Scripture quotations marked ESV are taken from The Holy Bible, English Standard Version® (ESV®) Copyright © 2001 by Crossway, a publishing ministry of Good News Publishers. All rights reserved.

Scripture quotations marked NRSV are taken from New Revised Standard Version Bible, copyright © 1989 National Council of the Churches of Christ in the United States of America. Used by permission. All rights reserved worldwide.

Scripture quotations marked MSG are taken from THE MESSAGE, copyright © 1993, 1994, 1995, 4996, 2000, 2001, 2002 by Eugene H. Peterson. Used by permission of NavPress. All rights reserved. Represented by Tyndale House Publishers, Inc.

All rights reserved. Except as may be permitted by the Copyright Act, no part of this publication may be reproduced in any form or by any means without prior permission from the publisher.

Ben Jack has asserted his right under the Copyright, Designs and Patents Act 1988 to be identified as the author of this work.

Edition: E2.0, Printed in the UK.

विषय सूची

परिचय 7

साल एक 17

सत्र एकः	एडवांस में आपका स्वागत है	19
सत्र दोः	एक प्रचारक की पहचान	25
सत्र तीनः	एक प्रचारक का संदेश	31
सत्र चारः	एक प्रचारक का कार्य	37
सत्र पांचः	एक प्रचारक की सामर्थ्य	43
सत्र छहः	एक प्रचारक की भक्ति	49
सत्र सातः	एक प्रचारक का समर्पण	55
सत्र आठः	एक प्रचारक का चरित्र	61
सत्र नौः	एक प्रचारक का अवसर	67
सत्र दसः	एक प्रचारक की प्रतिबद्धता	73
सत्र ग्यारहः	एक प्रचारक की प्रेरणा	79
सत्र बारहः	रिट्रीट	85

साल दो 91

सत्र एकः	सुसमाचार प्रचार की चुनौती और उसका फल	93
सत्र दोः	परमेश्वर की ओर से चुनौती – आराधना और आज्ञाकारिता	99
सत्र तीनः	शिष्य में फल – विश्वासयोग्यता और आत्म–संयम	105
सत्र चारः	स्वयं से चुनौती – कार्य–प्रदर्शन और तुलना	111
सत्र पांचः	संदेश में फल – भलाई और शांति	117
सत्र छहः	दुनिया से चुनौती – भय और सताव	123
सत्र सातः	संदेशवाहक में फल – दया और आनंद	129
सत्र आठः	शत्रु से चुनौती – प्रलोभन और आरोप	135
सत्र नौः	पद्धति में फल – नम्रता और धीरज	141
सत्र दसः	परिवार से चुनौती – संगति और विकर्षण	147
सत्र ग्यारहः	संसार में फल – प्रेम	155
सत्र बारहः	रिट्रीट	161

साल तीन 167

सत्र एकः	व्यावहारिक सुसमाचार–वार्तालाप	169
सत्र दोः	व्यावहारिक प्रचार–कार्य – अपोलोजेटिक्स	175
सत्र तीनः	व्यावहारिक प्रचार–कार्य – संकट	181
सत्र चारः	सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – प्रार्थना	189
सत्र पांचः	सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – सुनना	195
सत्र छहः	सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – कृतज्ञता	201
रिट्रीट		207

परिशिष्ट

सत्र के अन्य विचार	213
एडवांस उद्घोषक श्रृंखला	220
"हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेश्वर"	221
"वन थिंग (एक बात)" और ऑनलाइन संसाधन	228
एडवांस ब्लॉगः सुसमचार प्रचार क्या है	235
एडवांस ब्लॉगः "लेगो" की शक्ति	238
अपने विश्वास को साझा करने और सुसमाचार को साझा करने के बीच का अंतर	241
पॉडकास्ट और वीडियो संसाधन	243
सुसमाचार के सिद्धांत	245
सुसमाचार की कथा	246
युवा सुसमाचार वर्तालाप (यूथ गॉस्पेल टॉक) के उदाहरण	247
सुसमाचार की विधियाँ	251
अनुशंसित संसाधन	254
रेखाचित्रः प्रचारक की भूमिका	255
एक एडवांस ग्रुप शुरू करने के दस सरल कदम	257
एडवांस प्रश्नोत्तरी (बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न – F.A.Q)	259
साल एक परावर्तन	260
साल दो परावर्तन	262
साल तीन परावर्तन	264
जवाबदेही फार्म (प्रपत्र)	266

परिचय

“

क्योंकि मैं **सुसमाचार**
से नहीं लजाता, इसलिये कि
वह हर एक विश्वास करनेवाले के लिये,
पहले तो यहूदी फिर यूनानी के लिये,
उद्धार के निमित्त

परमेश्वर की सामर्थ्य

है।

रोमियों 1:16

सुसमाचार
दूसरी कोई योजना (प्लान बी) नहीं है।

सुसमाचार एक घोषित किया जाने वाला शुभ संदेश है और इसने बचाने की अपनी कोई सामर्थ्य नहीं खोई है। एडवांस, छोटे–छोटे समूह के मार्गदर्शन (मेंटरिंग) के माध्यम से कलीसिया को सुसमाचार प्रचार के लिए तैयार करता है, प्रोत्साहित करता है, और सशक्त बनाता है, साथ ही साथ प्रचारक होने के लिए बुलाए गये लोगों में सुसमाचार प्रचार के वरदानो को भी क्रियाशील और विकसित करता है।

एडवांस एक वैश्विक आन्दोलन है जो सम्पूर्ण कलीसिया को परमेश्वर की महिमा के लिए सम्पूर्ण सुसमाचार को सारे संसार में ले जाने में सहायता करता है। एडवांस विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, संसाधनों और नेटवर्किंग उपक्रमों के माध्यम से इस लक्ष्य का समर्थन करता है – इसके लिए एडवांस ग्रुप एक प्राथमिक साधन है।

मासिक मीटिंग के माध्यम से, एडवांस समूह के लोग शिक्षा प्राप्त करते हैं, चर्चा के माध्यम से एक दूसरे को निपुण करते हैं, और अपने व्यक्तिगत और आत्मिक जीवन को खुलकर साझा करते हैं। अद्यतन (अपडेट) और प्रोत्साहन एक दूसरे के साथ साझा किए जाते हैं, अवसरों के समूह सत्रों के दौरान समूह के सदस्यों को सुसमाचार साझा करने और एक दूसरे की सहायता करनी होती है।

एक एडवांस समूह का हिस्सा बनने के पहले वर्ष के बाद, प्रत्येक समूह के सदस्य को – अपने मूल समूह में बने रहते हुए– 12 नये लोगों का एक नया एडवांस ग्रूप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो सुसमाचार साझा करने की क्षमता और जुनून में बढ़ना चाहते हैं।

एडवांस का पहला ग्रूप इंग्लैंड के मैनचेस्टर में बना और बढ़ता हुआ दुनिया भर में हर महीने होने वाले हजारों ग्रूप मीटिंग के द्वारा एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। वे सभी व्यावहारिक और आत्मिक सहायता के माध्यम से सुसमाचार के लिए एक जुनून, खोये हुए लोगों के लिए एक इच्छा, और सुसमाचार प्रचार के दृढ़ निश्चय की आग को हवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडवांस उन मसीहियों की संख्या में वृद्धि करना चाहता है जो बिना किसी शर्मिंदगी और पूरे आत्मविश्वास से सुसमाचार को किसी भी और हर अवसर पर साझा करने हो तैयार हैं जो परमेश्वर हमें हर दिन प्रदान करता है।

आंदोलन के पांच सिद्धांत

1. नियमित बैठक

समूह के सदस्यों द्वारा मासिक बैठकों को दैनिक प्राथमिकता बनाया जाना चाहिए। यह आवश्यक है कि जब लोग किसी समूह में शामिल हों, तो वे बैठकों के लिए प्रतिबद्ध हों। समूहों को इन सत्रों को पवित्र मानने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए – सदस्यों को अन्य कार्यों से बचने के लिए वो सब कुछ करना चाहिए जो तिथि तय होने के बाद उन्हें दूर कर सकता है। परमेश्वर ने हमें जिस काम के लिए बुलाया है उसके लिए तैयार रहने की गहरी प्रतिबद्धता एडवांस ग्रुप की यात्रा का एक मूलभूत तत्व है।

2. चोखा (निपुण) करना

प्रत्येक मासिक सत्र सुसमाचार के गहन ज्ञान के लिए बाइबल का अध्ययन करने के लिए भरपूर समय देता है। सत्रों में मुख्य रूप से चर्चा के समय एक दूसरे की समझ और प्रचार–कार्य और सुसमाचार के अनुप्रयोग की स्वस्थ आलोचना के अवसर भी शामिल हैं।

3. जवाबदेही

प्रतिक्रिया प्रश्नावली के माध्यम से सच्चे आत्म–मूल्यांकन और समूह सत्रों के भीतर खुले साझाकरण को यह सुनिश्चित करने के लिए रचा गया है कि एडवांस ग्रूप के सदस्य जवाबदेह और पवित्र जीवन जियें क्योंकि हम सुसमाचार को जीने और साझा करने के लिए विश्वासयोग्य रहने का प्रयास करते हैं। आपके समूह में संवेदनशीलता और ईमानदारी को विकसित होने में समय लग सकता है लेकिन ग्रूप लीडर के उदाहरण से उन्हें प्रोत्साहित और उनका नेतृत्व किया जाना चाहिए।

4. संचार–व्यवस्था

ईमेल और/या मोबाइल ग्रूप मैसेज के माध्यम से एक दूसरे को सुसमाचार के अवसरों, प्रार्थना अनुरोधों और उद्धार की कहानियों के साथ अपडेट रखना सुनिश्चित करता है कि समूह एक समुदाय के रूप में एक दूसरे का समर्थन करते हैं। सत्रों के बीच जुड़े रहना भी समूह में एक अधिक पारिवारिक माहौल बनाता है।

5. बहुगुणित होना

समूह के सदस्यों को उनके पहले वर्ष के बाद (अपने मूल समूह में जारी रखते हुए) अपने स्वयं के समूह बनाने की दृष्टि से एडवांस सदस्यों को बहुलीकरण के तरीके खोजने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। (इस तरह के) एडवांस संसाधनों को इस प्रक्रिया को यथासंभव सरल बनाना चाहिए।

क्या यह मेरे लिए है?

बाइबल हमें बताती है कि सुसमाचार प्रचारक की भूमिका उसकी कलीसिया के निर्माण के लिए परमेश्वर की ओर से एक विशिष्ट वरदान है (इफिसियों 4:11–12)। सुसमाचार प्रचारक ना कि सिर्फ लोगों को मसीह की ओर आकर्षित करने में उपयोगी होंगे क्योंकि वे सुसमाचार साझा करते हैं, बल्कि वे सुसमाचार के विश्वासयोग्य गवाह बनने के लिए पूरी कलीसिया को लैस करने और प्रेरित करने में भी उपयोगी होंगे।

हालांकि, एडवांस ग्रुप केवल उन लोगों के लिए नहीं हैं जो खुद को वरदान पाए हुए, या प्रचारक की विशिष्ट भूमिका (कभी–कभी "कार्यालय" कहा जाता है) के लिए बुलाए गए मानते हैं – वे किसी भी व्यक्ति के लिए हैं जो सुसमाचार साझा करने की अपनी समझ और क्षमता में वृद्धि करना चाहते हैं। दुनिया में जाने और शिष्य बनाने के लिए यीशु की महान आज्ञा सभी विश्वासियों के लिए है। इसलिए सुसमाचार प्रचार करना हर मसीही का काम है। चाहे हम "वरदान पाए" प्रचारक हों या ना हों, हम सभी को हमारे शब्दों और हमारे व्यवहार में मसीह को दुनिया के सामने प्रकट करने के लिए "सुसमाचार प्रचारक का काम" करने के लिए बुलाया गया है (2 तीमुथियुस 4:1–5)।

हम एडवांस ग्रुप गाइड में 'प्रचारक' शब्द का उपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए करते हैं जो सुसमाचार प्रचार में संलग्न है, न कि केवल उन लोगों के लिए जो एक विशिष्ट वरदान पाए हुए हैं या एक सुसमाचार प्रचारक बनने के लिए बुलाए गए हैं।

चाहे आपके पास किसी मंच से उपदेश देने के अवसर हों, या आप उन लोगों तक पहुँचने के लिए भावुक हों जिनसे आप अपने दैनिक जीवन में व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं, ये तीन सरल प्रश्न आपको यह तय करने में मदद करेंगे कि क्या एक एडवांस समूह शुरू करना (या शामिल होना) आपके लिए हैः

विश्वास
क्या आपको विश्वास है कि सुसमाचार ने अपनी कोई शक्ति नहीं खोई है, और यही एकमात्र तरीका है जिसके द्वारा एक व्यक्ति सच्चे जीवन और उद्धार को जान सकता है?

स्पष्टता
क्या आप अवसर मिलने पर स्पष्टता के साथ सुसमाचार साझा करना चाहते हैं?

आमंत्रण
क्या आप सुसमाचार की आशा के लिए लोगों को आमंत्रित करना चाहते हैं, और उन्हें यीशु के साथ अनंत संबंध में बढ़ते देखना चाहते हैं?

अगर उन सवालों का आपका जवाब शहांश है, तो एडवांस आपके लिए है। ऐसे अन्य लोगों के एक छोटे समूह को इकट्ठा करके शुरू करें जो इन सवालों के जवाब में "हाँ" कहते हैं, और एक साथ यात्रा शुरू करने के लिए इस एडवांस ग्रुप मेंटरिंग गाइड का उपयोग करें।

सत्र गाइड

इस गाइड में महीने में एक बार एडवांस ग्रुप सेशन चलाने के लिए कम से कम तीन साल की सत्र सामग्री शामिल है। यदि आप एक अनुभवी प्रचारक हैं, या इस प्रकार के समूहों की अगुवाई करने का आत्मविश्वास रखते हैं, तो आप सत्र सामग्री का उपयोग केवल शुरुआती बिंदु के रूप में कर सकते हैं – अपने समूह की जरूरतों को पूरा करने के लिए गाइड में सामग्री को जोड़ना और अपनाना और अपने स्वयं के अनुभव का उपयोग कर सकते हैं। या, यदि आप इस सब के लिए नए हैं, तो बेझिझक सत्रों का शब्द–दर–शब्द और निर्देशों के लिए दिए गए निर्देश का पालन करें – उसमें आपको एक समूह के रूप में एक साथ बढ़ने के लिए आवश्यक सब कुछ मेलेगा।

साल एक

पहले बारह सत्रों को सुसमाचार, प्रचार और एक प्रचारक के चरित्र की समझ देने के लिए बनाया गया है। सत्रों को खंडों में विभाजित किया गया है जो एक प्रचारक की पांच विशेषताओं को समाहित करते हैं (परिचय सत्र के बाद– सत्र एक)।

सत्र दो – चारः
बाइबल की शिक्षा देने वाले प्रचारक –
सुसमाचार को गहराई से जानें

हमें उस संदेश को यथासंभव गहराई से जानना चाहिए जिसका हम प्रचार करते हैं। ऐसा करने के लिए हमें परमेश्वर के वचन को पढ़ने और अध्ययन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए ताकि हमारा प्रचार हमारे अपने विचारों और धारणाओं पर आधारित न होकर परमेश्वर जो कहता है उस पर आधारित हो। हमें केवल प्रचारक होने के लिए बुलाया और नियुक्त नहीं किया गया है, बल्कि बाइबल की शिक्षा देने वाले ऐसे प्रचारक होने के लिए जो राय के बजाय सच्चाई साझा करते हैं। ये तीन सत्र सुसमाचार और सुसमाचार प्रचार पर गौर करेंगे जो बाइबल हमें पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के बारे में सिखाती है।

सत्र पांच – छहः
प्रार्थनापूर्ण प्रचारक – ***आत्मा की सामर्थ्य में कार्य करें***
हमें सुसमाचार प्रचार के कार्य के लिए पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के अधीन होना है, क्योंकि यह हमारी सामर्थ्य नहीं परन्तु परमेश्वर की सामर्थ्य है जो उद्धार लाती है। हमें प्रार्थनापूर्वक जीने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, परमेश्वर से हमारे विश्वास को साझा करने के अवसर प्रदान करने के लिए और परिणामस्वरूप जीवन को बदलते हुए देखने के लिए मांग करनी चाहिए। ये सत्र एक प्रचारक के आत्मिक जीवन की पड़ताल करते हैं और हमारे भक्तिपूर्ण जीवन और हमारे प्रचार–कार्य पर उनके प्रत्यक्ष प्रभाव का पता लगाने के अवसर प्रदान करते हैं।

सत्र सात–आठः
जवाबदेह प्रचारक – ***एक पवित्र जीवन व्यतीत करें***
पवित्रता सुसमाचार क अभिन्न अंग है। सुसमाचार की परिवर्तनकारी शक्ति को एक प्रामाणिक तरीके से साझा करने का अर्थ है जवाबदेह जीवन जीना, जहाँ हमारा "मंच पर" क जीवन हमारे "मंच के पीछे" जीवन से मेल खाता है। सफलता में एक–दूसरे को प्रोत्साहित करना और असफलता में एक–दूसरे के साथ खड़े होना महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक पवित्र संदेश साझा करने वाले पवित्र लोगों के रूप में विकसित होना चाहते हैं। ये सत्र प्रचारक की पवित्रता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जवाबदेही की आवश्यकता और यीशु की सेवा करने वालों की मुख्य विशेषता के रूप में विनम्रता की स्थिति की पुष्टि करते हैं।

सत्र नौ – दसः वचनबद्ध प्रचारक – ***कार्य के प्रति सचेत रहें***
सुविचारित होना सुसमाचार प्रचार की कुंजी है। हमें परमेश्वर के प्रेम को साझा करने के प्रतिदिन के अवसरों के बारे में जागरूक होना चाहिए – और मौका थाम लेना चाहिए, न

केवल यीशु की कहानी सुनाना चाहिए, बल्कि सुनने वाले लोगों को नए जीवन में आमंत्रित करना चाहिए और उन्हें शिष्यत्व की यात्रा शुरू करने में मदद करनी चाहिए। ये सत्र प्रचारक वरदान के दो विशिष्ट तत्वों के बारे में बताते हैं: हर दिन सुसमाचार को साहसपूर्वक साझा करने के लिए बढ़े हुए अवसर, और प्रत्येक सुसमाचार अवसर के उद्देश्य के रूप में लोगों को परमेश्वर के राज्य में बुलाने की इच्छा।

सत्र ग्यारहः
प्रेरक प्रचारक – *गवाह बनने के लिए कलीसिया को प्रेरित करें*

जैसा कि हम सुसमाचार संदेश को एक ऐसे संसार के साथ साझा करते हैं जिसे इसकी आवश्यकता है, हमें कलीसिया को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सुसमाचार प्रचार प्रत्येक मसीही का काम है, और इसलिए इस काम के लिए कलीसिया को प्रोत्साहित करना और प्रेरित करना भी हर प्रचारक की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। यह सत्र कलीसिया के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में प्रचारक की भूमिका की पड़ताल करता है ताकि हम यीशु के अनुयायी के रूप में मसीही गवाही को केंद्र में रखें।

सत्र बारहः रिट्रीट

प्रत्येक एडवांस वर्ष किसी ना किसी प्रकार के रिट्रीट के साथ समाप्त होता है, और सत्र बारह आपके समूह को इस वर्ष सीखी गई सभी बातों पर विचार करने का अवसर देने के लिए एक रूपरेखा और कुछ सुझाई गई सामग्री प्रदान करता है, वह सब कुछ जो आपमें और आपके माध्यम से परमेश्वर ने किया है और जो आगे है उसे एक साथ देखने के लिए।

साल दो

साल दो के बारह सत्र वैकल्पिक रूप से चुनौतियों की खोज और सुसमाचार प्रचार के फल के बीच होते हैं।

सत्र एकः परिचय

यह पहला सत्र चुनौती और फल के विषयों को देखता है जिसके बारे में इस वर्ष पड़ताल करेंगे (सीखेंगे)।

सत्र दोः परमेश्वर की ओर से चुनौती

यह सत्र हमारे लिए परमेश्वर की चुनौती की पड़ताल करता है कि हम आत्मा और सच्चाई में आज्ञाकारिता से उसकी आराधना करें, और संसार में हमारे सुसमाचार प्रचार के लिए इसका क्या अर्थ है।

सत्र तीनः शिष्य में फल

इस सत्र में हम देखेंगे कि आत्म–संयम के साथ जीने का क्या मतलब है – धार्मिक कर्तव्य के कारण नहीं, बल्कि उसके प्रति विश्वासयोग्य रहने की इच्छा जो हमारे प्रति अनंतकाल से विश्वासयोग्य है।

सत्र चारः स्वयं से चुनौती

यह सत्र उस दबाव पर केंद्रित है जो हम खुद पर कुछ मानकों और सफलता के स्तरों और तुलना के खतरों पर 'निष्पादन' करने के लिए डाल सकते हैं।

सत्र पाँचः संदेश में फल

पांचवा सत्र सुसमाचार संदेश के फल पर विचार करता है – संपूर्ण सृष्टि के राजा की अच्छाई, जो हमारे विद्रोह की अराजकता के बजाय दुनिया को अपने सिद्ध राज्य की शांति प्रदान करता है।

सत्र छहः दुनिया से चुनौती

यह सत्र उन चुनौतियों को देखता है जिनका हम दुनिया से सामना कर सकते हैं – मनुष्य का डर और गंभीर उत्पीड़न के खतरे की वास्तविकता या भय जो हमें अप्रभावी बना सकता है।

सत्र सातः संदेशवाहक में फल

सातवें सत्र में हमने बताया कि संदेशवाहक होने का क्या मतलब है जो परमेश्वर की दया के साथ दुनिया में जाते हैं, हम जो कहते और करते हैं उसमें यीशु को जानने की खुशी को प्रकट करते हैं।

सत्र आठः दुश्मन से चुनौती

यह सत्र आत्मिक युद्ध की चुनौती से संबंधित है और हम केसे दुश्मन के बारे में जागरूक हो सकते हैं और उससे लड़ सकते हैं। शैतान हमें पाप के विभिन्न रूपों के द्वारा प्रलोभित करता है जो हमारी सेवकाई को कुंद और अयोग्य बना सकता है, और वह हमारे विश्वास को नष्ट करने के प्रयास में हमें धोखा देना और हम पर दोष लगाना पसंद करता है।

सत्र नौः पद्धति में फल

नौवां सत्र इस बात की पड़ताल करता है कि केसे कोई भी सुसमाचारीय पद्धति जिसका हम उपयोग करते हैं वह हमारे जीवन में आत्मा के कार्य द्वारा सशक्त होगी जब हम संसार में दीनता और नम्रता के साथ जाते हैं, इस अपेक्षा के साथ कि परमेश्वर वह पूरा करेगा जो केवल वही हमारे प्रयासों के माध्यम से कर सकता है।

सत्र दसः परिवार से चुनौती

अंतिम चुनौती जिसकी हम पड़ताल करते हैं वह हमारे अपने कलीसिया के मसीही परिवार से है। हम संगति के महत्व को याद करते हैं ताकि हम अलग–थलग न पड़ जायें, और सुसमाचार को याद रखने के लिए कलीसिया

को लगातार प्रेरित करने की हमारी भूमिका और जब भी भटकाव या उदासीनता हावी हो जाए तो इसके संदेशवाहक बनने की हमारी आनंदमय जिम्मेदारी को भी याद रखें।

सत्र ग्यारहः दुनिया में फल

वार्षिक रिट्रीट से पहले साल दो का अंतिम सत्र इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि हमारे जीवन में और उन लोगों के जीवन में प्रेम को स्थायी रूप से फलित होते देखने का क्या अर्थ है जिनके साथ हम सुसमाचार संदेश साझा करते हैं।

सत्र बारहः रिट्रीट

साल एक की तरह, साल दो का समापन रिट्रीट के साथ होता है। सत्र बारह आपको रूपरेखा और सामग्री के साथ–साथ इस समय आगे के लिए और सुझाव देगा। यह रचनात्मक होने और इस सत्र के लिए अपने सामान्य समूह की तुलना में अधिक समय देने का मौका देता है जो आपको अपने दूसरे वर्ष पर एक एडवांस समूह के रूप में और परमेश्वर ने कैसे काम किया, इस पर विचार करने का मौका देता है।

साल तीन

तीसरे वर्ष में, आपका एडवांस समूह पहले दो वर्षों की निर्धारित सामग्री से दूर जाना शुरू कर देगा, बजाय इसके कि आप अपने समूह को अधिक वैयक्तिकृत तरीकों से कैसे विकसित कर सकते हैं, इसके लिए कई विकल्प और संसाधन प्रस्तुत किए जायें।

वर्ष तीन छह और सत्र प्रदान करता है, प्रत्येक प्रचार–कार्य के अभ्यास से संबंधित है, जिसे किसी भी क्रम में किया जा सकता है। एक रिट्रीट सत्र भी है जिसका उपयोग आप अपने तीसरे वर्ष के अंत में कर सकते हैं।

छह पूर्ण सत्रों और रिट्रीट के साथ, विचार करने के लिए आगे और चौदह सत्र की योजनायें हैं।

आपको छह “वन थिंग (एक बात)” लेख भी मिलेंगे, जिसे विभिन्न प्रकार के लोगों द्वारा लिखा गया है, जिनके पास सुसमाचार–प्रचार का भरपूर अनुभव है, सभी एक बात साझा करते हैं जिसके बारे में वे सोचते हैं कि काश शुरू करने से पहले उन्हें यह पता होता। इन संक्षिप्त विचारों का उपयोग बाइबल के संदर्भ और प्रदान किए गए प्रश्नों का उपयोग करके एक गहन बाइबल अध्ययन और किसी विषय पर बातचीत के लिए संकेत के रूप में किया जा सकता है। आप advancegroups-org पर और भी कई सारे “वन थिंग” (एक बात) लेख के साथ इसी नाम की पॉडकास्ट श्रृंखला भी पा सकते हैं।

अंत में, तीसरे वर्ष में, हमने कई महीनों की एक श्रृंखला के रूप में आपके समूह समय के आधार पर उद्घोषक श्रृंखला जैसे अन्य एडवांस संसाधनों का उपयोग करने के लिए एक गाइड (मार्गदर्शिका) भी प्रदान की है।

वर्ष तीन विकल्पों के बारे में है क्योंकि आप एडवांस के पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए अपने समूह के विकास को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना चाहते हैं।

एक समूह को चलाना

लगभग बारह लोगों के समूह को महीने में एक बार लगभग दो घंटे के लिए मिलने के लिए प्रोत्साहित करें। जब जवाबदेही की बात हो तो एकल–लिंग समूह अक्सर सबसे अच्छा काम करते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं है।

लीडर या सूत्रधार?

आप सोच रहे होंगे कि क्या आप एडवांस ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए सबसे बेहतर व्यक्ति हैं। समूह चलाने के बारे में सोचने के दो तरीके हैंः एक **लीडर** के रूप में या एक **सूत्रधार** के रूप में।

लीडर आमतौर पर ऐसे लोग होते हैं जिनके पास सुसमाचार प्रचार का कुछ अनुभव होता है, और शायद शिक्षण और चर्चा में दूसरों का नेतृत्व करने का भी कुछ अनुभव होता है।

सूत्रधार वे लोग हैं जो एक एडवांस समूह की शुरुआत उसका लीडर बने बिना करना चाहते हैं – वे समूह शुरू करने की जिम्मेदारी लेते हैं और फिर समूह की ओर से सत्र को आगे बढ़ाते हैं (या रास्ते में जिम्मेदारी साझा करने के लिए सहमत होते हैं)।

चाहे अपने स्वयं के अनुभव को समूह में लाना हो या पूरी तरह से इस गाइड की सामग्री पर निर्भर रहना हो, एडवांस ग्रुप का नेतृत्व करना मूल मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता किसी और चीज की तुलना से अधिक होता है। किसी भी तरह से, यह महत्वपूर्ण है कि समूह एक समान सीखने के अनुभव की तरह महसूस करे जहां हर कोई एक साथ बढ़ता है।

एडवांस ग्रुप शुरू करने के लिए एक सरल दस कदम गाइड के लिए पेज 257 देखें।

सत्र विभाजन

प्रत्येक सत्र एक संक्षिप्त परिचय और एक–पंक्ति के सारांश के साथ शुरू होता है – **सत्र एक वाक्य में**।

सत्र की **पृष्ठभूमि सत्र** के लिए संदर्भ प्रस्तुत करती है। किसी सत्र का नेतृत्व करने से पहले आपको इसे पढ़ना चाहिए क्योंकि यह आपको सत्र के समग्र स्वरूप की गहरी समझ प्रदान करेगा। यदि आपके पास ऐसा करने का समय है तो आप इस सामग्री में से कुछ को सत्र में शामिल करने की सोच सकते हैं, लेकिन इसका प्राथमिक उद्देश्य सत्र के माध्यम से अपने समूह का नेतृत्व करने की तैयारी में आपकी सहायता करना है।

प्रत्येक सत्र पिछले सत्र के अवलोकन के साथ **शुरू होता है**। शुरुआती सत्रों में यह एक दूसरे को जानने और यह पता लगाने के बारे में है कि समूह कैसे काम करेगा। जैसे–जैसे सत्र आगे बढ़ता है, कहानियों को एक–दूसरे के साथ साझा करने और पिछले सत्र के लागू करने पर प्रतिक्रिया देने के लिए अधिक समय दिया जाता है।

फिर **प्रार्थना** का समय होता है। इसमें कितना समय लगेगा इस पर कोई मार्गदर्शन नहीं है, और इसे करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं है। आप एक पूरे समूह के रूप में या भागीदारों के साथ, थोड़े या विस्तारित समय के लिए प्रार्थना कर सकते हैं।

मुख्य **शिक्षण** खंड में चर्चा के लिए शास्त्र संदर्भ, उद्धरण और मुद्दे शामिल हैं। यहीं पर आपको घड़ी पर नजर रखने की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। अभी और चर्चा का समय आगे है, और, महत्वपूर्ण रूप से, आपको सत्र के अंत में जवाबदेही अनुभाग के लिए जगह छोड़ने की आवश्यकता होगी। किसी एक शिक्षण मुद्दे पर बहुत ज्यादा बात करने से कहीं समय कम न पड़ जाए!

शिक्षण खंड के बाद **चर्चा** खंड है, जिसमें सत्र के विषय से संबंधित कुछ प्रश्न और उद्धरण शामिल हैं। आपके पास यहां सारी बातों पर चर्चा करने का समय नहीं होगा, लेकिन हमने आपकी आवश्यकता से अधिक सामग्री शामिल की है ताकि आप चुन सकें कि सबसे उपयोगी क्या होगा। इस खंड में सब कुछ पूरा करने के चक्कर में जल्दबाजी करने की ना सोचें – इसके बजाय, केवल कुछ तत्वों पर ध्यान केंद्रित करें।

प्रत्येक सत्र के अंत में एक **अनुप्रयोग** खंड होता है, जो अगले सत्र से पहले समूह को करना होता है। यदि आप चाहें तो अपने स्वयं के विचारोंध्योजनाओं का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं।

एक और **प्रार्थना** का समय आता है, इस बार कुछ मार्गदर्शन के साथ कि सत्र के आलोक में क्या प्रार्थना करें, लेकिन आप इसके बारे में कैसे जाते हैं और कितनी देर तक आप पर निर्भर है।

अंत में, प्रत्येक सत्र एक **जवाबदेही** के समय के साथ समाप्त होता है, जिसमें स्व–मूल्यांकन पत्र के साथ सत्र से संबंधित एक विशिष्ट विचार शामिल होता है जिसे पूरा किया जाना चाहिए, साझा किया जाना चाहिए और प्रार्थना की जानी चाहिए। आप इस गाइड के पीछे से पन्नों की फोटोकॉपी बना सकते हैं या www.advancegroups.org से एक पीडीएफ (PDF) संस्करण डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि आपने अगली बैठक के लिए पहले से कोई तिथि निर्धारित नहीं की है, तो अपना समय समाप्त होने से पहले ऐसा करना सुनिश्चित करें। इसपर व्यक्तिगत रूप से सहमति लेना हमेशा बेहतर होता है। **भूल न जाएं** ... यह एक खंड है जिसमें आपके समूह को वेबसाइट पर किसी भी चीज में संलग्न होने के लिए या एडवांस की किसी भी सुविधा में शामिल होने के लिए याद दिलायें जो उन्हें पूरे सत्र के दौरान मदद कर सकती है।

दो घंटे के एडवांस सत्र सबसे अच्छा काम करते हैं। आप प्रत्येक सत्र खंड के बगल में एक सुझाया गया समय देखेंगे, लेकिन अपने समूह के लिए इन समयों को अनुकूलित करने के लिए आप स्वतंत्र हैं, और अपने समूह की बैठक की अवधि को पूरी तरह से समायोजित करें।

वैकल्पिक सत्र तत्व

विशिष्ट प्रार्थना पर ध्यान

समूह के भीतर कुछ व्यक्तियों के लिए प्रार्थना करने के लिए पूरे समूह के लिए समय निकालें – उनके जीवन, परिवार, सेवकाई और जो कुछ भी वे सुझाते हैं उसके लिए प्रार्थना करें। यदि आपके पास एक बड़ा समूह है, तो आप हर तीन मीटिंग में सभी के लिए काम करने की कोशिश कर सकते हैं, और फिर से शुरू करें।

व्यावहारिक अभ्यास

आप एक घंटे के लिए सड़कों पर निकल सकते हैं और कुछ चर्चा और प्रार्थना को व्यक्तिगत प्रचार में, या सुसमाचार

प्रचार की कुछ अन्य व्यावहारिक अभिव्यक्ति में उपयोग कर सकते हैं। हमें सुसमाचार प्रचार के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए समूहों को बनाया गया है, लेकिन सुसमाचार प्रचार का वास्तव में अभ्यास करने के लिए भी समय दिया जा सकता है! यह महत्वपूर्ण है कि हमारा सुसमाचार प्रचार केवल सभी सूचनाओं और प्रेरणाओं से ही लैस न हो, हमें व्यावहारिक भी होना चाहिए। यह न केवल हमारे अग्रिम सत्रों के अंतिम खेल को पूरा करने का अवसर देता है – सुसमाचार को साझा करने में विश्वासयोग्यता – बल्कि हमारे व्यवहार में भी हम ऐसी चीजें सीखते हैं जो हम केवल शिक्षण और चर्चा के माध्यम से नहीं सीख सकते हैं। इन अनुभवों की डीब्रीफिंग और प्रतिसाद के लिए समय देना सुनिश्चित करें।

अतिथि योगदानकर्ता

यदि आपके पास एक वक्ता या अतिथि है जो शिक्षण और चर्चा के समय में योगदान दे सकता है और समूह के लिए अलग–अलग अनुभव या कुछ नया ला सकता है, तो उन्हें अपने समूह के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित करें।



समूह चलाने के लिए उपयोगी सलाह (टिप्स)

1. जहां तक हो सके समूह की बैठकों की समय–सारणी बनायें और तारीखों के प्रति समर्पित रहें (यदि संभव हो तो छह महीने आगे)। doodle.com जैसा ऑनलाइन टूल इसके लिए मददगार हो सकता है।

2. वाट्सऐप, सिग्नल, फेसबुक मेसेंजर, टेलिग्राम या कोई भी अन्य त्वरित संदेश सेवा ऐप समूह संदेश, प्रार्थना अनुरोध और समूह समय के बीच उद्धार की कहानियों के लिए अच्छी तरह से काम करते हैं। यह सुनिश्चित करें कि समूह में हर कोई इसका उपयोग करने में सहज हो और समूह के लीडर के रूप में, जितनी बार आप कर सकते हैं योगदान करके नियमित जुड़ाव के लिए एक उदाहरण स्थापित करें। अपनी कहानियों को साझा करें, लोगों से उनके प्रार्थना अनुरोध के लिए पूछें, और संसाधनों, पॉडकास्ट और यू–ट्यूब क्लिप के लिंक दें। यदि आप इस कार्य का नेतृत्व करते हैं, तो अन्य भी शामिल होंगे।

3. भोजन लोगों को एक साथ लाने और जोड़ने का एक शानदार तरीका हो सकता है, तो क्यों न आप अपने एडवांस सत्र भोजन के इर्द–गिर्द चलाएं?

4. अपने समूह के लोगों को अपने स्वयं के समूहों की जल्दी शुरूआत करने के बारे में सोचने को कहें, और जब अन्य संभावित समूह सदस्यों को आपके समूह में शामिल होने में बहुत देर हो जाए, तो आप उन्हें अपने स्वयं के समूह से शुरु होने वाले नए समूहों से जोड़ सकते हैं।

5. ऐसे स्थान पर मिलें जहां लोग जवाबदेही समय के दौरान चर्चा करने, प्रार्थना करने और साझा करने में सहज हों। कॉफी शॉप जैसा सार्वजनिक स्थान कुछ के लिए अच्छा काम करता है, लेकिन अन्य लोग अधिक गोपनीयता पसंद कर सकते हैं। अपने बैठक स्थान पर ध्यान से विचार करें। ऑनलाइन बैठकें अच्छी तरह से काम कर सकती हैं, लेकिन जहां भी संभव हो, व्यक्तिगत रूप से मिलने का प्रयास करें।

साल एक

“

परमेश्वर और मसीह यीशु को गवाह करके, जो जीवतों और मरे हुओं का न्याय करेगा, और उसके प्रगट होने और राज्य की सुधि दिलाकर मैं तुझे आदेश देता हूँ

तू वचन का प्रचार कर

समय और असमय तैयार रह, सब प्रकार की सहनशीलता और शिक्षा के साथ उलाहना दे और डाँट और समझा।।

क्योंकि ऐसा समय आएगा जब लोग खरा उपदेश न सह सकेंगे, पर कानों की खुजली के कारण अपनी अभिलाषाओं के अनुसार अपने लिये बहुत से उपदेशक बटोर लेंगे, और अपने कान सत्य से फेरकर कथा–कहानियों पर लगाएँगे।

पर तू सब बातों में सावधान रह, दुःख उठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, और अपनी सेवा को पूरा कर।

2 तीमुथियुस 4:1–5

सत्र एक

एडवांस में आपका स्वागत है

अपनी पहली समूह बैठक का उपयोग एक दूसरे को जानने के अवसर के रूप में करें और समूह क्या बनेगा, इसके लिए रूपरेखा तैयार करें। इस परिचय के साथ, आप एक संवाद शुरू करेंगे कि सुसमाचार–प्रचार क्या है और एक प्रचारक के कार्य को करने के लिए आवश्यक पाँच विशेषताओं का अन्वेषण (पड़ताल) करें।

सत्र एक वाक्य में

एडवांस के पहले बारह सत्रों के माध्यम से, हम पाँच सुसमाचार–प्रचारक विशेषताओं में एक साथ बढ़ेंगे, एक दूसरे को प्रोत्साहित और लैस करेंगे क्योंकि हम इस कार्य के लिए परमेश्वर की ओर से मिलने वाली सामर्थ्य पर निर्भर हैं।

सत्र पृष्ठभूमि

एडवांस की यात्रा में लोगों का स्वागत करने और सुसमाचार प्रचार के बारे में चर्चा शुरू करने के लिए एक अच्छा तरीका यह याद रखना है कि सुसमाचार प्रचार की बुलाहट व्यक्तिगत है। मरकुस 1:16–18 में देखें कि कैसे यीशु अन्द्रियास और पतरस को अपने पीछे आने के लिए बुलाता है। वह किनारे से युवा मछुआरों को बुलाता है और उन्हें अपना जाल (अपना व्यापार) छोड़ने और उसके पीछे चलने के लिए कहता है, क्योंकि वह उन्हें लोगों को पकड़ना सिखाएगा। क्या आज परमेश्वर आपको ठीक उन्हीं शब्दों का उपयोग करके बुलाता है? जब तक आप उन दो भाइयों के समान व्यवसाय साझा नहीं करते हैं, इसकी संभावना नहीं है। यीशु ने अन्द्रियास और पतरस को व्यक्तिगत रूप से बुलाया, मछली पकड़ने के उदाहरण का उपयोग एक संबंध स्थापित करने वाले बिंदु के रूप में किया।

परमेश्वर हमारे जुनून को अवसरों से जोड़कर यह समझने के लिए कि परमेश्वर कौन है, वह हम में से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से अपने मिशन के लिए बुलाता है। चाहे आप एक संगीतकार हों, कलाकार हों, वैज्ञानिक हों, नर्स हों, व्यवसाय के मालिक हों... चाहे आपका व्यवसाय या वरदान कुछ भी हो, परमेश्वर इसका उपयोग आपके लिए अपने सुसमाचार की घोषणा करने के अवसर पैदा करने के लिए कर सकता है।

सुसमाचार प्रचार का लक्ष्य लोगों को परमेश्वर के सुसमाचार से जोड़ना है। हालांकि अधिक पूर्ण रूप से, सुसमाचार–प्रचार का संदेश हमे यीशु मसीह पर विश्वास करने के लिए एक आव्हान है – उस पर भरोसा करने और उसके प्रति आज्ञाकारी होने के लिए, कि हम परमेश्वर की अस्वीकृति से उसके प्रभुत्व की स्वीकृति की ओर मुड़ेंगे। जब हम जान जाते हैं कि हम उसके लिए सृजे गए हैं, तो हम समझ जाते हैं कि उपासना क्या है, और हम अपने जीवन में पवित्र आत्मा की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव करते हैं। जब हम अपने जीवन को आज्ञाकारिता, बलिदान, विश्वास और प्रेम के द्वारा आराधना की सजीव अभिव्यक्ति में बदलते हैं तो हम पूर्णता को पाते हैं (गलातियों 5:13–26)।

निर्गमन 8:1 में, परमेश्वर ने मूसा को निर्देश दिया कि वह फिरौन के पास इस सन्देश के साथ जाए, "मेरी प्रजा को जाने दे..." आज, परमेश्वर की इच्छा गुलामों को पाप से मुक्त करने की है। मूसा की तरह, हमें संसार में जाने और स्वतंत्रता का संदेश घोषित करने के लिए कहा गया है: अब और गुलामी करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि परमेश्वर ने हमारे लिए यीशु के माध्यम से और उनकी आत्मा की सामर्थ्य से स्वतंत्रता में रहना संभव बनाया है (रोमियों 8:2). सुसमाचार–प्रचार का उद्देश्य जैसा कि मूसा और इस्राएल के लोगों के लिए था – उपासना।

> "मेरी प्रजा के लोगों को जाने दे जिससे वे मेरी उपासना करें"
> **निर्गमन 8:1**

हमें ऐसे उपासक बनना है जो गवाही दें ताकि दूसरे लोग उपासना के लिए आ सकें और गवाही दें।

सत्र गाइड

केच अप (ग्रहण करना) (20:30 मिनट)

समूह में सभी का परिचय कराने के लिए समय निकालें और एक दूसरे को जानना शुरू करें। आप एक आइस–ब्रेकर (खामोशी तोड़ने वाली) गतिविधि का उपयोग कर सकते हैं, या बस समूह के बीच चक्कर लगाकर लोगों से उनके बारे में कुछ बुनियादी जानकारी साझा करने के लिए कह सकते हैं। इसके बाद, अपनी शैली में परिचय प्रस्तुत करें या पृष्ठ 9 पर परिचय खंड को समझाने के तरीके के रूप में पढ़ें कि समूह क्या बनेगा और यह आने वाले महीनों में केसे चलेगा।

प्रार्थना

अपनी संपूर्ण एडवांस यात्रा प्रभु को समर्पित करने के लिए कुछ समय निकालें, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "परन्तु मैं अपने प्राण को कुछ नहीं समझता कि उसे प्रिय जानूँ, वरन् यह कि मैं अपनी दौड़ को और उस सेवा को पूरी करूँ, जो मैं ने परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार पर गवाही देने के लिये प्रभु यीशु से पाई है।"
>
> **प्रेरितों 20:24**

सीधे शब्दों में कहें, "सुसमाचार प्रचार" का अर्थ है "सुसमाचार की घोषणा करना"। अच्छी खबर यीशु का संदेश है: कि पापी, या विद्रोही, मानवता को यीशु मसीह के बचाने वाले कार्य के माध्यम से परमेश्वर के साथ मिलाप कराया गया है। हम आज और हमेशा के लिए अनन्त जीवन को जान सकते हैं, और परमेश्वर के साथ पुनःस्थापित संबंध का आनंद उठा सकते हैं क्योंकि यीशु ने अपने ऊपर वह मृत्यु ले ली जिसके हम हकदार थे।

सुसमाचार प्रचार की इन दो परिभाषाओं को देखें:

> "ऐतिहासिक, बाइबल के मसीह का **उद्धारकर्ता और परमेश्वर** के रूप में **उद्घोषणा**, लोगों को व्यक्तिगत रूप से उनके पास आने के लिए राजी करने के दृष्टिकोण से और इसके द्वारा परमेश्वर से मेल **मिलाप** करना।"
>
> **लुसान करार**

> "**सुसमाचार–प्रचार पवित्र आत्मा** की सामर्थ्य से एक पापी दुनिया के लिए **यीशु मसीह के सुसमाचार** की घोषणा है, इस उम्मीद में कि वे परमेश्वर की क्षमा को स्वीकार कर सकें और आज और हमेशा के लिए **उसकी प्रभुता**, प्रेम और **जीवन को जान सकें**"

चर्चा करें: हम इन संक्षिप्त सारांशों (विशिष्ट चर्चा के लिए हाइलाइट किए गए कुछ शब्द) से सुसमाचार प्रचार के कार्य के बारे में क्या सीख सकते हैं?

सुसमाचार–प्रचार के लिए एक मौखिक संदेश, जी उठे यीशु की प्रस्तुति, और सुनने वाले को शुभ समाचार प्राप्त करने और स्वीकार करने के लिए एक निमंत्रण की आवश्यकता होती है। लेकिन जबकि सुसमाचार प्रचार के लिए निस्संदेह शब्द आवश्यक हैं, हमें केवल मौखिक संचार से परे जाने का प्रयास करना चाहिए।

सुसमाचार–प्रचार एक आत्मिक गतिविधि है, जो केवल तभी प्रभावी होती है जब परमेश्वर सामर्थ्य में कार्य करता है। यदि सुसमाचार प्रचार लोगों के मन को बदलने के बारे में होता, तो हम केवल अनुनय पर भरोसा कर सकते थे। परन्तु सुसमाचार प्रचार उद्धार के बारे में है: हमारे द्वारा संदेश को साझा करने के द्वारा, परमेश्वर का आत्मा विश्वास दिलाता है, और हृदयों के परिवर्तन की शुरुआत करता है। आत्मा की सामर्थ्य के बिना सुसमाचार प्रचार मार्केटिंग मात्र है।

> "जब तक आत्मा की शक्ति का प्रदर्शन नहीं होगा, सुसमाचार की घोषणा व्यर्थ होगी। यह सुसमाचार प्रचार नहीं होगा।"
>
> **डेविड वाटसन**

इसके विपरीत, और सुसमाचार–प्रचारक लियोनार्ड रेवेनहिल की व्याख्या करने के लिए, हम विश्वास कर सकते हैं कि सुसमाचार प्रचार का कोई भी तरीका काम कर सकता है यदि उसमें परमेश्वर कार्य कर रहा हो।

सुसमाचार प्रचार का उद्देश्य शिष्य बनाना है – ऐसे उपासक जो आत्मा और सच्चाई से आराधना करते हैं (यूहन्ना 4:23)।

इसलिए, प्रचारकों को स्वयं सच्चे उपासक होना चाहिए। यह कहा गया है कि उपासना और सुसमाचार प्रचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, और यह सच है कि संसार के प्रति हमारी गवाही उपासना का कार्य है – हमारे राजा के प्रति आज्ञाकारिता और भक्ति का कार्य।

ये एडवांस समूह सत्र आपको एक सच्चे उपासक के रूप में परिपक्व होने में मदद करेंगे और आपको एक प्रचारक के पाँच मुख्य गुणों में विकसित होने में सहायक होंगे।

बाइबल–शिक्षण देने वाला प्रचारक

हमें उस संदेश को यथासंभव गहराई से जानना चाहिए जिसका हम प्रचार करते हैं। ऐसा करने के लिए हमें परमेश्वर के वचन को पढ़ने और अध्ययन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, ताकि हमारी घोषणा सुसमाचार के बारे में हमारे अपने विचारों और धारणाओं पर आधारित न हो, बल्कि परमेश्वर का वचन जो सिखाता है उस पर आधारित हो।

प्रार्थनापूर्ण प्रचारक

हमें सुसमाचार प्रचार के कार्य के लिए पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के अधीन होना है, क्योंकि यह हमारी सामर्थ्य नहीं परन्तु परमेश्वर की सामर्थ्य है जो उद्धार लाती है। हमें प्रार्थनापूर्वक जीने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, परमेश्वर से हमारे विश्वास को साझा करने के अवसर प्रदान करने के लिए और परिणामस्वरूप जीवन को बदलते हुए देखने के लिए मांग करनी चाहिए।

जवाबदेह प्रचारक

पवित्रता सुसमाचार क अभिन्न अंग है। सुसमाचार की परिवर्तनकारी शक्ति को एक प्रामाणिक तरीके से साझा करने का अर्थ है जवाबदेह जीवन जीना, जहाँ हमारा "मंच पर" का जीवन हमारे "मंच के पीछे" के जीवन से मेल खाता हो। सफलता में एक–दूसरे को प्रोत्साहित करना और असफलता में एक–दूसरे के साथ खड़े होना महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक पवित्र संदेश साझा करने वाले पवित्र लोगों के रूप में विकसित होना चाहते हैं।

वचनबद्ध प्रचारक

सुविचारित होना सुसमाचार प्रचार की कुंजी है। हमें परमेश्वर के प्रेम को साझा करने के प्रतिदिन के अवसरों के बारे में जागरूक होना चाहिए – और मौका थाम लेना चाहिए, न केवल यीशु की कहानी सुनाना चाहिए, बल्कि सुनने वाले लोगों को नए जीवन में आमंत्रित करना चाहिए और उन्हें शिष्यत्व की यात्रा शुरू करने में मदद करनी चाहिए।

प्रेरक प्रचारक

जैसा कि हम सुसमाचार संदेश को एक ऐसे संसार के साथ साझा करते हैं जिसे इसकी आवश्यकता है, हमें कलीसिया को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सुसमाचार प्रचार प्रत्येक मसीही का काम है, और इसलिए इस काम के लिए कलीसिया को प्रोत्साहित करना और प्रेरित करना भी हर प्रचारक की प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

चर्चा करें: इन पांच मूल विशेषताओं पर विचार करें। प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताकत और कमजोरियों की पहचान कैसे होती हैं?

चर्चा (15 मिनट)

निम्नलिखित प्रश्नों और/या चर्चा उद्धरण का अन्वेषण करें:

- सुसमाचार प्रचार में हमारी क्या भूमिका है और सुसमाचार प्रचार में परमेश्वर की क्या भूमिका है?
- हम कैसे सुनिश्चित करें कि हम सच्चे प्रचारक और सच्चे उपासक हैं?
- आप इस एडवांस ग्रुप के माध्यम से आने वाले महीनों में कैसे बढ़ने की उम्मीद करते हैं?

> "यदि पापियों को दंडित किया जाए, तो कम से कम उन्हें हमारे शरीरों पर लुढ़कते हुए नर्क में जाने दो। और यदि उनका नष्ट होना तय है, तो अपने हाथों से उनके पैरों को पकड़कर, उनसे रहने के लिए विनती करते हुए उन्हें नष्ट होने दें। यदि नरक भरना ही है, तो कम से कम उसे हमारे परिश्रम के पसीने से भरने दो, और बिना किसी चेतावनी और प्रार्थना के वहाँ किसी को भी जाने ना दो।"
>
> चार्ल्स स्पर्जन

अनुप्रयोग (5 मिनट)

सुसमाचार प्रचार की अपनी खुद की बाइबल आधारित परिभाषा बनएं (प्राथमिक रूप से शास्त्र के संदर्भ में) और इसे समूह को भेजें (नीचे **संदेश और दिनांक** लिखें)। यहाँ लक्ष्य कोई शब्द–परिपूर्ण परिभाषा बताना नहीं है, बल्कि यह व्यक्त करना है कि अब आप इस सत्र और कुछ और

विचार और प्रतिबिंब के आधार पर सुसमाचार प्रचार को कैसे समझते हैं। यदि अगले सत्र में समय हो तो आप इनमें से कुछ परिभाषाओं को एक साथ अधिक विस्तार से देख सकते हैं।

प्रार्थना

परमेश्वर को उसके अद्‌भुत सुसमाचार के लिए धन्यवाद दें। उसका धन्यवाद करें कि वह आपको दुनिया में अपने बचाव कार्य का हिस्सा बनाना चुनता है। प्रार्थना करें कि वह आपको वचन और कर्म में उसके संदेशवाहक बनने के लिए सशक्त करे, क्योंकि आप आत्मा और सच्चाई में उसकी उपासना करते हैं। जैसे जैसे आप आगे बढ़ते हैं और इस एडवांस समूह में एक साथ बढ़ते हैं, उससे एक प्रचारक की पांच विशेषताओं में बढ़ने में आपकी मदद करने के लिए विनती करें।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही प्रपत्रों को एक साथ देखें, उन्हें भरें और जोड़ी या छोटे समूहों में एक साथ साझा करें। एक दूसरे के लिए प्रार्थना करके समापन करें।

संदेश और तारीख (10 मिनट)

इस सत्र को सभी को डाउनलोड करने और एक मैसेंजर सिस्टम में लॉग इन करने के लिए कहकर बंद करें जो समूह में सभी के लिए काम करता है। वाट्सऍप और फेसबुक मैसेंजर दोनों मुफ्त हैं और अच्छी तरह से काम करते हैं। एक ग्रूप बनाएं जिसका उपयोग आप सत्रों के बीच अपडेट, प्रार्थना अनुरोधों, गवाहियों आदि के साथ संवाद करने के लिए करेंगे।

अंत में, जितना हो सके आगामी सत्रों के लिए तिथियां निर्धारित करें। छह महीने पहले से निर्धारित करना उपयुक्त होता है ताकि हर कोई तारीखों के लिए पहले से प्रतिबद्ध हो सके और उन्हें अपने डायरी में प्राथमिकता दे सके।

ना भूलें...

प्रत्येक समूह सदस्य एडवांस समूह में होने के नाते खुद को पंजीकृत कर सकता है। advancegroups.org और दुनिया भर के एडवांस समूहों से उत्साहजनक कहानियों के साथ मासिक ईमेल अपडेट प्राप्त करें, महान संसाधनों के लिंक और आंदोलन से नवीनतम समाचार प्राप्त करें।

टिप्पणियाँ

सत्र दो

एक प्रचारक की पहचान

इस सत्र में, आप एक प्रचारक की पहचान की पड़ताल करेंगे क्योंकि यह स्वयं परमेश्वर की पहचान और उसकी सुसमाचार की कहानी से संबंधित है।

सत्र एक वाक्य में

एक प्रचारक की पहचान परमपिता परमेश्वर की पहचान में निहित हैः हम उसके संदेशवाहक बच्चे हैं।

सत्र पृष्ठभूमि

बिली ग्राहम की सेवकाई के चरम पर, मसीही युवाओं को उनके उदाहरण का अनुसरण करने और सुसमाचार के प्रचारक बनने के लिए प्रेरणा मिली। पिछले बीस वर्षों में मसीही युवाओं की आकांक्षाओं में एक प्रत्यक्ष बदलाव आया है। जहां एक बार प्रचारक की भूमिका को मसीही सेवा के शिखर के रूप में देखा जाता था, आज मसीही युवाओं के लिए अधिक सामान्य आकांक्षाएं अक्सर एक आराधना (वर्शिप) लीडर, युवा कार्यकर्ता या कलीसिया का पास्टर बनने की होती हैं।

कलीसिया निश्चित रूप से प्रतिभाशाली संगीतकारों, फिल्म निर्माताओं और अन्य रचनात्मक लोगों से लाभान्वित हुआ है, जिन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आराधना में दूसरों को सेवा प्रदान करने के लिए अपने वरदानों का उपयोग किया है, और इन विश्वसयोग्य लोगों के प्रयासों के माध्यम से परमेश्वर को ऊँचा उठाया गया और महिमा दी गई है। हालाँकि, इससे पहले कि कोई व्यक्ति एक सच्चा उपासक बन सके – आत्मा और सच्चाई से उपासना करने वाला (यूहन्ना 4:23) – उन्होंने सुसमाचार को सुना और उसका प्रतिउत्तर दिया होगा (रोमियों 10:14–17)।

इसी तरह, शिष्यता के लिए पास्टर या शिक्षक की भूमिका आवश्यक है और इसे दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन यदि दुनिया में मिशनरी जुड़ाव और सुसमाचार प्रचार की कमी के कारण सीटें खाली हो जाती हैं तो पास्टर के पास कोई मण्डली ही नहीं होगी।

लोगों को सच्ची उपासना के स्थान पर लाने के लिए हमें उन्हें सुसमाचार को समझाने की आवश्यकता है, और इस बात को ध्यान में रखते हुए, हममें से किसी को भी दुनिया के साथ सुसमाचार साझा करने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए, मसीह में सभी लोगों को हमारे विश्वास की गवाही आत्मा की सामर्थ्य में देनी है (प्रेरितों 1:8)। बाइबल सिखाती है कि सभी विश्वासियों को सुसमाचार प्रचारक का काम करने के लिए बुलाया गया है (मत्ती 28:19; 2 तीमुथियुस 4:5), फिर भी ऐसे लोग हैं जिन्हें विशेष रूप से सुसमाचार प्रचारक होने के लिए चुना गया है (इफिसियों 4:11)। इन लोगों के लिए विशेष रूप से, सुसमाचार की घोषणा करना केवल दिन–प्रतिदिन की गवाही नहीं है, बल्कि उनके जीवन का प्राथमिक उद्देश्य है।

सत्र गाइड

केच अप (20–30 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने के लिए समय निकालें – कहानियाँ, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और कुछ भी साझा करें जो समूह को प्रोत्साहित करे। समूह से कहें कि वे सुसमाचार प्रचार (सत्र एक – अनुप्रयोग) की उनकी बाइबल आधारित

परिभाषाओं को साझा करें और पिछले सत्र के संक्षिप्त विवरण के रूप में कुछ मिनटों के लिए उन पर एक साथ चर्चा करें। छोटे समूहों में इसे पूरे समूह अभ्यास के रूप में किया जा सकता है, बड़े समूहों को आप चर्चा के लिए छोटे समूहों में विभाजित कर सकते हैं। यह इस बात की मूल बात को समाहित करने योग्य भी हो सकता है कि उस व्यक्ति के लिए समूह कैसे काम करता है जिसका पहला सत्र छूट गया हो।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> 'परमेश्वर और मसीह यीशु को गवाह करके, जो जीवतों और मरे हुओं का न्याय करेगा, और उसके प्रगट होने और राज्य की सुधि दिलाकर मैं तुझे आदेश देता हूँ कि तू वचन का प्रचार कर, समय और असमय तैयार रह, सब प्रकार की सहनशीलता और शिक्षा के साथ उलाहना दे और डाँट और समझा। क्योंकि ऐसा समय आएगा जब लोग खरा उपदेश न सह सकेंगे, पर कानों की खुजली के कारण अपनी अभिलाषाओं के अनुसार अपने लिये बहुत से उपदेशक बटोर लेंगे, और अपने कान सत्य से फेरकर कथा–कहानियों पर लगाएँगे। पर तू सब बातों में सावधान रह, दुःख उठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, और अपनी सेवा को पूरा कर।'
>
> **2 तीमुथियुस 4:1–5**

प्रचारक कहलाने का क्या अर्थ है? क्या सभी विश्वासियों को दुनिया के साथ यीशु मसीह की खुशखबरी साझा करने के लिए नहीं बुलाया गया है? मत्ती 28 में यीशु की महान आज्ञा उसके सभी अनुयायियों को दुनिया में जाने और शिष्य बनाने के लिए एक व्यापक आव्हान प्रतीत होता है। लेकिन फिर हम इफिसियों 4 (वचन 11–12) में एक संक्षिप्त परिच्छेद देखते हैं जो पास्टर, शिक्षक, भविष्यद्वक्ता और प्रेरित के साथ–साथ सुसमाचार प्रचारक की विशिष्ट भूमिका पर प्रकाश डालता है, जिनमें से प्रत्येक का उपयोग मसीह के शरीर के निर्माण के लिए किया जाना है। प्रेरितों के काम में हम फिलिप्पुस नाम के एक व्यक्ति को भी देखते हैं जिसे सुसमाचार प्रचारक की विशिष्ट उपाधि दी गई है (प्रेरितों के काम 21:8)। हम सुसमाचार प्रचारक की बुलाहट का क्या करें? क्या यह सबके लिए है या कुछ खास लोगों के लिए?

आप 2 कुरिन्थियों 5:17 के शब्दों को जानते हैं, जहाँ पौलुस मसीह के द्वारा एक नई सृष्टि बनने की बात करता है। हो सकता है कि आपने इस पद का उपयोग तब भी किया हो जब आपने पहले सुसमाचार साझा किया हो। हालाँकि, हम अक्सर आगे के वचनों को उपयोग में नहीं लाते हैं:

> "इसलिये यदि कोई मसीह में है तो वह नई सृष्टि है: पुरानी बातें बीत गई हैंय देखो, सब बातें नई हो गई हैं। ये सब बातें परमेश्वर की ओर से हैं, जिसने मसीह के द्वारा अपने साथ हमारा मेलमिलाप कर लिया, और मेलमिलाप की सेवा हमें सौंप दी है। अर्थात् परमेश्वर ने मसीह में होकर अपने साथ संसार का मेलमिलाप कर लिया, और उनके अपराधों का दोष उन पर नहीं लगाया, और उस ने मेलमिलाप का वचन हमें सौंप दिया है। इसलिये, हम मसीह के राजदूत हैं; मानो परमेश्वर हमारे द्वारा विनती कर रहा है। हम मसीह की ओर से निवेदन करते हैं कि परमेश्वर के साथ मेलमिलाप कर लो।"
>
> **2 कुरिन्थियों 5:17–20**

चर्चा करें: आज के सत्र की शुरुआत में साझा की गई सुसमाचार प्रचार की परिभाषाओं से बाइबल के ये वचन कैसे संबंधित हैं?

परमेश्वर सृष्टि को फिर से स्वयं के साथ मेल मिलाप के काम में व्यस्त है और चाहता है कि हम – उसके मेल–मिलाप वाले लोग – उसके परिवर्तनकारी संदेश के राजदूत बनें। यह सिर्फ "पेशेवर" प्रचारकों के लिए नहीं है, यह सभी विश्वासियों के लिए एक बुलाहट है। हालांकि, इस राजदूत के कार्य में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति का व्यवहार बहुत अलग लग सकता है।

इसके बारे में इस तरह से सोचें: एक फुटबॉल (सॉकर) टीम में, प्रत्येक खिलाड़ी मैच जीतने के लक्ष्य का पीछा कर रहा है। हालांकि, स्ट्राइकर (मारने वाले) वे हैं जिन्हें विशेष रूप से गोल करने का काम सौंपा गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि अन्य खिलाड़ी समय–समय पर स्कोर नहीं कर सकते हैं या करेंगे ही नहीं, लेकिन टीम में स्ट्राइकर का प्राथमिक कार्य स्कोर करना है।

एक और दृष्टांत जो मदद कर सकता है वह है विवाह के दिन के बारे में सोचना। स्मार्ट फोन वाला कोई भी अतिथि इस विशेष दिन की यादों को संजोने के लिए एक शानदार तस्वीर ले सकता है, और इनमें से कुछ तस्वीरें युगल जोड़ी के आधिकारिक फोटो एलबम में भी शामिल हो सकती हैं। और फिर भी, दूल्हा और दुल्हन कुछ बेहतरीन तस्वीरों को खींचने के लिए एक पेशेवर फोटोग्राफर को भी लाते हैं जो अपने कौशल, उपकरण और दिन भर एकमात्र उद्देश्य का उपयोग करके पूरे दिन बेहतरीन पलों की फोटो खींचता है।

कलीसिया के रूप में हम सभी परमेश्वर के सिद्ध राज्य की पुनर्स्थापना का प्रयास कर रहे हैं। गवाही और सुसमाचार प्रचार के द्वारा हम सब को अपनी भूमिका निभानी है। परन्तु कुछ ऐसे हैं जिन्हें विशेष रूप से अन्य गतिविधियों के बदले सुसमाचार प्रचार को प्राथमिकता देने के लिए चुन लिया गया है। ये सुसमाचार प्रचारक हैं, जैसे फिलिप्पुस जिसके बारे में हम प्रेरितों के काम 21:8 में पढ़ते हैं।

यदि निम्न में से कुछ कथन आपके लिए सही हैं, तो सुसमाचार प्रचारक की बुलाहट आपके जीवन पर हो सकती है:

- आप खोए हुए को बचाए हुए देखने के लिए लालायित हैं।
- आप “समय और असमय” सुसमाचार का प्रचार करने के लिए मजबूर हो जाते हो।
- चाहे आप पर कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, आप अपने कार्य में लगे रहते हैं।
- आप अपने द्वारा साझा किए जाने वाले संदेश की सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं करेंगे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके दर्शकों के कानों की खुजली आपसे क्या कहलवाना चाहती है।
- सुसमाचार के शक्तिशाली, परिवर्तनकारी, बचाने वाले संदेश के साथ खोए हुए तक पहुँचने में आप पूरी तरह से दृढ़—निश्चय वाले हैं।
- आपके लिए एक प्रचारक होने के बारे में भविष्यवाणी की गयी है।
- आप एक स्पष्ट संवाद—कर्ता हैं।
- आप खुद को खोये हुओं के लिए नियमित रूप से प्रार्थना करते हुए पाते हैं।
- जहाँ कहीं भी सुसमाचार आपको ले जाए आप वहाँ जाने के लिए तैयार हैं।
- आप दूसरों को उनके विश्वास को साझा करने में मदद करना चाहते हैं।

चर्चा करें: इन कथनों के माध्यम से बात करने में कुछ समय व्यतीत करें और उनमें से कौन सा आपके लिए सही है उसे समझें। यदि आपके समूह में कोई प्रचारक है, तो उन्हें यह साझा करने के लिए कहें कि उन्हें अपने वरदान और भूमिका का एहसास कैसे हुआ।

बाइबल हमें बताती है कि परमेश्वर चाहता है कि कोई नाश न हो (2 पतरस 3:9)। प्रचारक को दुनिया में पिता के समान दिल रखने के लिए मजबूर किया जाता है। हम कर्तव्य या भय के कारण सुसमाचार को साझा नहीं करते हैं, हम इसे इसलिए साझा करते हैं क्योंकि हमारे हृदय हमारे स्वर्गीय पिता के अनुरूप हैं। प्रचारक की पहचान उनकी भूमिका में नहीं, बल्कि परमेश्वर की संतान के रूप में उनकी नई पहचान में पाई जाती है, जो उसके वारिस बन गए हैं (यूहन्ना 1:12)।

वरदान या बुलाहट के बावजूद किसी में यह शक्ति नहीं है कि वह स्वयं को या किसी अन्य को बचा सके। हम केवल संदेशवाहक हो सकते हैं — क्योंकि केवल परमेश्वर ही है जो बचाता है। जब हम उसे अपने प्यारे स्वर्गीय पिता के रूप में और अधिक, पूरी तरह से जानने के लिए बढ़ते हैं और उसकी बचाने की शक्ति को दुनिया के सामने प्रकट करते हैं, वह हमें खोए हुओं को अपने दिल में साझा करने के लिए आमंत्रित करता है।

आइए हम अपने छोटेपन का जश्न मनाएं और आत्मा की शक्ति में चलें, क्योंकि सुसमाचार प्रचार परमेश्वर की अलौकिक शक्ति में निहित है! आइए हम सुसमाचार की सच्चाई और उससे मिलने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसकी गहन प्रासंगिकता को सीखते रहें, क्योंकि सुसमाचार प्रचार परमेश्वर के सत्य में निहित है! आइए हम याद रखें कि प्रेम स्रोत है और दूसरों तक पहुंचने का साधन है — यीशु के प्रेम और करुणा को व्यक्त करने से अधिक कोई भी चीज बंद या प्रतिरोधी दिमाग और दिल को सुसमाचार के लिए नहीं खोल सकती, क्योंकि प्रचार मसीह के प्रेम में निहित है!

रेबेका मैनले पिपर्ट

चर्चा (20 मिनट)

1. क्या व्यक्तिगत गवाही और सुसमाचार प्रचार में कोई अंतर है?

2. यदि सभी से एक सुसमाचार प्रचारक का कार्य करने की अपेक्षा की जाती है, तो ऐसे लोग क्यों हैं जिन्हें सुसमाचार प्रचारक कहा जाता है?
3. चाहे हम प्रचारक हों या नहीं, हम अपने हृदय को खोए हुए लोगों के लिए पिता के हृदय के समान केसे विकसित करें?
4. आप उन लोगों को प्रोत्साहित करने में केसे मदद कर सकते हैं जो सोचते हैं कि सुसमाचार प्रचार केवल “पेशेवरों” के लिए ही “मेल–मिलाप के सेवक” बनने के लिए है?

अनुप्रयोग (5 मिनट)

हम केवल इसलिए सुसमाचार को साझा नहीं करते हैं क्योंकि हम सुसमाचार प्रचारक हैं, जिन्हें सुसमाचार प्रचारक नहीं कहा जाता है, उन्हें भी इसे साझा करने की छूट प्राप्त है। सभी विश्वासियों को सुसमाचार को एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के रूप में साझा करना चाहिए कि परमेश्वर कौन है और उसने उनके जीवन में क्या किया है। जैसे हम पिता के प्रेम से रूपांतरित होते हैं, वैसे ही हम चाहते हैं कि दूसरे भी उसी परिवर्तनकारी प्रेम को अपने लिए जाने।

अगले महीने में, अपने दैनिक भक्ति समय में मरकुस के सुसमाचार समझें और मरकुस के मुख्य विषयों में से एक पर ध्यान दें – कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है, एक सेवक जो पिता की इच्छा को पूरी करने के लिए आया है। जब आप इस दृष्टिकोण से सुसमाचार को पढ़ते और फिर से पढ़ते हैं, तो परमेश्वर से आपकी वास्तविक पहचान की पुष्टि करने के लिए विनती करें – जो आपके वरदान या सेवकाई की बुलाहट में निहित नहीं है, बल्कि उसकी पहचान और उसके महान कामो में निहित है।

प्रार्थना

हमारे स्वर्गीय पिता, परमेश्वर का धन्यवाद करें, कि वह चाहता है कि कोई नाश न हो और उसने वह मार्ग बनाया है जिसके द्वारा यीशु मसीह में विश्वास के द्वारा सभी को बचाया जा सकता है। कुछ समय एक दूसरे के लिए प्रार्थना करने में व्यतीत करें – कि परमेश्वर एक सुसमाचार प्रचारक के रूप में आपकी बुलाहट में और अधिक स्पष्टता लाए, कि वह सुसमाचार को साझा करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करे, और यह कि आप ऐसा करते हुए अधिक साहस प्राप्त करें।

जवाबदेही (15 मिनट)

जोड़े या छोटे समूहों में, एक दूसरे से पूछें कि क्या आप खुद को प्रचारक मानते हैं (एक ऐसा व्यक्ति जिसे सुसमाचार प्रचारक का काम करने के लिए बुलाया गया हो)। अपने जीवन में परमेश्वर की बुलाहट और उस बुलाहट के प्रति विश्वासयोग्य होने का आपके लिए क्या अर्थ है इसपर विचार करने के लिए समय दें।

समाप्त करने के लिए, जवाबदेही प्रपत्रों (फॉर्म्स) को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

हमारी “वन थिंग” (एक बात) ब्लॉग श्रृंखला में कुछ बेहतरीन अंतर्दृष्टियाँ हैं, जहाँ एक प्रचारक एक बात की व्याख्या करता है जो वे सोचते हैं कि काश पहली बार प्रचार करने से पहले ये बात उन्हें पता होती। उन्हें पढ़ें और advancegroups-org पर प्रोत्साहित हों

टिप्पणियाँ

सत्र तीन

एक प्रचारक का संदेश

इस सत्र में हम स्वयं सुसमाचार के संदेश समझने की कोशिश करेंगे। सुसमाचार क्या है? क्या हमारे पास उस संदेश की पर्याप्त समझ है जिसका हम प्रचार करते हैं ताकि इसे स्पष्ट रूप से समझाया जा सके?

सत्र एक वाक्य में

सुसमाचार प्रचार का संदेश यीशु मसीह है: मसीह आया, मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया, मसीह जी उठा और मसीह लौट गया।

सत्र पृष्ठभूमि

सेंट ऑगस्टाइन ने प्रसिद्ध रूप से घोषणा की, “हे परमेश्वर, आपने हमें अपने लिए बनाया है, और हमारा दिल तब तक बेचैन रहता है जब तक यह आप में विश्राम नहीं करता।”

सुसमाचार लोगों को मायूसी, अंधकार, टूटेपन और निराशा से आनंद, प्रकाश, प्रेम और आशा की ओर ले जाता है। सुसमाचार बेचैन ह्रदयों को उनके निर्माता में तृप्ति की ओर प्रेरित करता है। हालांकि, दुख की बात है कि ऐसा लगता है कि यीशु के कई अनुयायियों ने आज सुसमाचार की शक्ति में विश्वास खो दिया है। कई कारण हैं कि क्यों विश्वासी दूसरों के साथ सुसमाचार साझा नहीं करते हैं: डर, अयोग्यता की भावना, और उम्मीद करना कि कोई और इसे करेगा, ये सभी कारण एक भूमिका निभाते हैं। ये सभी कारण एक ही स्थान पर अपनी जड़ पाते हैं – सुसमाचार वास्तव में क्या है, इसके बारे में समझ की कमी और इसकी शक्ति में विश्वास की कमी ।

रोमियों 1 में, पौलुस साहसपूर्वक घोषणा करता है, “मैं सुसमाचार से नहीं लजाता,” और फिर तुरंत यह समझाने की कोशिश करता है कि ऐसा क्यों है: “इसलिये कि वह हर एक विश्वास करनेवाले के लिये, पहले तो यहूदी फिर यूनानी के लिये, उद्धार के निमित्त परमेश्वर की सामर्थ्य है।” (रोमियों 1:16)। यह समझना कि सुसमाचार उद्धार लाने के लिए परमेश्वर की सामर्थ्य है, परमेश्वर कौन है, उसने क्या किया है, और दुनिया के लिए इसका क्या अर्थ है, इस बारे में कुछ समझना है। यीशु मसीह जो है यह सब उसी की वास्तविकता में लिपटा हुआ है। यह अलग या अमूर्त दर्शन नहीं है जिसका व्याख्यान कक्ष या वाद–विवाद कक्ष से परे कोई महत्व नहीं है। एक बात तो यह है कि सुसमाचार को समझने से हमें अपने अस्तित्व और हमें बनाने वाले परमेश्वर की पहचान के बारे में मूलभूत प्रश्नों को समझने में मदद मिलती है। प्रश्न जैसे कि:

मैं कौन हूँ?

हर कोई इस सवाल को किसी न किसी तरह से पूछता है। जीवन का क्या अर्थ है? क्या कोई उद्देश्य है? मेरी क्या पहचान है? सुसमाचार का उत्तर यह है कि आप परमेश्वर की सन्तान हैं, उसके द्वारा सृजे और प्रेम किए गए हैं। आज दुनिया भर में कई संदर्भों में, एक व्यक्ति की प्राथमिक चिंता अब यह नहीं है कि, “जब मैं मर जाऊँगा तो क्या होगा?” बल्कि, “जब तक मैं जीवित हूँ, मैं कौन हूँ?”

ईश्वर कौन है?

संसार में अनेक धर्म हैं। यहां तक कि अगर परमेश्वर मौजूद है, तो हम संभवत: कैसे जान सकते हैं कि वह कौन है और क्या हम सही परमेश्वर की उपासना कर रहे हैं? परमेश्वर

ने सृष्टि के द्वारा, बाइबल के द्वारा, संसार भर के मसीहीयों के अनुभवों के द्वारा, और यीशु मसीह के व्यक्तित्व के द्वारा स्वयं को प्रकट किया है। वह जीवन का निर्माता और अनुरक्षक है, ब्रह्मांड का राजा है, एक पूर्ण और प्रेम करने वाला स्वर्गीय पिता है जो एक टूटी हुई और विद्रोही मानवता को अपने साथ सम्बन्ध में वापस लाने की इच्छा रखता है।

यीशु मसीह कौन है?

पूरे मानव इतिहास में यीशु सबसे सम्मोहक व्यक्ति है। कुछ ऐतिहासिक विद्वानों को संदेह है कि यीशु का अस्तित्व था, लेकिन वह कौन था? एक बुद्धिमान शिक्षक? एक चोर? एक पागल? वास्तव में, यीशु वह है जो वह कहता है कि वह है: दुनिया का उद्धारकर्ता जिसने, अपने जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से, एक व्यक्ति के लिए परमेश्वर की संतान बनना और अनंत काल के राजा को सदा के लिए जानना संभव बनाया है।

जबकि इस प्रकार के प्रश्न सुसमाचार के बारे में बातचीत के लिए एक प्रारंभिक बिंदु के रूप में काम कर सकते हैं, परंतु वे आवश्यक रूप से हमें सुसमाचार के अर्थ की पूरी तरह से पर्याप्त समझ की ओर नहीं ले जाते हैं। बल्कि, वे संपर्क बिंदु हैं जिन पर हम संबंध बनाना शुरू कर सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए शास्त्रों में गहराई से खोज करनी चाहिए ताकि इन प्रश्नों के माध्यम से हम यीशु मसीह के पूर्ण और शक्तिशाली सुसमाचार की ओर संकेत कर सकें।

सत्र गाइड

केच अप (15–25 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले महीने (सत्र दो – अनुप्रयोग) के दौरान समूह को मरकुस के सुसमाचार के अध्ययन के बारे में साझा करने के लिए कहें। इस समय का उपयोग सेवकाई की बुलाहट के बजाय, परमेश्वर के अनन्त पुत्र के उद्धार के कार्य के कारण परमेश्वर की संतान के रूप में हमारी वास्तविक पहचान का पता लगाने और पुष्टि करने के लिए करें। हमारी पहचान की प्रतिक्रिया परिवार की ओर से मेल–मिलाप के सेवक बनना है, खोए हुए लोगों की तलाश करना ताकि वे भी जान सकें कि वे (परमेश्वर के) घर आ सकते हैं।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (25–35 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “हे भाइयो, जब मैं परमेश्वर का भेद सुनाता हुआ तुम्हारे पास आया, तो शब्दों या ज्ञान की उत्तमता के साथ नहीं आया। क्योंकि मैं ने यह ठान लिया था कि तुम्हारे बीच यीशु मसीह वरन् क्रूस पर चढ़ाए हुए मसीह को छोड़ और किसी बात को न जानूँ।”
>
> **1 कुरिन्थियों 2:1–2**

पौलुस यीशु की कहानी की सच्चाई और शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को यह घोषणा करते हुए दिखाता है, “जब मैं तुम्हारे साथ था तब मैंने तय किया था कि यीशु मसीह और उसे क्रूस पर चढ़ाए जाने के अलावा और कुछ नहीं जानूंगा।” यह सुसमाचार का सबसे जरूरी हिस्सा है: परमेश्वर ने खुद हमारे उथल–पुथल से भरे इस संसार में यीशु मसीह के व्यक्तित्व में, एक सिद्ध जीवन जिया, हम जिस मृत्यु के योग्य थे उसे अपने ऊपर लेने के लिए क्रूस पर मरा, और तीसरे दिन फिर से जी उठा, मृत्यु के अभिशाप को हमेशा के लिए तोड़ता हुआ। केवल उस पर विश्वास करने से ही मुक्ति और सच्चा जीवन मिलता है। हम इस सत्य को केवल मन को बदलने के लिए नहीं, बल्कि नया जीवन लाने के लिए साझा करते हैं – एक ऐसा परिवर्तन जो केवल यीशु मसीह में विश्वास के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

सुसमाचार क्या है यह सत्र इस बात की पड़ताल करेगा। हम सुसमाचार को जो मानते हैं, उसके बारे में चर्चा शुरू करने के लिए निम्नलिखित (इस गाइड के पीछे पाए गए) अनुभागों का उपयोग करें।

सुसमाचार सिद्धांत (पृष्ठ 229)

सुसमाचार का व्यवस्थित खाका।

सुसमाचार कथा (पृष्ठ 230)

मोटे तौर पर, वही सुसमाचार यहाँ अधिक व्यवस्थित दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन एक कथात्मक व्याख्या पर अधिक जोर देने के साथ जो अधिकतर एक कहानी की तरह पढ़ा जाता है।

युवा वार्ता और सुसमाचार पद्धति (पृष्ठ 231)

सूचीबद्ध सुसमाचार विधियों में सुसमाचार की विभिन्न व्याख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक व्याख्या सुसमाचार कथा के एक विशेष भाग पर अपना ध्यान केंद्रित करती है और किसी को इसे स्पष्टता के साथ सुनने के लिए प्रस्तुत करने का एक तरीका है।

यह सुनिश्चित करना अत्यावश्यक है कि हम सुसमाचार की सच्चाई की घोषणा कर रहे हैं। याद रखेंः हम किसी को नहीं बचा सकते, सुसमाचार उद्धार लाने के लिए परमेश्वर की सामर्थ्य है (रोमियों 1:16)। यदि हमारा सुसमाचार संदेश कमजोर पड़ जाये, जो कि श्रोता के हृदय को आकर्षित करने का एक आयामी–प्रयास है, तब भी हम बहुत से हाथों को उठते हुए और संदेश का "प्रत्युत्तर" देते हुए देखेंगे, लेकिन वास्तव में उन लोगों ने हाथ उठाकर किस बात की प्रतिक्रिया दी है?

सुसमाचार संदेश अपने साथ कुछ अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण विचार लेकर आता है। यह हम सभी को "पापी" के रूप में वर्णित करता है और दावा करता है कि हम टूटे हुए प्राणी हैं जो मौत के लायक हैं। सुसमाचार का शुभ सन्देश सबसे अच्छा है क्योंकि यह बहुत बुरी मानवीय स्थिति के लिए बचाने वाला प्रत्युत्तर है।

परमेश्वर कितना प्रेममय और अनुग्रहकारी है, इस बारे में हमारी धारणा इस बात पर टिकी होगी कि हम अपने पाप को कितनी बड़ी समस्या समझते हैं। लोग एक ऐसे परमेश्वर के विचार से संघर्ष करते हैं जो हमारे पापों के लिए हमारा न्याय करता है और एक ऐसे प्यार करने वाले परमेश्वर के विचार से संघर्ष करते हैं जो लोगों को नरक में जाने देगा। सुसमाचार के इन पहलुओं पर ध्यान न देना या उन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। हमारे प्रचार पर पाप की समस्या को उजागर करने की जिम्मेदारी है ताकि क्रूस की सामर्थ्य और पुनरुत्थान की आशा को समझा जा सके कि यह वास्तव में क्या है – परमेश्वर की अपात्र कृपा (जिसके हम हकदार नहीं थे) जो उसके बच्चों को प्रेमपूर्वक दी गई और यह मानवता के लिए एकमात्र आशा है।

पाप एक बड़ी समस्या है जिसे सबसे बड़े परमेश्वर ने सुलझाया है। किसी को नीचा दिखाना दूसरे के प्रति हमारी धारणा को कमजोर करना है, और इसलिए हमें सच्चाई के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए – चाहे वह कितना भी चुनौतीपूर्ण क्यों न लगे।

एक अन्य बात जिसे आसानी से नजरअंदाज किया जा सकता है वह यह विचार है कि हमें अपनी आत्म–केन्द्रता (स्वार्थी–पन) के लिए मरना है, अपना क्रूस उठाना है और हमारे पास जो कुछ भी है उसके साथ यीशु का अनुसरण करना है (मत्ती 16:24)। बलिदान द्वारा परिभाषित जीवन की पुकार को अक्सर "परमेश्वर आपको खुश करेगा" संदेश के द्वारा छोटा कर दिया जाता है। इसी तरह, लोगों को जीतने के लिए जोड़ने, घटाने, या अपने स्वयं के संवाद कौशल पर भरोसा करने का कोई भी प्रयास केवल उद्धार के सच्चे और शक्तिशाली सुसमाचार को शून्य कर देगा।

> "जब हम सुसमाचार को बढ़ाते या अनुकूल बनाने की कोशिश में शून्य कर देते हैं, तो सुसमाचार में निहित आत्मिक शक्ति का इनकार किया जाता है। जब हमें संदेह होता है कि केवल संदेश ही उद्धार के लिए परमेश्वर की शक्ति है तो हम जोड़ना या घटाना शुरू करते हैं, अनुनय या प्रस्तुति की अपनी शक्तियों पर भरोसा करते हैं।"
>
> **– मैट चांडलर**

हमें निश्चित रूप से सुसमाचार को इस तरह से प्रस्तुत करने से बचना चाहिए जो लोगों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों से चूक जाते हैं। उदाहरण के लिए, आज की युवा पीढ़ियां अक्सर "अभी" – उद्देश्य, पहचान और न्याय – के प्रश्नों की अधिक चिंता करती हैं, बजाय इसके कि जब हम मर जाते हैं तो क्या होता है जो कि "अभी नहीं" हुआ है, और इसलिए जिस तरह से हम सुसमाचार संदेश प्रस्तुत करते हैं वह इसे ध्यान में रखते हुए करना चाहिए। जिस तरह से हम अपने संदेश को पिरोते हैं वह समय के साथ बदल जाएगा, लेकिन इसकी सामग्री – इसका आवश्यक सत्य – वही रहता है। यदि हमें इसे स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करना है तो हमें सुसमाचार को गहराई से जानना चाहिए। हम अच्छे विचार या सलाह देने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि आत्मा की शक्ति में यीशु मसीह के खरे सुसमाचार देने का प्रयास कर रहे हैं।

दैनिक बाइबल अध्ययन को प्राथमिकता देना हर विश्वासी के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन विशेष रूप से उनके लिए जो नियमित रूप से इसकी सच्चाई का प्रचार कर रहे हैं। हम केसे शास्त्र से रहस्योद्घाटन का दावा कर सकते हैं यदि हम इसे हर दिन हमारे जीवन को पोषित करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं? हमें न केवल सुसमाचार प्रचारक होने के लिए बुलाया गया है, बल्कि बाइबल की शिक्षा देने वाले प्रचारक होने के लिए भी बुलाया गया है।

चर्चा (20 मिनट)

1. आपको क्या लगता है कि आप सुसमाचार को कितनी अच्छी तरह समझते हैं?
2. आज सुसमाचार को अच्छी तरह समझाने की चुनौतियाँ क्या हैं?
3. हम आधुनिक/समकालीन श्रोताओं के साथ संबंध के अवसर कैसे बना सकते हैं?
4. वास्तव में एक "बाइबल–शिक्षा देने वाला" प्रचारक होने का क्या अर्थ है?

> "सुसमाचार मसीही धर्म का जीवनरक्त है, और यह संस्कृति का मुकाबला करने की नींव प्रदान करता है। क्योंकि जब हम वास्तव में सुसमाचार पर विश्वास करते हैं, तो हम यह महसूस करना शुरू करते हैं कि सुसमाचार न केवल मसीहियों को हमारे आसपास की संस्कृति में सामाजिक मुद्दों का सामना करने के लिए मजबूर करता है बल्कि सुसमाचार वास्तव में हमारे आसपास – और भीतर – की संस्कृति के साथ टकराव भी पैदा करता है।"
>
> **– डेविड प्लैट**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

समूह के प्रत्येक सदस्य को YouVersion फोन ऍप या अन्य बाइबल रीडिंग नोट्स का उपयोग करके दैनिक अध्ययन योजना शुरू करने या जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करें। यदि हमें यीशु के अनुयायी के रूप में विकसित होना है और सुसमाचार को गहराई से समझना है तो शास्त्र के साथ हमारा जुड़ाव आवश्यक है ताकि हम इसे सरलता से साझा कर सकें।

इस पुस्तिका और आपकी बाइबल में सुसमाचार के बारे में सामग्री का उपयोग करते हुए, बाइबल के सहायक पदों के साथ सुसमाचार की एक संक्षिप्त व्याख्या (3–5 बिन्दु) तैयार करें जिसे आप अगले सत्र में समूह के साथ साझा कर सकें। यह कार्य कोई परीक्षा नहीं है, यह एक भक्तिपूर्ण गतिविधि है – आपके लिए व्यक्तिगत रूप से सुसमाचार की सच्चाई को समझने का एक तरीका। पृष्ठ 229 पर सुसमाचार सिद्धांत सहायक हो सकता है।

प्रार्थना

"प्रभु यीशु, आपका धन्यवाद कि आप आए और आपने एक सिद्ध जीवन जिया, कि आपने क्रूस पर हमारा स्थान ले लिया, और कि आपके पुनरुत्थान के द्वारा हम नए जीवन में भाग ले सकते हैं। आप पर विश्वास करने और आपके प्रेम में बढ़ने में हमारी सहायता करें। हमें आपके वचन को और अधिक पूरी तरह से समझने में सहायता करें, आपके सुसमाचार को और अधिक गहराई से जानने के लिए और इसे हमारे आस–पास के लोगों के साथ सरलता और सच्चाई से साझा करने में सक्षम होने में हमारी सहायता करें। आपके द्वारा हमें दिए गए अवसरों के लिए धन्यवाद, जब हम आपके वचन में और आपकी उपस्थिति में समय व्यतीत करते हैं तब कृपया हमें उन अवसरों के प्रति विश्वासयोग्य रहने के लिए तैयार करें।"

जवाबदेही (15 मिनट)

अपनी बाइबल पढ़ने की आदतों के बारे में एक दूसरे के साथ ईमानदार रहें। छोटे समूहों या जोड़ियों में, अपनी दैनिक अध्ययन की अच्छी या बुरी आदतों पर और साथ ही परमेश्वर के वचन को पढ़ने के बारे में कुछ चीजें जो आपको पसंद हैं और कुछ जो आपको कठिन लगती हैं इस पर भी चर्चा करें। इस बारे में ध्यान से सोचें कि बाइबल के अनुसार मेल–मिलाप का एक नया मौसम आपके लिए कैसा होगा और एक लक्ष्य निर्धारित करें – अपने आप को थोड़ा सा ज्यादा करने पर जोर दें, लेकिन जितना आप चबा सकते हैं उससे ज्यादा कौर काटने की जरूरत महसूस न करें और खुद को असफलता के लिए तैयार न करें। आप कैसे काम कर रहे हैं यह देखने के लिए अपने जवाबदेह समूह को अगले महीने अपने साथ रहने के लिए कहें। याद रखें, यह केवल बाइबल पढ़ने के लक्ष्य के बारे में नहीं है, यह परमेश्वर और उसके सुसमाचार को दिन–ब–दिन जानने की खुशी के बारे में है।

समाप्त करने के लिए, जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें३

YouVersion पर सात दिवसीय एडवांस भक्तिपूर्ण संदेश "सुसमाचार के संरक्षक" देखें।

टिप्पणियाँ

सत्र चार
प्रचारक के कार्य

उपदेश देने और प्रचार करने में क्या अंतर है? यह सत्र बाइबल और व्यावहारिक रूप से इन विचारों का पता लगाने का एक अवसर है, एक दूसरे को मौखिक कौशल विकसित करने और तेज करने के लिए प्रोत्साहित करना – चाहे पारस्परिक बातचीत या उपदेश के लिए – पवित्र आत्मा की शक्ति को पूर्ण रूप से प्रस्तुत करना।

सत्र एक वाक्य में

प्रचारक का कार्य आत्मा की सामर्थ्य द्वारा परमेश्वर के पवित्र वचन के माध्यम से प्रकट किए गए सुसमाचार को मौखिक रूप से बताना है।

सत्र पृष्ठभूमि

परंपरा के अनुसार, असीसी के सेंट फ्रांसिस ने एक बार कहा था:

> "हर समय सुसमाचार का प्रचार करो, और यदि आवश्यक हो तो शब्दों का प्रयोग करो।"

यह सुसमाचार द्वारा चिन्हित जीवन जीने के महत्व को दर्शाने के लिए एक लोकप्रिय उद्धरण है। लेकिन इसमें दो दिक्कतें हैं। सबसे पहले, इसका कोई वास्तविक प्रमाण नहीं है कि सेंट फ्रांसिस ने ऐसा बिल्कुल कहा था – कम से कम उन्होंने इसे कभी लिखा नहीं। दूसरे, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह एक बयान की तरह नहीं लगता। जबकि यह सही है कि हमारे जीवन को परमेश्वर के राज्य के बारे में सुसमाचार के हमारे शब्दों की तरह ही प्रदर्शित करना चाहिए, सुसमाचार का प्रचार करना परिभाषा के अनुसार एक शब्द–आधारित प्रक्रिया है। वाक्य को और अधिक मददगार तरीके से फिर से परिभाषित किया जा सकता है:

> "हर समय सुसमाचार का प्रचार करो, और, क्योंकि यह आवश्यक है, शब्दों का प्रयोग करो।"

शब्द "उपदेश" और "घोषणा" का संबंध बोलने से है – वे मौखिक घोषणाएँ हैं। आप एक सिद्ध "सुसमाचार" जीवन जी सकते हैं, लेकिन यदि आप यीशु में अपनी आशा को स्पष्ट नहीं करते हैं तो दुनिया आपके जीवन के इस रूप में जीने का कारण कैसे जान पाएगी?

> "चुप रहना और दूसरों को हमारे कार्यों की व्याख्या करने देना गलत है; स्वयं परमेश्वर ने भी ऐसा नहीं किया। इतिहास में परमेश्वर के छुटकारे की कार्रवाई के मुख्य बिंदु मौखिक प्रकटीकरण के साथ पाए जाते हैं।"
>
> **– विल मेट्ज़गर**

नए नियम (प्रेरितों के काम 2:14) में दर्ज सुसमाचार के प्रसार के लिए प्रचार करना महत्वपूर्ण था, फिर भी आज कुछ ऐसे हैं जो मानते हैं कि उपदेश देना पुराना तरीका है और यह अब दुनिया को सुसमाचार सुनाने का सबसे अच्छा तरीका नहीं है। हम निश्चित रूप से अपने प्रचार में रचनात्मक होना चाहते हैं और अपने प्रचार को शुरु करना चाहते हैं (शायद संचार के अन्य तरीकों की खोज, जैसे कि फिल्म निर्माण, या गीत लेखन), लेकिन बाइबल सुसमाचार प्रचारकों को प्रचार करने के लिए मजबूर करता है जो श्रोताओं को संदेश समझने में मदद करता है और

सुसमाचार साझा करने के कार्य के मुख्य तत्व के रूप में मसीह के प्रभुत्व को स्वीकारने के आमंत्रण का जवाब देने का अवसर देता है। (1 कुरिन्थियों 1:21; 2 तीमुथियुस 4:1–2; मरकुस 1:17; लूका 9:23)।

सभी विश्वासियों को उपदेश देने वाला प्रचारक बनने के लिए नहीं बुलाया गया है। अधिकांश विश्वासियों के लिए, सुसमाचार प्रचार और व्यक्तिगत गवाही पारस्परिक बातचीत की तरह दिखाई देगी, और यह प्राथमिक तरीका होगा जिसमें सुसमाचार दूसरों को मौखिक रूप से बताया या "घोषित" किया जाता है।

किसी भी तरह से, हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि सुसमाचार प्रचार के लिए शब्द चाहे जितने आवश्यक हैं, वे अकेले इसे पूरा नहीं कर सकेंगे। एक असमर्पित जीवन से बोले गए शब्द खोखले और पाखंडी लगेंगे, और परमेश्वर की आत्मा की सामर्थ्य से रहित शब्दों में विश्वास करने वाले सभी लोगों के लिए उद्धार लाने के निमित्त परमेश्वर की सामर्थ्य का अभाव होगा (रोमियों 1:16)।

इस बात को ध्यान में रखते हुए, सुसमाचार प्रचार में तीन बातें शामिल होनी चाहिए:

उद्घोषणा: जिसके द्वारा हम समझाते हैं कि यीशु कौन है।

प्रदर्शन: जिसके द्वारा हम यीशु के समान जीवन जीते हैं।

आमंत्रण: जिसके द्वारा हम यीशु पर विश्वास करने का अवसर प्रदान करते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। एक या दो स्वयंसेवकों/सहायकों को अपनी सुसमाचार प्रस्तुति (सत्र तीन – अनुप्रयोग) साझा करने और प्रतिक्रिया देने के लिए कहें। सकारात्मक होना न भूलें!

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> यदि तू अपने मुँह से यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार करे, और अपने मन से विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तू निश्चय उद्धार पाएगा।... क्योंकि, "जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वह उद्धार पाएगा।" फिर जिस पर उन्होंने विश्वास नहीं किया, वे उसका नाम केसे लें? और जिसके विषय सुना नहीं उस पर केसे विश्वास करें? और प्रचारक बिना केसे सुनें? और यदि भेजे न जाएँ, तो केसे प्रचार करें? जैसा लिखा है, "उनके पाँव क्या ही सुहावने हैं, जो अच्छी बातों का सुसमाचार सुनाते हैं!"
>
> **रोमियों 10:9, 13–15**

बाइबल में घोषणा के बारे में बहुत सी बातें हैं: कम से कम 33 अलग–अलग यूनानी शब्द हैं जिनका हम आमतौर पर "प्रचार" या "घोषणा" के रूप में अनुवाद करते हैं। रोमियों के इस अंश में, हम पौलुस को सुसमाचार को साझा करने के संदर्भ में "प्रचार" शब्द का उपयोग करते हुए पाते हैं। पौलुस के लिए, प्रचार करना बेहद महत्वपूर्ण है, और वह तीमुथियुस को अपनी सेवकाई में प्रचार को प्राथमिकता देने के लिए कहता है (2 तीमुथियुस 4:1–2)। हम पिन्तेकुस्त के दिन (प्रेरितों के काम 2) एक उदाहरण देखते हैं कि केसे परमेश्वर लोगों को अपने ऊपर विश्वास करने के लिए उपदेश का उपयोग करने का चुनाव करता है – हजारों लोग केवल अलौकिक संकेतों और चमत्कारों (आग की जीभ, अन्य भाषाओं में बोलना) का सामना करके बचाए नहीं गए थे बल्कि पतरस की आत्मा से भरी हुई घोषणा को सुनने के द्वारा बचाए गए थे।

जिस यूनानी शब्द से हमें "सुसमाचार प्रचार" मिलता है, उसका अर्थ है शुभ समाचार की घोषणा करना – एक स्वाभाविक मौखिक गतिविधि। लेकिन उपदेश को आज की संस्कृति में थोड़ा पुराने जमाने का माना जा सकता है, जिसमें "दोस्ती" या "व्यक्तिगत" प्रचार के तरीकों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ संबंध–आधारित बातचीत पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। कुछ लोग लगभग पूरी तरह से एक मौखिक गतिविधि की आवश्यकता को बाहर कर देते हैं और केवल कार्यों में (व्यवहार या कर्म द्वारा) गवाही देना पसंद करते हैं, सामाज–सेवी परियोजनाओं के

आधार पर मिशन गतिविधि के साथ जिस विधि के माध्यम से परमेश्वर का प्रेम प्रकट होता है। और फिर भी, जैसा कि रोमियों में पौलुस पूछता है, यदि विश्वासी कभी भी संसार में हमारे प्रेमपूर्ण कार्यों के स्रोत, या हमारी आशा के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तो कोई कैसे कभी भी यीशु के बारे में सच्चाई जान पाएगा और स्वेच्छा से उस पर प्रभु के रूप में विश्वास करेगा?

चर्चा करें: यदि हम जानते हैं कि एक प्रचारक होने के कार्य के लिए उद्घोषणा महत्वपूर्ण है, तो हम कैसे सुनिश्चित करते हैं कि सुसमाचार का संदेश स्पष्ट और पर्याप्त रूप से बताया जाए ताकि श्रोता इसे समझ सकें और जो उन्होंने सुना है उसका सार्थक रूप से प्रत्युत्तर देने का अवसर मिल सके? उपदेश क्या भूमिका निभाता है?

हमारे प्रचार कार्य के लिए सबसे अच्छा अभ्यास उपरोक्त विकल्पों में से किसी एक में पाया जाना नहीं है, बल्कि एक विविध दृष्टिकोण के मूल्य को पहचानने में है जो हमारी अपनी विविधता को दर्शाता है। हालांकि हमारे शब्दों का प्रयोग आवश्यक है।

चाहे हम सार्वजनिक संवाद (जैसे उपदेश) या व्यक्तिगत संवाद (जैसे बातचीत) में संलग्न हों, हमेशा ऐसे तरीके होते हैं जिनसे हम अपने संदेश की स्पष्टता विकसित कर सकते हैं। हमारे दर्शकों और उनके संदर्भ को जानना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें किसी भी उदाहरण या मेल–जोल बिंदुओं के बारे में सावधानी से सोचने में मदद करता है जो उन्हें हमारे साथ साझा करने और समझने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम किशोरों के एक समूह को सुसमाचार का प्रचार कर रहे हैं, तो हम एक पेंशनभोगी के साथ आमने–सामने की बातचीत की तुलना में अलग–अलग शब्दों और सांस्कृतिक मेल–जोल बिंदुओं का उपयोग कर सकते हैं। सुसमाचार का संदेश अपने आप में नहीं बदलता है, लेकिन जिस तरह से हम इसे व्यक्त करते हैं, जिस दृष्टांत का हम उपयोग करते हैं, और जिन सांस्कृतिक संदर्भों का हम उपयोग करते हैं, उन्हें हमारे आस पास के लोगों के अनुरूप बनाए जा सकते हैं। संक्षेप में, हम जो प्रचार करते हैं वह नहीं बदलता है, लेकिन हम कैसे प्रचार करते हैं वह बदलता है।

यही कारण है कि सुसमाचार को साझा करने के लिए स्वयं को तैयार करना हमारे मसीही जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि हम हर बार प्रचार करने के लिए उठने पर केवल वही पुराने सुसमाचार वार्तालाप के तरीके पर भरोसा करेंगे तो हम बासी और आलसी प्रचारक बन जायेंगे। यदि हम हमेशा सुसमाचार की व्याख्या के एक ही तरीके पर भरोसा करेंगे, तो हम बातचीत में विभिन्न प्रकार के लोगों को शामिल करने की संभावना नहीं रखते हैं जो उन्हें यीशु को समझने में मदद कर सकता हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, हमें अपनी तैयारी प्रार्थनापूर्वक करनी चाहिए, परमेश्वर से अपने आत्मा के माध्यम से बोलने, और हमें बोलने के लिए शब्द देने की विनती करनी चाहिए। हमें उन विभिन्न तरीकों से सुसमाचार को प्रचारित करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए जो उन लोगों को ध्यान में रखने का प्रयास करते हैं जिनके साथ हम संपर्क में आ सकते हैं।

चर्चा करें: सुसमाचार की व्याख्या करने के लिए निम्नलिखित विशेषताओं को देखें और सोचें कि आप उन्हें अपने स्वयं के सुसमाचार प्रचार के अवसरों पर कैसे लागू कर सकते हैं। यह तैयारी कैसे एक उपासना पूर्ण कार्य हो सकती है?

हमें घोषणा करनी चाहिए:

- **स्पष्ट रूप से:** स्पष्टता अच्छे संवाद का अंतिम उद्देश्य है। स्पष्ट रूप से व्याख्या करने के लिए, हमें स्वयं सुसमाचार की अच्छी समझ होनी चाहिए, इसे इतनी गहराई से जानना चाहिए कि हम इसे सरलता के साथ सटीक रूप से प्रस्तुत कर सकें।
- **आत्मिक रूप से:** मृत हृदयों को सुसमाचार के संदेश द्वारा पुनर्जीवित होने के लिए परमेश्वर की आत्मा को काम करना चाहिए – इसलिए इस कार्य के लिए हमारा प्रचार आत्मा की शक्ति के अधीन होना चाहिए।
- **प्रेम से:** हम लोगों को अपने विचारों और ज्ञान के लिए नहीं, बल्कि यीशु मसीह की विलक्षण वास्तविकता के लिए जीत रहे हैं। हमें दीनता के साथ प्रचार करना चाहिए, जिसके (परमेश्वर के) बारे में हम साझा करते हैं, उसको सम्मान देना चाहिए, और जिनके (उनके बच्चों) साथ हम साझा करते हैं, उनके लिए करुणा के साथ प्रचार करना चाहिए।
- **निडरता से:** जब हम सुसमाचार की सच्चाई की पेशकश करते हैं तो विनम्रता साहस को नकारती नहीं है। हम दयालु, विनम्र और दीन होते हुए भी अपने संदेश की सच्चाई में दृढ़ विश्वास रखते हुए दृढ़ निश्चय के साथ बोल सकते हैं।
- **विशिष्ट रूप से:** मसीह को अन्य सभी के सामने

अद्वितीय के रूप में प्रस्तुत किया जाना है, और उसे हमारे सुसमाचार वार्तालापों का केंद्र बिंदु बना रहना है।

- **व्यक्तिगत रूप से:** हम अपने स्वयं के जीवन में उसके प्रभाव को साझा करके, श्रोताओं को उनकी परिस्थितियों से जोड़कर सुसमाचार की सच्चाई को प्रदर्शित कर सकते हैं।

चाहे हम बातचीत में बोल रहे हों या किसी मंच से उपदेश दे रहे हों, हमें इनमें से प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रखना चाहिए। हालाँकि, एक विशेषता जो बातचीत के अवसर के लिए अद्वितीय है, वह है सुनना। हम जिनसे भी बात करते हैं उन्हें अच्छी तरह से सुनने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। केवल बोलने के लिए अपनी बारी का इंतजार न करें, जो आप सुनते हैं उसके जवाब में अच्छे प्रश्न पूछें, जिज्ञासु बनें न कि खंडन करने वाले, और ऐसा महसूस न करें कि आपके द्वारा पूछे जाने वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने की आवश्यकता है या हर उस बिंदु का खंडन करें जिससे आप असहमत हैं। बातचीत एक यात्रा है, और यह अक्सर अपरिचित होती हैं। अधिकांश अपरिचित यात्राओं की तरह, हमें अपना रास्ता खोजने में मदद करने के लिए एक मानचित्र की आवश्यकता होती है। आपके साथ वार्तालाप करने वाले को वास्तव में सुनने से वह मानचित्र उपलब्ध होगा और समय के साथ उन लोगों के लिए गंतव्य स्पष्ट हो सकता है जिनसे आप बात करते हैं (इस पर और अधिक जानकारी के लिए साल तीन में व्यक्तिगत सुसमाचार प्रचार और "सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – सुनना" पर सत्र देखें)।

ये विशेषताएँ हमारी उद्घोषणा के लिए कितनी भी सहायक क्यों न हों, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कितनी भी कुशल अभिव्यक्ति वास्तव में किसी को परमेश्वर के राज्य में नहीं लाएगी, केवल स्वयं परमेश्वर ही ऐसा कर सकता है। पवित्र आत्मा को सामर्थ्य में कार्य करने के लिए हमारे संवाद को स्थान बनाना चाहिए। पिछले सत्र में, हमने 1 कुरिन्थियों 2 में यीशु की कहानी को जानने और उसका प्रचार करने के लिए पौलुस की प्रतिबद्धता को देखा। अगले ही वचनों में, पौलुस आत्मा की सामर्थ्य में यीशु की कहानी की घोषणा करने की अपनी प्रतिबद्धता को साझा करता है ताकि नया विश्वास मानवीय कारणों के बजाय परमेश्वर पर स्थिर हो:

> "और मेरे वचन, और मेरे प्रचार में ज्ञान की लुभानेवाली बातें नहीं, परन्तु आत्मा और सामर्थ्य का प्रमाण था, इसलिये कि तुम्हारा विश्वास मनुष्यों के ज्ञान पर नहीं, परन्तु परमेश्वर की सामर्थ्य पर निर्भर हो।"
>
> **1 कुरिन्थियों 2:4–5**

हम आत्मा और सच्चाई से परमेश्वर की आराधना करना चाहते हैं (यूहन्ना 4:23) और हमारा सुसमाचार प्रचार अलग नहीं होना चाहिए। हम उसकी सच्चाई को आत्मा की शक्ति में उपासकों के रूप में घोषित करते हैं जिसकी हम उपासना करते हैं ताकि दूसरे उसकी उपासना करने आ सकें।

चर्चा (20 मिनट)

1. क्या प्रचार करना आज भी अनुरूप है?
2. संवादकर्ता के रूप में आपकी ताकत और कमजोरियां क्या हैं?
3. सुसमाचार की बातचीत की तुलना में आप सुसमाचार की प्रस्तुति की तैयारी कैसे करते हैं? क्या आप दोनों सामग्री को अलग तरह से देखते हैं?
4. आपकी उद्घोषणा में सुनने की क्या भूमिका है?

> "अच्छे उपदेश और महान उपदेश के बीच का अंतर मुख्य रूप से पवित्र आत्मा के कार्य में निहित है ... हमें अपने संवाद को अच्छा बनाने के लिए वह कार्य करना चाहिए और इसे परमेश्वर पर छोड़ देना चाहिए कि वह कैसे और कितनी बार श्रोता के लिए इसे महान बनाता है।"
>
> **– टिम केलर**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

शैली और विषय वस्तु दोनों के संदर्भ में एक सुसमाचार वार्ता की एक उपयुक्त YouTube क्लिप खोजें जिसकी आप आलोचना कर सकते हैं। समूह को सत्रों के बीच क्लिप देखने, नोट्स बनाने और अगली बार चर्चा करने के लिए तैयार रहने के लिए कहें, शायद इस सत्र से छह युक्तियों का उपयोग करके सुसमाचार प्रस्तुति की कुछ ताकत और/या कमजोरियों का एक रूपरेखा के रूप में मूल्यांकन करने के लिए।

प्रार्थना

संवाद की अपनी विनम्र पेशकश के माध्यम से परमेश्वर की आत्मा को काम करने के लिए एक साथ प्रार्थना करें।

धन्यवाद दें कि परमेश्वर ने आपको अपने संदेश के लिए एक मुखपत्र बनाने के लिए चुना है और उससे विनती करें कि वह आपको वास्तविक रूप से सुसमाचार को जीने में मदद करे ताकि आपके मुंह के शब्द आपके दिल की स्थिति से अलग न हों। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो संदेश सुनेंगे – कि परमेश्वर उनके हृदयों को तैयार करे और उन्हें प्रकटीकरण के उस स्थिती में ले जाए जहाँ से वे उस पर विश्वास करना चुन सकते हैं।

जवाबदेही (15 मिनट)

जोड़ियों में, सुसमाचार प्रचार में संवाद के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा करने में कुछ समय व्यतीत करें। क्या आपने सार्वजनिक या व्यक्तिगत सुसमाचार प्रचार के अवसरों के लिए अच्छी तैयारी की उपेक्षा की है? क्या आपने केवल–कार्य के दृष्टिकोण के पक्ष में सुसमाचार को मौखिक रूप से बताने से परहेज किया है? इस बारे में एक दूसरे के साथ ईमानदार रहें कि सुसमाचार को मौखिक रूप से सुनाने के क्षेत्र में आपको कहाँ दोबारा से शुरुआत करने की आवश्यकता हो सकती है और प्रार्थनापूर्वक इसपर प्रभु के सामने समर्पित हों।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस एसेंशियल सीरीज सुसमाचार प्रचार अभ्यास के विभिन्न पहलुओं के लिए संक्षिप्त, व्यावहारिक मार्गदर्शन (प्रॅक्टिकल गाईड) प्रदान करती है। जांचें कि क्या उत्तर 'यीशु' है ... प्रश्न क्या है? यीशु के बारे में दूसरों के साथ अच्छी बातचीत करने के क्षेत्र में पैनापन लाने के बारे में अधिक युक्तियों के लिए। www.advancegroups.org/AES पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

टिप्पणियाँ

सत्र पाँच

एक प्रचारक की सामर्थ्य

हम आत्मिक रूप से मृत हृदयों को पुनर्जीवित होते देखना चाहते हैं। यह सत्र इस बात की पड़ताल करता है कि प्रार्थना के माध्यम से आत्मिक रूप से सशक्त होने का क्या मतलब है, जो हमें अपने स्वयं के दिलों में एक प्रामाणिक पुनरुत्थान की ओर ले जाता है जो बदले में हम दुनिया को दे सकते हैं।

सत्र एक वाक्य में

प्रार्थना सुसमाचार प्रचार की नींव है, और यह सामर्थ्य को वहाँ डालती है जहाँ उसे होना चाहिए – मानव प्रयास में नहीं बल्कि परमेश्वर के हाथों में।

सत्र पृष्ठभूमि

प्रेस्बिटेरियन सेवक और मिशनरी आर्थर टप्पन पियर्सन ने यह आश्चर्यजनक दावा किया: "किसी भी देश या इलाके में कभी भी ऐसा आत्मिक जागरण नहीं हुआ है जो संयुक्त प्रार्थना से शुरू नहीं हुआ हो।"

उनके कथन का खंडन करने वाला उदाहरण खोजने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। यह पूरे पवित्रशास्त्र में अपने लोगों के लिए परमेश्वर के आदेश और उसके बाद आने वाली प्रतिज्ञा का वर्णन करता है। सुलैमान के शासन के दौरान, परमेश्वर विद्रोही इस्राएलियों से बात करता है और उनकी अराजक अवज्ञा और उसके बाद आने वाले अपरिहार्य विनाशकारी परिणामों के लिए उन्हें आशा प्रदान करता है:

> "...यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरें, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूँगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूँगा।"
>
> **2 इतिहास 7:14**

उसी तरह, यीशु का सुसमाचार विनम्रतापूर्वक हमारे अपने जीवन पर प्रभुत्व को त्यागने, मसीह के प्रति समर्पण करने, स्वीकार करने कि वह प्रभु है और उसे हमें चंगाई और नया जीवन लाने की अनुमति देने का एक अवसर है। हम विद्रोह (हमारे पाप) से, रहस्योद्‌घाटन (परमेश्वर की सच्चाई), पश्चाताप (परमेश्वर में विश्वास), पुनरुत्थान (ऐसा परिवर्तन जो दूसरों को परिवर्तन प्रदान करता है) की ओर बढ़ते हैं।

2 इतिहास में प्रयुक्त शब्द "पलटना" का अर्थ वही है जिसका हम नये नियम में "पश्चाताप" के रूप में अनुवादित करते हैं। यीशु ने ठीक वैसा ही करने के आव्हान के साथ अपनी प्रचार सेवकाई शुरू की (मरकुस 1:15)। 2 इतिहास में इस्राएलियों की समस्या आज की समस्या के समान ही है – हम भी अक्सर अपने भाग्य को नियंत्रित करने के प्रयास में (स्वयं सहित) अन्य देवताओं की ओर देखते हैं। यह अवज्ञा केवल मृत्यु, टूटने और अराजकता का कारण बन सकती है। जिस क्षण से हम विमुख हुए हैं उसी क्षण से परमेश्वर हमें अपनी ओर फिरने के लिए बुला रहा है। सुसमाचार प्रकट करता है कि हमारे विद्रोह के बावजूद, परमेश्वर के अनुग्रह और उसके प्रति हमारी विनम्र प्रतिक्रिया में आशा पाई जाती है।

एक न्यायाधीश से विनती करने में आमतौर पर दोषमुक्त होने की आशा में निर्दोषता की दलील शामिल होती है, लेकिन यहां हमें अनंत न्यायाधीश के सामने झुकने और अपने अपराध को स्वीकार करने के लिए कहा जाता है। तभी हमें क्षमा किया जा सकता है। न्याय एक पवित्र राजा के खिलाफ हमारे विद्रोह की भयानक वास्तविकता के बदले हमारे अपराध की सजा की मांग करता है, लेकिन परमेश्वर इसके बजाय क्रूस के सिद्ध न्याय के माध्यम से हमें क्षमा प्रदान करता है। मृत्यु के बदले, हमें चंगाई, बहाली और जीवन की पेशकश की जाती है। परमेश्वर विनम्र को पुनर्जीवित करते हैं।

पुनर्जीवन के लिए प्रार्थना और एकता (परमेश्वर के साथ और एक दूसरे के साथ) की शक्ति का एक और उदाहरण अय्यूब की कहानी में पाया जाता है। अय्यूब के लिए महत्वपूर्ण मोड़ तब नहीं है जब उसके दृष्टिकोण की एक भारी जाँच परमेश्वर की ओर से होती है, बल्कि जब वह आज्ञाकारिता से उन दोस्तों के लिए प्रार्थना करता है जो पहले उसके दृष्टिकोण को विकृत करने की समस्या का हिस्सा रहे थे। कहानी के इस बिंदु पर, अय्यूब अपनी आँखों को अपनी परिस्थितियों से हटाता है, दूसरों के लिए अनुग्रहपूर्वक प्रार्थना करता है (जिन्होंने उसके साथ गलत किया है) और बहाल हो जाता है (अय्यूब 42:10)।

पुनर्जीवन एक व्यक्ति द्वारा अपने स्वर्गीय पिता के प्रति आज्ञाकारिता को चुनने और शांति के राज्य के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा करने के साथ शुरू होती है। यह घोषणा करने के लिए केवल एक व्यक्ति की आवश्यकता होती है कि वचन और कार्य में यीशु ही प्रभु है, जो उन्हें नया जन्म लेने के लिए सशक्त करने हेतु पवित्र आत्मा पर निर्भर है। परमेश्वर के अनुग्रह से, पुनर्जीवन हमारे भीतर शुरू होता है – और उसी अनुग्रह से, पुनर्जीवन वहां उभर सकता है जहां एक बार विद्रोह कर चुके लोग भूमि को चंगा करने के लिए परमेश्वर की सामर्थ्य को पुकारने के लिए विनम्रता से एकजुट होते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। इस समय का उपयोग सुसमाचार टॉक क्लिप परीक्षा (सत्र चार – आवेदन) के बारे में बात करने के लिए करें। लोगों को क्या उपयोगी या अनुपयोगी लगा? हमने इस उदाहरण से क्या सीखा है जो हमें सुसमाचार के उद्घोषकों के तौर पर बढ़ने में मदद करेगा?

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “अब मैं सबसे पहले यह आग्रह करता हूँ कि विनती, और प्रार्थना, और निवेदन, और धन्यवाद सब मनुष्यों के लिये किए जाएँ। राजाओं और सब ऊँचे पदवालों के निमित्त इसलिये कि हम विश्राम और चैन के साथ सारी भक्ति और गम्भीरता से जीवन बिताएँ।यह हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर को अच्छा लगता और भाता भी है, जो यह चाहता है कि सब मनुष्यों का उद्धार हो, और वे सत्य को भली भाँति पहचान लें।”
>
> **1 तीमुथियुस 2:1–4**

तीमुथियुस को लिखे अपने पहले पत्र में, पौलुस ने अपने चेलों को इफिसुस की कलीसिया के आराधनामय जीवन के लिए कुछ स्पष्ट निर्देश दिए। पौलुस उसे सभी लोगों के लिए प्रार्थना और मध्यस्थता को प्राथमिकता देने के लिए कहता है, क्योंकि यह परमेश्वर को प्रसन्न करता है। यह परमेश्वर को इसलिए प्रसन्न करता है क्योंकि वह चाहता है कि सभी लोग उसके राज्य की शांति को जानें। प्रार्थना वह तरीका है जिसके द्वारा हम परमेश्वर को वह करने के लिए विनती करते हैं जो केवल वही कर सकता है – कोलाहल में शांति लाना और मृत्यु से जीवन लाना।

प्रार्थना सुसमाचार प्रचार की नींव है, क्योंकि यहीं पर हम कार्य करने के लिए परमेश्वर की शक्ति की मांग करते हैं, सामर्थ्य को वहाँ डालते है जहाँ उसे होना चाहिए – मानव प्रयास में नहीं बल्कि परमेश्वर के हाथों में।

> “बाइबल परमेश्वर का वचन है; यह विद्रोही पुरुषों और

> महिलाओं को अपने पास वापस लाने में उसके काम की कहानी है। यह खोए हुए परमेश्वर को मनुष्य द्वारा खोजने के बारे में नहीं बताता, बल्कि खोए हुए लोगों को परमेश्वर द्वारा खोजने के बारे में बताता है। बाइबल प्रार्थना की कोई कला प्रस्तुत नहीं करती; यह प्रार्थना के परमेश्वर को प्रस्तुत करता है, वह परमेश्वर जो हमारे उत्तर देने से पहले पुकारता है और हमारे पुकारने से पहले उत्तर देता है।”
>
> **— एडमंड पी. क्लॉनी**

संयुक्त राज्य अमेरिका के संस्थापक बेंजामिन फ्रैंकलिन ने एक बार कहा था, “तैयारी करने में विफल रहने से आप असफल होने की तैयारी कर रहे हैं।” हमें अपने हृदयों को परमेश्वर के सामने प्रार्थनापूर्ण समर्पण और याचनाओं के माध्यम से सुसमाचार प्रचार के लिए तैयार करना चाहिए।

हम कहावत को इस तरह से पुनर्गठित कर सकते हैं:

> “प्रार्थनापूर्वक सुसमाचार प्रचार के लिए तैयार होने में विफल रहने पर, हम सुसमाचार प्रचार में असफल होने की तैयारी कर रहे हैं।”

विश्वासयोग्य प्रार्थना और आत्मिक रूप से सशक्त सुसमाचार संदेश के साथ भी, लोग अभी भी सुसमाचार को अस्वीकार करना चुन सकते हैं। लेकिन उद्धार की सामर्थ्य केवल परमेश्वर की है, और हम परमेश्वर पर विश्वास कर सकते हैं कि वह हमारी प्रार्थनाओं के माध्यम से तब भी काम कर रहा होता है जब हमें परिणाम तत्काल दिखाई नहीं देते हैं। हमारे प्रचार का परिणाम उसके हाथ में है जो हमारा संदेश सुनता है और स्वयं परमेश्वर है। सुसमाचार प्रचार में हमारी सफलता और असफलता इस बात से नहीं आंकी जाती है कि कितने लोग बचाए गए हैं, बल्कि परमेश्वर हमसे जो कहता है उसे करने के लिए हमारी आज्ञाकारिता से मापा जाता है — अर्थात प्रार्थना करने और घोषणा करने के लिए।

प्रार्थना करने की हमारी प्राथमिक प्रेरणा यह है कि परमेश्वर हमें ऐसा करने की आज्ञा देता है। हालाँकि, इस प्रेरणा को परमेश्वर की सरल आज्ञा का जवाब देने से परिपक्व होना चाहिए क्योंकि हम अपने स्वर्गीय पिता के साथ संबंध में बढ़ते हैं, उस हद तक कि हम उसकी महिमा करने की इच्छा रखते हैं और अपने स्वयं के जीवन के लिए और जिनके लिए हम प्रार्थना करते हैं उसकी भलाई और आशीष की खोज में रहते हैं। जब हम उसे और अधिक रीति से जानेंगे, परमेश्वर की इच्छा को और अधिक स्पष्ट रूप से पायेंगे। जितना अधिक हम प्रार्थना करेंगे, उतना ही अधिक हम परमेश्वर को जानेंगे। जितना अधिक हम परमेश्वर को जानेंगे, उतना ही अधिक हम प्रार्थना करने की इच्छा रखेंगे ताकि उसकी इच्छा स्वर्ग की तरह पृथ्वी पर पूरी हो सके।

हमारे प्रार्थना जीवन की स्थिति क्या है? कुछ के लिए, प्रार्थना स्वाभाविक रूप से आती है। दूसरों को, इसमें अधिक प्रयास लगता है। उपदेशक आत्म—मूल्यांकन करने के लिए खुद से यह सवाल पूछ सकते हैं: “क्या मुझे उपदेश देना या प्रार्थना करना आसान लगता है?” कितनी बार आप खुशी—खुशी अपने दिए गए समय से अधिक उपदेश देना जारी रखते हैं, और कितनी बार आप आपकी नियमित भक्तिपूर्ण / शांत समय की समय सीमा से परे प्रार्थना करना जारी रखते हैं? आराधना गीत गाने के बारे में क्या? कई लोगों को संगीत और कॉर्पोरेट गायन के अनुभव में खो जाना आसान लगता है, फिर भी जब प्रार्थना की बात आती है तो ऐसा नहीं होता।

यदि हम सुसमाचार प्रचार में प्रभावी होना चाहते हैं तो हमें प्रार्थनामयी होने की आवश्यकता है, चाहे यह स्वाभाविक रूप से आए या नहीं। हमारी प्रार्थनाओं की लंबाई मायने नहीं रखती, लेकिन ईमानदारी मायने रखती है। जैसे—जैसे हम निष्ठा से प्रभु से हमारे और दूसरों के जीवन में परिवर्तन लाने के कार्य के लिए प्रार्थना करना जारी रखते हैं, हम पाते हैं कि उसकी उपस्थिति में अधिक समय बिताने की हमारी क्षमता बढ़ती है। इस बार हम उसका सम्मान करेंगे, यह हमारे लिए अच्छा होगा, और दूसरों के लिए आशीष बनेगा।

> **चर्चा करें:** वेस्टमिंस्टर लघु प्रश्नोत्तरी प्रार्थना का वर्णन इस प्रकार करती है, “परमेश्वर के प्रति हमारी इच्छाओं की भेंट, उसकी इच्छा के अनुकूल चीजों के लिए मसीह के नाम में, हमारे पापों के अंगीकार के साथ, और उसकी कृपा की धन्यवादी स्वीकृति के साथ।” यह विवरण प्रार्थना की आपकी समझ को कैसे आकार देता है, विशेष रूप से सुसमाचार प्रचार के संबंध में?

हमारे सुसमाचार प्रचार के हिस्से के रूप में दूसरों के लिए प्रार्थना करने की पेशकश से परे, जब सुसमाचार साझा करने के लिए खुद को तैयार करने की बात आती है, हम प्रार्थना को कम से कम तीन तरीकों से समझ सकते हैं और लागू कर सकते हैं:

सबसे पहले, उस प्रक्रिया के भाग के रूप में जिसके माध्यम से हम परमेश्वर की सन्तान के रूप में और यीशु मसीह के शिष्यों के रूप में परिपक्वता में बढ़ सकते हैं जो दूसरों को इसी तरह बढ़ने में मदद करते हैं (इफिसियों 4:14–16)।

दूसरा, जिस तरह से परमेश्वर की **सामर्थ हमारे माध्यम** से गवाही देने और काम करने के अवसर ला सकती है और हमारे सुसमाचार प्रचार को केवल मसीही विश्वास की मार्केटिंग तक सीमित रह जाने के बजाय दिलों को मृत्यु से जीवन की ओर प्रेरित कर सकती है (कुलुस्सियों 4:2–6)।

तीसरा, जिस तरह से हम आत्मिक युद्ध की **अग्रिम पंक्तियों** पर जाते हुए शत्रु के आक्रमणों से बचाव के लिए आत्मिक हथियारों से लैस हो सकते हैं, और उन लोगों की **आंखें खोलने** के लिए जो उसकी योजनाओं से धोखा खा गए हैं कि वे इसके बजाय यीशु के प्रकाश को देख और जान सकें (इफिसियों 6:10–20)।

जैसा कि पौलुस ने तीमुथियुस के साथ किया था, आइए हम सभी लोगों के प्रार्थनापूर्ण होने के लिए एक–दूसरे से आग्रह करें और प्रोत्साहित करें, और हम उसकी सामर्थ्य को इस आशा में प्रस्तुत करें कि संसार को पता चल जाए और उसके सच्चे उद्धार को स्वीकार कर ले ताकि यह परमेश्वर को प्रसन्न करने वाला हो।

चर्चा (10 मिनट)

1. सुसमाचार का प्रचार करने या किसी विशिष्ट गवाही के अवसर से जुड़ने से पहले आपकी प्रार्थना की आदतें या अनुशासन क्या हैं?
2. क्या आप अपने सुसमाचार प्रचार के कार्य में प्रार्थना का उपयोग करते हैं? यदि हां, तो कैसे?
3. आप "अनुत्तरित" प्रार्थना के मुद्दे को कैसे समझते हैं और उससे कैसे निपटते हैं, और आप किसी के साथ अपने विश्वास को साझा करते समय इस विचार को समझने में कैसे मदद करेंगे?

> "आने वाला पुनर्जीवन प्रार्थना के महान पुनर्जीवन के साथ शुरू होनी चाहिए। यह बंद दरवाजों के पीछे कोठरी में हो, ताकि भरपूरी से होने वाली बारिश की आवाज सबसे पहले सुनाई दे। सेवकों के साथ गुप्त प्रार्थना की वृद्धि निश्चित रूप से आशीष का सूचक होगी।"
>
> **एंड्रू मर्रे**

प्रार्थना और जवाबदेही, भाग एक (20–30 मिनट)

जोड़ियों या तीन के समूह में, अपने प्रार्थना जीवन, तरीकों और आदतों पर चिंतन करने में कुछ समय व्यतीत करें। प्रार्थना के प्रति अपने दृष्टिकोण में अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में एक दूसरे के साथ ईमानदार रहें और प्रत्येक दिन व्यक्तिगत प्रार्थना के लिए समय देने में बढ़ने का संकल्प लें।

निम्नलिखित तीन तरीकों से एक साथ प्रार्थना करें।

1. एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमें एक विनम्र व्यक्ति बनने में मदद करे जो उसके साथ हमारे संबंध में प्रतिदिन विकसित हो।
2. अपने समुदाय, कस्बे या शहर के लिए प्रार्थना करने में समय व्यतीत करें। खोए हुओं को बचाने के लिए प्रार्थना करें और परमेश्वर से हमारे देश को चंगा करने के लिए कहें। (व्यापक रूप सेः "परमेश्वर, मुझे आज साझा करने के अवसर दें; परमेश्वर, आज जीवन के प्रति दिलों में हलचल करें")।
3. अपने लिए प्रार्थना करने में समय व्यतीत करें। प्रार्थना करें कि जब आप अग्रिम पंक्ति की ओर प्रस्थान करें तो परमेश्वर के पूर्ण कवच से सुसज्जित हों।

अनुप्रयोग (5 मिनट)

कम से कम पांच दोस्तों, परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों या यहां तक कि अजनबियों की सूची लिखें जिनके बारे में आप जानते हैं जो अभी तक यीशु को प्रभु के रूप में नहीं जानते हैं। इसे अपने फोन पर, अपने बटुए में, अपनी बाइबल में या कहीं पहुंचने योग्य जगह पर रखें जहां आप इसे हर दिन देख सकें। हर दिन इन लोगों के लिए ईमानदारी से (निष्ठापूर्वक) प्रार्थना करें, परमेश्वर से उन्हें पुनर्जीवित करने और उन्हें उस पर भरोसा लाने के लिए कहें।

जवाबदेही, भाग दो (15 मिनट)

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और अंत में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

हमें यह सुनना अच्छा लगता है कि कैसे परमेश्वर आपकी प्रार्थना में और आपके सुसमाचार प्रचार के माध्यम से काम कर रहा है। आप अपनी कहानियों को हमारे साथ advancegroups.org पर साझा कर सकते हैं और जैसे आप करते हैं वैसे ही दूसरों को उनकी यात्रा में प्रोत्साहित कर सकते हैं।

टिप्पणियाँ

सत्र छह:
एक प्रचारक की भक्ति

हम अपने जीवन और अपने सुसमाचार प्रचार में वास्तविकता को कैसे बनाए रखें? पिछले सत्र में प्रार्थना की हमारी खोज के आधार पर, यहाँ हम अपने मसीही चाल–चलन और हमारे सुसमाचार प्रचार में संपूर्ण भक्तिपूर्ण जीवन के महत्व की पड़ताल करते हैं।

सत्र एक वाक्य में:

भक्ति हमें पवित्र स्थान की ओर ले जाती है जब हम अपने पवित्र, स्वर्गीय पिता के साथ समय बिताते हैं, जो बदले में हमें राज्य के प्रभावी राजदूत बनने के लिए तैयार करता है, जो होठों पर आशा का ऐसा संदेश ले जाता है जिसे कि हृदय परिवर्तन द्वारा वास्तविक दर्शाया जाना चाहिए।

सत्र पृष्ठभूमि

फसह के त्योहार के लिए यरूशलेम की अपनी वार्षिक तीर्थयात्रा से लौटते समय, मरियम और यूसुफ ने महसूस किया कि यीशु लापता था। तीन कष्टदायक दिनों के बाद, वे अंततः अपने बेटे के साथ फिर से मिल गए, उसे मंदिर परिसर में शिक्षकों के साथ पाया। यीशु बुद्धिमान शिक्षकों के बीच बैठा था, उनसे सीख रहा था, लेकिन सिर्फ 12 साल की उम्र में शास्त्र पर अपनी विलक्षण समझ से योगदान देकर उन्हें आश्चर्यचकित कर रहा था। जब मैरी ने पूछा कि उसने यहां–वहां भटककर अपने माता–पिता को परेशान क्यों किया जैसा कि उसने किया था, तो यीशु इस सवाल से भ्रमित हो गया।

यीशु इसलिए भ्रमित होता है क्योंकि वह इस बात को मानता है कि आप केवल तभी खो सकते हैं या लापता हो सकते हैं जब आपको खोजने की कोशिश करने वाले यह ना जानते हों कि आप कहां हैं। वे कैसे नहीं जान सकते थे कि वह अपने पिता के घर में होगा? यह उसके लिए रहने का स्वाभाविक स्थान है। यह तो वैसी ही बात हो गयी जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति को ढूँढने की कोशिश की जा रही हो, और व्हाइट हाउस को छोड़कर हर जगह देख रहे हों और जब आप उन्हें ओवल ऑफिस में उनकी मेज पर पाते हैं, और हताश होकर पूछते हैं, “आप कहां थे?”

लूका मरियम के प्रति यीशु की प्रतिक्रिया में विशिष्ट भाषा का वर्णन करता है जो परमेश्वर के साथ एक अद्वितीय संबंध के लिए उसके दावे को प्रकट करता है: “क्या तुम नहीं जानते थे कि मुझे **अपने पिता** के भवन में होना अवश्य है?” (लूका 2:49)। ऐसा प्रतीत होता है कि पवित्रशास्त्र में कहीं भी इस कथन के समतुल्य कोई और नहीं है, इसके अलावा जब यीशु बोल रहे हैं। बाइबल में दर्ज यीशु के द्वारा कहे गए यह पहले शब्द हैं जो उसके द्वारा यह घोषणा करते हुए दिखाई देते हैं कि वह परमेश्वर का पुत्र है।

क्रूस के कार्य का अर्थ है कि हमें परमेश्वर के परिवार में अपनाया जा सकता है। हमें यीशु में विश्वास के द्वारा परमेश्वर की संतान कहलाने का अधिकार दिया गया है, इसलिए हमारे लिए यह प्रश्न बन जाता है: हमारे लिए अपने पिता के घर में समय बिताना कितना स्वाभाविक है?

भक्ति के द्वारा ही हमें पूरी तरह से पता चलता है कि हम वास्तव में कौन हैं। हम बढ़ते हैं। हमें परिशुद्ध किया

जाता हैं। हमारा हौसला बढ़ाया जाता है। हम अपने गलत कामों के लिए दोषी ठहराया जाता हैं। हमें अपने उद्देश्य में निर्देशित किया जाता है। हमें अपने अस्तित्व में पूर्ण किया जाता है।

भक्ति के माध्यम से हमें पवित्र बनाया जाता है क्योंकि वह पवित्र है। भक्ति मसीही जीवन का केंद्र है क्योंकि यह पवित्रता का निर्माण करती है, और यह सुसमाचार प्रचार के कार्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सुसमाचार को पवित्र लोगों द्वारा जीना और घोषित करना है।

जब हम उसकी उपस्थिति में आते तो हताशा के साथ नहीं, बल्कि प्रसन्नता के साथ परमेश्वर हमसे कह पुछता है कि: "तुम कहाँ थे?"

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच अप के लिए समय निकालें। अपनी प्रार्थना सूचियों (सत्र पाँच – अनुप्रयोग, भाग दो) और किसी भी अपडेट पर विचार करें क्योंकि आपने हर दिन उन लोगों के लिए ईमानदारी से प्रार्थना करना शुरू किया।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (25–35 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "भोर को दिन निकलने से बहुत पहले, वह उठकर निकला, और एक जंगली स्थान में गया और वहाँ प्रार्थना करने लगा।"
>
> **मरकुस 1:35**

हम जीवन में हर तरह की चीजों के लिए खुद को "समर्पित"करते हैं। हम अपने आप को परिवार और दोस्तों के लिए समर्पित कर सकते हैं, सकारात्मक मूल्यों को कायम रखने के लिए, सपनों को पूरा करने के लिए। हम एक शौक, एक खेल टीम के लिए समर्पित हो सकते हैं या किसी भी नवीनतम मोबाइल गेमिंग सनक में, उस पर एक उच्च स्कोर प्राप्त करने के लिए समर्पित हो सकते हैं।

यीशु अपने परिवार और मित्रों के प्रति भी समर्पित था। वह यूसुफ के प्रति समर्पित था, उससे पारिवारिक व्यापार सीख रहा था। वह अपनी माँ के प्रति समर्पित था, और यह सुनिश्चित किया कि प्रेरित यूहन्ना उसकी मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के बाद उसके माँ की देखभाल करने की जिम्मेदारी लेगा। वह अपने दोस्तों के साथ संगति करने के लिए समर्पित था, प्रतीत होता है कि वह भीड़ को उपदेश देने की तुलना में उनके साथ अधिक समय बिता रहा था।

इस भक्ति के स्पष्ट प्रदर्शन के साथ, यीशु का क्या मतलब है जब वह कहता है कि वह परिवारों को एक दूसरे से अलग करने आया था (लूका 12:53)? हम स्वर्ग में अपने पिता के प्रति उसकी प्राथमिक भक्ति के प्रकाश में इसका अर्थ समझना शुरू कर सकते हैं, एक ऐसी भक्ति जो अन्य सभी भक्तियों की कीमत पर मिली, चाहे वे कितनी भी गुणवान क्यों न हों। यीशु यह नहीं कह रहा था कि अपने माता–पिता से प्रेम करना गलत है, या वह विशेष रूप से इसके लिए परिवारों को तोड़ना चाहता था। यीशु जानता था कि जो कुछ भी आपकी प्राथमिक भक्ति को परमेश्वर से दूर ले जाता है वह अंततः अपवित्रता की ओर ले जाएगा। परमेश्वर की भक्ति के द्वारा ही हम पवित्र बनाये जाते हैं।

चर्चा करें: ऐसी कौन सी चीजें हैं जो आसानी से आपकी भक्ति को परमेश्वर से दूर कर सकती हैं? विशेष रूप से उन चीजों के बारे में बात करें जो अपने आप में बुरी नहीं हैं, लेकिन आसानी से परमेश्वर से ध्यान भटकाने या परमेश्वर को समर्पित होने में बाधा बन सकती हैं।

स्वयं का यीशु के प्रति समर्पित होने से अधिक सुसमाचार प्रचार के प्रति समर्पित हो जाना संभव है! लेकिन राजा की उपासना करने के लिए ही हम अस्तित्व में हैं – सेवकाई या बुलाहट के लिए नहीं। हमें आत्मिक जीवन पर आधारित होना चाहिए जो प्रभावी ढंग से परमेश्वर को सुनता है और सबसे बढ़कर उसके प्रति समर्पित है।

उसकी सेवकाई या सांसारिक संबंधों की माँगों के बावजूद, यीशु ने पीछे हटने, प्रार्थना करने और सुनने के लिए समय

निकालते हुए, अपने पिता के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को प्राथमिकता दी। यीशु के लिए, अपने पिता के साथ होना उसके लिए सबसे स्वाभाविक स्थान था। मरकुस का सुसमाचार हमें पीछे हटने के ऐसे तीन अवसरों के बारे में बताता है। इन अंशों पर चिंतन करते हुए कुछ समय व्यतीत करें:

मरकुस 1:35–39: एकांत स्थान में प्रार्थना करने के लिए जल्दी उठना

यह हमें परमेश्वर से निर्देश प्राप्त करने के बारे में क्या सिखाता है?

मरकुस 6:45 – 46: प्रार्थना करने के लिए पहाड़ पर लौटना

यह हमें परमेश्वर द्वारा नया किए जाने के बारे में क्या सिखाता है?

मरकुस 14:32–41: गिरफ्तार होने से पहले गतसमनी में प्रार्थना

अपनी परिस्थितियों के भार को परमेश्वर पर लाने के बारे में यह हमें क्या सिखाता है?

दिन भर की अनौपचारिक और सहज प्रार्थना महान है, लेकिन प्रार्थना करने और बाइबल पढ़ने के लिए इच्छानुरूप समय निकालना महत्वपूर्ण है। कुछ लोग प्रार्थना करने में उत्तम हैं और बाइबल खोलने में इतने अच्छे नहीं हैं; दूसरों के पास एक उत्तम बाइबल अध्ययन नीति है लेकिन जब प्रार्थना करने का समय आता है तो वे परेशान हो जाते हैं। पवित्रशास्त्र के एक या अधिक अध्यायों को पढ़कर और फिर वचन क्या कहता है और इसे हमारे जीवन में कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर प्रार्थना करके दोनों को जोड़ना वास्तव में प्रभावी हो सकता है। परमेश्वर की आराधना और धन्यवाद देने में समय व्यतीत करना, और अपने अनुरोधों और अपनी आवश्यकताओं को उसके पास लाना भी महत्वपूर्ण है।

यीशु को किसी पाप को अंगीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी, लेकिन अंगीकार करना प्रार्थना का एक अभिन्न हिस्सा है जिसे वह अपने शिष्यों को सिखाता है: "हमें हमारे अपराधों को क्षमा कर..." (मत्ती 6; लूका 11)। भजन संहिता 51 में दाऊद की अंगीकार और पश्चाताप की प्रार्थना हमारे आवश्यकता पड़ने पर पश्चाताप की प्रार्थना में परमेश्वर के सामने स्वयं को दीन करने के हमारे अपने दृष्टिकोण के लिए एक महान उदाहरण है।

पवित्रता की ओर पहला कदम यह पहचानना है कि परमेश्वर पवित्र है और हम नहीं। हमें उसकी जरूरत है, और जैसा कि हम उसकी उपस्थिति में कदम रखने के लिए रोजाना समय निकालते हैं, उसके प्यार की परिवर्तनकारी शक्ति यह सुनिश्चित करेगी कि हम फिर कभी पहले जैसे न रहें। यह यह परिवर्तन है जो इस बात का सबसे मजबूत प्रमाण है कि सुसमाचार सत्य है और इसमें बचाने की सामर्थ्य है। जब हम परमेश्वर की भलाई की घोषणा करते हैं और यीशु की कहानी को साझा करते हैं, तो जिन लोगों तक हम पहुँचते हैं वे अपने पूर्ण–समर्पित जीवन के माध्यम से परमेश्वर के कार्य की जाँच करके हमारे सुसमाचार संदेश की सच्चाई के विश्वास में बढ़ सकते हैं।

यीशु ने क्रूस के बचाने वाले कार्य के द्वारा हमारे लिए पवित्र होने का मार्ग बनाया है, हमें अपने पुराने जीवन के लिए मरने और उस पर विश्वास रखने के लिए बुला रहा है। जैसा कि हम नए जीवन में चलते हैं, यीशु ने हमें दिखाया है कि पिता के प्रति दैनिक समर्पण के माध्यम से पवित्रता का पीछा करना कैसा लगता है। हम पूर्ण नहीं हैं, और हम इसे जीवन में हमेशा सही नहीं पाएंगे, लेकिन जब हम अपने दयालु और पवित्र राजा के सामने घुटने टेकते हैं, तो हम चंगा करने के लिए उसकी कृपा और मदद करने की उसकी शक्ति के लिए खुद को उपलब्ध करा सकते हैं ताकि हम पवित्र बन सकें। जैसे वह पवित्र है।

चर्चा (15 मिनट)

1. क्या आप अपने जीवन में दैनिक भक्ति के लिए पर्याप्त जगह बनाते हैं? आपकी कुछ अच्छी आदतें क्या हैं, और किन आदतों पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है?
2. क्या आप अपने भक्तिपूर्ण जीवन के स्वास्थ्य और अपने सुसमाचार प्रचार की गुणवत्ता के बीच कोई संबंध देखते हैं?
3. आने वाले हफ्तों में इच्छापूर्ण भक्ति के माध्यम से आप अधिक निर्देश, ताजगी, दृष्टिकोण और पश्चाताप के लिए कैसे खुल सकते हैं?

> "(आत्मिक) अनुशासन का उद्देश्य स्वतंत्रता है। हमारा उद्देश्य स्वतंत्रता है, अनुशासन नहीं। जिस क्षण हम अनुशासन को अपना मुख्य केंद्र बना लेंगे हम इसे कानून में बदल देंगे और इसके पीछे की स्वतंत्रता खो देंगे... आइए हम हमेशा के लिए मसीह पर केन्द्रित हों और आत्मिक अनुशासनों को हम उसके हृदय के करीब आने के एक तरीके के रूप में देखें।"
>
> **रिचर्ड फोस्टर**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

भजनों के माध्यम से प्रार्थना करना शुरू करें, हर दिन कुछ मिनट पढ़ने और किसी भी अन्य बाइबल अध्ययन और प्रार्थना के समय के अलावा प्रार्थना करने में समय बिताएं। यदि आप कर सकते हैं, तो इसे पूरे एक महीने या पूरे साल तक बनाए रखने के लिए खुद पर दबाव डालें। आप इसे केवल अपनी बाइबल खोलकर और एक–एक करके भजनों के माध्यम से कर सकते हैं, या टिम केलर की माई रॉक; माई रेफ्यूज (मेरी चट्टान; मेरा शरणस्थान) जैसी दैनिक भक्ति योजना का पालन करके कर सकते हैं; भजन संहिता में दैनिक भक्ति का एक वर्ष।

प्रार्थना

हमारे स्वर्गीय पिता को धन्यवाद दें कि वह अपने बच्चों के साथ संबंध चाहता है। भक्तिपूर्ण जीवन के लिए प्रार्थनापूर्वक प्रतिबद्ध हों जो हमें आत्मिक पर्यटक से पिता के घर में और उनकी उपस्थिति में रहने वाले बच्चे बनाएगा। परमेश्वर से हमें पवित्र बनने में मदद करने के लिए विनती करें क्योंकि वह पवित्र हैं, और हमारे जीवन का परिवर्तन वह आधार होगा जिस पर हमारा सुसमाचार आधारित है।

जवाबदेही (15 मिनट)

जोड़ियों में चर्चा करें कि आपके जीवन में कौन सी चीजें आपको धमका सकती हैं – या पहले से ही आपके लिए खतरा बन चुकी हैं – आपके लिए एक मूर्ति बन सकती हैं और आपकी प्राथमिक भक्ति को परमेश्वर से दूर कर सकती हैं। आपके पास मौजूद किसी भी छूटी हुई बात से परे देखने में मदद करने के तरीके के रूप में नम्रता से एक दूसरे से सवाल करें।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला का उपयोग भविष्य में समूह सत्रों के लिए सामग्री के रूप में किया जा सकता है, लेकिन यह आपके दैनिक जीवन में आपकी मदद करने के लिए व्यक्तिगत भक्तिपूर्ण पठन के रूप में भी अच्छी तरह से काम करता है। advancegroups.org/APS पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

टिप्पणियाँ

सत्र सात

एक प्रचारक का समर्पण

इस सत्र में हम पिछले सत्र में देखे गए पवित्रता के विचार पर विस्तार करेंगे, विशेष रूप से क्योंकि यह परमेश्वर की पहचान, सुसमाचार की आशा और मसीही के जीवन से संबंधित है। हम एक शिष्य की यात्रा के लिए महत्वपूर्ण जवाबदेही को समझेंगे।

सत्र एक वाक्य में

परमेश्वर चाहता है कि उसके लोग वैसे ही पवित्र हों जैसे वह पवित्र है, और यह पवित्र आत्मा के प्रति समर्पण और समुदाय में जवाबदेही के माध्यम से हम पवित्रता में बढ़ सकते हैं।

सत्र पृष्ठभूमि

संपूर्ण बाइबल में पवित्रता और पवित्र शब्द 700 से अधिक बार प्रकट हुए हैं। पवित्रता बाइबल का एक केंद्रीय विषय है, और परमेश्वर चाहता है कि यह हमारे जीवन की एक केंद्रीय वास्तविकता हो।

परमेश्वर पवित्र है, जिसका अर्थ है कि वह सबसे अलग है। वह पूर्ण, संप्रभु और अद्वितीय है, और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं है। हम पवित्र नहीं हैं: हम में से हर एक अपने पवित्र परमेश्वर के सिद्ध स्तर से कम हो गया है। इब्रानियों का लेखक हमें बताता है कि केवल पवित्र लोग ही प्रभु को देखेंगे (इब्रानियों 12:14) और यीशु हमें बताते हैं कि हृदय के शुद्ध लोग परमेश्वर को देखेंगे (मत्ती 5:8)। यदि हमें परमेश्वर के साथ संबंध की कोई आशा रखनी है तो हमारी पवित्रता की कमी मानवता के लिए एक बड़ी समस्या है। अपवित्र कैसे पवित्र हो सकता है, प्रभु को स्वीकार्य योग्य और उसके राज्य में निवास करने में सक्षम?

शुभ समाचार यह है कि यीशु ने वह मार्ग प्रदान किया है जिसके द्वारा अपवित्र लोग पूर्ण पवित्र परमेश्वर की उपस्थिति में प्रवेश कर सकते हैं और उसके साथ हमेशा के लिए निवास कर सकते हैं (इफिसियों 5:25–26)। जो लोग यीशु में विश्वास रखते हैं वे उसकी पवित्रता में भाग लेते हैं, एक नए जीवन में प्रवेश करते हैं। सच्चा जीवन पवित्र जीवन है।

मत्ती 5:13 में नमक के बारे में यीशु के संदेश का विषय भी पवित्रता है। जिस प्रकार यदि नमक अपना स्वाद खो दे तो उसका कोई महत्व नहीं है, वैसे ही यदि हम अपनी विशिष्ट पवित्रता खो दें तो हमारा संदेश व्यर्थ है। भले ही हमारा जीवन अनंत काल के इस तरफ एक अधूरा कार्य है, हमें अलग तरह से जीने के लिए बुलाया गया है ताकि दुनिया हमारे द्वारा घोषित संदेश की सच्चाई को पहचान सके।

> "पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है उसके द्वारा परमेश्वर का प्रेम हमारे मन में डाला गया है (रोमियों 5:5), हमें उसके और पुत्र के साथ संगति में लाया गया है; जहां से, हम उसकी पवित्रता की सुंदरता को देखते हैं, और उसे देखकर हम उसके जैसे प्यारे हो जाते हैं।"
>
> **जैकी हिल पेरी**

सुसमाचार एक पवित्र संदेश है, जो एक पवित्र परमेश्वर की गवाही देता है जिसने एक पवित्र तरीके से कार्य किया

ताकि अपवित्र लोगों को उनकी वास्तविक पहचान में — एक पवित्र राज्य के पवित्र लोगों के रूप में बहाल किया जा सके।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी बात को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ मिलने के लिए समय निकालें। समूह से भजन संहिता के माध्यम से प्रार्थनापूर्वक पढ़ने के अपने अनुभवों को साझा करने के लिए कहें (सत्र छह — अनुप्रयोग)।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (30–40 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें। इस सत्र के लिए तीन मूल वचन हैं।

1. केवल परमेश्वर ही पवित्र है

> "मैं अपनी प्रजा इस्राएल के बीच अपना नाम प्रगट करूँगा; और अपना पवित्र नाम फिर अपवित्र न होने दूँगा; तब जाति–जाति के लोग भी जान लेंगे कि मैं यहोवा, इस्राएल का पवित्र हूँ।"
>
> **यहेजकेल 39:7**

बाइबल प्रकट करती है कि परमेश्वर कौन है ताकि हम आत्मा और सच्चाई में उसे जान सकें और उसकी आराधना कर सकें। जब हम पढ़ते हैं, हम पाते हैं कि वही एक सच्चा परमेश्वर है। हालांकि अविभाज्य, वह त्रिएक रूप में मौजूद है, (पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा)। वो एकदम सही है। वह अनंत है। वह राजा है।

परन्तु परमेश्वर के बारे में जो बात बाइबल विशेष रूप से स्पष्ट करती है वह यह है कि वह पवित्र है। पवित्रता परमेश्वर का प्राथमिक गुण है। इसका अर्थ है कि उसके जैसा कोई नहीं है और वह अन्य सभी से अलग है: कोई अन्य प्राणी उसकी पहचान, उसके चरित्र, या उसकी वास्तविकता से मेल नहीं खा सकता है जैसा वह है। और यही वह विशेषता है जो परमेश्वर अपने लोगों के लिए चाहता है — कि हम एक पवित्र लोग बन जाएँ, अपनी उपासना और आज्ञाकारिता में अलग हो जाएँ, धार्मिकता और पवित्रता वाले लोग (लैव्यव्यवस्था 11:45)। हमारी पवित्रता की कमी — परमेश्वर की पवित्रता के प्रति हमारी अस्वीकृति — ने मानवता के लिए एक विनाशकारी समस्या पैदा कर दी है। परमेश्वर का राज्य एक सिद्ध राज्य है, परन्तु हमने उसकी उपस्थिति के बदले अपरिपूर्णता और बहिष्कार को चुना है।

2. यीशु की पवित्रता उसके लोगों की पवित्रता को संभव बनाती है

> "...पर यह युगानुयुग रहता है, इस कारण उसका याजक पद अटल है। इसी लिये जो उसके द्वारा परमेश्वर के पास आते हैं, वह उनका पूरा पूरा उद्धार कर सकता है, क्योंकि वह उनके लिये विनती करने को सर्वदा जीवित है। अतः ऐसा ही महायाजक हमारे योग्य था जो पवित्र, और निष्कपट, और निर्मल, और पापियों से अलग, और स्वर्ग से भी ऊँचा किया हुआ हो। उन महायाजकों के समान उसे आवश्यक नहीं कि प्रतिदिन पहले अपने पापों और फिर लोगों के पापों के लिये बलिदान चढ़ाए; क्योंकि उसने अपने आप को बलिदान चढ़ाकर उसे एक ही बार में पूरा कर दिया।"
>
> **इब्रानियों 7:24–27**

हम परमेश्वर के स्वरूप में बनाए गए हैं और पवित्र लोग होने की क्षमता रखते हैं, लेकिन हमारी विद्रोहशीलता आड़े आती है। यदि परमेश्वर अपूर्णता के छोटे से छोटे टुकड़े को भी अपने राज्य में आने दे, तो वह सिद्ध नहीं रहेगा। इसलिए, पवित्रता की हमारी अस्वीकृति हमें परमेश्वर की पवित्रता और उसके राज्य की आशीषों से अलग कर देती है।

सुसमाचार हमें बताता है कि यीशु हमारे बदले खुद क्रूस पर सजा भुगतने आया, उस मृत्यु को लेकर जिसे हमने अपने लिए चुना था। वह हमारी जगह लेने में सक्षम था क्योंकि वह पूरी तरह से पवित्र है (बिना पाप या दोष के)। दुनिया की अनआज्ञाकारिता का न चुकाया जा सकने वाला कर्ज पूरी तरह से आज्ञाकारी यीशु के खाते में डाला गया।

उन्होंने उस ऋण को उनकी पवित्रता के असीमित खजाने के माध्यम से चुका दिया है जिसे हम कभी नहीं चुका सकते थे। अब, जब परमेश्वर उन लोगों को देखता है जो अपना विश्वास यीशु मसीह पर रखते हैं, तो वह मनुष्य की अपूर्णता (अपवित्रता) को नहीं देखता, परन्तु यीशु की सिद्धता (पवित्रता) को देखता है।

इसके बारे में इस तरह से सोचें: क्या आप ऐसे समय को याद कर सकते हैं जब आपने कोई ऐसा कपड़ा पहना हो जिससे आपको अपने बारे में विशेष रूप से अच्छा महसूस हो? शायद आप किसी विशेष अवसर के लिए तैयार हो रहे थे, और जैसे ही आपने घर से बाहर कदम रखा, आपको थोड़ा और आत्मविश्वास महसूस हुआ। जब हम अपना विश्वास यीशु पर रखते हैं, तो बाइबल हमें बताती है कि परमेश्वर यीशु की धार्मिकता का श्रेय हमें देता है और हम उसकी सिद्धता को धारण कर लेते हैं (रोमियों 5:18; फिलिप्पियों 3:9; 1 कुरिन्थियों 1:30)।

पौलुस हमें बताता है कि शरीर की इच्छाओं को तृप्त करने के बजाय, हमें "मसीह को पहिनना" चाहिए, शाब्दिक रूप से उसकी भलाई को धारण करना चाहिए (रोमियों 13:14)। इसकी तुलना याकूब से करें, जो अपने पाठकों से सभी नैतिक गंदगी से छुटकारा पाने के लिए विनती करता है (याकूब 1:21)। हमें उन पहली बातों को जो परमेश्वर के विरोध में थीं, उतारकर मसीह को दे देना है, और बदले में वह उन्हें अपनी धार्मिकता से बदल देता है।

क्या आपको कभी ड्रेस कोड (नियमानुसार योग्य पहनावा) के मानक को पूरा नहीं करने के कारण कहीं से निकाला गया है? परमेश्वर के सिद्ध राज्य के लिए प्रवेश की आवश्यकता पूर्ण पवित्रता है, जो हमारे पास नहीं है। लेकिन अपरिपूर्ण लोगों के रूप में हम उसके सिद्ध राज्य में प्रवेश कर सकते हैं क्योंकि अब हम मसीह के द्वारा "ड्रेस कोड" में फिट बैठते हैं। पूर्णता से कम कुछ भी नहीं चलेगा, लेकिन मसीह की पूर्णता से कम कुछ भी हमें पहनने के लिए नहीं दिया जाता है। जिस दिन हम अंततः राज्य की पूर्ण वास्तविकता में प्रवेश करेंगे, हम अपने साथ अपनी अपरिपूर्णता नहीं, बल्कि धार्मिकता का वस्त्र ले जाएंगे।

3. आत्मा के प्रति समर्पण और आत्म–अनुशासन पवित्र जीवन का उत्पादन

> "उसी में सिखाए भी गए कि तुम पिछले चालचलन के पुराने मनुष्यत्व को जो भरमानेवाली अभिलाषाओं के अनुसार भ्रष्ट होता जाता है, उतार डालो और अपने मन के आत्मिक स्वभाव में नये बनते जाओ, और नये मनुष्यत्व को पहिन लो जो परमेश्वर के अनुरूप सत्य की धार्मिकता और पवित्रता में सृजा गया है।"
>
> **इफिसियों 4:22–24**

परमेश्वर चाहता है कि हम परिपक्वता में बढ़ें, वही गलतियाँ बार–बार न दोहराएं जैसा कि हम आज उसके लिए जीते हैं। हम उसके अनुग्रह में लिपटे हुए हैं, लेकिन सच्चे और निष्कपट विश्वास का प्रमाण परिवर्तन और विकास (शिष्यता) है। हमें जेल–से–रिहाई के टिकट के रूप में मसीह की धार्मिकता को धारण करके संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि उस धार्मिकता की कीमत का सम्मान करना है जिसे हम उसकी आज्ञाकारिता में रहकर उसके लिए पहनते हैं जिसने हमारे लिए कीमत चुकाई है। हमारे नए जन्म के प्रारंभिक क्षण (न्यायोचित) से नए जीवन के निरंतर विकास (पवित्रता) की ओर बढ़ना यह हमारी शिष्यत्व यात्रा है।

यह न केवल हमें भविष्य की शाश्वत पूर्णता का आश्वासन देता है जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है, बल्कि यह हमें वह साधन भी देता है जिसके द्वारा हम आज अलग तरह से जी सकते हैं।

एक शिष्य के जीवन में होने वाले परिवर्तन को पौलुस द्वारा यीशु के एक सच्चे अनुयायी के जीवन से प्रवाहित होने वाले आत्मिक फल के उदाहरण द्वारा शक्तिशाली रूप से व्यक्त किया गया है (गलातियों 5:22–23)। उल्लेखित फल का अंतिम पहलू आत्म–संयम या आत्म–अनुशासन है। परमेश्वर, अपने आत्मा के द्वारा, हमें आत्म–अनुशासन से सामर्थ्य देता है – परन्तु हमें उसके साथ सहभागी होना होगा (फिलिप्पियों 2:12–13)।

ये चार व्यावहारिक बातें हैं जो हम परमेश्वर के प्रति पवित्रता और आज्ञाकारिता में बढ़ने के लिए कर सकते हैं:

भक्ति

जितना अधिक समय हम परमेश्वर के वचन में बिताते हैं, उतना ही अधिक हम जानेंगे कि परमेश्वर हमें क्या बनाना चाहता है। इसी प्रकार, प्रार्थना में समय व्यतीत करने के द्वारा हम भी परमेश्वर से अपनी कमजोरियों और प्रलोभनों पर विजय पाने में सहायता करने के लिए कह सकते हैं। यीशु के साथ समय बिताना यह सीखना है कि पवित्र बनने के लिए सशक्त होने के साथ–साथ पवित्र होने का क्या मतलब है।

आत्म जागरूकता

जैसे हम वचन को पढ़ते हैं, वैसे ही वचन हमें पढ़ता है, हमें अपने स्वयं के जीवन की जांच करने और तेजी से आत्म–जागरूक बनने में मदद करता है। यह आत्म–जागरूकता हमें अपनी कमजोरियों को पहचानने में मदद करती है, और इसका मतलब है कि हमें खुद को उन चीजों से अलग करना शुरू कर कर देना चाहिए हैं जो हमें नुकसान पहुंचाती हैं।

समुदाय

हम जो जीवन जी रहे हैं उसके प्रति सतर्क रहना केवल आत्म–जागरूकता के माध्यम से ही प्राप्त नहीं किया जाता है। मसीही संगति और समुदाय के लिए प्रतिबद्ध होने से, हम अपने आसपास के लोगों द्वारा प्रेमपूर्ण परख के लिए खुद को खोलते हैं। समुदाय में निवेश करने से दूसरों को आपके जीवन में बोलने के अवसर मिलते हैं, और आपके लिए भी ऐसा ही होता है। दूसरों के साथ खुले रहने से चुनौतियाँ आ सकती हैं, लेकिन अतिसंवेदनशीलता (भेद्यता) का जोखिम हमें व्यक्तियों के रूप में और परमेश्वर के परिवार के रूप में विकसित होने के लिए एक साथ यात्रा करने के बाइबल के आदर्श से अलग न कर दे।

पाप–स्वीकारोक्ति

याकूब हमें अपने पापों को एक दूसरे के सामने स्वीकार करने के लिए कहता है, माफी के लिए नहीं बल्कि जवाबदेही के लिए (याकूब 5:16)। विश्वसनीय मित्रों का एक समूह खोजना आवश्यक है जिनके साथ आप अपने संघर्षों, प्रलोभनों और असफलताओं के बारे में पूरी तरह ईमानदार और पारदर्शी हो सकते हैं। दुश्मन आपके संघर्ष को अंधेरे में रखना चाहता है जहां वह इसे शर्म में बदल सकता है, लेकिन परमेश्वर हमें एक साथ चलने के लिए बुला रहा है, हमारी असफलताओं को प्रकाश में लाकर एक दूसरे को जवाबदेह ठहराने में मदद कर रहा है जहां वह हमें पुनर्स्थापित और छुड़ा सकता है। असफलता कभी भी परमेश्वर के लिए अंतिम नहीं होनी चाहिए: जवाबदेही एक ऐसा तरीका है जिसके द्वारा हम अपने संघर्षों का विनम्रता और उसके अनुग्रह के प्रति समर्पण में सामना कर सकते हैं।

प्रचारकों के रूप में, हम जिस संदेश की घोषणा करते हैं वह केवल प्रतिक्रियाओं को देखने के बारे में नहीं है बल्कि ऐसे शिष्यों को बनाने के बारे में है जो बढ़ते और परिपक्व होते हैं – एक पवित्र लोग (कुलुस्सियों 1:28–29)। यह सच्चे शिष्य ही हैं जो परमेश्वर के संदेश को सत्यनिष्ठा और शक्ति के साथ दुनिया में ले जाएंगे। यह पवित्र लोगों के लिए एक पवित्र कार्य है।

चर्चा (15 मिनट)

1. आप किसी ऐसे व्यक्ति से परमेश्वर की पवित्रता का वर्णन कैसे करेंगे जो उसे नहीं जानता?
2. हम मसीह को कैसे “पहनते” हैं?
3. आपको दूसरों के प्रति सच्चे रूप से जवाबदेह होने में क्या मदद करता है, या क्या रोकता है?

“यदि तुम सोचते हो कि तुम मसीह के साथ सदा की संगति बनाए बिना पवित्रता में चल सकते हो, तो तुमने बहुत बड़ी गलती की है। यदि आप पवित्र होना चाहते हैं, तो आपको यीशु के निकट रहना चाहिए।”

चार्ल्स स्पर्जन

अनुप्रयोग (5 मिनट)

यदि आपके पास पहले से विश्वसनीय मित्रों का एक छोटा समूह नहीं है (इस एडवांस समूह के जवाबदेही पहलू से अलग) जिससे आप नियमित रूप से मिलते हैं और जिनके साथ आप पूरी तरह से ईमानदार, खुले और जवाबदेह हो सकते हैं, तो सोचें कि आप यह किसके साथ कर सकते हैं और जितनी जल्दी हो सके कुछ सुनियोजित करें। यदि आप पहले से ही ऐसा कर रहे हैं, तो किसी और के साथ साझा करें, और उन्हें किसी भी सलाह, प्रोत्साहन या सुझावों के साथ स्थापित होने में सहायता करें जो आप प्रदान कर सकते हैं।

प्रार्थना

प्रार्थना में परमेश्वर की पवित्रता को पहचानें और उसका आनंद मनाएं। अपने विद्रोह के लिए उससे क्षमा मांगें, और धन्यवाद दें कि यीशु के उद्धार के कार्य के कारण हम उसकी धार्मिकता में भाग ले सकते हैं। याचना करें कि परमेश्वर आपको पवित्र बनाने के लिए आपके जीवन में काम करना जारी रखे। आत्मा की शक्ति के प्रति समर्पण में अनुशासन के साथ रहने के लिए प्रतिबद्ध रहें क्योंकि आप शिष्यों की तरह बढ़ना चाहते हैं और एक पवित्र संदेश के साथ एक पवित्र जन के रूप में अधिक उपयुक्त बनना चाहते हैं।

जवाबदेही (25 मिनट)

इस समय का उपयोग जोड़ियों में एक–दूसरे से अपनी किसी भी कमी को स्वीकार करने के अवसर के रूप में करें। दूसरे व्यक्ति के ध्यान में लाकर, समय–समय पर एक–दूसरे से यह पूछने का संकल्प लें कि आप इस क्षेत्र में केसा कर रहे हैं और लगातार एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करते रहें।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस में समुदाय को प्रोत्साहित करने का एक तरीका यह है कि दुनिया भर के एडवांस समूहों में पुरुषों और महिलाओं के माध्यम से परमेश्वर जो कुछ भी कर रहा है, उससे जुड़े रहे। हमारे मासिक ईमेल प्राप्त करने के लिए साइन अप करना सुनिश्चित करें, जिसमें एडवांस के वैश्विक समुदाय से कहानियां और गवाहियां शामिल हैं जो आपको अपने विश्वास और प्रचार–कार्य में प्रोत्साहित करेंगे।

टिप्पणियाँ

सत्र आठ

एक प्रचारक का चरित्र

सबसे पवित्र मसीही सबसे विनम्र होते हैं, तो हमारे सुसमाचार प्रचार में विनम्रता के होने का क्या अर्थ है?

सत्र एक वाक्य में

विनम्रता परमेश्वर के राज्य के किसी भी राजदूत का एक प्रमुख गुण हैः जो यीशु में सिद्ध रूप से हमारे लिए आदर्श है, हमारे स्वर्गीय पिता की महिमा के लिए पवित्र आत्मा द्वारा हमारे भीतर परिष्कृत और सशक्त किया गया।

सत्र पृष्ठभूमि

जिस क्षण से स्वर्गदूत जिब्राईल मरियम को बताता है कि उसे एक बच्चा होने वाला है, विनम्रता – यीशु की कहानी का एक केंद्रीय विषय – उभरती है। मरियम परमेश्वर की आराधना करती है और उसे धन्यवाद देती है कि परमेश्वर ने उसके विनम्र अवस्था में उसके, अपने दासी के बारे मे सोचा। दूसरे शब्दों में, वह कहती है, “मैं एक साधारण लड़की हूँ... परमेश्वर मुझे क्यों इस्तेमाल करना चाहेंगे?”

क्या आपने कभी सोचा है कि परमेश्वर आपका उपयोग क्यों करेगा?

कभी–कभी हम अपने उपहारों और प्रतिभाओं में आत्मविश्वासी हो सकते हैं, यह विश्वास करते हुए कि परमेश्वर हमें इन चीजों के कारण उपयोग करने के लिए चुनता है। परमेश्वर की बुलाहट हमारे चरित्र के लिए है, न कि हमारी प्रतिभा के लिए, और जो चरित्र उन्हें सबसे अधिक प्रसन्न करता है, उसके केंद्र में विनम्रता होती है। मरियम अपनी स्तुति में गाती रहती है कि कैसे उसका पवित्र परमेश्वर घमण्डियों को तितर–बितर करता है और दीन लोगों को ऊपर उठाता है। एक युवा यहूदी महिला के रूप में, पुराने नियम के उसके ज्ञान ने उसे परमेश्वर के बारे में आत्मविश्वास के साथ यह दावा करने के लिए आवश्यक सब कुछ प्रदान किया होगा। और अब वह इस वास्तविकता को अपने लिए अनुभव कर रही थी। परमेश्वर ने हमेशा सबसे अप्रत्याशित तरीकों से अपने उद्देश्यों के लिए विनम्र लोगों का उपयोग करना चुना है, दुनिया के ज्ञान को चुनौती देते हुए और कम से कम संभावित लोगों के माध्यम से अपनी सामर्थ्य और अनुग्रह को प्रकट किया है। परमेश्वर द्वारा महान चीजों के लिए उपयोग किए जाने की दिशा में पहला कदम उस पर हमारी पूर्ण निर्भरता को महसूस करना है।

यीशु का जन्म इससे अधिक विनम्र परिस्थितियों में नहीं हो सकता था। राजाओं के राजा को चरनी में रखा गया था – जिसमें पशु को चारा खिलाते हैं! एक राजा के जन्म की अमीरी को किसी साधारण के जन्म की गरीबी में बदल दिया गया। सभी चीजों के रचयिता के साथ हमारा मेल–मिलाप चौंका देने वाली विनम्रता में शुरू किया गया था।

जहां कहीं भी हम पवित्र शास्त्र में देखते हैं – चाहे वह यशायाह 53 हो, जहां हम प्रभु के पीड़ित सेवक के बारे में सुनते हैं जो हमारे अपराधों के लिए छेदा जाएगा, या सेवा करवाने के बजाय सेवा करने के लिए आने के बारे में यीशु के बारे में घोषणा, या अपने शिष्यों के पैरों को धोना, या गतसमनी के बगीचे में अपने पिता की इच्छा के प्रति उसका

समर्पण, या उसका खुद को पिटने, उपहास करने और सूली पर चढ़ाने देना, जबकि एक शब्द के साथ, वह किसी को भी मिटा सकता था जिसने उसे नुकसान पहुँचाया था

– बाइबल एक दास–राजा का चित्र प्रस्तुत करता है जो पवित्र विनम्रता की सामर्थ्य से मानव अभिमान के अभिशाप को पराजित करता है।

परमेश्वर अपने लोगों को वैसे ही बचाता है जैसे वह चाहता है कि वे जीयें । अभिमान हमें विनाश की ओर ले गया, और विनम्रता हमें वापस लाएगी।

> "तुम हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह जानते हो कि वह धनी होकर भी तुम्हारे लिये कंगाल बन गया, ताकि उसके कंगाल हो जाने से तुम धनी हो जाओ।"
>
> **2 कुरिन्थियों 8:9**

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें। बड़े समूहों में, पिछली बैठक के बाद से विशेष गवाहियाँ साझा करने के लिए चार या पांच लोगों का चयन करें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौती पूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (25–35 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> 'विरोध या झूठी बड़ाई के लिये कुछ न करो, पर दीनता से एक दूसरे को अपने से अच्छा समझो। हर एक अपने ही हित की नहीं, वरन् दूसरों के हित की भी चिन्ता करे।
>
> जैसा मसीह यीशु का स्वभाव था वैसा ही तुम्हारा भी स्वभाव हो;
>
> जिसने परमेश्वर के स्वरूप में होकर भी परमेश्वर के तुल्य होने को अपने वश में रखने की वस्तु न समझा।
>
> वरन् अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरूप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया। और मनुष्य के रूप में प्रगट होकर अपने आप को दीन किया, और यहाँ तक आज्ञाकारी रहा कि मृत्यु, हाँ, क्रूस की मृत्यु भी सह ली।'
>
> **फिलिप्पियों 2:3–8**

सी.एस. लुईस की व्याख्यानुसारः "विनम्र होने का अर्थ खुद को कम आंकना नहीं है, इसका अर्थ है अपने बारे में कम सोचना।"

बाइबल हमें आत्म–हीन होने या कम आत्म–सम्मान रखने के लिए नहीं कहती है। आप परमेश्वर के द्वारा दुलारे और प्रेम किए गए हैं – और उसके अनमोल बच्चे कहलाते हैं। लेकिन एक महीन रेखा हैः अपने बारे में बहुत अधिक सोचना हमें ऐसे घमंड के खतरे में डालता है जिसने मानवता को सबसे पहले पाप के कारोबार में पहुँचाया। खुद को बहुत छोटा समझना उस पहचान को नकारना है जिसे परमेश्वर ने हमारे लिए खरीदा है, जबकि खुद को बहुत अधिक समझना परमेश्वर की संप्रभुता और राजत्व को पहचानने में असफल होना है।

अहंकार सभी पापों के केंद्र में होता है। नीतिवचन हमें बताते हैं कि, "जब अभिमान होता, तब अपमान भी होता है, परन्तु नम्र लोगों में बुद्धि होती है।" (नीतिवचन 11:2)। बाइबल का ज्ञान साहित्य बार–बार विनम्रता के गुण को घमण्ड के विपरीत मुद्रा के रूप में पुष्टि करता है और इससे मिलने वाली आशीषों का आनंद मनाता है।

हम आत्म–प्रचार के युग में जी रहे हैं। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि यदि दाऊद ने आज के समय में गोलियत को मार डाला होता तो क्या होता? ताजे खून से सने, कटे सिर वाली जीत की सेल्फी का प्रलोभन प्रबल होता! हम में से कई निश्चित रूप से हमारी उपलब्धियों के बारे में लिखे जाने वाले गीतों, बनाई जाने वाली फिल्मों और दिए जाने वाले शीर्षकों का स्वागत करेंगे, फिर भी दाऊद के सभी भजनों में उसने एक बार भी अपनी जीत का उल्लेख नहीं किया है, एक बिंदु जिस पर महान सुसमाचार–प्रचारक डी. एल. मूडी ने विनम्रता पर एक प्रसिद्ध उपदेश के

द्वारा सभी का ध्यान आकर्षित किया। आज, महानता की पहली खुशबू में हमें प्रोत्साहित किया जाता है कि हम खुद को चैंपियन बनाएं, अपना रुतबा और अपना मंच बनाएं। लेकिन परमेश्वर आपको एक सेवकाई बनाने या खुद को एक पद पर ऊंचा करने के लिए नहीं कहता। बल्कि वह आपके चरित्र में कहीं अधिक रुचि रखता है, और आप केसे विनम्रता के माध्यम से उसके उद्देश्यों के लिए ऊँचे उठाये जा सकते हैं (लूका 14:11)।

यीशु ने नीचा मार्ग लिया, सेवक का स्थान। वह राजा है जो सेवा करवाने नहीं परन्तु सेवा करने आया है (मरकुस 10:45)। ध्यान दें कि यूहन्ना यीशु द्वारा चेलों के पैर धोने से ठीक पहले उसके के बारे में क्या कहता है:

> "यीशु ने, यह जानकर कि पिता ने सब कुछ मेरे हाथ में कर दिया है और मैं परमेश्वर के पास से आया हूँ और परमेश्वर के पास जाता हूँ, भोजन पर से उठकर अपने ऊपरी कपड़े उतार दिये, और अँगोछा लेकर अपनी कमर बाँधी।"
>
> **यूहन्ना 13:3–4**

यह जानते हुए कि भी सब कुछ उसके अधिकार में था, और अपनी पहचान की परिपूर्णता को जानते हुए, यीशु ने अपने पिता की इच्छा को प्रदर्शित करने के लिए सेवक बनना चुना। आपने शायद इस पर एक बाइबल अध्ययन किया होगा जिसमें वास्तव में एक दूसरे के पैर धोना शामिल था। फिर भी आज किसी का पैर धोना जैसे यीशु अपने शिष्यों को दिखा रहा था, उसके पूर्ण महत्व को प्रदर्शित नहीं कर सकता। हमारे लिए यह समझना मुश्किल है कि अपने रब्बी – अपने मसीहा – को अपनी विनम्रता और सेवक–हृदयता के प्रतीक के रूप में इस कर्तव्य को निभाने के लिए उसे कितना असहज होना पड़ा होगा।

इसे इस तरह से सोचें: आप अपने देश के शासक सम्राट को अपने दरवाजे पर दस्तक देते हुए सुनते हैं। वे आपके घर में आते हैं, आपके बच्चे को उठाते हैं और उसकी पूरी लंगोट बदलना शुरू करते हैं। बदबू भयानक है और आप डरे हुए से देखते हैं क्योंकि आपके बच्चे का मल शाही हाथों से संपर्क करता है। और फिर भी सम्राट इस अप्रिय लेकिन आवश्यक गतिविधि में, बच्चे के साथ अपने समय का आनंद लेते हुए, स्थिति से पूरी तरह से सहज दिखता है।

यह मत भूलो कि जब यीशु अपने शिष्यों के पैर धो रहा था, वह जानता था कि यहूदा उसके साथ विश्वासघात करने वाला है। वह जानता था कि पतरस उसका इन्कार करने वाला था। वह जानता था कि उसके अनुयायी अभी भी अक्सर घमंडी और कमजोर लोग थे, और फिर भी अपनी सामर्थ्य और प्रताप में उसने खुद को उनके सामने दीन किया, उनके अनुसरण के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। उन्हें न केवल एक–दूसरे के पैर धोने थे, बल्कि उन्हें सभी बातों में विनम्र सेवक बनना था।

चार्ल्स स्पर्जन के बारे में एक प्रसिद्ध कहानी है, जिसने अपने उपदेश देने वाले छात्रों में से एक को थोड़ा बहुत अभिमानी कदमों के साथ मंच तक कदम रखते हुए देखा, जो बाद में हतोत्साहित सा नीचे आया क्योंकि उपदेश बहुत बुरा हुआ था, और उसपर ऐसी टिप्पणी दी: "जिस तरह से तुम नीचे आए, अगर उसी तरह से ऊपर गए होते, तो तुम उसी तरह से नीचे आते जिस तरह से तुम ऊपर गए थे।"

हमारे बुलावे की भव्यता, हमारे उपहारों की प्रभावशालीता, हमारे अवसर का आकार, या हमारे सेवकाई की प्रतिष्ठा से कोई फर्क नहीं पड़ता, हम किसी को भी बचाने के लिए शक्तिहीन हैं। पाप की मजदूरी तो मृत्यु है (रोमियों 6:23), परन्तु नम्रता की मजदूरी जीवन है (नीतिवचन 22:4)। उस विनम्र पीड़ित सेवक के माध्यम से जिसने क्रूस पर हमारा स्थान ले लिया, अब हम उस पर अपना भरोसा रख सकते हैं और अपने पुराने घमण्डी अस्तित्व के लिए विनम्रतापूर्वक मरते हुए अपना क्रूस उठा सकते हैं। हम मृत्यु से जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। विनम्रता केवल एक गुण नहीं है, यह एकमात्र उपयुक्त प्रतिक्रिया है जो हम यीशु को तब दे सकते हैं जब हम पहचान लेते हैं कि वह प्रभु है।

> "क्योंकि यहोवा अपनी प्रजा से प्रसन्न रहता है; वह नम्र लोगों का उद्धार करके उन्हें शोभायमान करेगा।"
>
> **भजन 149:4**

सुसमाचार प्रचार में दीनता का मतलब यह नहीं है कि हम लोगों को खुश करें, सुसमाचार को कम करें, या सच्चाई को साझा करने से पीछे हटें जहाँ यह नारजगी का कारण बन सकता है। सुसमाचार अक्सर कठोर हृदयों के लिए एक आपत्तिजनक संदेश होता है। इसी तरह से, सुसमाचार प्रचार में साहस का अर्थ यह नहीं है कि हम लोगों के गले में सुसमाचार को उंडेल दें बिना यह सोचे कि हम जिस आशा को लेकर चलते हैं उसे वास्तव में समझने में हम उनकी मदद केसे कर सकते हैं। सुसमाचार प्रचार में दीनता का अर्थ कम से कम निम्नलिखित चार बातों से है।

चर्चा करें: सुसमाचार प्रचार में विनम्रता के इन चार क्षेत्रों में बात करने के लिए कुछ समय निकालें। आप इन सिद्धांतों को कैसे लागू कर सकते हैं?

1. विनम्रतापूर्वक परमेश्वर की सेवा करें

हमारा प्राथमिक उत्तरदायित्व और इच्छा परमेश्वर की सेवा करना होना चाहिए, चाहे वह कितना भी चुनौतीपूर्ण, असहज या महंगा क्यों न हो। क्या हम एक सेवक का स्वरूप धारण करने और अपने स्वामी के प्रति आज्ञाकारी होने के लिए तैयार हैं?

2. विनम्रतापूर्वक अपने आप को खाली करें

विनम्रता में स्वयं को खाली करना शामिल है ताकि हम पवित्र आत्मा से भर सकें। यह अपने आप में एक विनम्र कार्य है, लेकिन जब हम आत्मा को अपने जीवन में निवास करने के लिए आमंत्रित करते हैं, तो हम विनम्रता के लिए प्रतिबद्ध होने से लेकर इसके लिए सशक्त होने तक की ओर बढ़ते हैं।

3. विनम्रतापूर्वक उसके वचन को स्वीकार करें

परमेश्वर के वचन के सामने स्वयं को दीन करें। इसे अच्छी तरह से पढ़ना सीखें और इसे शब्दशः वैसे ही स्वीकार करें, उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कुछ कहलवाने के लिए बाध्य न करें। विनम्रतापूर्वक परमेश्वर के सत्य को सुनने का प्रयास करें, चाहे वह आपके पूर्वकल्पित या संस्कृति–आधारित विचारों के लिए कितना भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो। परमेश्वर के सत्य की खोज और उसकी बुद्धि मत्ता को लागू करने के लिए विनम्रता की आवश्यकता होती है।

4. खोए हुए की विनम्रतापूर्वक सेवा करें

उद्घोषणा करना आवश्यक है, लेकिन हमें उन लोगों से भी प्रेम करना चाहिए जिनके सामने हम घोषणा करते हैं। हमें जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। जैसा कि हम लोगों को दिल प्रेम करना चाहते हैं, हमें उन्हें अच्छी तरह से सुनना भी चाहिए। यदि हम केवल उन्हें बोलते ही रहेंगे, तो हम सुसमाचार और उनके जीवनों को जोड़ने वाली बीच की महत्वपूर्ण कड़ी या कारण को खो देंगे और उनके साथ एक सार्थक संबंध की संभावना को कम कर देंगे।

परमेश्वर का सम्मान करके, उसकी आत्मा को हममें काम करने के लिए जगह देकर, और उसके वचन की सच्चाई पर निर्भर होकर हम दुनिया में प्रभावी सेवक बन सकते हैं – जो व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करते हैं, लोगों को अच्छी तरह से सुनते हैं (सुसमाचार का एक व्यापक रूप से उपेक्षित मुद्दा), और ईमानदारी से यीशु की कहानी का प्रचार करें। यदि हम अपने सुसमाचार प्रचार में फलदायी होना चाहते हैं, तो हमारा आरंभिक आसन प्रभु के सामने नम्रता वाला होना चाहिए। डी.एल. मूडी ने विनम्रता पर अपने उपदेश में इसे इस तरह रखाः

> "मेरे खेत पर एक नाशपाती का पेड़ है जो बहुत सुंदर है; यह मेरे यहाँ सबसे सुंदर पेड़ों में से एक प्रतीत होता है। प्रत्येक शाखा प्रकाश तक पहुँचती हुई प्रतीत होती है और लगभग एक मोम मोमबत्ती की तरह खड़ी होती है, लेकिन मुझे इससे कभी कोई फल नहीं मिलता। मेरे पास एक और पेड़ है, जो पिछले साल इतना फल से भरा हुआ था कि शाखाएं लगभग जमीन को छू रही थीं। मेरे मित्रों, यदि हम पर्याप्त रूप से नीचे झुकेंगे, तो परमेश्वर हम में से प्रत्येक को अपनी महिमा के लिए उपयोग करेगा।"

चर्चा (15 मिनट)

1. क्या आपके जीवन में ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें आप विनम्र होने के लिए संघर्ष करते हैं?
2. क्या सुसमाचार को साहस के साथ साझा करने और इसे विनम्रता के साथ साझा करने के बीच एक अंतर्निहित संघर्ष है?
3. हम दूसरों में विनम्रता की कमी, या झूठी विनम्रता की उपस्थिति को प्यार से कैसे दूर कर सकते हैं?

> "मुझे यकीन है कि प्यार और विनम्रता मसीह के स्कूल में सबसे सर्वोच्च उपलब्धि है और सबसे उज्ज्वल सबूत है कि वह वास्तव में हमारा गुरु है।"
>
> **जॉन न्यूटन**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

ध्यान से सोचें कि आप अपने आस–पास के लोगों की अप्रत्याशित और महंगे तरीके से सेवा और आशीष कैसे दे सकते हैं। क्या आपकी कलीसिया या सेवकाई ने सफाईकर्मी को नियुक्त किया है? उन्हें अपने परिवार के साथ या आत्मिक रिट्रीट में बिताने के लिए छुट्टी लेने को कहें और उनके लिए खुद कार्य करें। ऑफिस में हर दिन चाय या

कॉफी बनाने वाले पहले व्यक्ति बनें। भोजन के बाद अपने वेटर को उदारता से टिप दें और उन्हें परमेश्वर के प्रेम को व्यक्त करते हुए एक नोट/टिप्पणी लिखें... रचनात्मक बनें और इरादा रखने वाले बनें।

एक ओर, इनमें से कोई भी चीज यीशु द्वारा अपने चेलों के पैर धोने के पूरे प्रभाव को नहीं दिखा सकती, और दूसरी ओर, इन्हें तथाकथित "दया का आकस्मिक कार्य" भी कहा नहीं जा सकता। ये विचारशील, प्रेम करने वाले और विनम्र लोगों के इरादतन किए गए कार्य हैं जो दूसरों को आशीष देने के अवसरों की खोज में रहते हैं जो पीड़ित सेवक की ओर इशारा करते हैं। हम ये चीजें परमेश्वर की कृपा पाने या दूसरों के सामने अच्छा दिखने के लिए नहीं करते हैं (हो सके तो सोशल मीडिया पर आप जो कुछ भी करते हैं उसके बारे में शोर मचाने से पहले दो बार सोचें)। हम उन दोनों कार्यों को एक ऐसे तरीके के रूप में करते हैं जिसमें हम विनम्रता में बढ़ना सीख सकें, और उस विनम्रता के ऐसे स्वाभाविक फल की तरह जो परमेश्वर हममें बढ़ा रहा है।

प्रार्थना

मसीह की दीनता और सेवकीय–हृदय के उनके उदाहरण के लिए धन्यवाद दें। परमेश्वर से मदद मांगे कि वह आपको अपने भीतर देखने में मदद करे जैसे वह आपको देखता है, और ताकि आप प्रतिदिन विनम्रता और ज्ञान में बढ़ सकें। एक दूसरे के लिए प्रार्थना करो, कि तुम सुसमाचार के प्रचार में निर्भीक और दीन बने रहो।

जवाबदेही (15 मिनट)

किसी ऐसे को आमंत्रित करें जो इसे स्वीकार करने के लिए अपने घमंड के साथ संघर्ष करता है – जो कि एक घमंडी व्यक्ति के लिए करना कठिन काम है – और उनके साथ और उनके लिए प्रार्थना करें, कि परमेश्वर आप सभी को विनम्रता में बढ़ने और सेवकीय–हृदय विकसित करने में मदद करे।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एक तरीका जिससे हम खुद को विनम्र कर सकते हैं, वह यह स्वीकार करना है कि हम यह सब नहीं जानते हैं और हमें सीखते रहने की जरूरत है। advancegroups.org/blog में नियमित रूप से अपडेट की जाने वाली सामग्री और शिक्षण सामग्री होती है जो आपको अपने विश्वास और अपनी गवाही में परिपक्व होने में मदद करेगी।

टिप्पणियाँ

सत्र नौ

एक प्रचारक का अवसर

प्रचार के वरदान का एक चिह्न है देखने की क्षमता – और अपने आस–पास के लोगों के साथ सुसमाचार को साझा करने के हर अवसर को झपटने करने की इच्छा है। इस सत्र में हम पता लगाएंगे कि कैसे हम हर अवसर का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

सत्र एक वाक्य में

हर स्थिति और परिस्थिति में सुसमाचार को स्पष्टता के साथ समझाने के लिए हमारे मार्ग में आने वाले किसी भी अवसर का लाभ उठाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

सत्र पृष्ठभूमि

पतरस हमें बताता है कि हमें हमेशा उन लोगों के साथ सुसमाचार साझा करने के लिए तैयार रहना चाहिए जो हमारी आशा के बारे में पूछते हैं (1 पतरस 3:15)। पौलुस तीमुथियुस को जीवन के हर मौसम और परिस्थिति में सुसमाचार का प्रचार करने के लिए तैयार रहने के लिए कहता है (2 तीमुथियुस 4:2), और कहीं और लिखता है कि हमें हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए (कुलुस्सियों 4:5)। यीशु हर समय सेवा करने और साझा करने के लिए तत्परता की जीवन शैली का प्रदर्शन करते हैं। कभी–कभी इसका अर्थ अप्रत्याशित स्थानों में एक अवसर को देखना होता है (जैसा कि लूका 19:1–10 में जक्कई के साथ था), सामाजिक रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैयार रहना (जैसे यूहन्ना 4:1–26 में सामरी महिला के साथ), विशेषाधिकार के स्थानों में निडर होना (लूका 7:36–50 में फरीसी के घर में पापी स्त्री को याद करें), सामाज से बहिष्कृत लोगों के साथ साझा करना (जैसे लूका 17:11–19 में कोढ़ियों को चंगा करना), या अपने स्वयं के कष्ट के दौरान सत्य की घोषणा करना (जैसे चोर के साथ) लूका 23:39–43 में क्रूस पर)... और इस प्रकार सूची आगे बहुत लम्बी है।

बिली ग्राहम की महासभायें – जिसके माध्यम से उन्होंने किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में अधिक लोगों को उपदेश दिया – उनके सुसमाचार प्रचार का सबसे प्रसिद्ध पहलू था। लेकिन यह एकमात्र तरीका नहीं था जिससे उसने अपने पूरे जीवन में सुसमाचार को साझा किया। चाहे राष्ट्रपतियों से मिलना हो या राजघरानों से, मुख्यधारा के टॉक शो में आना, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुँचाना, विदेशों में सैनिकों की सेवा करना, या मार्ग में मिलने वाले व्यक्तियों के साथ साझा करना, वह हमेशा तत्पर, तैयार और लोगों के साथ सुसमाचार साझा करने के लिए इच्छुक थे जिनसे वह मिलते थे।

बिली ग्राहम की प्रचार–कार्य की तैयारी महान आज्ञा की उच्च व्याख्या से प्रेरित नहीं थी। हर अवसर को देखने और उसका लाभ उठाने की उसकी प्रेरणा वास्तव में स्वयं सुसमाचार को समझने, प्राप्त करने और उसके प्रति समर्पित होने से आई थी।

प्रचारकों के रूप में प्रतिभाशाली लोगों का एक लक्षण यह है कि उनके पास खोए हुए के लिए एक (सुपर) प्राकृतिक करुणा होने की संभावना है जो एक प्रचारकार्य में जुड़ने

या उपदेश के अवसर को पूरा करने की संतुष्टि से कहीं बढ़कर है। एक प्रचारक हर किसी के द्वारा सुसमाचार सुनने और प्राप्त करने के लिए बेताब है, और यहां तक कि फटकार और कठोर परिणामों के खतरे के बावजूद, हर अवसर पर यीशु के बारे में बात करने से खुद को रोक नहीं पाएगा (प्रेरितों के काम 4:18–20)। लेकिन सच्चाई यह है कि जितना हर विश्वासी – न केवल वे जिन्हें प्रचारकों होने का वरदान मिला है – अपने लिए सुसमाचार को समझेंगे और इसके अनमोल अनुग्रह में रहेंगे, उतना ही अधिक उनके भीतर खोये हुए लोगों के लिए करुणा बढ़ेगी, और जैसे–जैसे हम नये जीवन में परमेश्वर की छवि में बढ़ेंगे, परमेश्वर की करुणा को साझा करेंगे।

डेजमंड डॉस्स की उल्लेखनीय सच्ची कहानी, हाल ही में हॉलीवुड फिल्म हैक्सॉ रिज में बताई गई, एक ऐसे व्यक्ति का खुलासा करती है जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान युद्ध चिकित्सक के रूप में भर्ती करने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन जिसने परमेश्वर में अपने अटूट विश्वास के कारण किसी भी परिस्थिति में बंदूक उठाने से इनकार कर दिया। ओकिनावा के जापानी द्वीप में तैनात, डॉस्स ने खुद को "हक्सॉ रिज" पर दुश्मन की रेखाओं के पीछे पाया। दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच, फिर भी घायलों की चीखें सुनने में सक्षम – डॉस्स ने अमेरिकी और जापानी दोनों में से हर किसी को बचाना शुरू कर दिया, और एक अस्थायी रस्सी चरखी प्रणाली का उपयोग करके उन्हें रिज से नीचे करता गया। डॉस्स को एक निशानेबाज (स्नाइपर) द्वारा बांह में गोली मार दी गई थी और बाद में पता चला कि उसके शरीर में छर्रे के सत्रह टुकड़े थे, और फिर भी वह यथासंभव लंबे समय तक जितना संभव हो सके घायलों को बचाने के लिए चलता रहा।

वर्षों बाद इस अविश्वसनीय उपलब्धि के बारे में साक्षात्कार में, डॉस्स ने बताया कि जब भी थकावट होती और उसे लगता था कि वह अब किसी और की मदद नहीं कर सकता, तब प्रार्थना करता, "परमेश्वर, मुझे एक और घायल को पाने में मदद करें।" डॉस्स ने उस दिन तकरीबन 75 सैनिकों को बचाया।

डॉस्स की प्रार्थना सुसमाचार प्रचारक की पुकार है। यह उन सभी की पुकार है जो खोए हुओं के लिए परमेश्वर के हृदय को साझा करते हैं। "परमेश्वर, हर अवसर के माध्यम से, चाहे कितना भी कठिन या महंगा हो, मुझे एक और को पाने में मदद करें।"

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें। बड़े समूहों में, पिछली बैठक के बाद से विशेष गवाही साझा करने के लिए चार या पांच लोगों का चयन करें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौती पूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> पतरस और यूहन्ना तीसरे पहर प्रार्थना के समय मन्दिर में जा रहे थे। और लोग एक जन्म के लंगड़े को ला रहे थे, जिसको वे प्रतिदिन मन्दिर के उस द्वार पर जो 'सुन्दर' कहलाता है, बैठा देते थे कि वह मन्दिर में जानेवालों से भीख माँगे। जब उसने पतरस और यूहन्ना को मन्दिर में जाते देखा, तो उनसे भीख माँगी। पतरस ने यूहन्ना के साथ उसकी ओर ध्यान से देखकर कहा, "हमारी ओर देख!" अतः वह उनसे कुछ पाने की आशा रखते हुए उनकी ओर ताकने लगा। तब पतरस ने कहा, "चाँदी और सोना तो मेरे पास है नहीं, परन्तु जो मेरे पास है वह तुझे देता हूँ; यीशु मसीह नासरी के नाम से चल फिर।"
>
> **प्रेरितों के काम 3:1–6**

अवसरों को चूकना आसान है। जीवन के आगे के वर्षों में जब पश्चाताप का सामना करना पड़ता है, वह अक्सर कई खोए हुए अवसरों के इर्द–गिर्द घूमता है – वे चीजें जो वे सोचते हैं कि काश उन्होंने किया होता अगर केवल उनमें

प्रयास करने का आत्मविश्वास होता, या उन्हें इस बात की कम चिंता होती कि लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे।

सोशल मीडिया की दुनिया ने एक विशेष परिस्थिति को जन्म दिया है – "छूट जाने का डर या फियर ऑफ मिसिंग आउट" या फोमो (FOMO)। लगातार जुड़े रहने वाली दुनिया में, हम हमेशा देख सकते हैं कि दूसरे लोग क्या कर रहे हैं – और जब ऐसा लगता है कि दूसरे लोगों का जीवन हमसे बेहतर है, तो एफओएमओ सक्रिय हो सकता है। हमारे जुड़ाव का दुष्प्रभाव, लेकिन जब हम बाइबल पढ़ते हैं तो कैसा महसूस करते हैं? क्या आपने कभी FOMO का अनुभव किया है जब आपने प्रेरितों की पुस्तक में पढ़ा कि यीशु के शिष्यों और शुरुआती कलीसिया ने क्या–क्या किया था?

नए नियम में प्रेरितों के बारे में पढ़ना आपको यह महसूस करवा सकता है कि आप उसी स्तर के रोमांच से चूक रहे हैं जो उन्होंने सुसमाचार को साझा करने में अनुभव किया था। जबकि हम में से अधिकांश डरावनी बातों की लालसा नहीं करते हैं – जैसे कि पत्थर मार कर मार डाला जाना (!) – हम प्रेरितों की सेवकाई के साथ होने वाले चिन्हों और चमत्कारों को देखना और अनुभव करना पसंद करेंगे।

प्रेरितों के काम 3 में, पतरस और यूहन्ना ने स्वयं को प्रतिदिन की स्थिति के साथ प्रस्तुत किया हैः एक लंगड़ा भिखारी उनसे कुछ पैसे माँग रहा है। प्रेरितों के लिए इस अभागे आदमी के पास से गुजरना, या एक छोटा सा दान देना और आगे बढ़ना आसान होता।

देखें कि यहाँ भाषा कितनी विशिष्ट हैः आगे बढ़ने के बजाय, पतरस और यूहन्ना सीधे उसकी ओर देखते हैं। NRSV अनुवाद पतरस और यूहन्ना उस व्यक्ति की ओर गौर से देखते हैं, जिसने कुछ प्राप्त करने की अपेक्षा में अपना ध्यान उन पर केंद्रित किया।

चर्चा करें: आप अपने आसपास की दुनिया को कितनी गौर से देख रहे हैं? सुसमाचार साझा करने के लिए उत्पन्न होने वाले अवसरों को खोजने और उनका लाभ उठाने में आप कितने अच्छे हैं?

लंगड़े आदमी को उस चीज को प्राप्त करने का अवसर मिला जो उसे लगता था कि उसे उसकी सबसे ज्यादा जरूरत हैः अर्थात पैसा। उसके लिए सौभाग्य की बात थी कि उसके सामने खड़े प्रेरित अवसर पर ध्यान दे रहे थे, जिसका अर्थ है कि वे उसे वह देने में सक्षम थे जिसकी उसे वास्तव में सबसे अधिक आवश्यकता थीः यीशु। यह खोए हुए लोगों के लिए प्रेम था जिसने पतरस और यूहन्ना को रोक दिया, न कि केवल उसकी अक्षमता या सामाजिक स्थिति के लिए करुणा थी।

बाइबल हमें बताती है कि जो परमेश्वर का आदर करता है, वह बदले में परमेश्वर द्वारा आदर पाता है (1 शमूएल 2:30)। इससे बढ़कर कोई सत्य नहीं है कि हम जीवन की "छोटी–छोटी बातों" में परमेश्वर का आदर करते हैं। जैसा कि हम गुप्त में भरोसेमंद साबित होते हैं – जीवन के छोटे, कम ध्यान देने योग्य क्षेत्रों में – परमेश्वर हमें बड़ी चीजें सौंपता है। वह एक बड़ा मंच हो सकता है, लेकिन केवल बड़े दर्शकों के लिए ही क्यों रुकें? एक बड़े मंच से बेहतर हमारे जीवन में पवित्र आत्मा की शक्ति का एक बड़ा प्रदर्शन है। जीवित परमेश्वर की आत्मा की पूरी मात्रा आज आपके लिए उपलब्ध है जब आप प्रभु को समर्पित करते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि वह इसे पूरी तरह से और अक्सर उन लोगों को सौंपता है जिन्हें वह जानता है कि वह उसकी सेवा के लिए इसका सबसे अच्छा उपयोग करेगा। इस्राएली सेना में कोई भी परमेश्वर की सहायता से गोलियत को पराजित कर सकता था, परन्तु वह दाऊद ही था जिसने आगे बढ़कर विशिष्ट कार्य में विश्वासयोग्यता को सिद्ध किया, और इस प्रकार सिंहासन का मार्ग प्रशस्त हो गया।

यदि आप पूर्ण रोमांच चाहते हैं, तो छोटी–छोटी बातों में, प्रतिदिन के अवसरों में विश्वासयोग्य रहें, और देखें कि परमेश्वर क्या करता है। यदि आप उन अवसरों को हासिल करने के लिए प्रेरित होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो परमेश्वर से आपको अपने आरामदायक क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए कहें और चाहे आप ऐसा न करना चाहें तब भी जानबूझकर चयन करने के लिए आगे बढ़ें। यदि आप छूटे हुए अवसरों के बारे में दोषी महसूस कर रहे हैं और ऐसा महसूस करते हैं कि आप परमेश्वर को निराश कर रहे हैं, तो याद रखें कि परमेश्वर नहीं चाहता कि आप छूटे हुए अवसरों के लिए दोषी महसूस करें, वह चाहता है कि आप उसके लिए अपने प्रेम से खोए हुए लोगों को प्रेम करें।

हममें से कोई भी सिद्ध नहीं है। प्रेरितों ने अपने सुसमाचार प्रचार में गलतियाँ कीं और निश्चित रूप से इस मार्ग में अवसरों को खो दिया। बात अपने आप को एक असंभव मानक पर रखने की नहीं है जो दबाव बढ़ाता है, बल्कि

खुद को परमेश्वर के अतुलनीय प्रेम में रखना है जो अनुग्रह का दबाव बढ़ाता जाता है। यह उस वास्तविकता से है जिसमें हम बढ़ते जाते हैं, उन अवसरों के प्रति अधिकाधिक विश्वासयोग्य बनते हुए जो वह दिन–प्रति–दिन हमारे सामने रखता जाता है।

डी.एल. मूडी ने प्रसिद्ध रूप से कहा, "परमेश्वर ने मुझे एक जीवनरक्षक नौका दी है और कहा है..." "मूडी, जितना हो सके बचा लो।" नाव चलाने की, डूबते हुए लोगों को देखने और पानी से निकालने की आपकी क्षमता परमेश्वर के प्रति आपके प्रेम और संसार के प्रति उनके प्रेम में पाई जाती है।

रोजमर्रा के अवसरों के बारे में और अधिक जागरूक होने और उनमें विश्वासयोग्य होने के लिए यहाँ तीन व्यावहारिक सुझाव दिए गए हैं:

1. जर्नल (रोजनामचा)

जर्नल रखने के कई सहायक पहलू हैं। अवसर को ध्यान में रखते हुए, अपने दिन के बारे में विवरण लिखें। आप काम पर किसके साथ समय बिताते हैं? क्या आप अपने शहर में नियमित रूप से उसी बेघर व्यक्ति के पास से गुजरते हैं? आप स्कूल के गेट पर किससे बात करते हैं? आपकी पत्रिका में लिखने से ये लोग आपके दिमाग में ताजा रहेंगे ताकि आप उन्हें प्रार्थना में रख सकें, और इसे व्यक्तिगत जवाबदेही की जाँच के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है: क्या आप समय के साथ इरादतन विश्वास–आधारित बातचीत कर रहे हैं? क्या हफ्तों से बातचीत साधारण रही है, या आपने गहराई तक जाने का प्रयास किया? यदि आप सक्षम महसूस करते हैं, तो आप जवाबदेही सहभागियों से अपना जर्नल पढ़ने के लिए कह सकते हैं और आपसे इन क्षेत्रों के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं।

2. चुनौती

यदि आप दैनिक अवसरों को पकडने के लिए संघर्ष करते हैं तो क्यों न अपने लिए चुनौतियां निर्धारित करें? उदाहरण के लिए, "इस सप्ताह मैं कम से कम एक अजनबी से मसीह के बारे में बात करना चाहता हूं।" चुनौती व्यावहारिक होने के साथ–साथ उद्घोषक भी हो सकती है, और यह आपको सुसमाचार प्रचार के अपने सामान्य अभ्यास के पार ले जानी चाहिए।

3. साहस

अपनी मानसिकता को कर्तव्य से साहस में बदलें। हमारे पास एक सुसमाचारीय उत्तरदायित्व है और हम उस बात के प्रति आज्ञाकारी होना चाहते हैं जो परमेश्वर हमसे करने के लिए कहता है, परन्तु प्रेम के बिना हम मुद्दे को खो रहे हैं। अपने आने वाले सप्ताह में अवसरों के बारे में सोचें न केवल एक बोझिल कर्तव्य के रूप में, बल्कि साहसिक कार्य के उच्च बिंदु के रूप में। नौ–से–पांच पीसने वाले बहुत से लोग – यहां तक कि जो अपनी नौकरी से प्यार करते हैं – सप्ताहांत आने का इंतजार नहीं कर सकते। क्या हम ऐसे लोग हो सकते हैं जो उसी पूर्वाभास के साथ यीशु को साझा करने के अगले अवसर की प्रतीक्षा नहीं कर सकते? यदि हम कर सकते हैं, तो हम एक स्वस्थ मानसिकता के साथ साहसिक कार्य करना शुरू कर देंगे, ताकि चुनौतीपूर्ण होने पर भी हम खुद पर की धूल को झाड़ कर फिर से जा सकें।

मार्टिन लूथर के शब्दों में,

> "यदि उसके पास विश्वास है, तो विश्वासी को रोका नहीं जा सकता। वह खुद को धोखा देता है। वह फूट पड़ता है। वह स्वीकार करता है और जीवन को जोखिम में डालकर लोगों को यह सुसमाचार सिखाता है।"

चर्चा (20 मिनट)

1. क्या आपने कभी कोई स्पष्ट अवसर गंवाया है? आपने अनुभव से क्या सीखा?
2. सुसमाचार साझा करने के हर अवसर का लाभ उठाने में आपके सामने सबसे बड़ी चुनौतियाँ क्या हैं?
3. आप सुसमाचार को साझा करने के लिए जानबूझकर अवसर कैसे पैदा करते हैं जो अन्यथा नहीं होता?
4. शिक्षण से तीन सुझावों (जर्नल, चुनौती, साहस) पर चर्चा करें। क्या आप इन चीजों का मूल्य देखते हैं और क्या आप उन्हें लागू कर सकते हैं?

> "यह सिद्धांत है – अपने उपायों को उन लोगों की आवश्यकता के अनुसार अनुकूलित करें जिनके बीच आप सेवकाई करते हैं। आपको उन तक सुसमाचार को ऐसे तरीकों और परिस्थितियों में ले जाना है जो उनके लिए एक सुनवाई की बात बन जाये।"
>
> **केथरीन बूथ**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

इस महीने उन अवसरों को हथियाने की सोचें जिन्हें आप

आमतौर पर उसे छोड़ देना चाहते हैं या जिनके साथ संलग्न नहीं होना चाहते हैं। क्या कोई पुराना दोस्त है जिससे आप संपर्क कर सकते हैं? क्या आप किसी बेघर व्यक्ति के साथ बैठने और बात करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय दे सकते हैं? क्या आप नियमित रूप से उसी दुकान से कॉफी लेते हैं, और यदि ऐसा है तो क्या आप बातचीत को यीशु की ओर मोड़ सकते हैं?

यह लगभग निश्चित है कि समूह में हर कोई अपने नियमित सप्ताह में एक ऐसे अवसर के बारे में सोच सकेगा जिसमें वे यीशु को साझा करने के बारे में और अधिक सोच सकें। इस अवसर को आपस में एक दूसरे से लेने के लिए प्रतिबद्ध रहें और अगले महीने आप क्या करेंगे, इसके लिए एक–दूसरे को जवाबदेह बनायें। याद रखें, यह केवल मनमाने मकसद और लक्ष्यों को निर्धारित करने के बारे में नहीं है, बल्कि बदलती आदतों और व्यवहार के तरीकों के बारे में है। जो अभ्यास इरादतन शुरू होता है वह समय के साथ प्राकृतिक व्यवहार के रूप में विकसित हो सकता है।

जर्नल (रोजनामचा) शुरू करने पर विचार करें।

प्रार्थना

परमेश्वर का धन्यवाद दें कि वह हमें अपने सुसमाचार की घोषणा करने और दूसरों के साथ अपना विश्वास साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन स्थितियों में कुछ विशिष्ट अवसर प्रदान करने के लिए कहें जहाँ आप सफलता की उम्मीद कर रहे हैं, और दिन–ब–दिन सामान्य अवसरों के लिए भी। एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करें कि आप अपने आस–पास के अवसरों के प्रति संवेदनशील हों, और जैसे ही यह पैदा होता है एक–दूसरे के प्रति वफादार रहें।

जवाबदेही (15 मिनट)

तीन के समूह में, कुछ स्पष्ट अवसरों पर चर्चा करें जिन्हें आपने अनदेखा कर दिया। इस बारे में बात करें कि आपको ऐसा क्यों लगता है और वास्तव में इस मुद्दे की जड़ तक जाने की कोशिश करें। जहां आवश्यक हो, परमेश्वर से क्षमा मांगें और व्यावहारिक रूप से एक–दूसरे को प्रोत्साहित करें ताकि भविष्य में इन अवसरों का लाभ उठाने में प्रगति हो सके।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

समूहों के बीच प्रोत्साहन इस यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है, अपने संवाद में सक्रिय रहें (आपके समूह ने मैसेज का जो भी ऍप चुना हो), कामयाबी और सफलताओं का जश्न मनाएं, प्रार्थना अनुरोधों को भेजें और उनका जवाब दें और एक दूसरे को उत्साहित करते रहें।

टिप्पणियाँ



सत्र दस

एक प्रचारक की प्रतिबद्धता

बाइबल हमारे विद्रोह से पलटने और यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम से उसके साथ संबंध बनाने के लिए परमेश्वर के निमंत्रण का रहस्योद्घाटन है। हम यह केसे सुनिश्चित करते हैं कि हम न केवल यह समझा रहे हैं और प्रस्तुत कर रहे हैं कि सुसमाचार क्या है, बल्कि साहसपूर्वक लोगों को जो उन्होंने सुना है उस पर प्रतिक्रिया करने और उस पर कार्य करने के लिए भी कह रहे हैं?

सत्र एक वाक्य में

प्रचारक का कार्य सुसमाचार के पूर्ण संदेश की घोषणा करने की प्रतिबद्धता है, जिसमें श्रोता को यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम से दिशा बदलने और सच्चे जीवन का अनुभव करने का निमंत्रण शामिल है।

सत्र पृष्ठभूमि

शादी के दिन कलीसिया के सामने एक दूल्हे की कल्पना करें। वह दुल्हन के प्रवेश की प्रत्याशा में अपने उत्साहित दोस्तों और परिवार से भरे हुए खूबसूरती से सजाए गए भवन के चारों ओर देखता है। उसके सपनों की रानी किसी भी क्षण आने वाली है। दस मिनट बीत गए और दुल्हन नहीं आई। “दुल्हन के देर से आने की प्रथा है,” वह मन ही मन सोचता है। बीस मिनट बीत चुके हैं और अभी भी उसका कोई पता नहीं है। वह बेचौन होकर हंसता है। तीस मिनट बीत गए और अभी भी कोई दुल्हन नहीं है और कोई शब्द नहीं है कि उसे देर क्यों हो रही है। अब वह थोड़ा घबराने लगता है क्योंकि इकट्ठी हुई भीड़ कानाफूसी करने लगती है। पैंतालीस मिनट बीत गए, फिर एक घंटा, और अभी भी दुल्हन नहीं आयी। मेहमानों के बीच बुदबुदाहट बुखार की तरह गरमा गई है। आखिर ये चल क्या रहा है? क्या उसे ऐसे ही बहुत देर हो रही है या उसने अकल्पनीय कार्य किया है और न आने का फैसला कर लिया है?

दूल्हे का दिमाग सभी संभावित कारणों से दौड़ना शुरू कर देता है कि वह क्यों नहीं आई, और फिर, अचानक, उसके पेट में हलचल होने लगती है क्योंकि उसे अपनी गलती का अहसास होता है। असल में उसने अपनी दुल्हन को उससे शादी करने के लिए कभी कहा ही नहीं।

यदि आपके पास किसी के लिए अवसर है तो प्रतिक्रिया पाने के लिए उसे आमंत्रित करना आवश्यक है। यीशु के सुसमाचार संदेश के सबसे छोटे संस्करण, मरकुस में इस प्रकार दर्ज किया गया है: “समय पूरा हुआ है,” उसने कहा। “परमेश्वर का राज्य निकट आ गया है। मन फिराओ और सुसमाचार पर विश्वास करो!” (मरकुस 1:15)।

शब्द “पश्चाताप” कुछ समस्याएं पैदा कर सकता है — इसलिए क्योंकि बहुत से लोग नहीं जानते कि इसका वास्तव में क्या अर्थ है। पश्चाताप को अक्सर सुसमाचार प्रचार के लिए “बदलो या नर्क में जलो” दृष्टिकोण से जोड़ा गया है, जिसका अर्थ है कि बहुत से लोग इसमें केवल न्याय की घोषणा सुनते हैं। आज बहुत से लोगों के लिए, पश्चाताप शब्द एक “सुसमाचार” के शब्द जैसा नहीं लगता।

लेकिन जब हम इसे ठीक से समझते हैं, तो शब्द “पश्चाताप” सुसमाचार की सच्चाई का एक अद्भुत रहस्योद्घाटन करता है। इसका शाब्दिक अर्थ है मन को बदलना, अपने जीवन की दिशा को बदलना। “आप गलत रास्ते पर जा रहे हैं,” यीशु कह रहा है, “लेकिन मेरे कारण आप सही मार्ग पर जा सकते हैं – सत्य का मार्ग जो पिता की ओर ले जाता है।” पश्चाताप अच्छी खबर है क्योंकि यह सुनने वाले को अवसर प्रदान करता है कि वह मृत्यु के बजाय जीवन को जाने। हमने परमेश्वर के प्रति अपने विद्रोह के द्वारा स्वयं पर न्याय किया हैः पश्चाताप हमें इस वास्तविकता के प्रति सचेत करने के लिए आग की चेतावनी है और यीशु को सत्य के रूप में खोजने का निमंत्रण है जो हमें उद्धार दे सकता है।

वाल्टर ए. एल्वेल और बैरी जे. बेइत्जेल समझाते हैं कि पश्चाताप (परिवर्तन) के तीन तत्व हैं:

> “पहला, यह किसी चीज से मुड़ना है, जिसमें विशिष्ट पाप, झूठे ईश्वर, या केवल स्वयं के लिए जीया गया जीवन शामिल है (1 थिस्सलुनीकियों 1:9; प्रकाशितवाक्य 9:20, 21 और 16:11)। दूसरा, परिवर्तन परमेश्वर की इच्छा और संसार में उसके अनुग्रहकारी कार्य का एक उत्पाद है (प्रेरितों के काम 11:18; रोमियों 2:4; 2 कुरिन्थियों 7:10; 2 तीमुथियुस 2:25; 2 पतरस 3:9)। तीसरा, परिवर्तन किसी की ओर मुड़ना है, यीशु मसीह में परमेश्वर के प्रति अपने पूरे जीवन की प्रतिबद्धता है (प्रेरितों के कार्य 14:15; 1 थिस्सलुनीकियों 1:9; 1 पतरस 2:25)। इस प्रकार यह एक पूर्ण पुनर्स्थापन है, चाहे शानदार या गैर–नाटकीय, अचानक या धीरे–धीरे, भावनात्मक या शांत, जिसमें एक व्यक्ति परमेश्वर के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा को स्थानांतरित करता है।” सुसमाचार के शुरुआती प्रचारक अपने श्रोताओं को अपने संदेश पर प्रतिक्रिया देने का अवसर जरूर शामिल करते थे, जैसा कि यीशु ने किया था।

यीशु की कहानी के उपदेश के चरमोत्कर्ष के रूप में पश्चाताप की अपील की गई थी (प्रेरितों के कार्य 2:37–39; 3:25–26; 4:12; 5:31; 10:43)।

सुसमाचार मानवता को परमेश्वर से दूर भागने से रोकने का निमंत्रण देता है। यीशु मसीह में विश्वास के द्वारा हम पलट सकते हैं और परमेश्वर का सामना कर सकते हैं – और ऐसा करते हुए, अपने मन को उसकी सच्चाई में, जैसा वह है उसमें बदलने दें और अपने जीवन को आत्मा की सामर्थ्य से परिवर्तित होते हुए देखेंगे।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले सत्र (सत्र नौ – अनुप्रयोग) के आलोक में आपको मिले अतिरिक्त अवसरों के बारे में साझा करें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और सुसमाचार साझा करने के लिए पिछले कुछ हफ्तों में आपको जो अवसर मिले हैं, उनके लिए धन्यवाद दें। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने उन अवसरों के द्वारा यीशु में विश्वास किया।

शिक्षण (30–40 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के माध्यम से अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपनी स्वयं की प्रस्तुति में फिर से काम करके।

> 'तब सुननेवालों के हृदय छिद गए, और वे पतरस और शेष प्रेरितों से पूछने लगे, “हे भाइयो, हम क्या करें?'”
>
> पतरस ने उनसे कहा, “मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने अपने पापों की क्षमा के लिये यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा लेय तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे। क्योंकि यह प्रतिज्ञा तुम, और तुम्हारी सन्तानों, और उन सब दूर–दूर के लोगों के लिये भी है जिनको प्रभु हमारा परमेश्वर अपने पास बुलाएगा।”
>
> **प्रेरितों के कार्य 2:37–39**

आमंत्रण सुसमाचार संदेश का उतना ही हिस्सा है जितना स्वयं क्रूस। पिन्तेकुस्त पर पवित्र आत्मा के आने का अनुभव करने के बाद, पतरस ने एकत्रित भीड़ को प्रचार करना शुरू किया। उसके प्रचार में आत्मा की शक्ति के द्वारा श्रोताओं ने जब सुसमाचार का संदेश सुना तब उनके “हृदय छिद गये”।

क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि यदि यहाँ कहानी एक अलग मोड़ ले लेती? जब भीड़ यीशु पर अपना विश्वास रखने के लिए तैयार हो, पतरस कह दे, “धन्यवाद और शुभ रात्रि!” और प्रचार के बाद अपने दोस्तों के साथ खाने के लिए चला जाता। भीड़, उसके संदेश से द्रवित तो हो गई लेकिन इसे अपने जीवन में लागू करने के तरीके के बारे में उलझन में होती, उत्तर से अधिक प्रश्नों के साथ भीड़ अपने जीवन में वापस भटक जाती, उन्हें उस यीशु में अपने विश्वास को रखने का कोई अवसर ही नहीं मिलता, जिसके बारे में पतरस ने उन्हें बताया।

शुक्र है कि ऐसा नहीं हुआ! पतरस ने एक प्रतिक्रिया देने के लिए भीड़ को आमंत्रित किया और भीड़ को पश्चाताप करने के लिए कहा – उन्हें उस संदेश पर कार्य करने का एक ठोस तरीका दिया जिसे उन्होंने समझा है और आत्मा की बुलाहट का जवाब देने के लिए जिसे उन्होंने अपने हृदयों में अनुभव किया है। पूर्ण सुसमाचार में पश्चाताप का निमंत्रण, और जो सुना गया है उस पर कार्य करने का स्पष्टीकरण शामिल है। चेले पूरी तरह से पूर्ण सुसमाचार का प्रचार करने के लिए प्रतिबद्ध थे। हमें भी ऐसा ही करना चाहिए।

आप में से जो नियमित रूप से उपदेश या वार्तालाप की तैयारी करते हैं, आप जानेंगे कि अपने संदेश को दैनिक जीवन में लागू करने के लिए कुछ तरीकों को शामिल करना कितना महत्वपूर्ण है। यीशु का उपदेश, और प्रेरितों का उपदेश, उपयोग से भरा हुआ था। मरकुस में यीशु की पहली सुसमाचार प्रस्तुति – “पश्चाताप, करने का आव्हान क्योंकि स्वर्ग का राज्य निकट है” – लगभग पूरी तरह से लागू करने वाली बात है: वह कह रहा है, “आप गलत रास्ते पर जा रहे हैं, आपको मुड़ने और परिवर्तन का अनुभव करने की आवश्यकता है!”

पूरे सुसमाचार में यीशु बार–बार निमंत्रण देता है: “हे सब परिश्रम करनेवालो और बोझ से दबे हुए लोगो, मेरे पास आओ;” (मत्ती 11:28), “आओ और देखो” (यूहन्ना 1:39), “आओ और मेरे पीछे हो लो” (मत्ती 4:19), “जो प्यासा हो वह मेरे पास आए और पीए” (यूहन्ना 7:37), “आओ और खाओ” (यूहन्ना 21:12)।

ये निमंत्रण मनमाना या तुच्छ नहीं हैं। वे यीशु की पहचान को संसार के सामने प्रकट करते हैं और ग्रहण किए जाने या अस्वीकार किए जाने पर उनके वास्तविक परिणाम होते हैं। आमंत्रण का परिभाषित पहलू यह है कि यह प्रतिक्रिया की मांग करता है। यहां तक कि किनारे पर बैठना भी निमंत्रण को अस्वीकार करना है, क्योंकि केवल एक “हां” निमंत्रण की स्वीकृति और उसके बाद आने वाली आशीषों को लाता है।

चर्चा करें: आमंत्रण के इन तीन बाइबल उदाहरणों पर एक नजर डालें और एक समूह के रूप में उन पर चर्चा करें:

1. चेलों का बुलाया जाना (मरकुस 1:17)
यीशु की बुलाहट व्यक्तिगत है

2. धनवान युवक का बुलाया जाना (मत्ती 19:16–22)
यीशु की बुलाहट महंगी है

3. मृतक का बुलाया जाना (यूहन्ना 11:43)
यीशु की पुकार सामर्थी है

सुसमाचार के प्रति प्रत्युत्तर देने का अवसर हमारे प्रचार का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। विश्वसनीय रूप से सुसमाचार की घोषणा करने के लिए, हमें यीशु को प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करने के निमंत्रण के लिए हमेशा जगह बनानी चाहिए।

यह पेचीदा हो सकता है – और कुछ सुसमाचार के अवसर दूसरों की तुलना में प्रतिक्रिया को आमंत्रित करने के लिए बेहतर प्रतीत होते हैं। तो हम केसे विश्वासपूर्वक अपने सुसमाचार प्रचार में प्रतिक्रिया को श्आमंत्रितश कर सकते हैं, चाहे हम किसी भी संदर्भ और स्थिति में हों? चाहे एक मंच से या आमने–सामने बातचीत में, हमें लोगों से केवल यह पूछने के लिए प्रतिबद्ध नहीं होना चाहिए कि क्या वे रविवार की कलीसिया की सभा में आना चाहते हैं (हालांकि ऐसा करना चाहिए), बल्कि लोगों को परमेश्वर के राज्य में आमंत्रित करने के लिए भी हमें प्रतिबद्ध होना चाहिए। हमें बाइबल में इसके लिए चरण–दर–चरण मार्गदर्शिका नहीं मिलती है, लेकिन ये सिद्धांत शुरूआत करने के लिए एक अच्छी जगह प्रदान करते हैं:

सीधे प्रश्न पूछें

अपने प्रश्नों को सीधा और सरल रखें। यह समझाने के बाद कि यीशु कौन है और उसका अनुसरण करने का क्या अर्थ है, आप ऐसा पूछ सकते हैं: “क्या आप आज यीशु मसीह पर विश्वास करना चाहेंगे और उसके साथ संबंध में नया

जीवन शुरू करना चाहेंगे?" या: "क्या कोई चीज आपको यीशु में विश्वास रखने से रोक रही है?"

यदि आपने एक उदाहरण या दृष्टांत का उपयोग किया जिससे आपके दर्शक आपसे जुड़ जाते हैं, तो इसे केंद्र बिंदु के रूप में उपयोग करें। उदाहरण के लिए, उड़ाऊ पुत्र की कहानी साझा करते हैं तो कहें: "परमेश्वर आज आपको घर बुला रहा है। क्या आप उड़ाऊ पुत्र की तरह पिता के गले लगने घर आना चाहते हैं?" यह प्रश्न आपको यह देखने में मदद करता है कि क्या श्रोता यीशु को हाँ कहने के लिए तैयार हैं। इसके बाद, आप उनकी प्रतिक्रिया के बारे में अधिक स्पष्टता ला सकते हैं, लेकिन आपका प्रारंभिक प्रश्न सीधा, सरल और आपके द्वारा पहले ही साझा किए गए संदेश से जुड़ा हुआ होना चाहिए।

आवश्यकतानुसार समय लें

भीड़ से बात करते समय, जब तक आप आत्मा को लोगों के दिलों को छूने के लिए प्रेरित महसूस करते हैं, तब तक प्रतीक्षा करें। इसमें कितना समय लगता है (या कितना अजीब लगता है!) काफी हद तक अप्रासंगिक है। मायने यह रखता है कि लोगों के पास इस बात पर विचार करने का समय है कि क्या साझा किया गया है, और यह कि आप परमेश्वर को वह करने देते हैं जो वह करना चाहता है। आमने–सामने की स्थितियों में, यह हो सकता है कि व्यक्ति को सोचने के लिए समय और स्थान की आवश्यकता हो और इसलिए आप इसे फिर से तलाशने के लिए किसी अन्य समय फिर से मिलने की व्यवस्था कर सकते हैं। याद रखें, हम किसी प्रतिक्रिया को बलपूर्वक या जबरदस्ती पाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, हम चाहते हैं कि परमेश्वर उसके समय में आगे बढ़े। जरूरत पड़ने पर प्रतिक्रिया को अपने समय से काम करने दें और आप उसके स्वागत के लिए तैयार रहें रहें।

अपेक्षा स्पष्ट करें

बताएं कि क्या होगा यदि व्यक्ति "हां" कहता है और उन्हें किस चीज के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, समझाएं कि आप एक साथ प्रार्थना करेंगे, शायद आप उन्हें एक बाइबल और पढ़ने की वार्षिक योजना देंगे, और यह कि आप उन्हें अपने/एक कलीसिया से जोड़ेंगे। यह स्पष्ट करें कि हो सकता है कि उनका जीवन तुरन्त बेहतर ना हो, परन्तु यह कि यीशु के प्रति दैनिक समर्पण के माध्यम से जीवन की परिपूर्णता जो वह प्रदान करता है, स्पष्ट रूप से समझ में आ जाएगी। अगले व्यावहारिक कदमों के बारे में, और शिष्यता के जीवन की आत्मिक वास्तविकता समझाएं जो यीशु के प्रति हमारी पहली प्रतिक्रिया का अनुसरण करती है।

स्वीकृति का जश्न मनाएं, मना करने पर अनुग्रह करें

जब कोई जताता है कि वे निमंत्रण स्वीकार करना चाहते हैं, तो दृढ़ और आनंदित हों। यह केवल दिखावा न हो – यदि आप वास्तव में इस प्रतिक्रिया से आनंदित नहीं हैं तो हो सकता है कि आप सुसमाचार साझा करने से पीछे छूट जायेंगे! समान रूप से, यदि व्यक्ति एक सीधा या पूरी तरह से ना कहता है, तो दयाशील और विनम्र बनें। जो निमंत्रण को अस्वीकार कर दे उस व्यक्ति को एक खुला निमंत्रण देकर निकलें जिसे वे स्वयं स्वीकार कर सकते हैं यदि परमेश्वर स्वयं को उनके सामने किसी अन्य समय पर प्रकट करता है, और यदि संभव हो तो उन्हें अपने या स्थानीय कलीसिया के बारे में कुछ संपर्क विवरण दें जिससे वे कभी जुड़ना चाहें तो जुड़ सकें।

सबसे आम कारणों में से एक कारण है कि लोग सुसमाचार संदेश का जवाब नहीं देते हैं क्योंकि कोई उनसे पूछता ही नहीं है। सबसे आम कारणों में से एक कारण है कि प्रचारक प्रतिक्रिया नहीं मांगते हैं, यह डर है कि कोई भी जवाब नहीं देगा और फिर वे (या सुसमाचार) मूर्ख से दिखेंगे। लेकिन उद्धार की शक्ति आपकी नहीं है, और यहाँ तक कि यीशु के निमंत्रण को भी लोगों ने अस्वीकार किया और उसे नकार दिया था। हमें केवल सुसमाचार संदेश, निमंत्रण देने और आगे आने वाली सभी चीजों के प्रति विश्वासयोग्य होने के लिए बुलाया गया है। वास्तव में, मसीह का निमंत्रण हमारे लिए है कि हम आएं और स्वयं के लिए मरें, अपना क्रूस उठाएं और उसके पीछे हो लें (मत्ती 16:24)। इसका मतलब है कि हमारे सुसमाचार प्रचार में खुद के लिए भी मरना है, चाहे जो भी कीमत चुकानी हो और चाहे हम कितने भी मूर्ख क्यों न दिखें।

> "सुसमाचार, उपदेश के कार्य के माध्यम से, श्रोता को निर्णय लेने के लिए परमेश्वर का बुलावा है, जो उसे उसके अस्तित्व के एक नए आयाम में ले जाएगा।"
>
> **माइकल ग्रीन**

यीशु और उसके प्रेरितों ने सुसमाचार की घोषणा करते समय लोगों को आमंत्रित किया था, और हमें भी ऐसा ही करना चाहिए। प्रतिक्रिया चाहे जो भी हो, हमें आश्वस्त होना होगा कि हम सुसमाचार संदेश और यीशु मसीह में

पश्चाताप और विश्वास के लिए इसकी केंद्रीय बुलाहट के प्रति वफादार रहे हैं। बाकी सब परमेश्वर ठीक करेगा।

चर्चा (15 मिनट)

1. क्या यीशु में विश्वास का प्रत्युत्तर मांगे बिना सच्चाई से सुसमाचार का प्रचार करना संभव है?
2. सुसमाचार प्रचार के प्रत्युत्तर वाले पहलू के बारे में आपको क्या आसानध्मुश्किल लगता है?
3. जब आपने सुसमाचार साझा करते हैं तो लोगों को सुसमाचार के प्रति प्रतिक्रिया देने में मदद करने के लिए आप क्या करते हैं?

> “पश्चाताप केवल त्रिएक परमेश्वर के साथ संबंध का प्रवेश द्वार नहीं है; यह उस निरंतर संबंध का मार्ग है, जैसा कि लूथर ने लिखाः “विश्वासियों का संपूर्ण जीवन पश्चाताप का होना चाहिए”। मसीही जीवन में एक आजीवन संबंध शामिल है, और जब तक हम इस पतित संसार में हैं तब तक पश्चाताप हमारे जीवन का एक स्थायी हिस्सा रहेगा।”
>
> **मार्क जे. बोडा**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

हर बार जब आप सुसमाचार साझा करते हैं तो इसपर प्रतिक्रिया लेने के लिए आमंत्रण देने का इरादा रखें। शायद आप एक मंच प्रचारक हैं और इस कार्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रतिक्रिया लेने के विभिन्न तरीकों के साथ प्रयोग करें और अगर कोई जवाब नहीं देता है तो मूर्ख दिखने से मत डरो। समान रूप से, आप ऐसे व्यक्ति हो सकते हैं जो आरंभ करने और यीशु के बारे में लोगों के साथ बातचीत करने में बेहतरीन है, लेकिन अगले चरणों मेम संबंध बनाना आपको मुश्किल लग रहा है। इस महीने साहस के साथ बाहर निकलें और कम से कम एक व्यक्ति को सुसमाचार–केंद्रित बातचीत के बाद पूछें कि क्या वे यीशु में अपना भरोसा रखना चाहेंगे।

प्रार्थना

परमेश्वर को उस आमंत्रण के लिए धन्यवाद दें जो वह हम में से प्रत्येक को उसके साथ मेल–मिलाप करने के लिए प्रदान करता है। सुसमाचार साझा करने के लिए उससे साहस मांगें, ताकि हम पश्चाताप करने के लिए लोगों को बुलाने में स्पष्ट और आश्वस्त हों – उन्हें दण्ड नहीं बल्कि आशा देखने में मदद करें। प्रार्थना करें कि लोगों के हृदय इस आमंत्रण के प्रति ग्रहणशील हों।

जवाबदेही (15 मिनट)

जोड़ियों में, चर्चा करें कि आपके जीवन के किन क्षेत्रों में आपको लगता है कि “स्वयं के लिए मरने” के मामले में थोड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है। हम सभी को मूर्तिपूजा के बारे में, या चारित्रिक कमियों के क्षेत्र में अपने संघर्ष में कुछ कदम उठाने की आवश्यकता होती है। दूसरों को सुसमाचार का निमंत्रण देने के बारे में सोचते समय, आइए हम उसी निमंत्रण पर नए सिरे से विचार करें जो परमेश्वर हमें प्रदान करता है – अर्थात स्वयं के लिए मरना और उसका अनुसरण करना। इस क्षेत्र में हिस्सा लेते हुए एक दूसरे को प्रोत्साहित करें और प्रार्थना करें।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस का एक पॉडकास्ट चौनल है जिसमें विभिन्न प्रकार की सामग्री, शिक्षण और प्रोत्साहन शामिल हैं। अपने पॉडकास्ट प्लेटफॉर्म पर एडवांस को खोजें या और अधिक जानकारी और सुनने के लिए advancegroups.org/podcast पर जाएं।

टिप्पणियाँ

सत्र ग्यारह

एक प्रचारक की प्रेरणा

प्रचारक की सेवकाई न केवल दुनिया में सुसमाचार का प्रचार करना है बल्कि पूरे कलीसिया को सुसमाचार प्रचार के लिए प्रेरित करना है। इस सत्र में हम जानेंगे कि केसे हम सभी कलीसिया में चिंगारी (जोश) पैदा करने वाले की भूमिका निभा सकते हैं ताकि हमारे आसपास के लोगों को सुसमाचार प्रचार में परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य होने के लिए प्रोत्साहित और सुसज्जित किया जा सके।

सत्र एक वाक्य में

दुनिया में सुसमाचार की घोषणा करने के साथ–साथ, एक प्रचारक सेवा के कार्यों के लिए सभी विश्वासियों को प्रोत्साहित और तैयार करके कलीसिया को सुसमाचार प्रचार के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रतिबद्ध होता है।

सत्र पृष्ठभूमि

सोशल मीडिया के आगमन के बाद से, सेलिब्रिटी का एक नया रूप विकसित हुआ है: तथाकथित “प्रभावित करने वाला”। ये वे लोग हैं जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (विशेष रूप से यूट्यूब) पर इस तरह का विकास किया है कि वे लोगों पर बड़े पैमाने पर अपील करने में सक्षम हैं। यह पूरी तरह से नई अवधारणा नहीं है – मनोरंजन और खेल जगत की हस्तियां वर्षों से विज्ञापन के माध्यम से हमें बता रही हैं कि हमें क्या पहनना, खाना, पीना और सूंघना चाहिए। लेकिन इस पीढ़ी की मशहूर हस्तियां यकीनन सबसे पहले लोग हैं जिन्होंने प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के लिए भीड़ को इकट्ठा किया है।

पौलुस हमें रोमियों में इस संसार के प्रभावों के अनुरूप नहीं होने के लिए कहता है, परन्तु पवित्र आत्मा के प्रति समर्पण से हमारे मन के नवीनीकरण के द्वारा रूपांतरित होने के लिए कहता है (रोमियों 12:2)। परमेश्वर के पवित्र लोगों के रूप में, हम मूल रूप से प्रभावित करने वाले लोग हैं, एक संदेश के साथ जो जीवन, स्वतंत्रता और आशा लाता है।

सत्र सात में, हमने खुद को याद दिलाया कि बिना स्वाद वाला नमक किसी काम का नहीं। एक सोशल मीडिया प्रेरक (इन्फ्लुएंसर) की शक्ति इस बात पर निर्भर करती है कि उनके कितने फॉलोअर्स हैं और वे फॉलोअर्स कितनी अच्छी तरह से प्रचार करते हैं। कलीसिया के लिए, हमारी विशिष्टता कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, और इसे खोना कहीं अधिक महंगा है। एक सोशल मीडिया प्रेरक (इन्फ्लुएंसर) अपनी प्रसिद्धि और करियर (आजीविका) खो सकता है जब वे प्रभाव में फीके पड़ जाते हैं, लेकिन अगर कलीसिया प्रभाव में फीका पड़ जाता है और अपनी विशिष्टता खो देता है, तो दुनिया सुसमाचार को जीते हुए देखने और इसे समझने के उद्देश्य से सुनने के अवसरों को खो देगी।

प्रचारक दुनिया को सुसमाचार स्वीकारते हुए को देखने का जुनून होता हैं, लेकिन उन्हें दुनिया में सुसमाचार के प्रभाव को बनाए रखने हेतु कलीसिया को लगातार उकसाने के लिए भी जुनूनी होना चाहिए। आखिरकार, जब सुसमाचार की बात आती है तो कोई “प्लान बी” (दूसरी योजना)

नहीं होता है, और यीशु मसीह की कलीसिया ही इसके एकमात्र राजदूत हैं। जब भी कलीसिया इसे भूल जाता है या अन्यमनस्क हो जाता है, प्रचारक और जो लोग किसी भी क्षमता में जुनून से सुसमाचार प्रचार में लगे हुए हैं, वे प्रेम से एक बार फिर सुसमाचार–प्रचार की चिंगारी पैदा सकते हैं और इतना तेज भड़का सकते हैं ताकि सुसमाचार का प्रभाव इतना तेज चमके कि सभी की आंखे चकाचौंध हो जाए: ताकि संपूर्ण कलीसिया परमेश्वर की संपूर्ण महिमा के लिए सुसमाचार को पूरे संसार में ले जाए।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले सत्र (सत्र दस – अनुप्रयोग) के आलोक में लोगों को सुसमाचार की प्रतिक्रिया देने हेतु आमंत्रित करने के अपने अनुभवों के बारे में साझा करें। क्या आपको पिछली बार से इस क्षेत्र में इरादतन कुछ करने के अवसर मिले हैं? यदि हां, तो परिणाम क्या रहा है?

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "उसने कुछ को प्रेरित नियुक्त करके, और कुछ को भविष्यद्वक्ता नियुक्त करके, और कुछ को सुसमाचार सुनानेवाले नियुक्त करके, और कुछ को रखवाले और उपदेशक नियुक्त करके दे दिया, जिस से पवित्र लोग सिद्ध हो जाएँ और सेवा का काम किया जाए और मसीह की देह उन्नति पाए, जब तक कि हम सब के सब विश्वास और परमेश्वर के पुत्र की पहिचान में एक न हो जाएँ, और एक सिद्ध मनुष्य न बन जाएँ और मसीह के पूरे डील–डौल तक न बढ़ जाएँ।"
>
> **इफिसियों 4:11–13**

यहां तक कि जिनके पास एक विशाल मंच है, उन्हें भी जीवन में कुछ प्रेरणा की आवश्यकता होती है, जैसा कि हॉलीवुड एक्शन हीरो ड्वेन "द रॉक" जॉनसन ने एक साक्षात्कार में गवाही दी:

> "जब मैं आठ साल का था, मैंने उत्तरी केरोलिना के शार्लोट में रेडर्स ओफ द लॉस्ट आर्क (खोई हुई जहाज के छापामार) फिल्म देखी। मैं वहां से बहुत प्रेरित होकर निकला। मुझे फिल्म बहुत पसंद आई, और मुझे पता था कि मैं वैसा ही व्यक्ति बनना चाहता हूं।"

चर्चा करें: क्या आपने कभी किसी को इतना प्रेरणादायक पाया है कि आप तुरंत वैसा ही करना चाहते हैं जो वे करते हैं/उनके जैसा बनना चाहते हैं? उनके बारे में ऐसा क्या था या वे ऐसा क्या कर रहे थे जिसके कारण आप पर यह प्रभाव पड़ा?

चाहे परिवार के किसी सदस्य से, ऐतिहासिक शख्सियत से, पॉप कल्चर आइकॉन (प्रसिद्ध व्यक्ति) से या यहां तक कि किसी काल्पनिक चरित्र से, हम हर तरह की बातों से प्रेरणा पा सकते हैं। इनमें से कुछ प्रेरणाएँ हमारे शौक और करियर को प्रभावित करती हैं और यहाँ तक कि हमारे चरित्र और सांसारिक–दृष्टिकोण को भी आकार दे सकती हैं। कभी–कभी यह दूसरे तरीके से काम करता है – आप किसी को इतना प्रतिभाशाली देखते हैं कि यह वास्तव में आपको वैसा बनने से हतोत्साहित करता है और हम सोचते हैं: "क्या फायदा, मैं उनके जितना अच्छा कभी नहीं बन पाऊंगा!"

बाइबल में कई प्रेरणादायक हस्तियां हैं, और इन विश्वास के नायकों को बाइबल के पन्नों पर और उसके बाहर देखना अच्छा होता है – विशेष रूप से जब हम महसूस करते हैं कि वे चाहे जितने प्रभावशाली हों, वे सामान्य लोग थे जो परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य थे। यह जानना कि जिस कारण से मूसा शक्ति के साथ फिरौन से बात कर सकता था, उसका उसके वक्तृत्व कौशल से कोई लेना–देना नहीं था, और परमेश्वर की बुलाहट के प्रति विश्वासयोग्यता और उसकी शक्ति के प्रति समर्पण के कारण हुआ, उत्साहजनक होने के साथ प्रेरणादायक भी है। परमेश्वर वही है, तो हम भी वही काम कर सकते हैं।

अंततः केवल एक ही व्यक्ति है जो हमें प्रेरित और सशक्त कर सकता है। यीशु के रूप में हमारे पास आदर्श नमूना है कि हमारा जीवन केसा होना चाहिए, और सिद्ध सामर्थ्य जिसके द्वारा हम इस तरह जीने की आशा कर सकते हैं। जैसा कि हम यीशु के उदाहरण और शिक्षा से बंधे हैं, और जैसा कि हम अपने विश्वास के जीवन के लिए उसके द्वारा सशक्त हैं, हमें अपने आस–पास के लोगों पर हमारे कारण पड़ने वाले संभावित प्रभाव पर विचार करना चाहिए।

पौलुस इफिसियों 4 में सिखाता है कि यीशु ने कलीसिया को विभिन्न वरदानों से आशीषित किया है जो उसके राज्य के उद्देश्यों के लिए उपयोगी हैं। प्रचारकों को प्रेरितों, पास्टरों, शिक्षकों (या शिक्षक–पास्टरों) और भविष्यवक्ताओं के साथ सूचीबद्ध किया गया है, और पौलुस कहता है कि जो लोग इन बुलाहटों को पूरा करने के लिए वरदान पाते हैं, वे कलीसिया को सेवा के कार्यों और मसीह के शरीर का निर्माण करने के लिए तैयार करते हैं।

> "... कहीं न कहीं, एक विचारधारा बन गई और यह मसीही समुदाय में बहुत लोकप्रिय हो गया... कि कलिसिया की सेवकाई वेतन वाला, पेशेवर, धार्मिक रूप से प्रशिक्षित पास्टर द्वारा की जानी चाहिए। इस दृष्टिकोण के अनुसार, समाज का पूरा उद्देश्य सेवकाई के लाभों को प्राप्त करना है, उपदेश, परामर्श, सांत्वना देना, और उन अन्य चीजों के संदर्भ में जिन्हें हम कलीसिया में प्रदान करना चाहते हैं। परन्तु नेतृत्व के लिए कुछ वरदान दिए जाने का कारण विश्वासियों को सेवकाई के लिए तैयार करना है। कलीसिया को एक लामबंद सेना बनना है।"
>
> आर.सी. स्प्राउल

इफिसियों 4 में सेवकाई की भूमिकाओं को देखना और सरलता से यह निष्कर्ष निकालना एक गलती होगी कि वे हमारी कलीसियाओं में कुछ खास लोगों को संदर्भित करते हैं। पौलुस का पत्र कुछ बेहतर प्रकट करता है। ये सेवकाईयां मौजूद हैं क्योंकि कलीसिया विशेष है, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक शरीर के रूप में परिपक्वता तक बढ़े, परमेश्वर सामान्य लोगों के माध्यम से काम कर रहा है। कलीसिया से बाहर के लोगों तक पहुँचने के दौरान हम अपने मसीही समुदाय के लोगों की देखभाल करते हैं। सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होती है।

हम पर अपने वरदानों का अच्छी तरह से उपयोग करने की जिम्मेदारी है, और इसका मतलब है प्रेरणादायक होने का इरादा रखना। इसका अर्थ यह भी है कि पिछले सत्रों में हमने जिस विनम्रता और पवित्रता को सीखा है, उनके द्वारा हमें इन वरदानों के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के मार्ग का नेतृत्व करना चाहिए जो कलीसिया में विभाजन का कारण बन सकता है। अभिमान, अहंकार, ईर्ष्या और शक्ति का दुरुपयोग प्रत्येक विभाजन का एक आसान तरीका (शॉर्टकट) है।

चर्चा करें: आपकी कलीसिया में किसे सबसे अधिक प्रेरणादायक माने जाने की संभावना है, और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि कलीसिया में कौन–सी भूमिकाएँ और कार्य आप देखते हैं कि लोग आज जिसके लिए आकांक्षी हैं? शायद यह एक पास्टर या युवा कार्यकर्ता, एक आराधना–लीडर या एक बाइबल शिक्षक बनना है। क्या लोग गवाही देने और सुसमाचार प्रचार करने के इच्छुक हैं, और यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

सुसमाचार को ईमानदारी से साझा करने के लिए यहाँ पाँच तरीके हैं जिनसे हम दूसरों को प्रेरित करने का प्रयास कर सकते हैं – चाहे हम खुद को प्रचारक मानते हों या नहीं:

1. सुसमाचार की घोषणा करें

लोगों को सुसमाचार साझा करने के लिए प्रेरित करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है– अपनी सभाओं में ऐसा नियमित रूप से करना। दूसरा तरीका यह है कि हम अपने मसीही भाइयों और बहनों को उन कार्यक्रमों में आने के लिए आमंत्रित करें जहाँ हम प्रचार कर रहे हैं (केवल उनके प्रार्थनापूर्ण समर्थन के लिए नहीं, बल्कि उनके विश्वास का निर्माण करने के लिए भी जब वे उसकी सामर्थ्य को काम करते हुए देखते हैं जब लोग पहली बार यीशु के बारे में सुनते हैं), या अपने साथ आने के लिए आमंत्रित करें जहांध्जब हमें पता है कि हमें किसी के साथ सुसमाचार की बातचीत का अवसर मिलेगा। जब हम सुसमाचार को सार्वजनिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से साझा करते हैं, हमें लगातार पुष्टि करनी चाहिए कि सुसमाचार प्रचार सभी विश्वासियों के लिए एक विशेषाधिकार और आनंद है।

2. गवाही तैयार करें

लोगों को उनकी स्वयं की गवाही के माध्यम से सोचने में सहायता करें कि जब पहली बार उन्हें परमेश्वर मिला तब

से अब तक उनके जीवन पर परमेश्वर के प्रभाव के बारे में वे सोचें। उन्होंने सबसे पहले उस पर भरोसा कैसे किया, और वर्तमान में वह उनके जीवन में क्या कर रहा है? सोच–समझकर व्यक्तिगत गवाही तैयार करना एक दूसरे को सुसमाचार प्रचार के लिए प्रेरित करने और लैस करने का एक शानदार तरीका है और साथ ही उपासना का एक कार्य है जब हम परमेश्वर को उसके द्वारा हमारे जीवन में किए गए हर कार्य के लिए धन्यवाद देते हैं।

3. कहानी कहने को प्राथमिकता दें

अपनी सभाओं और वार्तालापों में हमें नियमित रूप से हमारे सुसमाचारीय कार्यकलापों के बारे में कहानियों को साझा करना चाहिए। जब आप परमेश्वर को अपने माध्यम से काम करते हुए देखते हैं, तो उसका आनंद मनाएं और प्रोत्साहित हों, और सकारात्मक और रचनात्मक रूप से सोचने का चुनाव करें कि आप उन परिस्थितियों से क्या सीख सकते हैं जो बुरी तरह से चल रही थीं। जैसे–जैसे आपका समुदाय उनके जैसे साधारण लोगों के माध्यम से परमेश्वर के कार्य की कहानियों को सुनता है, उनका विश्वास बढ़ेगा कि परमेश्वर उनका भी उपयोग कर सकता है।

4. एक साथ अभ्यास करें

एक दूसरे के साथ भूमिका निभाकर सुसमाचार प्रचार का "अभ्यास" करना अजीब लग सकता है, लेकिन यह वास्तव में बातचीत के लिए तैयार होने और लोगों के विश्वास को बनाने में मदद करने का एक शानदार तरीका है। हम किसी से बिना किसी अभ्यास या सहायता के किसी सार्वजनिक सड़क पर कार चलाने की उम्मीद नहीं करेंगे, और न ही हमें उम्मीद करनी चाहिए कि लोग एक साथ अभ्यास और सीखने के माध्यम से आत्मविश्वास में बढ़ने का अवसर पाए बिना गवाही दें।

5. अवसर प्रदान करें

अपने कलीसिया और अपने व्यापक मैत्री समूह के माध्यम से, लोगों को सुसमाचार प्रचार में शामिल होने का अवसर दें। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय मिशन के अवसरों को तैयार करें, लोगों को आपके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में सेवकाई की टीम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करें, या कुछ दोस्तों को कुछ घंटों के लिए सड़क पर सुसमाचार प्रचार के लिए ले जाएं। आप ऐसा कई तरीकों से कर सकते हैं: जाने से पहले कुछ प्रशिक्षण लें और वापस आने पर चर्चा करें। समय के साथ लोग इन "औपचारिक" अवसरों के अनुभवों को अपने दैनिक जीवन में लागू करने में अधिक सहज हो जाएंगे और उनका सुसमाचार प्रचार एक संगठित मिशन सप्ताह से दैनिक अवसर में बदल जाएगा।

हालाँकि हम इसे करते चले जाते हैं, आइए हम मसीह में अपने भाइयों और बहनों को परमेश्वर के संदेशवाहक बच्चों के रूप में उनकी पहचान की पूर्णता में कदम रखने और मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हों।

चर्चा (15 मिनट)

1. कलीसिया के निर्माण का क्या अर्थ है जैसा पौलुस इफिसियों में वर्णन करता है?
2. हम दुनिया में यीशु के अनुयायियों के रूप में, और कलीसिया में जोशीले प्रचारकों के रूप में अपनी विशिष्टता को कैसे बनाए रखते हैं?
3. इस सत्र में हमने जिन पांच तरीकों को सीखा उसके अलावा, हम दूसरों को सुसमाचार प्रचार के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं?

अनुप्रयोग (10 मिनट)

उम्मीद है कि आप इस समूह में इसके पहले वर्ष के अंत तक बने रहने की इच्छा रखते हैं और दूसरे वर्ष में सुसमाचार प्रचारकों के रूप में बढ़ने के लिए एक साथ चलते रहेंगे। लेकिन कलीसिया को सुसमाचार प्रचार करने के लिए प्रेरित करने के साथ, अब यह भी विचार करने का एक अच्छा समय हो सकता है कि स्वयं का एडवांस समूह कैसे शुरू करना कैसा रहेगा।

बहुलीकरण एडवांस गतिविधि का एक मूल सिद्धांत है क्योंकि सुसमाचार–प्रचारकों के रूप में यह हमारी इच्छा होनी चाहिए कि हम दूसरों को उनके प्रचार में प्रोत्साहित करें। उन लोगों की सूची बनाने के लिए कुछ समय लें, जो उसी यात्रा का अनुसरण करने में रुचि रखते हैं, जिस पर आप गए हैं और फिर आने वाले हफ्तों में उन तक पहुंचना शुरू करें। अपने स्वयं के समूह की योजना बनाने और व्यवस्थित करने में सहायता के लिए इस समूह से अपने अनुभव और एडवांस संसाधनों का उपयोग करें।

प्रार्थना

स्थानीय कलीसिया के लिए प्रार्थना करने में समय व्यतीत करें, ताकि इसके भीतर के सभी लोग अपने जीवनों पर

सुसमाचार की बुलाहट के प्रति विश्वासयोग्य रहें। दूसरों को प्रोत्साहित करने के अवसरों के लिए प्रार्थना करें, और समूह के प्रत्येक सदस्य को न केवल सुसमाचार की घोषणा करने के लिए, बल्कि यीशु के अन्य अनुयायियों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने और लैस करने के लिए प्रार्थना करें।

जवाबदेही (15 मिनट)

क्या आपने कभी कलीसिया या उसके भीतर के लोगों के लिए हताश या क्रोधित महसूस किया है, जिसे आप सुसमाचार की कार्रवाई या खोए हुए लोगों के लिए इच्छा की कमी के रूप में देखते हैं? इस तरह महसूस करना समझ में आता है लेकिन दुश्मन इतनी आसानी से इन भावनाओं को लंबे समय तक रहने वाली नाराजगी, श्रेष्ठता या यहां तक कि क्षमा–न–करने–योग्य सोच में बदल सकता है।

एक पूरे समूह के रूप में इस विचार के बारे में बात करें और फिर हमारे भाइयों और बहनों के प्रति कोमल हृदय के लिए, और उन्हें विश्वासयोग्य गवाही देने के लिए केसे प्रोत्साहित करें इसके लिए जोड़ियों में प्रार्थना करें।

जवाबदेही प्रपत्रों को पूरा करें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

(ग्लोबल नेटवर्क ऑफ इवेंजलिस्ट) प्रचारकों का वैश्विक संगठन दुनिया भर के प्रचारकों को समर्थन, सहभागिता और लैस करने की पेशकश करता है। अधिक जानने के लिए उनकी वेबसाइट evangelist.global पर जाएं और जब आप अपने एडवांस के पहले वर्ष के अंत के करीब पहुँचे तब, अपनी चल रही एडवांस यात्रा के हिस्से के रूप में नेटवर्क में शामिल होने के लिए आवेदन करने पर विचार करें।

टिप्पणियाँ

सत्र बारह
रिट्रीट

एडवांस ग्रुप के पहले वर्ष का चरमोत्कर्ष रिट्रीट में बिताया गया समय है। आप इसे केसे करना चाहते हैं यह आप पर निर्भर है, लेकिन यहां आपको एडवांस ग्रुप मीटिंग के सामान्य सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए और पहले साल को एक सुविचारित अंत तक लाने के लिए एक साथ समय बिताने के सुझाव मिलेंगे।

एडवांस ग्रुप रिट्रीट केसे चलाएं

साधारण विचार यह है कि आप अपने सामान्य स्थान से दूर हो जाएं और अपने एडवांस समूह सत्रों के लिए सामान्य रूप से अधिक समय निर्धारित करें। यदि आप केवल एक सुबह, दोपहर या शाम को ही समय दे सकते हैं, तो इस समय में जो कर सकते हैं, करें, लेकिन पूरे दिन एकांतवास करना विशेष रूप से लाभकारी होता है।

आपके रिट्रीट के दौरान क्या करना है, इसके कुछ विचार यहां दिए गए हैं।

मूल वचन

यदि आप रिट्रीट के दौरान एक विशेष उद्देश्य की तलाश कर रहे हैं तो कुलुस्सियों का निम्नलिखित वचन आपके साथ बिताए समय के लिए एक महत्वपूर्ण शास्त्र के रूप में अच्छी तरह से काम करेगा:

> "प्रार्थना में लगे रहो, और धन्यवाद के साथ उस में जागृत रहो; और इसके साथ ही साथ हमारे लिये भी प्रार्थना करते रहो कि परमेश्वर हमारे लिये वचन सुनाने का ऐसा द्वार खोल दे, कि हम मसीह के उस भेद का वर्णन कर सकें जिसके कारण मैं केद में हूँ, और उसे ऐसा प्रगट करूँ, जैसा मुझे करना उचित है। अवसर को बहुमूल्य समझकर बाहरवालों के साथ बुद्धिमानी से व्यवहार करो। तुम्हारा वचन सदा अनुग्रह सहित और सलोना हो कि तुम्हें हर मनुष्य को उचित रीति से उत्तर देना आ जाए।"
>
> **कुलुस्सियों 4:2–6**

इस छोटे से वचन में बारह बातें हैं जो पौलुस प्रस्तुत करता है जिसे हमारे सुसमाचार प्रचार के लिए उपयोग किया जा सकता है और पुष्टि की जा सकती है:

1. समर्पित रहें (स्वयं को प्रार्थना के लिए समर्पित करें)
2. आत्मिक संगति को प्रोत्साहित करें (हमारे लिए भी प्रार्थना करें)
3. परमेश्वर पर भरोसा करें (परमेश्वर एक द्वार खोल सकता है)
4. घोषणा करने के लिए प्रतिबद्ध रहें (हम मसीह के भेद की घोषणा कर सकते हैं)
5. स्पष्टता की इच्छा रखें (कि मैं इसे स्पष्ट रूप से घोषित कर सकूँ)
6. सुसमाचार के लिए बलिदान स्वीकार करें (जिसके लिए मैं केद में हूं)

7. स्वर्ग के ज्ञान पर आश्रित रहें (बुद्धिमान बनें)
8. अवसरों का लाभ उठाएं (हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं)
9. बोलो और सुनो (बातचीत)
10. कृपालु और विनम्र बनें (हमेशा अनुग्रह से भरे)
11. विशिष्ट बनें (मन को भाने वाले – सलोने)
12. तैयार रहें (आपको पता हो कि सभी को केसे उत्तर देना है)

आप वचनों को एक साथ या एक–एक करके केसे अध्ययन करते हैं (नीचे देखें), आप इन बिंदुओं को केसे उपयोग में लाते हैं, और आप उन पर एक साथ केसे चर्चा करते हैं, यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप अपना रिट्रीट समय केसे बिता रहे हैं। लेकिन जब आप नीचे सुझाई गई गतिविधियों को देखें तो इस वचन और इन बिंदुओं को ध्यान में रखें।

शब्द

एडवांस समूह का एक प्रमुख उद्देश्य एक दूसरे को प्रचारकों के रूप में विकसित होने में मदद करना है जो परमेश्वर के वचन के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह रिट्रीट का समय उसके वचन में गहराई तक जाने का एक उत्तम अवसर है।

विस्तारित रूप से बाइबल पढ़ना (अकेले पढ़ना)

परमेश्वर के वचन के साथ बिताया गया विस्तारित समय कभी भी व्यर्थ नहीं जाता। मरकुस का सुसमाचार या नए नियम के पत्रों में से एक को एक बैठक में पढ़ने के लिए समय निकालना उस पुस्तक की सामग्री पर एक पूर्ण परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है। यदि यह एक छोटी किताब है, तो क्यों न इसे कई बार फिर से पढ़ा जाए, प्रत्येक पढ़ने के बीच प्रार्थना और चिंतन करते हुए, नोट्स बनाते हुए, और फिर दोबारा पढ़ते हुए? आप सभी एक ही चीज को पढ़ना चुन सकते हैं, या कुछ अलग–अलग विकल्प चुन सकते हैं जैसा लोग अपने पढ़ने और चिंतन के समय के बारे में साझा करते हैं।

बाइबल अध्ययन (समूह में पढ़ना)

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आप रिट्रीट पर एक साथ बाइबल अध्ययन की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। शायद आप एडवांस समूह सत्रों में आपके द्वारा खोजे गए कुछ प्रमुख अंशों पर फिर से गौर करना चाहेंगे। इसके अलावा, आप किसी विशेष वचन या विषय पर जाने की अगुवाई को महसूस कर सकते हैं जो रिट्रीट के लिए एक लहजा तय करेगा। हमेशा की तरह, इसे एक दूसरे को प्रचारक के रूप में विकसित करने के अनुरूप रखना सुनिश्चित करें।

बोनस (अतिरिक्त) सत्र और अन्य एडवांस संसाधन

इस गाइड में बोनस सत्रों में से एक का उपयोग आपके रिट्रीट के हिस्से के रूप में एक नियमित एडवांस ग्रुप सत्र चलाने के लिए किया जा सकता है। आपके पास अपने स्वयं के विचार भी हो सकते हैं कि आप उसी प्रारूप में एक एडवांस समूह सत्र केसे चला सकते हैं जिसका हम उपयोग कर रहे हैं।

इसी तरह से आप एडवांस वेबसाइट (advancegroups.org/blog) पर वन थिंग ब्लॉग को देखना चाहेंगे, जिसमें कई अलग–अलग सुसमाचार–प्रचारक हैं जो एक बात साझा करते हैं जो वे सोचते हैं कि काश वे यह तब जानते होते जब उन्होंने सुसमाचार का प्रचार करना शुरू किया था। ये छोटे लेख उत्कृष्ट चर्चा प्रारंभ करने वाले होते हैं।

प्रार्थना

रिट्रीट के दौरान प्रार्थना के लिए महत्वपूर्ण समय निर्धारित करें। एक विशेष मुद्दे के साथ प्रार्थना के समय की योजना बनाएं, साथ ही वचन द्वारा प्रार्थना और सहज प्रार्थना के लिए समय निकालें। एकांतवास के दौरान आप जो कुछ भी प्रार्थना में करते हैं, उसके लिए निम्नलिखित तीन मुद्दों की सलाह दी जाती है।

एक दूसरे के लिए प्रार्थना करना

अपने समय के प्राथमिक मुद्दे के रूप में एक दूसरे के लिए प्रार्थना जरूर करें। लोगों से एक ऐसी बात साझा करने के लिए कहें जिसके लिए वे परमेश्वर के प्रति आभारी महसूस कर रहे हैं और एक ऐसी बात जिसमें उन्हें प्रावधान या सफलता की आवश्यकता है। लोगों को उनके अनुरोधों में विशिष्ट और विश्वासयोग्य होने के लिए प्रोत्साहित करें, और प्रत्येक व्यक्ति पर जल्दबाजी न करें बल्कि एक दूसरे के लिए अनुरूप और योग्य समय समर्पित करें। इस समय में आने वाले शब्दों और प्रोत्साहनों को कहीं पर लिखना या याद रखना सुनिश्चित करें।

देश और विश्व के लिए प्रार्थना

अपने स्थानीय संदर्भ और सुसमाचार के वैश्विक प्रसार

के लिए प्रार्थना हेतु समय निकालें। यदि कोई विशिष्ट परिस्थितियाँ हैं जिनके लिए आपका दिल स्थानीय या वैश्विक संदर्भ में सोचता है तो उनके लिए प्रार्थना करें। व्यक्तियों, कलीसियाओं, सेवकाईयों, मिशनरियों, समाचारों से स्थितियों आदि को प्रार्थना में उठाएं।

एडवांस यात्रा के लिए प्रार्थना

व्यक्तिगत विकास और फलदायीता और उद्धार की कहानियों पर विचार करते हुए इस समूह में आप जिस यात्रा पर हैं, उसके लिए धन्यवाद दें। प्रभु से आप में उस कार्य को जारी रखने के लिए कहें जो उसने शुरू किया है, और कि आप हमेशा बढ़ती हुई महिमा के साथ उसकी छवि में बदल तेजाएंगे (आप 2 कुरिन्थियों 3:17—18 के अनुसार प्रार्थना कर सकते हैं)।

उपासना

परमेश्वर के वचन में बिताया गया समय, प्रार्थना और संगति, ये सभी उपासना के अंग हैं। लेकिन सामूहिक भक्ति पूजा के अतिरिक्त विशिष्ट कृत्यों में समय व्यतीत करें — चाहे वह गायन या अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से हो।

गायनयुक्त आराधना

यदि आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो संगीत की प्रतिभा रखता है, तो उसे गायनयुक्त आराधना का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित करें। इसके अलावा, कई बेहतरीन आराधना ऐप और वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनमें से कई निःशुल्क हैं। आपके पसंदीदा आराधना गीतों के लिए एक त्वरित YouTube खोज संभवतः गीत के एक संस्करण को शब्दों के साथ दिखायेगी जिसे समूह के साथ गाने के लिए चलाया जा सकता है। परमेश्वर के लोगों में उसकी महिमा की घोषणा करने के लिए एक साथ गीत में शामिल होने की सामर्थ्य है।

कहानियाँ और स्तुति

इस वर्ष आपके जीवन में परमेश्वर केसे काम कर रहा है — विकास, सफलता, सुसमाचार के अवसर और फल की कहानियों को साझा करने में समय बिताएं। प्रत्येक कहानी के बाद प्रार्थना, गीत या किसी भी विधि के माध्यम से परमेश्वर की स्तुति करने में समय व्यतीत करें क्योंकि कि वह जो है और उसने जो किया है/कर रहा है उसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद देना चाहिए।

नियुक्त करना

एक और तरीका जिसमें आप उपासना के एक सामूहिक कार्य में भाग ले सकते हैं, वह होगा एक दूसरे को परमेश्वर के सामने उस सुसमाचार के कार्य में नियुक्त करना जिसके लिए उसने आपको बुलाया है और जिसके लिए आपको अधिकार दिया है। आपके एडवांस समूह के इस पहले वर्ष के अंत में इस मील के पत्थर को देखना उत्साहजनक और दृढ़ करने वाला होगा, इसलिए इसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें क्योंकि आप संसार के उद्धार के लिए और परमेश्वर की महिमा के लिए सुसमाचार के साथ दोबारा जाना चाहते हैं।

वार्षिक चिंतन

पृष्ठ 240 पर दिए गए फॉर्म का उपयोग करके प्रदान किए गए प्रश्नों पर विचार करने के लिए समय निकालें, फॉर्म भरें और दिए गए उत्तरों पर प्रार्थना करें। यह व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से किया जा सकता है।

सहभागिता

जैसे—जैसे हम एक साथ इकट्ठा होते हैं, हम एक दूसरे के साथ मित्रता और विश्वास में बढ़ते हैं। उम्मीद है कि आपके एडवांस ग्रुप की सहभागिता प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक आशीष रही है, और रिट्रीट पर आप एक—दूसरे को जवाबदेह ठहराने की अपनी प्रतिबद्धता और एक—दूसरे की संगते के अपने आनंद को जारी रख सकते हैं।

जवाबदेही

उत्तरदायित्व अब तक प्रत्येक सत्र का एक मुख्य हिस्सा रहा है, और वर्ष के इस अंतिम सत्र में, एक बार फिर उसी प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप पवित्र और विनम्र जीवन जी रहे हैं।

उपवास / दावत

आपको रिट्रीट के हिस्से के रूप में उपवास की अवधि के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, या अपना समय भोजन के आसपास एक साथ रख सकते हैं जिस समय आप एक साथ इकट्ठा हो सकते हैं और चर्चा के लिए जगह बना सकते हैं। ऐसा करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं है — यह मायने रखता है कि यह आपके रिट्रीट के समय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपकी सहायता करता है।

गतिविधियाँ

एक साथ मिलकर एक गतिविधि की योजना बनायें —

उदाहरण के लिए, यदि आप कहीं प्रकृति में रिट्रीट कर रहे हैं, तो एक साथ टहलने जाएं और ऊपर की कुछ आत्मिक गतिविधियों को इस समय में शामिल करें। यदि अधिक शहरी वातावरण में स्थित हैं, तो आप एक साथ एक आर्ट गैलरी में जा सकते हैं और वैसा ही काम कर सकते हैं, कुछ कलाओं को चिंतन और भक्ति (उपासना) के लिए प्रोत्साहन के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

इसी तरह से, हो सकता है कि आप बस एक साथ मनोरंजन के लिए कुछ करना चाहें – एक टीम गतिविधि, खेल, मनोरंजन विकल्प ... चाहे वह भक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए संगति हो, या एक दूसरे की संगति का आनंद लेने और एक दूसरे के साथ रिश्ते में बढ़ने के लिए संगति हो, एक दूसरे के साथ एक अच्छा समय व्यतीत करें।

अगला कदम

एडवांस का पहला साल पूरा हो गया है। इससे पहले कि आप वर्ष (और रिट्रीट) को समाप्त करें, इस समूह के लिए अगले चरणों और इससे शुरू होने वाले नए समूहों के बारे में विचार करें।

यह समूह

लोगों को यह साझा करने के लिए स्थान बनाएँ कि उनके लिए एडवांस समूह का अनुभव केसा रहा। इस बारे में प्रतिसाद साझा करें कि आप सभी केसे बढ़े और विकसित हुए हैं, और इस बारे में सोचें कि इस वर्ष की सबसे बड़ी सीख क्या रही है। इन बातों में एक दूसरे को प्रोत्साहन दें।

प्रार्थना करें और एडवांस के पहले वर्ष के लिए धन्यवाद दें और जो कुछ आगे है उसे प्रभु को समर्पित करें।

वर्ष दो को एक साथ शुरू करने के लिए तिथियां निर्धारित करने का अवसर लें।

नए समूह

पिछले सत्र में शुरू किए गए नए समूहों के विकास पर भी ध्यान देना महात्वपूर्ण होगा। जांचें कि लोग अपने स्वयं के समूह को शुरू करने की संभावना के साथ केसे आगे बढ़ रहे हैं, और यदि नए समूह शुरू होने जा रहे हैं, तो उनके लिए प्रार्थना करें।

आप अपने रिट्रीट के समय को जैसे भी बिताते हैं, एडवांस के मूल मूल्यों को ध्यान में रखें, एक समूह के रूप में आप जिस यात्रा पर गए हैं, उस पर चिंतन करें और भविष्य के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ

साल दो

“

इसलिये यदि कोई मसीह में है तो वह नई सृष्टि है:

पुरानी बातें बीत गई हैं;
देखो, सब बातें नई हो गई हैं।

ये सब बातें परमेश्वर की ओर से हैं, जिसने मसीह के द्वारा अपने साथ हमारा मेलमिलाप कर लिया, और मेलमिलाप की सेवा हमें सौंप दी है। अर्थात् परमेश्वर ने मसीह में होकर अपने साथ संसार का मेलमिलाप कर लिया,

और उनके अपराधों का दोष उन पर नहीं लगाया,

और उस ने मेलमिलाप का वचन हमें सौंप दिया है। इसलिये, हम मसीह के

राजदूत हैं;

मानो परमेश्वर हमारे द्वारा विनती कर रहा है। हम मसीह की ओर से निवेदन करते हैं कि परमेश्वर के साथ मेलमिलाप कर लो।

2 कुरिन्थियों 5:17–20

सत्र एक

सुसमाचार प्रचार की चुनौती और उसका फल

यह सत्र हमारे सुसमाचार प्रचार में आने वाली चुनौतियों और हमारे द्वारा दिए जाने वाले संदेश के फल की खोज करके एडवांस के दूसरे वर्ष की शुरुआत करता है।

सत्र एक वाक्य में

हम सुसमाचार के फलदायी संदेशवाहक बनना चाहते हैं लेकिन जब हम दुनिया में जाते हैं तो हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सत्र पृष्ठभूमि

हेराक्लेस के यूनानी पौराणिक कथा में, ज्यूस के बेटे को बारह असंभव प्रतीत होने वाले परिश्रम का काम सौंपा गया है। आधा आदमी, आधा देवता होने के नाते, वह अंततः इन कार्यों को किसी तरह से पूरा कर लेता है और यूनानी साहित्य के नायकों में से सबसे प्रसिद्ध नायक के रूप में खुद को स्थापित करता है – इतना प्रसिद्ध और श्रद्धेय कि रोमी अंततः उसे एक नया नाम "हरक्यूलिस" देकर उसपर अपना दावा कर लेते हैं। उसका नाम आज भी एक विशाल कार्य को लेने और उसमें सफल होने के रूप में लिया जाता है – "एक हरक्यूलियन प्रयास।"

प्राचीन पौराणिक कहानियों को कई कारणों से बताया जाता था, जिसमें मनोरंजन और नैतिक मूल्यों को पारित करने जैसे कारण भी शामिल थे। लेकिन हरक्यूलिस जैसे नायक भी उन लोगों के लिए प्रेरणादायी माने जाते थे जिन्होंने उनके कार्यों के बारे में सुना था।

मसीहियों को अक्सर शत्रुतापूर्ण और अंधेरी दुनिया में परमेश्वर के विश्वासयोग्य दूत होने के हरक्यूलियन (जटिल) कार्य में बने रहने हेतु प्रेरणा के लिए दोषपूर्ण पौराणिक नायकों को देखने की जरूरत नहीं है। हम यीशु मसीह के जीवन, सेवकाई, मृत्यु और पुनरुत्थान की वास्तविकता को देखते हैं। यीशु न केवल हमें इस बात के लिए प्रेरित करता है कि चुनौती, सताव और पीड़ा में बने रहने का क्या अर्थ है, बल्कि हमें यह भी बताता है कि जब हम इन चीजों का सामना करते हैं तो वह वास्तव में हमारे साथ है (मत्ती 28:20)। वह दृढ़ विश्वास के लिए आदर्श है, और वही है जो हमें इस यात्रा में बनाए रखता है और सशक्त बनाता है।

भजन 1 हमें एक सरल और गहन सत्य प्रदान करता है। जीवन का एक मार्ग है और विनाश का एक मार्ग है। वे सभी जो स्वयं को परमेश्वर में दृढ़ता से जड़े जमाए रखते हैं, चाहे उनके रास्ते में कोई भी तूफान क्यों न आए, वे सच्चे जीवन को जानते हैं और उससे अच्छा फल उत्पन्न करते हैं। इन जीवनों की फसल संसार की परिवर्तनकारी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती है जो आपको विनाश के बिंदु तक हवा में उछाल सकती है; बल्कि स्वयं परमेश्वर के अपरिवर्तनीय सत्य पर निर्भर करती है। हमें जीवित जल की धाराओं में रोपा जा सकता है, और यह वह जल है जो हमें न केवल तूफान से बचायेगा, बल्कि उसमें फलदायी भी बनेगा।

चुनौती और फल (संघर्ष और प्रगति) अक्सर साथ–साथ चलते हैं। परमेश्वर का सबसे बड़ा कष्ट – क्रूस पर यीशु – हमारे लिए उसकी सबसे बड़ी सफलता लेकर आया,

कि हम उसके साथ संबंध बहाल कर सकते थे और सच्चे जीवन को जान सकते थे। मसीहियों के रूप में जीवन की परिस्थितियों के प्रति हमारी दैनिक प्रतिक्रिया परमेश्वर में आनंदित रहना है, भले ही हम उन संघर्षों की वास्तविकता को पहचानते हैं जिनका हम सामना करते हैं। ऐसा करने में, हम तब भी नहीं मुरझाएंगे जब जीवन कष्टमय हो और हमारा सुसमाचार प्रचार अत्यधिक चुनौतीपूर्ण लगता हो। हम पहचान संकट, पीड़ा, मूर्तिपूजा, और मृत्यु की हरक्यूलियन से भी बड़ी चुनौतियों का सामना करने वाली दुनिया के सामने घोषणा करने के लिए दृढ़ रहेंगे क्योंकि एक हरक्यूलियन से भी बड़ा मनुष्य रूपी परमेश्वर है जो मिथ्या मात्र नहीं है – वह ऐतिहासिक और वर्तमान में वास्तविक यीशु मसीह, संसार का उद्धारकर्ता है।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने के लिए समय निकालें, कहानियाँ साझा करें, अवसरों पर प्रतिक्रिया दें और ऐसा कुछ भी जो समूह को प्रोत्साहित करे। एक दूसरे से पूछ–ताछ करें और देखें कि क्या किसी ने अभी तक अपना एडवांस ग्रुप शुरु किया है – यदि ऐसा है, तो उनके और उनके ग्रुप के लिए आनंद मनाएं और प्रार्थना करें। दूसरों को प्रोत्साहित करें कि वे इस वर्ष स्वयं का एक समूह शुरू करने के बारे में सोचें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "अच्छा पेड़ बुरा फल नहीं ला सकता, और न निकम्मा पेड़ अच्छा फल ला सकता है। जो जो पेड़ अच्छा फल नहीं लाता, वह काटा और आग में डाला जाता है। इस प्रकार उनके फलों से तुम उन्हें पहचान लोगे?"
>
> **मत्ती 7:18–20**

हमारी संगति के पहले वर्ष में, हमने उस प्रकार के चरित्र पर ध्यान केंद्रित किया जिसे परमेश्वर अपने लोगों में विकसित करना चाहता है, कम से कम उन लोगों में जो उसके सुसमाचार के दूत होंगे। इस वर्ष, हम अपना ध्यान उस सुसमाचार के फल की ओर लगाएंगे जिसे हम संसार में ले जाते हैं और साथ ही उन चुनौतियों पर ध्यान देंगे जिनका हम इस कार्य को करते समय सामना कर सकते हैं।

जॉन वेस्ले ने अपने जीवनकाल में 40,000 से अधिक उपदेश दिया, ऐसा करने के लिए घोड़े पर सवार होकर एक वर्ष में 4,000 मील से अधिक की यात्रा की! यहां तक कि वेस्ले की डायरियों पर एक संक्षिप्त नजर डालने से पता चलता है कि अठारहवीं शताब्दी में सुसमाचार को ब्रिटेन की लंबाई और चौड़ाई में ले जाने के दौरान उन्होंने कितनी चुनौती, बाधा और उत्पीड़न का सामना किया था। ये चुनौतियाँ कड़वे पठन के लिए जगह बनायेंगी यदि इन्हें इस वास्तविकता के साथ नहीं जोड़ा गया कि केसे सुसमाचार लोगों के जीवन को बदलता है। संघर्ष वास्तविक हो सकता है, परन्तु जब बात सुसमाचार की आती है, तो संघर्ष इसके योग्य है।

जॉन वेस्ले जैसे व्यक्ति का जीवन खुशी और चुनौती दोनों का सहायक अनुस्मारक है कि सुसमाचार प्रचार की अग्रिम पंक्ति में परमेश्वर की सेवा करना केसा दिखता है। लेकिन आपके अपने अनुभव के बारे में क्या?

> **चर्चा करें:** आपने अपने सुसमाचार प्रचार में किन विशिष्ट चुनौतियों का सामना किया है?

कभी–कभी, चुनौती एक अच्छी बात हो सकती है – जैसे हमारे विश्वास की कीमत गिनने की चुनौती, आत्म–अनुशासन विकसित करना, अन्य मूर्तियों और विकर्षणों के बढ़कर परमेश्वर की उपासना को प्राथमिकता देना, अन्य विश्वासियों के साथ संगति करना और सेवा के कार्यों के लिए दूसरों को उत्साहित और सुसज्जित करने का काम करना।

ऐसे और भी अनुभव हैं जो खुद में अच्छी नहीं हैं – संसार से सताव, मनुष्य का भय, शत्रु से प्रलोभन और दोषारोपण, कामों के इर्द–गिर्द मूर्तिपूजा और दूसरों से तुलना। और फिर भी, इन चुनौतियों का अभी भी परमेश्वर द्वारा अपने अनुग्रह में उपयोग किया जा सकता है ताकि हम आज्ञाकारी विश्वास के मार्ग पर दृढ़ बने रहें।

हम उन चुनौतियों का सामना केसे करते हैं जो हमारे

सामने आते हैं, और आत्मिक दृढ़ता का विकास कैसे करते हैं जो हमें परमेश्वर के बुलावे और सेवा में कुचले जाने के बजाय हमें अग्रसर करेगा? भले ही यह अत्यधिक सरल लगता है, इसका उत्तर यीशु का अनुसरण करना है।

यूहन्ना के सुसमाचार के पहले और आखिरी दोनों अध्यायों में, यीशु अपने शिष्यों को "मेरे पीछे हो लो" कहकर अपने पीछे आने के लिए आमंत्रित करता है। इन दो बुलाहटों के बीच शिष्यों को शारीरिक खतरे, असफलता, निराशा, उत्पीड़न, असहमति और कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यीशु के स्वर्गारोहण के बाद, शिष्य सुसमाचार का प्रचार करते और कलीसिया को जन्म देते हुए यीशु का अनुसरण करने का अर्थ निकालते हैं – लेकिन वे अभी भी पहले की तरह ही चुनौतियों का सामना करते हैं! सिवाय इसके दो बड़े अंतर हैं। सबसे पहले, यीशु को पुनर्जीवित होते हुए देखने के बाद, वे अब यीशु को एक मसीहा के रूप में नहीं, बल्कि प्रभु और परमेश्वर के रूप में जानते हैं। दूसरे, उन्हें उसके द्वारा एक उपहार दिया गया जो सब कुछ बदल देता है।

यीशु के पीछे चलने का अर्थ है यीशु को जानना। जब जल्द ही होने वाला शिष्य नतनएल पहली बार नासरत के यीशु के बारे में सुनता है, तो वह तुरंत उसे एक हास्यपूर्ण पद के साथ लिखता है: "नासरत? क्या वहाँ से कुछ अच्छा निकलकर आ सकता है?" लेकिन नतनएल जल्द ही अपमान से अंतर्दृष्टि की ओर बढ़ता है जब वह स्वयं के लिए यीशु से मिलता है और उसकी भविष्यवाणी की शक्ति का प्रत्यक्ष अनुभव करता है (यूहन्ना 1:43–50)। यीशु के साथ नतनएल की मुलाकात उसे यीशु के बारे में लिखने की बजाय उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करती है।

हर यात्रा का एक शुरुआती बिंदु होता है और हर रिश्ते का एक "हैलो" होता है। समय के साथ, नतनएल और उसके दोस्तों को पता चलता है कि यीशु वास्तव में कौन है और जैसे ही भ्रम आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त करता है, वह अपमान से उद्घोषणा की ओर बढ़ता है: "नासरत? मैं तुम्हें बताता हूँ कि वहाँ से क्या अच्छा निकला!"

चर्चा करें: जब आपने यीशु का अनुसरण किया तो आपने खुद को कैसे परिवर्तित होते देखा है? आप किस तरह का फल देख सकते हैं?

यीशु के पीछे चलने का मतलब यह है कि जब दुनिया में सब कुछ हमारे खिलाफ प्रतीत होता है, तब भी हम उसके साथ अपने रिश्ते में सच्चा आनंद पा सकते हैं। हम अपनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में न केवल जीवित रहते हैं, हम उन्नत होते हैं। हम ऐसा उस उपहार को प्राप्त करने के कारण करते हैं जो वह हमें प्रदान करता है – पवित्र आत्मा का उपहार, और उससे मिलने वाला फल।

> "पर आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, शान्ति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम है; ऐसे ऐसे कामों के विरोध में कोई भी व्यवस्था नहीं।"
>
> **गलातियों 5:22–23**

यह हमारे जीवन में काम कर रहे परमेश्वर का प्रभाव है, चरित्र और सद्गुण का प्रमाण है जो तब प्रवाहित होता है जब हम खुद को पूरी तरह से परमेश्वर की उपस्थिति और सामर्थ्य में समर्पित देते हैं।

सुसमाचार–प्रचार की चुनौती व्यक्तिगत समस्याओं, बाधाओं, अत्याचारों और कठिनाइयों में नहीं पाई जाती है जो हमारे सामने सेवा के मार्ग पर आती हैं, बल्कि इस बात की पूरी वास्तविकता में है कि दिन–ब–दिन यीशु को जानने और उसका अनुसरण करने का क्या अर्थ है।

लोगों को आत्मा के "फल" (बहुवचन) का उल्लेख करते हुए सुनना असामान्य नहीं है, लेकिन मूल भाषा (यूनानी) में "फल" शब्द एकवचन है (और हमारे अंग्रेजी बाइबल में इस तरह अनुवादित)। क्या यह अंतर मायने रखता है? शायद पौलुस नौ स्पष्ट गुणों ("अनुग्रह" या "गुण" के रूप में उन्हें कभी–कभी वर्णित किया गया है) को एक आत्मिक फल (एक जीवन) के रूप में समझा जाना चाहता था। यह पौलुस की अभिव्यक्ति है कि मसीही जीवन कैसा दिखता है।

दूसरे वर्ष के आने वाले सत्रों में हम आत्मा के फल को इस तरह खंडों में समझेंगे जो हमें इसे समग्र रूप से समझने में मदद करेगा। यह कहना जरूरी है कि जब हम आने वाले सत्रों में एक फल के खंडों को अलग करते हैं, तो केवल उन्हें और अधिक बारीकी से जानने के लिए, परंतु उन्हें अपने जीवन में अलग करना संभव नहीं है।

जब आपके जीवन में परमेश्वर के आत्मा के प्रभाव और उससे उपजने वाले फल की बात आती है, तो या तो परमेश्वर सब कुछ है या फिर कुछ भी नहीं। हर मुद्दों में आपके जीवन पर उसकी यही बुलाहट है (मत्ती 26:24–27)।

जबकि हम निश्चित समय पर अपने चरित्र के कुछ क्षेत्रों में अधिक लाभ और सफलता देख सकते हैं, हमें इन सभी तरीकों से बढ़ने की इच्छा रखनी चाहिए, उसकी महिमा के हमारे प्रतिनिधित्व में हमें लगातार वास्तविक होना चाहिए। हमारे अपने सामर्थ्य से यह असंभव होगा, यही कारण है कि यह व्यक्ति के फल के बजाय आत्मा का फल है!

> “यीशु का अनुसरण करना सरल है, लेकिन आसान नहीं है। आहत होने तक प्रेम करो, फिर और ज्यादा प्रेम करो।”
>
> **मदर टेरेसा**

हम कभी भी संसार को इतना प्रेम नहीं कर सकते कि इसे ठीक कर सकें, लेकिन परमेश्वर कर सकते हैं। जब हम यीशु के पीछे चलने की सरल लेकिन महँगी वास्तविकता के लिए प्रतिबद्ध होते हैं तो हम अपनी क्षमता से अधिक प्रेम कर सकते हैं। हम अपनी परिस्थितियों से परे प्रेम कर सकते हैं। हम किसी भी चुनौती से परे प्रेम कर सकते हैं जिसका सामना कर रहे हैं। हम स्वर्ग की सामर्थ्य से प्रेम कर सकते हैं, वह प्रेम जिसमें संसार को बचाने की शक्ति है। हम आत्मा के फल के पूरे अनुभव और सामर्थ्य के साथ प्रेम कर सकते हैं।

मुख्य बात को मुख्य रखने में हमारी सहायता के लिए हम मदर टेरेसा के उद्धरण को समायोजित कर सकते हैं:

> “सुसमाचार–प्रचार सरल है, लेकिन आसान नहीं है। सुसमाचार का प्रचार तब तक करो जब तक कि यह दुख न पहुँचाए, और फिर कुछ और प्रचार करो।”

चर्चा (15 मिनट)

1. यीशु के पीछे चलने का वास्तव में क्या अर्थ है?
2. हमारी चुनौतियों के बीच यीशु को प्रभु घोषित करने की सामर्थ्य क्या है?
3. आप अपने विश्वास के फल को कैसे पहचानते और उसका उत्सव मनाते हैं?

> “जब निराशा का अंधकार छा जाए, तो उसे तब तक सहते रहो, जब तक वह समाप्त न हो जाए, क्योंकि उसमें से वही बाहर आएगा जो यीशु का अनुसरण करेगा और इसका आनंद बयान से बाहर है।”
>
> **ओसवाल्ड चेम्बर्स**

आवेदन (5 मिनट)

एडवांस के इस दूसरे वर्ष की शुरुआत में, अपने जीवन में दिन–ब–दिन आत्मा के फल के लिए प्रार्थना करके यीशु का अनुसरण करने के लिए एक नई प्रतिबद्धता बनाएं। यदि आपने पहले वर्ष में एक प्रार्थना डायरी बनायी है, तो इसे अभ्यास के हिस्से के रूप में उपयोग करें, अपने सुसमाचार प्रचार में आने वाली चुनौतियों और आपकी प्रतिक्रियाओं में परमेश्वर के आत्मिक फल को कैसे प्रकट किया जाता है, इस पर ध्यान दें। यदि आपने अभी तक डायरी शुरू नहीं की है, तो यह सही समय है।

जवाबदेही और प्रार्थना (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोडड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

“हे परमेश्वर, धन्यवाद कि आप हमेशा हमारे साथ हैं। हर मौसम में और हमारे सामने आने वाली किसी भी चुनौती में आपका अनुसरण करने के लिए अपने अनुग्रह से हमारी सहायता करें। क्या आपका पवित्र आत्मा जो हमारे जीवन में काम कर रहा है, हमारे भीतर और हमारे द्वारा और अधिक फल लाएगा।”

चर्चा के समय और जवाबदेही फॉर्म के माध्यम से उत्पन्न हुई कुछ चुनौतियों के लिए एक साथ प्रार्थना करने के लिए कुछ समय निकालें। एक दूसरे के ऊपर आत्मा के फल की प्रार्थना करें कि परमेश्वर आपको प्रेम, आनंद, शांति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता और आत्म–संयम में प्रतिदिन बढ़ने में मदद करे।

ना भूलें... (10 मिनट)

यदि आपने पहले से नहीं किया है, तो जितना हो सके आगामी सत्रों के लिए तिथियां निर्धारित करें। छह महीने या उससे अधिक की सलाह दी जाती है ताकि लोग पहले से ही उन तारीखों के प्रति प्रतिबद्ध हो सकें और उन्हें डायरी में प्राथमिक स्थान दे सकें।

टिप्पणियाँ

सत्र दो

परमेश्वर की ओर से चुनौती – आराधना और आज्ञाकारिता

इस सत्र में हम देखेंगे कि आत्मा और सच्चाई से परमेश्वर की आराधना करने का क्या अर्थ है, और केसे हमारी आराधना से हमारा सुसमाचार प्रवाहित होगा।

सत्र एक वाक्य में

परमेश्वर ऐसे उपासक चाहता है जो आत्मा और सच्चाई से उपासना करेंगे – पवित्र लोग जो यीशु के पीछे चलने की कीमत को गिनेंगे और सभी बातों में उसके प्रति आज्ञाकारी होंगे, और संसार में उसकी आशा की केवल घोषणा भर नहीं करेंगे।

सत्र पृष्ठभूमि

प्रत्येक मनुष्य एक बुनियादी आराधना प्रश्न का उत्तर अपने जीवन से देगा। सवाल यह नहीं है, "क्या आप उपासना करेंगे?" क्योंकि हर कोई किसी न किसी की उपासना करता है। सवाल यह है: "आप किसकी उपासना करेंगे?"

फ्रांसीसी दार्शनिक ब्लेज पास्कल ने दिल में परमेश्वर के आकार के छेद के विचार को प्रसिद्ध रूप से प्रस्तावित किया:

> "यह तृष्णा और यह लाचारी और क्या कहती है कि मनुष्य में कभी सच्चा सुख था, जिसका अब केवल खाली स्थान या निशान भर रह गया है? इसे वह अपने आस–पास की हर चीज से भरने की व्यर्थ कोशिश करता है, उन चीजों की तलाश करता है जो वहां नहीं हैं और जो है उससे उसे मदद नहीं मिल रही हैं, हालांकि कोई भी मदद नहीं कर सकता, क्योंकि यह अनंत रसातल केवल एक अनंत और अपरिवर्तनीय वस्तु से भरा जा सकता है; दूसरे शब्दों में स्वयं परमेश्वर द्वारा।"
>
> **पास्कल**

हमें उपासना के लिए बनाया गया है, और यदि हम अपने जीवन में खाली हुई उपासना को उसके उचित उद्देश्य – स्वयं परमेश्वर – से नहीं भरते हैं, तो हम सदैव अपूर्ण रहेंगे। हम एक ऐसी कार की तरह होंगे जिसे कभी चलाया नहीं गया, एक ऐसा भोजन जिसे कभी चखा नहीं गया, एक फुटबॉल जिसे कभी लात नहीं मारी गई, या एक सुर जिसे कभी नहीं सुना गया। हम मौजूद तो रहेंगे, लेकिन हम अपने उद्देश्य में अधूरे रहेंगे।

> "अगर मैं अपने आप में ऐसी इच्छाएं पाता हूं जिसे इस दुनिया की कोई भी चीज संतुष्ट नहीं कर सकती, तो इसका एकमात्र तार्किक स्पष्टीकरण यह है कि मैं दूसरी दुनिया के लिए बना हूं।"
>
> **सी.एस. लुईस**

हमें परमेश्वर के राज्य में रहने के लिए बनाया गया था जहां राजा की उपासना जीवन, प्रेम और तृप्ति की अंतिम वास्तविकता है। उपासना परमेश्वर के प्रति हमारी सही और उचित प्रतिक्रिया है जब हम उसके विरूद्ध विद्रोह से उसके साथ संबंध की ओर मुड़ते हैं।

उपासना केसी होती है? उपासना के लिए नए नियम में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द प्रोस्कुनेओ है, जिसका अर्थ है "श्रद्धा के साथ झुकना और उसे आदर देना" जो उसके योग्य है। उपासना के लिए दूसरा सबसे अधिक अनुवादित शब्द लत्रूओ है जिसका अर्थ है "सेवा करना"।

जब आप बाइबल पढ़ते हैं तो इन शब्दों के तात्पर्य के बारे में सोचें जब आप इन्हें केवल "उपासना" के रूप में अनुवादित पाते हैं। इन शब्दों के तात्पर्य के बारे में सोचें जब आपके कलीसिया के अगुआ अगली बार जब आप एकत्रित हों तो आपको खड़े होने और "आराधना" करने के लिए आमंत्रित करें।

जब भी हम आराधना शब्द का सामना करते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि केवल परमेश्वर ही हमारी पूर्ण अधीनता, आज्ञाकारिता, सेवा और उपहार के योग्य हैं। परमेश्वर के स्वयं के बलिदान के प्रत्युत्तर में, जब हम उसके सामने झुकते हैं और कहते हैं, "प्रभु मैं यहाँ हूँ, तू योग्य है, तेरी ही इच्छा मेरे जीवन में पूरी हो, जब मई तेरी महिमा के लिए तेरी सेवा करता हूँ, चाहे जो भी कीमत हो, हम अपना बलिदान चढ़ाते हैं।"

परमेश्वर चाहता है कि हम आत्मा और सच्चाई से उसकी आराधना करें (यूहन्ना 4:24)। परमेश्वर ने हमें यीशु मसीह में सच्चाई दी है और अपना आत्मा हमें दिया है जिसके द्वारा हम अपने पवित्र परमेश्वर की पवित्र प्रजा के रूप में आराधना करने के लिए सशक्त किए गए हैं।

यही वह आराधना है जिसकी वह अभिलाषा करता है।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने के लिए समय निकालें, कहानियाँ साझा करें, अवसरों पर प्रतिक्रिया दें और ऐसा कुछ भी जो समूह को प्रोत्साहित करे। पूछें कि लोग केसे आत्मा के फल और अपनी प्रार्थना डायरी के अनुसार प्रार्थना कर रहे हैं (सत्र एक – अनुप्रयोग)। इसमें एक–दूसरे का हौसला बढ़ाते रहो।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच–अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (35–45 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "इसलिये हे भाइयो, मैं तुम से परमेश्वर की दया स्मरण दिला कर विनती करता हूँ कि अपने शरीरों को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ। यही तुम्हारी आत्मिक सेवा है। इस संसार के सदृश न बनोय परन्तु तुम्हारे मन के नए हो जाने से तुम्हारा चाल–चलन भी बदलता जाए, जिससे तुम परमेश्वर की भली, और भावती, और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो।"
>
> **रोमियों 12:1–2, प्रभाव जोड़ा गया**

चर्चा करें: आपके जीवन और कलीसिया समुदाय में उपासना केसे व्यक्त की जाती है?

अपनी दैनिक भक्ति, अपने परिवारों से प्रेम करने की हमारी प्रतिबद्धता, और अपने आस–पास के लोगों की जरूरतों को पूरा करने की हमारी जिम्मेदारी की उपेक्षा करते हुए हमारी सुसमाचार–प्रचार की सेवकाई को आगे बढ़ाने के लिए परमेश्वर को ऐसा कुछ देने के जाल में गिरना होगा जो सतह पर अच्छा लग सकता है, लेकिन सतह के नीचे कमी होगी।

इससे पहले कि परमेश्वर प्रचारकों की तलाश करे, वह उपासकों की तलाश कर रहा है।

> "अक्सर यह कहा जाता है कि कलीसिया का प्राथमिक कार्य सुसमाचार प्रचार है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। उपासना को सुसमाचार प्रचार पर वरीयता दी जाती है, आंशिक रूप से क्योंकि परमेश्वर से प्रेम करना पहली आज्ञा है और पड़ोसी से प्रेम दूसरी, आंशिक रूप से क्योंकि, कलीसिया के सुसमाचार कार्य के पूरा होने के लंबे समय बाद, परमेश्वर के लोग हमेशा के लिए उसकी उपासना करना जारी रखेंगे, और आंशिक रूप से क्योंकि सुसमाचार स्वयं ही उपासना का एक पहलू,

> एक "याजकीय सेवा" जिसमें परिवर्तित व्यक्ति 'परमेश्वर को स्वीकार्य बलिदान/चढ़ावा बन जाता है।'"
>
> **जॉन स्टॉट**

सुसमाचार–प्रचार का मुख्य संदेश लोगों को केवल उसी की उपासना करने के लिए बुलाना है जो योग्य है। हमारी उपासना को विभाजित करना संभव नहीं है – या तो हम परमेश्वर की उपासना करते हैं, या हम किसी और की उपासना करते हैं। केवल परमेश्वर ही हमारी उपासना के योग्य हैं, और केवल उसकी उपासना करके ही हम सच्चे जीवन और तृप्ति को प्राप्त करेंगे।

प्रचारकों के रूप में, हमारी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि हम पहले परमेश्वर की उपासना करें – अपनी सेवकाई से पहले, अपनी प्रतिभा से पहले, और किसी भी चीज से पहले।

इस सोच के जाल में पड़ना आसान है कि उपासना केवल परमेश्वर के लिए गीत गाने के बारे में है। जबकि संगीत परमेश्वर के प्रति हमारी उपासना को व्यक्त करने का एक अद्भुत साधन है, यह बस इतना ही है: एक साधन। उपासना का सार विश्वासयोग्यता है – या दूसरे शब्दों में कहें तो आज्ञाकारिता।

नये नियम में "उपासना" के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द प्रोस्कुनिओ है, जिसमें समर्पण और आज्ञाकारिता के विचार हैं। यह परमेश्वर के सामने मुँह के बल गिरने और यह कहने जैसा है, "परमेश्वर, केवल आप ही उपासना के योग्य हैं। मैं आपकी उपासना और सम्मान करता हूं। मैं अपना जीवन तुझे सौंपता हूं, मैं अपना जीवन तुझे देता हूं, मेरा जीवन तेरी आराधना का भेंट हो जाए।" इस प्रकार की उपासना वह जो है, उसके लिए परमेश्वर का सम्मान करती है और उसके अधिकार के प्रति आज्ञाकारिता में समर्पण करती है।

> **चर्चा करें:** यहाँ पाँच तरीके हैं जिनसे हम व्यावहारिक रूप से अपनी उपासना की मानसिकता को विकसित कर सकते हैं। वे कैसे सुसमाचार प्रचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं?

1. समय ठीक है

हम अक्सर इस अभिव्यक्ति का उपयोग करते हैं, "अब हमारे पास आराधना का समय होगा" हमारे कलीसिया की सभाओं में इसका मतलब यह है कि हम एक साथ गाने जा रहे हैं। यह अनुपयोगी हो सकता है, क्योंकि यह इस विचार को बढ़ावा देता है कि हमारी गाई हुई आराधना हमारी उपासना की पूर्ण अभिव्यक्ति है। क्या होगा यदि हम परमेश्वर के प्रति अपनी प्रतिक्रिया के अन्य पहलुओं को "आराधना के समय" के रूप में देखें? क्यों न इस सप्ताह के अंत में लोगों के लिए प्रार्थना करने और उनके साथ यीशु में अपने विश्वास को साझा करने के लिए सड़कों पर निकल कर कलीसिया से एक समूह को "आराधना का समय" मनाने के लिए एक साथ लाया जाए? जितना अधिक हम अपने सुसमाचार प्रचार को अपनी आराधना से जोड़ते हैं, उतना ही अधिक हम उपासना का अनुभव करेंगे कि यह है – हमारे जीवन से परमेश्वर के लिए एक सुखद प्रतिक्रिया।

2. स्तुति से विस्मित

परमेश्वर के प्रति हमारी स्तुति से हमें विस्मित होना चाहिए क्योंकि वह जो है और उसने जो किया है उसके लिए हम जश्न मनाते हैं। लेकिन कितनी बार हम जो गीत गाते हैं वे बहुत परिचित या बहुत सामान्य हो जाते हैं? क्या होगा यदि हम अपनी स्तुति के साथ विशिष्ट हों, गवाही को प्राथमिकता दें, ताकि लोग आश्चर्यचकित हो सकें कि परमेश्वर लोगों के जीवन में क्या कर रहा है? हमारी आराधना कैसी दिख सकती है यदि हम ऐसे गीत लिखते हैं जो केवल हमारे अपने समुदाय द्वारा गाए जा सकते हैं क्योंकि वे उन विशिष्ट बातों के बारे में बोल्ते हैं जो परमेश्वर हमारे बीच कर रहा है? हमारे सुसमाचार प्रचार का फल इस बात का उत्सव मनाने का एक अद्भुत केंद्र बिंदु है कि परमेश्वर कौन है जब हम अपने बीच काम कर रही उसकी बचाने की सामर्थ्य से चकित होते रहते हैं।

3. भाग लेने की इच्छा से देखें

परिभाषा के अनुसार, सामूहिक उपासना की किसी भी अभिव्यक्ति में भागीदारी शामिल होती है – चाहे वह एक धर्म का पाठ करना हो, गाना गाना हो, या गवाही का जश्न मनाना हो। लेकिन इससे पहले कि हम भाग लें, हमें अक्सर पहले देखने की जरूरत होती है। गायन में शामिल होने से पहले हमें एक नए गीत की धुन सीखने की जरूरत है। कैसा लगेगा यदि हम लोगों को प्रोत्साहित करें कि वे आकर सुसमाचार प्रचार को कार्य करते हुए देखें? क्या इससे उन्हें और अधिक आत्मविश्वासी बनने में मदद मिलेगी, और उन्हें "सफलता" और "असफलता" देखने

का मौका मिलेगा? एक समीक्षक के रूप में शुरुआत करना आराधना में आने का एक शानदार तरीका है – विशेष रूप से प्रचार–कार्य।

4. पवित्र के रूप में पवित्र

सुसमाचार और हमारी उपासना दोनों ही पवित्रता पर केन्द्रित हैं। परमेश्वर की इच्छा है कि हम पवित्र हों जैसे वह पवित्र है, एक पवित्र लोग बनें जो उसकी आराधना करें और उसकी पवित्रता की महिमा हो। कब और कितनी बार हम सुसमाचार या हमारी आराधना के संबंध में पवित्रता के बारे में बात करते हैं? हम परमेश्वर की उपासना के लिए "अलग किए गए" समय में स्वयं को समर्पित करने के आदी हैं – क्या हम अपने सुसमाचार प्रचार के साथ भी ऐसा कर सकते हैं?

5. आराम को ललकारें

आनंद लेने के अनुभवों की एक श्रृंखला के लिए अपनी उपासना को कम कर देना बहुत आसान है। सच्ची उपासना का केंद्र बलिदान है। हम केवल परमेश्वर की उपासना कर सकते हैं क्योंकि यीशु के बलिदान ने उसके साथ पुनःस्थापित संबंध के द्वारा हमारी उपासना को संभव बनाया है। हम किन तरीकों से परमेश्वर के लिए अपनी उपासना की "कीमत लगाते हैं?" हमारे जीवन के किन क्षेत्रों में परमेश्वर हमें आरामदेह–स्थिती से बाहर बुला रहा है ताकि आज्ञाकारी रूप से उसके लिए बलिदान –युक्त उपासना की पेशकश के रूप में उसकी सेवा कर सके?

बाइबल के अनुसार सच्ची उपासना हमारे जीवन के हर पल में परमेश्वर के प्रति हमारी प्रतिक्रिया की कीमत और खुशी में निहित है – और, स्वर्ग के इस तरफ, इसमें हमेशा उस प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में खोए हुए को खोजना और बचाना शामिल होगा।

> "उपासना का उच्चतम रूप निःस्वार्थ मसीही सेवा है। स्तुति का सबसे बड़ा रूप खोए हुए और असहाय लोगों की तलाश में समर्पित अभिषिक्त पैरों की आवाज है।"
>
> **बिली ग्राहम**

चर्चा (15 मिनट)

1. उपासना क्या है?
2. उपासना के लिए पवित्रता सबसे अहम क्यों है?
3. उपासना और सुसमाचार प्रचार एक साथ केसे काम करते हैं?

अनुप्रयोग (5 मिनट)

सत्र के पाँच व्यावहारिक सुझावों पर विचार करें और आप उन्हें अपने जीवन और कलीसिया में केसे लागू कर सकते हैं। पहले वर्ष के आठवें सत्र (एक प्रचारक का चरित्र) पर दोबारा गौर करें और इस बात पर विचार करने के लिए कुछ समय लें कि पवित्रता सुसमाचार और इसके जवाब में उभरने वाली उपासना दोनों के लिए इतनी केंद्रीय (जरूरी) क्यों है।

प्रार्थना

"स्वर्गीय पिता, आत्मा और सच्चाई से आपकी उपासना करने में हमारी सहायता करें। हम आपको जो उपासना अर्पित करते हैं, वह आपके अपने प्रेम और बलिदान को दर्शाती हो। जब हम आपको एक जीवित बलिदान के रूप में अपना जीवन अर्पित करते हैं, तो वह उपासना हमारे आस–पास की दुनिया के लिए आपकी सच्चाई की आशा को प्रकट करे, कि हमारी उपासना की आवाज आपके कलीसिया की आवाज हो और आपकी आत्मा की सामर्थ्य में सुसमाचार को जिए और सुनाए।"

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस एसेंशियल सीरीज (अनिवार्य श्रृंखला) आपको सुसमाचार प्रचार के लिए व्यावहारिक साधन प्रदान करने के बारे में है। विश्व–विजेता उपासना, उपासना और सुसमाचार प्रचार के बीच के संबंध की जानकारी प्रदान करती है। advancegroups.org/AES पर और अधिक जानकारी पायें।

टिप्पणियाँ



सत्र तीन

शिष्य में फल – विश्वासयोग्यता और आत्म–संयम

इस सत्र में हम विश्वासयोग्यता और आत्म–संयम के आत्मिक फल की खोज करेंगे। परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य होने का क्या अर्थ है? आत्म–संयम हमारे जीवन में कैसे काम करता है?

सत्र एक वाक्य में

यीशु प्रत्येक व्यक्ति को चुनौती देता है कि वे अपना क्रूस उठाएं और पूर्ण विश्वासयोग्यता के साथ उसका अनुसरण करें, जिसमें असुविधाजनक होने पर भी सुसमाचार की सच्चाई की घोषणा करने के लिए विश्वासयोग्य होना शामिल है।

सत्र पृष्ठभूमि

विवाह शायद विश्वासयोग्यता के लिए सबसे सार्वभौमिक मान्यता प्राप्त प्रतिबद्धता है। पूरे इतिहास और संस्कृतियों में, लोग किसी अन्य व्यक्ति के प्रति अपने प्रेम के कारण उसके प्रति पूर्ण ईमानदारी की प्रतिबद्धता जताते हैं। विश्वासयोग्यता विवाह का एक महत्वपूर्ण पहलू है, और विश्वासयोग्यता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक साथी का आत्म–संयम आवश्यक है।

नए नियम में ऐसे कई अनुच्छेद हैं जो कलीसिया को दुल्हन और मसीह को दूल्हे के रूप में संदर्भित करते हैं (2 कुरिन्थियों 11:2–3; इफिसियों 5:22–31; प्रकाशितवाक्य 19:7–8; 21:2–14), जो सभी इस्राएल के परमेश्वर की दुल्हन होने के पुराने नियम में पाई जाने वाली छवि को प्रतिबिम्बित करते हैं (यिर्मयाह 2:2; होशे 2–3)। निहितार्थ इससे ज्यादा स्पष्ट नहीं हो सकता है: जिस तरह विवाह पति और पत्नी के बीच अखंड विश्वासयोग्यता की प्रतिबद्धता है, उसी तरह परमेश्वर के लोगों को भी उसके प्रति विश्वासयोग्य होना चाहिए, क्योंकि वह लोगों प्रति पूरी तरह से विश्वासयोग्य है।

जो स्त्रियाँ नन बनकर अपना जीवन मसीह को समर्पित करती हैं, उन्हें कभी–कभी उपमा के रूप में यीशु के लिए “विवाहित” होने के रूप में जाना जाता है। वे परमेश्वर के प्रति पूर्ण और अखंड विश्वासयोग्यता के पक्ष में किसी और से विवाह करने की संभावना को त्याग देती हैं। इस तरह की बुलाहट चाहे कितनी भी गहरी क्यों न हो, हमें इस विचार का विरोध करना चाहिए कि किसी भी तरह से मठवासी जीवन में बुलाए गए लोगों के जीवन में किसी और की तुलना में विश्वासयोग्यता की अधिक बुलाहट होती है।

देखें कि कैसे पतरस विश्वासियों को परमेश्वर के प्रति प्रत्युत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करता है:

> “क्योंकि उसकी ईश्वरीय सामर्थ्य ने सब कुछ जो जीवन और भक्ति से सम्बन्ध रखता है, हमें उसी की पहचान के द्वारा दिया है, जिसने हमें अपनी ही महिमा और सद्गुण के अनुसार बुलाया है। जिनके द्वारा उसने हमें बहुमूल्य और बहुत ही बड़ी प्रतिज्ञाएँ दी हैं: ताकि इनके द्वारा तुम उस सड़ाहट से छूटकर, जो संसार में बुरी अभिलाषाओं से होती है, ईश्वरीय स्वभाव के समभागी हो जाओ।
>
> इसी कारण तुम सब प्रकार का यत्न करके अपने विश्वास पर सद्गुण, और सद्गुण पर समझ, और समझ

पर संयम, और संयम पर धीरज, और धीरज पर भक्ति, और भक्ति पर भाईचारे की प्रीति और भाईचारे की प्रीति पर प्रेम बढ़ाते जाओ।"

2 पतरस 1:3–7

हम कभी भी परमेश्वर के प्रति पूरी तरह से विश्वासयोग्य नहीं हो सकते हैं, लेकिन उसके आत्मा के हमारे जीवन में कार्य करने के कारण, हमारे पास वह सब है जो हमें दिन–ब–दिन उसके प्रति विश्वासयोग्यता से जीने के लिए आवश्यक है। मसीह का सम्मान करने वाले तरीके से जीने में दो चीजें शामिल हैं: विश्वास और धरोहर।

हम परमेश्वर पर भरोसा करते हैं कि वह हमें उसकी सामर्थ्य देगा, और हम उस सामर्थ्य को अपने जीवनों में काम में लाने के द्वारा संजोते हैं। परमेश्वर के प्रति हमारे प्रत्युत्तर के लिए पतरस द्वारा दी गई सूची को फिर से देखें। इन चीजों में से प्रत्येक के बारे में सोचें जिसके लिए परमेश्वर पर भरोसा किया जाना चाहिए, और हमारे जीवन में उसका अभ्यास करने के द्वारा उसे संजोएं:

- अच्छाई
- ज्ञान (परमेश्वर की सच्चाई और चरित्र का)
- आत्म – संयम
- दृढ़ता
- ईश्वरीय गुण (पवित्रता)
- आपसी स्नेह
- प्रेम

इनमें से प्रत्येक वस्तु हमें परमेश्वर की सामर्थ्य के द्वारा दी जा सकती है, और इनमें से प्रत्येक वस्तु को हमारे जीवन में प्रतिदिन अभ्यास करने की आवश्यकता है।

इसी से हम परमेश्वर से उसकी पूर्ण विश्वासयोग्यता और हमारे जीवनों के लिए प्रावधान में मिलते हैं। हम अपने दैनिक अनुभव में उनके प्रावधान को क्रियान्वित करते हैं जब हम उसके प्रति विश्वासयोग्यता की पेशकश करना चाहते हैं जब हम उसके लिए प्रेम से जीते हैं।

उसके सशक्तिकरण से, हम उसकी सिद्ध इच्छा के अनुसार विश्वासयोग्य दुल्हन बन सकते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पूछें कि क्या किसी ने अपने जीवन और/या कलीसिया समुदाय में पिछले सत्र से उपासना के बारे में पांच व्यावहारिक सुझावों में से किसी को लागू करना शुरू कर दिया है (सत्र दो – अनुप्रयोग)।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

यदि हम उसके साथ मर गए हैं, तो उसके साथ जीएँगे भीय यदि हम धीरज से सहते रहेंगे, तो उसके साथ राज्य भी करेंगे; यदि हम उसका इन्कार करेंगे, तो वह भी हमारा इन्कार करेगा; यदि हम अविश्वासी भी हों, तौभी वह विश्वासयोग्य बना रहता है, क्योंकि वह आप अपना इन्कार नहीं कर सकता।

2 तीमुथियुस 2:11–13

पिछले सत्र में हमने जाना कि परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी होने, आत्मा और सच्चाई से उसकी आराधना करने का क्या अर्थ है। हमारी आज्ञाकारिता का फल विश्वासयोग्यता है।

लेकिन पौलुस तीमुथियुस को उस समस्या की याद दिलाता है जिसका हम सभी सामना करते हैं: हम परमेश्वर के प्रति विश्वासघाती हैं, और हमारी अविश्वासयोग्यता एक विनाशकारी समस्या है क्योंकि यह उसकी रचना की शांति में अराजकता लाती है। लेकिन एक अच्छी खबर भी है। परमेश्वर पूरी तरह से विश्वासयोग्य है, और उसकी विश्वासयोग्यता किसी भी तरह से हम पर आधारित नहीं है! उसकी विश्वासयोग्यता की निरंतरता का अर्थ है कि अराजकता पर शांति की जीत होती है।

परमेश्वर हमेशा हमारे प्रति विश्वासयोग्य है – यह उसके पहचान की एक मूलभूत वास्तविकता है। देखें कि ये भजन परमेश्वर की विश्वासयोग्यता के बारे में क्या कहते हैं।

"परन्तु प्रभु, तू दयालु और अनुग्रहकारी परमेश्वर है, तू विलम्ब से कोप करनेवाला और अति करुणामय है।"

भजन 86:15 (HINOVBSI)

"तेरी करुणा सदा बनी रहेगी, तू स्वर्ग में अपनी सच्चाई को स्थिर रखेगा।"

भजन 89:2 (HINOVBSI)

"क्योंकि यहोवा भला है, उसकी करुणा सदा के लिये, और उसकी सच्चाई पीढ़ी से पीढ़ी तक बनी रहती है।"

भजन 100:5 (HINOVBSI)

क्या आप परमेश्वर के प्रेम और उसकी विश्वासयोग्यता के बीच की कड़ी को देख रहे हैं? यह बेहतर होता जाता है...

"इसलिये कि व्यवस्था तो मूसा के द्वारा दी गई, परन्तु अनुग्रह और सच्चाई यीशु मसीह के द्वारा पहुँची।"

यूहन्ना 1:17 (HINOVBSI)

यीशु परमेश्वर के प्रेम और विश्वासयोग्यता का भौतिक अवतार है, जो हमें दिया गया है ताकि हम अविश्वासयोग्यता से विश्वासयोग्यता की ओर बढ़ सकें। यीशु प्रेम और विश्वासयोग्यता के लिए सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है जिसे दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा है।

साइकोलॉजी टुडे के अनुसार, विवाह – प्रेम और वफादारी की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिबद्धता – वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा दो लोग अपने रिश्ते को **सार्वजनिक, आधिकारिक** और **स्थायी** बनाते हैं। जब यीशु क्रूस पर मरा, तो परमेश्वर ने उसकी विश्वासयोग्यता को दुनिया के सामने **सार्वजनिक, आधिकारिक** और स्थायी बना दिया। उसने खुद को एक आदर्श पति के रूप में हमारे लिए प्रतिबद्ध किया, ताकि हम उसके साथ रिश्ते में वापस आ सकें, भले ही हम एक विश्वासघाती जीवनसाथी रहे हों। जब यीशु कब्र में से जी उठा, तो परमेश्वर ने उसकी विश्वासयोग्यता को नए जीवन के वरदान के रूप में सदा के लिये हमारे भीतर डाल किया।

जब हम अपने सामने आने वाली चुनौतियों के कारण परमेश्वर की विश्वासयोग्यता पर सवाल उठाते हैं – चाहे वह सवाल शैतान, संसार, या हमारे अपने शरीर से आता है – यह पूछते हुए: "क्या आप वास्तव में निश्चित हैं कि परमेश्वर आपसे प्रेम करता है, कि वह वफादार है?" हम क्रूस की ओर इशारा करते हुए, जो उसके अचूक प्रेम और विश्वासयोग्यता का चिह्न है, यह कह सकते हैं:

"हां मुझे यकीन है।"

प्रार्थना करें: परमेश्वर की विश्वासयोग्यता के लिए प्रार्थना करने और उसका धन्यवाद करने के लिए कुछ समय निकालें, और यदि आप समूह के सदस्यों के सामने आने वाली किसी भी चुनौती से अवगत हैं, तो इन बातों को परमेश्वर को सौंप दें। परीक्षाओं में उस पर भरोसा करने के लिए उसकी मदद मांगें।

विश्वासयोग्यता में परमेश्वर को प्रत्युत्तर देना हमारे लिए कैसा होता है?

कभी–कभी विश्वासयोग्यता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारी भावनाओं पर निर्भर हो सकती है, जो दिन–ब–दिन बदलती रहती है, परन्तु परमेश्वर हम सभी को, हर समय चाहता है। वह पूर्ण प्रतिबद्धता, पूर्ण आज्ञाकारिता, पूर्ण विश्वासयोग्यता के बाद, अच्छे और बुरे समय में, क्रूस की आशा में स्थिर है।

विश्वासयोग्यता का अर्थ है **सत्यनिष्ठा** के साथ जीना, जिसे सर्वोत्तम रूप से **नियमानुसार जीने** के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ईमानदारी हमारे विश्वास का इरादा होने के बारे में है, सही रास्ता चुनने के बारे में – विश्वसयोग्य तरीका – चाहे हमें तकलीफ होती हो, और चाहे हमें यह लगता हो कि हम जितना दे सकते हैं उससे अधिक खर्च कर रहे हैं। सत्यनिष्ठा के साथ जीने से हमें पाखंड से दूर होने में मदद मिलती है और दुनिया को पता चलता है कि हम महान बातों के लिए जीने के लिए तैयार हैं, चाहे उसकी कोई भी व्यक्तिगत कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

आध्यात्मिक अनुशासन केवल चीजों को छोड़ देने के बारे में नहीं है। परमेश्वर हमारे साथ संबंध में रहना चाहता है, हमारी सहायता और मार्गदर्शन करना चाहता है, और हमारे जीवनों के लिए अपने उद्देश्यों को प्रकट करना चाहता है। जब हम प्रार्थना करने, उसके वचन का अध्ययन करने, आराधना करने, मनन करने, उपवास करने और देने के

लिए प्रतिबद्ध होते हैं तो आत्मिक अनुशासन हमें परमेश्वर के साथ हमारे संबंध में मदद करता है। इन अनुशासनों के माध्यम से हम मसीह में अपनी पहचान को पूरी तरह से खोजना शुरू करते हैं, और परमेश्वर के प्रति हमारी आज्ञाकारिता परिवर्तन लाती है।

चर्चा करें: बहुत से लोग मसीही धर्म को एक कट्टरपंथ के रूप में देखते हैं, जो मौज–मस्ती को सीमित करता है और फलने–फूलने को सीमित करता है, लेकिन यीशु कहता है कि वह हमें समृद्धि और एक संतोषजनक जीवन देने आया है। ये दो चीजें कैसे एक–दूसरे से अलग हो जाती हैं, और विश्वासयोग्यता और आत्म–संयम किस तरह हमारी मदद करते हैं?

एक बहुत अच्छा कारण है कि आत्म–संयम आत्मा के फल का एक पहलू है। परमेश्वर हमें अपने जीवन में उन बातों के बारे में सावधानी से सोचने के लिए कह रहा है जो उसकी महिमा नहीं करती हैं, विशेष रूप से वे बातें जो हमें पाप की ओर ले जाती हैं। इस बात पर यीशु बिल्कुल स्पष्ट हैं:

> "...यदि तेरा दाहिना हाथ तुझे ठोकर खिलाए, तो उस को काटकर फेंक दे।"
>
> **मत्ती 5:30** (HINOVBSI Re-edited)

इससे पहले कि आप आरी ढूँढना शुरू करें, महसूस करें कि यीशु हमें अपने जीवन के उन बातों की पहचान करने के लिए कह रहा है जो हमें उससे दूर करती हैं और चाहता है कि हम खुद को उनसे अलग करें।

अपने स्वयं के जीवन और उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहाँ शायद आपको अधिक अनुशासन की आवश्यकता है। हो सकता है कि यह आपके द्वारा अपने शरीर में डालने वाले पदार्थों या उन छवियों से संबंधित एक स्पष्ट क्षेत्र न हो जिन्हें आप अपनी आँखों को देखने की अनुमति देते हैं। आपको ऐसा लगता होगा कि आपको प्रार्थना और बाइबल अध्ययन जैसे आध्यात्मिक अभ्यासों के लिए समय निकालने के साथ–साथ सोशल मीडिया पर राय व्यक्त करने के तरीके के बारे में और अधिक अनुशासित होने की जरूरत है, अधिक वादा करके कम देना, समय–पालन करना, लोगों के लिए भला सोचना, इत्यादि...

परमेश्वर की ओर से चुनौती केवल हमारे जीवनों में उसके प्रति विश्वासयोग्यता की नहीं है, बल्कि हमारे सुसमाचार प्रचार में उसके सुसमाचार के प्रति ईमानदारी की भी है। जैसे हम उसके लिए विश्वासयोग्यता से जीते हैं, वैसे ही हम उसके बारे में ईमानदारी से बात भी करेंगे। परमेश्वर के प्रति वास्तव में विश्वासयोग्य होना उस जीवन की परिपूर्णता में जीना है जो उसने हमारे लिए रखा है – अपने विश्वास का पालन करना, उसको जीना और उसे घोषित करना उसके लिए एक प्रेम भेंट है जो हमें निरन्तर प्रेम करता है।

चर्चा (20 मिनट)

1. परमेश्वर ने आपके जीवन में अपनी विश्वासयोग्यता को कैसे प्रदर्शित किया?
2. जब आप "अनुशासन" और "आत्म–संयम" शब्द सुनते हैं तो आप क्या सोचते हैं?
3. आपके जीवन के वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें आप परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य बने रहने के लिए संघर्ष करते हैं?
4. एक आत्म–नियंत्रित जीवन जीने से आपके सुसमाचार प्रचार पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?

जवाबदेही (15 मिनट)

अपने उत्तरदायित्व प्रपत्रों को भरने के साथ–साथ, विश्वासयोग्यता और आत्म–संयम के बारे में सोचते हुए एक दूसरे से अपने जीवन के इन चार प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित प्रश्न पूछें।

समय

हम एक व्यस्त संसार में रहते हैं। हमारे समय के लिए इतनी प्रतिस्पर्धा है, जो कि हमारी सबसे मूल्यवान वस्तु है। कुछ के लिए तो व्यस्तता सम्मान का पदक भी बन गई है, लेकिन हमें दो अहम सवालों का सामना करना होगा। सबसे पहले, क्या आप उन चीजों में व्यस्त हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं? दूसरा, किसने कभी कहा था कि व्यस्त रहना अच्छा है?

रिश्ते

आप अपने रिश्तों में कितने अनुशासित हैं? आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ जो समय बिताते हैं, वह एक पहलू है, लेकिन आपकी उनके साथ होने वाली बातचीत की गुणवत्ता के बारे में क्या? उनके सामने होना एक बात है, वास्तव में उनके साथ होना दूसरी बात है।

दिमाग

हम पर दिन भर मनगढ़ंत बात, सूचना और विचारों की बमबारी होती रहती है। हमारे दिमाग को लगातार कुछ परोसा जा रहा है, लेकिन क्या हम दिमाग को स्वस्थ पोषक तत्वों के बजाय खराब अस्वस्थ भोजन से भर रहे हैं? जो चीजें हमें दिखाई देती हैं या जिन्हें हम देखते हैं, पढ़ते हैं, कहते हैं और जिनके बारे में सोचते हैं उनमें अनुशासित होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए अपने जीवन में किन चीजों को कम करने की जरूरत है?

आत्मा

हम अपनी आत्मा को कैसे अनुशासित करें? अपनी आत्मा को परमेश्वर की पवित्र आत्मा के हाथों सौंपने के द्वारा। अपने आप से यह सरल प्रश्न पूछें: मेरे लिए यह कैसा होगा कि मैं हर दिन अपनी आत्मा को वास्तव में उसकी आत्मा को सौंप दूं?

जवाबदेही प्रपत्र/फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

प्रार्थना

"विश्वासयोग्य परमेश्वर, आपके अचूक प्रेम के लिए धन्यवाद। मुझे उस समय के लिए खेद है जब मैं आपके लिए ईमानदारी से नहीं रहता। मेरे जीवन में और अधिक आत्म–नियंत्रण रखने में मेरी मदद करें। मैं आपको और अधिक जानना चाहता हूं और हर दिन आपके साथ अधिक समय बिताने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं उस समय के लिए क्षमा मांगता हूं जब मैंने पाप किया, और मैं आपको अपने जीवन के उन क्षेत्रों को समर्पित करता हूं जिनमें मैं अनुशासन रखने के लिए संघर्ष करता हूं। धन्यवाद कि आप मुझे कभी निराश नहीं करेंगे, और आप हमेशा मेरे साथ हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मुझे इस तरह जीने में मदद करेंगे जिससे आपका सम्मान हो और दूसरों को प्रोत्साहन मिले। आमीन।"

अनुप्रयोग (5 मिनट)

अपने सबसे भरोसेमंद दोस्त को अपने जीवन के उस क्षेत्र के बारे में बताना सुनिश्चित करें जिसे आपको या तो समर्पित करना है या ऊँचा उठाना है, ताकि वे आपकी जवाबदेही तय कर सकें। उन्हें आने वाले सप्ताहों में आपकी जाँच करने और आपसे निम्नलिखित तीन प्रश्न पूछने के लिए कहें:

1. यह अब तक कैसे चल रहा है?
2. क्या आप इस प्रक्रिया में परमेश्वर को कार्य करते हुए देख रहे हैं?
3. आपने अब तक क्या सीखा या पाया है?

ना भूलें...

क्या आपने अभी तक एडवांस पॉडकास्ट सुना है? क्यों न "एडवांस पैशन" देखें, एक ऐसी श्रृंखला जहां मेहमान कुछ साझा करते हैं जिसके बारे में वे जोशीले हैं, इस बारे में बातचीत करने के लिए कि हमारे शौक, मनोरंजन और जुनून हमें मानवीय अनुभव के बारे में क्या सिखा सकते हैं और कैसे वे हमारे आसपास की दुनिया में लोगों के लिए सुसमाचार के अवसर खोल सकते हैं।

टिप्पणियाँ

सत्र चार

स्वयं से चुनौती – कार्य–प्रदर्शन और तुलना

इस सत्र में हम एक चुनौती का पता लगाएंगे जो अक्सर हमारे भीतर उत्पन्न होती है: परमेश्वर से प्राप्त होने वाले अनुग्रह और प्रेम के मूल्यांकन के बजाय तुलना करने और कार्य–प्रदर्शन के मूल्यांकन करने की चुनौती।

सत्र एक वाक्य में

तुलना हमारी बुलाहट और सामर्थ्य को कम करने और नष्ट करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है, लेकिन सभी बातों में मसीह की पर्याप्तता पर भरोसा करना सीखने से उसकी बुलाहट का पालन करने की स्वतंत्रता मिलती है – हमारी कमियों के बावजूद और हमारी प्रतिभाओं से परे।

सत्र पृष्ठभूमि

कभी–कभी सबसे बड़ी उम्मीदें वही होती हैं जो हम खुद से रखते हैं। शायद ही कभी वे किसी शून्य से आती हैं, अक्सर वे परिवार, समुदाय, संस्कृति या समाज से प्रभावित होते हैं। जब यह टूट जाता है, तो जो व्यक्ति हम पर सबसे ज्यादा सख्त होता है, वह है... हम खुद।

इस्राएल की समस्या तुलना थी। यहाँ तक कि उनके लिए बार–बार परमेश्वर के आने के लंबे इतिहास के साथ, उन्हें गुलामी से बाहर ले जाना, हर युद्ध में उनकी अगुवाई करना, और उन्हें वादा किए गए देश में ले जाना, अभी भी कुछ कमी थी। वे एक राजा चाहते थे।

राज्याधिकार आज की दुनिया की तुलना में प्राचीन दुनिया में कहीं अधिक महत्वपूर्ण थी। एक सम्राट अपने देवताओं के प्रतिनिधि के रूप में कई विशिष्ट और महत्वपूर्ण तरीकों से अपने राष्ट्र का नेतृत्व करेगा। उदाहरण के लिए, मिस्र के फिरौन (राजाओं) से यह अपेक्षा होती थी कि वे अपने शासन के माध्यम से देवत्व और मानवता के बीच की खाई को भरते हुए ब्रह्मांडीय व्यवस्था को अस्तित्व में लाएंगे। प्राचीन राजाओं की भूमिका की एक सामान्य अपेक्षा यह है कि वे अपनी भूमि की रक्षा करें और जहाँ आवश्यक हो, राष्ट्र को युद्ध में अगुवाई करें – कभी–कभी, स्वयं ही हमले का नेतृत्व करें।

इस्राएल ने अपने चारों ओर के राष्ट्रों को देखा और महसूस किया कि उनका अपना कोई राजा नहीं है। भले ही उनका परमेश्वर राजाओं का राजा था, फिर भी वे एक ऐसे सांसारिक मुखिया के लिए लालायित थे जो अन्य राष्ट्रों के राजाओं के साथ कदम से कदम मिला सके। भविष्यद्वक्ता शमूएल के द्वारा उन्होंने परमेश्वर से पूछा कि क्या उनका अपना एक सांसारिक राजा हो सकता है (1 शमूएल 8)।

तुलना अक्सर हमें परमेश्वर को सिंहासन से उतारने की अगुवाई करती है। यह आमतौर पर छोटे रूप में शुरू होता है। यदि हम अनुकूल तुलना करते हैं, तो हम परमेश्वर को हटा देते हैं और हमारा अहंकार और आत्मनिर्भरता उसकी जगह ले लेती है। यदि हम प्रतिकूल रूप से तुलना करते हैं, तो हम यह विश्वास करके परमेश्वर को सिंहासन से उतार देते हैं कि वह इतना शक्तिशाली या इतना प्रेम करने वाला नहीं है कि हमारी कमजोरियों में हमारा उपयोग कर सके। इस्राएल एक ऐसा राजा चाहता था जो परमेश्वर

का पवित्र प्रतिनिधि हो, लेकिन सूक्ष्म रूप से और अनिवार्य रूप से यह मार्ग प्रभु में उनके विश्वास को कम करने और इंसानों पर उनके भरोसे को अत्यधिक निर्भर बनायेगा।

इस्राएल की कहानी में हमें कार्य–प्रदर्शन के बारे में कुछ सिखाती है। अपने प्रेमी और विश्वासयोग्य परमेश्वर में अपनी पहचान स्थापित करने के बजाय, वे दुनिया की नजरों में अपने कामों के माध्यम से अपना मूल्य प्रदर्शित करना चाह रहे थे।

हम किसी भी तरह से अपने कार्य–प्रदर्शन को मापें पर बड़ी आसानी से उसी जाल में फंस सकते हैं:

- सेवकाई का कार्य–प्रदर्शनः हम कितने सफल हैं
- नेतृत्व कार्य–प्रदर्शनः हम कितने सम्मानित हैं
- काम का कार्य–प्रदर्शनः हम कितने व्यस्त हैं
- त्यागपूर्ण कार्य–प्रदर्शनः हम कितने उदार हैं
- आत्मिक कार्य–प्रदर्शनः हम कितने अनुशासित हैं
- नैतिक कार्य–प्रदर्शनः हम कितने पवित्र हैं
- पारिवारिक कार्य–प्रदर्शनः हम कितने संबंधपरक हैं
- बौद्धिक कार्य–प्रदर्शनः हम कितने सुसंस्कृत हैं
- प्रतिभा कार्य–प्रदर्शनः हम कितने कुशल हैं

हमें इन क्षेत्रों में मेहनती होने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखना चाहिए, लेकिन हमें इनमें अपना मूल्य और पहचान नहीं ढूंढना चाहिए। हम परमेश्वर में अपनी पहचान और मूल्य पाते हैं – जो हमें जुनून, अनुग्रह और विनम्रता के साथ जीने और सेवा करने में सक्षम बनाते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। समूह को यह साझा करने के लिए कहें कि वे पिछले सत्र (सत्र तीन – अनुप्रयोग) से अपनी जवाबदेही प्रतिबद्धता के साथ केसे आगे बढ़ रहे हैं।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (40–50 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “जब वे जा रहे थे तो वह एक गाँव में गया, और मार्था नामक एक स्त्री ने उसे अपने घर में उतारा। मरियम नामक उसकी एक बहिन थी। वह प्रभु के चरणों में बैठकर उसका वचन सुनती थी। परन्तु मार्था सेवा करते करते घबरा गई, और उसके पास आकर कहने लगी, हे प्रभु, क्या तुझे कुछ भी चिन्ता नहीं कि मेरी बहिन ने मुझे सेवा करने के लिये अकेली ही छोड़ दिया है? इसलिये उससे कह कि मेरी सहायता करे।”
>
> प्रभु ने उसे उत्तर दिया, “मार्था, हे मार्था; तू बहुत बातों के लिये चिन्ता करती और घबराती है। परन्तु एक बात अवश्य है, और उस उत्तम भाग को मरियम ने चुन लिया है जो उससे छीना न जाएगा।”
>
> **लूका 10:38–42**

मार्था यीशु की सेवा करने की कोशिश में इतनी मशगूल हो जाती है कि वह उनकी उपस्थिति से आशीष प्राप्त करना भूल जाती है। इतना ही नहीं, वह निराश हो जाती है जब वह अपने प्रयासों की तुलना अपनी बहन मरियम से करती है जो ऐसा लगता है कि सारी मेहनत उसके ऊपर छोड़ दी है। इस कहानी में कार्य–प्रदर्शन और तुलना परमेश्वर की उपस्थिति के लिए एक बाधा के रूप में सामने आई है। और फिर भी हमारे सभी प्रयासों और दूसरों के प्रयासों के विरुद्ध मूल्यांकन में, यीशु हमें एक सरल लेकिन गहन चेतावनी प्रदान करता हैः “मेरी उपस्थिति पर्याप्त है।”

हम में से प्रत्येक अपने आप को अपने जीवन के दबावों के तहत संघर्ष करते हुए पा सकता है, खासकर जब एक निश्चित मानक के कार्य–प्रदर्शन की बात आती है। कई लोगों के लिए, कार्य–प्रदर्शन का अर्थ हमारे परिवारों के लिए भोजन परोसना होता है। कार्य–प्रदर्शन एक जरूरत है।

दूसरों के लिए, कार्य–प्रदर्शन का अर्थ आगे बढ़ने और सहयोगी, सहकर्मी या प्रतिद्वंद्वी से अधिक हासिल करना है। कार्य–प्रदर्शन ही सफलता है। कार्य–प्रदर्शन आकांक्षा की उपलब्धि से सम्बन्धित है। कार्य–प्रदर्शन अक्सर अहंकार से सम्बन्धित होता है।

चर्चा करें: आप अपने जीवन में "कार्य–प्रदर्शन" का मूल्यांकन केसे करते हैं? सुसमाचार प्रचार के बारे में क्या?

तुलना आपके चरित्र को बर्बाद करने का एक कारगर तरीका है। अनुकूल रूप से तुलना करेंगे तो आप अपने अहंकार का निर्माण करते हैं और अपनी गर्व को मजबूत बना देते हैं जिसकी वास्तव में आवश्यकता नहीं होती है। प्रतिकूल रूप से तुलना करके आप स्वयं को हतोत्साहित करते हुए अपनी आत्मा को कुचल देते हैं। हमेशा ही एक अधिक करिश्माई उपदेशक, बेहतर पढ़ा–लिखा धर्मशास्त्री, अधिक स्वाभाविक वार्तालाप प्रारंभ करने वाला, प्रतिबद्ध प्रार्थना, आप का बेहतर दिखने वाला संस्करण होगा। तुलना हमेशा नकारात्मक नहीं होती। कभी–कभी यह देखना मददगार हो सकता है कि दूसरे केसे सीख रहे हैं और बढ़ रहे हैं। दूसरों को देखना और उनकी सफलताओं और असफलताओं से सीखना मानवीय अनुभव का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन प्रेरणा और निंदा की भूमिकाओं में सकारात्मक अवलोकन और नकारात्मक तुलना के बीच का अंतर पाया जाता है।

जब हम दूसरों को अच्छा करते देखते हैं, क्या हम अपनी यात्रा को जारी रखने के लिए प्रेरित होते हैं? जब हम दूसरों को संघर्ष करते देखते हैं तो क्या हम उनकी मदद करने के लिए प्रेरित होते हैं जहाँ हम कर सकते हैं? या, जब हम दूसरों को अच्छा करते हुए देखते हैं, क्या हम अच्छा नहीं करने के लिए खुद की निंदा करते हैं? जब हम दूसरों को संघर्ष करते हुए देखते हैं, तो क्या हम उनकी निंदा करते हैं कि वे हमारे जैसे श्अच्छेश नहीं हैं?

यह हमारे हृदयों को नियंत्रण में रखने के लिए एक अच्छा संतुलन हो सकता है, इसलिए यहां छह चीजें हैं जिन्हें हम देख सकते हैं क्योंकि हम प्रभु की सेवा में विश्वासयोग्य बने रहना चाहते हैं और तुलना के कुछ नुकसानों और कार्य–प्रदर्शन के दबाव से बचते हैं।

चर्चा करें: निम्नलिखित बिंदुओं पर बात करें, और यदि इनमें से कोई भी समूह में किसी के लिए एक विशेष समस्या है, तो उन्हें नोट करें और बाद में जवाबदेही के समय में उन पर बात करें, जहां आपको एक दूसरे के लिए प्रार्थना करने का मौका मिलेगा।

निराशा से सावधान रहें

निराशा तुलना के साथ पहली समस्या है। यदि हम अपने आसपास के लोगों से प्रतिकूल रूप से तुलना करते हैं, तो हम शीघ्र ही हतोत्साहित और अप्रभावी हो सकते हैं। हमें प्रतिकूल तुलना को अपनी बुलाहट के आनंद को चुराने नहीं देना चाहिए, और गवाही की प्रभावशीलता को कुंद नहीं करना चाहिए जिसमें परमेश्वर ने हमें विश्वासयोग्य रहने के लिए रखा है। दूसरों की सफलताओं से निराश होने के बजाय, हमें प्रत्येक की सफलता को परमेश्वर के राज्य की जीत के रूप में मनाना चाहिए। हमें अपनी व्यक्तिगत हताशा और सीमितता के लिए विलाप करने के बजाय दूसरों के राज्य की जीत के लिए धन्यवाद देना चाहिए। यदि हम अपने हृदय की ऐसी मुद्रा से प्रभु का सम्मान करते हैं, तो हम एक ऐसे आनंद को पायेगे जो कार्य–प्रदर्शन से बढ़कर है।

प्रोत्साहन से सावधान रहें

प्रोत्साहन की समस्या निराशा की समस्या के साथ–साथ चलती है। हम आमतौर पर प्रोत्साहन को एक समस्या नहीं मानते हैं, लेकिन जब हमें दूसरों की तुलना में अनुकूल तुलना के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है, तो हम सभी आसानी से श्रेष्ठ महसूस करते हैं, हमें सफलता का "घमंड" हो सकता हैं। हमें सावधान रहना चाहिए कि इस विचार में लिप्त होकर कि हम किसी तरह से किसी और से "बेहतर" हैं, हमें अपने अहंकार की मालिश नहीं करनी चाहिए। हमें अपना समय, कौशल, वरदान और संसाधन उन लोगों को देने में उदार होना चाहिए जिनके पास हमारे समान बुलाहट है और जो अपने वरदान में बढ़ रहे हैं।

प्रतिभा से सावधान रहें

तुलना के कारण हम प्रतिभा या वरदानों पर बहुत अधिक जोर देते हैं। जबकि प्रतिभा का उपयोग परमेश्वर की महिमा करने के लिए किया जा सकता है, पर हमें कभी भी इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि अकेले प्रतिभा से सुसमाचार

प्रचार का काम पूरा हो जायेगा। प्रतिभा पर आधारित कार्य–प्रदर्शन शीघ्र ही परमेश्वर की शक्ति को कम करने की कोशिश कर सकता है। इतना ही नहीं, बल्कि अक्सर प्रचार या संवाद की प्रतिभा रखने वालों को सुसमाचार प्रचार के लिए सोने के मानक के रूप में चर्चित किया जाता है। लेकिन परमेश्वर कौशल की तुलना में चरित्र की अधिक चिंता करता है। आपके पास उप्लब्ध प्रत्येक प्रतिभा के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करें जो उसकी महिमा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन उसे स्वर्गीय बुद्धि और अनुग्रह की भरपूर आशीष देने के लिए कहें ताकि आप उसके वरदानों के विश्वासयोग्य भण्डारी बन सकें।

झूठी विनम्रता से सावधान रहें

सुसमाचार प्रचार में विनम्रता आवश्यक है, परन्तु झूठी विनम्रता विषैली हो सकती है। जैसा कि हम खुद की तुलना दूसरों से करते हैं और अपने कार्य–प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हैं, अभिपुष्टि की आवश्यकता पैदा करते हुए विनम्रता को प्रदर्शित करना बहुत आसान हो सकता है। अपने आप से यह प्रश्न पूछें: आप सफलता के जवाब में विनम्रता केसे प्रदर्शित करते हैं? इसका मूल्यांकन करने का एक तरीका यह विचार करना हो सकता है कि तारीफ मिलने पर आप केसे प्रतिक्रिया देते हैं। क्या आप खारिज करते हैं और खुद को छोटा दिखाते हैं, या धन्यवाद कहते हैं और इसे उपासना में परमेश्वर को समर्पित करते हैं? बर्खास्तगी को एक विनम्र प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन सच्ची विनम्रता खारिज नहीं करती है, सच्ची विनम्रता कृपापूर्वक स्वीकार करती है और प्रेम से परमेश्वर की ओर पुनर्निर्देशित करती है।

परिणामों से सावधान रहें

आप प्रचारकार्य की सफलता का मूल्यांकन केसे करते हैं? यदि आप एक पूर्णकालिक प्रचारक हैं तो आप अपनी बुलाहट को उचित ठहराने के लिए "परिणाम" (अर्थात् प्रतिक्रियाओं की संख्या) प्राप्त करने का दबाव भी महसूस करते होंगे। यदि आप सुसमाचार प्रचार में सफलता को संख्याओं से मापते हैं, तो आप किसी ऐसी चीज का श्रेय लेने के खतरे में हैं जिसके लिए आपको श्रेय लेने का कोई अधिकार नहीं है। केवल परमेश्वर के पास ही मुक्ति की शक्ति है। हमारी बुलाहट या सेवकाई को मान्य करने का प्रलोभन हमें जकड़ सकता है और हम "डींगमार–प्रचारक" कहलाए जाएंगे जब हम प्रतिक्रिया के फल का रिपोर्ट खुद से यह कहते हुए करेंगे: "ठीक है, भले ही दस ने अपने हाथ उठाए, लेकिन एक दर्जन अधिक (शास्त्र के अनुसार) आत्मिक लगता" मुझे यकीन है कि कुछ ऐसे थे जिन्होंने अपने दिल से जवाब दिया है..." हमें धोखे का यह खेल नहीं खेलना चाहिए। परमेश्वर को यह नहीं चाहिए कि हम उसकी महानता को साबित करने के लिए संख्याओं को अधिक प्रभावशाली बनायें। और क्या ये संख्याएँ हमारी नहीं बल्कि उसकी महानता के चिह्न के रूप में रिपोर्ट की जा रही थीं? सुसमाचार प्रचार में सफलता लोगों को मसीह के लिए जीतने पर आधारित नहीं है, बल्कि उसे हमारे चारों ओर की दुनिया में प्रकट करने के कार्य के प्रति विश्वासयोग्य होने पर आधारित है। बाकी सब परमेश्वर संभाल लेगा।

लोगों को खुश करनेवालों से सावधान रहें

कभी–कभी हमारा कार्य–प्रदर्शन परमेश्वर के बजाय लोगों को खुश करने की इच्छा पर आधारित हो सकता है, लेकिन हम अपने स्वर्गीय पिता को छोड़कर किसी और की खुशी के लिए दुनिया को अपनी गवाही देने के लिए बाध्य नहीं हैं। 100 मीटर धावक और मसीही मिशनरी एरिक लिडेल ने 1924 के पेरिस ओलंपिक में 400 मीटर का स्वर्ण पदक जीता क्योंकि रविवार की प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए अपने सामान्य अनुशासन (दौड़) के बजाय उसने उस कार्यक्रम में दौड़ना चुना जो रविवार को नहीं था। परमेश्वर उनके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण था, और वह अपने मसीही सिद्धांतों पर कायम रहने के लिए ओलंपिक स्वर्ण में एक मौके का त्याग करने के लिए तैयार थे। दौड़ना उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, लेकिन उनकी या किसी और की खुशी के कारण नहीं। उन्होंने कहा, "जब मैं दौड़ता हूं, तो मुझे परमेश्वर की खुशी महसूस होती है।" हमें प्रभु के आनंद से कम किसी भी चीज के लिए तैयार नहीं होना चाहिए – यह हमारे स्वयं के सुखों और जुनून को स्वर्ग के इस तरफ हमारी उपासना को केवल गतिविधी के रूप में सीमित करने के बजाय इत्ना बड़ाएगा जो अनंत काल तक गूंजता रहेगा।

मसीह के समान होने में हमारा लक्ष्य उसके साथ अपनी तुलना करना नहीं है, बल्कि ऐसा करते हुए उसमें बने रहना, उसे प्रकट करना है (यूहन्ना 15:5–8)। "यह उसकी उपस्थिति से सम्बन्धित है – दिन–ब–दिन उसके चरणों में बैठना और कहना, श्प्रभु, आप काफी हैं।" लेकिन जब हम उपस्थिति के साथ सेवा करते हैं तो हम अपने भीतर परमेश्वर के लिए जुनून पाते हैं, हम उसके प्रति अधिक

जोशीले हो जाते हैं, और हम संसार में जुनून से सेवा कर सकते हैं।

यीशु हमेशा महान रहेगा, लेकिन हमारे भीतर उसकी आत्मा के कार्यों के द्वारा हम उसकी महानता को ठीक से प्रकट कर सकते हैं क्योंकि हम अपने स्वयं के सामर्थ्य में उसकी तुलना प्रतिकूल रूप से करते हैं। अपने अनुग्रह और सामर्थ्य के द्वारा, वह हमारे परिवर्तित परंतु निर्माणाधीन जीवनों के माध्यम से अपनी पूर्ण उपस्थिति को प्रकट करता है।

चर्चा (20 मिनट)

1. आप अपनी सेवकाई की सफलता का मूल्यांकन केसे करते हैं?
2. आपको एक निश्चित स्तर पर “कार्य–प्रदर्शन” करने की आवश्यकता कब महसूस हो सकती है?
3. आप अपनी तुलना किससे करते हैं और क्यों?
4. आप खुद को ”निंदा” से केसे बचायेंगे और इसके बजाय स्वयं को केसे “प्रेरणा” देंगे?

जवाबदेही (20 मिनट)

शिक्षण अनुभाग से कमजोरियों के छह क्षेत्रों में से कुछ को देखें और जोड़ियों या तीन में एक साथ चर्चा करके इनमें से किसी भी क्षेत्र में अपने स्वयं के संघर्षों पर ईमानदारी से विचार करें।

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

प्रार्थना

“पिता परमेश्वर, हमें अपने आप को देखने में मदद करें जैसा कि आप हमें देखते हैं और यह जानने में भी कि हमारी पहचान हमारे नाम की प्रसिद्धि, हमारी उपलब्धियों, कितने लाइक मिले और कितने लोग फॉलो करते हैं, या हमारी सांसारिक सफलता पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर है कि हम आपके बच्चे हैं। क्या यह पहचान दुनिया के लिए एक आशीष होगी क्योंकि यह आपको एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रकट करती है जिसे लोगों को जानना चाहिए। आप में आनंदित होने और सभी चीजों से ऊपर आपकी उपस्थिति की कामना करने में हमारी सहायता करें। धन्यवाद कि हम जैसे हैं वैसे ही आप हमें पूरी तरह से प्रेम करते हैं और आप हमें सिद्ध रूप से इतना प्रेम करते हैं कि हमें वह बनने में मदद कर सकें जो आप हमें बनाना चाहते है। आमीन।”

अनुप्रयोग (5 मिनट)

आने वाले सप्ताहों में, प्रत्येक दिन निम्न पदों में से किसी एक पर मनन करें और स्वयं को याद दिलाएं कि परमेश्वर क्या कहता है कि आप कौन हैं। उसकी पहचान में खुद को स्थिर करें। आप अपनी पहचान के बारे में जो कुछ भी खोजते हैं उसे हर दिन किसी के साथ साझा करें, यहां तक कि इसे उस पहचान की गवाही देने के अवसर के रूप में उपयोग करें जिसे वे भी परमेश्वर के साथ संबंध में जान सकें।

- उत्पत्ति 1:27
- रोमियों 8:37
- 1 कुरिन्थियों 3:16
- 2 कुरिन्थियों 5:17
- इफिसियों 2:10
- 1 पतरस 2:9
- 1 यूहन्ना 3:1–2

ना भूलें...

सोशल मीडिया तुलना के लिए एक खतरे का क्षेत्र हो सकता है, लेकिन यह प्रेरणा के लिए और मुख्य बात पर हमारी नजर रखने के लिए सहायक भी हो सकता है। एडवांस ग्रुप के सोशल मीडिया पेज ठीक यही करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हमें इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फॉलो करें:

advancegroups

advancegroups.org

या फिर नीचे दिए गए क्यू.आर. कोड (QR codes) स्कॅन करें

टिप्पणियाँ

सत्र पाँच

संदेश में फल – भलाई और शांति

इस सत्र में हम भलाई और शांति के फल को समझेंगे और यह सुसमाचार–संदेश के बिल्कुल केन्द्र में कैसे बैठता है इसे जानेंगे।

सत्र एक वाक्य में

सुसमाचार के केंद्र में परमेश्वर की सिद्ध भलाई का सत्य है जो पूर्ण शांति की ओर ले जाता है – एक अराजक, चिंतित और पीड़ित दुनिया में आशा लाता है।

सत्र पृष्ठभूमि

मनोरंजन उद्योग में पुरस्कार समारोह आम बात है। फिल्म, टेलीविजन और संगीत की दुनिया हर साल अपने संबंधित उद्योगों के भीतर सबसे उज्ज्वल और सर्वश्रेष्ठ को उजागर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की एक श्रृंखला की मेजबानी करती है। अपने संगी कलाकार साथियों से मान्यता, सत्यापन और स्वीकृति प्राप्त करना शायद एक विशेष भावना होगी।

स्वीकृति भाषण एक नाजुक कला है। इसे सही रीति से शुरु करें तो आप मजाकिया, विनम्र और ईमानदार माने जाते हैं। यह गलत होने पर आप अपने पीछे अहंकार, घमंड और अयोग्यता का खट्टा स्वाद छोड़ सकते हैं। सबसे हास्यास्पद ऑस्कर स्वीकृति भाषणों में से एक अभिनेत्री सैली फील्ड्स का था जब उन्होंने 1985 में अपना दूसरा अकादमी पुरस्कार जीता:

"मैंने कभी कोई रूढ़िवादी काम नहीं किया और मैं किसी भी चीज से ज्यादा यह चाहती हूँ कि आपका सम्मान मिले। पहली बार मैंने इसे महसूस नहीं किया लेकिन इस बार मैं इसे महसूस करती हूं और मैं इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती कि आप मुझे पसंद करते हैं, और अभी, इस समय भी मैं आपको पसंद हूँ!"

सैली फील्ड्स के स्वीकृति भाषण का उपहास उड़ाया गया क्योंकि वह यह स्वीकार करने में बहुत खुले विचार की थी कि वह जो चाहती थी वही उसके साथियों की भी स्वीकृति थी। वह जरूरतमंद लगी। असल में, फील्ड्स ईमानदारी से व्यक्त कर रही थी कि ज्यादातर लोग क्या सोच रहे हैं और अनुभव कर रहे हैं – पसंद और स्वीकार किए जाने की जरूरत। यदि हम "काफी अच्छे" हों तो हमें स्वीकार किया जाएगा, और यदि हमें स्वीकार किया जाता है, तो हम शांति पाते हैं।

स्वीकृति की हमारी इच्छा पहचान की हमारी खोज में लिपटी हुई है, और सभी मानवीय प्रश्नों में सबसे मौलिक है: "मैं कौन हूं?"

आपको क्या लगता है कि स्वर्ग का पुरस्कार समारोह केसा होगा? शायद सबसे धर्मी, सबसे दयालु, सबसे विनम्र और सबसे प्रेम करने वाले के लिए पुरस्कार होंगे ... किसी भी श्रेणी में नामांकन को सुरक्षित करने के लिए आपको संभवतः एक संत का जीवन जीने की आवश्यकता होगी, या, इसकी अधिक संभावना है कि, यीशु हर साल ईनाम जीत ले जायें। और फिर भी, आश्चर्यजनक वास्तविकता यह है कि परमेश्वर पहले ही एक प्रकार का पुरस्कार समारोह आयोजित कर चुका है। एक परम पुरस्कार उपलब्ध था,

और परिणाम की घोषणा एक बड़े आश्चर्य के रूप में हुई। हम सब जीत गए।

> "परन्तु परमेश्वर ने जो दया का धनी है, अपने उस बड़े प्रेम के कारण जिस से उसने हम से प्रेम किया, जब हम अपराधों के कारण मरे हुए थे तो हमें मसीह के साथ जिलाया (अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है), और मसीह यीशु में उसके साथ उठाया, और स्वर्गीय स्थानों में उसके साथ बैठाया कि वह अपनी उस कृपा से जो मसीह यीशु में हम पर है, आनेवाले समयों में अपने अनुग्रह का असीम धन दिखाए।"
>
> **इफिसियों 2:4–7**

यीशु हमारा पुरस्कार है और उसके माध्यम से हम परमेश्वर के प्रेम द्वारा हमेशा के लिए स्वीकार किए गए हैं। हमें हमेशा के लिए उसकी शांति में रखा जाता है। यह एक ऐसा पुरस्कार है जो हमें "अच्छे" होने के लिए नहीं मिला। यह पुरस्कार हमें सिर्फ इसलिए दिया गया है क्योंकि हम अपनी मानवीय शक्ति या प्रयास में पर्याप्त रूप से अच्छे नहीं हो सकते।

> "क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है; और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन् परमेश्वर का दान है, और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे।"
>
> **इफिसियों 2:8–9**

यीशु का सुसमाचार अपने साथ शांति, आत्मविश्वास और सुरक्षा लाता है कि हम उसके द्वारा स्वीकार किए गए हैं और उसके अनुग्रह से हम एक संपूर्ण जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। हम अब उस दुनिया में समाधान का हिस्सा बन सकते हैं जहां कभी हम समस्या का हिस्सा थे।

यीशु की उपस्थिति एक पुरस्कार है जो हमारी अच्छाई को नहीं, बल्कि परमेश्वर की भलाई को प्रकट करता है। यह एक ऐसा पुरस्कार है जो उस मानवता के लिए ईश्वरीय शांति को पुनर्स्थापित करता है जिसने एक बार परमेश्वर के साथ युद्ध करना चुना था।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पूछें कि समूह ने प्रत्येक दिन पहचान वचनों को पढ़ने की प्रक्रिया को केसे पाया (सत्र चार – अनुप्रयोग)। क्या यह प्रोत्साहित करने वाला था? दूसरों के साथ अपनी स्वयं की पहचान की खोज को साझा करते समय क्या यह प्रत्यक्ष रूप से किसी भी सुसमाचार वार्तालाप की ओर इशारा करता है?

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (35–45 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "कोई अच्छा पेड़ नहीं जो निकम्मा फल लाए, और न तो कोई निकम्मा पेड़ है जो अच्छा फल लाए। हर एक पेड़ अपने फल से पहचाना जाता है; मत्ती 12:33 क्योंकि लोग झाड़ियों से अंजीर नहीं तोड़ते और न झड़बेरी से अंगूर। भला मनुष्य अपने मन के भले भण्डार से भली बातें निकालता है, और बुरा मनुष्य अपने मन के बुरे भण्डार से बुरी बातें निकालता है; क्योंकि जो मन में भरा है वही उसके मुँह पर आता है।"
>
> **लूका 6:43–45**

हमारा जीवन चिंता के लिए बहुत सारे अवसर प्रस्तुत करता है। हर दिन, समाचार पत्र हमें चिंता करने के लिए कुछ ना कुछ पेश करते हैं। दुनिया एक अस्थिर जगह है। नौकरियां आती हैं और अर्थव्यवस्था के उतार–चढ़ाव के साथ चली जाती हैं, सरकारें बनती हैं और गिरती हैं, एक बार खूबसूरत रिश्ते बासी हो जाते हैं या टूट जाते हैं, और दुनिया के सबसे अच्छे डॉक्टर भी आपको मौत की अनिवार्यता से नहीं बचा सकते हैं।

एक अस्थायी और अराजक दुनिया में, हमें अप्रत्याशित और अनियमित प्रतीत होने वाले अस्तित्व में शांति खोजने के साथ, क्षणिक और अस्थिर चीजों के भीतर आशा खोजने की असंभव समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

लेकिन संसार को ऐसा नहीं होना चाहिए था। संसार को इसके निर्माता की तरह दिखना चाहिए, जैसे कि जब परमेश्वर ने अपना निर्माण कार्य पूरा किया और इसे “बहुत अच्छा” घोषित किया।

पिछले सप्ताह में आपने कितनी बार परमेश्वर को अच्छा कहते हुए सुना है? हम इसे नियमित रूप से अपनी प्रार्थनाओं में, अपने आराधना गीतों में, अपने समाज में और दूसरों के प्रति अपने स्वीकृति में कहते हैं। बाइबल नियमित रूप से और लगातार इस विचार को प्रस्तुत करती है कि परमेश्वर उसकी पहचान और वास्तविकता के मूल की तरह अच्छा है। भलाई ईश्वर का गुण नहीं है, वह स्वयं ही भलाई है।

परमेश्वर के बिना, वस्तुनिष्ठ नैतिक मूल्यों का अस्तित्व नहीं हो सकता। एक निरंकुश कानून बनानेवाला के बिना यह कहे कि हत्या करना हमेशा गलत होता है, हम यह दावा कर सकते हैं कि कुछ मौकों पर यह ठीक हो सकता है। क्योंकि परमेश्वर ब्रह्मांड का राजा है, वह अपने चरित्र के आधार पर ढांचा तैयार करता है। जब वह कुछ “अच्छा” घोषित करता है, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वह अच्छा है। जब वह कहता है कि कुछ बुरा है, तो यह बुरा है क्योंकि यह उसकी पूर्ण अच्छाई के विपरीत है।

कभी–कभी लोग इस बात को गलत समझ लेते हैं और यह मान लेते हैं कि जो लोग परमेश्वर का अनुसरण नहीं करते वे किसी भी तरह से अच्छे नहीं हो सकते। ऐसा नहीं है – हम सब परमेश्वर के स्वरूप में बने हैं जो अच्छा है। मुद्दा यह है कि अच्छाई तभी समझ में आती है जब परमेश्वर वास्तविक हो। यदि वह नहीं है, तो सही और गलत के सभी विचार व्यक्तिपरक हैं – माहौल ले अनुसार हम इसे बनाते जाते हैं।

लेकिन हम अपनी मन और अपने दिल में जानते हैं कि ऐसा नहीं है – हमें लगता है कि हमारी नैतिकता के लिए एक वस्तुनिष्ठ मानक है। इतना ही नहीं, बल्कि परमेश्वर के बिना हमारे अच्छे या बुरे के विचारों का कोई औचित्य नहीं है। मैं जो करता हूँ वह अच्छा है या बुरा? क्या वे मुझे अच्छा या बुरा इंसान बनाते हैं? कौन तय करता है कि कौन सा सही या गलत है?

नैतिक दर्शन के इस अंतहीन चक्र से बचने का एक ही तरीका हैः परमेश्वर को उसके (अच्छे) शब्द पर स्वीकार करना।

यहां तक कि जो लोग भरोसा करना चाहते हैं और मानते हैं कि परमेश्वर भला है, वे परमेश्वर की अच्छाई के विचार से संघर्ष कर सकते हैं जो कि सृष्टि में देखे जाने वाले कष्टों और बुराइयों के साथ हैं। अगर परमेश्वर इतना भला हैं, तो दुख क्यों है? यदि परमेश्वर शांति है तो अव्यवस्था क्यों है? यह एक शक्तिशाली और गहरा महत्वपूर्ण प्रश्न है क्योंकि यह मानवता के कुछ समान अनुभवों में से एक के जवाब में पूछा जाता हैः हम सभी दर्द का अनुभव करते हैं। हम सब पीड़ित हैं।

पीड़ा के प्रश्न तक पहुँचने के लिए कई सहायक तरीके हैं, लेकिन यहाँ पर विचार करने के लिए चार बिंदु हैंः

1. दुनिया को दुःख झेलने के लिए नहीं रचा था

जब परमेश्वर ने दुनिया बनाई तो उसने इसे देखा और कहा कि यह अच्छा है। उसकी सिद्धता के विरुद्ध हमारे विद्रोह के द्वारा हमने परमेश्वर की सृष्टि की शांति में अराजकता ला दी है। दुख दुनिया में आया। इतना अधिक दर्द इस कारण होता है क्योंकि हम कभी भी पीड़ित होने के लिए नहीं बनाया गया था।

जो लोग विश्वास नहीं करते हैं, उनके लिए पीड़ा का प्रश्न हल करना और भी कठिन समस्या है क्योंकि पीड़ा को गलत या बुरा मानने का कोई वस्तुनिष्ठ कारण नहीं है (केवल यह बुरा लगता है)। एक अनियमित ब्रह्मांड में, अनियमित प्रक्रियाओं की अनिवार्य वास्तविकता दुख है। एक निर्मित ब्रह्मांड में, निर्माता की पूर्णता के खिलाफ विद्रोह की अनिवार्य वास्तविकता पीड़ा है। एक बेतरतीब ब्रह्मांड में कोई वास्तविक आशा नहीं है, भले ही हम पीड़ित हों। सृजित ब्रह्माण्ड में, भले ही हम कष्ट उठाते हैं, एक पूर्ण आशा है।

2. यीशु के कारण आशा है

परमेश्वर हमसे प्रेम करता है और हमारे कष्टों की परवाह करता है। परमेश्वर हमें दुखों में नहीं छोड़ता, बल्कि स्वयं दुखी होना चुनकर हमारे दुखों में हमारे साथ होता है। यह वह परमेश्वर है जो क्रूस पर यीशु के बचाने वाले कार्य के माध्यम से हमारे कष्टों को समझता है। हमें पाप (विद्रोह) और मृत्यु से बचाया गया है और अब हम सच्चे जीवन को पा सकते हैं और हमारे पास वर्तमान और भविष्य की आशा

है जो हमें सबसे बड़ी पीड़ाओं का सामना करने में भी दृढ़ रहने में मदद करती है। यीशु के अनुयायी होने का मतलब यह नहीं है कि आप कष्ट उठाना बंद कर दें – वास्तव में, यीशु कहता है कि उसके अनुयायियों को उसका अनुसरण करने के लिए और भी अधिक पीड़ा का अनुभव हो सकता है (यूहन्ना 16:33)। यीशु के अनुयायी होने का अर्थ है कि हम अपने कष्टों में अकेले नहीं हैं। वह हमारे साथ है, और हमारी पीड़ा व्यर्थ नहीं है, न ही यह हमें लज्जित करेगी।

3. हम संसार के दुखों का समाधान हो सकते हैं

परमेश्वर अपने लोगों को संसार में अपनी ज्योति होने के लिए बुला रहा है, जहाँ निराशा है वहाँ आशा प्रकट करने के लिए। क्रूस के माध्यम से हमें पीड़ा का समाधान देने के बाद, वह हमें उस समाधान को दुनिया को प्रस्तुत करने के लिए कहता हैं। हमें पृथ्वी पर परमेश्वर के हाथ और पैर बनना है, और उस दिन तक भलाई करते रहना है जब तक कि वह इस दुनिया को उस पूर्ण अवस्था में पुनर्स्थापित नहीं कर देता जिसमें उसने इसे मूल रूप से बनाया था। पवित्र आत्मा द्वारा सामर्थी होकर हम आराम, चंगाई और आशा ला सकते हैं

4. एक दिन सब ठीक हो जाएगा

जिस दिन यीशु वापस आएगा उस दिन परमेश्वर का सिद्ध न्याय बहाल हो जाएगा और सब कुछ हमेशा के लिए ठीक हो जाएगा। बाइबल हमें बताती है कि अब कोई दुःख या दर्द नहीं होगा, और हमारी आँखों से हर आँसू पोंछ दिया जाएगा। हम परमेश्वर की शांति की सिद्धता में और अनंतकाल तक उसकी उपस्थिति में रहेंगे।

> **चर्चा करें:** इन चार बिंदुओं से आपको आपकी अपनी पीड़ा के बारे में क्या समझ में आता है? आप किसी ऐसे व्यक्ति की मदद केसे कर सकते हैं जो अभी तक यीशु को नहीं जानता है ताकि वह अपनी यात्रा स्वयं तय कर सके?

संसार की अराजकता में सुसमाचार हमें शांति देता है। पौलुस हमें सुसमाचार को जूते के रूप में पहनने के लिए कहता है जो हमें दुनिया में शांति से सुशोभित व्यक्ति के रूप में ले जा सकता है:

> "सुसमाचार से मिलने वाली शांति को जूते के रूप में पहन लो, ताकि तुम पूरी तरह से तैयार हो जाओ।"
>
> **इफिसियों 6:15**

शांति केवल एक भावनात्मक स्थिति नहीं है। यह एक आत्मिक गुण है जो परमेश्वर चाहता है कि हम उसके सुसमाचार की सामर्थ्य के द्वारा उसे धारण करें। यह फल है जो एक ऐसे जीवन से बहता है जो जीवन की सबसे अराजक और भ्रमित करने वाली परिस्थितियों में भी परमेश्वर पर भरोसा करता है।

एक बार जब हम समझ जाते हैं कि हम यीशु के बचाने वाले कार्य के माध्यम से शांति पा सकते हैं, तो उसकी आत्मा हमें दुनिया में जाने और नए आत्मविश्वास और अधिकार के साथ जीने में सक्षम बनाती है। यीशु कहता है कि स्वर्ग और पृथ्वी पर सारा अधिकार उसे दिया गया है, और वह हमें इस अधिकार में और अपनी आत्मा की सामर्थ्य में चेला बनाने के लिए दुनिया में भेजता है (मत्ती 28:16–20; प्रेरितों के काम 1:8). जब हम शांति का वस्त्र धारण करते हैं, तो हम संसार के अंधकार के लिए तैयार हो जाते हैं। यह हमारे ऊपर चाहे जैसी अस्थिरता लाए, हम विश्वास के साथ यीशु की सामर्थ्य में जी सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि सब कुछ तुरंत आसान हो जाता है, लेकिन इसका मतलब यह है कि हम आत्मविश्वास और आशा के साथ जीवन की परीक्षाओं, चुनौतियों और गड़बड़ी का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं।

हम अन्याय से निपटने के लिए भी बेहतर ढंग से तैयार होंगे। दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं जो परमेश्वर को नहीं जानते हैं और फिर भी अन्याय पर दुःख की गहरी भावना रखते हैं, यहाँ तक कि इन चीजों के खिलाफ लड़ने के लिए अपना समय और संसाधन तक समर्पित करने जा रहे हैं। हम इन लोगों को उनके न्याय के प्रयासों के लिए सराह सकते हैं और हम उनके साथ भागीदार हो सकते हैं और उस अन्याय के प्रति अपनी आपत्ति में एकजुट हो सकते हैं जो, हम देखते हैं कि, सबसे अधिक परमेश्वर को नाराज करने वाला है। लेकिन सुसमाचार की अच्छाई के द्वारा, हम यह भी प्रकट कर सकते हैं कि इसमें हमारी अपनी धार्मिकता से भी महान धार्मिकता है। इस दुनिया में शक्ति के दुरुपयोग करने वालों से भी बड़ी शक्ति। अन्याय की निराशा से भी बड़ी आशा। सच्चा न्याय परमेश्वर के अधिकार में है।

> **चर्चा करें:** सुसमाचार के केंद्र में अच्छाई और शांति हमारे चारों ओर दिखाई देनेवाले अन्याय का जवाब देने में हमारी मदद केसे करती है?

जैसे–जैसे हम अन्याय के खिलाफ कार्य करना और बोलना शुरू करते हैं, वैसे–वैसे हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। जब हम परमेश्वर की अच्छाई को प्रकट करते हैं, तो हम दूसरों को उसके सच्चे न्याय और सच्ची शांति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

चर्चा (20 मिनट)

1. हम केसे जानेंगे कि परमेश्वर भला है?
2. हम अपने जीवन में परमेश्वर की भलाई को केसे विकसित कर सकते हैं?
3. जब सुसमाचार प्रचार की बात आती है तो शांति का राजदूत होने का क्या अर्थ है?
4. सुसमाचार प्रचार और सामाजिक न्याय एक साथ केसे काम करते हैं?

> "अपने पापी स्वभाव को अपने मन पर नियंत्रण करने देना मृत्यु की ओर ले जाता है। परन्तु आत्मा को अपने मन पर नियंत्रण करने देना जीवन और शांति की ओर ले जाता है।"
>
> **रोमियों 8:6**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

आने वाले हफ्तों में किसी की जरूरत का जवाब बनें। प्रेम, दया और सेवा के साथ उपस्थित होकर किसी के संघर्ष और पीड़ा में परमेश्वर की अच्छाई को प्रकट करें। यहां तक कि प्रेम का सबसे छोटा कार्य किसी ऐसे व्यक्ति के जीवन में बड़ा प्रभाव डाल सकता है जो कठिनाई का सामना कर रहा हो। यह कुछ ऐसा दिखाई दे सकता है:

- बीमारी या अक्षमता के साथ घर में बंधे किसी व्यक्ति के लिए रोज का काम करना।
- अपने समुदाय के एक बुजुर्ग व्यक्ति से मिलना जो संबंधपरक बातचीत के लिए तरसता है।
- प्रतिक्रिया के रूप में "सलाह" दिये बिना किसी संघर्ष कर रहे व्यक्ति की बात सुनना।
- प्रचार के विचार से जूझ रहे किसी व्यक्ति के साथ अपने एडवांस अनुभव को साझा करना (या यहां तक कि एक नया समूह शुरू करना जिसमें वे शामिल हो सकें)।
- किसी के साथ प्रार्थना करना या बाइबल पढ़ना।
- सोशल मीडिया पर किसी को सार्वजनिक प्रोत्साहन देना।
- किसी को उपहार देकर आशीषित करना।
- किसी के लिए खाना बनाना।

प्रार्थना

"पिता परमेश्वर, तू भला है। मुझे खेद है, प्रभु, कि मैं हमेशा ऐसे तरीके से जीवन नहीं जीता जो दूसरों को आपकी भलाई दिखाता हो। मुझे एक शुद्ध ह्रदय बनाए रखने और समझदार बनने में मदद कर कि मैं अपने दिल, दिमाग और आत्मा को केसे प्रोत्साहन दूँ। धन्यवाद कि मैं जैसा हूं आप मुझे वैसे ही प्रेम करते हैं, और उसके कारण मैं सच्ची शांति जान पाया हूं। मुझे न्याय के लिए खड़े होने का विश्वास और ज्ञान दें, और ऐसा करने में, अपनी किसी भलाई को प्रकट करें ताकि दुनिया इसके द्वारा बदल सके। यीशु के नाम में, आमीन।"

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस वेबसाइट में साप्ताहिक ब्लॉग और लेख हैं जो सुसमाचार प्रचार के क्षेत्रों और दुनिया की वास्तविकताओं के बारे में लिखे गए हैं — उन्हें advancegroups-org/blog पर देखें।

टिप्पणियाँ

सत्र छह:
दुनिया से चुनौती – भय और सताव

यह सत्र इस बात पर विचार करता है कि हम दुनिया में सामने आने वाली चुनौतियों के समक्ष केसे दृढ़ रह सकते हैं – विशेष रूप से मनुष्य का डर जो हमें जकड़ सकता है और कुंद कर सकता है, और उत्पीड़न जो कई रूप ले सकता है और पीड़ा और निराशा का कारण बन सकता है।

सत्र एक वाक्य में

प्रत्येक मसीही को अपने विश्वास के खिलाफ उत्पीड़न और विरोध का सामना करना पड़ेगा, और बाइबल स्पष्ट निर्देश देती है कि केसे हर परीक्षण में दृढ़ रहना है – उत्पीड़न को तुच्छ नहीं बनाना, बल्कि इसे स्वीकार करना और व्यावहारिक रूप से इसके प्रति हमारी प्रतिक्रिया के माध्यम से सामना करना।

सत्र पृष्ठभूमि

यह अनुमान लगाया गया है कि इतिहास के किसी भी समय की तुलना में आज दुनिया भर में मसीही शहीदों की संख्या अधिक है। ओपन डोर्स नामक मसीही उत्पीड़न वकालत संगठन सुझाव देते हैं कि दुनिया भर में कम से कम दस मसीहीयों में से एक को उसके विश्वास के लिए गंभीर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। अभी, इस वक्त भी संसार में कहीं न कहीं, यीशु का एक अनुयायी कारावास, यातना, या मृत्यु की स्थिति तक पीड़ित किया गया है।

उत्पीड़न कई प्रकार के रूप ले सकता है। संक्षेप में, उत्पीड़न आपके विश्वास के कारण दूसरे द्वारा क्रूर या शत्रुतापूर्ण व्यवहार का अनुभव है। कई मसीहियों के लिए उत्पीड़न का अनुभव सीमित है, शायद कार्यस्थल की बदमाशी या अप्रिय सामाजिक बातचीत के रूप में है क्योंकि लोग आपके मसीही धर्म पर नकारात्मक प्रतिक्रिया करते हैं। यह कितना भी निराशाजनक और परेशान करने वाला क्यों न हो, हमें हमेशा इस तथ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए कि दुनिया भर में ऐसे कई मसीही हैं जिनका उत्पीड़न का अनुभव कहीं अधिक गंभीर है। हमारे विश्वास के प्रति कोई भी शत्रुता चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन हमें सावधान रहना चाहिए कि जब हम वास्तव में मसीह में विजयी हैं तो मसीहीयों के रूप में शिकार न बनें।

यीशु स्पष्ट करता है कि जो उसके पीछे चलेंगे उन्हें सताव का सामना करना पड़ेगा (यूहन्ना 15:19–20)। यह कई मसीहियों के लिए एक विदेशी अवधारणा हो सकती है जो अपने विश्वास को यथासंभव आरामदायक बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन दुनिया में रहने वाले सच्चे विश्वास को हमेशा ऐसे विरोधी मिलेंगे जो सुसमाचार की आक्रामक प्रकृति और इसके अद्वितीय और सर्वोच्च दावों के खिलाफ एकजुट होते हैं।

रोम में मुकदमा और शहादत का सामना करते हुए, एंटिओक के बिशप इग्नेशियस ने उत्पीड़न का सामना कर रहे मसीहियों को निम्नलिखित पत्र लिखा:

> “बाकी मनुष्यों के लिये भी निरन्तर प्रार्थना करो, कि वे भी परमेश्वर को पाएं, क्योंकि उन में मन फिराव की आशा है। इसलिए उन्हें अपने द्वारा निर्देश दिए जाने

की अनुमति दें कम से कम अपने कर्मों के द्वारा। उनके क्रोध के जवाब में कोमल बनो; उनकी डींगों के जवाब में, विनम्र बनो; उनकी बदनामी के जवाब में, प्रार्थना करोय उनकी त्रुटियों के प्रत्युत्तर में, विश्वास में स्थिर रहो; उनकी क्रूरता के जवाब में सभ्य बनो; उनकी नकल करने के लिए उत्सुक मत बनो। आइए हम अपनी सहनशीलता से दिखाएं कि हम उनके भाई–बहन हैं, और आओ हम प्रभु के समान बनने के लिए उत्सुक हों।"

क्या आप उस विपरीत आत्मा को देखते हैं जिसमें इग्नेशियस अपने साथी विश्वासियों को रहने के लिए आमंत्रित कर रहा है?

जब हम क्रोध का सामना करते हैं, तो कोमल बनें

जब हम घमण्ड का सामना करते हैं, विनम्र बनें

जब हम बदनामी का सामना करते हैं, तो प्रार्थना करें

जब हम त्रुटियों का सामना करते हैं, तो विश्वास में स्थिर रहें

जब हम क्रूरता का सामना करते हैं, तो सभ्य बनें

इस तरह प्रतिक्रिया करने का अर्थ है अपने भय पर विजय प्राप्त करनाः दर्द और पीड़ा का भय, शर्म और अपमान का भय, अन्याय और हार का भय, हानि और मृत्यु का भय – मनुष्य का भय।

इग्नेशियस विश्वासियों से आग्रह करता है कि वे उपहास, तिरस्कार, क्रूरता और उत्पीड़न के जवाब में भय के बजाय सहनशीलता दिखाएं क्योंकि हम मसीह के प्रति वफादार हैं। शब्दकोश सहनशीलता को "धैर्यवान आत्म–संयम" या संयम और सब्र के रूप में परिभाषित करता है। जब यीशु में हमारे विश्वास के परिणामस्वरूप हमारे जीवन में संघर्ष उत्पन्न होता है, तो क्या हम धैर्यवान आत्म–संयम, संयम और सब्र दिखाने में सक्षम हैं?

हमारी अपनी ताकत से नहीं। लेकिन हर दिन खुद के लिए मरने में, हमारे पास सामर्थ्य, प्रेम और आत्म–संयम की भावना के साथ नये सिरे से जन्म लेने की आशा है – एक भयभीत मन के बजाय एक निडर मन। पवित्र आत्मा हमारी सहनशीलता को सशक्त करता है और हमें उन लोगों को क्षमा करने में सक्षम बनाता है जो हमें सताते हैं, जैसा कि स्वयं मसीह ने क्रूस पर किया थाः "हे पिता, उन्हें क्षमा कर, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।"

हमारी विश्वास–आधारित सहनशीलता उत्पीड़न को सहन करने और भय को दूर करने में हमारी मदद करने से कहीं अधिक करे – काश यह अंधों की आंखें खोलने में मदद करे।

सत्र गाइड

केच अप (10 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले महीने (सत्र पाँच – अनुप्रयोग) में लोगों की जरूरतों को केसे पूरा किया, इसकी कहानियाँ साझा करें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण और चर्चा (60 मिनट)

इस सत्र में, शिक्षण और चर्चा एक साथ बंधे रहेंगे जैसे–जैसे हम उत्पीड़न के बीच दृढ़ रहने के दस तरीकों का पता लगायेंगे जिसमें हम प्रत्येक बिंदु पर चर्चा करने के लिए जगह बनायेंगे। जल्दबाजी का दबाव महसूस न करें – उत्पीड़न और परीक्षाओं का सामना करते रहने के लिए हमें प्रोत्साहित किए जाने वाले विभिन्न तरीकों के बारे में चर्चा के लिए बहुत सारी जगह बनाना सुनिश्चित करें। हो सकता है कि आप केवल उन तरीकों को समझना चाहें जो आपके समूह के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं, या इस सत्र को दो भागों में विभाजित करके इस महीने में दो बार मिलें।

"हे मेरे भाइयो, जब तुम नाना प्रकार की परीक्षाओं में पड़ो, तो इसको पूरे आनन्द की बात समझो, यह जानकर कि तुम्हारे विश्वास के परखे जाने से धीरज उत्पन्न होता है। पर धीरज को अपना पूरा काम करने दो कि तुम पूरे और सिद्ध हो जाओ, और तुम में किसी बात की घटी न रहे।"

याकूब 1:2–4

याकूब विश्वासियों को परीक्षाओं और पीड़ा के समय में दृढ़ रहने के लिए कहता है। वह हमें बताता है कि दृढ़ता एक

ऐसी चीज है जो हमें परिपक्वता में बढ़ने में मदद करेगी, और जैसे–जैसे हम परिपक्व होंगे, हमें उस जीवन के लिए कुछ भी घटी नहीं होगी जो परमेश्वर ने हमारे लिए रखी है। वह यहाँ तक कहता है कि जब परीक्षाएँ हमारे सामने आती हैं तो हमें इसे पूर्ण आनन्द मानना चाहिए! याकूब आगे दस व्यावहारिक तरीकों की पेशकश करता है जिससे हम ऐसा कर सकते हैं।

1. आनंद में बने रहें

> "हे मेरे भाइयो, जब तुम नाना प्रकार की परीक्षाओं में पड़ो, तो इसको पूरे आनन्द की बात समझो, यह जानकर कि तुम्हारे विश्वास के परखे जाने से धीरज उत्पन्न होता है।"
>
> **याकूब 1:2–3**

प्रभु का आनंद हमारी ताकत है, और जब हम उत्पीड़न का सामना कर रहे होते हैं, तो इससे अधिक किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं होती है! आनन्द हमारी आत्मा के लिए एक नाव के लंगर के रूप में स्थिर करने का कार्य करता है। जैसे तूफान नाव को तट की सुरक्षा से दूर खींच सकता है, वैसे ही परीक्षाएं हमें परमेश्वर की उपस्थिति से दूर खींच सकती हैं। हर परिस्थिति में हमारे उद्धार के आनंद को याद रखना हमें उसमें जड़े रहने में मदद करता है जो कि सबसे पहले महत्वपूर्ण है, जो कि परमेश्वर की शक्ति, उपस्थिति और शांति है।

चर्चा करें: "अनेक प्रकार की परीक्षाओं" का सामना करते हुए भी आनंद में बने रहना केसा होता है?

2. धीरज रखें

> "पर धीरज को अपना पूरा काम करने दो कि तुम पूरे और सिद्ध हो जाओ, और तुम में किसी बात की घटी न रहे।"
>
> **याकूब 1:4**

हममें से बहुत से लोग धीरज को एक निष्क्रिय वस्तु मानते हैं। जब मुश्किलें हमारे रास्ते में आती हैं, तो हम बस धैर्य से बैठकर उसके बीत जाने का इंतजार करते हैं। लेकिन बाइबल का धीरज – वह धीरज जो आत्मा का फल है – एक सक्रिय धीरज है। सक्रिय रूप से धैर्यवान होना परमेश्वर पर भरोसा करने में सक्रिय होना है।

चर्चा करें: निष्क्रिय और सक्रिय धीरज में क्या अंतर है?

3. बुद्धि में दृढ़ रहो

> "पर यदि तुम में से किसी को बुद्धि की घटी हो तो परमेश्वर से माँगे, जो बिना उलाहना दिए सब को उदारता से देता है, और उसको दी जाएगी।"
>
> **याकूब 1:5**

सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जिसकी हमें आवश्यकता है वह स्वर्ग का ज्ञान है, और इसकी अधिक जरूरत तब होती है जब हम उत्पीड़न का सामना कर रहे होते हैं। राजा सुलैमान को परमेश्वर ने बड़ी बुद्धि से आशीषित किया था क्योंकि उसने परमेश्वर से अन्य सभी वस्तुओं से बढ़कर, लंबी आयु और धन–दौलत के बजाय माँगा था (1 राजा 3:4–15)। जब हम परीक्षाओं का सामना कर रहे होते हैं तो स्वर्गीय दृष्टिकोण को बनाए रखना कठिन हो सकता है, इसलिए हमें मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए प्रभु की बुद्धि की खोज करना आवश्यक है और वह हमें इस तरह से आशीष देने में प्रसन्न होता है।

चर्चा करें: आपने स्वर्ग के ज्ञान को अपने जीवन के किसी विशेष समय में केसे मदद करते हुए देखा है?

4. विश्वास में बने रहो

> "पर विश्वास से माँगे, और कुछ सन्देह न करे, क्योंकि सन्देह करनेवाला समुद्र की लहर के समान है जो हवा से बहती और उछलती है। ऐसा मनुष्य यह न समझे कि मुझे प्रभु से कुछ मिलेगा, वह व्यक्ति दुचित्ता है और अपनी सारी बातों में चंचल है।"
>
> **याकूब 1:6–8**

यदि हम सताव के तूफानों का सामना करने जा रहे हैं तो परमेश्वर पर भरोसा करना आवश्यक है। जैसे जलते हुए तीर हमारे ओर उड़ते हुए आते हैं, वैसे ही हम उन्हें विश्वास की ढाल से बुझा देते हैं (इफिसियों 6:16)। हालांकि हम शारीरिक नुकसान के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं, परंतु प्रभु पर भरोसा रखने वाले पर आत्मिक उत्पीड़न विजय प्राप्त नहीं कर सकती। हमारा विश्वास अनुग्रह की बुनियाद पर बना है: न केवल हम अपने विश्वास में बने रहते हैं,

बल्कि हम उस अनुग्रह को भी बढ़ाते रहते हैं जो हमने प्राप्त किया है, विशेष रूप से उनके लिए जो हमें सताते हैं।

चर्चा करें: आप जिस उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं उसके खिलाफ आप विश्वास की ढाल कैसे उठाते हैं और प्रतिक्रिया में अनुग्रह की पेशकश कैसे करते हैं?

5. भक्ति में लीन रहो

"हे मेरे प्रिय भाइयो, यह बात तुम जान लो : हर एक मनुष्य सुनने के लिये तत्पर और बोलने में धीर और क्रोध में धीमा हो, क्योंकि मनुष्य का क्रोध परमेश्वर के धर्म का निर्वाह नहीं कर सकता।"

याकूब 1:19–20

परमेश्वर के साथ हमारे संबंध ही सब कुछ है। जब दुनिया हमारे खिलाफ हो तो हमें याद रखना चाहिए कि वह हमारे लिए है। यह स्मरण गुप्त स्थान से शुरू होता है जब हम उनकी उपस्थिति में समय व्यतीत करते हैं – उसकी महिमा करते हैं, उसकी आशा करते हैं, उससे मदद मांगते हैं और उसकी समानता में बनते जाते हैं। जब दूसरे हमारा उपहास करते हैं, तो हम उसकी सुनते हैं या परमेश्वर की? क्या हम अपने सतानेवालों से क्रोध में बोलने में फुर्ती करते हैं, या प्रेम से अपने पिता के पास लौट जाते हैं? उसकी उपस्थिति में हम दुनिया को जवाब देने के लिए तैयार हो सकते हैं, स्व–धार्मिकता में नहीं, बल्कि परमेश्वर की पवित्र और अनुग्रहपूर्ण धार्मिकता में।

चर्चा करें: जब परीक्षण या उत्पीड़न आता है, तो कितनी तत्परता से आप भक्ति को एक मारक के रूप में प्राथमिकता देते हैं?

6. सत्य में डटे रहो

"इसलिये सारी मलिनता और बैर भाव की बढ़ती को दूर करके, उस वचन को नम्रता से ग्रहण कर लो जो हृदय में बोया गया और जो तुम्हारे प्राणों का उद्धार कर सकता है। परन्तु वचन पर चलनेवाले बनो, और केवल सुननेवाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं। पर जो व्यक्ति स्वतंत्रता की सिद्ध व्यवस्था पर ध्यान करता रहता है, वह अपने काम में इसलिये आशीष पाएगा कि सुनकर भूलता नहीं पर वैसा ही काम करता है।"

याकूब 1:21–22, 25

जब जीवन कठिन हो जाता है, तो हम खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए आसानी से अपने सुविधाजनक जीवन में लौट सकते हैं। जिन चीजों को हम खाते हैं, देखते हैं, खेलते हैं और उपभोग करते हैं, वे हमारे सामने आने वाली परीक्षाओं में हमारे द्वारा अनुभव की जाने वाली अप्रसन्नता के लिए आनंददायक मारक के रूप में कार्य कर सकती हैं। ये चीजें हमारे जीवन में आसानी से अस्वास्थ्यकर हो सकती हैं, खासकर तब जब हम अपनी परेशानी को कम करने के लिए अधिक से अधिक दबाव डालते हैं। आराम और मार्गदर्शन के लिए हमें कितनी जल्दी परमेश्वर के वचन में जाना चाहिए? जबकि परिस्थितियाँ हमारे चारों ओर करवट लेती हैं तब हम कितनी सहजता से बाइबल को अपना दिशासूचक, अपनी दैनिक रोटी, सत्य की आधारशिला बनने देते हैं जिस पर हम अपनी दृढ़ नींव बना सकते हैं?

चर्चा करें: जब असुविधा हमारे विश्वास को विकृत करती है तो हमें आश्वासन और दृष्टिकोण कहाँ से मिलती है?

7. पवित्रता में बने रहो

"जब किसी की परीक्षा हो, तो वह यह न कहे कि मेरी परीक्षा परमेश्वर की ओर से होती है; क्योंकि न तो बुरी बातों से परमेश्वर की परीक्षा हो सकती है, और न वह किसी की परीक्षा आप करता है। परन्तु प्रत्येक व्यक्ति अपनी ही अभिलाषा से खिंचकर और फँसकर परीक्षा में पड़ता है।"

याकूब 1:13–14

शैतान प्रलोभन लाता है, परमेश्वर परीक्षा लेता है। जब भी शैतान आपको प्रलोभित करता है, तो उसकी इच्छा होती है कि आप असफल हों और आपका विश्वास नष्ट हो जाए। जब परमेश्वर आपकी परीक्षा लेता है, तो उसकी इच्छा होती है कि आप सफल हों और आपका विश्वास विकसित हो। चाहे हम प्रलोभन का या परीक्षा का सामना कर रहे हों, हमारी प्रार्थना एक ही हो सकती है: "हे प्रभु हमें उस पवित्रता में बने रहने में सहायता कर जिसके लिए तूने अपने पुत्र के द्वारा हमें बचाया है, और अपनी आत्मा के द्वारा हमें सामर्थ दी है।"

चर्चा करें: सताव का सामना करते हुए पवित्रता के साथ जीना कैसा होता है?

8. सेवा में लगे रहो

> "हमारे परमेश्वर और पिता के निकट शुद्ध और निर्मल भक्ति यह है कि अनाथों और विधवाओं के क्लेश में उनकी सुधि लें, और अपने आप को संसार से निष्कलंक रखें।"
>
> **याकूब 1:27**

उत्पीड़न हमें अपने मार्ग में रोकने के लिए तैयार किया गया है। यह हमें भयभीत, उदासीन या क्रोधित कर सकता है। इसलिए हमारी सबसे अच्छी प्रतिक्रिया सक्रिय होना है, विरोध के बावजूद निस्वार्थ, करुणामय और शालीनता से सेवा करना जारी रखना है।

चर्चा करें: उपहास या दुर्व्यवहार के बावजूद हमारे सेवा में लगे रहने की सामर्थ्य क्या है?

9. आशा में बने रहो

> धन्य है वह मनुष्य जो परीक्षा में स्थिर रहता है, क्योंकि वह खरा निकलकर जीवन का वह मुकुट पाएगा जिसकी प्रतिज्ञा प्रभु ने अपने प्रेम करनेवालों से की है।
>
> **याकूब 1:12**

पौलुस विश्वासियों को प्रोत्साहित करता है कि "इस समय के दु:ख और क्लेश उस महिमा के सामने, जो हम पर प्रगट होनेवाली है, कुछ भी नहीं हैं।" (रोमियों 8:18)। पौलुस आगे कहता है कि यह आशा सिर्फ हमारे लिए नहीं है, लेकिन जैसे–जैसे हम आशा में बढ़ते रहते हैं, हम उसी आशा को जरूरतमंद दुनिया में प्रकट करेंगे। आशा एक शक्तिशाली शक्ति है जिसे अक्सर सबसे बड़ी पीड़ा के सामने सबसे स्पष्ट रूप से दिखाया गया है।

> "पीड़ा मसीही विश्वास के लिए शर्मिंदगी की बात नहीं है। यह वह धागा है जिसके साथ मसीह का नाम हमारे जीवन से पिरोया गया है।"
>
> **रेबेका मैकलॉकलिन**

चर्चा करें: मसीहियों की पीड़ा में आशा कैसे प्रकट हो सकती है?

10. संगति में दृढ़ रहें

याकूब का पत्र अलग–अलग व्यक्तियों को नहीं, बल्कि एक कलीसिया समुदाय को लिखा गया है। संगति जरूरी है। उत्पीड़न में हमें अधिक से अधिक संगति करनी चाहिए – इसलिए नहीं कि हम खुद को बाहर की कठोर दुनिया से छिपा लें, बल्कि इसलिए कि हम खुद को तरोताजा कर सकें, एक दूसरे को प्रोत्साहित और आशीष दे सकें, और फिर दुनिया में एक साथ सताव और जीत का सामना कर सकें।

चर्चा करें: क्या आपकी कलीसिया लोगों को जीवन के परीक्षाओं और दुनिया में मसीही गवाही के बारे में बात करने का मौका देता है? क्या आप इस क्षेत्र में एक दूसरे के लिए प्रार्थना, प्रोत्साहन और समर्थन करते हैं? यदि नहीं, तो यह कैसा लगता होगा?

अनुप्रयोग (5 मिनट)

opendoors.org पर वर्ल्ड वॉच लिस्ट पर जाएं और प्रत्येक सप्ताह प्रार्थना करने के लिए एक देश चुनें। हम दुनिया भर में अपने विश्वास के लिए उत्पीड़न का सामना कर रहे अपने भाइयों और बहनों के लिए जब प्रार्थना करते हैं, तो हमें भी प्रोत्साहन मिलता है कि हम अकेले पीड़ित नहीं होते। परमेश्वर उसकी आत्मा की सामर्थ्य और उसकी कलीसिया की प्रार्थनाओं और कार्यों के द्वारा हमारे साथ है।

प्रार्थना

प्रार्थना के लिए पर्याप्त समय दें, विशेष रूप से उत्पीड़न के तीन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें:

1. समूह के लोग जिन विशिष्ट क्षेत्रों में उत्पीड़न का अनुभव कर रहे हैं, उनके लिए प्रार्थना करें।
2. उत्पीड़न के सामान्य कारणों के लिए प्रार्थना करें जो आपके संदर्भ में सुसमाचार के प्रसार को चुनौती देते हैं।
3. दुनिया में सताए गए कलीसिया के लिए प्रार्थना करें।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़े या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

एडवांस एक वैश्विक आंदोलन है – इसलिए advancegroups.org/global पर जाएं और ओपन डोर वॉच लिस्ट के साथ उन सभी देशों के लिए प्रार्थना जरूर करें जहां एडवांस ग्रुप हर महीने मिलते हैं। यदि आप किसी अन्य देश में किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसे एडवांस से आशीष प्राप्त हो सकता है (चाहे वहां पहले से हमारा समूह हों या न हो) तो उन्हें वेबसाइट के माध्यम से हमसे जोड़ें।

टिप्पणियाँ



सत्र सात

संदेशवाहक में फल – दया और आनंद

यह सत्र इस बात की खोज करेगा कि कैसे हमें, सुसमाचार के दूतों के रूप में, अपने उद्धार के आनंद में जीने की आवश्यकता है और दुनिया पर परमेश्वर की दया को कैसे प्रकट करना है। यदि हमारा सुसमाचार वचन और कर्म में दयालु हो, और प्रभु के आनंद से मजबूत किया गया हो तो यह वास्तव में कैसा होगा?

सत्र एक वाक्य में

परमेश्वर की दया एक निराशाजनक रूप से विद्रोही मानवता को उसके साथ आशा से भरे रिश्ते में लौटा लाने के लिए पर्याप्त रूप से सामर्थी है, और यह वही दया है जो सभी विश्वासियों को आनंद से भर देती है और दुनिया में उसके सेवक होने की हमारी क्षमता को विकसित करती है।

सत्र पृष्ठभूमि

"और यहोवा पृथ्वी पर मनुष्य को बनाने से पछताया, और वह मन में अति खेदित हुआ।" (उत्पत्ति 6:6)

परमेश्वर ने देखा कि दुनिया में कितनी बुराई थी – और यह उस वक्त विशेष रूप से भयानक था, सबसे निचले स्तर का – और इसने उसका दिल तोड़ दिया: इतना कि उसने यह भावना व्यक्त की कि यह बेहतर होगा यदि मानवता बनाया ही नहीं गया होता। हमें उसकी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए – लोगों की पूरी दुष्टता और पश्चाताप की कमी उसके स्वभाव के बिल्कुल विपरीत थी।

उत्पत्ति 6:6 एक प्रश्न प्रस्तुत करता है: परमेश्वर के लिए "पछताने" का क्या अर्थ है? उत्तर खोजने का एक तरीका यह याद रखना है कि परमात्मा के बारे में बात करते समय हम हमेशा अपनी मानवीय भाषा तक ही सीमित रहते हैं। जबकि हम यहाँ वर्णित की गई जटिलता को पूरी तरह से कभी नहीं समझ सकते हैं, हम परमेश्वर के पछतावे के विचार को एक मानवीय तरीके के रूप में समझना शुरू करते हैं कि वह अपने सामने की बुराई से कितना परेशान और अप्रसन्न था।

परमेश्वर के पछतावे के उस क्षण में संसार को समाप्त हो जाना चाहिए था, परन्तु ऐसा नहीं हुआ। क्यों? क्योंकि भले ही परमेश्वर मानवता के पाप से व्यथित था, उसके पास अभी भी एक अनंत दृष्टिकोण था – उसकी अत्यधिक और अवर्णनीय प्रेममयी दया द्वारा परिभाषित।

हमारी भ्रष्टता के बावजूद, परमेश्वर हमारा पूर्ण विनाश नहीं करता – भले ही हम इसी के योग्य हों। सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं (रोमियों 3:23)। परन्तु परमेश्वर अपनी प्रेममयी कृपा से हमें वह देता है जिसके हम योग्य नहीं हैं: एक दूसरा मौका। उत्पत्ति 6 हमें बताता है कि संसार का एक पल में नाश न होने का कारण यह है कि नूह नाम के एक व्यक्ति ने परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त किया।

यहाँ एक महत्वपूर्ण विवरण है: बाइबल हमें यह नहीं बताती है कि नूह ने परमेश्वर के अनुग्रह को अर्जित किया या कमाया। परमेश्वर का अनुग्रह नूह पर हुआ क्योंकि परमेश्वर

अनुग्रहकारी है। नूह की धार्मिकता परमेश्वर के अनुग्रह के प्रत्युत्तर में थी, इसके विपरीत नहीं। परमेश्वर द्वारा नूह को दिया गया अनुग्रह व्यर्थ नहीं जाएगा। हम कभी भी परमेश्वर की कृपा अर्जित नहीं कर सकते, यह परमेश्वर की कृपा के कारण हमें मुफ्त और अयोग्य होने के बावजूद दी गयी है।

ऐसा नहीं था कि नूह को परमेश्वर की दया में संभावित आशा मिली, यह परमेश्वर की दया थी जिसने नूह में क्षमता की आशा पाई।

जब हम संसार में परमेश्वर की कहानी लेकर जाते हैं, तो हम परमेश्वर की दया की आशा को एक अमूर्त विचार के रूप में प्रस्तुत नहीं करते हैं। ईमानदारी से उसकी सेवा करने की हमारी क्षमता में उसकी दया पहले से ही काम कर रही होती है।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले सत्र (सत्र छह – अनुप्रयोग) के दौरान क्या आपने दुनिया भर में किसी अन्य एडवांस समूह की बैठक को पाया जिसे आप जानते हैं? उनके लिए एक साथ प्रार्थना करें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (45–50 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “इसलिये परमेश्वर के चुने हुओं के समान जो पवित्र और प्रिय हैं, बड़ी करुणा, और भलाई, और दीनता, और नम्रता, और सहनशीलता धारण करो।”
>
> **कुलुस्सियों 3:12**

दयालुता के एक सरल कार्य में एक सामर्थ्य है जो उस व्यक्ति पर परिवर्तनकारी प्रभाव डाल सकती है जो उससे लाभान्वित होता है। हाल के वर्षों में, मसीही सामाजिक आंदोलन (क्रिश्चियन सोशल एक्शन मूवमेंट) अक्सर “कृपा के समय” में दान करने पर आधारित रहे हैं। एक तेजी से व्यक्तिवादी समाज में, दयालुता हमारी सबसे शक्तिशाली संसाधनों में से एक बन जाती है। दयालुता के कार्य से जो दरवाजे पहले से बंद थे उनको खुलते हुए देख सकते हैं, ठंडे दिल सरगर्म हो सकते हैं, जिद्दी रवैया नरम पड़ सकता है और जीवन बदल सकता है।

दयालुता के छोटे–छोटे कार्य सुंदर हो सकते हैं, लेकिन वास्तव में दुनिया के लिए परमेश्वर की दया को प्रकट करने के लिए, हमारी दयालुता को व्यक्तिगत कार्यों से भी बढ़कर उसके राज्य के राजदूत के रूप में किया जाना चाहिए। जब यीशु हमारे जीवन के केंद्र में अपना पूर्ण स्थान लेता है, तो हम आत्मिक दया में बढ़ते जाते हैं।

यीशु को हमारे जीवन के केंद्र में रखना उसे “अपने हृदय में” आमंत्रित करने से बढ़कर है। इसमें उसके प्रभुत्व को स्वीकार करना और उसे हमारे चरित्र को आकार देने की अनुमति देना शामिल है। सुसमाचार का जवाब देने के लिए आमंत्रित करने के इन दो तरीकों के बारे में सोचें:

1. क्या आप यीशु को अपने हृदय से स्वीकार करेंगे?
2. क्या आप अपना जीवन यीशु को देंगे?

चर्चा करें: इनमें से कौन बेहतर व्याख्या करता है कि परमेश्वर हमसे क्या चाहता है? क्यों?

निराशा में जी रहे लोगों को देखने के लिए आपको दूर जाने की जरूरत नहीं है। यह मानव अस्तित्व की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। जब यीशु ने हमारे पापों को क्रूस पर ले लिया, तो उसने संसार की निराशा को अपने ऊपर ले लिया। इस वजह से हमें फिर कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। क्या यह अद्भुत नहीं है? लेकिन फिर भी हम निराशा देखते हैं। शायद आप आज भी निराशा का अनुभव कर रहे हों। याद रखें कि यीशु के बलिदान के माध्यम से हमारे प्रति परमेश्वर की दया उस निराशा को हमेशा के लिए दूर कर सकती है और इसे आनंद की आशा के साथ बदल सकती है जो साधारण खुशी से बढ़कर है।

लोगों के लिए खुशी महत्वपूर्ण है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणापत्र इसे मनुष्य के संप्रभु अधिकारों के बीच सूचीबद्ध करता है:

"जीवन, स्वतंत्रता और खुशी की खोज।" अपने आस–पास के लोगों से पूछें कि वे जीवन में सबसे ज्यादा क्या चाहते हैं, और उनके उत्तर में खुशी सुनाई देने की संभावना सबसे ज्यादा होगी।

लेकिन खुशी क्या है और हम अपने जीवन में इसका मूल्यांकन केसे करते हैं? एक व्यक्ति की खुशी दूसरे व्यक्ति के लिए दुख हो सकती है – आपको सिर्फ फुटबॉल चौंपियनशिप मैच में अंतिम सीटी बजने के बाद आपको फुटबॉल स्टेडियम के दोनों तरफ देखने की जरूरत है। हारने वाली टीम की निराशा के विपरीत जीतने वाली टीम का उत्साह है। क्या हम कभी ऐसी दुनिया में रह सकते हैं जहां हर कोई हर समय खुश रह सके?

> **चर्चा करें:** आप अपने जीवन में खुशी का मूल्यांकन केसे करते हैं? जिस तरह से आप (विश्वासी) खुशी को समझते हैं और जो लोग अभी तक यीशु को नहीं जानते हैं वे (अविश्वासी) खुशी को जैसे समझते हैं, क्या इसमें कोई अंतर है?

खुशी एक अस्थायी भावना है। हमारे सुसमाचार प्रचार में यह वादा करना आकर्षक हो सकता है कि एक मसीही बनने से जीवन खुशी से भरपूर होगा। यह एक मनलुभावने बिक्री के बोल हैं। लेकिन यह सच नहीं है। और लोगों को धोखा देने में दया नहीं है। सुसमाचार की दया इसमें नहीं है कि हम इसे कितनी अच्छी तरह से परोसते हैं, बल्कि इसकी सच्चाई और आशा की सामर्थ्य में है।

यीशु हमें आसान जीवन और स्थायी खुशी देने के लिए नहीं मरा। यीशु मरा ताकि हम मृत्यु के बदले जीवन पा सकें। एक दिन, जिस जीवन को हम चुनते हैं वह अनंत काल में सिद्ध होगा जहां कोई दुख या दर्द नहीं होगा (यूहन्ना 10:10; प्रकाशितवाक्य 21:4)। लेकिन जब तक या तो हम मर नहीं जाते या यीशु वापस नहीं आते, तब तक हम इस वास्तविकता का सामना करते हैं कि हम एक अधूरे संसार में रहते हैं जहाँ लोग परमेश्वर को अस्वीकार करते हैं। जीवन का अधिकतर हिस्सा उदासी से भरपूर है। अच्छी खबर यह है कि यीशु हमें एक गहरी आशा प्रदान करता है:

> "उसी प्रकार तुम्हें भी अब तो शोक है, परन्तु मैं तुम से फिर मिलूँगा और तुम्हारे मन आनन्द से भर जाएँगे; और तुम्हारा आनन्द कोई तुम से छीन न लेगा।"
>
> **यूहन्ना 16:22**

यीशु की मृत्यु और पुनरूत्थान ने हमारे लिए पूर्ण, अनंत जीवन का आनंद प्राप्त करना संभव बना दिया है। आत्मा का आनंद हमसे कोई नहीं छीन सकता। हमारा आनंद खुशी से अलग है – हमारा आनंद आत्मिक और अनंत है। पौलुस हमें यह समझाता है:

> "अतः जब हम विश्वास से धर्मी ठहरे, तो अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ मेल रखें, जिसके द्वारा विश्वास के कारण उस अनुग्रह तक जिसमें हम बने हैं, हमारी पहुँच भी हुई, और परमेश्वर की महिमा की आशा पर घमण्ड करें।"
>
> **रोमियों 5:1–2**

पौलुस इशारा कर रहा है कि हमारे विश्वास को अच्छी तरह से धारण करना इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने दैनिक जीवन में परमेश्वर पर कितना भरोसा करते हैं। जब हमारा भरोसा हमारे मन की भावनात्मक स्थिति से बड़ा होता है, हम जीवन पर अलग–अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, हमें भविष्य के बारे में परमेश्वर के वादों पर आशा है। इसका मतलब यह नहीं है कि जीवन आसान हो जाता है, और यह निश्चित रूप से उस दर्द की वास्तविकता को महत्वहीन नहीं करता है जिसे हम या अन्य लोग अनुभव कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह है कि सबसे कठिन समय में भी, हमारे पास आशा है। पौलुस आगे कहता है:

> "केवल यही नहीं, वरन् हम क्लेशों में भी घमण्ड करें, यह जानकर कि क्लेश से धीरज, और धीरज से खरा निकलना, और खरे निकलने से आशा उत्पन्न होती है; और आशा से लज्जा नहीं होती, क्योंकि पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है उसके द्वारा परमेश्वर का प्रेम हमारे मन में डाला गया है।"
>
> **रोमियों 5:3–5**

यह केवल एक सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण के बारे में नहीं है। यह हर स्थिति में परमेश्वर पर भरोसा करना सीखने के बारे में है – विशेषकर तब जब पहली बार में वह अनुपस्थित या उदासीन लग सकता है। परमेश्वर हमें विश्वास दिलाता है कि वह हमेशा हमारे साथ है, और वह हमारे द्वारा अनुभव की जाने वाली हर स्थिति में हमसे अधिक अनुभवी है!

यहां एक रूपरेखा दी गई है कि कैसे हम रोमियो 5 मानसिकता को सभी स्थितियों में बनाए रख सकते हैं:

- बुरी चीजें होती रहती हैं। कठिन समय आता है।
- हम परमेश्वर की सहायता से कठिन समय को सहते हैं और उनसे सीखते हैं।
- हम चरित्र में बदलते हैं, और हम यीशु की तरह बनते हैं।
- हम एक सिद्ध स्वर्ग में अपना विश्वास बढ़ाते हैं।
- हम दूसरों के साथ स्वर्ग साझा करने के लिए जीते हैं ताकि वे अनंत आनंद को जान सकें।
- हम दर्द के समाधान का हिस्सा बन जाते हैं, जो कि हम कभी समस्या का हिस्सा थे।

चर्चा करें: क्या आप रोमियों 5 की इस रूपरेखा को अपने स्वयं के जीवन के अनुभव से जोड़ सकते हैं?

हमारी आशा और आनंद यीशु में है, हमारी परिस्थितियों में नहीं। यह सब उसके साथ शुरू और समाप्त होता है।

जब हमें इसका एहसास होता है, तो यह हमारे जीवन को बदल देता है — और बदले में, यह हमारे आस–पास के उन लोगों को प्रभावित करता है जो हमारे हृदय, मन और दृष्टिकोण में परिवर्तन देखते हैं।

जब हम अपने होठों और अपने जीवन के द्वारा परमेश्वर की दया और यीशु में हमारी आशा के बारे में सुसमाचार सुनाते हैं तो हमारा आनंद उसमें काम करता है। जीवन की तरह ही, सुसमाचार प्रचार चुनौतीपूर्ण हो सकता है, और सुसमाचार का आनंद हमारे लिए चलते रहने के लिए पर्याप्त शक्ति है।

चर्चा (15 मिनट)

1. हम संसार पर अनुग्रह और दया कैसे प्रकट कर सकते हैं?
2. आपको क्या लगता है कि आज स्वर्ग को धरती पर लाने का क्या मतलब है?
3. हमारी गवाही में खुशी क्या भूमिका निभाती है जब हम समझाते हैं कि कैसे यीशु के साथ जीवन बेहतर होता है?

> "मसीही व्यवहार के दूरगामी प्रभाव की एक महत्वपूर्ण विशिष्टता है। इस वर्तमान समय में मसीहियों के कर्म — चाहे वे कितने भी महत्वहीन क्यों न दिखें, चाहे वे उन्हें "व्यर्थ" क्यों न दिखें जो सांसारिक सफलता को महत्व देते हैं — पहले से ही परमेश्वर के बढ़ते राज्य में निर्मित हो रहे हैं।"
>
> **फ्लेमिंग रूटलेज**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

अपनी व्यक्तिगत गवाही पर दोबारा गौर करें। इस बात पर विचार करें कि आप किस प्रकार प्रभु के बारे में बात करते हैं और आप में कार्य करने वाले परमेश्वर की कहानी के मुख्य भाग के रूप में प्रभु के आनंद को कैसे व्यक्त करते हैं। आपकी गवाही में कितना समय यह समझाने में व्यतीत होता है कि आप कौन थे और आप कौन बन गए हैं इसके लिए कितना समय देते है? आपकी गवाही में सबसे अधिक महिमा किसे मिलती है? आपके अतीत को, आपको या आपके राजा को?

प्रार्थना

"पिता परमेश्वर, हम आपसे मिले अनुग्रह के कारण नत–मस्तक हैं। यदि हमने कभी आपके अनुग्रह को हल्के में लिया हो, तो अब हमें क्षमा करें। हम आपकी आत्मा से हमारे चारों ओर की दुनिया में आपकी कृपा प्रकट करने में हमारी मदद करने के लिए विनती करते हैं। प्रभु यीशु, आपका धन्यवाद कि, आपकी मृत्यु और पुनरूत्थान के कारण, हमारे पास भविष्य के लिए एक आशा है, और आज हमारे हृदयों में एक चिरस्थायी आनंद है। आपका आनंद हमारी ताकत बने, जो हमारे अस्तित्व को और हम जो कुछ भी करते हैं उसे प्रभावित करें।"

जवाबदेही (25 मिनट)

उत्तरदायित्व फॉर्म भरें, जोड़े या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

आप हमारी "हाउ आई केम टू फेथ" (मैं विश्वास में कैसे आया) श्रंखला की प्रोत्साहक और प्रेरणादायी गवाही को advancegroups.org/blog पर पढ़ सकते हैं। एडवांस एक कहानी–चालित आंदोलन है और हम यह सुनना पसंद करते हैं कि कैसे परमेश्वर अपने लोगों में और उनके माध्यम से काम कर रहा है। अपनी कहानियाँ हमें advancegroups.org/stories पर भेजें।

टिप्पणियाँ

सत्र आठ

शत्रु से चुनौती – प्रलोभन और आरोप

इस सत्र में हम दुनिया और दुश्मन दोनों से प्रलोभन की चुनौती का पता लगाएंगे, साथ ही हमारे विश्वास को हतोत्साहित करने, बदनाम करने और नष्ट करने के लिए वह हम पर आरोप लगाते हैं। हम विश्वासयोग्यता के साथ परीक्षा में कैसे पार हो सकते हैं, और दोषारोपण से कैसे लड़ सकते हैं ताकि हम पवित्र दूतों के रूप में सुसमाचार को दुनिया में ले जा सकें?

सत्र एक वाक्य में

शैतान हमारे विश्वास को नष्ट करना चाहता है और हमारी गवाही को बदनाम करना चाहता है, लेकिन परमेश्वर में हम पहले से ही विजयी हैं: हमें स्वर्ग की सामर्थ्य दी गई है कि हम शत्रु की चुनौतियों और अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर सकें।

सत्र पृष्ठभूमि

शैतान नाम इब्रानी शब्द शत्रु या विरोधी का अनुवाद है। शैतान के आरोप दो प्राथमिक रूप लेते हैं: चालाकी से झूठ बोलना और सच्चाई की निंदा करना।

अपने झूठ के द्वारा, शैतान सत्य की हमारी समझ में हेरफेर करना चाहता है। वह अक्सर हमें परमेश्वर के बारे में हमारे ज्ञान में सुरक्षा से संदेह और अविश्वास की असुरक्षित नींव की ओर ले जाने के प्रयास में हमारी भावनाओं पर हमला करता है। उस समय के बारे में सोचें जब आपको प्रार्थना का तत्काल या स्पष्ट उत्तर नहीं मिला है: शैतान आपके कान में फुसफुसाता है कि आपकी प्रार्थना अनुत्तरित रहती है क्योंकि परमेश्वर वास्तव में भरोसेमंद नहीं है, या क्योंकि वह वास्तव में वहां है ही नहीं।

शैतान हमारी असफलताओं की सच्चाई से भी हमें चुनौती देता है और निंदा करने की कोशिश करता है। यहाँ कठिनाई यह है कि शैतान के पास एक वैध मुद्दा है – हम निशाने से चूक गए हैं, हम परमेश्वर के सिद्ध स्तर से कम हो गए हैं। लेकिन हमारी दृष्टि को शर्मिंदगी से धुंधला करके हमें गुमराह करता है कि हम अपनी असफलता में परमेश्वर के अनुग्रह को न देख सकें। शैतान चाहता है कि हम यह भूल जाएँ कि जो मसीह यीशु में हैं उनके लिए कोई दण्ड की आज्ञा नहीं है (रोमियों 8:1)।

'द फॉरगिवनेस प्रोजेक्ट' की लेखिका मरीना केंटाकुजिनो ने नोट किया कि क्षमा की कहानियों के साथ उनकी सभी सैकड़ों बातचीत में, यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि क्षमा कैसी दिखती है। वह लिखती हैं,

> "... केवल एक चीज जो मैं निश्चित रूप से जानती हूं वह यह है कि क्षमा करने का कार्य तरल और सक्रिय है और यह दिन–प्रतिदिन, घंटे दर घंटे में बदल सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि जब आप सुबह उठते हैं तो आप कैसा महसूस करते हैं या दिन के दौरान आप किसका सामना करते हैं।"
>
> **मरीना केंटाकुजिनो, द फॉरगिवनेस प्रोजेक्ट (क्षमा परियोजना)**

शैतान क्षमा के हमारे जटिल मानवीय अनुभव से खेलना पसंद करता है। वह चाहता है कि हम यह विश्वास करें कि परमेश्वर की क्षमा उतनी ही तरल और उतनी ही सक्रिय है जितनी कि हमारी, उतार–चढ़ाव वाली भावनाओं के प्रति व्यक्तिपरक। पर ये सच नहीं है। परमेश्वर किसी को भी और उन सभी को क्षमा करने में विश्वासयोग्य है जो दिल से उसका अनुग्रह चाहते हैं (1 यूहन्ना 1:9)। हमारी क्षमा परमेश्वर की सिद्ध क्षमा से प्रवाहित होती है।

> "क्षमा आत्मा को मुक्त करती है, यह भय को दूर करती है। इसलिए यह इतना शक्तिशाली हथियार है।"
>
> **नेल्सन मंडेला**

क्षमा शक्तिशाली है – और हमारी क्षमा में सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यह उस क्षमा और अनुग्रह को प्रकट करती है जिसे हमने सबसे पहले परमेश्वर से प्राप्त किया है। यीशु इसे स्पष्ट करते हैं कि यदि हम दूसरों को क्षमा नहीं करते हैं, तो हम यह दिखा रहे हैं कि हमें क्षमा नहीं किया गया है (मत्ती 18:21–35)। क्षमा करने वाले लोग दूसरे लोगों को क्षमा करते हैं।

हम एक शक्तिशाली विरोधी का सामना करते हैं जो हमारे विश्वास को चुराना और नष्ट करना चाहता है। शुक्र है, हम सृष्टि के सर्वशक्तिमान राजा की सेवा करते हैं जो हमें अपने प्रेम में रखना चाहता है और शैतान के आरोपों और चालाकियों का जवाब देने के लिए हमें वह सब कुछ देता है जिसकी हमें जरूरत है।

हम परमेश्वर के वचन के शक्तिशाली और अपरिवर्तनीय सत्य के द्वारा शैतान के झूठ का खंडन करते हैं। हम परमेश्वर की क्षमा की विश्वासयोग्यता के द्वारा शैतान की शर्मनाक योजनाओं का खंडन करते हैं। और हम आनन्दित होते हैं, कि जो हम में है, वह उस से जो संसार में है, बड़ा है (1 यूहन्ना 4:4)।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें। बड़े समूहों में, चार या पाँच लोगों से अपनी पिछली मुलाकात के बाद से एक विशिष्ट गवाही साझा करने के लिए कहें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण और चर्चा (60 मिनट)

इस शिक्षण खंड में चर्चा के लिए समय शामिल है। निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "तुम किसी ऐसी परीक्षा में नहीं पड़े, जो मनुष्य के सहने से बाहर है। परमेश्वर सच्चा है और वह तुम्हें सामर्थ्य से बाहर परीक्षा में न पड़ने देगा, वरन् परीक्षा के साथ निकास भी करेगा कि तुम सह सको।"
>
> **1 कुरिन्थियों 10:13**

परमेश्वर प्रलोभन नहीं देताः वह शैतान का खेल है (याकूब 1:13–15)। परमेश्वर हमारी परीक्षा लेगा – हमारे बारे में कुछ ऐसा जानने के लिए नहीं जिसे वह पहले से नहीं जानता है, बल्कि इसलिए कि हम विकास करें और प्रक्रिया के माध्यम से सीखें। यहाँ अंतर हैः जब शैतान प्रलोभन भेजता है, तो उसकी आशा यह होती है कि हम हमेशा ही असफल होंगे, लेकिन जब परमेश्वर हमारी परीक्षा लेता है, तो उसकी आशा है कि हम हमेशा सफल हों। तरीका और मकसद दोनों अलग–अलग हैं। आधी लड़ाई यह जान लेने में है कि हम युद्ध में हैं। अन्य आधा यह जानना है कि हम केसे प्रतिक्रिया दें। 1 कुरिन्थियों में पौलुस हमें याद दिलाता है कि प्रलोभन के प्रति हमारी प्रतिक्रिया और उस पर विजय पाने की हमारी आशा स्वयं परमेश्वर में निहित है।

हम अपने जीवन में प्रलोभन के तीन प्राथमिक क्षेत्रों से लड़ते हैंः संसार, शरीर और शत्रु। परमेश्वर हमें उन सब पर विजय पाने के लिए सुसज्जित और सामर्थी बनाता है।

संसारः बाहरी युद्ध

संसार एक आकर्षक जगह हो सकती है। दुनिया में कई खजाने और सुख हैं जो किसी भी तरह से हमारे विश्वास

के समान नहीं हैं। परन्तु बहुत से ऐसे भी हैं जो ध्यान आकर्षित करने के लिए धक्का–मुक्की करते हैं और मसीह को हमारे जीवनों में उसके स्थान से हटाने की धमकी देते हैं। ये बातें या तो हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाती हैं, या हमें पापमय बना देती हैं। जैसे–जैसे हम इसके सुखों की गहराई में उतरते जाते हैं और खुद को बड़ाई करते हैं, वैसे–वैसे संसार जरूरतों को पूरा करने का वादा करता है, परन्तु परमेश्वर हमें उसके जीवन के जल को गहराई से पीने और उसे महिमा देने के लिए कहता है (यूहन्ना 4:14)।

देहः आंतरिक लड़ाई

हमारे पतित संसार में हम अपने ही भ्रष्ट शरीर के विरुद्ध लड़ रहे हैं। पौलुस का कहना है कि शरीर के काम तो प्रगट हैं, अर्थात् व्यभिचार, गन्दे काम, लुचपन, मूर्तिपूजा, टोना, बैर, झगड़ा, ईर्ष्या, क्रोध, विरोध, फूट, विधर्म, डाह, मतवालापन, लीलाक्रीड़ा और इनके जैसे और–और काम हैं (गलतियों 5:19–21)। यह काफी लंबी सूची है!

यह सूची उस आत्मा के फल का प्रत्यक्ष प्रतिरूप है जिसे हम इस एडवांस वर्ष में सीख रहे हैं। पौलुस हमें बताता है कि आत्मा के द्वारा चलना हमारे अपने पतन की वास्तविक चुनौतियों पर काबू पाने का तरीका है। जब हम परमेश्वर के आत्मा को हमारे जीवनों पर नियंत्रण करने देते हैं, तो हम इसके बजाय प्रेम, आनंद, शांति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता और संयम धारण कर लेते हैं (गलतियों 5:22–23)।

चर्चा करें: दुनिया से और अपने शरीर से प्रलोभन के किन क्षेत्रों से आप संघर्ष करते हैं? आपने इन क्षेत्रों में उन्नति या जीत को केसे पाया?

शत्रुः आत्मिक लड़ाई

जैसे–जैसे आप आगे बढ़ते हैं या तो प्रलोभन के इन क्षेत्रों में से प्रत्येक पर चर्चा करें, या पहले उन सभी पर काम करें और फिर अंत में प्रश्नों का उपयोग करके चर्चा का एक लंबा समय लें।

शैतान हमारे विश्वास से घृणा करता है। वह इस बात से घृणा करता है कि हमारा विश्वास हमें उसकी अपेक्षा परमेश्वर की आराधना करने की ओर ले जाता है। वह हमारे विश्वास को पाने के लिए जो कुछ भी कर सकता है वह करेगा। वह हमारे वित्त, हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवार, हमारे करियर, या हमारे बारे में किसी और चीज की परवाह नहीं करता है, लेकिन वह जो चाहता है उसे पाने के लिए उन सभी चीजों में हेराफेरी करके उसका उपयोग करेगाः अर्थात, हमारा विनाश (यूहन्ना 10:10) यहाँ कुछ ऐसे तरीके दिए गए हैं जिनसे शैतान हम पर आक्रमण करता है और हम केसे प्रतिक्रिया कर सकते हैंः

शैतान हमारे जीवन में छल करेगा – सत्य को संचित करो

शैतान झूठा है। उसके झूठ का उपयोग हमें भ्रमित करने और भ्रष्ट करने के लिए किया जाता है, हमें उस जीवन से दूर करने के लिए जो परमेश्वर ने हमारे लिए रखा है और हमें मृत्यु की ओर खींच ले जाने के लिए। हमें परमेश्वर के वचन की ठोस नींव पर अपना विश्वास बनाना चाहिए। बुद्धिमान अपना घर चट्टान पर, परन्तु मूर्ख रेत पर बनाता है (मत्ती 7:24–27)। शत्रु की ओर से प्रत्येक आरोप हमारे घर को उसकी दृढ़ नींव से अस्थिर भूमि पर ले जाने के प्रयास के साथ आता है ताकि हमारे मार्ग में आने वाले तूफान परमेश्वर के साथ हमारे संबंध को नष्ट कर दें।

शैतान के झूठ को पहचानने और उसका खंडन करने के लिए हमें अपने दिल और दिमाग में परमेश्वर के वचन की सच्चाई को संचित करना चाहिए। बाइबल पढ़ना आवश्यक है, लेकिन शास्त्रों को याद करने के बारे में क्या? जब शैतान हमें अपने झूठ के साथ भ्रमित करने का प्रयास करता है तो परमेश्वर की सच्चाई को अपने दिल और दिमाग में संचित करना उसे जवाब देने का एक शक्तिशाली तरीका है (भजन संहिता 119:11)।

शैतान हमारे अलगाव का फायदा उठाएगा – कलीसिया समुदाय को प्राथमिकता दें

यह कोई संयोग नहीं है कि शैतान तब तक प्रतीक्षा करता है जब तक कि यीशु चालीस दिनों तक जंगल में अकेला न रह लिया, इससे पहले कि वह उसके साथ बातचीत करना शुरू करे (मत्ती 4:1–11)। यह तब होता है जब हम अलगाव में होते हैं शैतान अपने सबसे मजबूत हमलों की योजना बनाता है। परमेश्वर के वचन की सच्चाई पर अडिग रहने के द्वारा यीशु ने शैतान को फटकारा, और हम भी ऐसा कर सकते हैं। लेकिन जब हम अलग–थलग होते हैं तो हमें उस खतरे से सावधान रहना चाहिए। यही कारण है कि संगति हमारी प्राथमिकता होनी चाहिएः सेवकाई के बाद अकेले न रहने के तरीके खोजना, यहाँ तक कि किसी मित्र को बातचीत करने के लिए बुला लेना, अकेले में दुश्मन के हमलों से बचाव हो सकता है।

शैतान हमारी शर्मिंदगी को प्रोत्साहित करेगा – जवाबदेह बनें और परमेश्वर के औग्रहपर भरोसा रखें

शैतान झूठा है, लेकिन वह रणनीतिक रूप से स्थापित कुछ सच्चाइयों का भी उपयोग करता है। वह हमें हमारे पाप और असफलता की सच्चाई की याद दिलाएगा ताकि वह हमें हार और निराशा में फँसा सके। वह सच को झूठ से जोड़ देगाः हमने जो किया है उस सच को इस झूठ से जोड़ेगा कि इस बार हमारे लिए कोई माफी नहीं है। वह हमारे पाप की सच्चाई को लेता है और झूठ और चालाकी को मिलाकर हमें शर्मिंदगी के अधेरे में खींचता है और हमें आरोप से कमजोर करता है।

शैतान हमें एक श्राप के अधीन रखना चाहता है जिससे हम कभी बाहर ना निकल सके, परन्तु पाप, लज्जा और मृत्यु के श्राप को यीशु के द्वारा पहले ही निपटा दिया गया है। मसीह का लहू हमें धोकर पाप से शुद्ध करता है और हमें जीवन देता है (रोमियों 5:9)। दण्ड अब न रहा (रोमियों 8:1)। जो मसीह में हैं उनके पास पवित्र आत्मा के वरदान हैं। शैतान के विपरीत, जब पवित्र आत्मा हमारे पाप को याद दिलाता है तो यह हमें लज्जित करने के लिए नहीं, बल्कि हमें पश्चाताप करने के लिए लाता है। हमें विश्वसनीय मित्रों के माध्यम से स्वयं को परमेश्वर की आत्मा के प्रति जवाबदेह रखना चाहिए। हमें चाहिए कि शैतान हमारी असफलताओं को अंधेरे में न रखने पाए, बल्कि उन्हें प्रकाश में आने देना चाहिए, जहां आशा और चंगाई से उसकी मुलाकात हो सके।

शैतान हमारे संदेहों में हेरफेर करेगा – सुसमाचार–केंद्रित संगति की दया की खोज करें

यहूदा विश्वासियों को संदेह करने वालों पर दया करने के लिए कहता है (यहूदा 1:22)। यह हमें तीन बातें बताता हैः

1. हमारे जीवन में कभी कभी संदेह उपस्थित होगा।
2. संदेह अंततः एक अच्छी बात नहीं है, अन्यथा इसे प्रतिक्रिया के रूप में दया की आवश्यकता नहीं होती।
3. हम प्रेम, विनम्रता और अनुग्रह के साथ एक दूसरे का समर्थन और प्रोत्साहन कर सकते हैं।

जब शैतान हमारे मानवीय संदेह की अनिवार्यता में हेरफेर करने का प्रयास करता है, तो हमें उन भाइयों और बहनों से जुड़ना चाहिए जो हमारे प्रश्नों के माध्यम से हमारे साथ समय बिता सकते हैं, हमें सुसमाचार की सच्चाई में नींव मजबूत कर सकते हैं और प्रार्थना के माध्यम से हमें प्रेम कर सकते हैं। संदेह अपने आप में अपरिहार्य है, लेकिन अपने लोगों में काम करने वाली परमेश्वर की दया के माध्यम से यह अनिवार्य नहीं है कि हमारा संदेह हमारे विश्वास को कुचल दे।

शैतान हमें खजाने का लालच देगा – प्रभु में आनंदित रहो

संसार और देह के बाहरी और आंतरिक प्रलोभन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें शैतान खेलना पसंद करता है। वह हमें यह बताने में विशेषज्ञ है कि हम कुछ पाने के योग्य तो हैं और पूछता है कि फिर यह हमारे पास क्यों नहीं है। जितना अधिक हम सुनते हैं, उतना ही अधिक हम मसीह में असंतुष्ट होते जाते हैंः कटु और क्रोधी, दूसरों से ईर्ष्या करने वाले, स्वार्थी और पाखंडी।

हम किस लिए जी रहे हैं? यदि हम प्रभु की उपस्थिति में रहने, उसमें अपने आप को आनंदित करने के अलावा किसी भी चीज के लिए समझौता करते हैं, तो हम दुनिया और शरीर में भाग्य और पूर्ति के वादों से शैतान को जिताने के जोखिम में होंगे। हम सभी इसी तरह से प्रलोभन का सामना करते हैं। बाड़ के दूसरी तरफ की घास अक्सर हरी दिखती है। यदि हमारी जड़ें परमेश्वर के अंतहीन राज्य की सिद्ध मिट्टी में गहरी हैं, तो हम सही पक्ष में रहेंगे, इसलिए हमें गहरी भक्ति के साथ अपने विश्वास में ज्यादा निवेश करना चाहिए और इसका एहसास करना चाहिए कि वास्तव में मसीह ही काफी है (भजन 1)।

शैतान हमारे डर से खेलेगा – जान लें कि हम में जो है वह उससे बड़ा है जो दुनिया में है

हम एक डरावनी दुनिया में रहते हैं। शैतान हमारे डर का फायदा उठाना पसंद करता है, जिससे हम परमेश्वर पर अविश्वास करते हैं और हमें अपनी गवाही में अप्रभावी बना देते हैं। हर बार जब शैतान हमारे डर के बारे में बोलता है, तो वह परमेश्वर के प्रेम को किनारे करने का प्रयास कर रहा होता है। प्रेम का विपरीत घृणा नहीं बल्कि भय है।

भय शांति को चुरा लेता है। भय भरोसे को तोड़ देता है। भय स्वार्थ उत्पन्न करता है। भय उदासीनता की ओर ले जाता है। भय आनंद को भ्रष्ट कर देता है। भय सच्चाई को छुपाता है। भय मृत्यु लाता है।

जब बाइबल हमें बताती है, “प्रेम में भय नहीं होता। परन्तु सिद्ध प्रेम भय को दूर कर देता है...” यह हमें कुछ गहरा और अनन्तकाल की महत्वपूर्ण बात बता रहा है (1 यूहन्ना 4:18)। परमेश्वर कहता है कि हमें डरने की जरूरत नहीं है। हम डर के बजाय प्रेम को चुन सकते हैं।

प्रेम शांति देता है। प्रेम विश्वास बढ़ाता है। प्रेम निस्वार्थता उत्पन्न करता है। प्रेम जुनून पैदा करता है। प्रेम आनंद को सशक्त बनाता है। प्रेम सत्य प्रकट करता है। प्रेम जीवन लाता है।

संसार गन्दा और जटिल है। अपनी मानवीय दुर्बलता में, हम निस्संदेह भय का अनुभव करेंगे, लेकिन हमें इससे पराजित नही होंगे। हम शैतान के डर के खेल को धिक्कार सकते हैं और उस पर भरोसा कर सकते हैं जो उससे बड़ा है, जो अपनी आत्मा के द्वारा हम में है, जिसने क्रूस पर अपने ऊपर भय को ले लिया ताकि एक दिन हम फिर कभी भयभीत न हों।

चर्चा करें: दोषारोपण और प्रलोभन के किन क्षेत्रों में आपको जवाब देने की अपनी तैयारी के बारे में अधिक इरादा रखने की आवश्यकता है?

आइए इन सभी क्षेत्रों में हम पतरस की चेतावनी को सुनें जो वह लिखता है:

> “सचेत हो, और जागते रहोय क्योंकि तुम्हारा विरोधी शैतान गर्जनेवाले सिंह के समान इस खोज में रहता है कि किस को फाड़ खाए।”
>
> **1 पतरस 5:8**

जागरूकता हमें हमले को पहचानने की क्षमता देती है। परमेश्वर हमें जीत में जवाब देने में सक्षम बनाता है।

प्रार्थना और जवाबदेही (30 मिनट)

यह सत्र जवाबदेही के लिए अतिरिक्त समय देता है, ताकि हम उन प्रलोभनों के बारे में ईमानदार रहें जिनका हम सामना कर रहे हैं और एक दूसरे के लिए प्रार्थना कर सकें।

आत्मिक युद्ध के प्रत्युत्तर में, निम्नलिखित कथनों पर एक साथ प्रार्थनापूर्वक विचार करें:

- जब दुश्मन की फुसफुसाहट कहती है, “तुम बहुत अच्छे नहीं हो,” हम जवाब दे सकते हैं, “लेकिन यीशु है।”
- जब वह हमें समझाने की कोशिश करता है कि परमेश्वर ने हमें नीचा दिखाया है, तो हम जवाब दे सकते हैं कि हमारा विश्वास हमारे पिता की अपरिवर्तनीय और अटल विश्वासयोग्यता में है।
- जब दुश्मन हमें हमारी पिछली असफलताओं के लिए ताना मारता है, तो हम जवाब दे सकते हैं कि यीशु ने हमारे पाप ले लिए हैं।
- जब वह आज के पाप की ओर इशारा करता है, तो हम जवाब दे सकते हैं, “परमेश्वर का अनुग्रह काफी है।”
- जब दुश्मन हमसे झूठ बोलता है, तो हम परमेश्वर के वचन की सच्चाई से जवाब दे सकते हैं।
- जब उसके आरोप को संभालना मुश्किल लगता है, तो हम जीत हासिल करने में मदद के लिए पवित्र आत्मा को पुकारकर, और अपने मसीही परिवार के साथ संगति की तलाश करके दुश्मन को जवाब दे सकते हैं।
- दुश्मन के किसी भी और हर आरोप में, हम यीशु पर भरोसा कर सकते हैं जिसने पहले से ही क्रूस की शक्ति के माध्यम से जीत का दावा किया है, और जो हमारी ओर से जीत और शांति के अनंत–परिवर्तनकारी शब्दों के साथ जवाब देते हैं: “यह पूरा हुआ।”

आत्मिक युद्ध विजय प्राप्त करने का प्रयास नहीं है, यह उस पर अडिग रहना है जो हमारे पास पहले से ही परमेश्वर में है।

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

अनुप्रयोग (5 मिनट)

अपने जीवन में जवाबदेही की भूमिका के बारे में फिर से सोचें। क्या आप ईमानदारी से, पारदर्शी रूप से और असुरक्षित तरीके से अपने जीवन को भरोसेमंद लोगों के साथ साझा करते हैं? क्या आप प्रभु में दूसरे भाई या बहन के सामने अपना पाप स्वीकार कर रहे हैं? क्या आप पापपूर्णता के क्षेत्रों में कोई प्रगति देख रहे हैं? यदि नहीं, तो अपने आप को कुछ विश्वसनीय मित्रों के प्रति जवाबदेह बनाएं और देखें कि क्या आप एक दूसरे की सहायता कर सकते हैं।

जवाबदेही व्यवहार संचालन की कोई प्रणाली नहीं है। यह आपके लिए एक अवसर है कि आप विनम्रतापूर्वक अपने विश्वास को बढ़ाएँ, और, अन्य विश्वासियों के साथ संगति के माध्यम से, शत्रु की योजनाओं को विफल करें, दुनिया पर अपने दृष्टिकोण को फिर नये सिरे से स्थापित करें, देह का विरोध करने में एक दूसरे को प्रोत्साहित करें – और सबसे अच्छी बात, प्रभु की उपस्थिति में एक साथ आनंद लें।

ना भूलें...

हमारे मासिक एडवांस ईमेल न्यूजलेटर के लिए साइन अप करें ताकि आप इस बारे में सुन सकें कि पूरे आंदोलन में क्या हो रहा है, यह जाने कि केसे सुसमाचार को प्रेम के साथ राष्ट्रों तक ले जाया जा रहा है और विशेष एडवांस ऑफर और अवसर प्राप्त करें। advancegroups.org पर साइन अप करें।

टिप्पणियाँ

सत्र नौ
पद्धति में फल – नम्रता और धीरज

इस सत्र में हम परमेश्वर के प्रति समर्पण की मुद्रा को समझेंगे जो हमें धैर्य में बढ़ने में मदद करती है। धैर्य का फल दुनिया में दयालु होने की हमारी क्षमता को सीधे केसे प्रभावित करता है? जब हम अपने ही जीवन के क्षेत्रों में सफलता के लिए परमेश्वर की बाट जोह रहे हैं तब भी हम आत्मिक रूप से नम्र व्यक्ति केसे हो सकते हैं?

सत्र एक वाक्य में
परमेश्वर के प्रति धैर्य और समर्पण की मुद्रा से, जब हम अपने शब्दों और अपने कार्यों के साथ सुसमाचार की घोषणा करते हैं, तो हम पीड़ित दुनिया में नम्रता और करुणा लाने के लिए सुसज्जित होते हैं।

सत्र पृष्ठभूमि
सच्चा जीवन हमारे लिए केवल परमेश्वर के प्रचुर, अत्यधिक अनुग्रह – उसकी प्रेममयी कृपा के कारण ही संभव है। पुत्र के माध्यम से पिता से अनुग्रह प्राप्त करने के बाद, हमारे जीवन में आत्मा के माध्यम से संसार पर सच्चा अनुग्रह प्रकट करना हमारी स्वाभाविक प्रतिक्रिया होनी चाहिए।

हालाँकि, अनुग्रह का दुरुपयोग करना आसान है। हमें कभी भी परमेश्वर के अनुग्रह को हल्के में नहीं लेना चाहिए। अनुग्रह कोई जेल–से–मुक्ति का कार्ड नहीं है कि हम जैसे चाहें जी सकते हैं क्योंकि परमेश्वर दयालु हैं और हमें क्षमा करेंगे। अनुग्रह हमारे पाप को स्वीकार्य नहीं बनाता है। अनुग्रह पापियों के लिए सच्चे पश्चाताप के माध्यम से स्वीकार किए जाने को संभव बनाता है – जो कि बहुत अलग बात है।

यदि हम उस अनुग्रह का दुरुपयोग करते हैं जो हमें परमेश्वर ने प्रदान किया है, तो हम उस संबंध की परिपूर्णता में कभी प्रवेश नहीं करेंगे जो वह हमारे साथ रखना चाहता है। बाइबल यहाँ तक कहती है कि इस तरह से परमेश्वर के अनुग्रह का दुरुपयोग करना मसीह के प्रभुत्व का स्पष्ट रूप से इनकार करना है (यहूदा 1:4)।

इस तरह से अनुग्रह का खिलवाड़ करना क्रूस पर यीशु के उद्धार के कार्य की अवहेलना करता है, अंततः यह उसे हमारे जीवन के सिंहासन पर से दूर धकेल देता है। पौलुस इस बारे में स्पष्ट है कि परमेश्वर के अनुग्रह ने हमारे लिए क्या हासिल किया है और यह इतना कीमती क्यों है:

> “वह दया और अनुग्रह में इतना धनी है कि उसने अपने पुत्र के लहू से हमारी स्वतंत्रता खरीदी और हमारे पापों को क्षमा किया।”
>
> **इफिसियों 1:7**

परमेश्वर का अनुग्रह हमारे व्यक्तिगत पापों (लक्षणों) से निपटने के लिए नहीं बल्कि हमारे पापी स्वभाव (कारण) से निपटने के लिए दी जाती है। सुसमाचार हमें भूत, वर्तमान और भविष्य के पाप से बचाता है:

- हम अतीत में यीशु के क्रूस पर किए गए कार्य के द्वारा अपने पापों के दण्ड से बचाए गए हैं

- हम अपने जीवन में आत्मा के कार्य के द्वारा वर्तमान में पाप की शक्ति से बचाए गए हैं
- हम भविष्य में पिता के अनंत शासन और उसके आने वाले राज्य के द्वारा पाप की उपस्थिति से बचाए गए हैं।

हमारे जीवन में ऐसे समय आएंगे जब हमें परमेश्वर से क्षमा मांगने और नए सिरे से उसका अनुग्रह प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। मार्टिन लूथर ने लिखा है कि "विश्वासियों का संपूर्ण जीवन पश्चाताप का होना चाहिए" – जिसका अर्थ है कि हम न केवल यीशु के साथ संबंध स्थापित करने के लिए पश्चाताप करते हैं, बल्कि उसमें दिन–ब–दिन बने रहते हैं। परमेश्वर हमारे साथ कोमल और धैर्यवान है, भले ही वह हमारे पाप से नाराज हो (2 पतरस 3:9)। उनकी करुणा अद्भुत है। जैसे–जैसे हम अपने विश्वास में बढ़ते हैं, वैसे–वैसे हमारे जीवन में पाप के क्षेत्रों को जड़ से उखाड़ने की हमारी इच्छा भी बढ़ती है, क्योंकि हम परमेश्वर की आत्मा के साथ भागीदार होते हैं ताकि हम उसे अपना काम करने दें (चंगा करना और छुड़ाना) साथ ही वह हमसे जो खुद के लिए करने को (उदाः प्रलोभन से भागना) कहता है उसके प्रति वफादार रहें।

परमेश्वर का अनुग्रह, जैसा यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान में देखा गया, हमारे पापी स्वभाव को ढकता और ठीक करता है, हमें अपूर्ण सृष्टि के रूप में पूर्ण सृष्टिकर्ता के साथ सच्चे रिश्ते में रहने की अनुमति देता है। परमेश्वर हमें अपने अनुग्रह के माध्यम से एक निश्चित तरीके से जीने को मजबूर करने की कोशिश नहीं कर रहा है, वह हमारे लिए उस जीवन को जीना संभव बना रहा है जिसके लिए हमें बनाया गया थाः अर्थात, सच्चा जीवन।

दूसरा तरीका जिससे हम अनुग्रह का दुरुपयोग कर सकते हैं वह यह है कि हम दूसरों को उसी अनुग्रह को प्रदान करने में असफल हो जाएँ जो हमने प्राप्त किया है। यह सच हैः यह अनुग्रह का दुरुपयोग है। हम ने संतमेंत पाया है, तो हमें संतमेंत देना चाहिए (मत्ती 10:8)। कभी–कभी हम दूसरों को अनुग्रह प्रदान करने में असफल हो जाते हैं क्योंकि हम इस सत्य को स्वीकार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं कि परमेश्वर हमें क्षमा करता है और हमें स्वीकार करता है – शायद इसलिए कि हम स्वयं को क्षमा और स्वीकार नहीं कर सकते। इसे याद रखेंः परमेश्वर अपने पुत्र की मृत्यु के लिए हमें क्षमा करने को तैयार है। हम सब मसीह को क्रूस पर चढ़ाने के दोषी हैं, परन्तु परमेश्वर इसे हमारे विरुद्ध नहीं रखता, वह इसे हमारे लिए रखता है। ऐसा कोई पाप नहीं है, कोई विद्रोह नहीं है, कोई असफलता नहीं है कि अगर हम उससे माफी मागें तो वह माफ नहीं कर सकता या नहीं करेगा, और यह बाकी दुनिया के लिए भी सच है।

परमेश्वर का अनुग्रह हमारे लिए काफी है (2 कुरिन्थियों 12:9)। हमें इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए, लेकिन हमने जो अनुग्रह प्राप्त किया है, दुनिया को वही अनुग्रह देने का प्रस्ताव देते हुए इसमें विनम्रता और खुशी से रहना चाहिए – ताकि वे ईश्वर की करुणा से धन्य हो सकें।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पूछें कि क्या समूह में से कोई भी शेष समूह को प्रोत्साहित करने के लिए जवाबदेही के अपने अनुभव (सत्र आठ – अनुप्रयोग) को साझा करने में सहज महसूस करेगा।

प्रार्थना

प्रभु को समय देने की प्रतिबद्धता के लिए प्रार्थना करें और उन अवसरों के लिए धन्यवाद दें जो समूह को पिछले महीने में सुसमाचार साझा करने के लिए मिले हैं। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने इन अवसरों के द्वारा यीशु में अपना भरोसा रखा है।

शिक्षण (30–40 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "अर्थात् सारी दीनता और नम्रता सहित, और धीरज धरकर प्रेम से एक दूसरे की सह लो; और मेल के बन्धन में आत्मा की एकता रखने का यत्न करो।"
>
> **इफिसियों 4:2–3**

अपने पूरे जीवन में, हममें से प्रत्येक को अपना भरोसा विभिन्न चीजों पर रखना पड़ता है। कुछ चीजें जिन पर हम अपना भरोसा रखते हैं वे अधिक महत्वपूर्ण हैं – जैसे डॉक्टर जो हमारे बीमार होने पर हमारा इलाज करते हैं,

हमें सलाह देते हैं और हमें स्वस्थ बनाने के लिए सही दवा देते हैं, या भौतिकी के नियम और हवाई जहाज पर बैठने पर इंजीनियरों का कौशल 35,000 फीट पर। दूसरों का अधिक व्यक्तिगत महत्व हो सकता है – जैसे दोस्तों के बीच एक राज रखना।

किसी को भरोसा टूटना पसंद नहीं है। और फिर भी किसी बिंदु पर हम सभी को किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा निराश किया गया है जिस पर हमने भरोसा किया था।

हम अपना पूरा भरोसा परमेश्वर पर रख सकते हैं। वह हमें कभी निराश नहीं करेगा। यह जानना वास्तव में उल्लेखनीय है कि समस्त सृष्टि का विस्मयकारी परमेश्वर हममें व्यक्तिगत रूप से रुचि रखता है। वह हम में से हर एक को पूर्ण रूप से प्रेम करता है।

अनिश्चितता या पीड़ा के समय में, हमारा धैर्य खिड़की से बाहर फेंकी जाने वाली पहली चीज हो सकती है। यह परमेश्वर में हमारे भरोसे के बारे में क्या कहता है? सर्वशक्तिमान ईश्वर में पूर्ण विश्वास और उसकी इच्छा के प्रति पूर्ण समर्पण हमारे जीवन में आत्मिक धैर्य विकसित करता है। जब हम यीशु के साथ चलने में धैर्य रखने की अपनी इच्छा को प्रदर्शित करते हैं तो हम सच्ची विश्वासयोग्यता, वास्तविक भरोसे को प्रदर्शित करते हैं।

चिंता, घबराहट, अविश्वास, भय, झुंझलाहट और क्रोध– ये सब ऐसी बातें हैं जो धैर्य के सर्वथा विरुद्ध हैं। क्या आप देख सकते हैं कि वे चीजें आपके जीवन में कितनी हानिकारक हो सकती हैं? परमेश्वर का वचन लगातार ऐसी बातों के विरुद्ध बोलता है।

समूह में इन आयतों को देखने के लिए कुछ समय निकालें और उन्हें एक–दूसरे को पढ़कर सुनाएँ।

- लूका 12:22–26 (चिंता)
- फिलिप्पियों 4:6–7 (घबराहट)
- नीतिवचन 3:5 (अविश्वास)
- इब्रानियों 13:6 (डर)
- नीतिवचन 12:16 (झुंझलाहट)
- याकूब 1:19–20 (क्रोध)

चर्चा करें: इनमें से कौन सा पद आपको सबसे ज्यादा चुनौती देता है? इनमें से किसी एक शीर्षक के तहत आप दुनिया की कितनी समस्याओं को वर्गीकृत कर सकते हैं?

अय्यूब बाइबल की सबसे गलत रीति से समझी जाने वाली पुस्तकों में से एक है। अय्यूब परमेश्वर का एक विश्वासयोग्य उपासक है जो अविश्वसनीय हानि और व्यक्तिगत क्लेश सहता है। अपनी कठिन परीक्षा के दौरान अय्यूब जो कुछ हुआ उसके लिए परमेश्वर को श्राप देने से इनकार करता है, लेकिन उसके पास कुछ बड़े प्रश्न हैं – जिसमें एक सवाल भी शामिल है जिसे शायद हम सभी ने अपने कष्टों में पूछा हैः "क्यों?"

परमेश्वर अय्यूब को एक आसान उत्तर नहीं देता है – वास्तव में, वह अय्यूब से और प्रश्न पूछता है।

परमेश्वर अय्यूब से पूछता है कि क्या वह वहां था जब तारे आकाश में लटके हुए थे, या वह तब मौजूद था जब वास्तविकता का ताना–बाना अस्तित्व में आया था। परमेश्वर अय्यूब को स्मरण दिलाता है कि मनुष्य सृजा गया है, और वह सृष्टिकर्ता है। अचानक, अय्यूब के दिमाग का बल्ब चालू हो जाता है क्योंकि वह इस सच्चाई से आश्वस्त होता है कि दुनिया चाहे कितनी भी चुनौती पेश करे, आकाश में सितारों को लटकाने वाला परमेश्वर अभी भी नियंत्रण में है। परमेश्वर भला है और वह अपने लोगों से प्रेम करता है (अय्यूब 38–41)।

यदि हम जीवन के उतार–चढ़ाव में धैर्य के साथ बने रहना चाहते हैं, तो यह वास्तविकता है जिसे हमें स्वीकार करना चाहिए – चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न लगे। अय्यूब के प्रति परमेश्वर का प्रत्युत्तर एक सुन्दर कोमल फटकार है। वह असल में अय्यूब को अपना दृष्टिकोण बदलने का अवसर प्रदान करता है।

अय्यूब की पुस्तक मुख्य रूप से पीड़ा की कहानी नहीं है, बल्कि विश्वासयोग्यता और समर्पण की कहानी है। अपनी सारी कठिनाइयों के दौरान – यहाँ तक कि जब वह कठिन प्रश्नों से जूझता है – अय्यूब परमेश्वर के प्रति समर्पण का स्थान पाता है। इस अधीनता में अय्यूब अपनी शांति को बहाल पाता है, न कि अपने सभी सवालों के जवाब पाकर। कितनी बार हम उन सभी उत्तरों के बिना संतुष्ट होने को तैयार हैं जिन्हें हम ढूंढ रहे हैं?

अय्यूब हमें सिखाता है कि भले ही हृदय विदारक और कठिन समय आ सकता है, परमेश्वर पर भरोसा और उसके अधिकार के प्रति समर्पण हमें दृढ़ बने रहने के लिए सक्षम और सुसज्जित करता है। हम सहन कर सकते हैं। हम आत्मिक रूप से धैर्यवान लोग बन सकते हैं जो क्रोध करने में जल्दबाजी नहीं करते, परमेश्वर को अस्वीकार करने में

नहीं करते जब जीवन उस तरह से नहीं चल रहा होता है जैसा सोचा था। हम ऐसे लोग बन सकते हैं जो यह पहचानते हैं कि परमेश्वर का दृष्टिकोण हमसे बड़ा है। आखिरकार, जब तारे आकाश में लटके हुए थे, वह वहाँ था पर हम नहीं।

इस दृष्टिकोण से अय्यूब, “अपनी पक्की आशा में आनन्दित और संकट में धीरज धरने” में सक्षम है, जैसा कि पौलुस रोमियों 12:12 में निर्देश देता है।

पौलुस हमें उसी वचन में प्रार्थना करते रहने के लिए भी कहत्ता है – धैर्य की पहेली का एक अनिवार्य टुकड़ा जिससे हम दुनिया में परमेश्वर के कोमल और दयालु परिप्रेक्ष्य को पुनः नियोजित करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। प्रार्थना अक्सर अपने साथ एक दृष्टिकोण लाती है। कभी–कभी यह हमारे विचारों और भावनाओं को व्यवस्थित करने और व्यक्त करने के माध्यम से होता है जब हम उन्हें परमेश्वर से कहते हैं, लेकिन अधिक बार ऐसा इसलिए होता है क्योंकि परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं में हमसे मिलते हैं। हम हमेशा उन प्रतिक्रियाओं को पसंद या समझ नहीं पाएंगे जो परमेश्वर (मौन सहित) देता है, लेकिन हम आश्वस्त हो सकते हैं कि वह हमारी बात सुनता है और उसकी प्रतिक्रिया हमेशा सही होती है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि हमारी प्रार्थनाएँ केवल स्वयं पर केंद्रित न हों। अय्यूब की कहानी एक छोटे से विवरण पर समाप्त होती है जिसे हम आसानी से भूल सकते हैं। अपने दृष्टिकोण की जाँच के बाद, अय्यूब परमेश्वर की आराधना करता है – जिस बिंदु पर परमेश्वर उससे अपने उन दोस्तों के लिए प्रार्थना करने के लिए कहता है जिन्होंने उसकी कठिनाई में उसकी गलत रीति से मदद करने का काम किया था, वे मित्र जिन्होंने परमेश्वर की पहचान और चरित्र के बारे में अय्यूब को गुमराह किया था। अय्यूब आज्ञाकारी रूप से अपने दोस्तों के लिए प्रार्थना करता है, और बाइबल हमें बताती है कि जब वह ऐसा करता है तो उसका भाग्य बहाल हो जाता है।

क्या उल्लेखनीय विवरण है। परमेश्वर अय्यूब (और हम) को प्रकट करता है कि धैर्य और आज्ञाकारिता साथ–साथ चलते हैं – यदि हम दूसरों को प्राथमिकता देना चुनते हैं, भले ही हमारे अपने दिल टूट रहे हों, भले ही दूसरों ने हमें निराश किया हो, यहां तक कि जब हम अपने स्वयं के जीवन के लिए स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, तो यह परमेश्वर से समृद्ध आशीष लाता है।

क्या परमेश्वर की ओर से नए परिवार की आशीष ने अय्यूब के पहले परिवार के खोने के सारे दर्द को दूर कर दिया? बिल्कुल नहीं। अय्यूब ने जीवन भर अपने साथ दुःख उठाया होगा। जीवन अक्सर हमें लंगड़ा करके छोड़ देता है। लेकिन हमें नाउम्मीद नहीं छोड़ा गया है।

अय्यूब को आशा दी गयी है कि चाहे कुछ भी छीन लिया जाए, परमेश्वर कुछ नया लेकर आता है। एक दिन, अच्छाई पूरी तरह से बहाल हो जाएगी क्योंकि हमारे अनुभवों का दर्द हमेशा के लिए ठीक हो जाएगा। स्वर्ग में कोई लंगड़ाता नहीं है।

जब हम अपने जीवन में आत्मिक धैर्य के परिवर्तनकारी प्रभावों का अनुभव करते हैं, हम दयालु–नम्र कलीसिया बन जाते हैं जिसकी दुनिया को सख्त जरूरत है। धैर्यपूर्वक परमेश्वर पर भरोसा करने से, हम दूसरों को सफलता देने वाले परमेश्वर की पेशकश करने के लिए संसार में जाने में सक्षम होते हैं, वैसे ही जैसे हम अपनी खुद की सफलता की प्रतीक्षा करते हैं।

चर्चा करें: दुनिया के लिए परमेश्वर की नम्रता और करुणा को प्रकट करने के साथ–साथ धैर्य का आत्मिक फल क्यों कार्य करता है?

यीशु के अच्छे सामरी के दृष्टान्त में, एक यहूदी व्यक्ति को डाकुओं द्वारा पीटा जाता है और सड़क के किनारे मरा हुआ छोड़ दिया जाता है। कुछ लोग जिनसे आपने सहायता की उम्मीद की होगी वे उसकी उपेक्षा करके आगे बढ़ गए, लेकिन अंततः एक सामरी व्यक्ति मदद की पेशकश करता है, भले ही सामरी और यहूदी दुश्मन थे। सामरी यहूदी की मदद क्यों करता है?

> “तब एक तुच्छ सा सामरी आया, और उस मनुष्य को देखकर उस को उस पर तरस आया।”
>
> **लूका 10:33**

किसी भी बाधा को दूर करने के लिए आत्मिक करुणा काफी सामर्थी है। यदि हम केवल करुणा को उन लोगों के लिए एक धर्मार्थ कार्य के रूप में देखते हैं जिनकी स्पष्ट और बड़ी आवश्यकता है, तो हम कभी भी अपने जीवन में सच्ची आत्मिक नम्रता को जड़ पकड़ते हुए नहीं देख पाएंगे। धर्मार्थ कार्य करना सार्थक और प्रशंसनीय है, लेकिन हमारे जीवन के हर क्षेत्र में करुणामय और

दयालु होना – उन सभी के लिए जिनसे हम व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं और जिन्हें हम दूर से प्रभावित कर सकते हैं – यीशु के सभी सच्चे अनुयायियों के लिए सही मानक है।

आपके जीवन में उनकी आत्मा की शक्ति के द्वारा, परमेश्वर हमें वे साधन देना चाहता है जिनकी हमें दुनिया में नम्रता, करुणा और दया दिखाने के लिए तब तक आवश्यकता है जब तक हम उसमें हैं। जब हम धीरज धरते हैं, तो हम अपने पड़ोसियों से प्रेम करने और संसार पर परमेश्वर के अनुग्रह की नम्रता प्रकट करने के लिए सशक्त होते हैं।

बुलाहट स्पष्ट है।

> "अब तुम इन तीनों में से किसे डाकुओं द्वारा मारे गए व्यक्ति का पड़ोसी कहते हो?" यीशु ने पूछा। उस मनुष्य ने उत्तर दिया, "वही जिसने उस पर दया की।" तब यीशु ने कहा, "हां, अब जाकर वैसा ही करो।"
>
> लूका 10:36–37

चर्चा (15 मिनट)

1. यदि परमेश्वर पर भरोसा रखना धैर्य की कुंजी है, तो हम परमेश्वर पर और अधिक भरोसा करना कैसे सीख सकते हैं?
2. जीवन में किन चीजों के कारण आपका धैर्य टूट जाता है?
3. सुसमाचार प्रचार में करुणा (नम्रता) कैसी लगेगी?

> "फिर हम अपनी समस्याओं के बारे में क्या करें? हमें उनके साथ तब तक रहना सीखना चाहिए जब तक कि परमेश्वर हमें उनसे मुक्त न कर दे। हमें बिना कुड़कुड़ाए उन्हें सहन करने हेतु अनुग्रह के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। धैर्यपूर्वक सहन की गई समस्याएँ हमारी आत्मिक परिपूर्णता के लिए कार्य करेंगी। वे हमें तभी नुकसान पहुँचाते हैं जब हम उनका विरोध करते हैं या अनिच्छा से उन्हें सहन करते हैं।"
>
> ए. डब्ल्यू. टोजर

अनुप्रयोग (5 मिनट)

आने वाले महीने में अपनी प्रार्थनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सत्र पृष्ठभूमि से "दंड, शक्ति और उपस्थिति" के मूल भाव का उपयोग करें। इस बात पर विचार करें कि अगले कुछ सप्ताहों में आपके द्वारा की जाने वाली सुसमाचार की बातचीत में इसे कैसे व्यक्त किया जा सकता है।

- हम अतीत में यीशु के क्रूस पर किए गए कार्य के द्वारा हमारे पापों के दण्ड से बचाए गए हैं
- हम अपने जीवन में आत्मा के कार्य के द्वारा वर्तमान में पाप की शक्ति से बचाए गए हैं
- हम भविष्य में पिता के अनंत शासन और उसके आने वाले राज्य के द्वारा पाप की उपस्थिति से बचाए गए हैं

प्रार्थना

"पिता परमेश्वर, तुझ पर अपना पूरा भरोसा रखने में हमारी मदद करें। धन्यवाद कि तू हमें कभी निराश नहीं करेगा। धैर्य का एक उदाहरण स्थापित करके और दुनिया के भरोसे के लिए तुझको आशा के रूप में प्रकट करके दुनिया में परिवर्तन को प्रभावित करने में हमारी मदद कर। हम प्रार्थना करते हैं कि जीवन के सबसे कठिन समय में, तेरी आत्मा हमें सहने और यीशु पर अपनी दृष्टि टिकाए रखने में मदद करे। क्या हमारा जीवन पिता की नम्रता को प्रतिबिंबित करेगा, ताकि लोग उसकी दया को जान सकें। आमीन"

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

धैर्य विकसित करने और अपने मन को नवीनीकृत करने का एक तरीका वचन में प्रतीक्षा करना है। आप अपने प्रचार–केंद्रित बाइबल अध्ययन में गहराई तक जाने के लिए YouVersion पर मुफ्त में उपलब्ध एडवांस भक्तिपूर्ण बाइबल अध्ययन जैसे "प्रचारकार्य के मिथकों की खोज" का उपयोग कर सकते हैं।

टिप्पणियाँ

सत्र दस

परिवार की ओर से चुनौती – संगति और विकर्षण

इस सत्र में हम सुसमाचार प्रचार की उस चुनौती पर विचार करेंगे जिसका सामना हमें अपने कलीसिया समुदाय से करना पड़ सकता है। विविध समुदायों में, सभी लोग सुसमाचार प्रचार के लिए हमारे जुनून को साझा नहीं करेंगे। हमारी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए? हम अपने भाइयों और बहनों के लिए एक प्रोत्साहन कैसे बन सकते हैं और हमारे पास एक यात्रा की सेवकाई होते हुए एक स्थानीय समुदाय के साथ संगति में कैसे रह सकते हैं?

सत्र एक वाक्य में

हमें अपने कलीसिया परिवार को सुसमाचार में प्रोत्साहित करना चाहिए, जब हमारा कलीसिया परिवार हमारे प्रचार करने के जुनून को साझा नहीं करता है, तो संगति को छोड़ने के बजाय दुनिया में इसे ले जाने के लिए एक–दूसरे को प्रेम से लैस करने और प्रतिज्ञा करने के लिए तत्पर होना चाहिए।

सत्र पृष्ठभूमि

एकान्त कारावास एक विशेष रूप से अप्रिय सजा है जिसका उपयोग दुनिया भर की जेलों में किया जाता है। इस तरह के अलगाव के प्रभाव का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया है और परिणाम गंभीर पढ़ने के लिए मिलते हैं। यहां तक कि अल्पकालिक एकान्त कारावास के अधीन रहने वालों में उच्च स्तर की चिंता, तनाव, अवसाद, क्रोध, घबराहट के दौरे, हिंसक प्रकोप, मनोविकार, पागलपन, मतिभ्रम, याददाश्त की समस्याएं, खुद को नुकसान पहुँचाना और आत्महत्या का खतरा होता है।

हमें इन निष्कर्षों से हैरान नहीं होना चाहिए। एकान्त कारावास एक व्यक्ति को उस चीज से वंचित करता है जिसके लिए उसे बनाया गया था: संबंध, समुदाय और संगति। जब भी हम इन चीजों से अलग हो जाते हैं तो परिणाम कभी सकारात्मक नहीं होते।

पूरे मानव इतिहास में, अस्तित्व के लिए समुदाय हमेशा आवश्यक रहा है। जनजातीय समाजों में सभी को एक स्पष्ट भूमिका निभानी होती है – शिकार करने और खतरों से लड़ने से लेकर खाना ढूंढने और खाना पकाने, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेतृत्व तक। आज विकसित दुनिया में हम में से अधिकांश के लिए, समुदाय हमारी पहचान खोजने के बारे में है: हम कहाँ से संबंधित हैं और हम जो हैं उसके लिए हमें कहाँ स्वीकार किया जाएगा?

इंटरनेट ने लोगों के लिए अपनी जनजाति को खोजना संभव बना दिया है। चाहे वह एक पॉप स्टार या टेलीविजन शो के प्रशंसक समूह हों, एक यौन अभिविन्यास, एक शौक या कौशल, एक राजनीतिक, नैतिक, या धार्मिक विश्वदृष्टि, या आलसियों के प्रशंसकों के लिए एक ऑनलाइन समुदाय, यदि आप काफी कोशिश करके ढूँढेंगे तो आप एक जनजाति खोजने में सक्षम होंगे। ये समुदाय बहुत कुछ अच्छा कर सकते हैं, लेकिन उनमें एक अंतर्निहित समस्या है: वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करते हैं जो समुदाय को वस्तु

समझती है, जहां हम समुदाय के भीतर योगदानकर्ता के बजाय उपभोक्ता बन जाते हैं। यदि हम अपने समुदाय को उस मूल्य के आधार पर चुनते हैं जो उससे हमें मिलती है – और जब हम इसे ज्यादा पसंद नहीं करते हैं, तो हम इसे छोड़कर दूसरे को खोजने लगते हैं – यह सब कुछ सिर्फ हमारे बारे में बन चुका है।

ऐसे बहुत से लोग हैं जो एक ऐसे समुदाय की तलाश कर रहे हैं जहाँ उनकी कीमत हो और वे सम्मान पा सकें क्योंकि वे अलग–थलग, अकेले और कमतर महसूस करते हैं। पहचान, अर्थ और उद्देश्य की खोज शक्तिशाली है क्योंकि हम अपने निर्माता के साथ संबंध के माध्यम से उन सभी चीजों को जानने के लिए सृजे गए थे। जब हम परमेश्वर के समुदाय से दूर हो जाते हैं, तो हम वियोग का अनुभव करते हैं जो हमें उन्हीं समस्याओं की ओर ले जाता है जिनका सामना एकान्त कारावास में केदियों को करना पड़ता है।

कलीसिया खास समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है – स्वयं परमेश्वर, पिता, पुत्र और आत्मा का पूर्ण और अनंत समुदाय। लेकिन – लोगों से बनी होने के कारण – कलीसिया सिद्ध नहीं है। हम गलतियाँ करते हैं, और कभी–कभी कलीसिया समुदाय इस दुनिया में किसी भी टूटे हुए समुदाय की तरह अलग–थलग और दर्दनाक हो सकते हैं। लेकिन अपूर्णता के भीतर एक आशा है। आशा तब आती है जब हम याद करते हैं कि कलीसिया केवल लोगों का एक समूह नहीं है जो एक साझा हित के लिए एकजुट हो रहे हैं, बल्कि खुद को दुनिया के सामने प्रकट करने के लिए कलीसिया परमेश्वर की योजना है। यदि हम इसे हमारे बजाय उसके बारे में समझें, तो आशा है कि उसकी पूर्णता, हमारी अपूर्णता के माध्यम से भी प्रकट होगी।

> "जहां अकेलापन निराशा और उससे कहीं अधिक अलगाव पैदा करता है, वहीं एकजुटता आशावाद और रचनात्मकता को जन्म देती है। जब लोग महसूस करते हैं कि वे एक दूसरे के हैं, तो उनका जीवन अधिक मजबूत, समृद्ध और अधिक आनंदमय होता है।"
>
> **विवेक मूर्ति, संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्जन जनरल**

यह किसी भी समुदाय की परिस्थिति में एक शक्तिशाली वास्तविकता है, लेकिन यह परमेश्वर के समुदाय में अपना सबसे सच्चा रूप और आशा पाता है। हम सिर्फ एक दूसरे के नहीं हैं – हम यीशु के हैं। हमारा समुदाय अधिक मजबूत, समृद्ध और अधिक आनंदित है क्योंकि यह हमारे बजाय उसके बारे में है।

वास्तव में कलीसिया होने का अर्थ वास्तव में मसीह में होना है। हम परमेश्वर के परिवार में बपतिस्मा लेते हैं और एक देह, अनेक अंगों वाला एक समुदाय बन जाते हैं (1 कुरिन्थियों 12:12–13)। यीशु के पीछे चलने का मतलब एक विविध समुदाय में शामिल होना है जहां हम सभी के लाभ के लिए अपनी भूमिका निभाते हैं और सेवा करते हैं (परमेश्वर की पूर्ण महिमा के लिए)। मसीहियों को अकेले समय व्यतीत करना चाहिए (उदाहरण के लिए, भक्ति के लिए एकांत में) लेकिन हम अलगाव में नहीं रह सकते। कलीसिया के समुदाय से, हम दुनिया को पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के पूर्ण समुदाय की एक झलक पेश करने में सक्षम हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। पिछले सत्र के प्रकाश में पिछले महीने उत्पन्न हुए अवसरों और उनसे मिलने वाले किसी भी प्रोत्साहन या चुनौतियों के बारे में साझा करने के लिए अतिरिक्त समय दें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करने के लिए प्रार्थना करें और उन अवसरों के लिए धन्यवाद दें जो समूह को पिछले महीने में सुसमाचार साझा करने के लिए मिले हैं। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने इन अवसरों के द्वारा यीशु में विश्वास किया।

शिक्षण (45–50 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "आओ हम अपनी आशा के अंगीकार को दृढ़ता से थामे रहें, क्योंकि जिसने प्रतिज्ञा की है, वह सच्चा है; और प्रेम, और भले कामों में उस्काने के लिये हम एक दूसरे

> की चिन्ता किया करें, और एक दूसरे के साथ इकट्ठा होना न छोड़ें, जैसे कि कितनों की रीति है, पर एक दूसरे को समझाते रहेंय और ज्यों ज्यों उस दिन को निकट आते देखो त्यों–त्यों और भी अधिक यह किया करो।”
>
> **इब्रानियों 10:23–25**

सुसमाचार प्रचारक – या जो विशेष रूप से सुसमाचार प्रचार के लिए उत्सुक हैं – कभी–कभी कलीसिया समुदायों में उन्हें आवारा (ऐसा व्यक्ति जो अपरंपरागत या स्वतंत्र तरीके से संचालित होता है) के रूप में देखा जाता है। वे समुदाय में बाहरी हो सकते हैं जो कलीसिया के अंदर की तुलना में बाहर क्या हो रहा है इससे अधिक चिंतित हैं। कुछ प्रचारक स्थानीय कलीसिया संगति से पूरी तरह से अनुपस्थित होते हैं – एक व्यस्त यात्रा कार्यक्रम (जो आदर्शपूर्ण नहीं है) के कारण, या सबसे बुरा कारण कि कलीसिया के साथ चल रही निराशा या कुंठा के कारण जो उन्हें स्व–निर्वासन (अस्वीकार्य) की ओर ले जाता है। दोनों ही ठीक नहीं है, और न ही सुसमाचार प्रचारक को उनकी बुलाहट के प्राथमिक उद्देश्य को पूरा करने में मदद करता है – कलीसिया को सुसमाचार प्रचार के लिए उत्तेजित और तैयार करना (इफिसियों 4:11–12)।

इब्रानियों का लेखक विश्वासियों से आग्रह करता है कि वे एक साथ मिलना न छोड़ें। इस्तेमाल की जाने वाली भाषा को उतनी ही दृढ़ता से पढ़ा जा सकता है जितना कि बैठक को ना छोड़ना। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे पास कितनी निराशाएँ हैं, कौन सी दैनिक प्रतिबद्धताएँ उत्पन्न हो सकती हैं, हमें संगति के लिए जगह बनानी चाहिए ताकि हम प्रोत्साहित हो सकें और हमारे कलीसिया परिवार के लिए एक प्रोत्साहन बन सकें। हमें किसी भी कारण से कलीसिया को नहीं छोड़ना चाहिए।

चर्चा करें: चाहे आप एक पूर्ण–समय के प्रचारक के रूप में बुलाए गए महसूस करें या कोई दिन–ब–दिन सुसमाचार के गवाह के प्रति वफादार रहने की कोशिश कर रहा है, स्थानीय कलीसिया के साथ आपका रिश्ता कैसा है? कलीसिया में आपका व्यक्तिगत योगदान क्या है?

इब्रानियों का लेखक हमें विचार करने के लिए कहता है – उन तरीकों पर ध्यान देने के लिए जिनमें हम एक दूसरे को परमेश्वर के प्रेम में जीने और परमेश्वर के प्रेम को जीने में मदद कर सकते हैं। हमें उसके सुसमाचार में बोया जाना है और संसार में सुसमाचार को बोने वाला बनना है।

हमें अपने स्थानीय कलीसिया समुदाय में पूरी तरह से शामिल होना चाहिए, एक जवाबदेह शिष्य बनाने वाले शिष्य के रूप में उदाहरण बनना चाहिए।

कभी–कभी हम जिस समस्या का सामना करते हैं, वह कलीसिया से अलग होना नही है, बल्कि उसके भीतर विचलित होना है। जैसा कि प्रेरितों के काम 1 में यीशु अपने शिष्यों को अंतिम निर्देश देता है – पिन्तेकुस्त पर आत्मा के आने और कलीसिया के जन्म से पहले – हम शिष्यों को दो प्रमुख तरीकों से विचलित होते हुए देखते हैं।

प्रेरितों के काम 1 को एक साथ खोलें, हम इस शेष सत्र के लिए वचन 1–11 को एक साथ देखेंगे।

> अतः उन्होंने इकट्ठे होकर उससे पूछा, “हे प्रभु, क्या तू इसी समय इस्राएल को राज्य फेर देगा?”
>
> **प्रेरितों के काम 1:6**

यहां, शिष्य जो नहीं जानते उससे विचलित हैं। यीशु ने उन्हें यह कहकर जवाब दिया कि वे उन बातों से विचलित न हों जिन्हें केवल परमेश्वर ही जान सकता है।

> और उनसे कहा, “हे गलीली पुरुषो, तुम क्यों खड़े आकाश की ओर देख रहे हो? यही यीशु, जो तुम्हारे पास से स्वर्ग पर उठा लिया गया है, जिस रीति से तुम ने उसे स्वर्ग को जाते देखा है उसी रीति से वह फिर आएगा।”
>
> **प्रेरितों के काम 1:11**

फिर, जो कुछ हो चुका है और जो अभी होना बाकी है, उससे भी शिष्य विचलित होते हैं। यीशु के स्वर्गारोहण के बाद उनका सामना दो स्वर्गदूतों से होता है जो उनसे पूछते हैं कि वे क्या कर रहे हैं।

कितनी बार आप या आपके कलीसिया समुदाय के लोग उन बातों से विचलित होते हैं जिन्हें आप नहीं जानते? परमेश्वर ने आपको यहां और अभी क्या करने के लिए बुलाया है, इस पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, आप कितनी बार उन चीजों से विचलित होते हैं जो हो चुकी हैं, या आप जो आशा करते हैं कि वह हो सकता है?

कौन सी बातें आपको या आपके कलीसिया परिवार के लोगों को मसीह की गवाही देने से विचलित करती हैं? शायदः

- आपको नहीं लगता कि आप सुसमाचार साझा करने के लिए पर्याप्त जान्कारी रखते हैं
- आप किसी और को भेजने के लिए परमेश्वर की प्रतीक्षा कर रहे हैं
- आप पिछली असफलताओं से विचलित हैं
- आप भविष्य की योजनाओं से विचलित हैं
- आप अन्य जुनून या दबावों द्वारा पटरी से उतार दिए जाते हैं

चर्चा करें: आपके जीवन और कलीसिया समुदाय में ऐसी कौन सी चीजें हैं जो आपको सुसमाचार की गवाही से विचलित करती हैं?

ये ध्यान भटकाने वाले हैं क्योंकि ये हमें जीवन की उस परिपूर्णता से दूर खींच लेते हैं जो परमेश्वर हमें प्रदान करता है। ये विक्षेप हमें भय, उदासीनता, शक्तिहीनता और वैराग्य की ओर ले जा सकते हैं, और वे हमें उस अस्तित्व के करीब होने के खतरे में डाल देते हैं जिससे हम बचकर निकल गए हैं, बजाय उस जीवन के जिसके लिए हम बचाए गए हैं।

इन परेशान करने वाली विकर्षणों के जाल में फंसने के बजाय, हमें चीजों को झकझोर कर और उस जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने जीवन के विकर्षणों को ही विचलित करने की आवश्यकता है, जो जीवन परमेश्वर हमें देता है और हमें जीने की सामर्थ्य देता है। इन विकर्षणों को दूर करने की कुंजी शिष्यों के दो विकर्षणों के बीच दबी हुई पाई जाती है।

> "परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य पाओगे;..., और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे।..."
>
> **प्रेरितों के काम 1:8**

इस अध्याय के पहले आठ वचनों में चार बार, यीशु पवित्र आत्मा का उल्लेख करता है। ये चार उल्लेख एक शक्तिशाली प्रारूप के रूप में कार्य करते हैं जिसके माध्यम से हम उन विकर्षणों को विचलित कर सकते हैं जो हमें परमेश्वर के कहे हुए काम को करने से कमजोर बनाता है, और कलीसिया के पूरे शरीर को एक साथ सेवा करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में कार्य करते हैं।

1. हमें निर्देश दिए गए हैं

> "... प्रेरितों को पवित्र आत्मा के द्वारा निर्देश देने के बाद..."
>
> **प्रेरितों 1:2**

हमें प्रतीक्षा करने के लिए विचलित नहीं होना चाहिए – वरदान देने के लिए, एक विशिष्ट बुलाहट के लिए, या किसी और के लिए भी ऐसा करने के लिए! परमेश्वर पहले से ही प्रत्येक विश्वासी के लिए प्रतीक्षा कर रहा है कि हम उसके द्वारा की गई सुसमाचार की बुलाहट का प्रत्युत्तर दें।

> "हमें उस जीवन को छोड़ देना चाहिए जिसकी हमने योजना बनाई है ताकि हम उसे स्वीकार कर सकें जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।"
>
> **जोसेफ केंपबेल**

इंतजार करना बंद करो। जाओ और लोगों को यीशु के बारे में बताओ! आप जीवन के किसी भी क्षेत्र, सेवकाई या परिस्थिति में हों, उसके गवाह बनें – वह आपको पहले ही बुला चुका है (मत्ती 28:16–20)। पवित्र आत्मा की सुनें जब वह आपकी अगुवाई करता है और आपको दुनिया भर में परमेश्वर के राज्य के राजदूत होने की भव्य बुलाहट के प्रति विश्वासयोग्य रहने का निर्देश देता है।

2. हमें वरदान की आशीष मिली है

> "... उस उपहार के लिए प्रतीक्षा करें जिसका मेरे पिता ने वादा किया है..."
>
> **प्रेरितों 1:4**

वरदान मिलने पर हमारी क्या प्रतिक्रिया होती है? हम कहते हैं, "धन्यवाद।" हमारे पास पवित्र आत्मा में निहित सबसे अच्छा वरदान है, और वरदान प्राप्त करने में, हम कृतज्ञता की मुद्रा अपनाते हैं – दोनों ही रूप में, व्यक्तिगत और एक परिवार के रूप में भी, और परमेश्वर ने कलीसिया को जिस बात में आशीषित किया उसके लिए एक साथ जश्न मनाते हैं।

यदि हमें अपने जीवन में विकर्षणों को दूर करना है तो

धन्यवाद आवश्यक है। यदि हम धन्यवाद की मुद्रा में रहते हैं तो हम उस जीवन पर से ध्यान नहीं खोएंगे जिसके लिए हम बचाए गए हैं और जिन तरीकों से परमेश्वर हम में काम कर रहा है। पवित्रशास्त्र बार–बार हमें "याद" करने की आज्ञा देता है – मत्ती द्वारा अपने शिष्यों को दिए गए यीशु के अंतिम आज्ञा के विवरण में दिए गए निर्देशों की विशेषताएं:

> "और स्मरण रखो, मैं जगत के अन्त तक सदा तुम्हारे संग हूँ।"
>
> **मत्ती 28:20**

3. हम आत्मा से बपतिस्मा लेते हैं

> "...तुम पवित्र आत्मा से बपतिस्मा पाओगे।"
>
> **प्रेरितों 1:5**

आत्मा से बपतिस्मा लेने का अर्थ है परमेश्वर की उपस्थिति में समर्पित होना। जब उसकी उपस्थिति में रहते हैं तब हम बदल जाते हैं। सुसमाचार ही उपस्थिति की अंतिम कहानी है।

अदन में पिता की उपस्थिति में चलना, अनआज्ञाकारिता से उनकी उपस्थिति को अस्वीकार करना, जीवन को जानने के लिए उनकी उपस्थिति की आवश्यकता, यीशु का हमारे साथ उपस्थित होना और पिता को प्रकट करना, क्रूस के माध्यम से उसकी उपस्थिति में प्रवेश करने की हमारी क्षमता की बहाली, पवित्र आत्मा का वरदान हमारे भीतर उपस्थिति ले रहा है ताकि हम तब तक जीवित रह सकें जब तक कि हम पूरी तरह से परमेश्वर की उपस्थिति में न पहुँच जायें जब उसका राज्य आए।

हमें मसीही समुदाय में एक दूसरे के साथ उपस्थित होना है जो हमें परमेश्वर की उपस्थिति, संगति और प्रेम में बांधता है। हमें दुनिया में मौजूद रहना है ताकि परमेश्वर की उपस्थिति को प्रकट किया जा सके।

4. हमें सशक्त किया गया हैं

> "जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य पाओगे..."
>
> **प्रेरितों 1:8**

हमें दूसरे लोगों के वरदान, प्रतिभा या बुलाहट से विचलित नहीं होना चाहिए। जहाँ हम हैं परमेश्वर ने हमें वहीं सेवा करने के लिए तैनात किया है, और वही आत्मा जिसने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया वह हम में जीवित है (रोमियों 8:11)। हमें उनके द्वारा विचलित होने के बजाय मसीह में हमारे भाइयों और बहनों को दिए गए विविध वरदानों के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए। उस सर्वोत्तम वरदान में एक दूसरे को प्रोत्साहित करें जो सभी विश्वासियों के पास है – अर्थात, पवित्र आत्मा, जिसके माध्यम से सामान्य लोगों को परमेश्वर के असाधारण मिशन के लिए उपयोग किया जाता है।

कलीसिया हमारा परिवार है। आइए हम न तो खुद को कलीसिया से अलग करें और न ही त्यागें, और न ही इसके कारण खुद को अपनी गवाही से विचलित होने दें। इसके बजाय, विश्वासयोग्य संगति के माध्यम से, एक दूसरे को संसार से प्रेम करने के लिए प्रेरित करते हुए हम एक दूसरे के लिए आशीष बनें। आत्मा की शक्ति से हममें सुसमाचार को जीने और घोषित करने दें ताकि संसार जाने कि वे पिता के प्रेम के द्वारा परमेश्वर के परिवार में अपने घर आ सकते हैं।

और आइए हम अत्यावश्यकता के साथ चलें, क्योंकि महान मिशनरी एमी कारमाइकल हमें याद दिलाती हैं:

> "हमारे पास अपनी जीत का जश्न मनाने के लिए अनंत काल होगा, लेकिन उन्हें प्रभु में जीतने के लिए केवल कुछ ही घंटे।"

चर्चा (15 मिनट)

1. विश्वासियों के लिए स्थानीय कलीसिया में शामिल होना वैकल्पिक क्यों नहीं है?
2. हम कलीसिया परिवार को स्वस्थ और सकारात्मक तरीके से सुसमाचार प्रचार में कैसे प्रोत्साहित करते हैं?
3. संसार में हमारे सुसमाचार प्रचार में कलीसिया का क्या स्थान है?

अनुप्रयोग (5 मिनट)

इस रविवार कलीसिया में रहें। खुद को नेतृत्व के प्रति जवाबदेह बनाएं। अपने वरदान से परे सेवा करने की पेशकश करें – प्रचारक, कार पार्किंग के कार्य में मदद करें। संगीतकार, जलपान परोसने के लिए स्वयं को उपलब्ध कराएं। हर संभव तरीके से सुसमाचार प्रचार को प्रोत्साहित करें। बोझ बनने के बजाय आशीष बनने की कोशिश करें।

कलीसिया के जीवन में विनम्र रहें और अपने भाइयों और बहनों के साथ संगति करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

यदि आपने अभी तक अपना स्वयं का एडवांस समूह शुरू नहीं किया है, तो अपने कलीसिया नेतृत्व से बात करें और देखें कि क्या आप अपने कलीसिया को सुसमाचार प्रचार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलीसिया में एक एडवांस समूह शुरू सकते हैं।

प्रार्थना

अपने स्वयं की कलीसिया के लिए प्रार्थना करें – कि आप संगति के लिए एक आशीष होंगे और आशीष पाएंगे।

स्थानीय कलीसिया के लिए प्रार्थना करें – कि यह प्रभावी रूप से विश्वासियों को शिष्य बनाये और स्थानीय समुदाय में एक गवाह बने।

वैश्विक कलीसिया के लिए प्रार्थना करें – कि इसके माध्यम से, यीशु मसीह का सुसमाचार दुनिया की आशा के रूप में राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक सीमाओं के पार, हर समय सभी स्थानों में सभी लोगों के लिए प्रकट होगा।

जवाबदेही (15 मिनट)

इस सत्र और अनुप्रयोग अनुभाग से कलीसिया में शामिल होने के प्रश्न के आसपास अपना जवाबदेही समय तैयार करें। आप एक दूसरे को प्रतिबद्ध रहने और स्थानीय कलीसिया से जुड़े रहने के लिए केसे प्रोत्साहित करेंगे?

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

यह ग्रुप मेंटरिंग गाइड advancegroups.org/resources से डिजिटल डाउनलोड के रूप में मुफ्त में उपलब्ध है। यह आपके कलीसिया नेतृत्व और कलीसिया को एडवांस की यात्रा से परिचित कराने का एक शानदार तरीका है, यह देखने के लिए कि क्या वे एक नया समूह शुरू करने में रुचि रखते हैं। उसी लिंक पर, “एडवांस के सिद्धांत” के छोटे एनिमेशन वीडिओ देखें, जो स्पष्ट रूप से समझाते हैं कि एडवांस क्या है और यह केसे काम करता है।

टिप्पणियाँ

सत्र ग्यारह

संसार में फल – प्रेम

इस सत्र में हम परमेश्वर के प्रेम की खोज करेंगे और देखेंगे कि यह आत्मा के फल का मुख्य गुण क्यों है। हम जानेंगे कि प्रेम हमारे सुसमाचार प्रचार की प्रेरणा क्यों होना चाहिए।

एक वाक्य में सत्र

प्रेम आत्मा के फल का मुख्य गुण है, और प्रेम पर ही हमें अपने जीवन का निर्माण करना चाहिए और जिससे हमारे सुसमाचार का प्रवाह होना चाहिए – क्योंकि यह स्वयं परमेश्वर की पहचान है।

सत्र पृष्ठभूमि

हम “प्रेम” से प्रेम करते हैं। लेकिन हम किस तरह के प्रेम से प्रेम करते हैं? कई लोगों के लिए, हॉलीवुड फिल्मों में दिखाए गए प्रेम की आदर्श तस्वीर सबसे आसानी से दिल को झकझोर देती है। यह अक्सर पूरी तरह से अधूरे प्रेम का रूप ले लेता है जो सुखद अंत में परिणत होने वाली बाधाओं को दूर करता है। लेकिन फिल्मों में हम जैसा देखते हैं, प्रेम केवल उसी प्रकार का नहीं होता, और इस तरह की प्रेम कहानी और अभिव्यक्ति के लिए फिल्में ही एकमात्र स्थान नहीं हैं। पूरे इतिहास में – संगीत, कला, रंगमंच, कविता और सभी रूपों और स्वादों की कहानी कहने में – प्रेम किसी न किसी रूप में मौजूद है। यदि हमारी कलात्मक और रचनात्मक अभिव्यक्ति कुछ उसी प्रकार की हो तो यह कहना उचित होगा कि मनुष्य प्रेम–ग्रस्त है।

प्रेम के विचार से इतनी अधिक प्रभावित दुनिया के लिए, यह आश्चर्यजनक है कि हम अक्सर इसे कितना गलत समझ लेते हैं। दुनिया प्रेम की कमजोर, मिलावटी, दूषित और विकृत नकल के चक्र में फंसी हुई है, जबकि सच्चा प्रेम अक्सर हमारे जीवन के किनारे पर बैठ जाता है, बहिष्कृत क्योंकि सच्चा प्रेम महंगा होता है।

कल्पना कीजिए कि कई दिनों तक बिना कुछ खाए पिए रहे। बस जब भूख और प्यास आपको पूरी तरह से अभिभूत करने का खतरा पैदा करती है, और अब तक का सबसे शुद्ध और प्यास बुझाने वाला फल आपके सामने मेज पर रख दिया गया है। फल की महक इतनी अच्छी होती है कि आपकी प्यास वहीं उसी समय बुझ जाती है। इससे पहले कि आप फल का सेवन कर सकें, आपको अंदर की अच्छाई तक पहुंचने के लिए इसे छीलना होगा। लेकिन ऐसा करने के बजाय आप फल को उठाकर मेज पर मसल देते हैं। फिर आप इसे अपनी मुट्ठियों से जितनी जोर से मार सकते हैं उतनी बार तब तक मारें जब तक कि अंदर का सारा रस मेज पर बिखर न जाए। जो रह जाता है, उसमें से थोड़ा–थोड़ा ग्लास में निकाल लेते हैं, लेकिन वह आधा भी नहीं भरता। आपको प्यास बुझाने के लिए भरे हुए प्याले की आवश्यकता है और आप प्याले में थूकने का निर्णय लेते हैं लेकिन शीघ्र ही लार (थूक) समाप्त हो जाती है। अभी भी पूरा नहीं भरा है। आपके ग्लास को पूरा भरने के लिए तरल पदार्थ के एकमात्र स्रोत के अलावा कोई विकल्प नहीं है – आपका अपना मूत्र।

यह पढ़ने और सोचने के लिए एक भयानक बात है। हो सकता है कि आप इसे अपनी समूह संगति में बोलना भी न चाहें क्योंकि यह बहुत ही घृणित है। लेकिन कभी–कभी

हमें समस्या की गंभीरता का एहसास करने के लिए चीजों को उनकी पूरी कुरूपता में व्यक्त करने की आवश्यकता होती है। हम अपने आप को और दुनिया को हमारे पाप को साफ करने और भयावह वास्तविकता का वर्णन करने के लिए आरामदायक भाषा का उपयोग करके उनकी कोई मदद नहीं करते हैं।

यह सुनने में जितना घृणित लगता है, यदि आप पर्याप्त प्यासे होते तो आप इस भयानक मिश्रित पेय को जरूर पीते। दुखद विडंबना यह है कि यदि आपने फल को छीलने और इसे ठीक से तैयार करने के लिए समय लिया होता, त्वरित "मसलकर रस निकालो" विकल्प के बजाय, तो आपको अपनी प्यास के लिए एकदम सही पेय मिल जाता।

> "परमेश्वर का प्रेम! हमने आज इसे खो दिया है; हमने समुद्र की ओर पीठ कर ली है और समुद्र की पूर्णता पाने के लिए बंजर रंगहीन पहाड़ियों की ओर देख रहे हैं। हमें फिर से परिवर्तित होने की आवश्यकता है – पीछे पलटें और वहाँ समुद्र की परिपूर्णता का आनंद है, जिसकी लहरें अथाह गहराइयों और परिपूर्णताओं पर चमकती और तरंगित होती हैं।"
>
> **ओसवाल्ड चेम्बर्स**

संसार प्रेम के लिए इतना प्यासा है कि वह परमेश्वर के पूर्ण और सच्चे प्रेम के स्थान पर थूक के पानी से भरे हुए संस्करण को चुनेगा, क्योंकि भले ही यह स्वतंत्र रूप से दिया जाता है, इसे स्वीकार करने पर बड़ी कीमत चुकानी होती है। कीमत हमारे दिल के सिंहासन पर अधिकार को समर्पित करना है, प्रेम को अपना सही स्थान ग्रहण करने देना है। कीमत है स्वयं के लिए मर जाना ताकि हम उसमें नये सिरे से जन्म ले सकें। उसे जानकर ही हम प्रेम को जान सकते हैं।

> "मैं अब भी मानता हूं कि प्रेम दुनिया की सबसे टिकाऊ ताकत है। सदियों से पुरुषों ने सर्वोच्च अच्छाई की खोज की है। यह नैतिक दर्शन की प्रमुख खोज रही है। यह यूनानी दर्शन के बड़े प्रश्नों में से एक था। एपिकुरी और स्टोइक के लोगों ने इसका उत्तर देने की कोशिश की; प्लेटो और अरिस्टोल ने इसका उत्तर देने की कोशिश की ... मुझे लगता है कि मैंने उच्चतम अच्छाई की खोज कर ली है। वह प्रेम है। यह सिद्धांत ब्रह्मांड के केंद्र में स्थित है। जैसा कि यूहन्ना कहता हैं, "परमेश्वर प्रेम है।" वह जो प्रेम करता है वह परमेश्वर के अस्तित्व में सहभागी है। जो घृणा करता है वह परमेश्वर को नहीं जानता।"
>
> **मार्टिन लूथर किंग, जूनियर**

दुनिया हॉलीवुड प्रेम के लिए तरस रही है क्योंकि यह सच्चे ईश्वरीय प्रेम की एक प्रतिध्वनि है जिसे हम अपने जीवन के केंद्र में रखने के लिए बनाए गए थे – वह प्रेम जो हमारे विनाशकारी विद्रोह की बाधाओं पर काबू पाता है और परिणामस्वरूप यह अनंत संबंधों में परिणत होता है। यह परम सुखद अंत है।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक दूसरे के साथ केच अप के लिए समय निकालें। पिछले सत्र से कलीसियाई जीवन केसा रहा है? क्या आप इस महीने अच्छी तरह से शामिल हुए और क्या आपको समुदाय में आशीष बनने के अवसर मिले? कहानियां साझा करें, अवसरों पर प्रतिक्रिया दें और ऐसा कुछ साझा करें जो समूह को प्रोत्साहित करे।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (40–50 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "जैसा पिता ने मुझ से प्रेम रखा, वैसा ही मैं ने तुम से प्रेम रखाय मेरे प्रेम में बने रहो। यदि तुम मेरी आज्ञाओं को मानोगे, तो मेरे प्रेम में बने रहोगे; जैसा कि मैं ने अपने पिता की आज्ञाओं को माना है, और उसके प्रेम में बना रहता हूँ। मैं ने ये बातें तुम से इसलिये कही हैं, कि मेरा आनन्द तुम में बना रहे, और तुम्हारा आनन्द पूरा हो जाए। 'मेरी आज्ञा यह है, कि जैसा मैं ने तुम से प्रेम रखा, वैसा ही तुम भी एक दूसरे से प्रेम रखो।

इससे बड़ा प्रेम किसी का नहीं कि कोई अपने मित्रों के लिये अपना प्राण दे।' "

यूहन्ना 15:9–13

परमेश्वर हमसे प्रेम करता है।

हम उसके प्रेम को पाने के योग्य नहीं हैं, हम उसके लायक नहीं हैं – और फिर भी, हम ऐसा कुछ भी नहीं कर सकते जिससे कि परमेश्वर हमसे और अधिक प्रेम करे, और न ही हम ऐसा कुछ कर सकते हैं जिससे वह हमें कम प्रेम करे। वह हम से पूर्णता से प्रेम करता है, और उसी प्रेम से उसने हमारे उद्धार का मार्ग बनाया है – इसलिए नहीं कि हमने इसे कमाया है, परन्तु इसलिए कि वह हम से प्रेम करता है और अपने सिद्ध अनुग्रह को हम सब की ओर बढ़ाता है (इफिसियों 2:4–9)। यूहन्ना 3:16, बाइबल का सबसे प्रसिद्ध वचन, यह स्पष्ट नहीं कर सका कि यह हमारे लिए परमेश्वर का प्रेम था जिसने यीशु को क्रूस पर चढ़ा दिया।

"यदि प्रेम की गहराई को उसके उपहार के मूल्य से मापा जाता, तो परमेश्वर का प्रेम इससे बड़ा नहीं हो सकता, क्योंकि उसका प्रेम–उपहार ही उसकी सबसे कीमती संपत्ति है – उसका एकमात्र, सर्वदा प्रिय पुत्र। वह इससे अधिक प्रेम नहीं कर सकता।"

ब्रूस मिल्ने

स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत किए जाने पर भी, परमेश्वर के प्रेम को स्वीकार करने की कीमत चुकानी पड़ती है। परमेश्वर के प्रेम को वास्तव में हममें परिवर्तन लाने के लिए, हमें इसे पूरी तरह से स्वीकार करना चाहिए और अपने पुराने जीवन को अलविदा कहने और नए जीवन में प्रवेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए (2 कुरिन्थियों 5:17)। हम वह मुफ्त उपहार प्राप्त करते हैं जो परमेश्वर प्रदान करता है, लेकिन इसे प्राप्त करने का अर्थ है कि हम पहले जैसे नहीं रह सकते। परमेश्वर के प्रेम के चमत्कार का अर्थ है कि हमें वह सब कुछ त्याग देना चाहिए जो उसके जीवन के विपरीत है और वह सब कुछ करें जो वह हमारे लिए चाहता है।

"...पवित्र आत्मा हमारे जीवन में इस प्रकार का फल उत्पन्न करता है: प्रेम, आनन्द, शान्ति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम है;..."

गलातियों 5:22–23

एक संयुक्त मसीह समान चरित्र के अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए, पौलुस अपनी सूची को गुणों के तीन गुणों में व्यवस्थित करता हुआ प्रतीत होता है – जिसमें प्रेम सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है:

- प्रेम, आनन्द, शान्ति,
- धीरज, कृपा, भलाई
- विश्वास, नम्रता, और संयम

"जहाँ प्रेम है, वहाँ अन्य गुण दूर नहीं होंगे; यह प्रेम ही है जो उन सभी को एक साथ पूर्ण सामंजस्य में बांधता है।"

एफ एफ ब्रूस

प्रेम सभी अच्छी चीजों को एक साथ बांधता है क्योंकि परमेश्वर प्रेम है और उसमें सभी अच्छी चीजें पाई जाती हैं। परमेश्वर का प्रेम अत्यधिक सरल और अत्यधिक जटिल दोनों है। हम परमेश्वर के प्रेम की सच्चाई को एक क्षण में जान सकते हैं जब हमारा उससे सामना होता हैं, लेकिन हम उसी प्रेम के ज्ञान में बढ़ते हुए और अपने जीवन में लगातार इसके प्रभावों को देखते हुए जीवन व्यतीत करेंगे।

परमेश्वर के प्रेम के लिए पुराने नियम में एक विशेष शब्द का प्रयोग किया गया है, जो इब्रानी शब्द है। कोई भी अंग्रेजी शब्द ऐसा नहीं है जो शब्द का पूरा अर्थ बता सकता हो, लेकिन यहां कुछ ऐसे तरीके हैं जो हमारे अनुवादित बाइबल में अंग्रेजी में प्रकट होते हैं:

- दृढ़ प्रेम
- दया
- प्रेमपूर्ण कृपा
- अनुग्रह
- निष्ठा
- सत्य के प्रति निष्ठा

चर्चा करें: परमेश्वर के प्रेम के ये वैकल्पिक शब्द परमेश्वर का आपके प्रति प्रेम के बारे में आपकी समझ को केसे आकार देते हैं?

परमेश्वर का प्रेम अनुपम है। इसलिए इसे एक अनोखे शब्द की जरूरत है जो हमें इसके कभी न खत्म होने वाले आश्चर्य को समझने में मदद करे। जो चीज वास्तव में परमेश्वर के प्रेम को किसी अन्य से अलग करती है वह यह है कि यह पवित्र है – पूरी तरह से और कभी न खत्म होने वाला सत्य। उसका प्रेम कभी टलता नहीं (विलापगीत 3:22;

भजन संहिता 136)। जब हम अपने जीवन में परमेश्वर के प्रेम की सच्चाई को प्रतिबिंबित करते हैं हम संसार को प्रेम का फल दिखाते हैं। परमेश्वर का प्रेम हमें वह बनाता है जो हम वास्तव में हैंः स्वयं का सर्वश्रेष्ठ संस्करण नहीं, बल्कि उसका सर्वश्रेष्ठ संस्करण – उसका प्रेम हमें और अधिक यीशु की तरह बनाता है।

यूहन्ना 15 में, यीशु का प्रेम दो विशिष्ट तरीकों से प्रकट होता है।

पहला, अपने पिता के लिए यीशु का प्रेम उसके प्रति उसकी आज्ञाकारिता में प्रकट होता है। यीशु के समान प्रेम करने का अर्थ है अपने स्वर्गीय पिता से विश्वासयोग्यता और आज्ञाकारिता से प्रेम करना, उसकी उपस्थिति में रहना और उसे जानना।

दूसरा, हमारे लिए यीशु का प्रेम हमारी जगह लेने की इच्छा में प्रकट होता है। यीशु कहता है कि अपने मित्रों के लिए अपनी जान देने से बड़ा कोई प्रेम नहीं है। यीशु की तरह प्रेम करने का अर्थ है भावना से ज्यादा प्रेम करना है – इसका मतलब है कर्मों के द्वारा प्रेम करना। हमें बलिदान देकर प्रेम करना है, यह जानते हुए कि हमें पुनरुत्थान में सच्चा आनंद उपलब्ध है।

जब यीशु प्रेम के बारे में बात करता है तो वह हमें बेहतर जीवन जीने के बारे में अच्छी सलाह नहीं दे रहा है। बल्कि वह घोषणा कर रहा है और रास्ता बना रहा है जिसके द्वारा हम वह जीवन प्राप्त कर सकते हैं जो कि स्वयं परमेश्वर के प्रेम से ही संभव है।

प्रेम की इस घोषणा में, यीशु हमें हमारे सुसमाचार प्रचार की प्रेरणा की याद दिला रहा है। सुसमाचार प्रचार केवल उनके महान आदेश का पालन करने के बारे में नहीं है। यह परमेश्वर का पक्ष लेने या अन्य लोगों के सामने अच्छा दिखने के बारे में नहीं है। यह इसलिए है क्योंकि सुसमाचार प्रचार करना सबसे प्रेमपूर्ण कार्य है जो हम कर सकते हैं।

हम इस प्रेम को संसार में कैसे ले जा सकते हैं ताकि दूसरे परमेश्वर के साथ एक प्रेमपूर्ण संबंध में खींचे जा सकें? हम जानते हैं कि हमारे शब्द महत्वपूर्ण हैं ताकि लोगों को यह स्पष्ट हो सके कि परमेश्वर कौन है और उसने क्या किया है (रोमियों 10:14, 17)। हम यह भी जानते हैं कि यीशु हमें कर्मं (व्यवहार) के द्वारा प्रेम करने की इच्छा रखता है (1 यूहन्ना 3:16–18)। इन दो वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, 1 यूहन्ना में पाए जाने वाले परमेश्वर के प्रेम के विवरण और हमारे सुसमाचार प्रचार के लिए इसके आशय पर विचार करें (1 यूहन्ना 4:7–21):

- प्रेम परमेश्वर से आता है, क्योंकि वह प्रेम है।
- हमने परमेश्वर का प्रेम अर्जित करने के लिए कुछ नहीं किया।
- परमेश्वर का प्रेम यीशु मसीह के द्वारा संसार पर प्रगट होता है।
- जो प्रेम नहीं करते वे परमेश्वर को नहीं जानते।
- हमें एक दूसरे से प्रेम करना चाहिए, और इस प्रेम के द्वारा परमेश्वर प्रकट होता है।
- उसकी आत्मा हमें प्रेम करने की शक्ति देती है और हमें विश्वास दिलाती है कि वह हमारे साथ है।
- हमें पूरी तरह से केवल परमेश्वर के प्रेम पर निर्भर रहना चाहिए।
- प्रेम भय को दूर करता है, और हम परमेश्वर के प्रेम के द्वारा उद्धार के प्रति आश्वस्त हो सकते हैं।
- हम प्रेम करते हैं क्योंकि परमेश्वर ने पहले हम से प्रेम किया।

चर्चा करेंः ये सभी कथन आपके सुसमाचार प्रचार को कैसे आकार देंगे?

आपने मुहावरा सुना होगा “प्रेम दुनिया को चलाता है”। भावना यह है कि प्रेम एक अच्छी शक्ति है, कुछ ऐसा जो हमें अक्सर ठंडी और क्रूर दुनिया में प्रगति और फलते–फूलते रहने देता है। लेकिन हकीकत भावना से बेहतर है। प्रेम दुनिया को चलाता है क्योंकि जिसने दुनिया को गति दी है वह प्रेम है। उसके प्रेम में हम अर्थ, पहचान और आशा पाते हैं। उसके प्रेम में हम संसार के साथ सच्चा प्रेम साझा करते हैं। प्रेम हमारे सुसमाचार प्रचार को सशक्त बनाता है क्योंकि हमारा प्रचार एक प्रेमपूर्ण कार्य है जब हम अपने होठों और अपने जीवन से प्रेम का संदेश साझा करते हैं।

प्रेम सुसमाचार को दुनिया भर में फैलाता है।

चर्चा (15 मिनट)

1. आप सच्चे प्यार का वर्णन कैसे करेंगे?
2. क्यों सुसमाचार साझा करना दुनिया में सबसे प्यारा काम है जो हम कर सकते हैं?

3. हमारे सुसमाचार प्रचार के लिए प्रेम हमारी प्रेरणा क्यों होनी चाहिए?

> "दो चीजें हैं जो हमें अपने लिए परमेश्वर से प्रेम करने के लिए प्रेरित करती हैं: कुछ भी अधिक उचित नहीं है; कुछ भी अधिक लाभदायक नहीं है।"
>
> **क्लैरवॉक्स के सेंट बर्नार्ड**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

इस महीने कुछ समय भजन संहिता 136 पर मनन करने में व्यतीत करें। भजनकार परमेश्वर के प्रति आभार व्यक्त करता है, यह घोषणा करते हुए कि वह कौन है और क्या करता है। आप अपने स्वयं के भक्तिमय जीवन में इसी पद्धति का अनुसरण केसे कर सकते हैं? यह आपकी गवाही में केसे प्रवाहित हो सकता है?

प्रार्थना

"पिता परमेश्वर, तेरा धन्यवाद कि तूने हमसे इतना प्रेम किया कि अपने पुत्र यीशु को हमारे पापों के लिए मरने के लिए दे दिया। मैं चाहता हूं कि तेरा प्रेम मेरे जीवन को बदल दे ताकि दूसरे लोग मेरे माध्यम से तुझे देख सकें। मैं दुनिया को तेरा प्रेम दिखाना चाहता हूं ताकि वे सच्चाई को जान सकें। आमीन।"

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

ना भूलें...

यदि आप अपने जीवन का एक वर्ष सुसमाचार की समझ और इसे दुनिया के साथ साझा करने की क्षमता में बढ़ने के लिए देना चाहते हैं, तो 'द मैसेज स्कूल ऑफ इवेंजलिज्म' के लिए आवेदन करने पर विचार करें। द ग्लोबल नेटवर्क ऑफ इवेंजलिस्ट्स के साथ साझेदारी में द मैसेज ट्रस्ट, मैनचेस्टर, यूके में स्थित सुसमाचार–प्रचार के सिद्धांत और अभ्यास पर दस महीने का पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अधिक जानकारी प्राप्त करें: message.org.uk/MSE

टिप्पणियाँ

सत्र बारह

रिट्रीट

एडवांस के प्रत्येक वर्ष का चरमोत्कर्ष रिट्रीट का समय है। आप इसे कैसे करने का निर्णय लेते हैं यह आपके ऊपर है, लेकिन यहां आपको एडवांस ग्रुप मीटिंग्स के सामान्य सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए और दूसरे वर्ष को एक उद्देश्य–युक्त (योजनाबद्ध) अंत तक लाने के लिए एक साथ समय बिताने के सुझाव मिलेंगे।

एडवांस ग्रुप रिट्रीट कैसे चलाएं

सामान्य योजना यह है कि आप अपने सामान्य स्थान से दूर जाएं और अपने एडवांस समूह सत्रों के लिए सामान्य रूप से अधिक समय निर्धारित करें। यदि आप केवल एक सुबह, दोपहर या शाम को ही समय दे सकते हैं, तो इस समय में जो कर सकते हैं, करें, लेकिन पूरे दिन रिट्रीट करना विशेष रूप से लाभकारी होता है।

आपके रिट्रीट के दौरान क्या करना है, इसके कुछ विचार यहां दिए गए हैं।

मुख्य वचन

यदि आप रिट्रीट के दौरान एक विशेष ध्यान की तलाश कर रहे हैं तो 2 तीमुथियुस से निम्नलिखित वचन आपके समय के लिए एक महत्वपूर्ण वचन के रूप में अच्छी तरह से काम करेगा:

> "परमेश्वर और मसीह यीशु को गवाह करके, जो जीवतों और मरे हुओं का न्याय करेगा, और उसके प्रगट होने और राज्य की सुधि दिलाकर मैं तुझे आदेश देता हूँ कि तू वचन का प्रचार कर, समय और असमय तैयार रह, सब प्रकार की सहनशीलता और शिक्षा के साथ उलाहना दे और डाँट और समझा। क्योंकि ऐसा समय आएगा जब लोग खरा उपदेश न सह सकेंगे, पर कानों की खुजली के कारण अपनी अभिलाषाओं के अनुसार अपने लिये बहुत से उपदेशक बटोर लेंगे, और अपने कान सत्य से फेरकर कथा–कहानियों पर लगाएँगे। पर तू सब बातों में सावधान रह, दुःख उठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, और अपनी सेवा को पूरा कर।"
>
> **2 तीमुथियुस 4:1–5**

इस वचन में बारह विशिष्ट विचार हैं जिनका हम अध्ययन कर सकते हैं जब हम अपने सुसमाचार प्रचार में तरह–तरह के चुनौतियों का सामना करते हैं उन पर चिंतन करते हैं और उन पर दृढ़ रहते हैं:

1. सुसमाचार–प्रचार कार्य परमेश्वर की उपस्थिति और अधिकार में प्राप्त किया जाता है ("परमेश्वर और मसीह यीशु की उपस्थिति में")
2. परमेश्वर हमारा न्यायी है, संसार नहीं ("जो जीवितों और मरे हुओं का न्याय करेगा")
3. कार्य अत्यावश्यक है ("उसके प्रकट होने और उसके राज्य को ध्यान में रखते हुए")

4. हमें भेजा गया है (“मैं तुम्हें यह अधिकार देता हूं”)
5. हम वचन का प्रचार करते हैं, अपने विचारों का नहीं (“वचन का प्रचार करें”)
6. दैनिक सेवा के लिए स्वयं को तैयार करें (“मौसम—बेमौसम तैयार रहें”)
7. प्रोत्साहन और चुनौती में संतुलन खोजें (“सुधारें, फटकारें और प्रोत्साहित करें”)
8. विनम्रता आवश्यक है (“बड़े धैर्य के साथ”)
9. परमेश्वर के वचन को जानें और उस पर भरोसा करें (“लोग खरा सिद्धांत/शिक्षा नहीं मानेंगे”)
10. संस्कृति और फैशन को बढ़ावा न दें (“जो उनके खुजली वाले कान सुनना चाहते हैं”)
11. दृष्टिकोण रखें, भक्ति को प्राथमिकता दें (“अपना विचार रखें”)
12. चलते रहें, कभी हार ना मानें (“कष्ट सहें”)

आप वचनों का अध्ययन एक साथ या अकेले कैसे करते हैं (नीचे देखें), आप इन बिंदुओं को कैसे समझते हैं, और आप उन पर एक साथ कैसे चर्चा करते हैं, यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप अपना रिट्रीट टाइम कैसे बिता रहे हैं। लेकिन जब आप नीचे सुझाई गई गतिविधियों को देखें तो इस वचन को और इन बिंदुओं को ध्यान में रखें।

शब्द

एडवांस समूह का एक प्रमुख उद्देश्य एक दूसरे को प्रचारकों के रूप में विकसित होने में मदद करना है जो परमेश्वर के वचन के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह रिट्रीट टाइम उनके शब्दों में गहराई तक जाने का एक शानदार अवसर है।

विस्तारित बाइबल वाचन (सोलो रीडिंग)

परमेश्वर के वचन के साथ बिताया गया विस्तारित समय कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। जैसा कि ऊपर उल्लेखित है, 2 तीमुथियुस 4 के किसी भी अध्ययन से परे शायद 2 तीमुथियुस आपके संगति के समय का मुद्दा हो सकता है। पूरा पत्र पौलुस से तीमुथियुस को सुसमाचार प्रचारक के काम को करने के कार्य और चुनौती के बारे में निर्देश देता है। जॉन स्टॉट ने पुस्तक के चार—भाग का अवलोकन प्रस्तावित किया, जो एक अच्छी चर्चा या अध्ययन का केन्द्र—बिन्दु हो सकता है:

अध्याय एक: सुसमाचार प्रचारक, सुसमाचार की रखवाली करो (1:14)

अध्याय दो: सुसमाचार प्रचारक, सुसमाचार के लिए पीड़ित होओ(2:3, 8, 9)

अध्याय तीन: सुसमाचार प्रचारक, सुसमाचार में बने रहो (3:13—14)

अध्याय चार: सुसमाचार प्रचारक, सुसमाचार का प्रचार करो (4:1—2)

वैकल्पिक रूप से, मरकुस के पूरे सुसमाचार या नए नियम के पत्रों में से एक को अकेले और एक ही बार में पढ़ने के लिए समय निकालना उस पुस्तक की सामग्री पर एक पूर्ण परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है। यदि यह एक छोटी किताब है, तो क्यों न इसे कई बार फिर से पढ़ा जाए, प्रत्येक पढ़ने के बीच प्रार्थना और चिंतन करते हुए, नोट्स बनाते हुए, और फिर दोबारा पढ़ते हुए? आप सभी एक ही चीज को पढ़ना चुन सकते हैं, या कुछ अलग—अलग विकल्प चुन सकते हैं जो लोग अपने पढ़ने के समय और प्रभाव के बारे में साझा करते हैं।

बाइबल अध्ययन (समूह वाचन)

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आप रिट्रीट पर एक साथ बाइबल अध्ययन की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। शायद आप एडवांस समूह सत्रों में आपके द्वारा खोजे गए कुछ प्रमुख अंशों पर फिर से गौर करना चाहेंगे। इसके अलावा, किसी विशेष वचन या विषय पर आपका ध्यान आकर्षित होता हुआ महसूस कर सकते हैं जो रिट्रीट के लिए एक सुर तय करेगा। हमेशा की तरह, इसे एक दूसरे को प्रचारक के रूप में विकसित करने के अनुरूप रखना सुनिश्चित करें।

आप YouVersion पर 2 तीमुथियुस पर अग्रिम “सुसमाचार के संरक्षक” बाइबल अध्ययन के माध्यम से भी काम कर सकते हैं।

बोनस सत्र और अन्य एडवांस संसाधन

इस गाइड में बोनस सत्रों में से एक का उपयोग आपके रिट्रीट के हिस्से के रूप में एक नियमित एडवांस ग्रुप सत्र चलाने के लिए किया जा सकता है। आपके पास अपने स्वयं के विचार भी होंगे कि आप उसी प्रारूप में एक एडवांस समूह सत्र कैसे चला सकते हैं जिसका हम लगातार उपयोग कर रहे हैं।

उसी तरह से आप एडवांस वेबसाइट (advancegroups.org/blog) पर 'वन थिंग' ब्लॉग को देखना चाह सकते हैं, जिसमें कई अलग–अलग सुसमाचार–प्रचारक हैं जो एक बात साझा करते हैं जो वे सोचते हैं कि काश पहली बार प्रचार करने से पहले ये बात उन्हें पता होती। ये छोटे टुकड़े उत्कृष्ट चर्चा प्रारंभ करने वालों मुद्दे हैं।

प्रार्थना

रिट्रीट के दौरान प्रार्थना के लिए महत्वपूर्ण समय निर्धारित करें। एक विशेष मुद्दे के साथ प्रार्थना के समय की योजना बनाएं, साथ ही वचन और सहज प्रार्थना के माध्यम से प्रार्थना करने का समय भी। रिट्रीट के दौरान आप जो कुछ भी प्रार्थना में करते हैं, उसके लिए निम्नलिखित तीन विशेष मुद्दों की सलाह की जाती है।

एक दूसरे के लिए प्रार्थना करना

अपने समय के प्राथमिक तत्व के रूप में एक दूसरे के लिए प्रार्थना जरूर करें। लोगों से एक ऐसा क्षेत्र साझा करने के लिए कहें जिसके लिए वे परमेश्वर के प्रति आभारी महसूस कर रहे हैं और एक ऐसा क्षेत्र जिसमें उन्हें प्रावधान या सफलता की आवश्यकता है। लोगों को उनके अनुरोधों में विशिष्ट और ईमानदार होने के लिए प्रोत्साहित करें, और प्रत्येक व्यक्ति से जल्दबाजी न करें बल्कि सही समय एक दूसरे को समर्पित करें। इस समय में आने वाले शब्दों और प्रोत्साहनों को नोट करें।

स्थानीय और वैश्विक के लिए प्रार्थना

अपने स्थानीय संदर्भ और सुसमाचार के वैश्विक प्रसार के लिए प्रार्थना करने के लिए समय निकालें। यदि स्थानीय या वैश्विक संदर्भ में कोई विशिष्ट परिस्थितियाँ आपके दिल में है तो उनके लिए प्रार्थना करें। व्यक्तियों, कलीसियाओं, सेवकाईयों, मिशनरियों, समाचारों से परिस्थितियों आदि को सम्मिलित करें।

एडवांस यात्रा के लिए प्रार्थना

व्यक्तिगत विकास और फलदायीता और उद्धार की कहानियों पर विचार करते हुए इस समूह में आप जिस यात्रा पर हैं, उसके लिए धन्यवाद दें। प्रभु से आप में उस कार्य को जारी रखने के लिए प्रार्थना करें जो उसने शुरू किया है, और यह भी कि आप हमेशा बढ़ती हुई महिमा के साथ उसकी छवि में बदल जाएं (आप 2 कुरिन्थियों 3:17–18 के आधार पर प्रार्थना कर सकते हैं)।

आराधना

परमेश्वर के वचन में बिताया गया समय, प्रार्थना और संगति, ये सभी आराधना के अंग हैं। लेकिन सामूहिक भक्तिपूर्ण आराधना जैसे अतिरिक्त विशिष्ट कामों में समय व्यतीत करें – चाहे वह गायन या अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों के द्वारा हो।

गायन आराधना

यदि आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो संगीत की प्रतिभा रखता है, तो उसे आराधना गीतों के समय का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित करें। वैकल्पिक रूप से, कई महान सामूहिक आराधना ऍप और वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनमें से कई निःशुल्क हैं। आपके पसंदीदा आराधना गीतों के लिए एक त्वरित YouTube वीडियो खोज संभवतः गीत के एक संस्करण को गीतों के साथ खोजकर लाएगी जिसे समूह के साथ गाने के लिए चलाया जा सकता है। परमेश्वर के लोगों में उसकी महिमा की घोषणा करने के लिए एक साथ गीत में शामिल होने की सामर्थ्य है।

कहानियाँ और स्तुति

इस वर्ष आपके जीवन में परमेश्वर केसे काम कर रहा है – विकास, सफलता, सुसमाचार के अवसर और फल की कहानियों को साझा करने में समय बिताएं। प्रत्येक कहानी के बाद प्रार्थना, गीत या किसी भी विधि के माध्यम से, जो भी आपके समूह में नियम है उससे परमेश्वर की स्तुति करने में समय व्यतीत करें क्योंकि आप परमेश्वर को, वह जो है और जो काम उसने किए हैं और जो काम वह कर रह है उसके लिए, धन्यवाद देना चाहते हैं।

जिम्मेदारी देना

एक और तरीका जिसमें आप आराधना के एक सामूहिक कार्य में भाग ले सकते हैं, वह होगा एक दूसरे को परमेश्वर के सामने उस सुसमाचार के कार्य में नियुक्त करना जिसके लिए उसने आपको बुलाया है और जिसके लिए आपको अधिकार दिया है। आपके एडवांस समूह के इस पहले वर्ष के अंत में इस मील के पत्थर को पहचानना उत्साहजनक और पुष्टि करने वाला होगा, इसलिए इसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें क्योंकि आप संसार में उसके उद्धार के लिए और परमेश्वर की महिमा के लिए सुसमाचार के साथ फिर से जाना चाहते हैं।

वार्षिक चिंतन

पृष्ठ 262 पर दिए गए फॉर्म का उपयोग करके प्रदान किए

गए प्रश्नों पर विचार करने के लिए समय निकालें, फॉर्म भरें और दिए गए उत्तरों पर प्रार्थना करें। आप अपने प्रगति पर विचार करने में मदद के लिए पिछले साल के फॉर्म को भी देख सकते हैं। यह व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से किया जा सकता है।

संगति

जैसे–जैसे हम एक साथ इकट्ठा होते हैं, हम एक दूसरे के साथ मित्रता और विश्वास में बढ़ते हैं। उम्मीद है कि आपके एडवांस ग्रुप की संगति से प्रत्येक व्यक्ति को आशीष मिल रही है, और रिट्रीट पर आप एक–दूसरे को जवाबदेह ठहराने की अपनी प्रतिबद्धता और एक–दूसरे की संगति के अपने आनंद को जारी रख सकते हैं।

जवाबदेही

जवाबदेही अब तक प्रत्येक सत्र का एक मुख्य हिस्सा रहा है, और वर्ष के इस अंतिम सत्र में, एक बार फिर उसी प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप पवित्र और विनम्र जीवन जी रहे हैं।

उपवास / भोज

आपको रिट्रीट के हिस्से के रूप में उपवास की अवधि के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, या अपना संगति का समय भोजन के आसपास रख सकते हैं जिसके माध्यम से आप एक साथ इकट्ठा हो सकते हैं और चर्चा के लिए समय दे सकते हैं। ऐसा करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं है –जरूरी यह है कि यह आपके रिट्रीट के समय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपकी सहायता करे।

गतिविधियाँ

आप एक साथ मिलकर एक गतिविधि की योजना बना सकते हैं – उदाहरण के लिए, यदि आप कहीं प्रकृति में रिट्रीट कर रहे हैं, तो एक साथ टहलने जाएं और ऊपर की कुछ भक्तिपूर्ण गतिविधियों को इस समय में शामिल करें। यदि अधिक शहरी वातावरण में स्थित हैं, तो आप एक साथ एक आर्ट गैलरी में जा सकते हैं और वही काम कर सकते हैं, कुछ कलाओं को प्रतिबिंब और भक्ति के लिए प्रोत्साहन के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

इसी तरह से, हो सकता है कि आप बस एक साथ मनोरंजन के लिए कुछ करना चाहें – एक सामूहिक गतिविधि, खेल, मनोरंजन विकल्प ... चाहे वह भक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए संगति हो, या एक दूसरे की संगति का आनंद लेने और एक दूसरे के साथ रिश्ते में बढ़ने के लिए संगति हो, एक दूसरे के साथ गुणवत्तायुक्त समय में निवेश करें।

अगला कदम

एडवांस का दूसरा साल हो गया है। इससे पहले कि आप वर्ष (और रिट्रीट) को समाप्त करें, इस समूह के लिए अगले चरणों को देखना सुनिश्चित करें।

मौजूदा समूह

लोगों को यह साझा करने के लिए समय दें कि उनके लिए एडवांस समूह अनुभव केसा रहा है। इस बारे में प्रतिसाद साझा करें कि आप सभी केसे बढ़े और विकसित हुए हैं, और इस बारे में सोचें कि इस वर्ष की सबसे बड़ी सीख क्या रही है। इन बातों में एक दूसरे को प्रोत्साहन दो।

एडवांस ग्रुप मेंटरिंग गाइड भाग तीन पर एक नजर डालें और एक दूसरे को इस बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें कि इस आगामी वर्ष को इस समूह की जरूरतों के लिए सही मायने में केसे बिताया जाए। इस बारे में बात करें कि आने वाले वर्ष में लोग किस बारे में सबसे अधिक उत्साहित हैं। यदि आपने पहले से नहीं किया है, तो प्रार्थना करें और एडवांस के दूसरे वर्ष के लिए धन्यवाद दें, और जो आगे है उसे प्रभु को समर्पित करें।

साल तीन को एक साथ शुरू करने के लिए तिथियां निर्धारित करें।

नए समूह

इस वर्ष के दौरान शुरु किए गए नए समूहों के विकास के बारे में बात करने के लिए समय निश्चित बनाएं। एडवांस समूह यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है संख्या में गुणित होना (कई गुणा होना)। यदि आपको नए समूहों को शुरू करने में किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता है, तो एडवांस वेबसाइट के माध्यम से हमसे संपर्क करें और आपका स्थानीय एडवांस एंबेसडर किसी भी तरह से आपकी सहायता करने के लिए संपर्क में रहेगा।

पूछें कि हर कोई उनके द्वारा शुरू किए गए किसी भी समूह के साथ बढ़ रहे हैं और उनके लिए प्रार्थना करें।

आप अपने रिट्रीट समय को जैसे भी चलाते हैं, एडवांस के आधार मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करें, एक समूह के रूप में आप जिस यात्रा पर हैं, उस पर चिंतन करें और आगे जो है उसके लिए प्रार्थना करें। आपने एक साथ जो विकास और फलदायी अनुभव किया है, उसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें और भविष्य को उसके हाथों में समर्पित करें।

टिप्पणियाँ

साल तीन

एडवांस के तीसरे वर्ष में आपका स्वागत है।

इस वर्ष आप अपने समूह के अनुभव को साल एक और दो की तुलना में अधिक अनुकूलित करेंगे। ग्रुप मेंटरिंग गाइड का यह भाग आपको संसाधन, विचार और सहायता प्रदान करता है जिसकी आवश्यकता आपको एक वर्ष तक एडवांस समूह सत्र प्रदान करने के लिए होगी जो विशेष रूप से आपके समूह की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

सत्र एक

व्यावहारिक सुसमाचार – वार्तालाप

यह सत्र सुसमाचार साझा करने के हर अवसर को देखने और उसपर कार्रवाई करने के महत्व की पड़ताल करता है – न कि केवल उन्हें जो एक संगठित मिशन, कार्यक्रम, मंच या मंच द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

सत्र एक वाक्य में

हमारे सुसमाचार प्रचार का अधिकांश हिस्सा बातचीत में होगा, इसलिए हमें परमेश्वर द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रत्येक अवसर पर सुसमाचार को स्पष्ट रूप से साझा करने के लिए तैयार रहना चाहिए – न कि केवल तब जब हमारे पास कलीसिया मिशन, कार्यक्रम या मंच से सेवा करने का अवसर हो।

सत्र पृष्ठभूमि

हम हर दिन कई तरह के लोगों के साथ बातचीत में शामिल होते हैं। इनमें से कई आमने–सामने हैं, लेकिन तकनीक का मतलब है कि अब हम एक ही समय में दुनिया भर के लोगों के साथ अलग–अलग तरीकों से बातचीत कर सकते हैं। हालांकि ये डिजिटल–आधारित वार्तालाप एक ही कमरे में आमने–सामने की मुलाकात के स्तर के व्यक्तिगत संबंध स्थापित नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे लिए दोस्तों और अजनबियों से जुड़ने का एक सामान्य और अमूल्य तरीका बन गए हैं।

किसी मंच से प्रचार करना अक्सर वर्तालाप की अनुमति नहीं देता है। हम अपने संदेश की घोषणा करते हैं और आशा करते हैं कि यह श्रोता के ह्रदय में जड़ पकड़ ले। वर्तालाप में सवाल पूछने, संबंध बनाने और सबसे महत्वपूर्ण बात सुनने की गुंजाइश होती है। कभी–कभी एक मंच से प्राप्त एक–तरफा शब्द को सिरे से खारिज किया जा सकता है, जबकि व्यक्तिगत संवाद विशेष रूप से सीधे श्रोता की चिंताओं और सवालों पर बोलने का अधिक अवसर प्रदान करता है।

लोगों को उपदेश देने की तुलना में यीशु के सुसमाचारों में व्यक्तियों से बात करने के अधिक विवरण हैं। “तू क्या चाहता है कि मैं तेरे लिये करूँ?” मरकुस 10:51 में यीशु बरतिमाई से पूछता है। “हे रब्बी, यह कि मैं देखने लगूँ” वह सरल प्रतिक्रिया है जो उसकी आवश्यकता के साथ–साथ उसके विश्वास को प्रकट करती है कि यीशु के पास चंगाई लाने की सामर्थ्य है। यह आमने–सामने की मुलाकात सुसमाचार की कोई स्पष्ट व्याख्या नहीं देती है, लेकिन यीशु को ढूँढने वाले की जरूरतों को पूरा करने का अवसर देती है, जो अंधेपन से यीशु में अपना विश्वास रखने की ओर बढ़ता है।

यहां तक कि फिलिप्पुस, बाइबल में एकमात्र व्यक्ति जो विशेष रूप से “सुसमाचार–प्रचारक” की उपाधि धारण करता है, को प्रभु के एक दूत द्वारा बड़े प्रचार मिशनों के बीच एक इथियोपियाई खोजे के साथ आमने–सामने बात करने का निर्देश दिया जाता है (प्रेरितों के काम 8:26–40)

यीशु और पहले प्रचारक भीड़ और लोगों को सुसमाचार सुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। सवाल है: क्या हम हैं?

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें। बड़े समूहों में, चार या पाँच लोगों से अपनी पिछली मुलाकात के बाद से एक विशिष्ट गवाही साझा करने के लिए कहें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "इतने में उसके चेले आ गए, और अचम्भा करने लगे कि वह स्त्री से बातें कर रहा है; तौभी किसी ने न पूछा, "तू क्या चाहता है?" या "किस लिये उससे बातें करता है?" तब स्त्री अपना घड़ा छोड़कर नगर में चली गई, और लोगों से कहने लगी, "आओ, एक मनुष्य को देखो, जिसने सब कुछ जो मैं ने किया मुझे बता दिया। कहीं यही तो मसीह नहीं है?" अतः वे नगर से निकलकर उसके पास आने लगे।"
>
> **यूहन्ना 4:27–30**

पिछली बार कब आपने एक गैर–मसीही मित्र से अपने विश्वास के बारे में बात की थी? चलो, बिल्कुल ही अजनबी के बारे बताओ? बहुत से संदेश देने वाले प्रचारक पारस्परिक गवाह को काफी चुनौतीपूर्ण पा सकते हैं। उन्हें एक माइक्रोफोन और एक मंच दें तब वे पूरे दिन प्रचार कर सकते हैं, लेकिन जब आत्मा उन्हें चाय–कॉफी की दुकान में किसी अजनबी से बात करने के लिए प्रेरित करती है तो यह एक अलग कहानी बन जाती है।

चर्चा करें: ऐसे क्यों हैं कुछ जो साहसपूर्वक एक मंच से उद्घोषणा कर सकते हैं वे आमने–सामने के सुसमाचार–प्रचार में संघर्ष करते हैं? क्या आप आमने–सामने की स्थिति में कामयाब होते हैं या फिर संघर्ष करते हैं?

यीशु व्यक्तिगत जीवन में रुचि रखते हैं। जितने समय तक उसने भीड़ को उपदेश दिया, नए नियम में उसे उतने ही बार आमने–सामने के संवाद में शामिल होने के रूप में दर्ज किया गया है, जिससे वह अपनी सेवकाई के दौरान की यात्राओं में मिला था, और कुछ ऐसे भी थे जो जानबूझकर उसे खोज रहे थे। चाहे वह अपने शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक भीड़ को उपदेश दे रहा था, क्रोधित धार्मिक लोगों को जो उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे थे, या व्यक्तियों की एक विविध सरणी – अमीर और गरीब, पुरुष और महिला, बीमार और स्वस्थ, धार्मिक और अधार्मिक – यीशु ने उसी संदेश को सामर्थ्य और दृढ़ विश्वास के साथ साझा किया।

यूहन्ना 4 में सामरी स्त्री के साथ यीशु की मुलाकात से हम कई महत्वपूर्ण बातें सीख सकते हैं।

1. सीधी मुलाकात के लिए तैयार रहें

सामरी महिला के लिए, यह मुलाकात पूरी तरह से अप्रत्याशित थी – और संभावित रूप से अनुचित – लेकिन यीशु उससे बात करने के लिए तैयार हैं, पानी की अपनी शारीरिक आवश्यकता के साथ बातचीत की शुरुआत करते हुए। हम कितनी बातचीत की शुरुआत किसी ऐसी साधारण सी चीज से कर सकते हैं जिसकी हमें जरूरत है? हम अपने प्लंबर से कैसे बात करें जो हमारा नल ठीक करने आया है? या हमारी कॉफी परोसने वाला वेटर? या एक डॉक्टर से जो हमें एक चुनौतीपूर्ण निदान दे रहा है? हमारे चारों ओर बोलने के अवसर हैं, और जब मुलाकात "जिज्ञासु" को आश्चर्यचकित कर सकती है, तो हमें यीशु में जो आशा है उसे प्रस्तुत करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। भले ही हम थक चुके हों।

2. व्यक्तिगत और सकारात्मक रूप से जुड़ें

यीशु सामरी महिला के साथ दया, संवेदनशीलता और करुणा का व्यवहार करता है। वह वास्तव में उसे बातचीत में शामिल करता है और भविष्यवाणी और बुनियादी अवलोकन और स्थितिजन्य जागरूकता दोनों के माध्यम से उसके

जीवन से व्यक्तिगत संबंध स्थापित करता है। वह करुणा के साथ सच्चाई को प्रकट करता है, हमें दिखाता है कि हम जिनसे मिलते हैं उनके साथ सकारात्मक संवाद कैसे कर सकते हैं।

3. अच्छी तरह से सुनें

लोगों के मन में हमेशा यह सवाल होगा कि हम क्या मानते हैं, इससे हमारे जीवन में क्या फर्क पड़ता है, कथित विरोधाभास और पाखंड आदि। इन सवालों से पीछे हटने के बजाय हमें बस समय निकालकर अच्छी तरह से सुनना चाहिए और फिर ईमानदारी से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। अक्सर इसका अर्थ है कि हमें अपना प्रश्न पूछना होगा – जैसा कि यीशु सामरी महिला के साथ करता है। प्रश्न लोगों को उन बातों पर विचार करने के लिए आमंत्रित करते हैं जो हम प्रस्तुत कर रहे हैं (और उनके अपने स्वयं के विचारों पर भी मंथन करने के लिए), बजाय इसके कि हम जो कह रहे हैं उसे पूरा स्वीकार करने के लिए कहें। यीशु अपने सुसमाचार प्रचार में प्रश्नों का उपयोग करने में माहिर था, लोगों को धीरे–धीरे लोगों को उनके वर्तमान वैश्विक दृष्टिकोण की कमजोरियों को दिखाते हुए उसके स्थान पर सच्चाई की पेशकश कर रहा था।

4. गलतफहमी से प्रकाशन की ओर बढ़ें

सबसे पहले, महिला गलत समझती है कि यीशु उससे क्या कह रहा है (वचन 11)। यीशु तब तक दृढ़ रहता है जब तक वह स्त्री प्रकाशन के एक क्षण का अनुभव नहीं कर लेती। गलतफहमी और गलत व्याख्या मानव संवाद का एक स्वाभाविक हिस्सा है। घबराएं नहीं, बस डटे रहें। हमें दूसरे व्यक्ति के लिए तब तक पुल बनाते रहना चाहिए जब तक कि हम जो कह रहे हैं वह स्पष्ट न हो। हम बस इतना करने तक के लिए ही जिम्मेदार हैं। वह तो परमेश्वर का आत्मा है जो समझ को सच्चे प्रकाशन में बदल देता है।

5. मुख्य बात को मुख्य ही रखें

यीशु के लिए राजनीतिक और सांस्कृतिक बातचीत के कारण भटक जाना आसान होता जब महिला ने पानी के लिए उसके अनुरोध की उपयुक्तता के बारे में चिंता दिखाई। इसके बजाय, वह मुख्य बात को ही मुख्य रखता है ताकि सुसमाचार की बातचीत आगे बढ़ सके। संवादात्मक सुसमाचार प्रचार में ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम दूर हो सकते हैं, लेकिन हमारा उद्देश्य (भले ही हमें इधर–उधर कुछ चक्कर लगाने पड़ें) हमारे संवाद के लिए मसीह के क्रूस को केंद्र में रखना है।

6. जिनसे आप बात करते हैं उनकी क्षमता को पहचानें...

...सुसमाचार ग्रहण करने और उसके गवाह बनने दोनों के लिए। जो लोग हाल ही में विश्वास में आए हैं वे अक्सर सबसे प्रभावशाली प्रचारक होते हैं। इन दोनों बातों से हमें चुनौती मिलनी चाहिए – कि हमें अपने उद्धार के संक्रामक आनंद को कभी नहीं खोना चाहिए – और हमें प्रेरणा मिलनी चाहिए कि जिन्हें हम गवाही देते हैं वे तुरंत मसीह के गवाह बन सकें।

हम सभी के पास प्रचार करने के लिए शायद मंच (या "उपदेशक" प्रचारक बनने के लिए बुलाहट और वरदान) ना हो, हम सभी को सुसमाचार प्रचार में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। अधिकांश सुसमाचार–प्रचार में पारस्परिक बातचीत शामिल होती है – प्रत्येक विश्वासियों का प्रत्येक खोजियों से बात करना। यीशु और उसके अनुयायी इस तरह की पहुँच के लिए प्रतिबद्ध थे, और हमें भी होना चाहिए।

चर्चा (20 मिनट)

1. लोगों से अपने विश्वास के बारे में बात करते वक्त सुनना इतना जरूरी क्यों है?
2. वह व्यक्ति मित्र है या अजनबी इस बात के आधार पर संवादात्मक सुसमाचार प्रचार कैसे बदल सकता है?
3. संवादात्मक सुसमाचार प्रचार के अवसरों की तलाश में आप कैसे अधिक सुविचारित हो सकते हैं?
4. आप उन लोगों को कैसे प्रोत्साहन और समर्थन दे सकते हैं जो संवादात्मक सुसमाचार प्रचार को कठिन पाते हैं?

> "सुसमाचार प्रचार में हमारा संघर्ष मुख्य रूप से पद्धति के बारे में नहीं बल्कि परिपक्वता के बारे में है। क्या हमारे पास परमेश्वर के लिए मन है और क्या हम उन बातों की परवाह करते हैं जिनकी परमेश्वर परवाह करता है (अर्थात, खोए हुए लोग)? यदि हमारे पास परमेश्वर का हृदय है, तो हम अपने अविश्वासी मित्रों के साथ होने वाली हर बातचीत में उसके राज्य के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे।"
>
> **नॉर्मन और डेविड गीजर**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

इस सप्ताह, रोजमर्रा की बातचीत के हिस्से के रूप में

किसी से अपने विश्वास के बारे में बात करें। उनसे पूछें कि क्या उनके पास आपके विश्वास के बारे में कोई सवाल है और उन्हें बताएं कि आपको बात करने में खुशी होगी, या उनसे एक सवाल पूछें कि वे यीशु के बारे में क्या सोचते हैं और देखें कि वह किस बात की ओर अगुवाई करता है।

प्रार्थना

प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमें हर दिन हमारे आस–पास की क्षमता को बेहतर ढंग से देखने और उस पर कार्य करने में मदद करे ताकि हम अपने आस–पास के लोगों के साथ अपनी आशा साझा कर सकें। धन्यवाद दें कि परमेश्वर इन अवसरों को हमारे सामने रखता है और वह हमें दुनिया में जो कुछ कर रहा है उसका हिस्सा बनाने में प्रसन्न होता है। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्हें आमने–सामने की मुलाकात में कठिनाई होती हैं – कि परमेश्वर उन्हें इस तरह के सुसमाचार प्रचार के बारे में किसी भी भय और चिंताओं पर काबू पाने में मदद करे, और सब करते हुए हम एक दूसरे को आनंदित रखें।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ



सत्र दो

व्यावहारिक प्रचार–कार्य – अपोलोजेटिक्स (आपत्तिखण्डन)

इस सत्र में हम अपने सुसमाचार प्रचार में अपोलोजेटिक्स के प्रयोग पर ध्यान देंगे, इस बात पर विचार करते हुए कि केसे हमें मसीह के क्रूस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन कुछ बातों में तेज होने की आवश्यकता हो सकती है जिनके बारे में दुनिया बात करना चाहती है।

सत्र एक वाक्य में

अपोलोजेटिक्स सुसमाचार प्रचार का एक हथियार है जो दुनिया से हमारे विश्वास के बारे में किसी भी प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करता है, और विरोध करने वालों से सुसमाचार की रक्षा करता है।

सत्र पृष्ठभूमि

जब लोगों के पास प्रश्न होते हैं तो यह हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें ऐसे प्रामाणिक उत्तर दें जो इस सत्य की ओर इशारा करते हैं कि यीशु कौन है और हमारे जीवन के लिए इसका क्या अर्थ है।

मसीही अपोलोजेटिक्स का अर्थ है “मसीही धर्म का बचाव।” अपोलोजेटिक्स की जड़ें बाइबल में हैं – 1 पतरस 3:15 में शब्द अपोलोजिया से प्रेरितों के काम 17 में एथेंसवासीयों के लिए पौलुस के भाषण की तैयारी और प्रचार तक। सवालों, चिंताओं और आपत्तियों के जवाब में मसीही धर्म की एक तर्कसंगत या रचनात्मक प्रस्तुति का एक खाता।

अपोलोजेटिक्स का कार्य प्राथमिक रूप से परमेश्वर को विश्वसनीय बनाना नहीं है, बल्कि लोगों को उसकी आशा की प्रामाणिकता से जोड़ना है। हम अपने विश्वास का बचाव करते हैं ताकि जो लोग इस पर सवाल उठाते हैं वे यीशु मसीह के भीतर अपनी पूर्णता को देख सकें। अपोलोजेटिक्स कभी भी अपने आप इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं करेगा – केवल परमेश्वर ही अपनी पवित्र आत्मा के द्वारा बचा सकता है – लेकिन यह उन बाधाओं को दूर करने के लिए एक शक्तिशाली हथियार है जो लोगों को यीशु के साथ सम्बन्ध जोड़ने के अवसर में शामिल होने से रोक सकता है।

> “अपोलोजेटिक्स बचाता नहीं है; केवल यीशु मसीह ही ऐसा करने में समर्थ है। लेकिन अपोलोजेटिक्स यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के रूप में सेवा कर सकते हैं – और करनी भी चाहिए – सीधे मार्ग बनाते हुए, मसीह के क्रूस तक जाने के मार्गों को सुविधाजनक बनाते हुए।”
>
> **जे. डब्ल्यू. मोंटगोमरी**

अपोलोजेटिक्स यीशु को उसके सिंहासन से बौद्धिक या आध्यात्मिक रूप से हटाने के प्रयासों के खिलाफ बचाव करता है। यह चुनौतीपूर्ण बातचीत की ओर ले जा सकता है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि अपोलोजेटिक्स का उद्देश्य लोगों को ठेस पहुँचाना नहीं है, बल्कि मसीह के किसी भी विकल्प की सीमाओं को उजागर करना है। अपोलोजेटिक्स सुसमाचार प्रचार तक ही सीमित नहीं है बल्कि हमारे शिष्यत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें।

बड़े समूहों में, चार या पाँच लोगों से अपनी पिछली मुलाकात के बाद से एक विशिष्ट गवाही साझा करने के लिए कहें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “पर मसीह को प्रभु जानकर अपने अपने मन में पवित्र समझो। जो कोई तुम से तुम्हारी आशा के विषय में कुछ पूछे, उसे उत्तर देने के लिये सर्वदा तैयार रहो, पर नम्रता और भय के साथ।”
>
> **1 पतरस 3:15**

पतरस हमें उन सभी को जवाब देने के लिए तैयार रहने के लिए कह रहा है जो हमसे पूछते हैं कि हमारे पास आशा क्यों है। सबसे पहले, हमें सुसमाचार को स्पष्ट रूप से समझाने में सक्षम होना चाहिए, लेकिन जब हमसे और प्रश्न पूछे जाते हैं तो हमें उन्हें सोच–समझकर और सार्थक रूप से उत्तर देने के लिए समय देना चाहिए।

मूलभूत दार्शनिक (तार्किक) प्रश्नों का उत्तर देना आमतौर पर सबसे कठिन होता है – जैसे प्रश्न, “हम यहाँ क्यों हैं?” या “हम कहाँ से आए हैं?” या “जीवन का अर्थ क्या है?” सुसमाचार में इनमें से प्रत्येक के उत्तर हैं, लेकिन वे अक्सर सीधे ऊपर नहीं आते। अधिक बार, हमें लैंगिकता, लिंग, या गर्भपात जैसे मुद्दों पर मसीही प्रतिक्रिया पर अपना विचार देने के लिए कहा जाता है। आपको आधुनिक वैज्ञानिक विचारधारा के खिलाफ पारंपरिक विश्वास की स्थिति का बचाव करने के लिए कहा जा सकता है – जैसे जैविक विकास–क्रम के सिद्धांत के प्रकाश में सृष्टि के उत्पत्ति की कहानी का बचाव करना। अन्य प्रश्न परमेश्वर के चरित्र के बारे में दावों की पड़ताल कर सकते हैं – उदाहरण के लिए, “एक अच्छा परमेश्वर कष्ट क्यों होने देता है?”

> **चर्चा करेंः** आपसे किस तरह के चुनौतीपूर्ण विश्वास के प्रश्न पूछे गए हैं? आपने उन्हें जवाब देने के लिए स्वयं को कितना तैयार महसूस किया है?

यह अच्छी बात है कि स्वयं अपोलोजेटिक्स किसी को नहीं बचाते – अन्यथा उद्धार का उत्तरदायित्व हमारे अपने तर्कों के बल पर टिका होता! अपोलोजेटिक्स लोगों को गलत सोच से सही सोच की ओर बढ़ने में मदद कर सकता है, लेकिन यह स्वयं परमेश्वर है जो एक व्यक्ति को जीवन में लाएगा जब वे हमारी गवाही के माध्यम से उसकी पुकार को सुनते और उसका प्रतिउत्तर देते हैं।

यह ऐसा है जैसे हम उनके साथ खड़े हैं जिन्हें हम एक सड़क पर देखते हैं, जिसके विपरीत छोर पर मसीह का खाली क्रूस है। सड़क के किनारे गड्ढे, रुकावटें, दीवारें, मलबा, नुकीली वस्तुएं आदि हैं। कोहरे की धुंध में क्रूस बड़ी मुश्किल से दिखाई देता है। अपोलोजेटिक्स एक ऐसा तरीका है जिसके द्वारा हम किसी व्यक्ति को सड़क पर यात्रा करने में मदद कर सकते हैं, मलबे को दूर कर सकते हैं, गड्ढों को भर सकते हैं, दीवारों को तोड़ सकते हैं, रुकावटों को दूर कर सकते हैं और यात्रा को आसान बनाने के लिए कोहरे को साफ कर सकते हैं। हम उस व्यक्ति को क्रूस के करीब आने में मदद करना चाहते हैं, क्योंकि वहीं पर वे जी उठे यीशु से मिल सकते हैं और उसे अपने जीवन के प्रभु के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। अपोलोजेटिक्स का अस्तित्व केवल अभी तक विश्वास न करने वाले व्यक्ति का सामना यीशु से करवाने और उसका विश्वास स्थापित करने हेतु एक रास्ता बनाने के लिए है।

अपोलोजेटिक्स में सफलता के लिए यहां चार चीजें हैं जिन पर हमें विचार करना चाहिए और प्रतिबद्ध होना चाहिए:

1. तैयारी की सामर्थ्य के साथ कार्य करें

कुछ लोगों के लिए, अपोलोजेटिक्स उनके प्रचार प्रसार

का एक मुख्य केंद्र बन जाएगा – इसलिए धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र, विज्ञान, इतिहास, वर्तमान मामलों, विश्व धर्म और अन्य विषयों का अध्ययन एक आवश्यक आहार बन जाएगा। दूसरों के लिए, हमारी बातचीत में आने वाले विषयों के प्रकार के बारे में जानकारी रखना बुद्धिमानी है, खासकर जहां हम किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसकी कोई विशेष चिंता है। यह परमेश्वर के वचन के बारे में हमारी समझ में बढ़ने के लिए प्रतिदिन परमेश्वर के वचन पर मनन करने की हमारी सामान्य प्रतिबद्धता के बारे में नहीं कह रहे हैं। इस अर्थ में तैयारी केवल दुनिया को परमेश्वर के बारे में बताने की तैयारी नहीं है, बल्कि दिन–ब–दिन उनकी प्रभावी ढंग से उपासना करने के लिए खुद को तैयार करना है। अपोलोजेटिक्स शिष्यत्व से सम्बन्धित है, केवल सुसमाचार प्रचार से नहीं।

2. प्रार्थना की सामर्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध रहें

जैसा कि सुसमाचार प्रचार के सभी रूपों में होता है, प्रार्थना आवश्यक है। जब अपोलोजेटिक्स की बात आती है, तो यह प्रार्थना करना कि जिन लोगों के साथ हम बात कर रहे हैं, उन पर परमेश्वर स्वयं को प्रकट करे, और साथ–साथ यह भी प्रार्थना करें कि हमें उनसे नम्रता और सम्मान के साथ सवालों के जवाब देने में मदद करे (जैसा कि पतरस हमें बताता है)। हम अपने सामने वाले से नम्रता से बात करते हैं, लेकिन परमेश्वर के संबंध में – कि हम अपने जवाब से दुनिया को खुश नहीं करेंगे, बल्कि ईमानदारी से परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

3. विनम्रता की सामर्थ्य को पहचानें

अहंकार और जुझाःपन शायद ही कभी सहायक और आकर्षक गुण होते हैं। एक प्रश्न का उत्तर विश्वास के साथ देने का मतलब यह नहीं है कि हमें विनम्रता को खिड़की से बाहर फेंक देना है। जिन लोगों से हम बात करते हैं उनके जवाब में विनम्र होने का मतलब यह नहीं है कि हमें राजनीतिक शुद्धता या विनम्र बातचीत की वेदी पर अपने विश्वासों का त्याग करना होगा। विनम्रता का अर्थ है कि हम यह स्वीकार करने के लिए तैयार हैं कि हम सब कुछ नहीं जानते। कभी–कभी केवल यह कहना, "अच्छा प्रश्न है, मैं इसका उत्तर नहीं जानता," सबसे अच्छा उत्तर है जो हम दे सकते हैं – परमेश्वर के मार्ग हमारे अपने मार्गों से ऊंचे हैं (यशायाह 55:8–9) और वर्तमान में हम एक दर्पण में धुंधले रूप से देखते हैं (1 कुरिन्थियों 13:12)। लेकिन परमेश्वर ने अपने बारे में जो प्रकट किया है, उसके माध्यम से हम उसके प्रकाशन का पता लगाते हुए अपने अस्तित्व का बोध करा सकते हैं – जो सत्य वह प्रदान करता है उसके बारे में निष्कर्ष निकालना, उसके अनुसार जीना और बोलना।

4. प्रश्न की सामर्थ्य का उपयोग करें

सबसे पहले, हमें दूसरों को बताना चाहिए कि हमसे सवाल पूछना ठीक है। नाराज हुए बिना प्रसन्नता से सवालों के जवाब देना संवाद के लिए शानदार अवसर पैदा करती है, खासतौर पर उन लोगों के साथ जो अस्थायी हो सकते हैं या कुछ ऐसा पूछने से डरते हैं जो उनके लिए महत्वपूर्ण बात है। दूसरा, हमें अपने प्रश्न पूछने से डरना नहीं चाहिए। यह लोगों को पीछे की ओर धकेलने के लिए चतुर प्रश्नों का उपयोग करने के बारे में नहीं है, बल्कि अपनी पूर्व–धारणाओं और सोच में कमजोरियों को धीरे से उजागर करने के लिए है। यीशु सेवकाई करते समय प्रश्न पूछने में निपुण था, उसने उत्तर देने से कहीं अधिक सवाल पूछा!

कोई भी कभी भी परमेश्वर के राज्य में बहस से नहीं लाया गया है, या केवल इसलिए यीशु का अनुयायी बन गया है क्योंकि वे एक बहस हार गए। लेकिन कोमल और सम्मानजनक अपोलोजेटिक्स संवाद लोगों को क्रूस की ओर सड़क से थोड़ा आगे ले जाने में मदद कर सकता है, क्योंकि हम जानबूझकर उन विषयों में उलझने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनके लिए सुसमाचार की हमारी व्याख्या का हिस्सा बन जाता है क्योंकि यह उनके लिए मायने रखते हैं।

चर्चा (20 मिनट)

1. सवालों को गंभीरता से लेना क्यों जरूरी है?
2. अपोलोजेटिक्स की क्या सीमाएँ हैं?
3. क्या आप अपने सुसमाचार प्रचार में उठने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए सुसज्जित महसूस करते हैं?
4. अपोलोजेटिक्स का अध्ययन किस प्रकार उपासनापूर्ण हो सकता है?

"अपोलोजेटिक्स एक संसाधन है; आधुनिक दुनिया में वास्तविक लोगों के जीवन के साथ संबंध बनाना अपोलोजेटिक्स पर निर्भर करता है। इस संबंध के बिना, सिद्धांत सिद्धांत ही बने रह जाते हैं, अमूर्त विचार हवा में लटके रहते हैं, और जीवन की वास्तविकताओं पर आधारित नहीं होते हैं।"

एलिस्टेयर मैकग्राथ

अनुप्रयोग (5 मिनट)

मसीही धर्म पर इन कुछ सामान्य प्रश्नों के बारे में सोचने के लिए कुछ समय निकालें और पता लगाएं कि आप किसी को उनके प्रारंभिक प्रश्न से लेकर मसीह के क्रूस तक की यात्रा में कैसे मदद कर सकते हैं।

- परमेश्वर को किसने बनाया?
- क्या विज्ञान ने मसीही धर्म को अस्वीकृत कर दिया है?
- महाविस्फोट सिद्धांत और विकास के बारे में क्या सोचते हैं?
- यदि परमेश्वर भला है, तो वह संसार में दुख क्यों आने देता है?
- क्या बाइबल गलतियों और विरोधाभासों से भरी है?
- यदि परमेश्वर वास्तविक है, तो वह स्वयं को संसार के सामने प्रकट क्यों नहीं कर देता?
- पूर्ण सत्य जैसी कोई चीज नहीं होती है, तो क्या हम सभी को केवल वही मानना चाहिए जो हम चाहते हैं?
- मैं एक अच्छा व्यक्ति हूँ। परमेश्वर मुझे नरक में क्यों भेजेगा क्योंकि मुझे विश्वास नहीं है कि वह मौजूद है?
- दूसरे धर्म के बजाय मसीही धर्म ही क्यों?
- क्या आप वास्तव में चमत्कारों में विश्वास करते हैं?

प्रार्थना

स्वर्ग के ज्ञान के लिए एक साथ प्रार्थना करें क्योंकि हम ईमानदारी और साहस के साथ परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करते हुए विनम्रता और प्रेम में दुनिया के सवालों और चिंताओं का जवाब देने का प्रयास करते हैं। जिनसे हम बात करते हैं उनके खुले दिमाग और ग्रहणशील हृदय के लिए प्रार्थना करें, और धन्यवाद दें कि भले ही साझा करने के लिए सच्चे और तर्कपूर्ण उत्तर हैं, परमेश्वर का बचाने का कार्य अंततः चुनौतीपूर्ण प्रश्नों का सफलतापूर्वक उत्तर देने की हमारी क्षमता पर निर्भर नहीं करता है।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ

सत्र तीन

व्यावहारिक प्रचार–कार्य – संकट

यह सत्र इस बात की पड़ताल करता है कि जीवन की सबसे कठिन, गड़बड़ी और भ्रमित करने वाली घटनाओं में भी हम कैसे सुसमाचार की आशा को प्रदर्शित करने और घोषित करने के लिए हमेशा तैयार रहते हुए व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करते हुए एक चल रहे मौजूदा संकट का जवाब दे सकते हैं।

सत्र एक वाक्य में

जब कोई संकट आता है तो सुसमाचार प्रचार को रोका नहीं जाना चाहिए: बल्कि हमें दुनिया में शांति के राजदूत बने रहना चाहिए, संकट में दूसरों की जरूरतों को पूरा करते हुए सुसमाचार की आशा को अपने शब्दों और कार्यों के केंद्र में रखना चाहिए।

सत्र पृष्ठभूमि

तीसरी शताब्दी के मध्य में, साइप्रियन के प्लेग से रोमन साम्राज्य तबाह हो गया था। जैसे–जैसे हजारों लोग प्रतिदिन मरते गए, लोगों ने क्रूर व्यवहार करना शुरू कर दिया, यहाँ तक कि अपने ही परिवार के सदस्यों के लिए करुणारहित हो गए। भय एक प्रभावकारी शक्ति है जो लोगों को भयानक तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित कर सकता है क्योंकि हमारी जीवित रहने की इच्छा जोर पकड़ती है।

इस परेशान करने वाले समय के दौरान, लोगों का एक समूह बाकी आतंक–पीड़ित आबादी से अलग खड़ा दिखाई दे रहा था – वह है मसीही लोग। धार्मिक विश्वासियों के इस अपेक्षाकृत नए संप्रदाय ने अपने आसपास के लोगों के लिए एक अलग भावना के साथ प्लेग की भयावहता का सामना किया – भय और निराशा के बजाय प्रेम और आशा में कार्य किया। मसीहियों ने बीमारों की देखभाल की और यहां तक कि मृतकों को दफनाने की जिम्मेदारी भी ली, यह सब यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम से पाई जाने वाली अनंत आशा से इस भ्रामक और भयानक बीमारी से प्रभावित लोगों को आश्वस्त करते हुए किया। जबकि साइप्रियन के प्लेग ने शक्तिशाली रोमन साम्राज्य को लगभग नष्ट कर दिया था, वफादार मसीहियों की प्रतिक्रिया का मतलब था इस भयावह महामारी ने पूरे यूरोप में मसीही धर्म के प्रसार में काफी मदद की।

चौदहवीं शताब्दी में जब काली मौत (ब्लैक डेथ) ने इसी महाद्वीप पर दस्तक दी, तो इसके प्रभाव और भी घातक थे। जब उसके आसपास की दुनिया बिखर गई, सिएना की केथरीन ने उन शुरुआती मसीहियों के नक्शेकदम पर चलते हुए व्यावहारिक करुणा और सुसमाचार की आशा की पेशकश की। केथरीन के स्वयं के कष्टों को दूसरों के लाभ के लिए अलग रख दिया गया था, जिसे सशक्तिकरण और परमेश्वर की इच्छा को पूर्ण रूप से प्रस्तुत करने के नए परिप्रेक्ष्य द्वारा प्राप्त किया गया था।

> “तुम्हारी आंखें कुछ भी ऐसा नहीं देखेंगी जो असंभव लगता हो, या जो कष्ट हो सकता है, बल्कि केवल विश्वास का प्रकाश, और उस प्रकाश में सब कुछ संभव

है; और याद रखें कि परमेश्वर हम पर कभी भी इतना बड़ा बोझ नहीं डालता जो हम सहन ना कर सकें।”

सिएना की केथरीन

जब मार्टिन लूथर को विटनबर्ग के छोटे से शहर में घातक बुबोनिक प्लेग का सामना करना पड़ा, तो उनकी प्रतिक्रिया कई पादरियों की तरह भागना नहीं था, बल्कि जरूरतमंद लोगों के साथ निकटता में आना था। लूथर के लिए, यह केवल “यीशु क्या करेगा?” का मामला नहीं था, बल्कि, “अगर यीशु जरूरत में होता तो हम क्या करते?”

“हर कोई निर्भीक और निडर होना चाहेगा; कोई भागेगा नहीं बल्कि सब दौड़े चले आएंगे। और फिर भी वे यह नहीं सुनते कि मसीह स्वयं क्या कहता है, 'जो तुमने सबसे गरीब में से एक के साथ किया, वह तुमने मेरे साथ किया।' जब वह सबसे बड़ी आज्ञा के बारे में बात करता है, तो वह कहता है, 'दूसरी आज्ञा उसके समान है, तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख।' वहाँ आप सुनते हैं कि अपने पड़ोसी से प्रेम करने की आज्ञा परमेश्वर से प्रेम करने की सबसे बड़ी आज्ञा के बराबर है, और यह कि आप अपने पड़ोसी के लिए जो करते हैं या नहीं करते हैं, उसका अर्थ है कि आप परमेश्वर के साथ वैसा ही किया। यदि आप मसीह की सेवा करना चाहते हैं और उसकी बाट जोहना चाहते हैं, तो बहुत अच्छा है, आपके पास आपका बीमार पड़ोसी है। उसके पास जाओ और उसकी सेवा करो, और तुम निश्चय ही उसमें मसीह को पाओगे।”

मार्टिन लूथर

पास्टर और धर्मशास्त्री डिटरिच बॉनहोफर ने जून 1939 में नाजी पार्टी के खतरों से बचने के लिए दोस्तों के आग्रह पर जर्मनी की अपनी मातृभूमि को छोड़ दिया, जल्दी से यह महसूस करते हुए कि उन्होंने आवश्यकता के समय में अपने देश से दूर जाने में गलती की थी और एक महीने बाद लौट आए।

“मुझे जर्मनी के मसीही लोगों के साथ हमारे राष्ट्रीय इतिहास के इस कठिन दौर से गुजरना होगा। अगर मैं इस समय के परीक्षणों को अपने लोगों के साथ साझा नहीं करता तो मुझे युद्ध के बाद जर्मनी में मसीही जीवन के पुनर्निर्माण में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं होगा।”

डिटरिच बॉनहोफर

बॉनहोफर जानते थे कि यदि वे संकट के दौरान दृढ़ नहीं रहे तो संकट के बाद उनकी मसीही गवाही और सत्यनिष्ठा संकट मे पड़ जाएगी। यह एक ऐसा निर्णय था जिसकी कीमत अंततः उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी – और फिर भी उस जीवन की विरासत आज भी जीवित है।

बॉनहोफर इतिहास के एक ऐसे व्यक्ति के रूप में गिने जाते हैं कि जिस आशा का वो उपदेश दिया करते थे उसके पूर्ण विश्वास में जीते थे, और यीशु का अनुसरण करने की लागत को लगातार गिनते रहे।

पूरे इतिहास में मसीहियों ने अपने उद्धारकर्ता के नेतृत्व का अनुसरण किया है, जिन्होंने पूरे इतिहास में सबसे बड़े संकट का सामना किया – परमेश्वर के खिलाफ मानवता के विद्रोह में – उसकी सच्चाई में विश्वास करने वाले सभी लोगों में शांति की आशा लाने के लिए पाप और मृत्यु की कोलाहल में भी घुस गए (यूहन्ना 16:33)। और जब हम संसार को उसके सुसमाचार की अनन्त शांति प्रदान करने के लिए उसकी शक्ति में जाते हैं तब यीशु आज के संकटों में हमारे साथ दौड़ता है (मत्ती 28:18–20)।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

कहानियों, प्रोत्साहन, अवसरों पर प्रतिक्रिया और समूह को प्रोत्साहित करने वाली किसी भी चीज को साझा करने के लिए एक–दूसरे के साथ केच–अप के लिए समय निकालें। छोटे समूहों में, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पिछली बैठक के बाद से एक जीत और एक संघर्ष साझा करने के लिए कहें। बड़े समूहों में, चार या पाँच लोगों से अपनी पिछली मुलाकात के बाद से एक विशिष्ट गवाही साझा करने के लिए कहें।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (40–50 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

"उसी दिन यरूशलेम की कलीसिया पर बड़ा उपद्रव आरम्भ हुआ और प्रेरितों को छोड़ सब के सब यहूदिया और सामरिया देशों में तितर–बितर हो गए। कुछ भक्तों ने स्तिफनुस को कब्र में रखा और उसके लिये बड़ा विलाप किया। शाऊल कलीसिया को उजाड़ रहा था; और घर–घर घुसकर पुरुषों और स्त्रियों को घसीट–घसीटकर बन्दीगृह में डालता था। सामरिया में फिलिप्पुस का प्रचार जो तितर–बितर हुए थे, वे सुसमाचार सुनाते हुए फिरे;"

प्रेरितों 8:1–4

संकट कभी भी आ सकता है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, बीमारी हो, वित्तीय पतन हो, व्यक्तिगत त्रासदी हो... संभावित चुनौतियों की सूची लंबी होती जाती है। जब संकट आता है, तो लोग घबराना शुरू कर सकते हैं, डर हावी हो जाता है और आशा जल्दी से धूमिल हो सकती है। यदि हम मानते हैं कि सुसमाचार सच्ची आशा और शांति का स्रोत है, तो संकट के समय में, हमें किस तरह से केसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि जो परिस्थितियों का उपयोग सुसमाचार देने के अवसर के लिए करे?

किसी संकट का लाभ उठाने का विचार अरुचिकर या अनुचित लग सकता है। लेकिन हम लाभ कमाने या व्यक्तिगत लाभ की बात नहीं कर रहे हैं। कलीसिया के रूप में, हम परमेश्वर के राज्य के लिए लाभ चाहते हैं: परमेश्वर की महिमा हमारा उद्देश्य है।

जब हमारे जीवन और कार्यों में परमेश्वर की महिमा होती है, तो संसार उस शांति की पूर्ण वास्तविकता के करीब पहुँच जाता है जिसके लिए हम बनाए गए थे और एक दिन अनंत राज्य में पूरी तरह से जान जाएंगे (प्रकाशितवाक्य 21:1–7)। अपने स्वयं के लाभ के लिए अवसरवादी होने के बजाय, हम परमेश्वर के राज्य के लाभ के अवसर की तलाश करते हैं, वही राज्य जिसमें गरीब और शोक में पड़े लोगों को आशीष और आराम मिलेगा। शब्द और कार्य युक्त सुसमाचार प्रचार किसी भी संकट के लिए सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया है क्योंकि यह इस बात की घोषणा और प्रदर्शन है कि हमारे पास आशा है।

जब प्रेरितों के काम 8 में लूका जिस बड़े अत्याचार का वर्णन करता है, जो यरुशलेम में शुरू हुआ, प्रारंभिक कलीसिया ने स्वयं को बिखरा हुआ और संकट में पाया। स्वयं पर तरस खाने या कहीं छिपने के बजाय, लूका हमें बताता है कि वे जहाँ भी गए सुसमाचार की घोषणा की। प्रेरितों और स्तिफनुस और फिलिप्पुस जैसे अन्य अगुवों की सुसमाचार प्रचार गतिविधियों के बारे में प्रेरितों के काम की सभी कहानियों के लिए, यह आसानी से छूट जाने वाला विवरण है जो शायद संकट के समय समग्र रूप से कलीसिया की प्रतिक्रिया को सबसे बेहतर रूप से प्रकट करता है। चाहे समय हो या असमय, कलीसिया को सुसमाचार की घोषणा कोय इसकी सच्चाई में हमारे विश्वास के प्रदर्शन के रूप मेंय प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि संसार इस आशा को अपने लिए स्वयं जान सके (2 तीमुथियुस 4:1–2)।

पूरे इतिहास में कई बार ऐसा हुआ है जहां संकट के प्रति मसीही प्रतिक्रिया ने प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है कि दुनिया यीशु मसीह में विश्वास को केसे देखती है। प्लेग, अकाल, उत्पीड़न, युद्ध और आर्थिक संकट के माध्यम से, इतिहास एक स्पष्ट तस्वीर पेश करता है: जहाँ मसीहियों को स्वर्ग की अनंत आशा और आत्मा की वर्तमान सामर्थ्य के अनुरूप निःस्वार्थ रूप से कार्य करते देखा गया, यीशु में विश्वास तेजी से फैलता गया और कलीसिया बढ़ती गयी।

संकट के समय में वास्तविक सुसमाचार की आशा प्रदान करने के लिए, हमें अपने चरित्र और अपनी गतिविधि दोनों में सुविचारित होना चाहिए। यहाँ पाँच व्यावहारिक तरीके हैं जिनसे हम संकट के समय में सुसमाचार प्रचारक की पाँच मुख्य विशेषताओं को प्रतिबिंबित कर सकते हैं।

1. प्रार्थनापूर्वक समर्पित हों (प्रार्थनापूर्ण प्रचारक)

एक प्रार्थनापूर्ण सुसमाचार प्रचारक होना यह जानना है कि परमेश्वर भरोसेमंद है (भजन संहिता 100:5), हमारी प्रार्थनाओं को सुनता है (1 पतरस 3:12), हमारे कष्टों के प्रति उदासीन नहीं है (2 कुरिन्थियों 1:3–4), और हमें सामर्थ्य देता है उसकी महिमा के लिये भले काम करो (इफिसियों 2:10)। हमारा सुसमाचार प्रचार हमेशा उसकी सामर्थ्य में प्रार्थनामय जीवन के द्वारा किया जाना है।

हमें **परमेश्वर से बात करनी चाहिए**। हमें उसकी पहचान को स्वीकार करना चाहिए, वह जो है उसके लिए उसकी उपासना करनी चाहिए, सभी चीजों में उसका धन्यवाद करें और आत्मविश्वास में वृद्धि करें क्योंकि वह हर समय भला है। अपनी असफलता और भय को अंगीकार करने के द्वारा, हम अपनी कमजोरियों से आगे बढ़ने के लिए उसकी क्षमा और उसका अनुग्रह प्राप्त करते हैं। उससे संकट की गड़बड़ी में शांति मांगकर हम जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं और वह हमें अपनी महिमा के लिए इस्तेमाल करता है।

जब हम चुनौतीपूर्ण और जटिल परिस्थितियों का सामना करते हैं और उसके **सुसमाचार को उन पर लागू करते हैं,** तो हमें उसकी बुद्धि, नेतृत्व और प्रेरणा पर भरोसा करने के लिए समय निकालकर परमेश्वर की बात सुननी चाहिए।

हमें **परमेश्वर के साथ** उसके दूत के रूप में, प्रार्थना को अपनी गतिविधि की नींव के रूप में और उन लोगों के लिए गतिविधि की पेशकश के रूप में चलना चाहिए जिनके साथ हम जुड़ते हैं।

चर्चा करें: आप वर्तमान में किन संकटों से अवगत हैं? हम इस परिस्थिति के लिए और इससे प्रभावित लोगों के लिए सर्वोत्तम प्रार्थना केसे कर सकते हैं? (हम सत्र के बाद प्रार्थना समय में इन परिस्थितियों के लिए प्रार्थना करेंगे।)

2. सहायता प्रदान करें (प्रतिबद्ध प्रचारक)

यहां तक कि जो लोग परमेश्वर में विश्वास नहीं करते हैं वे भी प्रेम और दयालुता के कार्य के रूप में प्रार्थना की पेशकश प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अगर उनकी व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करने की पेशकश से अलग कर दिया जाए तो यह खोखला लगने की संभावना है। संकट के समय और उसके बाद लोगों को व्यावहारिक मदद की जरूरत होती है। जबकि हमारा सुसमाचार प्रचार सुसमाचार के मौखिक संचार पर निर्भर करता है, हमारी व्यापक गवाही रूपांतरित जीवन जीने और हमारे आसपास के लोगों के प्रति मसीह के प्रेम और करुणा को व्यक्त करने पर निर्भर करता है। इसका अर्थ है व्यावहारिक होना, जरूरतों को पूरा करना जैसे कि हम स्वयं यीशु की जरूरतों को पूरा कर रहे हों (मत्ती 25:40)। क्या लोगों को दवा की दुकान से या किराने के सामान की आपूर्ति की आवश्यकता है? क्या उन्हें अपने घर की सफाई, अपने बगीचे की साफ–सफाई या अपना भोजन तैयार करने की जरूरत है? क्या वे किसी संगति और बातचीत को पसंद करेंगे, या शायद उन्हें कहीं पहुँचाए जाने (लिफ्ट लेने) की आवश्यकता होगी?

यह पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है कि लोगों को क्या चाहिए? उनसे पूछना! अपनी धारणाओं या सुसमाचार की प्रस्तुति से पहले लोगों को सुनने का कार्य अक्सर यीशु के बारे में भविष्य में बातचीत के लिए परिवर्तनकारी हो सकता है। जैसे–जैसे हम सुनने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं और हमारे सामने आने वाली जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं, यीशु की कहानी को समझाने के अवसर अक्सर आते रहेंगे।

3. आशा का प्रचार करें (बाइबल–शिक्षण देनेवाला प्रचारक)

व्यावहारिक मदद से जरूरतमंदों की मदद करते हुए, हमें सुसमाचार की कहानी समझाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए। हमारे कार्यों के साथ–साथ, सुसमाचार का शक्तिशाली सत्य मानवीय आवश्यकता के सबसे गहरे स्तर पर चंगाई और आशा प्रदान करता है – जो शारीरिक नहीं बल्कि आत्मिक है (मत्ती 10:28, 16:26)।

यह महत्वपूर्ण है कि जब हम संकट के परिप्रेक्ष्य में सुसमाचार की सच्चाई साझा करते हैं तो हमें विचारशील, विनम्र और दयालु बने रहना है। इसमें सच्चाई को कम नहीं करना है, बल्कि इसका मतलब वास्तविक दुनिया की चिंताओं और सवालों के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने के लिए तैयार रहना है ताकि शुभ संदेश अभी भी शुभ संदेश बना रहे। संकट के समय लोगों के दिल खुले होते हैं, इसलिए हमें भ्रम की स्थिति में स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए, लोगों को यह एहसास कराने में मदद करनी चाहिए कि, संकट के समय भी, एक मजबूत आधार है जिस पर हम अपना जीवन बना सकते हैं जो हर तूफान में हमारी मदद करेगा (मत्ती 7:24–27)।

चर्चा करें: जब हम संकट के समय में यीशु के बारे में बात करते हैं तो हमें किन चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए?

4. समुदाय को प्राथमिकता दें (जवाबदेह प्रचारक)

एडवांस के माध्यम से हमें एक–दूसरे के साथ पूछताछ करने, तीखे सवाल पूछने और सुविचारित होकर जीवन यात्रा पर विचार करने की आदत हो जाती है। संकट के समय में, हमें याद दिलाया जाता है कि यह कितना महत्वपूर्ण है कि हम अपने ही समुदायों में अलग–थलग न पड़ जाएं जो हमारे आसपास दूसरों की जरूरतों को नजरअंदाज करते हैं। आइए हम अपने मसीही जीवन के मुख्य भाग के रूप में, दूसरों की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए एक–दूसरे को जवाबदेह बनाएं और विस्तार से, हमारे सुसमाचार प्रचार के रूप में – यह कभी न भूलें कि हमारे सुसमाचार प्रचार की जड़ परमेश्वर से प्रेम करने और अपने पड़ोसी से प्रेम करने की दोहरी आज्ञा में पाई जाती है।

जवाबदेही केवल हमारे प्रलोभन के अनुभवों या हमारे भक्तिपूर्ण जीवन से संबंधित नहीं है। इसमें न्याय की चुनौतियों, जरूरतमंद लोगों की देखभाल, पर्यावरण के प्रति हमारे दृष्टिकोण और अन्य मुद्दों पर चिंतन और हमारी प्रतिक्रिया के लिए भी जगह मिलनी चाहिए जो सीधे तौर पर हमारे पड़ोसी से प्रेम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं।

5. व्यावहारिक रूप से प्रोत्साहित करें (प्रेरणादायक प्रचारक)
प्रचारक के रूप में हमारा काम कलीसिया को लगातार शुभ संदेश का गवाह बनने के लिए प्रेरित करना है। संकट के समय में हमें कलीसिया को लगातार सुसमाचार की पुष्टि करने की पहल करनी चाहिए ताकि मसीह में हमारे भाइयों और बहनों को उस आशा की याद दिलायी जा सके जो यह संसार को प्रदान करता है। कलीसिया में कुछ लोग संकट के समय में सुसमाचार का प्रचार करना अनुचित और अवसरवादी सोच सकते हैं। हमारा काम जहां आवश्यक हो वहां इस सोच को फिर से स्थापित करना है और कलीसिया को हर समय अस्त–व्यस्त संसार में प्रार्थनापूर्वक सुसमाचार की शांति प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

> **चर्चा करें:** संकट के समय में हम कलीसिया को सुसमाचार प्रचार को प्राथमिकता देने के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं?

शैतान हमें भय से जकड़ना और हमें अप्रभावी बनाना पसंद करता है, आशा के वाहक के रूप में हमारे उद्देश्य को कुंद कर देता है। जोहान हेस को लिखे अपने प्रसिद्ध पत्र में कि क्या मसीहियों को संकट (उनके लिए, प्लेग) से भागना चाहिए या रुकना चाहिए और मदद करनी चाहिए, मार्टिन लूथर ने शैतान की योजनाओं के खिलाफ फटकार और परमेश्वर की सर्वोच्चता के शक्तिशाली आश्वासन की प्रार्थना की:

> "दूर हो जा शैतान, अपने भय के साथ! सिर्फ इसलिए कि मैं तुझसे नफरत करता हूँ, मैं अपने बीमार पड़ोसी की मदद करने के लिए और अधिक तेजी से आगे बढ़कर तेरा विरोध करूंगा। मैं तुझ पर कोई ध्यान नहीं दूँगा... यदि मसीह ने मेरे लिए अपना खून बहाया और मेरे लिए मर गया, तो मैं उसकी खातिर कुछ छोटे खतरों में खुद को क्यों न डालूँ और इस कमजोर प्लेग की उपेक्षा क्यों न करूँ? यदि तू आतंकित कर सकता है, तो मसीह मुझे मजबूत कर सकता है। यदि तू मार सकता है, तो मसीह जीवन दे सकता है। यदि तेरे दाँतों में जहर है, तो मसीह के पास इससे भी बड़ी दवा है। क्या मेरे प्रिय मसीह को, अपने उपदेशों, अपनी दयालुता और अपने सारे प्रोत्साहन के साथ, मेरी आत्मा में तुझसे अधिक महत्वपूर्ण नहीं होना चाहिए, दुष्ट शैतान, दूर हो जा मेरे कमजोर शरीर से अपने झूठे भय के साथ? परमेश्वर तुझे रोके! दूर हो जा, शैतान. यहाँ मसीह हैं और यहाँ मैं, इस कार्य में उसका सेवक हूँ। मसीह ही प्रबल हो! आमीन।"
>
> **मार्टिन लूथर**

डर और अराजकता जीत नहीं सकते। चलो चलें और दुनिया को उसका नाम बताएं जो पहले ही से जीत चुका है।

चर्चा (यदि संभव हो तो अतिरिक्त समय का उपयोग करें)

1. किसी संकट में लोगों की जरूरतें पूरी करने में हमारी जिम्मेदारी कहाँ से शुरू और कहाँ पर खत्म होती है?
2. संकट के समय आप अपने डर का मुकाबला कैसे करते हैं?
3. क्या आप कोई उदाहरण सोच सकते हैं कि किसी संकट के दौरान आपका सुसमाचार प्रचार कैसे अधिक प्रभावी हो गया?

> "आपको लोगों की समस्याओं को जानने के लिए उनके साथ रहना होगा और उन्हें हल करने के लिए परमेश्वर के साथ रहना होगा।"
>
> **पी.टी. फोर्सिथ**

प्रार्थना

"हे परमेश्वर, संकट के समय में हमारी मदद कर। हमें आवश्यकता के प्रति जागरूक होने, हमारी प्रतिक्रिया में दयालु होने और सबसे बढ़कर अनिश्चितता की स्थिति में तुझपर भरोसा करने में मदद कर। जब हम तुझ पर भरोसा करने में असफल हो जाएं तो हमें क्षमा कर और उस डर पर काबू पाने में हमारी मदद कर जो हमें उस तरह जीने से रोकता है जैसे तू चाहते हैं कि हम जियें। अराजकता से जूझ रहे संसार में आशा और शांति के लोग बनने के

लिए हमें सशक्त बना। हम सभी स्थितियों में तेरे सुसमाचार का प्रचार करने के प्रति वफादार रहेंगे, और इस बारे में सुविचारित रहेंगे कि मुसीबत के समय में हम व्यावहारिक रूप से लोगों की जरूरतों को केसे पूरा करें। धन्यवाद कि तू सभी परिस्थितियों में भला है। तेरी भलाई हमारे प्रचार और गवाही में प्रकट हो। आमीन”

संकट के उन विशिष्ट क्षेत्रों के लिए प्रार्थना करने के लिए कुछ समय निकालें जिन्हें हमने इस सत्र में देखा।

अनुप्रयोग और जवाबदेही (15 मिनट)

कभी–कभी संकट बड़े पैमाने पर सामने आता है, जैसे कोई प्राकृतिक आपदा या महामारी। अन्य समय में, संकट व्यक्तिगत जीवन और पारिवारिक परिस्थितियों में सामने आता है, और जो लोग उन्हें अनुभव करते हैं उनके लिए यह कम कठिन नहीं है। आपके आस–पास की दुनिया में विश्व स्तर पर, स्थानीय स्तर पर और व्यक्तिगत स्तर पर क्या हो रहा है, इसके बारे में सोचने के लिए समय निकालें और इस बारे में सोचें कि आप सत्र से संकट के पांच प्रचार कार्यों के तरीकों को इन स्थितियों में केसे लागू कर सकते हैं। एक बार जब आप संकट के कुछ क्षेत्रों की पहचान कर लेते हैं, और यह भी कि आप उनमें और उनके माध्यम से सुसमाचार की आशा केसे प्रदान कर सकते हैं, आप आने वाले हफ्तों में प्रतिक्रिया देने के लिए क्या करेंगे, इसके लिए एक–दूसरे को जिम्मेदारी दें।

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ

सत्र चार

सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – प्रार्थना

यह सत्र साल एक के प्रार्थना सत्र को विस्तारित करता है, यह खोज करता है कि हम प्रचार के लिए अपनी तैयारी और भागीदारी में प्रार्थना का उपयोग केसे कर सकते हैं।

सत्र एक वाक्य में

प्रार्थना सुसमाचार प्रचार के लिए महत्वपूर्ण है, जब हम सुसमाचार प्रचार के लिए तैयारी करते हैं तब और जब हम महान आज्ञा में और सुसमाचार प्रचार के लिए एक साधन के रूप में भाग लेते हैं तब भी।

सत्र पृष्ठभूमि

काम के लिए सही उपकरण हाथ में न होना निराशाजनक हो सकता है। जब सुसमाचार प्रचार की बात आती है, तो ऐसे "उपकरणों" की कोई कमी नहीं है जो कलीसिया को अपनी गवाही में प्रभावी बनने में मदद करने के लिए तैयार किए गए हैं। ये उपकरण जितने सहायक हो सकते हैं, हम संभवतः यह सुझाव देने के लिए इतनी दूर नहीं जाएंगे कि कोई भी विशेष व्यक्तिगत संसाधन सुसमाचार प्रचार के कार्य के लिए आवश्यक है।

लेकिन सुसमाचार प्रचार के लिए कुछ "उपकरण" हैं जो हमारे द्वारा उत्पादित किसी भी संसाधन से परे हैं। उनकी प्रभावशीलता संदर्भ या संस्कृति पर निर्भर नहीं करती। ये उपकरण सुसमाचार प्रचार के लिए आवश्यक हैं क्योंकि ये सीधे तौर पर हमारे गवाह की विश्वसनीयता और उससे मिलने वाले फल को प्रभावित करते हैं।

वास्तव में, ये "उपकरण" वास्तव में आत्मिक अभ्यास हैं – और सभी आत्मिक अभ्यासों की तरह वे अत्यधिक शक्तिशाली और व्यावहारिक हैं। जब सुसमाचार प्रचार की बात आती है तो आत्मिक प्रथाओं को आसानी से नजरअंदाज किया जा सकता है, शायद इसलिए क्योंकि हम उनके व्यावहारिक मूल्य को भूल जाते हैं।

तीन एडवांस ग्रुप सत्रों में हम तीन आत्मिक प्रथाओं – प्रार्थना करने, सुनने और धन्यवाद देने पर गौर करेंगे।

साल एक में, हमने तीन प्राथमिक तरीकों से प्रार्थना करने और सुसमाचार प्रचार के बीच संबंध का पता लगाया।

सबसे पहले, उस प्रक्रिया के भाग के रूप में जिसके माध्यम से हम परमेश्वर की संतान और यीशु मसीह के शिष्यों के रूप में परिपक्व हो सकते हैं जो दूसरों को भी इसी तरह बढ़ने में मदद करता है (इफिसियों 4:14–16)।

दूसरा, जिस तरह से परमेश्वर की सामर्थ्य हमारे माध्यम से काम करने और गवाही देने के अवसर ला सकती है और हमारे सुसमाचार प्रचार को केवल मसीही विश्वास की मार्केटिंग (विपणन) से अलग हटकर दिलों को मृत्यु से जीवन की ओर प्रेरित कर सकती है (कुलुस्सियों 4:2–6)।

तीसरा, जिस तरह से हम आध्यात्मिक लड़ाई की अग्रिम पंक्ति में जाते समय दुश्मन के हमलों से बचाव के लिए आत्मिक कवच से लैस हो सकते हैं और उसकी योजनाओं से धोखा खा चुके किसी भी व्यक्ति की आंखें खोल सकते हैं ताकि वे यीशु के प्रकाश को देखें और जानें (इफिसियों 6:10–20)।

उन तीन बातों को ध्यान में रखते हुए, आइए इस सत्र में उन पर विस्तार से विचार करते हुए व्यावहारिक रूप से सोचें कि हम सुसमाचार प्रचार की तैयारी में केसे प्रार्थना कर सकते हैं, और इसमें भाग लेते समय हम केसे प्रार्थना कर सकते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने–जुलने, कहानियाँ साझा करने, अवसरों पर प्रतिक्रिया देने और ऐसी किसी भी चीज के लिए समय निकालें जो समूह को प्रोत्साहित करे।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> “हर समय और हर प्रकार से आत्मा में प्रार्थना, और विनती करते रहो, और इसी लिये जागते रहो कि सब पवित्र लोगों के लिये लगातार विनती किया करो, और मेरे लिये भी कि मुझे बोलने के समय ऐसा प्रबल वचन दिया जाए कि मैं साहस के साथ सुसमाचार का भेद बता सकूँ, जिसके लिये मैं जंजीर से जकड़ा हुआ राजदूत हूँ; और यह भी कि मैं उसके विषय में जैसा मुझे चाहिये साहस से बोलूँ।”
>
> **इफिसियों 6:18–20**

प्रार्थना का हमारे उपेक्षित सुसमाचार प्रचार उपकरणों की सूची में पहले स्थान पर होना अजीब लग सकता है। सच तो यह है, भले ही हमारा प्रार्थना जीवन सामान्य रूप से फल–फूल रहा हो, सुसमाचार के साथ उठने और जाने का हमारा उत्साह हमें आत्मिक रूप से सुसमाचार बोने की आवश्यकता की उपेक्षा कर सकता है।

> “सुसमाचार प्रचार में प्रार्थना महत्वपूर्ण है: केवल परमेश्वर ही किसी ऐसे व्यक्ति का हृदय बदल सकता है जो उसके खिलाफ विद्रोह में है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे तर्क कितने तार्किक हैं या हमारी अपीलें कितनी उत्साही हैं, हमारे शब्द तब तक कुछ हासिल नहीं करेंगे जब तक कि परमेश्वर की आत्मा रास्ता तैयार न कर दे।”
>
> **बिली ग्राहम**

जिस तरह से हम सुसमाचार प्रचार के लिए तैयारी करते हैं और जिस तरह हम सुसमाचार प्रचार में भाग लेते हैं, दोनों में प्रार्थना एक भूमिका निभाती है।

तैयारी

सामर्थ्य

जब हम प्रार्थना करते हैं तो हम शक्ति को वहीं रखते हैं जहां शक्ति को होनी चाहिए – अर्थात परमेश्वर के हाथों में, वह एक्लौता जिसके पास ही बचाने की शक्ति है (रोमियों 1:16)। हम परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी सीमाओं से आगे बढ़ें, दिलों को नरम करे, खुद को हमारी गवाही में प्रकट करे, चमत्कारिक ढंग से आगे बढ़े, बचाए। प्रार्थना हमें एक सशक्त व्यक्ति के रूप में आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है।

स्वीकारोक्ति

हमें पवित्र लोग बनना है जो पवित्र संदेश लेकर चलते हैं, लेकिन हम सिद्ध नहीं हैं। विलियम सेकर को संक्षेप में कहें तो, हमें अपने पापों से अधिक पापों की स्वीकारोक्ति पर शरमाने के जाल में नहीं फंसना चाहिए। जब हम गलतियाँ करते हैं और परमेश्वर के मानक पर खरे नहीं उतरते, हम अपने परमेश्वर के सामने कबूल कर सकते हैं और उसकी क्षमा और बहाली को पा सकते हैं। प्रार्थना अपूर्ण/असिद्ध दूतों को पवित्रतम संदेश के वाहक के रूप में जाने में सक्षम बनाती है।

परिवर्तन

यदि यीशु हमारे जीवन में कोई फर्क नहीं लाता है, तो हम जो सुसमाचार प्रचार करते हैं उसमें कोई सत्यनिष्ठा नहीं है। हाँ, हम गलतियाँ करेंगे, लेकिन हम बार–बार वही गलतियाँ नहीं करना चाहते। अच्छी खबर साझा करने के लिए हमें पूर्ण होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसे सत्य के रूप में प्रकट करने के लिए हमें अपने जीवन में इसके परिवर्तनकारी प्रभावों का अनुभव करने की आवश्यकता है।

डी.एल. मूडी ने कहा, "बाइबल हमें जानकारी के लिए नहीं बल्कि परिवर्तन के लिए दी गई थी।" हमारा प्रचार–प्रसार जानकारी साझा करने के बारे में नहीं है, बल्कि दूसरों को उसी परिवर्तन में आमंत्रित करने के बारे में है जिसे हम अनुभव कर रहे हैं। प्रार्थना हमें एक परिवर्तित व्यक्ति के रूप में जाने में सक्षम बनाती है।

प्रावधान

जब सुसमाचार प्रचार की बात आती है तो हम प्रार्थना की कई विनतियाँ कर सकते हैं, लेकिन शायद सबसे अच्छी प्रार्थना अवसर के लिए है: "परमेश्वर, क्या तू आज मुझे अपना विश्वास साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।" जैसे ही हम इन अवसरों में कदम रखते हैं, हम कर सकते हैं साहस, करुणा, स्पष्टता, ज्ञान और बहुत बातों के प्रावधान के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना हमें एक सुसज्जित व्यक्ति के रूप में हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

> **चर्चा करें:** क्या आपके प्रार्थना जीवन में ये विशेषताएं हैं?

सुसमाचार प्रचार के लिए प्रार्थनापूर्वक तैयारी करने में असफल होकर हम सुसमाचार प्रचार में असफल होने की तैयारी कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि प्रार्थना इस बात की गारंटी देती है कि हमारा सुसमाचार प्रचार यीशु का अनुसरण करने के लिए तत्काल निर्णय लेगा, बल्कि इसका मतलब यह है कि हम लगातार उसकी सच्चाई के अधिक वफादार गवाह के रूप में तैयार होते रहेंगे।

भागीदारी

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम प्रार्थना को अपने सुसमाचार प्रचार के व्यावहारिक तत्व के रूप में उपयोग कर सकते हैं, लेकिन शुरुआत करने के लिए ये दोनों एक अच्छी जगह बनाते हैं।

प्रार्थना में चलना

यदि हम महीने में कम से कम एक बार अपने आस–पड़ोस में चलते हुए प्रार्थना करें तो क्या हो सकता है? अपने घरों के आसपास की सड़कों पर रहने वाले लोगों के बीच आने के लिए परमेश्वर को आमंत्रित करने और खुद को उस प्रार्थना का उत्तर बनने के लिए उपलब्ध कराने से, जब हम प्रार्थना कर रहे होते हैं तो अक्सर अवसर पैदा होते हैं। लोग नमस्ते कहेंगे, इसके बाद बातचीत होगी, हम क्या कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं इसका स्पष्टीकरण व्यक्त किया जा सकता है, और हमारे विश्वास को साझा करने का अवसर स्वाभाविक रूप से वहां से खुद को प्रस्तुत करता है।

प्रार्थना वार्ता

लोगों के साथ हमारी बातचीत में, हमारे पास सबसे अच्छे साधनों में से एक है उनके लिए प्रार्थना करना। हम वहीं उसी वक्त प्रार्थना कर सकते हैं, या यदि वे अजीब सा महसूस कर रहे हों, तो बाद में करें जब हम प्रार्थना में अकेले हों। प्रार्थना स्वयं सुसमाचार के मर्म (प्रेमपूर्ण दयालुता) और परमेश्वर की सुसमाचार के सामर्थ्य को दिखाने का एक अवसर बन जाती है (जब वह प्रार्थना के जवाब में आगे बढ़ता है)।

> **चर्चा करें:** क्या आपको प्रार्थना के दौरान चलने या अपनी गवाही में प्रार्थना को एक साधन के रूप में उपयोग करने का अनुभव है? तब क्या हुआ? ऐसी कहानियाँ साझा करना जहाँ चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं, तो यह "सफलता" की कहानियाँ साझा करने जितनी ही सहायक हो सकती हैं।

हममें से बहुत से लोग शायद यह न सोचें कि हम अपने सुसमाचार प्रचार में प्रार्थना की उपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन चिंतन करने पर हमें यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि हम प्रार्थना की शक्ति पर उन सभी तरीकों से दबाव नहीं डाल रहे हैं जो हम कर सकते हैं। इफिसियों के लिए पौलुस का जेल–आधारित प्रार्थना अनुरोध उसकी परिस्थितियों से मुक्ति के लिए नहीं था, बल्कि उसे उसमें उपलब्ध अवसर में सुसमाचार का प्रचार करने के साहस के लिए था (इफिसियों 6:18–20)। इसी तरह, आइए हम प्रार्थना करें कि जब भी हम बोलें तो हमें वे शब्द और शक्ति प्राप्त हो जो हमें निडर होकर सुसमाचार के रहस्य को बताने के लिए चाहिए।

चर्चा (20 मिनट)

1. क्या आपका व्यक्तिगत प्रार्थना जीवन सुसमाचार प्रचार पर बेहतरीन रीति से ध्यान केंद्रित करता है?

2. क्या आप दूसरों के लिए प्रार्थना करने में सहज हैं? यदि नहीं, तो क्या बाधाएँ हैं?

3. भजन 17 के इन वचनों पर एक साथ विचार करें। वे हमारी प्रार्थना को कैसे निर्देश देते हैं, खासकर सुसमाचार प्रचार के एक साधन के रूप में? अपनी चर्चा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मोटे शब्दों का प्रयोग करें।

> "हे ईश्वर, मैं ने तुझ से प्रार्थना की है, क्योंकि तू मुझे उत्तर देगा। अपना कान मेरी ओर लगाकर मेरी विनती सुन ले। तू जो अपने दाहिने हाथ के द्वारा अपने शरणागतों को उनके विरोधियों से बचाता है, अपनी अद्भुत करुणा दिखा।"
>
> **भजन 17:6–7**

अनुप्रयोग (5 मिनट)

इस सत्र से तैयारी और भागीदारी प्रार्थना विशेषताओं को अभ्यास में लाएं। इस बात पर विचार करें कि अपने आस–पड़ोस में प्रार्थना की लय कैसे स्थापित करें – और यदि आप पहले से नहीं रखते हैं, तो एक प्रार्थना पत्रिका रखें। जिन लोगों से आप मिलते हैं और जो प्रार्थना अनुरोध आपको मिलते हैं, उन्हें नोट करें और साथ ही प्रोत्साहन के तौर पर प्रार्थना के उत्तरों के साथ इसे अपडेट करें।

प्रार्थना (10 मिनट)

प्रार्थना करें कि परमेश्वर आपको एक सशक्त, क्षमाशील और रूपांतरित शिष्य के रूप में तैयार करे जो उसके द्वारा प्रदान किए गए अवसरों में कदम रखे। उसे धन्यवाद दें कि वह दिन–प्रति–दिन आपके साथ और आपके माध्यम से काम करता है। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्हें आप जानते हैं जो अभी तक यीशु को प्रभु के रूप में नहीं जानते हैं। एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करें, कि आप सभी यीशु के साथ चलने और अपने सुसमाचार प्रचार में प्रार्थना को केंद्र में रखें।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ

साल तीन

सत्र चार

सत्र पांच

सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – सुनना

यह सत्र सुनने की कला की पड़ताल करता है। हम व्यावहारिक तरीकों का पता लगाएंगे जिससे हम बेहतर श्रोता बन सकें क्योंकि हम लोगों को सुसमाचार की सच्चाई से जुड़ने में मदद करने का प्रयास करते हैं।

सत्र एक वाक्य में

लोगों को अच्छी तरह से सुनना उनके प्रति हमारे प्यार को दर्शाता है, हमें उनके साथ केवल सुसमाचार प्रचार के लक्ष्य की तरह बर्ताव करने से बचाता है, और हमें उनके जीवन में सुसमाचार सम्बन्धित बिंदुओं की पहचान करने का अवसर देता है।

सत्र पृष्ठभूमि

रिचर्ड "डिक" बैस महत्वाकांक्षी अभियानों पर जाने और किसी से भी उनके बारे में विस्तार से बात करने के लिए जाने जाते थे। एक उड़ान में, उन्होंने एवरेस्ट पर चढ़ने के अपने कारनामों और दोबारा ऐसा करने की अपनी योजना के बारे में अपने बगल वाले सज्जन से लगातार बातचीत की। जब उड़ान उतर रही थी, बैस को एहसास हुआ कि उसने अपने अज्ञात संगी यात्री को अपना परिचय नहीं दिया। "ठीक है," उस आदमी ने कहा, "मैं नील आर्मस्ट्रांग हूं। आपसे मिलकर अच्छा लगा।"

डिक बैस चंद्रमा पर चलने वाले पहले व्यक्ति के साथ एक शानदार बातचीत से चूक गए। जब हम दूसरों की बात सुनने में असफल होते हैं, तो हम एक या दो से अधिक दिलचस्प किस्सों से चूक जाते हैं। हम स्वयं उस व्यक्ति को खोने का जोखिम उठाते हैं।

यदि हम लोगों से एक अच्छा प्रचारक बनने के लिए आवश्यक कौशल या चरित्र लक्षणों के बारे में पूछें, तो सबसे ऊपर क्या निकलेगा? शायद अच्छा संचार कौशल, आत्मविश्वास, उत्साह और जुनून सभी विशेषताएं होंगी, लेकिन सुनने के बारे में क्या? क्या यह सूची में अपनी जगह भी बना पायेगा?

यीशु ने जितने उत्तर दिए उससे कहीं अधिक प्रश्न पूछे। यीशु से 180 से अधिक प्रश्न पूछे गए, उसने केवल कुछ का सीधे उत्तर दिया, अक्सर इसके बजाय प्रश्नों के उत्तर के रूप में एक प्रश्न पूछना पसंद किया। यीशु ने नए नियम में 300 से अधिक प्रश्न पूछे – विचार को उकसाने के लिए या आत्म–चिंतन के लिए, पाखंड को प्रकट करने के लिए, संवाद जारी रखने के लिए, जांच करने के लिए, आँखें खोलने के लिए, पुनर्स्थापित करने के लिए, या चंगा करने के लिए।

यीशु हमेशा अपने सवालों का जवाब सुनने के लिए तैयार रहते थे। सुसमाचार ऐसे उदाहरणों से भरे हुए हैं कि वह अपने आस–पास के लोगों की बातें सुनता है (एक बेहतरीन उदाहरण के लिए यूहन्ना 3–5 देखें)। यीशु ने प्रश्नों, आवश्यकताओं, भय और चिंताओं, आपत्तियों और आरोपों को सुना। यीशु सुनने के लिए उपलब्ध था, और जवाब में सवालों का उनका गहरा और शक्तिशाली उपयोग सिर्फ एक वार्तालाप तकनीक नहीं थी बल्कि एक प्रकाशन था

कि जिन लोगों से उसने बात की थी उन्हें सुना गया था। यह हमारे प्रचार–प्रसार की शुरुआत के लिए एक बेहतरीन तरीका है।

यीशु की इच्छा और सुनने और सवाल करने की क्षमता में, हम अपने प्रचार के लिए एक आशा देखते हैं जो हमारे सामने वाले व्यक्ति को खोने नहीं देता है क्योंकि हम उन्हें विश्वासयोग्यता से सुसमाचार की सच्चाई से जोड़ना चाहते हैं।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने–जुलने, कहानियाँ साझा करने, अवसरों पर प्रतिक्रिया देने और ऐसी किसी भी चीज के लिए समय निकालें जो समूह को प्रोत्साहित करे।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (30–40 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "जो बिना बात सुने उत्तर देता है, वह मूढ़ ठहरता, और उसका अनादर होता है।"
>
> **नीतिवचन 18:13**

क्या आप कभी किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहे हैं जहाँ आप एक शब्द भी नहीं बोल पा रहे हों? किसी बातचीत में भागीदार बनने के बजाय एकालाप का प्राप्तकर्ता बनना बहुत निराशाजनक हो सकता है। हममें से अधिकांश के लिए, न सुना जाना गलत समझे जाने से भी बदतर है – यह ऐसा है जैसे हमें देखा या महत्व नहीं दिया गया।

दुर्भाग्य से, सुसमाचार प्रचार अक्सर एकतरफा संवाद बन सकता है। एक मंच से सार्वजनिक प्रचार के लिए हमेशा एक जगह होगी, लेकिन जब व्यक्तिगत प्रचार की बात आती है (अधिकांश मसीहियों के लिए दैनिक अवसर) तो एकतरफा संवाद कम हो जाता है। यह दूसरे व्यक्ति को एक वास्तविक व्यक्ति के बजाय एक सुसमाचार प्रचार के लक्ष्य के रूप में मानता है, जिसे परमेश्वर एक बहाल रिश्ते की पेशकश कर रहा है। लोगों को उनके प्रति परमेश्वर के प्रेम को देखने में मदद करना कठिन है जब उसके अनुयायी खुद उनके लिए कोई प्रेम नहीं दिखाते।

सुनने का मूल्य केवल उस जानकारी में नहीं पाया जाता है जो हम किसी व्यक्ति के बारे में प्राप्त करते हैं, बल्कि उस मूल्य में पाया जाता है जो एक व्यक्ति को प्राप्त होता है जब हम उसे अपना प्यार भरा ध्यान देते हैं।

एकतरफा संवाद विज्ञापन य मार्केटिंग का साधन है। सुसमाचार प्रचार किसी उत्पाद को बेचने के बारे में नहीं है, यह यीशु मसीह के जीवित व्यक्तित्व का परिचय है। परमेश्वर लोगों के साथ संबंध बनाना चाहता है – आंकड़े, जनसांख्यिकीय लक्ष्य या मिशनरी उद्देश्य नहीं, बल्कि ऐसे लोग – जो अद्वितीय और मूल्यवान हैं और जिन पर उसका ध्यान है।

> "62 प्रतिशत गैर–मसीहियों और पिछड़े मसीहियों का कहना है कि जो व्यक्ति बिना न्याय किए सुनता है, वह विश्वास के बारे में बात करने के लिए सबसे अच्छा व्यक्ति होगाः रिपोर्ट की गई किसी भी अन्य गुणवत्ता की तुलना में काफी अधिक।"
>
> **बार्ना ग्रुप**

लोग बिना किसी पूर्वाग्रह के सच्ची बात सुनना चाहते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि लोग असहमत होने को तैयार नहीं हैं, लेकिन इससे पहले कि हम स्वस्थ तरीके से असहमत हो सकें, हमें पहले समझने की जरूरत है। सुनने से हम लोगों को दिखाते हैं कि हम उनकी परवाह करते हैं और हम केवल उन सभी तरीकों को इंगित नहीं करना चाहते हैं जिनमें वे गलत हैं।

सचमुच में लोगों को सुनना भी वास्तव में उपयोगी है। हम उनके जीवन में क्या चल रहा है, इसके बारे में जान सकते हैं, हम उनकी वास्तविक जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, न कि हम जो सोचते हैं कि उन्हें जरूरत है, और हम सुसमाचार के लिए संबंध बिंदु बना सकते हैं जो उनके वास्तविक प्रश्नों को संबोधित करते हैं, न कि उन प्रश्नों को संबोधित करते हैं जिन्हें हम सोचते हैं कि वे पूछ रहे होंगे।

चर्चा करें: सुसमाचार सम्बन्धी बातचीत के हिस्से के रूप में लोगों को सुनने में अपनी ताकत और कमजोरियों पर विचार करते हुए, निम्नलिखित सात बिंदुओं पर एक साथ काम करें।

1. प्रश्न पूछें

अच्छी तरह सुनने में एक बड़ा हिस्सा अच्छे प्रश्न पूछना शामिल है। इससे पता चलता है कि हम सोच–समझकर सुन रहे हैं, और बातचीत को दिलचस्प क्षेत्रों में ले जाता है, और हमें अपने बातचीत साथी के विचारों (और जरूरतों) को बेहतर ढंग से समझने का मौका देता है। यीशु ने हमारे लिए इसे आदर्श रूप में प्रस्तुत किया, शायद बरतिमाई के उपचार करने में सबसे स्पष्ट रूप से: "तू क्या चाहता है कि मैं तेरे लिये करूँ?" (मरकुस 10:46–52)।

2. "जीतने" से सावधान रहें

बातचीत खत्म करने का सबसे तेज तरीका क्या है? इसे "जीतने" की कोशिश करना। हमें सभी उत्तरों की आवश्यकता नहीं है। बार्ना द्वारा किए गए शोध से पता चलता है कि गैर–मसीहियों द्वारा "सबकुछ जानने वाले" वार्तालाप साझेदारों को अच्छा नहीं माना जाता है। हमें हर बातचीत से विजेता की तरह खत्म करके भगने की जरूरत नहीं है। एक वार्तालाप की जीत वह है जहां दोनों पक्ष अपने विचारों को दूसरे के साथ स्पष्ट रूप से साझा करने में सक्षम होते हैं।

3. जगह बनाएं

हमें जबरदस्ती निष्कर्ष निकालने की जरूरत नहीं है। लोगों में इस सोच के लिए जगह बनाना बेहतर है कि वे क्या कह रहे हैं और प्रतिक्रिया में क्या सुन रहे हैं, और हमेशा प्रतिक्रिया देने में जल्दबाजी करने के बजाय खुद को प्रतिबिंबित करने के लिए समय दें। जैसा कि फ्राएर, रोमियो और जूलियट में रोमियो को याद दिलाता है: "बुद्धिमानी से और धीरे से; वे ही ठोकर खाते हैं, जो तेज दौड़ते हैं।"

4. एक साथ खोजें (सीखें)

जब हम दूसरों को सुनते हैं, तो हमें अक्सर एहसास होता है कि परमेश्वर उनके माध्यम से हमें कुछ नया सिखा रहा है। हमें अपने सुसमाचार प्रचार को किसी को उस स्थान पर लाने के प्रयास तक सीमित नहीं रखना चाहिए जहां हम पहले से ही हैं, बल्कि यह महसूस करना चाहिए कि सुसमाचार प्रचार एक यात्रा है जिस पर हम एक साथ यीशु की ओर बढ़ रहे हैं।

5. संघर्ष की पड़ताल करें

अन्य विश्वदृष्टिकोणों में सत्य हो सकता है। मसीही धर्म के बारे में ऐसे प्रश्न हैं जो सहायक हैं और आपत्तियाँ जो व्यावहारिक हैं। हमें हर उस चीज को खारिज नहीं करना चाहिए जो हमारे अपने विचारों के विपरीत है, खासकर पहले ध्यान से सुने बिना और यह समझने में समय लगाए बिना कि जिस व्यक्ति से हम बात कर रहे हैं उसके लिए यह महत्वपूर्ण क्यों है। हमें जिज्ञासु होना चाहिए और जो अच्छा है उसकी पुष्टि करनी चाहिए।

6. समान कारण खोजें

किसी भी बातचीत में सहमति के कई क्षेत्र होने की संभावना है। समान कारणों के इन क्षेत्रों को खोजने से आत्मीयता बनाने में मदद मिल सकती है, जिससे हमें समझौते की नींव मिल सकती है जिससे असहमति का अधिक शालीनता से पता लगाया जा सकता है, और अप्रत्याशित सुसमाचार कनेक्शन बिंदुओं की ओर ले जाया जा सकता है।

7. बढ़ो

लोगों की बात सुनना – वास्तविक भावनाओं, विचारों और अनुभवों के साथ – करुणा में बढ़ने का एक अवसर है। सुसमाचार प्रचार के लिए हमारी प्रेरणा आसानी से विषम हो सकती है: कितनी बार हम केवल एक आदेश का पालन करने के लिए सुसमाचार साझा करते हैं, केवल इसलिए कि हमारी कलीसिया एक मिशन सप्ताह चला रही है, या केवल इसलिए क्योंकि हमें सुसमाचार का अच्छा ज्ञान है और हम जानते हैं कि इसे साझा किए जाने की आवश्यकता है? कितनी बार हमारी प्रेरणा केवल प्रेम होती है? सुनने से हमें करुणा, सहानुभूति और प्रेम में बढ़ने में मदद मिलती है, और हम उस तरह के दूत बन जाते हैं जो न केवल हम जो कहते हैं उससे सुसमाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि हम कौन हैं।

जैसे हम अपने आस–पास के लोगों को अच्छी तरह से सुनने का प्रयास करते हैं, हमें पवित्र आत्मा को भी ध्यान से सुनना चाहिए – दोनों में: सुसमाचार प्रचार के लिए प्रार्थना की तैयारी में और सक्रिय रूप से जब हम दूसरों के साथ बातचीत कर रहे हों। ऐसा कहा गया है कि सुसमाचार प्रचार बस "उस बातचीत में शामिल होना है जो पवित्र आत्मा (महानतम प्रचारक) पहले से ही एक व्यक्ति के साथ

कर रहा है,” इसलिए आइए हम अपने दिलों को उसकी ओर मोड़ें जब हम अपने कानों को उसकी ओर लगाते हैं जो हमारे सामने है।

चर्चा (20 मिनट)

1. एक अच्छा श्रोता कैसा होता है? क्या आप स्वयं को अच्छा श्रोता मानेंगे?
2. जिसे हम गवाही देते हैं उनकी बात न सुनने की “मूर्खता और शर्म” क्या है?
3. क्या व्यक्तिगत प्रचार के साथ–साथ सार्वजनिक प्रचार में भी सुनने को शामिल करने का कोई तरीका है? आप यह कैसे कर सकते हैं?
4. आप जिनसे बात करते हैं उन्हें आप किस प्रकार प्रोत्साहित कर सकते हैं कि वे स्वयं को परमेश्वर की बात सुनने के लिए दिल को खोलें?

अनुप्रयोग (10 मिनट)

किसी गैर–मसीही को बातचीत में शामिल करके सुनने का अभ्यास करें। आप एक साधारण प्रश्न से शुरुआत कर सकते हैं, जैसे, “यदि आप परमेश्वर से एक प्रश्न पूछना चाहें, तो वह क्या होगा?” और देखें कि बातचीत किस ओर जाती है। जब वे आपसे बात करें तो उपस्थित रहें, उनकी बातों के जवाब में अच्छे प्रश्न पूछें, जो बातचीत को आगे नहीं बढ़ाते या जबरदस्ती नहीं करते बल्कि इसे समृद्ध बनाते हैं। अपनी स्वयं की बहुत अधिक जानकारी ना दें (जब तक कि अनुरोध न किया गया हो), और अपने वार्तालाप साथी को सुनने के लिए समय दें। इस बात पर ध्यान दें कि आपने उन्हें सुना है और उनके द्वारा कही गई कुछ बातों को दोहराकर उनके बातों की सराहना करें और बातचीत के बाद उन पर विचार करने में आपको कितना आनंद आएगा।

बाद में अपने लिए इन प्रश्नों पर विचार करें:

1. जिस तरह से इस बातचीत में मैने बात सुनी उसी तरह से यदि मेरी बात सुनी गई तो मुझे कैसा महसूस होगा?
2. क्या मैं उनकी भावनाओं, सोचों, विचारों, चिंताओं या आपत्तियों को अधिक स्पष्ट रूप से समझता हूँ?
3. क्या मैंने कुछ नया या उपयोगी सीखा?
4. जिन चीजों पर हमने चर्चा की उनमें से कुछ के बारे में मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता हूँ या उन पर प्रतिक्रिया कैसे दे सकता हूँ?

प्रार्थना

कुछ समय साथ में परमेश्वर की प्रतीक्षा करने और सुनने में व्यतीत करें। उसे आपसे बात करने के लिए कहें और खुद को उसकी आवाज सुनने के लिए उपलब्ध कराएं। जब भी समूह के सदस्यों को लगे कि उन्होंने परमेश्वर से सुना है तो एक–दूसरे के साथ प्रोत्साहन साझा करें।

प्रार्थना करें कि परमेश्वर आपको अपने आस–पास के लोगों की बात अच्छी तरह से सुनने में मदद करेगा। उससे उन लोगों के प्रति करुणा और प्रेम बढ़ाने में मदद करने के लिए कहें जिनके पास आप पहुंचते हैं।

जवाबदेही (15 मिनट)

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

टिप्पणियाँ

सत्र छहः

सुसमाचार प्रचार के उपेक्षित साधन – कृतज्ञता

यह सत्र हमारे विश्वास और सुसमाचार प्रचार में धन्यवाद की भूमिका पर विचार करता है। हम आभारी जीवन शैली के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक लाभों पर विचार करेंगे, और यह याद रखने के महत्व पर कि परमेश्वर कौन है, उसने क्या किया है, और हमारे पास उसके प्रति सदैव आभारी रहने का कारण क्यों है।

सत्र एक वाक्य में

धन्यवाद, यीशु के साथ हमारी चाल और संसार में हमारे द्वारा दी जाने वाली गवाही में, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो हमें भावनात्मक रूप से स्वस्थ दूत बनने में मदद करता है जो बड़ी चुनौतियों के बावजूद भी लगातार परमेश्वर की अच्छाई को याद करते हैं।

सत्र पृष्ठभूमि

"याद रखना, पाँच नवम्बर याद रखना..."

ब्रिटेन में गाइ फॉक्स और तथाकथित गनपाउडर प्लॉट की याद में हर साल बोनफायर नाइट समारोह मनाया जाता है। पूरे देश में लोग अलाव (बोनफायर) जलाते हैं, आतिशबाजी करते हैं और पारिवारिक मौज–मस्ती और उत्सव के माहौल में गर्म भोजन और पेय पदार्थों का आनंद लेते हैं। लेकिन वास्तव में क्या याद किया जा रहा है?

1605 में षड्यंत्रकारियों के एक समूह ने हाउस ऑफ लॉर्ड्स को 36 बैरल बारूद से उड़ाकर किंग जेम्स प्रथम की हत्या की साजिश रची। इस साजिश की योजना 5 नवंबर को संसद के राजकीय उद्घाटन के दौरान बनाई गई थी, लेकिन एक गुप्त सूचना के कारण अधिकारियों को इसके बारे में पता चला – और हाउस ऑफ लॉर्ड्स की तलाशी के दौरान उन्हें साजिशकर्ताओं में से एक गाइ फॉक्स मिला, जो बारूद की बैरलों की निगरानी कर रहा था।

साजिश को नाकाम कर दिया गया, और फॉक्स और अपराध में उसके कई सहयोगियों को राजद्रोह का दोषी पाया गया और फांसी, और फिर उनके शरीर के टुकड़े कर दिए जाने की सजा सुनाई गई।

किसी बिंदु पर, किसी ने निर्णय लिया कि इन घटनाओं को याद करके पूरे ब्रिटेन में परिवारों के लिए एक मजेदार रात मनाई जाएगी, जो एक "गाइ" (पुराने कपड़ों से बना बिजूका जैसा एक पुतला) को एक अलाव मे डलकर जलता देखते हुए एक हॉट डॉग का आनंद ले सकते हैं। हमारे कितने अजीब रिवाज हो सकते हैं – और कौन सी अजीब चीजें हम अक्सर याद रखने के लिए चुनते हैं।

सच कहा जाए तो, अधिकांश ब्रिटेनी संभवतः आपको प्रत्येक वर्ष 5 नवंबर को याद की जाने वाली बातों का विशिष्ट विवरण नहीं बता सकते हैं, और इसका उनके जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। लेकिन जब परमेश्वर ने यहूदियों से कहा कि वे फसह के भोजन के साथ मिस्र की दासता से मुक्ति को याद रखें, तो उसका इरादा इसे केवल एक वार्षिक उत्सव का बहाना बनाने का नहीं था। यह परमेश्वर

ने जो किया था उसे बहुत स्पष्ट और शक्तिशाली ढंग से याद करने का एक तरीका था (निर्गमन 12:1–14)। फसह सप्ताह के अनुष्ठानों और विवरणों का बहुत महत्व है – वे मनमाने ढंग से नहीं हैं बल्कि यहूदियों को गुलामी से बचाने में परमेश्वर की वफादारी की कहानी स्पष्ट रूप से बताते हैं। फसह मनाने का अर्थ स्मरण करना है, और स्मरण करके धन्यवाद देना है।

स्मरण एक ऐसा विषय है जो संपूर्ण बाइबल में प्रकट होता है – "याद रखें" शब्द का प्रयोग 200 से अधिक बार किया गया है। इनमें से कई घटनाओं में परमेश्वर स्वयं अपने लोगों से कह रहा है कि याद रखें कि वह कौन है, उसके आदेश क्या हैं और उसने क्या किया है। यह स्मरण आवश्यक है क्योंकि यह वह तरीका है जिसके द्वारा परमेश्वर के लोग उसे अपने अस्तित्व के केंद्र में रख सकते हैं।

हम संकट के समय में भी यह याद करके आभारी रह सकते हैं कि वह अच्छा है।

हम स्पष्ट हार के समय भी आशान्वित रह सकते हैं, यह याद रखते हुए कि उसने बचा लिया है।

जब मूर्तियाँ हमें लुभाती हैं तब भी हम वफादार बने रह सकते हैं, यह याद रखते हुए कि केवल वही परमेश्वर है।

जब भी परमेश्वर के लोग इन बातों को भूल जाते हैं, तो हम अराजकता और विपत्ति में पड़ जाते हैं। स्मरण में लाए जाने पर हम सत्य और आशा को फिर से खोजते हैं।

"याद रखें, याद रखें" – त्योहारों, गीतों, प्रार्थनाओं, समुदाय, शब्द, कहानी, परंपरा, सेवा के माध्यम से परमेश्वर अपने लोगों से बार–बार कहते हैं – "याद रखें," क्योंकि याद रखने में, हम बदल जाएंगे।

सत्र गाइड

केच अप (10–20 मिनट)

एक–दूसरे से मिलने–जुलने, कहानियाँ साझा करने, अवसरों पर प्रतिक्रिया देने और ऐसी किसी भी चीज के लिए समय निकालें जो समूह को प्रोत्साहित करे।

प्रार्थना

प्रभु के लिए समय समर्पित करें और, सकारात्मक या चुनौतीपूर्ण, केच अप के समय में सामने आयी हुई किसी भी परिस्थिति के लिए प्रार्थना करें।

शिक्षण (20–30 मिनट)

निम्नलिखित शिक्षण सामग्री के द्वारा अपने तरीके से काम करें, या तो इसे शब्दशः पढ़कर, या अपने स्वयं के तरीके से प्रस्तुति के लिए फिर से बनायें।

> "सदा आनन्दित रहो। निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो। हर बात में धन्यवाद करोय क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है।"
>
> **1 थिस्सलुनीकियों 5:16–18**

आधुनिक अमेरिकी थैंक्सगिविंग का रिवाज एक अद्भुत विचार है। हमारे पास जो कुछ भी है उस पर कृतज्ञतापूर्वक विचार करने और दूसरों के साथ साझा करने के लिए एक पूरा दिन अलग रखने से हम सभी को लाभ होगा। हमें भी अपने प्रचार–प्रसार में वही दृष्टिकोण लागू करने से लाभ होगा। हम "सफलताओं" – उद्धार की कहानियां – का जश्न मनाने में आगे हैं बजाय इसके कि हम हमारे सामने परमेश्वर द्वारा दिए गए अवसरों के लिए आभारी रहें।

पौलुस हमें 1 थिस्सलुनिकियों में याद दिलाता है कि हमें सभी परिस्थितियों में धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि हमारे लिए मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। पौलुस जानता था कि कृतज्ञ हृदय की मुद्रा एक व्यक्ति पर आत्मिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से प्रभाव डालती है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि मनोवैज्ञानिक लोगों को बेहतर नींद लाने, उनके आत्म–सम्मान को बढ़ाने, सहानुभूति बढ़ाने और मानसिक शक्ति में वृद्धि करने में मदद करने के लिए कृतज्ञता या कृतज्ञता के मूल्य को स्वीकार करते हैं।

सुसमाचार प्रचार के लिए धन्यवाद एक महत्वपूर्ण साधन है क्योंकि यह हमें स्वस्थ लोगों के रूप में संसार में जाने में मदद करता है। लेकिन मानसिक और भावनात्मक लाभों से परे, धन्यवाद हमें हमारे प्रचार में मदद करता है क्योंकि यह हमारे अंदर और हमारे माध्यम से परमेश्वर के काम की याद दिलाता है।

कृतज्ञता हमें हमारे सामान्य दैनिक जीवन से परे उन असाधारण तरीकों को देखने में मदद करता है जिनमें परमेश्वर कार्य कर रहा है। जब हम निराशा का सामना करते हैं, तो हम प्रभु के पिछले कामों के लिए आभारी हो

सकते हैं और फिर से काम करने के लिए उस पर भरोसा कर सकते हैं। हम हर दिन अपने विश्वास को साझा करने के अवसरों के लिए सामूहिक रूप से धन्यवाद देकर दूसरों को मसीह के महान आज्ञा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इससे उन लोगों को मदद मिल सकती है जो अपने विश्वास को साझा करने के लिए उत्सुक हैं, यह देखने के लिए कि सुसमाचार प्रचार के हर कार्य को परमेश्वर के प्रति सफल आज्ञाकारिता का उदाहरण बनने के लिए एक स्पष्ट उद्धार युक्त समाप्ति की आवश्यकता नहीं है। कृतज्ञता, सुसमाचार प्रचार के लिए एक बहु–उद्देशीय उपकरण की तरह है।

चर्चा करें: मसीही कृतज्ञता के दो भाग हैं: स्मरण करना और धन्यवाद देना। आप यीशु के साथ चलने में यह याद रखने के लिए जगह कैसे बनाते हैं कि परमेश्वर कौन है और उसने क्या किया है, जिसके लिए उसे धन्यवाद दें?

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे हम कृतज्ञता को परमेश्वर के प्रति अपनी नियमित प्रतिक्रिया का हिस्सा बना सकते हैं क्योंकि हम अपनी गवाही में विश्वासयोग्य रहना चाहते हैं।

व्यक्तिगत रूप से

अपनी आशा को दूसरों के साथ साझा करने के लिए परमेश्वर द्वारा प्रदान किए गए प्रत्येक अवसर का ध्यान रखें (चाहे आपने इसका लाभ उठाया हो या नहीं)। यह हमें याद दिलाएगा कि परमेश्वर इस तरह से कैसे काम कर रहा है और हमें उन लोगों के लिए प्रार्थना करने की याद दिलाएगा जिनसे हमारा सामना हुआ। यह हमें भविष्य में नए अवसरों को अधिक आसानी से पहचानने में भी मदद कर सकता है।

पारिवारिक रूप से

जब आप दोस्तों और परिवार के साथ हों तो परमेश्वर के प्रति आभार व्यक्त जरूर करें कि वह आपके जीवन में किस प्रकार काम कर रहा है। हम इस तरह का काम साल में एक बार औपचारिक तरीके से करने के आदी हो सकते हैं (जैसे थैंक्सगिविंग पर), लेकिन सप्ताह में एक बार क्यों नहीं? धन्यवाद की नियमित संगति से हम एक–दूसरे का निर्माण कर सकते हैं।

सामुदायिक रूप से

अपनी सभाओं और सेवाओं में अवसर की कहानियों का आनंद मनाने के लिए जगह बनाएं, न कि केवल उद्धार के फल की। हमें हमेशा उद्धार का आनंद मनाना चाहिए, लेकिन अक्सर "सामान्य" लोगों के जीवन के "सामान्य" अवसरों में काम करने वाले परमेश्वर की कहानियाँ सबसे अधिक मजबूती से समझी जा सकती हैं। यदि हम इसके लिए आभारी हैं और बीज बोने का उतना ही आनंद मनाते हैं जितना कि उसके फल आने पर, तो हम निश्चित रूप से अधिक बीज बोते हुए देखेंगे।

बाइबल के अनुसार

बाइबल का उपयोग करके रचनात्मक ढंग से धन्यवाद दें, जो धन्यवाद की रचनात्मक अभिव्यक्तियों से भरपूर है। धन्यवाद के एक भजन को पढ़ें और इसका उपयोग परमेश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए करें, या उसी कृतज्ञता को किसी अन्य तरीके से रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए प्रेरणा के रूप में उपयोग करें। कविता, पेंटिंग, गीत लेखन या अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी कृतज्ञता को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए समय निकालना हमारे कृतज्ञ हृदयों को प्रतिबिंबित करने, घोषित करने और दूसरों के सामने प्रकट करने का एक शानदार तरीका है।

खुशी–खुशी

कार्ल बार्थ के अनुसार, "खुशी कृतज्ञता का सबसे सरल रूप है।" जब 1999 के अकादमी पुरस्कारों में रॉबर्टो बेनिनी को सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का ऑस्कर पुरस्कार मिला तो वह अपने सामने की सीटों पर उछल पड़े और जमकर जश्न मनाने लगे। पंक्तियों में चढ़ने और सभी लोगों को गले लगाने के बाद, वह अंततः मंच पर पहुंचे और टूटी–फूटी अंग्रेजी और भरपूर इतालवी लहजे के माध्यम से अपना धन्यवाद व्यक्त करने की कोशिश की। उसे परेशान होने की जरूरत नहीं थी। बेनिनी की सीमित अंग्रेजी शब्दावली उनकी कृतज्ञता को उनकी हार्दिक खुशी की अभिव्यक्ति से अधिक प्रभावी ढंग से व्यक्त नहीं कर सकती थी। परमेश्वर के प्रति हमारे धन्यवाद की अभिव्यक्ति के रूप में खुशी से जीना सीधे तौर पर हमारे प्रचार की शक्ति को प्रभावित करता है और हमारे आस–पास के लोगों की जिज्ञासा को बढ़ाता है।

सामान्य रूप से

जब हम संसार में लोगों के बीच जाते हैं तब हमें लोगों

को यह समझाकर अपनी गवाही के हिस्से के रूप में धन्यवाद का उपयोग करना चाहिए कि हम परमेश्वर के प्रति इतने आभारी क्यों हैं। जैसे ही हम इन वार्तालापों में अपना धन्यवाद व्यक्त करते हैं, हम परमेश्वर के चरित्र, ऐतिहासिक रूप से उनके कार्य (सुसमाचार) और वर्तमान में (गवाही), और उनमें हमारी अनंत आशा को प्रकट कर सकते हैं। परमेश्वर के प्रति कृतज्ञता को अपने जीवन का एक सामान्य और रोजमर्रा का हिस्सा मानना उसके साथ हमारे रिश्ते की वास्तविकता और उन लोगों के लिए आशा को दर्शाता है जो अभी तक उस पर परमेश्वर के रूप में विश्वास नहीं करते हैं।

इतिहास में किसी भी अन्य समय की तुलना में आज हम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में अधिक गहराई से जागरूक हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे पास अरबों रुपए का श्स्वास्थ्यश उद्योग है जो वैश्विक अभियानों और सोशल मीडिया सितारों को शक्ति प्रदान करता है। लेकिन हमारे लिए "स्वस्थ" होने का वास्तव में क्या मतलब है?

जब चंगा हुआ एक कोढ़ी धन्यवाद देने के लिए यीशु के सामने घुटना टेकने के लिए लौटा, तो यीशु ने उत्तर दिया: "उठो और जाओ; तुम्हारे विश्वास ने तुम्हें चंगा किया है।" कोढ़ी को पहले से ही शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के लिए उपचार का आशीष दिया गया था, लेकिन यीशु के प्रति धन्यवाद और समर्पण की मुद्रा में उसने चंगे होने का क्या मतलब है इसकी एक समृद्ध समझ का पता लगाया (लूका 17:11–19)

चर्चा करें: यीशु के साथ चलने के आलोक में आपके लिए श्स्वस्थ होनेश का क्या अर्थ है? हम दुनिया के सामने स्वास्थ्य के इस विचार को इस तरह से कैसे व्यक्त कर सकते हैं कि लोगों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को तुच्छ न समझा जाए, बल्कि उन्हें सुसमाचार की आशा के माध्यम से फिर से प्रस्तुत किया जाए?

यीशु के साथ हमारे रिश्ते की भलाई के लिए, हमारे दिल और दिमाग की भलाई के लिए, और दुनिया में हमारे गवाही की भलाई के लिए, आइए हम प्रतिदिन धन्यवाद देते हुए उसके चरणों में गिरें। ऐसा होने पाए कि यीशु मसीह की कलीसिया उसकी भलाई में और अधिक आश्वस्त हो और हर्षित हृदयों के साथ उसकी आवाज "उठो और जाओ" को नए सिरे से सुने।

चर्चा (20 मिनट)

1. परमेश्वर कौन है और उसने क्या किया है यह याद रखने के लिए आप किन तरीकों का उपयोग करते हैं?
2. आप दूसरों को यीशु के साथ उनकी यात्रा और उसके सुसमाचार प्रचार में धन्यवाद का उपयोग करने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?
3. आप सुसमाचार प्रचार में सफलता को किस प्रकार देखते हैं?
4. क्या ऐसे कोई तरीके हैं जिनमें धन्यवाद देना उस तरीके का हिस्सा हो सकता है जिस तरह हम दूसरों से यीशु के बारे में बात करते हैं?

प्रार्थना और जवाबदेही (20 मिनट)

छोटे समूहों में एक साथ तीन प्रकार से प्रार्थना करें।

1. पिछले सप्ताह की एक बात साझा करें जिसके लिए आप परमेश्वर को धन्यवाद देना चाहते हैं।
2. अपनी भलाई के बारे में प्रार्थना करने में कुछ समय बिताएं। आपके जीवन के किन क्षेत्रों में आशा या चंगाई लाने के लिए आपको यीशु की आवश्यकता है? एक साथ साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।
3. जिनके पास आप पहुँचते हैं उनके लिए प्रार्थना करें, ताकि वे यीशु को धन्यवाद देने आएँ और उनके लिए चल रहे उसके भलाई को जानें।

जवाबदेही फॉर्म भरें, जोड़ियों या छोटे समूहों में साझा करें और एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

अनुप्रयोग (5 मिनट)

स्मरण करने और धन्यवाद देने को अपने जीवन में एक अनुशासन बनाएं, डायरी में लिखने के माध्यम से, अपने दैनिक बाइबल पढ़ने के साथ–साथ नोट्स बनाएं, अपने फोन पर अपनी कृतज्ञता रेकॉर्ड करें, सप्ताह में कम से कम एक बार अपने परिवार या दोस्तों के साथ खाने से पहले धन्यवाद का समय साझा करें... रचनात्मक बनें!

यह देखने के लिए अपने पास्टर या कलीसिया नेतृत्व से बात करें कि मसीही कृतज्ञता के दो तत्वों को आपके कलीसिया समारोहों में नियमित रूप से कैसे लाया जा सकता है यदि वे पहले से ही नियमित रीति मौजूद नहीं हैं। यह कोई असाधारण चीज नहीं है, अक्सर यह नियमित रूप से देखा जाने वाला एक छोटा सा बदलाव होता है जिसका प्रभाव विशाल हो सकता है।

टिप्पणियाँ

वर्ष तीनः
रिट्रीट

प्रत्येक एडवांस वर्ष का चरमोत्कर्ष रिट्रीट का समय होता है। आप इसे किस तरह से करने का निर्णय लेते हैं, यह आप पर निर्भर करता है, लेकिन यहां आपको एडवांस ग्रुप बैठकों के सामान्य सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए और तीसरे वर्ष को एक ध्यान–केंद्रित अंत तक लाने के लिए एक साथ समय बिताने के सुझाव मिलेंगे। एडवांस ग्रुप रिट्रीट केसे चलाएं सामान्य विचार यह है कि अपने सामान्य स्थान से दूर चले जाएं और अपने एडवांस ग्रुप सत्रों के लिए सामान्य से अधिक समय निर्धारित करें। यदि आप केवल सुबह, दोपहर या शाम का समय निकाल सकते हैं, तो इस समय में जो भी कर सकते हैं वह करें, लेकिन पूरे दिन के लिए रिट्रीट करना विशेष रूप से फायदेमंद है।

एडवांस ग्रुप रिट्रीट कैसे चलाएं

सामान्य विचार यह है कि अपने सामान्य स्थान से दूर चले जाएं और अपने एडवांस ग्रुप सत्रों के लिए सामान्य से अधिक समय निर्धारित करें। यदि आप केवल सुबह, दोपहर या शाम का समय निकाल सकते हैं, तो इस समय में आप जो भी कर सकते हैं वह करें, लेकिन पूरे दिन के लिए रिट्रीट करना विशेष रूप से होता फायदेमंद है।

आपको रिट्रीट के दौरान क्या करना है इसके बारे में यहां कुछ विचार दिए गए हैं।

मुख्य वचन

यदि आप रिट्रीट के दौरान किसी विशेष मुद्दे की तलाश में हैं तो 2 कुरिन्थियों का निम्नलिखित अंश आपके साथ बिताए समय के लिए एक महत्वपूर्ण वचन के रूप में अच्छा काम करेगाः

इसलिये जब हम पर ऐसी दया हुई कि हमें यह सेवा मिली, तो हम हियाव नहीं छोड़ते। परन्तु हम ने लज्जा के गुप्त कामों को त्याग दिया, और न चतुराई से चलते, और न परमेश्वर के वचन में मिलावट करते हैं; परन्तु सत्य को प्रगट करके, परमेश्वर के सामने हर एक मनुष्य के विवेक में अपनी भलाई बैठाते हैं। परन्तु यदि हमारे सुसमाचार पर परदा पड़ा है, तो यह नष्ट होनेवालों ही के लिये पड़ा है। और उन अविश्वासियों के लिये, जिन की बुद्धि इस संसार के ईश्वर ने अंधी कर दी है, ताकि मसीह जो परमेश्वर का प्रतिरूप है, उसके तेजोमय सुसमाचार का प्रकाश उन पर न चमके। क्योंकि हम अपने को नहीं, परन्तु मसीह यीशु को प्रचार करते हैं कि वह प्रभु है; और अपने विषय में यह कहते हैं कि हम यीशु के कारण तुम्हारे सेवक हैं। इसलिये कि परमेश्वर ही है, जिसने कहा, “अन्धकार में से ज्योति चमके,” और वही हमारे हृदयों में चमका कि परमेश्वर की महिमा की पहिचान की ज्योति यीशु मसीह के चेहरे से प्रकाशमान हो।

परन्तु हमारे पास वह धन मिट्टी के बरतनों में रखा है कि यह असीम सामर्थ्य हमारी ओर से नहीं, वरन् परमेश्वर

ही की ओर से ठहरे। हम चारों ओर से क्लेश तो भोगते हैं, पर संकट में नहीं पड़ते; निरुपाय तो हैं, पर निराश नहीं होते; सताए तो जाते हैं, पर त्यागे नहीं जाते; गिराए तो जाते हैं, पर नष्ट नहीं होते।

2 कुरिन्थियों 4:1–9

यह वचन हमें विचार करने के लिए कम से कम निम्नलिखित बारह चीजें दिखाता है:

1. सुसमाचार प्रचार परमेश्वर की कृपा का एक उपहार है *("परमेश्वर की दया से हमें यह सेवा मिली है")*
2. हमारा तरीका शुद्ध और पवित्र होना चाहिए *("हम ने लज्जा के गुप्त कामों को त्याग दिया है")*
3. स्पष्टता हमारा लक्ष्य है *("सत्य को स्पष्ट रूप से प्रगट करते हैं")*
4. शैतान ने उन लोगों को धोखा दिया है जिनसे हम बात करते हैं *("इस संसार के ईश्वर ने अंधी कर दी है")*
5. हमारा ध्यान हम पर नहीं बल्कि यीशु पर होना चाहिए *("क्योंकि हम अपने को नहीं, परन्तु मसीह यीशु को प्रचार करते हैं")*
6. हम सुसमाचार प्रचार के माध्यम से खोए हुए लोगों की सेवा मसीह की उपासना के रूप में करते हैं *("हम यीशु के कारण तुम्हारे सेवक हैं")*
7. परमेश्वर हमारे जीवन में कार्य कर रहा है *("उसकी ज्योति हमारे हृदयों में चमकाई है")*
8. परमेश्वर की सामर्थ्य हमारी कमजोरी में परिपूर्ण होती है *("हमारे पास वह धन मिट्टी के बरतनों में रखा है")*
9. जीवन की कठिनाइयाँ हमें कुचल नहीं पाएंगी, प्रभु का आनंद हमारी ताकत है *("हम चारों ओर से क्लेश तो भोगते हैं, पर संकट में नहीं पड़ते")*
10. परिस्थितियों की उलझन हमें आशाहीन नहीं छोड़ सकती, हम परमेश्वर की अच्छाई पर भरोसा कर सकते हैं *("निरुपाय तो हैं, पर निराश नहीं होते")*
11. उत्पीड़न हमें अलग–थलग नहीं छोड़ सकता, हमारे पास मसीह और उसकी कलीसिया है *("सताए तो जाते हैं, पर त्यागे नहीं जाते;")*
12. बड़ी व्यक्तिगत लागत का सामना करना घातक नहीं है, हमारे पास एक अनंत आशा है *("गिराए तो जाते हैं, पर नष्ट नहीं होते")*

आप इन नौ वचनों से हमारे सुसमाचार प्रचार के लिए प्रोत्साहन के और कौन से बिंदु निकाल सकते हैं?

आप एक साथ या अकेले वचनों का अध्ययन कैसे करते हैं (नीचे देखें), आप इन बिंदुओं को कैसे सामने लाते हैं, और आप उन पर एक साथ कैसे चर्चा करते हैं, यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप अपना रिट्रीट समय कैसे बिता रहे हैं। लेकिन नीचे सुझाई गई गतिविधियों को देखते समय इन वचनों और इन बिंदुओं को ध्यान में रखें।

शब्द

एडवांस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य एक–दूसरे को प्रचारक के रूप में विकसित होने में मदद करना है जो परमेश्वर के वचन के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यह रिट्रीट का समय उनके शब्दों की गहराई तक जाने का एक शानदार अवसर है।

विस्तारित रीति से बाइबल पाठन (एकल पाठन)

परमेश्वर के वचन के साथ बिताया गया विस्तारित समय कभी भी व्यर्थ नहीं होता। 2 कुरिन्थियों 4 के पहले भाग (नौ वचनों) का अध्ययन करने के बाद, अब क्यों न अकेले जाकर अध्याय के अंतिम नौ वचनों पर उसी तरह चिंतन करते हुए समय बिताया जाए?

इसके अलावा, एक बैठक में मरकुस का सुसमाचार या नये नियम के पतत्रियों में से एक को अकेले पढ़ने के लिए समय निकालना उस पुस्तक की सामग्री पर पूर्ण परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने का एक शानदार तरीका है। यदि यह एक छोटी किताब है, तो इसे कई बार दोबारा क्यों नहीं पढ़ा जाता, प्रत्येक पाठन के बीच प्रार्थना और चिंतन किया जाता, नोट्स बनाए जाते और फिर दोबारा पढ़ा जाता है? आप सभी एक ही चीज पढ़ना चुन सकते हैं, या आपके पास कुछ अलग विकल्प हो सकते हैं जिन्हें लोग अपने पढ़ने और चिंतन के समय के बारे में साझा करते हैं।

बाइबल अध्ययन (समूह वाचन)

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आप रिट्रीट में एक साथ बाइबल अध्ययन कर सकते हैं। शायद आप एडवांस ग्रुप सत्रों में पाये गए कुछ प्रमुख अंशों को फिर से देखना चाहेंगे। ऐसे ही, आप एक विशेष वचन या विषय की ओर प्रेरित महसूस कर सकते हैं जो रिट्रीट के लिए सुर निर्धारित करेगा। हमेशा की तरह, इसे एक–दूसरे को प्रचारक के रूप में विकसित करने के अनुरूप रखना सुनिश्चित करें।

आप YouVersion पर एडवांस/सिटी गॉस्पेल मूवमेंट्स

“एक्सप्लोरिंग इवैंजीलिजम मिथ्स” बाइबल अध्ययन के माध्यम से भी काम कर सकते हैं।

बोनस सत्र और अन्य एडवांस संसाधन

इस गाइड में बोनस सत्रों में से एक का उपयोग आपके रिट्रीट के हिस्से के रूप में नियमित एडवांस समूह सत्र चलाने के लिए किया जा सकता है। आपके पास अपने स्वयं के विचार भी हो सकते हैं कि आप एडवांस ग्रुप सत्र को उसी प्रारूप में केसे चला सकते हैं जिसका हम उपयोग कर रहे हैं।

इसी तरह से आपको एडवांस वेबसाइट (advancegroups.org) पर एक वन थिंग ब्लॉग को देखना चाहिए जिसमें कई अलग–अलग प्रचारक एक बात साझा कर रहे हैं जो वे सोचते हैं कि काश पहली बार प्रचार करने से पहले ये बात उन्हें पता होती। ये छोटे टुकड़े उत्कृष्ट चर्चा प्रारंभ करने वालों मुद्दे हैं।

प्रार्थना

रिट्रीट के दौरान प्रार्थना के लिए महत्वपूर्ण समय निर्धारित करें। एक विशेष मुद्दे के साथ प्रार्थना के समय की योजना बनाएं, साथ ही वचन और सहज प्रार्थना के माध्यम से प्रार्थना करने का समय भी। रिट्रीट के दौरान आप जो कुछ भी प्रार्थना में करते हैं, उसके लिए निम्नलिखित तीन विशेष मुद्दों की सलाह की जाती है।

एक दूसरे के लिए प्रार्थना करना

अपने समय के प्राथमिक तत्व के रूप में एक दूसरे के लिए प्रार्थना जरूर करें। लोगों से एक ऐसा क्षेत्र साझा करने के लिए कहें जिसके लिए वे परमेश्वर के प्रति आभारी महसूस कर रहे हैं और एक ऐसा क्षेत्र जिसमें उन्हें प्रावधान या सफलता की आवश्यकता है। लोगों को उनके अनुरोधों में विशिष्ट और ईमानदार होने के लिए प्रोत्साहित करें, और प्रत्येक व्यक्ति से जल्दबाजी न करें बल्कि सही समय एक दूसरे को समर्पित करें। इस समय में आने वाले शब्दों और प्रोत्साहनों को नोट करें।

स्थानीय और वैश्विक के लिए प्रार्थना

अपने स्थानीय संदर्भ और सुसमाचार के वैश्विक प्रसार के लिए प्रार्थना करने के लिए समय निकालें। यदि स्थानीय या वैश्विक संदर्भ में कोई विशिष्ट परिस्थितियाँ आपके दिल में है तो उनके लिए प्रार्थना करें। व्यक्तियों, कलीसियाओं, सेवकाईयों, मिशनरियों, समाचारों से परिस्थितियों आदि को सम्मिलित करें।

एडवांस यात्रा के लिए प्रार्थना

व्यक्तिगत विकास और फलदायीता और उद्धार की कहानियों पर विचार करते हुए इस समूह में आप जिस यात्रा पर हैं, उसके लिए धन्यवाद दें। प्रभु से आप में उस कार्य को जारी रखने के लिए प्रार्थना करें जो उसने शुरू किया है, और यह भी कि आप हमेशा बढ़ती हुई महिमा के साथ उसकी छवि में बदल जाएं (आप 2 कुरिन्थियों 3:17–18 के आधार पर प्रार्थना कर सकते हैं)।

आराधना

परमेश्वर के वचन में बिताया गया समय, प्रार्थना और संगति, ये सभी आराधना के अंग हैं। लेकिन सामूहिक भक्तिपूर्ण आराधना जैसे अतिरिक्त विशिष्ट कामों में समय व्यतीत करें – चाहे वह गायन या अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों के द्वारा हो।

गायन आराधना

यदि आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो संगीत की प्रतिभा रखता है, तो उसे आराधना गीतों के समय का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित करें। वैकल्पिक रूप से, कई महान सामूहिक आराधना ऍप और वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनमें से कई निःशुल्क हैं। आपके पसंदीदा आराधना गीतों के लिए एक त्वरित YouTube वीडियो खोज संभवतः गीत के एक संस्करण को गीतों के साथ खोजकर लाएगी जिसे समूह के साथ गाने के लिए चलाया जा सकता है। परमेश्वर के लोगों में उसकी महिमा की घोषणा करने के लिए एक साथ गीत में शामिल होने की सामर्थ्य है।

कहानियाँ और स्तुति

इस वर्ष आपके जीवन में परमेश्वर केसे काम कर रहा है – विकास, सफलता, सुसमाचार के अवसर और फल की कहानियों को साझा करने में समय बिताएं। प्रत्येक कहानी के बाद प्रार्थना, गीत या किसी भी विधि के माध्यम से, जो भी आपके समूह में नियम है उससे परमेश्वर की स्तुति

करने में समय व्यतीत करें क्योंकि आप परमेश्वर को, वह जो है और जो काम उसने किए हैं और जो काम वह कर रह है उसके लिए, धन्यवाद देना चाहते हैं।

जिम्मेदारी देना

एक और तरीका जिसमें आप आराधना के एक सामूहिक कार्य में भाग ले सकते हैं, वह होगा एक दूसरे को परमेश्वर के सामने उस सुसमाचार के कार्य में नियुक्त करना जिसके लिए उसने आपको बुलाया है और जिसके लिए आपको अधिकार दिया है। आपके एडवांस समूह के इस पहले वर्ष के अंत में इस मील के पत्थर को पहचानना उत्साहजनक और पुष्टि करने वाला होगा, इसलिए इसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें क्योंकि आप संसार में उसके उद्धार के लिए और परमेश्वर की महिमा के लिए सुसमाचार के साथ फिर से जाना चाहते हैं।

वार्षिक चिंतन

पृष्ठ 244 पर दिए गए फॉर्म का उपयोग करके प्रदान किए गए प्रश्नों पर विचार करने के लिए समय निकालें, फॉर्म भरें और दिए गए उत्तरों पर प्रार्थना करें। आप अपने प्रगति पर विचार करने में मदद के लिए पिछले साल के फॉर्म को भी देख सकते हैं। यह व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से किया जा सकता है।

संगति

जब भी हम एक साथ इकट्ठा होते हैं, हम दोस्ती और एक–दूसरे के प्रति विश्वास में बढ़ते जाते हैं। उम्मीद है कि आपके एडवांस ग्रुप की संगति प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक आशीष रही होगी, और रिट्रीट पर आप एक–दूसरे को जवाबदेह बनाने की अपनी प्रतिबद्धता और एक–दूसरे की संगति का आनंद लेना जारी रख सकते हैं।

जवाबदेही

जवाबदेही अब तक हर सत्र का एक मुख्य हिस्सा रही है, और वर्ष के इस अंतिम सत्र में, एक बार फिर उसी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप पवित्र और विनम्र जीवन जी रहे हैं।

उपवास/पर्व

हो सकता है कि आप रिट्रीट के हिस्से के रूप में उपवास की अवधि के लिए प्रतिबद्ध हों, या अपनी संगति का समय भोजन के दौरान रखें जिसके माध्यम से आप एक साथ इकट्ठा हो सकें और चर्चा के लिए जगह बना सकें। ऐसा करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं है – केवल यह मायने रखता है कि यह आपके रिट्रीट के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपकी मदद करे।

गतिविधियाँ

आप एक साथ मिलकर एक गतिविधि की योजना बना सकते हैं – उदाहरण के लिए, यदि आप कहीं प्रकृति में रिट्रीट कर रहे हैं, तो एक साथ टहलने जाएं और ऊपर की कुछ भक्तिपूर्ण गतिविधियों को इस समय में शामिल करें। यदि अधिक शहरी वातावरण में स्थित हैं, तो आप एक साथ एक आर्ट गैलरी में जा सकते हैं और वही काम कर सकते हैं, कुछ कलाओं को प्रतिबिंब और भक्ति के लिए प्रोत्साहन के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

इसी तरह से, हो सकता है कि आप बस एक साथ मनोरंजन के लिए कुछ करना चाहें – एक सामूहिक गतिविधि, खेल, मनोरंजन विकल्प ... चाहे वह भक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए संगति हो, या एक दूसरे की संगति का आनंद लेने और एक दूसरे के साथ रिश्ते में बढ़ने के लिए संगति हो, एक दूसरे के साथ गुणवत्तायुक्त समय में निवेश करें।

अगला कदम

एडवांस का तीसरा साल हो गया है। इससे पहले कि आप वर्ष (और रिट्रीट) को समाप्त करें, इस समूह के लिए अगले चरणों को देखना सुनिश्चित करें।

मौजूदा समूह

लोगों को यह साझा करने के लिए समय दें कि उनके लिए एडवांस समूह अनुभव कैसा रहा है। इस बारे में प्रतिसाद साझा करें कि आप सभी कैसे बढ़े और विकसित हुए हैं, और इस बारे में सोचें कि इस वर्ष की सबसे बड़ी सीख क्या रही है। इन बातों में एक दूसरे को प्रोत्साहन दो।

तीन साल तक साथ रहने के बाद क्या आप इसे जारी रखेंगे? आप इस गाइड में सुझाए गए संसाधनों, या पूरी तरह से किसी अन्य तरीकों का उपयोग करके एक और वर्ष चला सकते हैं। हो सकता है कि आप शुरुआत की ओर वापस जाना चाहें और साल एक को फिर से अध्ययन करना चाहें – शायद सत्र एक नई गति पकड़ लें। आप जो भी चुनें, इस बारे में साझा करें कि आने वाले वर्ष में लोग किस चीज को लेकर उत्साहित हैं, क्या वह एडवांस में एक साथ होगा या नहीं। यदि आपने पहले से नहीं किया है, तो

एडवांस के साल तीन के लिए प्रार्थना करें और धन्यवाद दें, और जो आगे है उसे प्रभु को सौंप दें।

साल चार को शुरू करने की तारीखें एक साथ निर्धारित करें।

नए समूह

इस वर्ष के दौरान शुरु किए गए नए समूहों के विकास के बारे में बात करने के लिए समय निश्चित बनाएं। एडवांस समूह यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है संख्या में गुणित होना (कई गुणा होना)। यदि आपको नए समूहों को शुरू करने में किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता है, तो एडवांस वेबसाइट के माध्यम से हमसे संपर्क करें और आपका स्थानीय एडवांस एंबेसडर किसी भी तरह से आपकी सहायता करने के लिए संपर्क में रहेगा।

पूछें कि हर कोई उनके द्वारा शुरू किए गए किसी भी समूह के साथ बढ़ रहे हैं और उनके लिए प्रार्थना करें।

आप अपने रिट्रीट समय को जैसे भी चलाते हैं, एडवांस के आधार मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करें, एक समूह के रूप में आप जिस यात्रा पर हैं, उस पर चिंतन करें और आगे जो है उसके लिए प्रार्थना करें। आपने एक साथ जो विकास और फलदायी अनुभव किया है, उसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें और भविष्य को उसके हाथों में समर्पित करें।

टिप्पणियाँ

परिशिष्ट

सत्र के अन्य विचार

इन सत्र विचारों का अपने तरीके से उपयोग करें। प्रत्येक विचार में चर्चा के लिए प्रश्नों के साथ–साथ सुझाए गए प्रमुख बाइबल अंश भी शामिल हैं।

आत्मिक माता–पिता

उन "आत्मिक माता–पिता" पर विचार करें जिन्होंने हमारे विश्वास को आकार देने में मदद की है और हमारी शिष्यत्व यात्रा में हमारे साथ रहे हैं। एक आत्मिक पिता के रूप में तीमुथियुस के साथ पौलुस के रिश्ते पर विचार करें, साथ ही तीमुथियुस की माँ और दादी ने उसकी यात्रा में जो भूमिकाएँ निभाईं, उन पर भी विचार करें। इस सत्र का उपयोग इन विशेष लोगों पर चिंतन करने, कहानियों और सीखे गए पाठों को साझा करके एक–दूसरे को प्रोत्साहित करने और यह पता लगाने के अवसर के रूप में करें कि आपके आत्मिक बच्चे कौन हो सकते हैं।

मुख्य वचन

2 तीमुथियुस 1:1–13

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आपकी विश्वास यात्रा में किसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है और क्यों?
2. आपने उनसे सबसे बड़ी चीज क्या सीखी है?
3. एक अच्छे आत्मिक माता–पिता क्या बनते हैं?
4. क्या कोई है जो आपको आत्मिक माता–पिता मानेगा?

जीवन वचन

हम में से प्रत्येक संभवतः बाइबल के कुछ प्रमुख वचनों की ओर संकेत करने सकते हैं, जिन वचनों ने हमारे विश्वास को आकार दिया है, विशिष्ट समय पर हमें प्रोत्साहित किया है या चुनौती दी है, या वह जरिया बने जिसके माध्यम से परमेश्वर ने हमसे सबसे गहराई से बात की। इस सत्र में, इन वचनों पर विचार करने के लिए समय निकालें, आपके लिए उन वचनों के महत्व के बारे में कहानी के साथ एक–दूसरे को साझा करें।

मुख्य वचन

भजन 119:9–16

चर्चा के लिए प्रश्न

1. क्या आप बाइबल के तीन वचन या अंश साझा कर सकते हैं जिनका आपके विश्वास या सेवकाई पर बड़ा प्रभाव पड़ा है?
2. ये आपके लिए क्यों महत्व रखते हैं?
3. क्या आपको कभी इस बात पर आश्चर्य हुआ है कि बाइबल ने आपसे कैसे बात की है?
4. आपके दैनिक जीवन में बाइबल पढ़ने की कौन सी पद्धति है?

महत्वपूर्ण शर्तें

इस सत्र में, सुसमाचार प्रचार से संबंधित कुछ प्रमुख शब्दों का पता लगाएं और उन पर एक साथ चर्चा करें। आप कुछ शब्दावली और अभिव्यक्तियों के स्पष्टता के महत्व पर चर्चा कर सकते हैं और एक–दूसरे को सीधी परिभाषाएँ समझने में मदद कर सकते हैं। आप एक साथ अन्वेषण और परिभाषित कर सकते हैं:

- सुसमाचार प्रचार (पृष्ठ 235 पर ब्लॉग अनुभाग देखें)
- सुसमाचार प्रचारक
- सुसमाचार
- गवाह
- उद्देश्य (मिशन)
- उद्घोषणा
- शिष्यत्व
- मसीही
- उपासना

मुख्य वचन

नीतिवचन 2:1–16

चर्चा के लिए प्रश्न

1. इन शब्दों के अर्थ की अच्छी समझ होना क्यों महत्वपूर्ण है?
2. क्या आप इन अवधारणाओं को केवल दूसरों को उनका अर्थ समझने में मदद करने के लिए व्यक्त कर सकते हैं?
3. जबकि नीतिवचन का अंश परमेश्वर के परम सत्य के ज्ञान के बारे में है, यह हमें हमारे विश्वास और व्यवहार के विशिष्ट पहलुओं को समझने के बारे में क्या सिखा सकता है?
4. हम शब्दों को परिभाषित करने से लेकर उन्हें लागू करने की ओर कैसे आगे बढ़ते हैं?

गवाही

सुसमाचार प्रचार के लिए गवाही एक महान उपकरण है। गवाही साझा करना अपने आप में सुसमाचार प्रचार नहीं है – हमें हमेशा सुसमाचार को बताने की भी आवश्यकता होती है – लेकिन हमारे समग्र सुसमाचार प्रचार अभ्यास के हिस्से के रूप में, हम कैसे विश्वास में आए और परमेश्वर ने अब तक क्या किया और हाल ही में हमारे जीवन में क्या कर रहा है, इसकी कहानी साझा करना एक अनमोल बात है। (विश्वास साझा करने और सुसमाचार साझा करने के बीच अंतर की व्याख्या के लिए पृष्ठ 241 देखें) इस सत्र में, सुसमाचार प्रचार में गवाही के महत्व के बारे में बात करें, और अपनी कहानियाँ एक दूसरे के साथ साझा करें। उन्हें एक साथ सुधारने, एक–दूसरे से सवाल करने और उन विवरणों को सामने लाने और समझने के लिए समय निकालें जो शायद आपके सामान्य कथन में छूट जाते हैं। अपनी गवाही को एक तरल और जीवंत चीज बनाना सीखें जिसमें आपके जीवन में काम कर रहे परमेश्वर की नवीनतम जानकारी शामिल हो।

मुख्य वचन

मरकुस 5:1–20

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आप इस गवाही को क्या महत्व देते हैं कि आपने सबसे पहले यीशु पर प्रभु के रूप में भरोसा कैसे किया?
2. क्या आप अच्छी तरह से अपने जीवन में परमेश्वर की हाल की गतिविधियों को साझा कर सकते हैं?
3. एक स्वस्थ सुसमाचार प्रचार में गवाही क्या भूमिका निभा सकती है?
4. मरकुस 5 से यीशु और दुष्टात्माग्रस्त की कहानी हमें गवाही की सामर्थ्य के बारे में क्या बताती है?

पवित्र आत्मा

सुसमाचार प्रचार के लिए गवाही एक महान उपकरण है। गवाही साझा करना अपने आप में सुसमाचार प्रचार नहीं है – हमें हमेशा सुसमाचार को बताने की भी आवश्यकता होती है – लेकिन हमारे समग्र सुसमाचार प्रचार अभ्यास के हिस्से के रूप में, हम कैसे विश्वास में आए और परमेश्वर ने अब तक क्या किया और हाल ही में हमारे जीवन में क्या कर रहा है, इसकी कहानी साझा करना एक अनमोल बात है। (विश्वास साझा करने और सुसमाचार साझा करने के बीच अंतर की व्याख्या के लिए पृष्ठ 241 देखें) इस सत्र में, सुसमाचार प्रचार में गवाही के महत्व के बारे में बात करें, और अपनी कहानियाँ एक दूसरे के साथ साझा करें। उन्हें एक साथ सुधारने, एक–दूसरे से सवाल करने और उन विवरणों को सामने लाने और समझने के लिए समय निकालें जो शायद आपके सामान्य कथन में छूट जाते हैं। अपनी गवाही को एक तरल और जीवंत चीज बनाना सीखें जिसमें आपके जीवन में काम कर रहे परमेश्वर की नवीनतम जानकारी शामिल हो।

मुख्य वचन

यूहन्ना 16:7–11

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आप पवित्र आत्मा के साथ अपने संबंध का वर्णन कैसे करेंगे?
2. किस प्रकार पवित्र आत्मा को श्महानतम प्रचारकश के रूप में वर्णित किया जा सकता है?
3. यूहन्ना 16 में यीशु कहता है कि उसके लिए बेहतर है कि वह चला जाए और आत्मा (वकील) आए। क्या आप समझते हैं कि ऐसा क्यों कहा?
4. क्या आप पवित्र आत्मा से अभी आने के लिए कहेंगे?

दूसरों का जीवन

आप एक सुसमाचार प्रचारक या मिशनरी के जीवन और उनकी यात्रा से ली जाने वाली प्रेरणा और सबक पर विचार करते हुए एक सत्र बिता सकते हैं (सुझाव नीचे दिए गए हैं लेकिन जो भी आपको दिलचस्प लगे उसे चुनने के लिए आप स्वतंत्र हैं)। यदि आप पहले से योजना बनाते हैं तो आपको प्रचारक की जीवनी मिल सकती है जिसे हर कोई सत्र से पहले एक महीने के दौरान पढ़ सकता है और फिर सत्र के समय में एक साथ मिलकर चर्चा कर सकता है। इनमें से कुछ प्रचारकों के बारे में वृत्तचित्र और लघु कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं जो आपको यूट्यूब पर मिल जायेंगे जिन्हें सत्र से पहले या उसके दौरान देखा जा सकता है।

प्रमुख प्रचारक और मिशनरी

- डी. एल. मूडी
- जॉन वेस्ली
- विलियम और केथरीन बूथ
- ग्लेडिस एलवर्ड
- एमी सेम्पल मैकफरसन
- एरिक लिडेल
- सेलिना हेस्टिंग्स
- जॉन विम्बर
- बिली ग्राहम
- रेनहार्ड बोन्के

- लुइस पलाऊ
- ब्रदर यून

चर्चा के लिए प्रश्न

1. इन प्रचारकों के जीवन में से आपके लिए सबसे खास बात क्या है?
2. क्या उनके जीवन से कोई चेतावनियाँ हैं जिन्हें आपको अपनाने की आवश्यकता है?
3. जब आप इस तरह के जीवन को देखते हैं तो क्या आप भयभीत या प्रेरित महसूस करते हैं?
4. अगर कोई आपकी जीवनी पढ़े तो आप उन्हें इससे क्या सीख लेने की उम्मीद करेंगे?

अतिथि सत्कार

हम अतिथि सत्कार को सुसमाचार प्रचार के एक अन्य उपेक्षित साधन के रूप में देख सकते हैं। संपूर्ण बाइबल में हम देखते हैं कि अतिथि सत्कार परमेश्वर के प्रेम को साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक या सांस्कृतिक विचित्रता नहीं है जिसे हम आज नजरअंदाज कर सकते हैं – अतिथि सत्कार करना हमारे मसीही जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह प्रचार के लिए बहुत सारे अवसर लाता है। इस सत्र में, एक साथ अतिथि सत्कार के बारे मे सीखें – आपने इसे प्रचारित रूप से केसे उपयोग किया है इसकी कहानियां साझा करें, एक–दूसरे के साथ रचनात्मक विचारों की खोज करें और यहां तक कि आने वाले हफ्तों में अतिथि सत्कार के बारे में अधिक विचार–विमर्श करने के लिए एक–दूसरे के प्रति जवाबदेह बनें।

मुख्य वचन

लूका 14:12–14

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आपके लिए "अतिथि सत्कार" शब्द का क्या अर्थ है?
2. आप अपने प्रचार में अतिथि सत्कार का उपयोग केसे करते हैं?
3. अतिथि सत्कार करने में क्या चुनौतियाँ आ सकती हैं?
4. लूका 14 का ध्यानपूर्वक अन्वेषण करें। सच्चे अतिथि सत्कार और राज्य के बारे में यीशु वास्तव में क्या कह रहा है?

सेवा

अतिथि सत्कार के सत्र के विचार के समान, आपके आस–पास के लोगों की इस तरह से वास्तवविक सेवा करने के लिए रचनात्मक तरीकों का पता लगाएं ताकि यह सुसमाचार के अवसर खोले। जैसा कि विलियम बूथ ने कहा था, "यदि लोगों का पेट खाली है और पैर ठंडे हैं तो आप उनके दिलों को परमेश्वर के प्यार से गर्म नहीं कर सकते हैं," और इसलिए हम केसे अपने समुदायों मेंय परमेश्वर के प्रेम और यीशु के द्वारा उस तक हमारी पहुंच की व्याख्या करने की आवश्यकता को नजरांदाज किए बिनाय लोगों का पेट भर सकते हैं और उनके पैर गर्म भी कर सकते हैं।

मुख्य वचन

याकूब 2:14–17

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आप अपने समुदाय में कौन सी व्यावहारिक आवश्यकता को देखते हैं?
2. क्या आपने देखा है कि सेवा के कार्य सीधे सुसमाचार को समझाने के अवसर खोलते हैं?
3. यह सोचने के खतरे क्या हैं कि सेवा का कार्य ही हमारा सुसमाचार प्रचार है?
4. मसीही जीवन में सेवा इतनी केंद्रीय (महत्वपूर्ण) क्यों है, भले ही यह सुसमाचार प्रचार का अवसर न देती हो?

सम्मिलित कार्य

अकेले सुसमाचार प्रचार शायद ही एक अच्छा विचार है, फिर भी अक्सर ऐसा होता है कि जब हम दूसरों के साथ सुसमाचार साझा करते हैं तो हम खुद को अकेला पाते हैं। इस सत्र का उपयोग सुसमाचार प्रचार में सम्मिलित कार्य के बाइबल आदर्श और आवश्यकता का पता लगाने के लिए करें।

मुख्य वचन

- लूका 10:1—3
- सभोपदेशक 4:9—12
- नीतिवचन 27:17
- 1 पतरस 4:10
- इब्रानियों 10:24—25

चर्चा के लिए प्रश्न

1. इन वचनों को देखते हुए, सम्मिलित कार्य के मूल्य क्या हैं?
2. सम्मिलित कार्य की चुनौतियाँ क्या हैं?
3. क्या आपके पास ऐसे लोग हैं जिन पर आप भरोसा करते हैं और बाइबल के वचनों को व्यक्त करने के तरीके का समर्थन करते हैं? वे कौन हैं और यह देखने में आपको कैसा लगता है?
4. सुसमाचार प्रचार में सम्मिलित कार्य किस तरह से सुसमाचार प्रचार में कलीसिया को बेहतर ढंग से प्रकट करता है?

एक बाइबल आधारित प्रतिरूप (नमूना)

बाइबल सुसमाचार की सच्चाई के बारे में निर्देश देती है, हमें बताती है कि हमें किस प्रकार के संदेशवाहक बनना है, और हमें प्रारंभिक कलीसिया के प्रचार—प्रसार के विभिन्न उदाहरणों से प्रेरित करती है। और फिर भी, बाइबल वास्तव में हमें कभी भी सुसमाचार प्रचार करने के बारे में एक साफ—सुथरा चरण—दर—चरण मार्गदर्शन नहीं देती है जिससे हम हर समय सभी लोगों के लिए सही रणनीति बना सकें। लेकिन ये कोई गलती नहीं है. संस्कृतियाँ बदलती रहती हैं और पद्धतियाँ आती—जाती रहती हैं, जबकि सुसमाचार वही रहता है। इसलिए, हमारे सुसमाचार प्रचार को सक्रीय और अनुकूलनशील होने की आवश्यकता है। हालाँकि सहायक रूप से, प्रेरितों 2 अध्याय तीन सरल प्रचारक सिद्धांतों की पेशकश करता है जो किसी भी संस्कृति और माहौल में हमारा मार्गदर्शन करेंगे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी गवाही बाइबल के अनुसार विश्वासयोग्य और परमेश्वर को सम्मान देनेवाली है। इस सत्र में आप बाइबल के सुसमाचार प्रचार के आदर्श नमूने का पता लगाने के लिए प्रेरितों 2 का गहन अध्ययन कर सकते हैं:

प्रार्थनाः प्रभु को खोजना (प्रेरितों 2:1—13)
उद्घोषणाः वचन बोलना (प्रेरितों 2:14—41)
उपस्थितिः प्रेम दिखाना (प्रेरितों 42—47)

मुख्य वचन

प्रेरितों 2

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आप क्या सोचते हैं कि प्रार्थना, उद्घोषणा और उपस्थिति को सुसमाचार प्रचार के लिए बाइबल का आदर्श क्यों कहा जा सकता है?
2. यह क्यों महत्वपूर्ण है कि अन्य भाषा का वरदान देने के कारण सुसमाचार प्रचार शुरू हुआ?
3. पतरस की उद्घोषणा के वे कौन से आवश्यक तत्व हैं जिन पर हमें आज अपनी उद्घोषणा के लिए विचार करना चाहिए?
4. हम अपने पिता की उपस्थिति में, अपने कलीसिया परिवार के साथ उपस्थित होने में, और संसार में गवाहों के रूप में उपस्थित होने में कैसे संतुलन बनाते हैं?

सबसे बड़ा सुसमाचार प्रचार अध्याय

ऐसा कहा गया है कि 2 कुरिन्थियों 6 बाइबल में सुसमाचार प्रचार पर सबसे बड़ा इकलौता अध्याय है। पौलुस हमें उस चौंका देने वाली वास्तविकता की याद दिलाता है कि परमेश्वर ने हमें इस संसार में अपने साथ सहकर्मी बनाने के लिए चुना है, और इसके बाद अक्सर संघर्ष और कठिनाई आएगी। हालाँकि, इस वास्तविकता से पराजित होने के बजाय, हम यह जान सकते हैं कि यह वास्तव में हमारी गवाही को प्रमाणित करता है – सत्य को हमेशा विरोध का सामना करना पड़ेगा, लेकिन विरोध को अंततः हम पर हावी नहीं हो सकती, क्योंकि सत्य ही हमारी आशा है। इस सत्र का उपयोग इस सुसमाचार प्रचार से भरपूर अध्याय और इसके द्वारा प्रस्तुत अवसर और चुनौती का अध्ययन करने के लिए करें।

मुख्य वचन

2 कुरिन्थियों 6

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आपको क्या लगता है कि वचनों के इस अंश को कुछ लोगों ने सुसमाचार प्रचार पर सबसे महान बाइबल अध्याय के रूप में क्यों संदर्भित किया है?
2. लोगों के रास्ते में हम किस तरह की रुकावटें डाल सकते हैं और हम इनसे कैसे बच सकते हैं?
3. पौलुस कहता है कि हम जिन संघर्षों का सामना करते हैं, उनके माध्यम से हम अपने सुसमाचार प्रचार में प्रमाणित होते हैं। यह आपको अपनी गवाही में कैसे प्रोत्साहित करता है?
4. हम प्रेमपूर्वक सुसमाचार को साझा करने के आव्हान को "अविश्वासियों के साथ जुए में न रहने" की चुनौती के साथ कैसे सामंजस्य बिठा सकते हैं?

विश्वास, स्पष्टता, आमंत्रण

एडवांस यात्रा की शुरुआत में, यह निर्णय लेने में मदद के लिए आपसे निम्नलिखित तीन प्रश्न पूछे गए थे कि क्या आप एडवांस समूह का हिस्सा बनना चाहते हैं:

विश्वास: क्या आपको विश्वास है कि सुसमाचार ने अपनी कोई शक्ति नहीं खोई है, और यही एकमात्र तरीका है जिसके द्वारा एक व्यक्ति सच्चे जीवन और उद्धार को जान सकता है?

स्पष्टता: क्या आप अवसर मिलने पर स्पष्टता के साथ सुसमाचार साझा करना चाहते हैं?

आमंत्रण: क्या आप सुसमाचार की आशा के लिए लोगों को आमंत्रित करना चाहते हैं, और उन्हें यीशु के साथ अनंत संबंध में बढ़ते देखना चाहते हैं?

इस सत्र में आप अपनी एडवांस यात्रा के इस चरण में इन तीन प्रश्नों का एक साथ अधिक विस्तार से और ताजा अंतर्दृष्टि के साथ पता लगा सकते हैं।

मुख्य वचन

2 कुरिन्थियों 4:5–18

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आपको क्यों लगता है कि ये तीन प्रश्न, विशेष रूप से, यह तय करने में सहायक हैं कि एडवांस किसी के लिए सही है या नहीं (और क्या उनसे आपकी मदद हुई)?
2. एडवांस शुरू करने के बाद से आपने किस तरह से सुसमाचार की शक्ति को काम करते हुए देखा है और इसका आपके विश्वास पर क्या प्रभाव पड़ा है?
3. क्या आप देख सकते हैं कि सुसमाचार के प्रति आपकी स्पष्टता किस प्रकार बढ़ी है और यदि हां, तो इसका आपकी सुसमाचार संबंधी बातचीत और प्रचार–कार्य पर क्या प्रभाव पड़ा है?
4. क्या एडवांस का इस बात पर प्रभाव पड़ा है कि आप अपने आस–पास के लोगों को सुसमाचार का आमंत्रण कैसे देते हैं?

प्रचारक की भूमिका

पृष्ठ 252 पर सुसमाचार प्रचारक की भूमिका वाले चित्र पर एक नजर डालें। इस सत्र में एक साथ यह पता लगाने के लिए चित्र का उपयोग करें कि प्रचारक की भूमिका क्या है, चित्र में शामिल प्रत्येक शब्द पर विचार करें कि पूरी छवि भूमिका के बारे में आपकी समझ को कैसे प्रेरित करती है।

मुख्य वचन

इफिसियों 4:11–13

चर्चा के लिए प्रश्न

1. प्रचारक की भूमिका क्या है?
2. यदि सभी विश्वासियों को सुसमाचार साझा करना चाहिए, तो परमेश्वर कुछ लोगों को तथाकथित प्रचारक बनने के लिए क्यों बुलाता है?
3. आप किसी को यह समझने में कैसे मदद करेंगे कि प्रश्न दो में बताए गए अर्थ में एक प्रचारक के रूप में उन्हें बुलाया और वरदान दिया गया था या नहीं?
4. प्रचारक का संदेश कलीसिया के लिए उतना ही आवश्यक क्यों है जितना कि यह संसार के लिए है, और चित्र 1 की तुलना में चित्र 2 इसका बेहतर प्रतिनिधित्व क्यों है?

बाहर जाना

कुछ समूहों के पास प्रत्येक सत्र के लिए एक व्यावहारिक तत्व होता है और वे अपने सत्र के समय के पहले भाग को किसी तरह से एक साथ बाहर जाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में उपयोग करते हैं। आप अपने एक या अधिक सत्रों का उपयोग एक साथ बाहर जाने के लिए कर सकते हैं। आप चलते हुए प्रार्थना कर सकते हैं, सड़क पर प्रचार कर सकते हैं, इस समय होने वाले किसी मिशन के अवसर या कार्यक्रम की पूर्व–योजना बना सकते हैं, या कोई अन्य व्यावहारिक श्कार्यश कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप एक साथ प्रार्थना करने के लिए समय दें और अपने उत्तरदायित्व रूपों पर गौर करें, भले ही आप पूरे सत्र का समय बाहर बिताते हों।

पहले वाले प्रश्न

1. आज हम बाहर क्यों जा रहे हैं?
2. जब हम आगे बढ़ें तो हमें किस बात का ध्यान रखना चाहिए?
3. अब जाने से पहले हम किस बारे में प्रार्थना कर सकते हैं?

बाद के प्रश्न

1. आज हमारा किस–किससे सामना हुआ?
2. क्या किसी अनुवर्ती कार्रवाई (फॉलो–अप) की आवश्यकता है?
3. आज जो कुछ हुआ है, और जिनसे हमने बात की है उनके लिए हम कैसे प्रार्थना कर सकते हैं?

परिशिष्ट

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला की प्रत्येक पुस्तक का उपयोग आपके समूह के लिए सत्र शिक्षण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। प्रत्येक पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में इस गाइड के सत्रों के समान ही प्रश्न और एक अनुप्रयोग अनुभाग है। इन पुस्तकों का उपयोग करने के लिए, कुछ सामान्य सत्र तत्वों जैसे केच अप, प्रार्थना और जवाबदेही समय को लें, और उन्हें सत्र से पहले एक अध्याय पढ़ने के साथ जोड़ दें और फिर शिक्षण अनुभाग में इसके बारे में चर्चा करें। आप अध्याय की सामग्री का उपयोग करके समूह के लिए अपनी खुद की बातचीत या प्रस्तुति भी तैयार कर सकते हैं।

हमने एडवांस उद्घोषक श्रृंखला का परिचय शामिल किया है जो श्रृंखला की प्रत्येक पुस्तक में माई लॉर्ड एंड माई गॉड (मेरे प्रभु और मेरे परमेश्वर) के पहले अध्याय के साथ शामिल है।

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला का परिचय

बाइबल उद्घोषणा से भरी है। शुरुआत से ही हमारा सामना एक ऐसे परमेश्वर से होता है जो बोलता है – एक ऐसा परमेश्वर जो वस्तुतः ब्रह्मांड और उसके साथ हमारे बारे में घोषणा करके यह सब अस्तित्व में लाता है।

पूरे पवित्र शास्त्र में, परमेश्वर विभिन्न तरीकों से बोलना जारी रखता है, सबसे अधिक बार अपने लोगों के माध्यम से उसके बारे में और उसकी ओर से घोषणाएँ करते हैं। आखिरकार हमारा सामना यीशु मसीह से होता है, जिसका जीवन, शिक्षा, मृत्यु और पुनरुत्थान दुनिया को आशा का संदेश देते हैं। यह एक संदेश है जो आज भी सुना जा रहा है, खासकर जहां परमेश्वर के लोग – कलीसिया – उसकी सच्चाई का प्रचार करना जारी रखते हैं।

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला (APS) पाठकों को बाइबल में उद्घोषणा के विशिष्ट क्षणों से जुड़ने में मदद करती है, ताकि हम घोषित किए जा रहे सत्य के बारे में अपनी समझ बढ़ा सकें, इसे अपने जीवन में लागू करने के बारे में अपना ज्ञान बढ़ा सकें और हमारी दुनिया को इसकी सच्चाई बताने का हमारा आत्मविश्वास बढ़ा सकें।

श्रृंखला का प्रत्येक शीर्षक विषयगत अध्ययन के शुरुआती बिंदु के रूप में बाइबल से एक स्पष्ट उद्घोषणा का उपयोग करता है जो पवित्र शास्त्र की सटीक व्याख्या, लेखन की एक पठनीय और आकर्षक शैली और पाठक के लिए एक स्पष्ट प्रचारकीय अनुप्रयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्य पाठ को स्पष्ट, पठनीय और संक्षिप्त बनाए रखने के लिए बाइबल के वचनों, स्रोत और आगे की टिप्पणियाँ इस पुस्तक के अंत में टिप्पणियाँ अनुभाग में रखी गई हैं। प्रत्येक अध्याय के अंत में, आपको चर्चा, प्रश्न और एक व्यावहारिक अनुप्रयोग भी मिलेगा जिसका उपयोग आप व्यक्तिगत चिंतन या समूह चर्चा के लिए कर सकते हैं।

हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला आपके लिए एक प्रोत्साहन है क्योंकि आप अपने कलीसिया के लिए परमेश्वर के सुसमाचार प्रचार के आव्हान का पता लगाते हैं, उस पर विचार करते हैं और उस पर कार्य करते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि हम मिलकर पवित्र शास्त्र के पन्नों के माध्यम से परमेश्वर के सत्य की खोज करेंगे और आज उस सत्य के उद्घोषक के रूप में दुनिया में जाएंगे।

एडवांस उद्घोषक श्रृंखला के बारे में और अधिक जानने और अन्य शीर्षकों की खोज करने के लिए, ADVANCEGROUPS.ORG/APS पर जाएँ

"हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेश्वर"

संदेह में डूबी दुनिया के लिए भक्ति का निमंत्रण

बेन जैक द्वारा



अध्याय एकः संदेह करना

"तब उसने थोमा से कहा, अपनी उँगली यहाँ लाकर मेरे हाथों को देख और अपना हाथ लाकर मेरे पंजर में डाल, और अविश्वासी नहीं परन्तु विश्वासी हो।"

यूहन्ना 20:27

क्या आपको कभी कोई ऐसा उपनाम दिया गया है जो आपको पसंद नहीं आया? उपनाम अक्सर किसी व्यक्ति की बनावट या विशेष व्यवहार पर टिप्पणी के रूप में उत्पन्न होते हैं। औसत ऊंचाई से थोड़ा नीचे आ रहे हैं? आपसे मिलकर अच्छा लगा, छोटे गोले। क्या आप नियमित रूप से अपने दोस्तों को तथ्यों और आंकड़ों से बोर करते हैं... क्षमा करें... उन्हें आशीष देते हैं? अरे, आंकड़े वाले। एक छोटी–सी समस्या के कारण सामाजिक जुड़ाव से हमेशा सबसे पहले भागने वाले? जल्दी ठीक हो जाओ, मरीज!

कहानीकार अक्सर हमें किसी पात्र के बारे में कुछ आवश्यक या परिभाषित करने वाली बातों को सुदृढ़ करने और याद दिलाने के लिए उपनामों का उपयोग करते हैं। फिल्म टॉप गन में टॉम क्रूज के चरित्र का उपनाम "मेवरिक" है, और क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं? वह एक घुमक्कड़ है! इसके बाद बैक टू द फ्यूचर में "डॉक्टर" ब्राउन हैं (वह एक वैज्ञानिक हैं!), द गूनीज में "डेटा" हैं (वह तकनीकी गैजेट वाला बच्चा है!), और रॉकी में रॉकी (वह रॉकी मार्सिआनो जैसा बॉक्सर है!)। जाहिर तौर पर ऐसी भी फिल्में हैं जो 70 या 80 के दशक में नहीं बनीं लेकिन इन सबके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

उपनाम मित्रों और परिवार के लिए आपके प्रति अपनी निकटता और स्नेह प्रदर्शित करने का एक तरीका हो सकता है, तब भी (शायद विशेष रूप से!) जब नाम किसी तरह से हास्यास्पद रूप से अपमानजनक हो। फिर ऐसे लोग भी हैं जो सीधे अपमान के रूप में एक उपनाम प्राप्त करते हैं और इसके अर्थ और इसके जुड़ाव के सामाजिक परिणामों की चोट को हमेशा के लिए अपने साथ लेकर घूमते हैं। कल्पना करें यदि हर बार जब आप किसी कमरे में जाते हैं तो लोग यह कहकर आपका स्वागत करते हैं, "अरे, यह विफल स्टीव है!" या, "हाय, निराश करने वाली लुसी!" हर बार जब आपका परिचय कराया जाता है तो आपकी विफलता या कमजोरी से परिभाषित किया जाना एक बोझ होगा, फिर चाहे आप कितने भी मोटी चमड़ी वाले (बोधशून्य) क्यों न हों.

हम बाइबल में ऐसे बहुत से लोगों को उपनाम दे सकते हैं जो किसी न किसी तरह से असफल हुए। लेकिन हम दाउद को "व्यभिचारी दाऊद" नहीं कहते हैं, पतरस को "इन्कार करनेवाला पतरस" नहीं कहते हैं, या पौलुस को "उत्पीड़क पौलुस" नहीं कहते हैं, भले ही ये उपनाम कितने ही सटीक हों। हम किसी भी अन्य शिष्य के साथ "संदेह" शब्द नहीं जोड़ते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि हमें बताया गया है कि यीशु ने पतरस के संदेह पर शोक व्यक्त किया था जब उसने उसे लहरों से खींच लिया था, और थोमा की तरह, ऐसा प्रतीत होता था कि सभी शिष्य किसी न किसी समय पुनरुत्थान पर संदेह करते थे।[1] फिर भी हम यहां "संदेह करने वाले थोमा" के साथ हैं।[2] ऐसा आकर्षण क्यों? मुझे संदेह है कि यह इस तथ्य से सम्बन्धित हो सकता है कि संदेह का अनुभव करना मानव होने का हिस्सा है।

टेलीविजन शो हू डू यू थिंक यू आर (आप क्या सोचते हैं

कि आप कौन हैं) मशहूर हस्तियों को उनके पारिवारिक इतिहास का पता लगाने के लिए आमंत्रित करता है (हालाँकि वे तेजी से काम करते हुए उस परिभाषा को धूमिल करते लगते हैं)। प्रत्येक एपिसोड में व्यक्ति अपने परिवार की सूची से छिपे हुए इतिहास और अंतर्दृष्टि की खोज करता है, और अपने पूर्वजों के बारे में अधिक समझने में वे अक्सर अपने स्वयं के जीवन पर एक नया दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं (उम्मीद है कि राष्ट्रीय टेलीविजन पर पारिवारिक इतिहास की कोठरी में किसी भी शर्मनाक गड़े मुर्दे उखाड़े बिना)।

हममें से हर कोई किसी न किसी तरह से मूल प्रश्न पूछता है: "मैं अपने बारे में क्या सोचता हूं कि मैं कौन हूं?" हम जो उत्तर देते हैं उसका हमारे जीवन जीने के तरीके पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। हम अपना निष्कर्ष केसे निकालते हैं, यह हमारी परवरिश, हमारी संस्कृति, लोग हमारे बारे में क्या कहते हैं (उन उपनामों सहित जो वे हमें देते हैं), हमारी उपलब्धियों आदि से पता चलता है। लेकिन अगर हम वास्तव में अपनी पहचान के प्रश्न का सही उत्तर जानना चाहते हैं तो हमें हमारे ऊपर बोले गए उपनामों से परे जाना होगा, अपने जीवन की सीमाओं से परे देखना होगा – अपने स्वयं के संदेह से परे – और वंश वृक्ष की कुछ पीढ़ियों की तुलना में हमारे इतिहास में गहराई से उतरना होगा। हमें ब्रह्मांड के रचयिता तक वंशावली में वापस जाने की जरूरत है।

आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी समस्या पहचान का संकट है। लोग नहीं जानते कि वे कौन हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि वे किसके हैं। जब आप नहीं जानते कि आप कहां से आए हैं तो आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप कहां जा रहे हैं, या उस मामले में, मार्ग में इनमें से कोई भी बात क्यों मायने रखती है। नींव महत्वपूर्ण हैं।

जब हम अपने लघु–महाकाव्य के मुख्य आकर्षण के बजाय परमेश्वर की कहानी में अपना स्थान पाते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है। हमें एक नया दृष्टिकोण मिलता है कि मानव होने का क्या मतलब है। हमारे पास मात्र अस्तित्व से सच्चे जीवन की ओर बढ़ने का अवसर है। फिर भी जो लोग परमेश्वर को जानते हैं और उनसे प्रेम करते हैं वे भी कभी–कभी सत्य को समझने के लिए संघर्ष करते हुए पाए जाते हैं। हम अभी भी खुद को कल की गलतफहमी में फंसा हुआ पा सकते हैं, क्योंकि आज की चुनौतियाँ यात्रा में भ्रम लाती हैं और हमें अपने जीवन की नींव पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देती हैं।

संदेह में: एक इतिहास, नास्तिक इतिहासकार और दार्शनिक जेनिफर माइकल हेक्ट पूरे इतिहास में संदेह करने वालों के अनुभवों का अध्ययन करते हैं – जिसमें अय्यूब भी शामिल है, जिसने परमेश्वर पर आरोप लगाया था, और संेट ऑगस्टिन, जिसने अपने बयान में अपने बाल नोच लिए थे – और निष्कर्ष निकाला कि संदेह स्वयं भी हो सकता है विश्वास के रूप में हमारे जीवन की मजबूत नींव:

> "पूरे इतिहास में, कई महान विचारकों ने तर्क दिया है कि इन सवालों के अध्ययन से जीवन को अर्थ, अनुग्रह और खुशी मिल सकती है... ऐसे संदेह करने वालों को वास्तव में केवल एक चीज की जरूरत है, जो कि विश्वासियों के पास है, वह यह है कि उनके जैसे लोग हमेशा आसपास रहे हैं, और यह कि वे एक भव्य इतिहास का हिस्सा हैं।"[3]

लेकिन क्या यह वास्तव में सर्वोत्तम आधार है जिसकी हम आशा कर सकते हैं? यह जीवन क्या है यह न जानने के साझा अनुभव के माध्यम से अपने लिए अर्थ पैदा करना? क्या वास्तव में किसी को इस विचार से सांत्वना मिलती है कि एकमात्र विश्वसनीय सत्य यह है कि किसी और ने कभी भी सत्य को नहीं जाना है?

परमेश्वर हमें एक बेहतर मार्ग, एक बेहतर आधार प्रदान करता है। वह हमें अपने साथ तर्क करके हमारे संदेह की जांच करने, उसकी सच्चाई की जांच करने और इसे हमारे जीवन में परीक्षण करने के लिए आमंत्रित करता है। परमेश्वर हमें हमारे द्वारा खोजे गए अपरिवर्तनीय सत्य की ठोस नींव पर अपने जीवन का निर्माण करने के लिए आमंत्रित करता है। वह हमें अपने दिल, आत्मा और दिमाग से – यही हम हैं – उसे जानने के लिए आमंत्रित करता ताकि वह हमारी सुरक्षित और जीवन देने वाली नींव बन जाए।

मसीही होने के नाते, जब हम संदेह से जूझते हैं तो हम परमेश्वर से प्रश्न पूछते हैं, लेकिन उसके उच्च परिप्रेक्ष्य और सिद्ध इच्छा के प्रति समर्पण में दूसरी ओर से बाहर आने का संकल्प लेते हैं। एक अनंत और पारलौकिक परमेश्वर की खोज करने वाले एक सीमित प्राणी होने की वास्तविकता यह है कि हम हमेशा खुद को किसी न किसी तरह के दिव्य रहस्य में फंसा हुआ पाएंगे। इसे ध्यान में रखते हुए (और दार्शनिक प्लेटो पर कटाक्ष करने के लिए) कि "बिना जांचा हुआ विश्वास जीने लायक नहीं होता,"

क्योंकि जब हम अपने विश्वास की जांच और परीक्षण करते हैं तो परमेश्वर की नींव की अच्छाई में और अधिक आत्मविश्वास बढ़ने की उम्मीद होती है, जिस पर हम अपना निर्माण करते हैं।

जैसा कि हेक्ट बताते हैं, संत ऑगस्टिन ने अपने स्वयं के संदेहों के साथ बलपूर्वक संघर्ष किया। लेकिन वह वहां नहीं रुके। आखिरकार, इससे पहले कि उन्हें अपने सभी सवालों के जवाब मिलें, या अपने आंतरिक संघर्षों से मुक्ति मिले – उनका संदेह समाप्त हो गया क्योंकि उन्होंने यीशु पर अपना पूरा भरोसा रखने का फैसला किया। कई लोग संदेह से जूझने की इसी प्रक्रिया को मसीही यात्रा के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखते हैं, लेकिन यह ऐसी प्रक्रिया नहीं है जिसके अंत में संदेह की सभी छायाएं गायब होने की आशा ना हो। जैसा कि पौलुस कहता है, "अभी हमें दर्पण में धुँधला सा दिखाई देता है, परन्तु उस समय आमने–सामने देखेंगे।"[5]

संदेह न तो निर्माण की नींव है और न ही अपने आप में एक अंत है। जब हम परमेश्वर के सत्य की अंतिम नींव की ओर बढ़ते हैं तो संदेह हमारी मानवीय कमजोरी का अपरिहार्य परिणाम है। और जब हम जीवित परमेश्वर का सामना करते हैं तो इसे किसी बेहतर चीज के लिए बदला जा सकता है। इसे अनंत आशा के बदले बदला जा सकता है।[6]

प्रश्न पूछना अच्छा है. लेकिन जब हम उन प्रश्नों का उपयोग परमेश्वर की जीवनदायी नींव को तोड़ने के लिए करते हैं, तो वे आसानी से वे साधन बन सकते हैं जिनका उपयोग हम अपने जीवन के लिए एक ऐसी नई नींव बनाने के लिए करते हैं जिसका परमेश्वर की सच्चाई से बहुत कम और स्वयं से अधिक लेना–देना होता है। हमें संपूर्ण बाइबल में इसके उदाहरण मिलते हैं, लेकिन यहां तीन ऐसे हैं जो विशेष रूप से सहायक हैं।

सबसे पहले आइए बिल्कुल शुरुआत पर वापस जाएँ – स्वयं मूल संदेहकर्ताओं, आदम और हव्वा तक। अदन की वाटिका में सब कुछ ठीक है. परमेश्वर की रचना अच्छी है, और आदम और हव्वा अपने निर्माता के साथ पूर्ण अटूट संबंध में हैं। तभी साँप (शैतान, जिसके नाम का अर्थ श्दोष लगाने वालाश है) आता है और बगीचे में एक पेड़ की ओर इशारा करता है जहाँ से उन्हें खाना मना है। एक साधारण वाक्य से वह संदेह को लाता है।

"क्या परमेश्वर ने सच में कहा था कि तुम उस पेड़ का फल नहीं खा सकते?"[7]

और बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, पापपूर्ण इतिहास बन गया।

इसके बाद हम राजा शाऊल की ओर मुड़ते हैं, जो गिलगाल में पलिश्ती सेना से छिपा हुआ है।[8] जब उसके अपने सैनिक उसे अकेला छोड़कर भाग रहे हैं और विशाल पलिश्ती सेना हमले की तैयारी कर रही है, शाऊल संदेह की जगह से एक निर्णय लेता है जो उसके भाग्य को बदल देगा। परमेश्वर के भविष्यवक्ता शमूएल द्वारा सात दिनों तक प्रतीक्षा करने का निर्देश दिए जाने पर – जब शमूएल द्वारा परमेश्वर को होमबलि देने के लिए गिलगाल में सेना में शामिल होना था – शाऊल के पैर ठंडे हो गए और उसने स्वयं बलिदान चढ़ाया। यह एक ऐसी चीज है जिसे करने से उसे विशेष रूप से मना किया गया था। आप उस दृश्य की कल्पना कर सकते हैं जब शमूएल आता है और देखता है कि भेंट अभी भी सुलग रही है। शाऊल जानता था कि उसे क्या करना चाहिए, लेकिन जैसे–जैसे वह जिस स्थिति का सामना कर रहा था, उस पर दबाव बढ़ता गया, साथ ही आत्म–संरक्षण से प्रेरित संदेह भी आने लगा।

"क्या परमेश्वर ने सचमुच कहा था कि तुम स्वयं बलिदान नहीं दे सकते?"

और बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, राजवंश को नष्ट करने वाला इतिहास बन गया।

फिर हमारे पास थोमा है। एक युवा यहूदी व्यक्ति जिसने यीशु नामक एक आकर्षक, गतिशील, बुद्धिमान और शक्तिशाली रब्बी का अनुसरण करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। एक युवक जो अपने स्वामी का अनुसरण करने के लिए अपने प्राण तक देने को तैयार था। एक युवा व्यक्ति जिसने यह विश्वास कर लिया था कि यीशु इस्राएल का वादा किया गया मसीहा था।[9] लेकिन अब वही युवा थोमा एक निराश और टूटे हृदय वाला व्यक्ति है। यीशु, उसका रब्बी, उसका मित्र, उसका मसीहा, मर गया था। जैसे ही थोमा के दोस्त उसे पुनरुत्थान की आश्चर्यजनक खुशखबरी सुनाते हैं, उसके दिमाग में एक विचार आता है।

"क्या परमेश्वर ने सचमुच यीशु को मृतकों में से जीवित किया?"

और बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, उपनाम–उत्पादक इतिहास बन गया।

बाइबल की प्रत्येक कहानी में किसी न किसी को संदेह का सामना करना पड़ता है। कभी–कभी प्रश्न हमारी अपनी

गलत इच्छाओं से उठता है। अन्य समय में दुनिया के दबाव और हमारी तात्कालिक परिस्थितियाँ हमें प्रेरित करती हैं। और हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए कि आरोप लगाने वाला शैतान आज भी अपनी वही पुरानी चालें खेल रहा है। गलती न करें क्योंकि शैतान आपकी आराधना को परमेश्वर से चुराना चाहता है, और ऐसा करने में वह आपका जीवन, आपकी आशा और आपकी पहचान भी चुरा लेना चाहता है। शैतान का अंतिम लक्ष्य आपको उस एकमात्र आधार से दूर खींचकर अमानवीय बनाना है जिस पर मानव जीवन सफलतापूर्वक बनाया जा सकता है – परमेश्वर के साथ संबंध। यह काफी बड़ी समस्या है, लेकिन यह और भी बदतर हो जाती है क्योंकि एक अमानवीय मानव हमेशा दूसरे मनुष्यों को अमानवीय बनाने में लगा रहता है।

अमानवीयकरण सहानुभूति की अस्वीकृति, करुणा का विनाश, स्वयं की श्रेष्ठता, दूसरे की शारीरिक, भावनात्मक या आध्यात्मिक हत्या है। किसी को अमानवीय बनाना यीशु के तथाकथित "सुनहरे नियम" के मानक को अस्वीकार करना है, दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना जैसा आप चाहते हैं कि वे आपके साथ करें।[10] दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने यीशु से लगभग पांच सौ साल पहले इस सत्य को स्पष्ट किया था, निश्चित रूप से यह याद दिलाता है कि मानव होने के अर्थ में परमेश्वर की प्रिय रचना होना स्वाभाविक है।

बाइबल यह स्पष्ट करती है कि जिन तरीकों से हम दूसरों को अमानवीय बना सकते हैं वे अमानवीयकरण के अंतिम रूप, परमेश्वर के प्रति विद्रोह के लक्षण हैं। आपके निर्माता के विरुद्ध विद्रोह वस्तुतः आपकी मानवता को छीन लेता है क्योंकि आप अपनी वास्तविक पहचान से इनकार करते हैं, और उन कार्यों के विनाशकारी परिणामों को शेष मानवता पर थोपते हैं। हर बार जब हम परमेश्वर को अस्वीकार करते हैं तो हम स्वयं को अमानवीय बनाते हैं, और किसी न किसी तरह से दूसरों का अमानवीयकरण अनिवार्य रूप से होता है।

वास्तव में मानव होने का अर्थ आत्मा और सच्चाई से परमेश्वर का उपासक होना है। आरोप लगाने वाला जानता है कि आप किसलिए बनाए गए हैं और वह इससे जुड़ी हर चीज से नफरत करता है। वह इस बात से घृणा करता है कि आपके जीवन से परमेश्वर की महिमा हो, क्योंकि वह अपने लिए महिमा चाहता है।

और इसलिए आरोप लगाने वाला बस एक सरल शब्द का उपयोग करके आपको अमानवीय और आपको दूसरों को अमानवीय बनाने वाला बनाता है:

"क्या सच में?"

शैतान इतना अहंकारी है कि वह यह मानता है कि उसके द्वारा इस एक शब्द का उपयोग परमेश्वर के वादों से अधिक शक्तिशाली है। अक्सर हम उसे सही होने देते हैं।

लेकिन बाइबल में कोई और भी है जिसने इसी प्रश्न का सामना किया: परमेश्वर का पुत्र जिसने हमारे प्यारे पवित्र परमेश्वर के साथ हमारे रिश्ते को बहाल करने के लिए शरीर धारण किया और मानव बन गया। यीशु को जंगल में शैतान के सीधे आरोप और प्रलोभन का सामना करना पड़ा, लेकिन शायद गतसमनी के बगीचे में प्रार्थना करने के लिए उसका एकांत में जाना, भले ही कहानी में शैतान का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, परंतु इस बिंदु को सबसे अच्छी तरह से चित्रित करता है।[11] यीशु जानता है कि क्या करना चाहिए । आगे का रास्ता कष्टदायक और असहनीय है। वह पीड़ा में है. और इन सबमें कहीं न कहीं एक शब्द मौजूद है.

"क्या सच में?"

जब यह प्रश्न आया, तो आदम और हव्वा ने अधिक कथित स्वतंत्रता का आनंद लेने के लिए संदेह को प्रबल होने दिया।

"क्या सच में?"

जब वह प्रश्न आया, तो शाऊल ने अपनी शक्ति पर विश्वास करने के लिए संदेह को प्रबल होने दिया।

"क्या सच में?"

जब वह प्रश्न आया, तो थोमा ने अपनी भावनाओं के पक्ष में संदेह को हावी होने दिया।

यीशु अलग ढंग से प्रतिक्रिया देता है।

"हे मेरे पिता, यदि हो सके तो यह कटोरा मुझ से टल जाए मत्ती 20:22; यूहन्ना 18:11, तौभी जैसा मैं चाहता हूँ वैसा नहीं, परन्तु जैसा तू चाहता है वैसा ही हो।"

आदम और हव्वा के विपरीत, यीशु पिता से कहता है, "मेरी स्वतंत्रता तुम में पाऊँ।" सच्ची स्वतंत्रता परमेश्वर के प्रति समर्पण में पाई जाती है, उसकी पूर्ण और भली इच्छा पर भरोसा करने में, भले ही वह प्रतिबंधात्मक या महंगी लगती हो। जब आरोप लगाने वाला आपसे पूछता है कि क्या आप वास्तव में स्वतंत्र हैं, तो आप अपनी स्वतंत्रता की नींव की घोषणा कर सकते हैं। आपको स्वतंत्र कर दिया गया है – "वास्तव में स्वतंत्र" – और आप परमेश्वर के खिलाफ विद्रोह की गुलामी में वापस नहीं लौटेंगे।[12]

शाऊल के विपरीत, यीशु पिता से कहता है, "शक्ति तुम्हारी है।" सच्ची शक्ति हमारी अपनी ताकत या समझ पर भरोसा करने में नहीं मिलती है, बल्कि यह स्वीकार करने में मिलती है कि परमेश्वर अधिपति है। जब आरोप लगाने वाला सवाल करता है कि क्या परमेश्वर वास्तव में शक्तिशाली है, क्या वह वास्तव में तब आएगा जब आपको उसकी आवश्यकता होगी, तो आप अपनी शक्ति की नींव की घोषणा कर सकते हैं। जिसने आकाश में तारे लटकाए हैं, वह आपके लिए है, आपके विरुद्ध नहीं, उसकी अतुलनीय शक्ति आपके जीवन में दिन–ब–दिन काम कर रही है और आपके पास उसकी शक्ति, प्रेम और आत्म–अनुशासन की भावना है।[13]

थोमा के विपरीत, यीशु पिता से कहता है, "मेरी भावना नहीं, बल्कि तेरे वायदे।" अक्सर हम अपनी परिस्थितियों को हमें परमेश्वर के वादों से डिगा देने देते हैं। क्रूस की पीड़ा का सामना करते हुए यीशु ने पिता से उसे स्वर्ग का परिप्रेक्ष्य देने के लिए कहा, ताकि उसकी भावनाओं के टकराव और आगे के कार्य के बारे में भ्रमित होने पर उसे सहने में मदद मिल सके। जब आरोप लगाने वाला पूछता है कि क्या परमेश्वर वास्तव में आपकी परवाह करता है, क्या वह वास्तव में भरोसेमंद है, तो आप अपने वादे की बुनियाद का ऐलान कर सकते हैं। आप परमेश्वर को धन्यवाद दे सकते हैं कि उसकी बहुत पहले बनाई गई योजनाएँ पूरी ईमानदारी के साथ पूरी होंगी, क्योंकि वह अच्छा है और उसकी प्रेममय दयालुता चिरस्थायी है, आप जहाँ भी जाते हैं वह आपके साथ है और आपकी वर्तमान समझ से परे आपको सशक्त बनाता है।[14]

आरोप लगाने वाले के प्रश्न पर हमारी प्रतिक्रिया यह निर्धारित करेगी कि क्या हम मानव होने के अर्थ के बारे में अपनी गलतफहमी के साथ आगे बढ़ेंगे या क्या हम हमें सच्चे जीवन में पुनर्स्थापित करने के परमेश्वर के वादे को स्वीकार करेंगे। हमारी प्रतिक्रिया इस पर आधारित होगी कि हमने अपनी नींव कहां बनाई है।

यीशु ने अपने जीवन का निर्माण पिता के प्रति समर्पण और उस पर विश्वास की उत्तम नींव पर किया। जबकि प्रश्न अभी भी आ रहे थे और संघर्ष वास्तविक था, वह हर परिस्थिति में उस नींव पर अपना जीवन बनाने से नहीं चूका, पहले अपने स्वर्गीय पिता के राज्य और धार्मिकता की तलाश करें।[15] उसी तरह, हमें अपना खुद का निर्माण परमेश्वर की सच्चाई की नींव पर करना चाहिए। हालाँकि, कभी–कभी हम चूक जाते हैं और अपनी नींव उन जगहों पर रख देते हैं जो अधिक सुरक्षा, आनंद, आशा, आराम या संतुष्टि प्रदान करते हैं।

मेरा मित्र जौजौ मुझे हाल की यात्रा पर मिस्र की राजधानी काहिरा के आसपास का इलाका दिखा रहा था, और उसने कई ढही हुई इमारतों की ओर इशारा किया। मैंने उससे पूछा कि शहर में यह इतनी समस्या क्यों है, और उसका उत्तर सरल था।

"वे अवैध इमारतें हैं, जिन्हें सही नियमों के बिना तुरंत बना दिया जाता है और अंततः वे गिर जाती हैं – जिसमें लोग घायल होते हैं और मारे जाते हैं।"

मैंने जौजौ से पूछा कि अगर लोग जानते थे कि वे असुरक्षित हैं तो वे ऐसी इमारतों में क्यों चले गए। उसने उदास स्वर में उत्तर दिया।

"क्योंकि इतना ही वे वहन कर सकते हैं।"

हम कितनी बार सस्ता रास्ता चुनते हैं? हम कितनी बार परमेश्वर के निर्माण नियमों को तोड़ते हैं, उन ऋणों को उठाते हैं जिन्हें हम चुका नहीं सकते हैं और अपने स्वयं के निर्माण की विफलता के तहत कुचले जाने की अनिवार्यता के लिए खुद को उजागर करते हैं? लेकिन फिर भी, हमें मलबे के नीचे दबा हुआ छोड़ने के बजाय, परमेश्वर ने हमें स्वर्ग का अमूल्य खजाना, अपने बेटे, हमारे चुका न पाने वाले ऋण का भुगतान करने, हमारे पतन के कुचलने वाले भार का प्रभाव अपने ऊपर लेने और हमें यह दिखाने के लिए भेजा कि परमेश्वर की नींव पर पूरी तरह से बनाया गया जीवन वास्तव में कैसा दिखता है।

परमेश्वर की सत्य की नींव वह वास्तविकता है जिस पर हम अपने जीवन का निर्माण हैं। यीशु के माध्यम से परमेश्वर की क्षमा ही इसे विनाशकारी पतन से बचाती है।

जब पतरस लहरों पर यीशु से मिलने के लिए नाव से बाहर निकला, तो उसने यीशु पर विश्वास करने के तरीके को पूरी तरह से चित्रित किया। लेकिन उसके बाद का संदेह यह दर्शाता है कि हम किस हद तक परिस्थितियों की लहरों में डूबने और उसमे समा जाने के लिए प्रवृत्त होते हैं क्योंकि यीशु से हमारी दृष्टि हट जाती है और जो आधार वह हमें प्रदान करता है उस पर अविश्वास करना शुरू कर देते हैं।

यीशु अपनी अनुग्रह से हमें बार–बार लहरों से उठाता है, हमारी कमजोरियों से बचाता है। और ऐसा करते हुए, यीशु भी हमसे बार–बार पूछता है, "तुम्हारे पास इतना

कम विश्वास क्यों है जो संदेह पैदा करता है?” उसका करुणामय प्रश्न हमें शर्मिंदा करने के लिए नहीं है, बल्कि हमें जीवन जीने के बेहतर तरीके, पूर्ण रोमाच और वास्तव में उस पर भरोसा करने की स्वतंत्रता में बुलाने के लिए है।

यीशु थोमा को उसके संदेह के लिए शर्मिंदा या निंदा नहीं करता है। वह बस अपने शिष्य को गलतफहमी से परे जाने और खुद सच्चाई का पता लगाने के लिए आमंत्रित करता है: “अगर जरूरत हो तो यहां आओ, थोमा, अपनी उंगलियां मेरे घावों में डालो, मेरी जांच करो और महसूस करो कि यह वास्तविकता है।”

यह भाव आश्चर्यजनक रूप से अनुग्रहपूर्ण है, जो दुर्बल करने वाले संदेह से बचाव की आशा प्रदान करता है। ठीक वैसे ही, इसी तरीके से हमें आज लोगों से उनके संदेह में मिलना है, दया के साथ, और उनके खुद के लिए यीशु का पता लगाने के लिए प्रेमपूर्ण निमंत्रण के साथ।[16]

क्या थोमा ने यीशु को अपने प्रस्ताव में ऊँचा किया? महान इतालवी चित्रकार कारवागियो ने ऐसा सोचा था, जैसा कि हम उनके आश्चर्यजनक पेंटिंग द इनक्रेड्यूलिटी ऑफ संट थॉमस में देखते हैं। कारवागियो ने थोमा को यीशु के घावों को छूते हुए दिखाया है जबकि पतरस और यूहन्ना अपनी जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए करीब से देख रहे हैं। यह एक मनोरम तस्वीर है।

लेकिन पेंटिंग जितनी खूबसूरत है, उतनी ही यह पूरी तरह से काल्पनिक भी है। यूहन्ना हमें यह नहीं बताता कि क्या थोमा ने वास्तव में यीशु के घावों को छुआ था या नहीं। यह कहानी का मुद्दा नहीं है। यूहन्ना हमें जो दिखा रहा है वह यह है कि यीशु संदेह का सामना निंदा से नहीं, बल्कि निमंत्रण से करता है।

यीशु हममें से प्रत्येक को आमंत्रित करते हैं कि हम आएं और स्वयं उसके जीवन की जांच करें, चखें और देखें कि वह अच्छा है, अपने अस्तित्व की थकावट को उसके पास लाएं और उसकी शांति में आराम और आशा को जानें।[17] कुछ लोग चमत्कारी संकेत देखते हैं, दूसरों को देखना पड़ता है प्रेरितों की गवाही, और आज विश्वासियों की चल रही गवाही के साथ काम करना पड़ता है।[18] थोमा को पुनर्जीवित यीशु को अपनी आँखों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, लेकिन यीशु कहता है कि हममें से बाकी लोग अधिक धन्य हैं यदि हम बिना देखे उस पर भरोसा करने में सक्षम हैं, ऐसा क्यों? क्योंकि विश्वास ही वह चीज है जो परमेश्वर को प्रसन्न करती है, और जिस चीज को आपने नहीं देखा है उस पर भरोसा करने के लिए अधिक विश्वास की आवश्यकता होती है।

यीशु पर भरोसा करके परमेश्वर की सच्चाई की नींव पर अपना जीवन बनाना उपासना का सर्वोच्च रूप है और यही सबसे बड़ा आशीष लाता है। इसके विपरीत कार्य करना सबसे बड़ी विफलता लाता है, और अंततः मृत्यु की ओर ले जाता है। लेकिन असफलता का परमेश्वर के सामने आखिरी होना जरूरी नहीं है।

शैतान कभी किसी ऐसे इंसान से नहीं मिला था जिसे वह पाप–उत्प्रेरक संदेह में न ले जा सके या उसे अमानवीय न बना सके, जब तक कि वह देहधारी यीशु से न मिला। जब हम पापी ही थे और दोषपूर्ण नींव पर अपना जीवन बना रहे थे, पूर्ण मानव यीशु हमारे लिए मरा।[19] यह क्षमा थी, कोई अभिशाप नहीं, जो यीशु ने क्रूस से अपने शत्रुओं के बारे में कहा। यह करुणा थी जो उसके होठों से निकली, निंदा नहीं।[20] अपने पुनरुत्थान में यीशु ने प्रदर्शित किया कि परमेश्वर सच्ची मानवता का जीवन देने वाला, आशा प्रदान करने वाला आधार है। अपने जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से, यीशु उन सभी को, जिनका जीवन परमेश्वर के खिलाफ विद्रोह की दोषपूर्ण नींव पर बना है, पिता की ठोस नींव तक पहुंचने का मार्ग प्रदान करता है।[21] विजयी पुनर्जीवित यीशु हममें से प्रत्येक को संदेह करना बंद करने और विश्वास करने के लिए आमंत्रित करता है। यह आश्वस्त आशा का आमंत्रण है – एक ऐसी आशा जो हमें शर्मिंदा नहीं करेगी।[22]

परमेश्वर अधिकारिक रूप से हममें से प्रत्येक को एक निंदनीय उपनाम दे सकता है। पापी बेन। विद्रोही केट। संदेह करनेवाला थोमा। सूची अधिक से अधिक लंबी हो सकती है। लेकिन ये वे नाम नहीं हैं जो वह हमें देता है। संदेह करने वाला थोमा वह नाम नहीं है जिससे यीशु अपने मित्र को जानता था, भले ही वह उसके संदेह को जानता था। इसके बजाय, यीशु ने संघर्ष के क्षण में थोमा से मुलाकात की और उसके लिए, और हम में से प्रत्येक के लिए, वह नाम प्राप्त करने का रास्ता बनाया जिसके द्वारा अब हमें बुलाया जा सकता है। कि जो कोई उसके नाम पर विश्वास करता है, उसे परमेश्वर की सन्तान कहलाने का अधिकार दिया जाए।[23]

दुनिया देखती रहती है जब आरोप लगाने वाला पूछता है, “क्या यीशु वास्तव में आपका पुनर्जीवित परमेश्वर है?” हमारा जवाब उसकी अमानवीय योजनाओं को खारिज

करता है और हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों से गुजरने की शक्ति देता है। हमारा उत्तर दुनिया को बताता है कि आशा है, जैसा कि हम अपने होठों और अपने जीवन से उत्तर देते हैं, “वह मेरा प्रभु और मेरा परमेश्वर है।”

चर्चा के लिए प्रश्न

1. यीशु के शिष्यों के रूप में हम संदेह का सर्वोत्तम रीति से कैसे सामना कर सकते हैं?
2. लोग अपना जीवन किस बुनियाद पर बनाते हैं?
3. हम दुश्मन के संदेह पैदा करने वाले आरोपों का जवाब कैसे दे सकते हैं?
4. हम यीशु में विश्वास के बारे में किसी के संदेह को दूर करने में कैसे मदद कर सकते हैं?

अनुप्रयोग

अपने चर्च के माध्यम से अल्फा या मसीही धर्म अन्वेषण पाठ्यक्रम जैसा कुछ चलाने के बारे में जाने। ये पाठ्यक्रम लोगों को प्रश्न पूछने, विश्वास के बारे में अपने संदेह साझा करने और मसीही धर्म क्या है, यह जानने का एक शानदार तरीका है, और कई लोगों के लिए बुनियादी सुसमाचार प्रचार में एक सर्वोत्तम पहला कदम है। alpha.org और christianityexplored.org पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

टिप्पणियाँ

1. मत्ती 14:31; 28:17; मरकुस 16:11; लूका 24:11
2. यह कोई उपनाम नहीं है जो हमें बाइबल में मिलता है बल्कि वह उपनाम है जो कलीसिया परंपरा के माध्यम से विकसित हुआ है
3. जेनिफर माइकल हेक्ट, डाउटः ए हिस्ट्री (न्यूयॉर्क हार्पर कॉलिन्स, 2003), 493–494।
4. यशायाह 1:18, 1 पतरस 3:15
5. 1 कुरिन्थियों 13:12
6. रोमियों 12:12
7. उत्पत्ति 3:1
8. 1 शमूएल 13:5–14
9. मत्ती 16:16
10. मत्ती 7:12
11. लूका 22:42–44
12. यूहन्ना 8:36; गलातियों 5:1
13. भजन 147:4–5; इफिसियों 3:20; 2 तीमुथियुस 1:7
14. यशायाह 25:1; भजन 100:5; यहोशू 1:9; नीतिवचन 3:5–6
15. मत्ती 6:33
16. यहूदा 22
17. भजन 34:8; मत्ती 11:28
18. “तो फिर, वे लोग धन्य हैं जो थोमा के दर्शन के अनुभव को साझा नहीं कर सकते हैं, लेकिन जो आंशिक रूप से थोमा के अनुभव को पढ़ते हैं, वे थोमा के विश्वास को साझा करते हैं।” डी. ए. कार्सन, द गॉस्पेल एकॉर्डिंग टू द जॉन, द पिलर न्यू टेस्टामेंट कमेंट्री (लीसेस्टर, इंग्लैंड; ग्रैंड रैपिड्स, एमआईः इंटर–वर्सिटी प्रेस; डब्ल्यू.बी. एर्डमैन्स, 1991), 660.
19. रोमियों 5:8
20. लूका 23:34
21. यूहन्ना 14:6
22. रोमियों 5:5
23. यूहन्ना 1:12



एडवांस उद्घोषक श्रृंखला में अधिक पुस्तकें यहां खोजें:
ADVANCEGROUPS.COM/APS

परिशिष्ट

"वन थिंग (एक बात)" और ऑनलाइन संसाधन

एडवांस ग्रुप वेबसाइट में बहुत सी सामग्री है जिसका उपयोग आप अपने समूह समय के दौरान कर सकते हैं। पूरे वर्ष समय–समय पर जारी होने वाले पूरी तरह से नए समूह सत्रों के अलावा, "वन थिंग' (एक बात)" श्रृंखला एक महान संसाधन है जिसका उपयोग आपके समूह के लिए मुख्य सामग्री के रूप में किया जा सकता है। प्रत्येक "वन थिंग" लेख में एक सुसमाचार प्रचारक या मसीही अगुवा को अध्ययन के लिए एक प्रमुख वचन और कुछ चर्चा के प्रश्नों के साथ एक बात साझा करते हुए दिखाया गया है जो वे चाहते थे कि काश वे इस बात को तब जानते जब उन्होंने सुसमाचार का प्रचार करना शुरू किया था।

प्रोक्लेमर्स (उद्घोषक) श्रृंखला के उपयोग के साथ, आप वन थिंग लेख से प्रेरित शिक्षण सामग्री को एक सत्र के नियमित तत्वों के साथ चारों ओर रखना चाहेंगे – जैसे कि एक–दूसरे के साथ मिलना और प्रार्थना करना, जवाबदेही और चर्चा का समय। लिखित लेखों के साथ–साथ, एक पॉडकास्ट भी है जिसमें कुछ समान योगदानकर्ताओं और अन्य लोगों को उनकी "वन थिंग (एक बात)" पर चर्चा करते हुए दिखाया गया है। ये पॉडकास्ट अपेक्षाकृत छोटे हैं और आप लिखित संस्करण को पढ़ने के साथ–साथ समूह समय में एक सुनना भी चाहेंगे।

यहां छह "वन थिंग" लेख हैं जिनका उपयोग आपके समूह समय में किया जा सकता है। वर्तमान में और भी बहुत कुछ ऑनलाइन उपलब्ध है और इन्हें नियमित रूप से जोड़ा और बढ़ाया जाता है।

advancegroups.org/OneThing पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

एंड्रू पलाऊ

लुइस पलाऊ एसोसिएशन

दृष्टि से नहीं विश्वास से चलो

काश एक बात मुझे तब पता होती जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया...

"क्योंकि हम रूप को देखकर नहीं, पर विश्वास से चलते हैं"

2 कुरिन्थियों 5:7

मैं अपने पिता, प्रचारक लुइस पलाऊ को उन शब्दों को बार–बार दोहराते हुए सुन सकता हूँ। उसकी विभक्ति. उसका जुनून। उसका गहरा विश्वास। यीशु मसीह के प्रति आज्ञाकारिता शुरू से अंत तक एक विश्वास यात्रा है।

मेरे पिता ने निश्चित रूप से मेरे लिए उस आनंद का आदर्श नमूना तैयार किया है जो यीशु के प्रति समर्पित होने से मिलता है, न केवल सेवकाई में बल्कि अपने पूरे जीवन में। यह यीशु का अनुयायी होने की यात्रा है – चाहे हमारा बुलावा कुछ भी हो, मसीह के प्रति आज्ञाकारी होना है। काश मैंने उस वास्तविकता को जीवन में पहले ही जान लिया होता। वहां तक पहुंचने में मुझे 27 साल लग गए।

पिताजी ने सचमुच इस सत्य को जीया। अर्जेंटीना में एक सड़क प्रचारक के रूप में अपने शुरुआती दिनों से लेकर चौथे चरण के फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के अपने आखिरी दिनों तक, उन्होंने प्रत्येक दिन को परमेश्वर पर भरोसा करना सीखने और उसे फिर से सुनने के एक अनूठे अवसर के रूप में लिया।

सी.टी. स्टड से पिताजी की पसंदीदा कविताओं में से एक में ऐसा लिखा है, "केवल एक जीवन, और यह जल्द ही जल्द ही बीत जाएगा। केवल वही जो मसीह के लिए किया गया है वह टिकेगा।" पिताजी द्वारा मेरे साथ इसे साझा करने के बाद, वह मुझे उन प्रश्नों की याद दिलाते हैं जो पृथ्वी पर

हमारा जीवन समाप्त होने के बाद परमेश्वर हमसे पूछेगा...

“जो कुछ मैंने तुम्हें दिया था उसका तुमने क्या किया और तुम अपने साथ किसे लेकर आए हो?”

यह एक कठिन सबक है – उस चीज पर ध्यान केंद्रित करना सीखना जिसका अनंत महत्व है। सब कामो में सुसमाचार को प्राथमिकता पर रखना। यह कभी–कभी कठिन राह पर ले जा सकता है। लेकिन जैसा कि मैं अब जानता हूं, यह हमेशा सबसे अच्छा होता है जो हम अपने जीवन में कर सकते हैं।

2 कुरिन्थियों 5 हमें बताता है:

> इसलिये प्रभु का भय मानकर हम लोगों को समझाते हैं;. .. क्योंकि मसीह का प्रेम हमें विवश कर देता है; इसलिये कि हम यह समझते हैं कि जब एक सब के लिये मरा तो सब मर गए। और वह इस निमित्त सब के लिये मरा कि जो जीवित हैं, वे आगे को अपने लिये न जीएँ परन्तु उसके लिये जो उनके लिये मरा और फिर जी उठा।
>
> **2 कुरिन्थियों 5:11, 14–15**

जितना हो सके उतने लोगों के साथ खुशखबरी साझा करने का हिस्सा बनना कितना बड़ा सौभाग्य है। हम सुसमाचार के प्रचार, यीशु मसीह के लिए अधिक से अधिक आत्माओं को जीतने, कलीसिया को एकता में लाने और दुनिया भर के शहरों को प्रभावित करने के लिए समर्पित हैं।

जीवित रहने के लिए यह एक महान दिन है। उपदेश देने के लिए यह एक महान दिन है। महान आज्ञा में एक साथ सेवा में रहने का यह एक अच्छा दिन है – हालाँकि निश्चित रूप से यह आसान नहीं है। केवल जब हम परमेश्वर की बात सुनना और हर दिन उस पर भरोसा करना सीखते हैं, तभी हम सर्वोत्तम जीवन का अनुभव करते हैं।

आगे के विचार

1. मुझे अपना आनंद और उद्देश्य कहाँ से मिलेगा?
2. क्या मेरे जीवन में कुछ ऐसा है जो मुझे यीशु के प्रति आज्ञाकारी होने से भटका रहा है?
3. यीशु के अनुयायी के रूप में मैं ऐसा कौन सा बदलाव कर सकता हूं जो ध्यान केंद्रित करके विश्वास से चलने में मेरी मदद कर सकता है?

एंडी हॉथोर्न

द मैसेज ट्रस्ट (एक संदेश संस्था)

लोग अजीब हो सकते हैं!

एक बात जो काश मुझे तब पता होती जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया... वह यह कि लोग वास्तव में अजीब हो सकते हैं और आप कभी नहीं जानते कि वे आगे क्या करेंगे!

यदि आप मुझसे पूछें कि दशकों की सेवकाई में मेरी सबसे बड़ी चुनौतियाँ क्या रही हैं, तो मैं कहूंगा कि वे दोहरी रही हैंय पैसा और लोग. परमेश्वर के काम में पैसा देना हमेशा से एक संघर्ष रही है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से मैं राज्य को बढ़ता देखने के लिए लाखों पाउंड (रुपये) दिए जाने की गवाही दे सकता हूं, अक्सर सबसे अधिक रोंगटे खड़े कर देने वाले और परमेश्वर की महिमा करने वाले तरीकों से। हालाँकि, जब लोगों की चुनौतियों की बात आती है, तो चुनौतियाँ दूसरे स्तर की होती हैं।

शैतान सचमुच डरपोक है। वह हमारी कमजोरियों को जानता है और यदि वह एक मसीही को “शरीर की अभिलाषा, आंखों की अभिलाषा, या जीवन के अभिमान” के माध्यम से बाहर निकाल सकता है जैसा कि यूहन्ना 1 यूहन्ना 2:16 में कहता है, वह निश्चित रूप से ऐसा करेगा। यह वास्तव में बहुत निराशा की बात है कि हमारे कुछ सबसे उपयोगी प्रचारकों और अगुवों ने हार मान ली और अपना पक्ष खो दिया। अगर यह आपके आस–पास होता है तो बहुत आश्चर्यचकित न हों, बस यह सुनिश्चित करें कि यह आपके न होने के संकल्प को दोगुना कर दे। परमेश्वर के वचन और प्रार्थना में जड़ जमाए रहें, स्थानीय संगति के लिए प्रतिबद्ध रहें (जिसे करना अक्सर प्रचारकों को कठिन लगता है), वास्तविक, जवाबदेह रिश्तों में रहें और यीशु के कहे अनुसार प्रार्थना करें, ताकि आप प्रलोभन में न पड़ें और मैं विश्वास करता हूँ कि आप ठीक होंगे और निश्चित रूप से उन लोगों के दुखद आंकड़ों में से एक नहीं होंगे जो पूरी यात्रा तय नहीं करते हैं।

मुझे लगता है कि यह कारण सिर्फ एक हिस्सा है कि एडवांस ग्रुप इतने महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम एक–दूसरे को तेज करते हैं, एक–दूसरे से कठिन सवाल पूछते हैं और आम तौर पर एक–दूसरे को सबसे महत्वपूर्ण पुरस्कार के लिए जाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, वह पुरस्कार जो वास्तव में उस व्यक्ति को मिलता है यह लंबे समय तक चलता रहता है और वह पुरस्कार हमारे अद्भुत यीशु को यह कहते हुए सुनना है "शाबाश, अच्छे और वफादार सेवक। प्रभु के आनंद में प्रवेश करें।" वह अंतिम दिन कैसा दिन होगा। इसका लाभ उठाएं!

आगे के विचार

1. यीशु के साथ चलने में आपकी सबसे बड़ी चुनौतियाँ क्या हैं? क्या आपने कभी उन्हें नाम दिया है और उन्हें स्वीकार किया है?
2. क्या आपके जीवन में अच्छे ईमानदार लोग हैं जिन पर आप भरोसा करते हैं और जिनके प्रति आप वास्तव में जवाबदेह हो सकते हैं?
3. क्या आज आपके जीवन में कोई गहरा पाप है जिसे आप जानते हैं कि आपको यीशु के पास लाने और पश्चाताप करने की आवश्यकता है? क्यों न अभी यह मौका लिया जाए और फिर अपने आस–पास कुछ अच्छे मसीहियों को अपने साथ प्रार्थना करने के लिए बुलाया जाए।

डॉ रेचल जॉर्डन–वुल्फ

होप टूगेदर

उठो और चलते रहो

काश एक बात मुझे पता होती जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया... उठो और आगे बढ़ते रहो!

30 साल पहले मैंने जॉर्ज वर्वर को बात करते हुए सुना था जब उन्होंने युवाओं से विश्व प्रचार के लिए प्रतिबद्ध होने का आव्हान किया था। उन्होंने हमें एक चुनौती दी और मैंने खुद को उस चुनौती के लिए प्रतिबद्ध किया और 30 साल बाद भी मैं प्रतिबद्ध हूं। मैंने उनकी पुस्तक रिवोल्यूशन ऑफ लव (प्रेम की क्रान्ति) पढ़ी और चुनौती की नकल की। तो यह वह एक बात है जो किसी ने मुझे बताई थी जिससे मुझे मदद मिली जिसे मैं आपके साथ साझा कर रही हूं...

> "मैं आपको विश्व में प्रचार के इस महान कार्य में परमेश्वर के लिए मैराथन धावक बनने की चुनौती देती हूं। और जब आप नीचे गिर जाएं, तो फिर से उठ जाएं, और दौड़ में वापस आ जाएं और दौड़ना शुरू कर दें। जब तुम हार जाओ, जब तुम गिर जाओ, उठो! जैसे ही आपको लगे कि आपका हाथ जमीन को छू रहा है, उठ जाएँ! और आपको पता चलेगा कि किसी दिन, अब से बीस या तीस साल बाद, मेरी तरह, आप अभी भी दौड़ में भाग रहे हैंय कभी–कभी थके हुए, कभी–कभी घायल, लेकिन फिर भी यीशु मसीह के लिए प्रयासरत रहते हैं। आइए परमेश्वर के राज्य और विश्व भर में सुसमाचार प्रचार के लिए एक साथ आगे बढ़ें।"

जॉर्ज के शब्दों से मुझे मदद मिली। यह कभी–कभी गलत हो जाएगा, आपको यह कठिन लगेगा, लेकिन बड़ा रहस्य यह है कि उठो और आगे बढ़ते रहो, और आप भी, 30 वर्षों के समय में, उसी महान चुनौती और संदेश को पारित करने में सक्षम होंगे। यह चलते रहना मायने रखता हैः क्या आप ऐसा करेंगे?

या प्रेरित पौलुस के शब्दों में, उसने कहा कि वहः

> "...उस पदार्थ को पकड़ने के लिये दौड़ा चला जाता हूँ, जिसके लिये मसीह यीशु ने मुझे पकड़ा था। ... जो बातें पीछे रह गई हैं उनको भूल कर, आगे की बातों की ओर बढ़ता हुआ, निशाने की ओर दौड़ा चला जाता हूँ, ताकि वह इनाम पाऊँ जिसके लिये परमेश्वर ने मुझे मसीह यीशु में ऊपर बुलाया है।"
>
> **फिलिप्पियों 3:12–14**

आगे के विचार

1. सुसमाचार प्रचार में कौन सी चुनौतियाँ हमें गिरा सकती हैं?
2. जब हम गिरा दिए जाएं तो हम फिर से कैसे उठ खड़े हों?
3. हम यह कैसे सुनिश्चित करें कि हम दृढ़ रहें और 30 वर्षों तक इसी आशा का प्रसार कर पाएं?

सैमी जाबांगवे

प्रचारक और रिकॉर्डिंग कलाकार

लोग, संख्याएँ नहीं

एक बात जो काश मैं तब जानती जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया... यह संख्याओं के बारे में नहीं है, यह लोगों के बारे में है।

जब से मैं पहली बार मसीही बनी हूं, मेरे आस–पास के लोगों के साथ यीशु का सुसमाचार साझा करने का मेरा जुनून और भी मजबूत हो गया है और आज मैं द मैसेज ट्रस्ट के लिए सोलबॉक्स नामक एक बैंड में काम करती हूं, और सुसमाचार को साझा करने के लिए युवा लोगों के साथ पूरे यू.के. के स्कूलों में जाती हूं।

जब मैं पहली बार सोलबॉक्स में शामिल हई, तो मुझे अपने बैंड के सहकर्मियों को सुसमाचार का प्रचार करते हुए देखना याद है, और हर बार, कई युवा प्रतिक्रिया देते थे और यीशु पर भरोसा करते थे – यह बहुत रोमांचक था! एक दिन मेरी बारी थी। हम 20 युवाओं के साथ सुसमाचार साझा करने के लिए एक युवा समूह में गए, और मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित थी कि जब मैंने सुसमाचार साझा किया तो परमेश्वर क्या करने वाला था – बस कल्पना कर रही थी कि युवाओं का पूरा समूह उत्सुकता से वहाँ उसी समय यीशु को अपने जीवन में स्वीकार कर रहा है। अपनी बात समाप्त करने के बाद, मैंने प्रतिक्रिया आमंत्रित की और सिर्फ एक व्यक्ति ने अपना हाथ ऊपर उठाया।

मैंने इंतजार किया... और इंतजार किया... तब मुझे एहसास हुआ कि उस रात कोई और जवाब नहीं देने वाला था। मैं बहुत निराश हो गई और बहुत निराश होकर घर चली गयी।

मैंने उस शाम अपने सलाहकार को फोन किया जिन्होंने उत्सुकता से मुझसे पूछा कि यह सब कैसा था। मैंने उसे उस युवा व्यक्ति के बारे में बताया जिसने जवाब दिया, “वाह, यह अद्भुत है, परमेश्वर की स्तुति करो! यह कितना बढ़िया है?” वह बहुत खुश थी, और इसने मुझे वास्तव में उस एक व्यक्ति को बचाने के लिए परमेश्वर की स्तुति करने की चुनौती दी।

मेरे सलाहकार ने मुझे उन दृष्टांतों की याद दिलाई जो यीशु ने लूका 15 में साझा किए थे। जैसे ही मैंने इस अध्याय को पढ़ा, मुझे स्वर्ग में जो कुछ हो रहा था उसकी वास्तविकता दिखाई देने लगी क्योंकि एक युवा व्यक्ति ने सुसमाचार का जवाब दिया: परमेश्वर और स्वर्गदूत आनंद मना रहे थे क्योंकि अभी कुछ अविश्वसनीय घटित हुआ था! एक युवा व्यक्ति जो एक बार मर चुका था और खो गया था, अभी–अभी जीवित हुआ था और यीशु में पाया गया था!

उस रात मुझे पता चला कि यह संख्याओं के बारे में नहीं है, यह लोगों के बारे में है। वे लोग, जो यीशु को जानने से पहले एक बिंदु पर हमारे जैसे थे, स्वयं को मरा हुआ और अपने पाप में खोया हुआ पाते हैं। यह सुसमाचार अच्छी खबर है कि, यीशु में, हम पाप से बचाए जा सकते हैं।

हमें जीवन और आशा की परिपूर्णता में लाया जा सकता है जो उसमें पाई जाती है।

आइए हम ऐसे लोग बनें जो सुसमाचार को यह जानते हुए साझा करते हैं कि यह लोगों को मसीह की बचाने वाली सामर्थ्य तक लाने के लिए है। आइए हम भी स्वर्ग की तरह आनंद मनाएँ जब हम देखें कि एक भी अनमोल व्यक्ति यीशु के लिए हाँ कहे और घर वापस आए।

> “...एक मन फिरानेवाले पापी के विषय में परमेश्वर के स्वर्गदूतों के सामने आनन्द होता है।”
>
> **लूका 15:10**

आगे के विचार

1. हम सुसमाचार प्रचार की सफलता का मूल्यांकन कैसे करते हैं?
2. क्या हमारे जीवन में कोई सलाहकार या कोई है जो हमें चुनौती देगा और हमारी स्थिति पर सच बोलेगा?
3. जब हम केवल एक व्यक्ति के विश्वास में आने के बारे में सुनते हैं तो क्या हम आनन्दित होते हैं और खुशी मनाते हैं?

लिजी बर्क

सिटी गॉस्पेल मूवमेंट्स

मैं अकेली नहीं हूं जो संघर्ष करता हूं

एक बात जो काश मैं तब जानती जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया... अपने विश्वास को साझा करने के लिए संघर्ष करने वाली मैं अकेली नहीं हूँ।

वर्षों से मैं अपने विश्वास को साझा करने के बारे में घबराहट महसूस करती रही हूँ। मुझे चिंता है कि मैं लोगों को असहज या रक्षात्मक बना दूंगी, और मुझे लगता है कि अगर मैं लोगों को बता दूं कि मैं यीशु का अनुसरण करती हूं, तो मुझे लोगों के सभी कठिन सवालों से तुरंत निपटना होगा। यह सब अक्सर मुझे शर्माकर दूर हटने पर मजबूर कर देती है।

क्या आपको भी ऐसा महसूस हुआ है?

मुझे लगता है कि मुझे काफी लंबे समय तक ऐसा महसूस हुआ क्योंकि मुझे लोगों को बचाया हुआ देखने का दबाव महसूस हुआ, और मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि मैं केवल सुसमाचार को और अधिक साझा करने का अभ्यास करके अपना आत्मविश्वास बढ़ा सकती हूं!

बचाने का दबाव महसूस होना

सुसमाचार–प्रचार का मतलब यह था कि यह सुनिश्चित करना मुझ पर था कि जिस व्यक्ति से मैं बात कर रही थी उसने यीशु के बारे में सुन लिया, और अगर मैं अपने विश्वास को साझा करने के लिए पर्याप्त साहस नहीं जुटा पा रही थी, तो मुझे अपने कंधों पर उसके शाश्वत भाग्य का भार महसूस करना चाहिए। वाह! दबाव के बारे में बात करें।

जब हम उस दबाव को अपने कंधों पर डालते हैं, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हम घबराहट महसूस करते हैं और शायद ही कभी अपने विश्वास को साझा करने का अभ्यास करते हैं। क्या सुसमाचार प्रचार को इसी तरह से महसूस करना चाहिए: असमर्थ लोगों के लिए एक असंभव मिशन?

जब हम लोगों को बचाने में परमेश्वर का किरदार निभाने की कोशिश करते हैं तो सुसमाचार प्रचार असंभव लगता है। जब हम यह समझ लेते हैं कि हमारी भूमिका केवल परमेश्वर ने हमारे लिए जो कुछ किया है उसे साझा करना है और "बचाने" का काम उस पर छोड़ देना चाहिए, तो सुसमाचार प्रचार बहुत आसान हो जाता है। मुझे वह वचन बहुत पसंद है जो कहता है:

> "हे सिय्योन, मत डर, तेरे हाथ ढीले न पड़ने पाएँ। तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे बीच में है, वह उद्धार करने में पराक्रमी है।"
>
> **सपन्याह 3:16–17**

यहाँ बचाने का कार्य कौन करता है? परमेश्वर करता है... और वह आज भी करता है!

परमेश्वर ने हमें उसका गवाह बनने का सामर्थ्य दिया है। शत्रु चाहता है कि हम विश्वास करें कि परमेश्वर हमें अकेले, खाली हाथ और एक शक्तिहीन संदेश के साथ भेज रहा है। लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि शत्रु जानता है कि सत्य इसके विपरीत है (लूका 24:46–49)।

अभ्यास सिद्ध बनाता है

अपने विश्वास को साझा करने को एक कौशल के रूप में देखना भी सहायक हो सकता है जिसे हम अभ्यास करके विकसित करते हैं। निश्चित रूप से, कुछ लोग सुसमाचार साझा करने में हमसे अधिक स्वाभाविक लग सकते हैं, लेकिन ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि उन्होंने हमसे कहीं अधिक अभ्यास किया है।

अपने काम के माध्यम से, मैं बहुत से पास्टरों और सेवकाई के अगुवों से बात करती हूँ। और अंदाजा लगाइये क्या? उनमें से अधिकांश को अपने विश्वास को साझा करने में कठिनाई होती है – विशेष रूप से अपने परिवार और दोस्तों के साथ आमने–सामने की बातचीत में। मुझे लगता है कि तथाकथित "पेशेवर मसीहियों" के लिए भी प्रचार करना आसान नहीं है। अपने आप से पूछें: आप किसके साथ घिरे रहते हैं और क्या आप ऐसे किसी व्यक्ति को जानते हैं जो लगातार और स्वाभाविक रूप से अपना विश्वास साझा करता है? मैं अपने आप को कुछ और लोगों से घेरने की कोशिश कर रही हूं जो अक्सर अपना विश्वास साझा करते हैं क्योंकि मेरा मानना है कि जिनके आसपास मैं रहती हूं मैं उन लोगों की तरह ही बन जाती हूं।

यदि आपको “परमेश्वर ही है जो बचाता है” और “आप सिद्ध हुए बिना भी अपने विश्वास को साझा करने का अभ्यास कर सकते हैं” जैसे साधारण बातों से अधिक याद दिलाने की आवश्यकता है, तो आपको यह जानना सहायक हो सकता है कि अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता में आप अकेले नहीं हैं। क्या आप जानते हैं कि प्रेरित पौलुस भी सुसमाचार साझा करते समय घबरा गया था? हाँ, यह सच है।

जब सुसमाचार प्रचार की बात आई तो आधे नये नियम के उत्साही और प्रतिभाशाली लेखक के पेट में गुदगुदी होने लग गईं। इसीलिए उसने अपने दोस्तों से कहा “मेरे लिये भी प्रार्थना किया करो कि मुझे बोलने के समय ऐसा प्रबल वचन दिया जाए कि मैं साहस के साथ सुसमाचार का भेद बता सकूँ” (इफिसियों 6:19)। जब आप डरे हुए हों, तो क्या आपके पास ऐसे दोस्त हैं जिनसे आप संपर्क कर सकें?

मुझे आशा है कि अब आप जान गए होंगे कि आप अकेले नहीं हैं जो यह महसूस कर रहे हैं कि अपना विश्वास साझा करना वास्तव में कठिन है। वास्तव में, इस शिविर में संभवतः मसीहियों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन मैंने यह लेख यह कहने के लिए नहीं लिखा कि अगर हम यहां रहने पायें तो परमेश्वर ठीक है...परमेश्वर ने हमें बचाया और भेजा है कि हम जाएं! और मैंने देखा है कि जितना अधिक मैं अपना विश्वास साझा करती हूँ, उतना ही अधिक मैं अपना विश्वास साझा करना चाहती हूँ। मेरे परिवार और दोस्तों को मेरी अपेक्षा से अधिक विश्वास और यीशु के बारे में बात करने के लिए निडर देखना बेहद उत्साहजनक रहा है – मुझे बस अपना मुंह खोलकर निडरता से गैर–निर्णयात्मक तरीके से विश्वास के बारे में स्पष्ट प्रश्न पूछने की जरूरत थी।

आप क्या कहते हैं? आइए बाहर निकलें और अभ्यास करें। बातचीत करने के लिए दबाव महसूस करने के बजाय, आइए उस बातचीत में शामिल होने की खुशी का अनुभव करें जो परमेश्वर पहले से ही हमारे आसपास के लोगों के साथ कर रहा है।

आगे के विचार

1. यदि परमेश्वर ही लोगों को बचाता है, हमें नहीं, तो यह हमारे विश्वास को साझा करने के प्रति हमारे मनोभाव को कैसे बदलता है?
2. किस प्रकार डर हमें यीशु के बारे में बोलने से रोकता है?
3. क्या हमारे जीवन में ऐसे कोई लोग हैं जो सुसमाचार साझा करने में विशेष रूप से अच्छे हैं जिनके साथ हम अधिक समय बिता सकते हैं?

लुइज कार्डोसो एडवांस समूहों के प्रमुख

मेरा दर्द उसकी महिमा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है

एक बात जो काश मैं तब जानता जब मैंने सुसमाचार साझा करना शुरू किया... सबसे गहरा संघर्ष सबसे शक्तिशाली गवाही बन सकता है।

मुझे याद है जब मैंने पहली बार अपना जीवन यीशु मसीह को दिया था और विश्वास के साथ चलना शुरू किया था – वे सभी किताबें जो मैं पढ़ रहा था और वे सभी कहानियाँ जो लोगों ने मुझे सुनाईं, वे बहुत असाधारण थींय उन्होंने मुझे परमेश्वर की सामर्थ्य के सामने बहुत प्रोत्साहित और आश्चर्यचकित किया।

हालाँकि, समय के साथ, वह सारा उत्साह एक गहरे एहसास में बदल गया कि मैं अपर्याप्त और धोखेबाज दोनों था। मुझे लगा कि हालाँकि मैं उपदेश दे रहा था और यीशु के साथ एक गहरा रिश्ता बना रहा था, क्योंकि मेरे संघर्ष और दर्द अभी भी वैसे ही थे, मैं निश्चित रूप से एक धोखेबाज और एक असफल मसीही था।

मेरे लिए सबसे निचला बिंदु तब हुआ जब मैं एक बस दुर्घटना में घायल हो गया जब मैं धर्मशास्त्र में डिग्री के लिए अध्ययन करने के लिए खुद को पंजीकृत करने जा रहा था।

बस चालक को गाड़ी चलाते समय नींद आ गई और

वह सड़क के किनारे रुके एक ट्रक से टकरा गई। परिणामस्वरूप, लगभग 40 लोगों की जान चली गई, जिनमें मेरा सबसे अच्छा दोस्त भी शामिल था।

उस दुर्घटना के बाद मेरे पास इस बात का कोई जवाब नहीं था कि चीजें उस तरह से क्यों घटित हुईं, और इसके कारण मैं कई वर्षों तक निराशा और घबराहट के दौरों से जूझता रहा। मैं आवश्यक उपचार ले रहा था, लेकिन हालात में सुधार नहीं हो रहा था और मेरे जीवन में परमेश्वर की बुलाहट और सेवकाई काफी दूर होती गया; मुझे और भी भरपूर रीति से महसूस हो रहा था कि मैं एक धोखेबाज और एक छिछला मसीही हूं।

चीजें बदलनी शुरू हुईं, तब नहीं जब मैं पूरी तरह से ठीक हो गया या आजाद हो गया, बल्कि तब जब मैं एक सम्मेलन में प्रचार करने गया, और मैं अपनी असफलताओं और संघर्षों के बारे में ईमानदार था। हालाँकि वहाँ लोग अद्भुत कहानियाँ और प्रशंसाएँ साझा कर रहे थे, मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ और यह साझा किया कि मेरे लिए वहाँ रहना भी कठिन था, लेकिन मुझे विश्वास था कि परमेश्वर मेरे साथ है और इससे उबरने में मेरी मदद करेगा।

मुझे लोगों के चेहरों पर वह प्रतिक्रिया याद है जब सम्मेलन के सारे उत्साह और प्रेरणा ने इस वास्तविकता को बदल दिया था कि उपदेशक संकट में था। मैंने सोचा कि यह अन्य सम्मेलनों में साझा करने और प्रचार करने के लिए अगले हर निमंत्रण का अंत होगा। हालाँकि, उस जगह पर कुछ हुआ और मुझे लगा कि लोगों ने जो मुखौटे पहने हुए थे उनमें दरारें दिखाई देने लगीं। अगुवों के रवैये में बदलाव आया और मैंने वास्तविक लोगों को देखा जो अपने जीवन में कठिनाइयों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उस दिन प्रार्थना स्थल पर अगुवों की भीड़ उमड़ पड़ी – विकास की नवीनतम तकनीक के बारे में सुनने के लिए नहीं, बल्कि परमेश्वर से उपचार और सहायता प्राप्त करने के लिए।

इन वर्षों में, मैं यह गिनती भूल गया हूँ कि मैंने कितने लोगों को परमेश्वर द्वारा मदद करते और उन्हें ठीक करते देखा है। निराशा, घबराहट के दौरे और आत्मघाती विचारों से पीड़ित लोग लगभग हर हफ्ते मेरे पास आते हैं, इसलिए नहीं कि मैं इस विषय पर सबसे अच्छा विद्वान हूं, बल्कि इसलिए कि मैंने उन चीजों को झेला है और क्योंकि मैं अभी भी उनसे निपट रहा हूं, इसलिए वे जानते हैं कि वे मेरे साथ ईमानदार हो सकते हैं।

याद रखें कि परमेश्वर आपका उपयोग करेगा, और यद्यपि आप उन संघर्षों और पीड़ाओं से परिभाषित नहीं हैं जिनका आप सामना करते हैं, वह उनका उपयोग अन्य लोगों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए करेगा कि वह अच्छा है और उनके दर्द और उनके संघर्ष के बीच में वह मौजूद है।

याद रखें कि प्रेरित पौलुस ने 2 कुरिन्थियों 12:9 में क्या लिखा है:

> “पर उसने मुझ से कहा, “मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है।” इसलिये मैं बड़े आनन्द से अपनी निर्बलताओं पर घमण्ड करूँगा कि मसीह की सामर्थ्य मुझ पर छाया करती रहे।”

आगे के विचार

1. आज आप कौन से मुखौटे का उपयोग कर रहे हैं जो आपको अपने जीवन की वास्तविकता को साझा करने से रोक रहा है?

2. क्या आपको अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद या सहायता की आवश्यकता है? क्या आपने यह जरूरत किसी के साथ साझा की है?

3. आज आप जिस संघर्ष का सामना कर रहे हैं उसमें “मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है” का क्या मतलब है?

एडवांस ब्लॉग

सुसमाचार प्रचार क्या है?

बेन जैक, एडवांस के वैश्विक प्रमुख

अपने परिवार के साथ पहेली का खेल खेलने के लिए जीवन में हताशा का एक विशेष स्तर होता है, जहां, आपके डैनियल डे–लुईस के आसपास अभिनय करने के बावजूद, वे अभी भी अनुमान लगाते रहते हैं, सिवाय इसके कि आप क्या बताने की कोशिश कर रहे हैं।

अपने आस–पास के लोगों तक सुसमाचार का संचार करना कभी–कभी उतना ही निराशाजनक लग सकता है जितना कि अपने परिवार को "जुरासिक पार्क!" चिल्लाने के लिए प्रेरित करना, जबकि आप एक वेलोसिरैप्टर (डायनासोर) की तरह बगीचे के चारों ओर घूमते हैं। लेकिन मसीही प्रचार का मतलब यह नहीं है कि कौन दुनिया में हमारे श्यीशु के कार्योंश को उनके लिए सुसमाचार के रूप में सही ढंग से समझ सकेगा। सुसमाचार आत्मगत "अच्छी" खबरों के संचार से कहीं अधिक है; अच्छी सलाह की पेशकश से भी अधिकय मसीही धर्म की मार्केटिंग से भी अधिक।

सुसमाचार प्रचार में हमें जिन थोड़ी बहुत निराशाओं का अनुभव हो सकता है, उनसे उबरने में मदद करने का एक तरीका यह है कि हम खुद को याद दिलाएं कि सुसमाचार प्रचार वास्तव में क्या है। ऐसा करने में हमारी मदद करने के लिए, आइए सुसमाचार प्रचार की अवधारणा, विशिष्टता और अभ्यास का पता लगाएं।

सुसमाचार प्रचार की अवधारणा

"सुसमाचार प्रचार" शब्द का मूल अर्थ अच्छी खबर की घोषणा करना है। ऐतिहासिक रूप से यह विचार अक्सर शाही घोषणा की "अच्छी खबर" से जुड़ा हुआ था:

> एक नए राजकुमार का जन्म हुआ है।
>
> युद्ध के मैदान में एक जीत हासिल हुई है।
>
> हमारे महान राजा के सम्मान में राष्ट्रीय उत्सव का एक नया दिन मनाया जाएगा।

इन दिनों हमें अपनी अच्छी ख़बर पाने के लिए किसी शाही घोषणा की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है, हम हर दिन किसी भी चीज और हर चीज के बारे में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर "अच्छी खबर" के उद्घोषक बनकर प्रचार करते हैं।

- मैंने अभी–अभी मॉल में नई जगह पर एक अद्भुत चीजबर्गर खाया है!
- मेरी खेल टीम ने हमारे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत हासिल की!
- लिपस्टिक का यह शेड मुझ पर बहुत अच्छा लग रहा है!
- मुझे अभी नया आईफोन (पचेवदम) मिला है!

लेकिन ये घोषणाएँ (चाहे जितनी भी अच्छी हों) यीशु मसीह की खुशखबरी से कम हैं। जब सुसमाचार की बात आती है तो पता चलता है कि हमने अभी तक शाही घोषणाएँ पूरी नहीं की हैं। सुसमाचार स्वर्ग के सिद्ध राज्य से एक शाही घोषणा है जिसे पूरी सृष्टि में घोषित किया जाना है।

> शांति के राजकुमार का जन्म हुआ है और उसका नाम यीशु है।
>
> क्रूस पर पाप और मृत्यु पर विजय प्राप्त हुई है।
>
> पुनर्जीवित प्रभु के माध्यम से उत्सव का एक नया और अनंत दिन संभव है।

सुसमाचार प्रचार की विशिष्टता

मसीही प्रचार कम से कम इन तीन तरीकों से अच्छी खबर की घोषणा के अन्य सभी रूपों से अद्वितीय है:

1. इसकी सार्वभौमिकता

जिसे हम "अच्छा" घोषित करते हैं उसका भारी बहुमत

वास्तव में व्यक्तिपरक है। पहले के दो उदाहरणों को लें: चीजबर्गर एक शाकाहारी (या गाय) के लिए अच्छी खबर नहीं है, और प्रतिद्वंद्वी टीम जो हार गई वह खेल परिणाम में आपके उत्साह को साझा नहीं करेगी।

लेकिन सुसमाचार हर जगह, हर समय सभी लोगों के लिए अच्छी खबर है (भजन 96)। यह सत्य है जो मानवता को उस परमेश्वर के साथ रिश्ते में पुनर्स्थापित करता है जिससे हम दूर भागे थे। सुसमाचार के प्रत्युत्तर में सभी लोग परमेश्वर की ओर लौट सकते हैं, उसकी क्षमा को जान सकते हैं और उसकी उपासना करने के लिए स्वतंत्र हो सकते हैं।

2. इसका परिणाम

सुसमाचार न केवल हर किसी के लिए अच्छी खबर है, बल्कि यह हर किसी के लिए सबसे महत्वपूर्ण खबर भी है। सुसमाचार के अलावा कुछ और भी हो सकता है जिसका आप वैश्विक "अच्छी खबर" के रूप में दावा कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, हमारे महासागरों में प्लास्टिक को कम करना सभी लोगों के लिए अच्छी खबर हो सकती है, यह सुनिश्चित करना कि हमारा ग्रह रहने और बढ़ने के लिए एक स्वस्थ स्थान है। और फिर भी, बहुत से लोग अपने जीवन में काम पर इस अच्छी खबर को दिन–ब–दिन ध्यान नहीं देंगे (पेपर स्ट्रॉ का उपयोग करने के प्रभाव को छोड़कर जो कि मैकडॉनल्ड्स मिल्कशेक में स्पष्ट रूप से अनउपयुक्त है)।

लेकिन सुसमाचार किसी भी इंसान के लिए अपने जीवन के किसी भी क्षण में प्राप्त करने और जानने के लिए सबसे महत्वपूर्ण समाचार है क्योंकि यह वह विशेष तरीका है जिसके द्वारा कोई व्यक्ति मृत्यु से जीवन की ओर बढ़ सकता है (1 कुरिन्थियों 15:1–3; 20–22) . पुत्र को प्रभु मानकर उस पर विश्वास करने के अलावा पिता तक पहुंचने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है (यूहन्ना 14:6; रोमियों 10:9)।

3. इसकी सामर्थ्य

मार्केटिंग शक्तिशाली (और अनिवार्य) हो सकता है। आपका आहार तभी गड़बड़ा सकता है जब टीवी पर डोरिटोस (मसालेदार चिप्स) का विज्ञापन आपकी इच्छाशक्ति को चरम सीमा से आगे धकेलता है। सच्चाई यह है कि मार्केटिंग विशेष रूप से हमारी भावनाओं, चाहतों और जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है क्योंकि यह हमें उन चीजों को संतुष्ट करने के लिए कुछ आकर्षक प्रदान करती है।

लेकिन मसीही सुसमाचार प्रचार लोगों को हमारा उत्पाद चुनने के लिए बाध्य करने का प्रयास नहीं है। सुसमाचार प्रचार हमारे होठों और जीवन के द्वारा आत्मा की सामर्थ्य से यीशु के बारे में एक प्रस्तुति है। लोगों की भावनाओं, चाहतों और जरूरतों का शोषण करने के बजाय, हम उस व्यक्ति को ऊंचा उठाना चाहते हैं जो उन्हें पूरा कर सकता है। सुसमाचार में शक्ति है जो – अपने आवश्यक सत्य में और इसके माध्यम से परमेश्वर कैसे कार्य करता है; दोनो तरह से – हमारे मृत दिलों को पुनर्जीवित करके हमें उन लोगों में बदल देता है जिनके लिए हम सृजे गए थे (इफिसियों 4:22–24)।

सुसमाचार प्रचार का अभ्यास

यदि वैचारिक रूप से सुसमाचार प्रचार अच्छी खबर की एक शाही घोषणा है, और विशिष्ट रूप से यह यीशु मसीह के बारे में शक्तिशाली, जीवन बचाने वाली और जीवन बदलने वाली खबर की घोषणा है, तो अभ्यास में यह कैसा दिखाई देगा?

हमारे सुसमाचार प्रचार को अनेक तरीकों से कार्यान्वित किया जा सकता है। मित्रों और परिवार को समय के साथ धीरे धीरे बताना; किसी अजनबी के लिए प्रार्थना करना; एक मंच से भीड़ को उपदेश देना; बाइबल देने के माध्यम सेय बातचीत जो व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करने के साथ–साथ चलती है; अतिथि सत्कार का अभ्यास... सूची बढ़ती ही जाती है। लेकिन किसी भी अभिव्यक्ति में, सुसमाचार प्रचार के लिए हमेशा पवित्र आत्मा के कार्य करने की आवश्यकता होती है, केवल इसलिए कि उद्धार की सामर्थ्य केवल परमेश्वर की है (रोमियों 1:16)। सुसमाचार प्रचार की एक सरल परिभाषा जो मैंने सुनी है वह यह है कि पवित्र आत्मा द्वारा पहले से ही एक व्यक्ति के साथ हो रही बातचीत में शामिल होना। इसके साथ–साथ, सुसमाचार प्रचार को प्रेम से प्रेरित किया जाना चाहिए – परमेश्वर के प्रेम के प्रति हमारी प्रतिक्रिया जिसने पहले हमसे प्रेम किया, और जो हमारे माध्यम से दुनिया को वही प्रेम प्रदान करता है (1 यूहन्ना 4:10–12)। इन दो महत्वपूर्ण वास्तविकताओं से परे, व्यवहार में सुसमाचार प्रचार कुछ हद तक निम्नलिखित तीन चीजों पर केंद्रित होगा।

1. शब्द

जबकि सुसमाचार प्रचार में कार्य और चमत्कार वांछनीय हैं, शब्द आवश्यक हैं (रोमियों 10:14)। कई मसीही कभी भी दुनिया के साथ "पहेली युक्त सुसमचार प्रचार" से आगे

नहीं बढ़ पाते हैं, यह आशा करते हुए कि अकेले उनके कार्यों से लोग यह सब कुछ समझने में सक्षम होंगे और उत्तर के रूप में यीशु को पाएंगे। लेकिन शब्दों के बिना हम लोगों को वह जानकारी देने में संघर्ष करेंगे जो उन्हें यह जानने के लिए जरूरी है कि यीशु ही प्रभु है, कि पश्चाताप की आवश्यकता है, और यह कि परमेश्वर को केवल एक काल्पनिक भावना के रूप में नहीं बल्कि उसके चरित्र के अनुसार जाना जा सकता है जैसा कि बाइबल में बताया गया है। सुसमाचार को हमें अवश्य जानना चाहिए और फिर अपने आस–पास के लोगों को शब्दों के माध्यम से स्पष्ट रूप से बताना चाहिए ताकि वे स्वयं जान सकें और तदनुसार प्रतिक्रिया दे सकें।

2. काम

हम कार्यों के बारे में ऐसा सोच सकते हैं कि हम दुनिया में संदेश का प्रचार करने से पहले यीशु को "दिखाने" के लिए कुछ करते हैं। लेकिन सुसमाचार प्रचार में हमारे लिए काम करने का प्राथमिक तरीका स्वयं परमेश्वर के कार्य हैं। ऐतिहासिक रूप से (सुसमाचार), वर्तमान में (हमारे जीवन में उनके कार्य की गवाही), और जो आने वाला है (आने वाले राज्य की सुनिश्चित आशा)।

ऐसा कहा जा रहा है कि, दुनिया में काम भी हमारी गवाही का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं क्योंकि वे आज हमारे अंदर और हमारे माध्यम से काम करते हुए परमेश्वर को प्रकट करते हैं। इस तरह हम दुनिया के साथ अपने व्यवहार और बातचीत में परमेश्वर के चरित्र और इच्छा के प्रतिनिधि बन सकते हैं – सुसमाचार का अस्तित्व और कार्य करना – व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करना और कामों में परमेश्वर के प्यार को दिखाना, ये सभी हमारे द्वारा साझा किए जाने वाले संदेश की अखंडता की पुष्टि करते हैं (2 कुरिन्थियों 5:20)।

3. चमत्कार

भले ही आप करिश्माई परिदृश्य में किसी भी स्तर पर बैठे हों, हमें इस बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि परमेश्वर आज भी सबसे बड़ा चमत्कार कर रहा है – उद्धार। मृत मानव हृदयों का उपचार और पुनरुत्थान हमारे संदेश की सामग्री और परिणाम दोनों है और यह एक चमत्कार है जिसे हमें आश्चर्य के साथ घोषित करना चाहिए। इसके साथ–साथ, हमें बुद्धिमानी से परमेश्वर के लिए मन खुला रखना चाहिए जो चमत्कारी तरीकों से आगे बढ़ रहा है – उपचार, ज्ञान के शब्द, मुक्ति आदि के द्वारा – हमारे माध्यम से जैसा कि वह उन लोगों के लिए जिनके पास हम पहुंचते हैं; खुद को प्रकट करने के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त समझता है (प्रेरितों 14:3)।

जब हम सुसमाचार प्रचार की पहेली के टुकड़ों को एक साथ रखते हैं – कलीसिया में शिष्यों को बनते और परिपक्व होते देखने के वांछित परिणाम को ध्यान में रखते हुए – "सुसमाचार प्रचार क्या है?" हम इस प्रश्न का उत्तर इस प्रकार दे सकते हैं:

> सुसमाचार प्रचार पवित्र आत्मा द्वारा यीशु मसीह के बारे में अच्छी खबर की सशक्त उद्घोषणा (शब्द आवश्यक; कार्य और चमत्कार वांछनीय) है, इस आशा में कि लोग उस पर परमेश्वर के रूप में भरोसा कर सकें, पिता परमेश्वर के खिलाफ अपने विद्रोह से दूर हो सकें और आज उसके साथ बहाल रिश्ते में (जिसे उसकी आत्मा द्वारा और उसके कलीसिया में परिपक्वता तक लाये गए) सच्चे जीवन को जान सकें और हमेशा के लिए उसके अनंत राज्य में जानेंगे।

चर्चा के लिए प्रश्न

1. आप इस अवधारणा से अपरिचित किसी व्यक्ति से सुसमाचार प्रचार की व्याख्या कैसे करेंगे?
2. सुसमाचार के अन्य कौन से तत्व मसीही सुसमाचार प्रचार के लिए विशिष्ट हैं?
3. शब्द आवश्यक हैं, लेकिन कार्य और चमत्कार हमारे प्रचार में कैसे भूमिका निभाते हैं?
4. जब हम संसार को खुशखबरी सुनाने का प्रयास करते हैं तो हमारे सामने आने वाली कुछ चुनौतियों और निराशाओं में सुसमाचार प्रचार की परिभाषा की स्पष्टता कैसे मदद कर सकती है?

advancegroups.org/blog पर अधिक ब्लॉग सामग्री प्राप्त करें

एडवांस ब्लॉग

"लेगो" की शक्ति

डॉ. डेसमंड हेनरी, निदेशक, ग्लोबल नेटवर्क ऑफ इवेंजलिस्ट्स

अचंभा अचंभा! एक और शब्द है जो चर्चा में है "लेगो" और इसे बड़े मसीही शब्दकोश में जोड़ा जा सकता है। मसीही अगुवों, पास्टरों और मिशनरियों के साथ बातचीत में इस शब्द का कई बार उपयोग करने के लिए मैं स्वयं दोषी हूं।

लेकिन इस शब्द का क्या मतलब है?

मेरे संगियों के बीच अपने "लेगो" को भूल जाने का अर्थ; मसीह के महान उद्देश्य के लिए और कलीसिया में या किसी सहयोगी परियोजना में एकता की खातिर अपने कीमती प्रतीक चिह्न और अहंकार को अलग रखने की अगुवों की इच्छा को संदर्भित करता है। यह एक अच्छा वाक्यांश है और उस मूलभूत सत्य की एक आवश्यक चेतावनी है जिसका हम सभी पालन करते हैं – परमेश्वर का राज्य हमारे छोटे राज्यों के जोड़ने से अधिक महत्वपूर्ण है! परमेश्वर का राज्य स्थायी है! परमेश्वर का नाम और प्रसिद्धि हमारे सभी प्रयासों का अंतिम लक्ष्य बनना चाहिए।

एडवांस आंदोलन एक अद्भुत आंदोलन है जो इस वाक्यांश के पीछे के सिद्धांत को अपनाता है, फिर भी यह एक ऐसा आंदोलन है जो "प्रतीक चिन्हों" का आनंद मनाता है – प्रत्येक संगठन, कलीसिया, मिशन एजेंसी, संस्थाओं और सेवकाइयों के पीछे की अनूठी कहानियां। हम एक साथ ज्यादा बेहतर हैं, और परमेश्वर यीशु के सुसमाचार को हर जगह, हर किसी तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का उपयोग करना चाहता है!

मैं दो महाद्वीपों पर दो एडवांस ग्रुप का नेतृत्व करता हूं: एक जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में और एक उत्तरी अमेरिका में (परोक्ष रूप से)। मैं इन समूहों के सदस्यों के रूप में मुलाकात के हर पल से प्रेम करता हूं और यह देखना एक खूबसूरत बात है कि प्रत्येक समूह अपने आप से जीवंत है। मेरे एडवांस ग्रुप में पास्टर, मिशनरी, कलीसिया संचालक, विश्वासी, सेमिनरी प्रोफेसर, गैर–लाभकारी संस्था के लीडर और ऐसे ही कई लोग शामिल हैं। हम सबको एक साथ क्या बांधता है? सुसमाचार, इस दृढ़ विश्वास के साथ कि सुसमाचार प्रचार एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है जिसे हमें अपने सांस्कृतिक क्षणों में तत्काल लागू करने की आवश्यकता है।

एडवांस ग्रुप का हिस्सा बनने से मेरे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है? एडवांस सरल है, यह एक आंदोलन है जो उच्च–जवाबदेही और कम–नियंत्रण को अपनाता है और यह व्यक्ति पर केंद्रित है न कि किसी विशेष ब्रांड या कार्यप्रणाली पर। यहां कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें एडवांस ने मेरे जीवन और सेवकाई को शिक्षित बनाया है:

समुदाय

अपना स्वयं का समूह शुरू करने से मुझे 10–12 अन्य लोग मिले हैं जो सुसमाचार के बारे में भावुक हैं और यह जीवन के सभी क्षेत्रों में काम कर रहा है। प्रार्थना, चरित्र, नम्रता, पवित्रता, समर्पण और अन्य विषयों पर होने वाली वास्तविक बातचीत से मुझे चुनौती मिलती है और मैं शिक्षित होता हूं।

संस्कृति

"सुसमाचार प्रचार" शब्द कठिन समय में आया है और मेरे संदर्भ में अधिकांश मसीही, लीडर और पास्टर शायद इस शब्द और इसके व्यावहारिक परिणाम को जितना स्वीकार करना चाहते हैं, उससे कहीं अधिक संघर्ष करते हैं। मुझे वास्तव में यह देखने में आनंद आया कि जैसे–जैसे हम नियमित रूप से सुसमाचार प्रचार के बारे में बात करते हैं, मेरे समूहों में सुसमाचार प्रचार के आसपास की संस्कृति बदलने लगी है।

खुशी मनाना

दु:ख की बात है कि मैं ऐसे कई पास्टरों को जानता हूं जो अक्सर दूसरे पास्टरों पर संदेह करते हैं और कभी–कभी उन्हें प्रतिस्पर्धी के रूप में भी देखते हैं। मैं हमारे समूह के भीतर प्रेम के प्रदर्शन पर और बनाए गए रिश्तों से अभिभूत

हूं, जिससे एकता की भावना और प्रत्येक व्यक्ति की बुलाहट और सेवकाई के प्रति गहरा सम्मान पैदा हुआ है। पौलुस ने इफिसियों 4:11 में जो सेवकाई व्यक्त किया है उसकी पूरी अभिव्यक्ति हमारे समूह में स्पष्ट है और इसने हमारे जीवन और सेवकाई को समृद्ध करने का काम किया है। मुझे यह एहसास हुआ कि जब हम इकट्ठा होते हैं और जब हम अपनी जीत का आनंद मनाते हैं और एक–दूसरे को चौंपियन/सर्वोत्तम बनाते हैं तो स्वर्ग में आनंद मनाया जाता है!

बुलाहट

हमारे समूह में जिस चीज ने शायद मुझ पर सबसे अधिक प्रभाव डाला है वह है हमारे समूह में स्वाभाविक रूप से बने रिश्तों के माध्यम से हमारी बुलाहट को आकार दिया जाना और उसका रूपांतरित होना। सदस्यों में से एक सदस्य नेतृत्व/सेवकाई कोच के रूप में कार्य करता है और वह हमारे समूह के सदस्यों से मिलने और उन्हें सेवकाई और जीवन की जटिलताओं से निपटने में मदद करने में सक्षम है। समूह का एक अन्य सदस्य एक सेमिनरी में है और उसे उस स्थान पर प्रचारकों की तैयारी की उपेक्षा न करने की चुनौती दी गई है जो अक्सर पास्टर की तैयारी के लिए आरक्षित होता है। हमारे समूह के एक अन्य सदस्य ने हमारे शहर में प्रचार और कलीसिया / स्थापना के काम मे मदद करने के लिए एक शहरव्यापी प्रार्थना आंदोलन शुरू किया है। एक अन्य सदस्य ने अपना आधा समय विशेष रूप से पूरे अफ्रीका में प्रचार के काम में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दिया है, जबकि वह अभी भी अपने स्थानीय कलीसिया परिवार से जुड़ा हुआ है। क्या यह उत्साहजनक है? भरपूर रीति से है! और ये तो सिर्फ शुरुआत है।

एक प्रचारक सेवकाई में एक लीडर के रूप में, मैं आपको यह नहीं बता सकता कि मेरे एडवांस ग्रुप का नेतृत्व करना और इन स्थानीय अभिव्यक्तियों में सुसमाचार प्रचार के आसपास की संस्कृति को बदलते हुए देखना कितना अद्‌भुत समृद्ध अनुभव रहा है। कल्पना कीजिए कि क्या इस तरह का अनुभव फैल सकता है और आदर्श बन सकता है! विश्व स्तर पर वस्तुतः हजारों एडवांस समूहों के प्रभाव की कल्पना करें जब हम अपने 'लेगो' को एक तरफ रख देते हैं और यहां पृथ्वी पर उसके गौरवशाली साम्राज्य का निर्माण करते हैं! यह इसके योग्य है! आंदोलन में शामिल हों और अपना स्वयं का समूह शुरू करें!

advancegroups.org/blog पर अधिक ब्लॉग सामग्री प्राप्त करें

परिशिष्ट

अपने विश्वास को साझा करने और सुसमाचार को साझा करने के बीच अंतर

हम “अपने विश्वास को साझा करना” और “सुसमाचार को साझा करना” शब्दों का परस्पर उपयोग करते हैं और फिर भी, वे स्पष्ट रूप से भिन्न हैं – और प्रशंसनीय – गतिविधियाँ हैं।

आइए देखें कि इन दो प्रकार के “साझाकरण” को क्या अलग बनाता है और यह अंतर केवल शब्दार्थ के खेल से अधिक क्यों है।

अपना विश्वास साझा करना यीशु में विश्वास की आपकी अपनी समझ और अनुभव के बारे में एक व्यक्तिगत प्रतिबिंब है। जब आप अपना विश्वास साझा करते हैं तो आप यह समझा सकते हैं कि यीशु पर भरोसा करना आपके लिए क्यों मायने रखता है, यीशु ने आपके जीवन में क्या किया है और इससे दिन–ब–दिन क्या फर्क पड़ता है (जिसे हम आम तौर पर गवाही कहते हैं), जिसके अस्तित्व के प्रकाश में आपको जो आशा है परमेश्वर और यीशु का पुनरुत्थान और, आपकी आस्था की समझ और अनुभव का उन लोगों के अनुभवों से संबंध, जिनसे आप बात करते हैं, या उनके द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में। अपने विश्वास को साझा करना, सर्वोत्तम रूप से, किसी के लिए यह सुनने, देखने और जांच करने का आमंत्रण है कि यीशु मसीह में विश्वास आपके जीवन में कैसा दिखता है (और संभवतः उनके लिए इसका क्या अर्थ हो सकता है)।

दूसरी ओर, सुसमाचार को साझा करने का अर्थ है यीशु मसीह के बारे में अच्छी खबर की कहानी, परमेश्वर कौन है, उसने दुनिया में क्या किया है और दुनिया के लिए इसका क्या अर्थ है, इसके बारे में सच्चाई के सिद्धांतों को समझाना है। यह रचनाकार और रचना की, रिश्ते और विद्रोह की कहानी है; यीशु के जीवन, सेवकाई, मृत्यु, पुनरुत्थान, स्वर्गारोहण और वापसी के बारे में। यह

पश्चाताप का निमंत्रण है – अपने विद्रोह को त्यागकर विशेष रूप से यीशु पर प्रभु के रूप में भरोसा करके और उसकी पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के अनुसार जीवन जीने के द्वारा परमेश्वर के साथ रिश्ते में वापस आना।

क्या आप इन दोनों चीजों में अंतर देखते हैं? सुसमाचार को साझा किए बिना अपना विश्वास साझा करना संभव है। स्टीफन कोलबर्ट की क्लिप में हम यही देखते हैं, जो बिना किसी महत्वपूर्ण सुसमाचार सामग्री के व्यक्तिगत विश्वास यात्रा की अभिव्यक्ति है। हालाँकि लोग सुसमाचार की कमी पर रोना–पीटना कर सकते हैं, पर यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि विश्वास साझा करना अक्सर यीशु में विश्वास की दिशा में किसी व्यक्ति की यात्रा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि विश्वास–साझाकरण इतना अस्पष्ट हो सकता है कि यह वास्तव में लोगों को हमारी आशा के स्रोत और सच्चाई के बारे में गुमराह करता है।

अपने आप में अपना विश्वास साझा करना तकनीकी रूप से सुसमाचार प्रचार (अच्छी खबर की घोषणा करना) नहीं है क्योंकि यह खुद अच्छी खबर की घोषणा नहीं करता है, बल्कि केवल एक व्यक्ति के जीवन में अच्छी खबर के प्रभाव की घोषणा करता है, जो अभी भी एक महत्वपूर्ण

और शक्तिशाली चीज है अभिव्यक्त करना। अच्छी खबर को अधिक स्पष्ट रूप से सुनने और समझने की दिशा में एक प्रारंभिक कदम के रूप में, यह "पूर्व–प्रचार" किसी व्यक्ति की यात्रा में गहराई से महत्वपूर्ण हो सकता है (और अध्ययनों से हमें पता चला है कि जब लोग व्यक्तिगत रूप से एक मसीही को जानते हैं तो यीशु मसीह में व्यक्तिगत विश्वास आने की संभावना बहुत अधिक होती है, और यह निश्चित रूप से इसलिए नहीं है क्योंकि उनका मसीही मित्र उनसे केवल सुसमाचार के स्पष्ट सिद्धांतों के बारे में बात करता है!)।

इसके विपरीत, आप अपना विश्वास साझा किए बिना सुसमाचार साझा कर सकते हैं। विश्वास के आपके व्यक्तिगत अनुभवों के बावजूद, अच्छी खबर के तत्व हमेशा सत्य हैं और रहेंगे। सुसमाचार की सामर्थ्य किसी व्यक्ति की विश्वास यात्रा की विश्वसनीयता में नहीं पाई जाती है, बल्कि इसके आवश्यक और अपरिवर्तनीय सत्य में पाई जाती है – वह सत्य जो लोगों को स्वतंत्र कर देगा (यूहन्ना 8:32)। हालाँकि, सुसमाचार अक्सर सबसे अधिक प्रेरक होता है जब इसके प्रभावों को परिवर्तन के संदेश के रूप में घोषित करने वाले के जीवन में ज्ञात किया जाता है (2 कुरिन्थियों 5:17)।

जो उपयुक्त है... वह यह है कि लोगों के पास सुसमाचार के अपरिवर्तनीय सत्य से उनके आज के जीवन तक संबंध बिंदु हों, जिससे दुनिया में गवाही के माध्यम से शब्द में स्पष्टता लाने में मदद मिले। इस कारण से हम बुद्धिमानी से और प्रेमपूर्वक अपना विश्वास साझा करेंगे।

लेकिन जो आवश्यक है... वह यह है कि लोग उद्धार का मार्ग जानें: परमेश्वर के साथ शांति, पश्चाताप और यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम से आज और अनंतकाल के लिए सच्चा जीवन जानें। इस कारण से हमें सुसमाचार साझा करना चाहिए।

यदि आप किसी को अपना विश्वास साझा करते हुए देखते हैं, तो चाहे उनका छोटा या बड़ा मंच और प्रभाव कोई भी हो, प्रोत्साहित हों। विश्वास–साझा करना एक महान कदम है, इसलिए यदि इसमें पर्याप्त सुसमाचार सामग्री न हो तो घबराएं नहीं। किसी व्यक्ति के जीवन में विश्वास के संपर्क में आने का एक महत्वपूर्ण क्षण क्या हो सकता है, उसके लिए धन्यवाद दें ताकि जब अंततः सुसमाचार की घोषणा की जाए तो इसे सुनने वाले के जीवन में अधिक प्रामाणिक रूप से समझा जा सके।

प्रार्थना करें कि सुसमाचार को साझा करने का अवसर साहस और स्पष्टता के साथ सही समय पर लिया जाए। जहां भी आप कर सकते हैं, उन लोगों को प्रोत्साहित करें जिन्होंने इसकी भूमिका के बारे में अपना विश्वास साझा किया, साथ ही हमारे रास्ते में आने वाले सुसमाचार के अवसरों के लिए अपनी आँखें खुली रखें और उन्हें हथियाने के लिए आवश्यक साहस पाने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना करें।

हमें अपने प्रति ईमानदार रहना चाहिए। यदि हम अपने मसीही जीवन में श्गवाही देनेश पर टिक करके विश्वास–साझा करने पर समझौता कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में कभी किसी को सुसमाचार व्यक्त नहीं करते हैं, तो हम वास्तव में सच्चे अर्थों में सुसमाचार के गवाह नहीं बन रहे हैं, और हम संभवतः लोगों की सबसे अधिक आवश्यकता को पेश करने की उपेक्षा कर रहे हैं – हमारे विश्वास की नहीं, बल्कि सुसमाचार की सामर्थ्य के माध्यम से यीशु मसीह में उनके विश्वास की, जिससे हम शर्मिंदा नहीं हैं (रोमियों 1:16)।

अंत में, यह कहने लायक है कि पवित्र आत्मा यहां उल्लिखित प्रक्रिया से कहीं अधिक गतिशील है। हम उस पर भरोसा करते हैं कि वह हमारे द्वारा की जाने वाली सभी साझेदारी में हमारा नेतृत्व करेगा और हमें किसी भी अवसर पर सही तरीके से प्रतिक्रिया देने की बुद्धि देगा। यह सुसमाचार का सत्य है जो लोगों को आत्मा की सामर्थ्य से मुक्त करता है और इसलिए हम जीवन से अच्छी खबर को स्पष्ट रूप से साझा करने का संकल्प लेते हैं जो हमारी चल रही कहानी में इसके प्रभाव से सुसमाचार की सामर्थ्य और आशा की गवाही देते हैं।

संपूर्ण जीवन की गवाही – शब्द और कर्म से विश्वास और सुसमाचार का आदान–प्रदान।

प्रश्न

1. आपके पास हर दिन अपना विश्वास साझा करने के क्या अवसर हैं?
2. अपने विश्वास को साझा करने और सुसमाचार को साझा करने के बीच अंतर को समझना क्यों महत्वपूर्ण है?
3. कुछ लोगों को सुसमाचार की तुलना में अपना विश्वास साझा करना आसान क्यों लगता है, और इसके विपरीत भी?

परिशिष्ट

पॉडकास्ट और वीडियो संसाधन

आपके समूह समय के लिए एक अन्य उपयोगी संसाधन "एक्सप्लोरिंग इवैंजीलिजम मिथ्स" (सुसमाचार प्रचार के मिथकों की खोज) और "एडवांस पैशन" पॉडकास्ट हैं। ये पॉडकास्ट "वन थिंग" पॉडकास्ट की तुलना में थोड़े लंबे (एपिसोड 30 मिनट के) होते हैं, इसलिए आमतौर पर अपने समूह समय से पहले व्यक्तिगत रूप से सुनना और फिर चर्चा में एक साथ अपना समय बिताना सबसे अच्छा होता है।

सुसमाचार प्रचार मिथकों की खोज

यह पॉडकास्ट श्रृंखला सिटी गॉस्पेल मूवमेंट्स के सहयोग से है और सुसमाचार प्रचार के आसपास पांच आम मिथकों की पड़ताल करता है जो अक्सर लोगों को अपने विश्वास को साझा करने से रोकते हैं।

एपिसोड एक: सुसमाचार प्रचार अनुचित है

हम एक ध्रुवीकृत समाज में सुसमाचार कैसे साझा कर सकते हैं? क्या हम असहमत होने पर सहमत हो सकते हैं? और पवित्रशास्त्र में उचित सुसमाचार प्रचार कैसा दिखता है?

इस एपिसोड में हम प्रश्न पूछते हैं, "क्या सुसमाचार प्रचार उचित है?" यदि ऐसा नहीं है, तो क्या हमें सुसमाचार प्रचार करना चाहिए?

एपिसोड दो: पास्टर और बहिर्मुखी लोगों द्वारा सुसमाचार प्रचार सबसे अच्छा किया जाता है

हम सभी अपने आप को दूसरों के मुकाबले बड़ा बनाने में संघर्ष कर सकते हैं, भले ही बात हमारे विश्वास की हो। हमने विश्वासियों से उन लोगों का वर्णन करने के लिए कहा जो सुसमाचार प्रचार में सर्वश्रेष्ठ हैं। दो प्रतिक्रियाएँ बार–बार सामने आईं: पास्टर और बहिर्मुखी।

इस एपिसोड में हम इस विचार का पता लगाते हैं और पता लगाते हैं कि यह सच क्यों नहीं है।

एपिसोड तीन: सुसमाचार प्रचार आसान होना चाहिए

कुछ भी सार्थक करने के लिए समर्पण और अभ्यास की आवश्यकता होती है – भले ही हमारी कुछ गलत शुरुआत हो – और यह पहली बार में स्वाभाविक नहीं लगता है। सुसमाचार साझा करना समान है। हममें से बहुत से लोग महसूस करते हैं कि सुसमाचार प्रचार आसान होना चाहिए और फिर भी यह केवल कुछ विशेष लोगों के लिए आसान लग सकता है और बाकी लोगों के लिए असंभव रूप से कठिन हो सकता है! क्या कुछ लोगों के लिए सुसमाचार प्रचार हमेशा कठिन होगा या क्या ऐसे तरीके हैं जिनसे इसे आसान बनाया जा सकता है?

यह एपिसोड इन सवालों पर विचार करता है और साहस बढ़ाने वाली बातचीत के माध्यम से श्रोताओं को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है।

एपिसोड चार: सुसमाचार प्रचार एक क्षण के बारे में है

क्या आपने किसी कलीसिया सेवा या सुसमाचार प्रचार कार्यक्रम के दौरान उस क्षण का अनुभव किया है जब सभा में सन्नाटा छा जाता है और वक्ता सभी को अपना

सिर झुकाने, अपनी आँखें बंद करने और उद्धार प्रार्थना को पंक्ति दर पंक्ति दोहराने के लिए कहता है? इस तरह के क्षण आपके साथ जुड़े रहते हैं, लेकिन क्या सभी सुसमाचार प्रचार को निर्णय के एक एकल, शक्तिशाली क्षण तक ले जाने की आवश्यकता है? इस मानसिकता की ताकत क्या हैं? और हम यहाँ क्या भूल रहे हैं?

यह एपिसोड एक पल के बजाय एक यात्रा के रूप में सुसमाचार प्रचार के विचार को उजागर करता है।

एपिसोड पांचः कलीसियाओं में नियमित रूप से सुसमाचार प्रचार सम्मानित किया जाता है

कभी—कभी हमारे कलीसियाओं में हम स्वागत, उपासना गीतों, घोषणाओं, उपदेशों, भोज और अलविदा की लय में इतने खो जाते हैं कि हम रुकना और उन सभी अद्‌भुत चीजों पर विचार करना भूल जाते हैं जो परमेश्वर ने सप्ताह के दौरान हमारे जीवन में किये।

श्रृंखला का अंतिम एपिसोड एक—दूसरे के साथ नियमित रूप से इस बात को साझा करने की आवश्यकता की पड़ताल करता है कि परमेश्वर अपने असाधारण उद्देश्य के लिए आम लोगों के जीवन में कैसे काम कर रहा है।

चर्चा के प्रश्नों के साथ सभी एपिसोड evangelismmyths.com पर खोजें

एडवांस पैशन

एडवांस पैशन में सुसमाचार प्रचारकों और मसीही लीडरों के साक्षात्कार शामिल हैं जो जीवन में उनके जुनून पर चर्चा करते हैं – यह एक किताब, फिल्म, भोजन, जगह, शौक या बहुत कुछ हो सकता है – यह पता लगाना कि हम संस्कृति के बारे में जानकारी के जुनून से क्या सीख सकते हैं और हमारे चारों ओर की दुनिया, और हम सुसमाचार के लिए कनेक्शन बिंदु बनाने के लिए उस पैशन का उपयोग कैसे कर सकते हैं। इस पॉडकास्ट के एपिसोड फिल्माए गए हैं और इसलिए यूट्यूब पर देखने के साथ—साथ सभी अच्छे पॉडकास्ट प्लेटफार्मों पर सुनने के लिए भी उपलब्ध हैं।

परिशिष्ट

सुसमाचार के सिद्धांत

- आप कोई दुर्घटना नहीं हैं। आप परिपूर्ण और प्रेमपूर्ण परमेश्वर (पिता, आत्मा, पुत्र) द्वारा और उसकी छवि में बनाए गए हैं जो जीवन का स्रोत और निर्वाहक है (उत्पत्ति 1)।
- हम सभी ने अपने निर्माता की आज्ञाकारिता में जीने के बजाय, अपने तरीके से चलते हुए परमेश्वर को अस्वीकार (पाप) किया है। यही कारण है कि संसार टूटा हुआ और पीड़ा से भरा हुआ है। यह अन्याय परमेश्वर को दुःखी करता है, जो पाप को नजरअंदाज करके या क्षमा करके पाप को तुच्छ नहीं बनाता, बल्कि जो अपमान करता है उसे उचित दण्ड देता है (रोमियों 3:23)।
- एक बार जब हम परमेश्वर के खिलाफ विद्रोह कर देते हैं, ब्रह्मांड के राजा के खिलाफ विद्रोह का कार्य कर लेते हैं तो हम चीजों को ठीक करने में असमर्थ हो जाते हैं। परमेश्वर की अस्वीकृति स्वयं जीवन की अस्वीकृति है। हम अनन्त मृत्यु के साथ बचे हैं, जो जीवन को अस्वीकार करने और सही जीवन के लिए उसके मानक को तोड़ने के लिए परमेश्वर की सजा (ईश्वरीय न्याय) का प्राकृतिक उत्पाद है (रोमियों 6:23)।
- लेकिन परमेश्वर चाहता है कि कोई भी मृत्यु को ना जाने, क्योंकि वह स्वयं प्रेम है और हमारे साथ, अपने प्रिय बच्चों के साथ अनंत संबंध में रहना चाहता है। परमेश्वर ने अनुग्रहपूर्वक हमें बचाने के लिए एक बचाव अभियान चलाया है (1 तीमुथियुस 2:4–6)।
- परमेश्वर ने अपने पुत्र, यीशु मसीह को एक इंसान के रूप में दुनिया में भेजा, ताकि वह एक आदर्श मानव जीवन जी सके जिसने कभी भी पिता को अस्वीकार नहीं किया। यीशु को क्रूस पर मार दिया गया, हमारे विकल्प के रूप में कार्य करते हुए और परमेश्वर को अस्वीकार करने के लिए हम जिस मृत्यु के हकदार थे, उसे अपने ऊपर लेने का निर्णय लिया (यूहन्ना 3:16; रोमियों 3:23–25)।
- तीन दिन बाद, यीशु मृतकों में से जी उठे, जिससे पता चला कि मृत्यु का अभिशाप टूट गया है। नया जीवन केवल यीशु मसीह में विश्वास और पापों के लिए क्षमा की खोज के माध्यम से संभव है (नीतिवचन 28:13; इफिसियों 2:1–10; 1 यूहन्ना 1:7–9)।
- यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान से मेल–मिलाप, मुक्ति, प्रायश्चित (तुष्टीकरण) और बुराई की हार हुई। हमारे पापों का बोझ यीशु को दिया गया, और उसकी धार्मिकता का श्रेय हमें दिया गया। इस लेन–देन को प्रभावी बनाने के लिए हमारी ओर से एकमात्र आवश्यकता यह है कि हम यीशु पर परमेश्वर के रूप में भरोसा करें (विश्वास), और यह विश्वास करें कि परमेश्वर ने उसे मृतकों में से जिलाया। हम केवल विश्वास से ही बचाए जाते हैं। (मत्ती 20:28; रोमियों 10:9; 2 कुरिन्थियों 5:18–21; यूहन्ना 12:31; कुलुस्सियों 2:15)।
- अब हम अपने स्वर्गीय पिता के साथ पुनः स्थापित रिश्ते तक पहुंच सकते हैं। हमारे पास शांति है और हम उसके परिवार में अपनाये गये हैं। हम अपने पुराने जीवन के लिए मर जाते हैं और फिर से एक नए जीवन में जन्म लेते हैं। (लूका 9:23; कुलुस्सियों 1:20, 2:13–14; रोमियों 5:1–2; गलातियों 4:4–7)।
- यीशु स्वर्ग पर चढ़ गए, जहां उन्होंने पिता के दाहिने हाथ पर शासन किया, लेकिन उन्होंने विश्वासियों को पवित्र आत्मा का उपहार भेजा ताकि हमें जीवन की पूर्णता में आज्ञाकारी रूप से जीने के लिए सशक्त बनाया जा सके, और हमें उनकी खुशखबरी दुनिया से साझा करने में मदद मिल सके। हम अपने जीवन में आत्मा के कार्य द्वारा रूपांतरित होकर नई रचना – शिष्य – बन जाते हैं, जो फलदायकता की ओर ले जाता है। हम दुनिया में परमेश्वर के राजदूत के रूप में काम करते हैं, शांति के राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, शब्द और कर्म में यीशु की कहानी की सच्चाई के गवाह के रूप में सेवा करते हैं (मीका 6:8; प्रेरितों 1:8; 2 कुरिन्थियों 5:11–21; गलातियों 5:22–23).
- एक दिन, यीशु जीवितों और मृतकों का न्याय करने के लिए वापस आएगा। परमेश्वर का सिद्ध राज्य पुनः स्थापित किया जाएगा और हमारे प्यारे पिता के साथ अनन्त जीवन उन लोगों की प्रतीक्षा करेगा जो यीशु को प्रभु के रूप में मानते हैं। जो ऐसा नहीं करते, अनन्त मृत्यु (नरक) उनका इंतजार करती है। अच्छी खबर यह है कि किसी को भी अनंत काल तक नष्ट होने की आवश्यकता नहीं है, सभी यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम से, परमेश्वर के साथ संबंध में अनंत जीवन और आनंद को पा सकते हैं (1 कुरिन्थियों 15; प्रकाशितवाक्य 21:1–8; 22:1–5)।

परिशिष्ट

सुसमाचार की कथा

सभी चीजों से पहले, परमेश्वर स्वयं, पिता, आत्मा, पुत्र के साथ पूर्ण संबंध में अस्तित्व में था। परमेश्वर ने दुनिया बनाई और यह बहुत अच्छी थी, और उन्होंने मानव जाति के साथ एक अनोखा रिश्ता साझा किया। हम उसके, ब्रह्मांड के राजा और स्वयं जीवन के साथ परिपूर्ण जीवन के लिए बनाए गए थे! लेकिन परमेश्वर ने मानवता को खुद से प्रेम करने के लिए मजबूर नहीं किया, उन्होंने हमें खुद को चुनने दिया। इस स्वतंत्र इच्छा के साथ मानवता ने परमेश्वर को अस्वीकार करते हुए अपने रास्ते पर चलने का विकल्प चुना।

ब्रह्मांड के राजा को अस्वीकार करना बिना बराबरी के देशद्रोह है, जीवन के प्रति विद्रोह है। दुनिया में मौत, पीड़ा और दर्द का प्रवेश हुआ। मानवता अपने पूर्ण स्वर्गीय पिता से अलग होने के लिए अभिशप्त थी और उसके पास वापस लौटने का कोई रास्ता नहीं था। परमेश्वर विद्रोह को माफ नहीं कर सकता, क्योंकि उस कार्रवाई में कोई न्याय नहीं होगा। एक न्यायी और धर्मी परमेश्वर को किए गए अपराधों के लिए दंड की मांग करनी चाहिए। जिंदगी से बगावत की सजा मौत है.

लेकिन परमेश्वर ने दुनिया से इतना प्रेम किया कि उसने मानवता को मृत्यु से बचाने के लिए एक योजना शुरू की – ताकि हम उसके जीवन की संपूर्णता को जान सकें और हमेशा के लिए प्रेम कर सकें। परमेश्वर ने अपने पुत्र यीशु को परिपूर्ण मानव जीवन जीने के लिए दुनिया में भेजा, एक ऐसा जीवन जिसने कभी विद्रोह नहीं किया और परमेश्वर के खिलाफ किसी भी अपराध का दोषी नहीं बना। मानवता अपने विद्रोह के लिए जिस मृत्युदंड की हकदार थी, उसे लेने के लिए यीशु ने स्वेच्छा से क्रूस पर प्राण त्याग दिए और ऐसा करने में वह हमारा विकल्प बन गया। तीन दिन बाद वह जीवित हो उठा, क्योंकि वह परमेश्वर है और मृत्यु उसे रोक नहीं सकती। इस क्षण में मानवता के लिए न केवल परमेश्वर के विरुद्ध विद्रोह के लिए क्षमा प्राप्त करना संभव हो गया, बल्कि उस नए और अनंत जीवन में भाग लेना भी संभव हो गया जिसे यीशु ने संभव बनाया है। मृत्यु का अभिशाप टूट गया।

हमें बस यह विश्वास करने की जरूरत है कि यीशु वही है जो वह कहता है – दुनिया का क्रूस पर चढ़ाया गया और पुनर्जीवित उद्धारकर्ता, ब्रह्मांड का राजा – और उसे अपने जीवन का परमेश्वर बनाने का चयन करें। उन सभी के लिए उद्धार और जीवन है जो उस पर भरोसा करते हैं, और उसकी पवित्र आत्मा का सामर्थ्य हमें उस तरह का जीवन जीने में सक्षम बनाता है जिसके लिए हम बनाए गए हैं: ऐसा जीवन जो परमेश्वर की छवि को प्रकट करता है ताकि सभी सच्चे जीवन को जान सकें। यीशु पर भरोसा रखकर, हम अपने पुराने जीवन के लिए मर जाते हैं और नए जीवन में नये सिरे से जन्म लेते हैं। एक दिन यीशु वापस आएगा और उसका संपूर्ण राज्य पुनः स्थापित होगा। वो सभी जो उस पर भरोसा करते हैं, हमेशा उसके राज्य में रहेंगे, और इसलिए हमें दुनिया के साथ परमेश्वर के प्रेम को साझा करने के लिए बुलाया और मजबूर किया गया है ताकि सभी आज और हमेशा के लिए इस अनंत आशा को जान सकें।

परिशिष्ट

युवा सुसमाचार वर्तालाप (यूथ गॉस्पेल टॉक) के उदाहरण

एकः आप कोई दुर्घटना नहीं हैं!

बहुत से लोग यह सोचते रहते हैं कि वे एक ब्रह्मांडीय दुर्घटना है, कि वे यहां इसलिए हैं क्योंकि ब्रह्मांड शून्य से अस्तित्व में आया, और फिर हम किसी तरह कुछ अरब साल बाद यहां पहुंचे। लेकिन इसका कोई अर्थ नहीं निकलता, न ही यह बात कोई आशा देता है कि जीवन का क्या अर्थ हो सकता है!

बाइबल कहती है कि परमेश्वर हमेशा से अस्तित्व में है और उसने अपनी रचना – मानवता – के साथ अपना प्रेम साझा करने की इच्छा से दुनिया की रचना की है। तो आप कोई दुर्घटना नहीं हैं – आप परमेश्वर की रचना हैं, आपसे प्रेम किया गया है और आपका एक उद्देश्य है। परमेश्वर ने तय किया है कि आपके रहने से ब्रह्मांड बेहतर होगा, और इसीलिए आप यहां हैं!

दोः आप मुद्दे से चूक गए हैं!

समस्या यह है कि, जब लोग नहीं जानते कि परमेश्वर ने उन्हें बनाया है और वह उनसे प्रेम करता है, तो वे जीवन के पूरे अर्थ से चूक जाते हैं! परमेश्वर को जानने का मतलब जीवन को वैसे जीना है जैसे इसे जीना चाहिए – अपने रचयिता के साथ मित्रता में, एक प्रेमी, दयालु, कृपालु, अनुग्रहकारी, धैर्यवान और बुद्धिमान परमेश्वर के साथ संबंध में जीना। बाइबल परमेश्वर के बारे में एक आदर्श पिता के रूप में बात करती है, जो अपने बच्चों के लिए अच्छी चीजें चाहता है – वह आप और मैं हैं! लेकिन बाइबल हमारे बारे में यह भी कहती है कि हम विद्रोही बच्चे हैं, हम अपने पिता के प्रेम से दूर भाग गए हैं।

परमेश्वर को न जानना फुटबॉल (सॉकर) विश्व कप फाइनल की पिच पर दौड़ने जैसा है, लेकिन कोई लक्ष्य निर्धारित करने की जहमत नहीं उठा रहा... कोई भी गोल नहीं कर पाएगा, कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाएगा – ऐसा करना व्यर्थ होगा, बस लोग खेल के अंत तक इधर–उधर भागते रह जायेंगे।

तीनः आप एक संपूर्ण जीवन पा सकते हैं!

बाइबल हमें बताती है कि जब हम उस जीवन को अस्वीकार कर देते हैं जो परमेश्वर ने हमारे लिए दिया है, तो इस दुनिया में बुरी चीजें घटित होंगी क्योंकि हम सोचते हैं कि हम जानते हैं कि इस जीवन को उस पूर्ण परमेश्वर से बेहतर कैसे जीना है जिसने हमें बनाया है। चीजों को चलाने के हमारे कम आदर्श तरीके के परिणामस्वरूप एक कम आदर्श दुनिया बनेगी। बाइबल इसे पाप कहती है – जिसका अर्थ है कि हम जिस चीज के लिए बनाए गए हैं उसके उद्देश्य को खोना। पाप के बारे में सोचने का दूसरा तरीका स्वार्थ है। हम परमेश्वर के रास्ते के बजाय अपना रास्ता चुनते हैं। हम कहते हैं, "हे परमेश्वर, मैं तुमसे बेहतर हूं; मैं तुमसे ज्यादा जानता हूं; मुझे तुम्हारी जरूरत नहीं है; मैं तुमसे बेहतर परमेश्वर हो सकता हूं।" जिस अव्यवस्थित दुनिया में हम रहते हैं उसे देखने के लिए हमें केवल टी.वी पर समाचार लगाना है, और यह उन लोगों का परिणाम है जो मुद्दे को भूल रहे हैं, अपने लिए जी रहे हैं, या अपने प्रेमी पिता परमेश्वर जो जीवन का स्रोत है उसके अलावा किसी और चीज के लिए जी रहे हैं। दुनिया में हम जो भी पीड़ा, अन्याय और अराजकता देखते हैं, वह इसलिए मौजूद है क्योंकि हमें लगता है कि हम परमेश्वर से बेहतर जानते हैं – हमने उसे अस्वीकार कर दिया है।

यह अस्वीकृति हमारे – दोष युक्त और विद्रोही लोगों – और सारी सृष्टि के सिद्ध परमेश्वर के बीच एक बाधा डालती है। जब हम परमेश्वर को अस्वीकार करते हैं तो हमारे कार्यों के परिणाम होते हैं। यदि आप अपने शिक्षकों के विरुद्ध जाते हैं और स्कूल में नियम तोड़ते हैं तो आपको हिरासत में लिया जा सकता है, जो गलत चुनाव करने का नकारात्मक परिणाम है। लेकिन जब हम अपने रचयिता परमेश्वर के खिलाफ जाते हैं तो परिणाम हमारे व्यवहार को सही करने के लिए कोई साधारण सजा नहीं होते हैं, ये परिणाम प्राकृतिक वास्तविकता होते हैं जो हमारे कार्यों के परिणाम होते हैं। परमेश्वर को अस्वीकार करने में हम

जीवन को अस्वीकार करते हैं और यदि आप जीवन को अस्वीकार करते हैं तो आपके पास क्या बचता है? मौत।

लेकिन परमेश्वर नहीं चाहता कि आप मरें, उसने आपको उसके साथ रिश्ते में जीवन भर के लिए बनाया है। बाइबल हमें बताती है कि परमेश्वर ने हमारे द्वारा पैदा की गई समस्या को ठीक करने के लिए कुछ किया है, उसने अपने पुत्र यीशु को इस संसार में भेजा – मानव रूप में परमेश्वर – आदर्श मानव जीवन जीने के लिए, जो हमें दिखाता है कि हमें कैसे जीना चाहिए, और हमारी अस्वीकृति का स्वयं पर परिणाम क्या होगा।

हमें अनंत जीवन में लेने के लिए यीशु को उस मृत्यु को अपने ऊपर लेने के कारण क्रूस पर मार दिया गया जिस मृत्यु को हमने तब चुना था जब हमने परमेश्वर को अस्वीकार कर दिया था। हालाँकि, यहाँ एक आश्चर्यजनक समाचार भी है, तीन दिन बाद वह जीवित हो गया!

लोग कह सकते हैं, "क्या तुम पागल हो? कोई मनुष्य मृत्यु से वापस जीवन में कैसे आ सकता है?" लेकिन याद रखें, यीशु परमेश्वर हैं और परमेश्वर जीवन हैं – मृत्यु उसे रोक नहीं सकती! बाइबल कहती है कि यदि आप प्रभु के रूप में यीशु में उसके प्रेम और विश्वास से दूर भागने के लिए परमेश्वर से क्षमा मांगते हैं – इसका मतलब है कि हम अपने लिए जीवन की अपूर्णता और उथल–पुथल के बजाय जिस परिपूर्ण परमेश्वर के लिए जीने के लिए बनाए गए हैं – जिस मृत्यु को हमने चुना था हम उससे आगे यीशु के साथ सच्चे जीवन में बढ़ सकते हैं, आज और अनंत काल तक स्वर्ग मेंरू परमेश्वर के पूर्ण राज्य में।

(उड़ाऊ पुत्र की कहानी यहां इस बिंदु तक कही गई हर बात को स्पष्ट करने के लिए बताई जा सकती है, एक प्यारे पिता से दूर भागना, एक उथल–पुथल में समाप्त होना, और घर वापस लौटने पर यह महसूस करना कि हमें उम्मीद से बेहतर स्वागत मिलना। हमें बेटे और बेटियों के रूप में सभी आशीषों और विशेषाधिकारों के साथ वापस स्वागत किया गया है।)

चारः आपके जीवन की हॉट सीट पर कौन है?

क्या आपके घर में आपकी कोई पसंदीदा कुर्सी है? जहां कोई और बैठ जाए और टीवी का सबसे अच्छा दृश्य देख ले तो आप नाराज हो जाते हैं? हमारे जीवन में एक सिंहासन है – एक सिंहासन जिससे हम शासन करते हैं और अपने अस्तित्व पर राज करते हैं। हम किसी और को इस सिंहासन पर बैठने, अपने जीवन पर शासन करने की अनुमति नहीं देना चाहते। हम परमेश्वर से कहते हैं, "हे परमेश्वर, तू मेरे जीवन की हॉटसीट पर नहीं बैठ सकता, उसे मैं नियंत्रित करना चाहता हूं!"

लेकिन परमेश्वर हमसे इतना प्यार करता है कि वह चाहता है कि हम उस सच्चे जीवन को जानें जिसके लिए उसने हमें बनाया है, हमारी मदद करे, हमारा मार्गदर्शन करे, हमारे दिल के सिंहासन पर बैठे जहां उसका अधिकार है। परमेश्वर को उसके उचित स्थान पर रखने का अर्थ है कि हम वास्तव में उसके प्रेम में पूर्ण हो सकते हैं, ताकि हम वास्तव में जी सकें।

हममें से बहुत से लोग इस बात को लेकर भ्रमित हैं कि जीवन क्या है। आपमें से कुछ लोग निराशा, खुद को नुकसान पहुंचाने, खान–पान संबंधी विकारों, अपनी पहचान को समझने जैसी समस्याओं से जूझ रहे होंगे। कुछ लोग दर्पण में जो देखते हैं उससे खुश नहीं हैं। कुछ लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं। आपको लगता कि आप कुछ भी सार्थक हासिल नहीं कर पाएंगे। आपमें से कुछ लोग अत्यधिक दुखी और तनावग्रस्त हैं। आपमें से कुछ लोग जीवन में हर चीज के बारे में बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं, और फिर भी कुछ कमी है जिस पर आप पहचान नहीं पा रहे...

(आप जो विचार प्रस्तुत कर रहे हैं उसे वास्तविक अनुभव से जोड़ने के लिए इस बिंदु पर एक संक्षिप्त गवाही का उपयोग कर सकते हैं।)

परमेश्वर के पास इन सभी वास्तविकताओं का उत्तर है, वह कहता है, "आप ऐसा इसलिए महसूस करते हैं क्योंकि आप वास्तव में जीवित नहीं हैं, आप जीवन की छाया, मात्र अस्तित्व का अनुभव कर रहे हैं। जिनके फेफड़ों में सांस है वे सभी अस्तित्व में हैं लेकिन इसका अंत केवल मृत्यु में होता है, आप जीवन के लिए बनाए गए थे और यह मेरे बेटे यीशु पर विश्वास करने और उसके लिए जीवन जीने में पाया जाता है।"

जीवन का उद्देश्य ना भूलो। परमेश्वर की ओर मुड़ें, उसे अस्वीकार करने के लिए क्षमा मांगें और वह आपको क्षमा कर देगा। उस पर विश्वास करके अपना प्रभु मानें और वह आपको दिखाएगा कि आप वास्तव में कौन हैं। वह तुम्हें भरपूर जीवन, वास्तविक जीवन देगा, और तुम्हें कभी मृत्यु का अनुभव नहीं होगा। जब आप इस जीवन में अपनी आखिरी सांस लेंगे तो आप पहले से कहीं अधिक जीवित होंगे क्योंकि आप अनंत काल तक उसके साथ रहेंगे। निश्चित

रूप से, इस जीवन में अभी भी चुनौतियाँ होंगी, जब आप यीशु का अनुसरण करेंगे तो आपकी हर सांसारिक समस्या तुरंत ठीक नहीं होगी – और आपको कुछ नई चुनौतियाँ भी मिल सकती हैं जो आपके अनुसरण करने के कारण आती हैं – लेकिन परमेश्वर आपकी मदद करेगा। वह आपको इस जटिल दुनिया में आपके लिए अपना जीवन जीने में मदद करने के लिए अपनी पवित्र आत्मा देगा। वह आपको अपने कलीसिया में ले आएगा, जो पूर्ण न होते हुए भी, पृथ्वी पर उसका परिवार है, जिसे आपको उसे और अधिक जानने में मदद करने, जीवन कठिन होने पर भी चलते रहने और दुनिया भर में उसके प्रेम और देखभाल को प्रकट करने में मदद करने के लिए रेखांकित किया गया है। आप फिर कभी पहले जैसे नहीं रहेंगे।

आप कोई दुर्घटना नहीं हैं, आपको एक पूर्ण परमेश्वर द्वारा किसी भी तुलना से बढ़कर प्रेम किया गया है। लेकिन परमेश्वर आपको उस पर भरोसा करने के लिए मजबूर नहीं करेगा। सच्चा प्रेम हमेशा एक विकल्प होता है। आपको इसे अपने लिए चुनना होगा. आप आज परमेश्वर की ओर लौट सकते हैं और उसके साथ रिश्ते में वास्तविक जीवन को जान सकते हैं।

आप क्या चुनेंगे?

प्रश्नः

1. इस प्रस्तुति में क्या अच्छा है?
2. क्या कोई कमी है?
3. इसे “युवा वार्ता” क्यों माना जा सकता है?
4. आप इस बातचीत को अन्य विशिष्ट श्रोताओं (उदाहरण के लिए एक छात्र बैठक, एक माँ और बच्चे का समूह, एक उच्च स्तर के व्यापारियों का दोपहर का भोजन, एक सेवानिवृत्ति समुदाय) के लिए कैसे अनुकूलित करेंगे?



परिशिष्ट

सुसमाचार की विधियाँ

मसीहियों के मन में सुसमाचार साझा करने को लेकर कई झिझक हैं, लेकिन शायद तीन बातें विशेष रूप से सामने आती हैं:

1. मनुष्य के भय से असमर्थ होना
2. कौशल या योग्यता की कमी के कारण असमर्थ होना
3. पाप या असफलता के कारण अयोग्य ठहराया जाना

क्या आप इनमें से किसी में स्वयं को जोड़कर देख सकते हो?

कलीसिया में इन मुद्दों पर प्रतिक्रिया अक्सर सुसमाचार व्याख्या की एक ऐसी विधि प्रस्तुत करने की रही है जो धीरे–धीरे और विचारपूर्ण बातचीत शुरू करना आसान बना देगी (मनुष्य का डर), सुसमाचार प्रचार कार्य को प्राप्त करने में मदद करेगी (कौशल), और सभी को जोम्मेदारी निभाने में मदद करेगी (बुलाहट या अयोग्यता)। यह विचार समझ में आता है: यदि हम एक पर्याप्त प्रभावी विधि प्रदान कर सकते हैं, तो इससे अधिक लोग सुसमाचार के संदेशवाहक बन सकेंगे।

विधि → संदेशवाहक → संदेश

फिर भी, जबकि यह दृष्टिकोण कुछ सकारात्मक परिणामों की ओर ले जा सकता है, प्रचार–प्रसार को सुसज्जित करना और प्रोत्साहन देना, जो रटने की पद्धति पर निर्भर करता है, को कभी भी आदर्श नहीं माना जाना चाहिए। सुसमाचार प्रचार की शक्ति किसी पद्धति में नहीं, बल्कि सुसमाचार के संदेश की सच्चाई में है।

हम संदेशवाहक के अवरोधों और दुनिया की अज्ञानता को ठीक करने में सक्षम होने के तरीके में बहुत अधिक सोच–विचार कर सकते हैं, जबकि इन चीजों को वास्तव में सुसमाचार के चमत्कार और सामर्थ्य द्वारा और दूत का जीवन में इसके स्पष्ट सत्य और काम में इसकी वास्तविकता द्वारा सबसे अच्छा संबोधित किया जाता है।

यह निश्चित है कि विधि उपयोगी है, लेकिन उसे अपना उचित स्थान खोजना होगा।

पुनः व्यवस्थित किया गया:

संदेश → संदेशवाहक → विधि

लियोनार्ड रेवेनहिल ठीक ही बताते हैं कि "सुसमाचार प्रचार का कोई भी तरीका तभी काम करेगा जब उसमें परमेश्वर मौजूद हो।" इससे मुख्य प्रश्न उठता है:

आप यह कैसे सुनिश्चित करते हैं कि परमेश्वर आपकी पद्धति में उपस्थित है? आप सुनिश्चित करें कि परमेश्वर संदेशवाहक में है।

और आप यह कैसे सुनिश्चित करते हैं कि परमेश्वर संदेशवाहक में है? आप सुसमाचार से ही संदेश शुरू करते हैं।

संदेश

हम सुसमाचार प्रचार में केवल इसलिए सुसमाचार से शुरुआत नहीं करते हैं कि हम इसे अच्छी तरह से समझ सकें और दुनिया को इसके बारे में बता सकें (यह उतना ही महत्वपूर्ण है)। हम इसके साथ शुरू करते हैं, इस पर

जोर देते हैं और बार–बार इस पर जोर देते हैं, क्योंकि इसकी सच्चाई के बिना व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से हमारे जीवन की रोशनी फीकी पड़ जाएगी।

जब हम सुसमाचार के माध्यम से बात करने, इसकी सच्चाई का पता लगाने, इसकी जटिलताओं पर संघर्ष करने, इसके आश्चर्य पर आश्चर्य करने, इसकी आशा में प्रसन्न होने, पश्चाताप करने के लिए इसके आमंत्रण का जवाब देने और इसकी वास्तविकता में जीने के लिए समय निकालते हैं, तो हम बदल जाते हैं। हमारा दिमाग इस बात को लेकर तेज हो जाता है कि सुसमाचार की गहराई को सरलता के साथ कैसे व्यक्त किया जाए। हमारा जीवन सुसमाचार के केंद्र में मौजूद व्यक्ति की छवि में परिष्कृत होता है। हमारा हृदय उन लोगों के लिए द्रवित हो जाता है जो अभी तक सुसमाचार नहीं जानते हैं।

सीधे शब्दों में कहें तो, सुसमाचार को गहराई से जानने में सबसे अच्छा प्रचार का साधन और प्रोत्साहन मिलता है। इसकी सच्चाई और सामर्थ्य से हम एक विधि द्वारा दिए गए संदेश वाले लोगों से बेहतर बन जाते हैं, हम संदेश का जीवित अवतार बन जाते हैं (2 कुरंथियों 5:17–21)।

संदेशवाहक

2019 की ऑस्कर नामांकित फिल्म 1917 दो सैनिकों की कहानी बताती है, जिन्हें प्रथम विश्व युद्ध की लड़ाई की अग्रिम पंक्ति में जीवन या मृत्यु का संदेश देने के लिए एक खतरनाक मिशन पर भेजा जाता है। ये संदेशवाहक सैनिक उन लोगों तक संदेश पहुँचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं जिन्हें इसे सुनने की जरूरत है, ताकि उन्हें किसी प्रकार मृत्यु से बचाया जा सके।

हम सुसमाचार के संदेशवाहकों के रूप में अपनी भूमिका को इसी तरह से देख सकते हैं, अपने कलीसिया की सुरक्षा से बाहर निकलकर अपने संदेश के साथ युद्ध के मैदान में जा रहे हैं (और वास्तव में दुनिया भर में कुछ लोगों के लिए सुसमाचार प्रचार में बहुत वास्तविक खतरे हैं)। लेकिन जहां यह संदेशवाहक की उपमा तब कम पड़ जाती है जब स्वयं संदेशवाहकों पर संदेश के प्रभाव में कमी होती है। 1917 में सैनिक पहले ड्यूटी के कारण संदेश देते थे, और फिर बाद में तात्कालिकता के कारण, यह जानते हुए कि इससे लोगों की जान बचाई जा सकती है। लेकिन संदेश का उन पर इन्सान के रूप में कोई प्रभाव नहीं पड़ता है; केवल वे मिशन हैं जो वे करते हैं।

जीवन और मृत्यु के संदेश के वाहक से कहीं अधिक, हम संदेश का जीवित अवतार हैं। यह परिवर्तनकारी है. वास्तव में, जैसे ही हम सुसमाचार के बारे में अपने ज्ञान और अनुभव और उसकी सच्चाई के प्रति समर्पण से बदल जाते हैं, हमें सुसमाचार प्रचार द्वारा प्रस्तुत किसी भी चुनौती को विधि से नहीं, बल्कि संदेश की सामर्थ्य से ही दूर करने की आशा होती है।

भय के कारण असमर्थ? शांति का सुसमाचार आपको स्वतंत्रता में जीने में सक्षम बनाए (2 तीमु 1:7)।

योग्यता की कमी के कारण असमर्थ? सुसमाचार का कर्ता आपको आपकी सीमाओं से परे सशक्त बनाए (2 कुरिन्थियों 12:9)।

पाप के कारण अयोग्य ठहराये गए? मुक्ति का सुसमाचार आपको परमेश्वर के साथ रिश्ते में पुनर्स्थापित करे और आपको उसके राज्य के उद्देश्य की पूर्ति के लिए योग्य बनाए (मत्ती 5:14–16)।

सुसमाचार आपको जीवित करे और आप उस जीवन को शब्द और कर्म में सुसमाचार की आशा के दूत के रूप में जियें।

विधि

बातचीत करने, संघर्ष करने और अपने लिए सुसमाचार को गहराई से जानने के लिए प्रतिबद्ध होने के बाद, हम अधिक उचित रूप से यह समझना शुरू कर देते हैं कि कौन से संसाधन उपलब्ध हैं और किसी भी संदर्भ में उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे करते हैं। स्पष्ट कर दें कि, यहां विधि का अर्थ सुसमाचार को समझाने या उसकी खोज करने का एक सरल तरीका है, न कि सुसमाचार प्रचार के भीतर की तकनीकों का इस्तेमाल जैसे कि प्रश्न पूछना, अच्छी तरह से सुनना, प्रार्थना करना आदि।

शुभ संदेश के तत्वों के माध्यम से किसी से बात करने का सबसे अच्छा तरीका हमेशा सुसमाचार का गहरा ज्ञान होगा – दिमाग और दिल से – ताकि किसी भी बातचीत में आप जान सकें कि सुसमाचार के अद्भुत सत्य से जिस व्यक्ति से आप बात कर रहे हैं उसके जीवन के बीच संबंध कैसे बनाया जाए। परमेश्वर के जीवित और सक्रिय वचन को उनके जीवन के लिए सत्य के रूप में प्रकट करना, ताकि हमारे मित्र, पड़ोसी, सहकर्मी या अजनबी किसी दिए गए तरीके के लक्ष्य के बजाय मनुष्यों के रूप में सुसमाचार प्राप्त कर सकेंय तब वे सुसमाचार को जीवन के संदेश के रूप

में देखेंगे क्योंकि वे इसकी सामर्थ्य से वास्तव में जीवित किसी व्यक्ति से बात कर रहे हैं।

इस सब को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित सुसमाचार विधियां विभिन्न संदर्भों में प्रचार के लिए शानदार साधन हो सकती हैं क्योंकि वे हमारे जीवन में पहले से मौजूद सुसमाचार की नींव पर आधारित हैं।

मैं कौन हूँ? – advancegroups.org

यीशु द्वार पर – jesusatthedoor.com

तीन वृत्त – विभिन्न यूट्यूब उदाहरण

4 बिंदु – The4Points.com

जीने के दो तरीके – twowaystolive.com

शब्दहीन किताब – letthelittlechildrencome.com

3, 2, 1: परमेश्वर की कहानी, संसार और आप – three-two-one-org

एक मिनट की गवाही – oasisworldministries.org

परिशिष्ट
अनुशंसित संसाधन

सुसमाचार के बारे में किताबें

रिकवरिंग द रियल लॉस्ट गॉस्पेल
डैरिल बॉक (बी एंड एच अकॅडमिक, 2010)

वाट इज द गॉस्पेल
ग्रेग गिल्बर्ट (क्रॉसवे, 2010)

द सिम्पल गॉस्पेल
बेन जैक (द मैसेज ट्रस्ट, 2018)

द किंग जीजस गॉस्पेल
स्कॉट मैकनाइट (जोंडरवन, 2016 संशोधित संस्करण)

सिम्प्ली गुड न्यूज
टॉम राइट (एस.पी.सी.के, 2015)

द क्रॉस ऑफ क्राईस्ट
जॉन स्टॉट, (आई.वी.पी, 2021 संस्करण)

नोइंग गॉड
जे. आई. पैकर, (हॉडर एंड स्टॉटन, 2005 संस्करण)

सुसमाचार प्रचार पर किताबें

स्टे सॉल्ट
रेबेका मैन्ले पिपर्ट (द गुड बुक कंपनी, 2020)

हाऊ टू टॉक अबाउट जीजस
सैम चान (जोंडरवन 2020)

इफ जीजस इज द एन्सर, व्हाट इज द क्वेश्चन
बेन जैक (इक्विपिंग द चर्च, 2021)

हाउ टू रिवाइव इवैंजीलिजम
क्रेग स्प्रिंगर (जोंडरवन, 2021)

द मास्टरप्लान ऑफ इवैंजीलिजम
रॉबर्ट कोलमैन (रेवेल, सेकेन्ड एडीशन, अब्रिज्ड 2006)

मॉडेल्स ऑफ इवैंजीलिजम
प्रिसिला पोप–लेविंसन (बेकर अकॅडमिक, 2020)

स्टोरी बेयरर
फिल नॉक्स (आईवीपी, 2020)

क्वेश्चनिंग इवैंजीलिजम
रैंडी न्यूमैन (क्रेगेल पब्लीकेशन, 2018)

इवैंजीलिजम
जे. मैक स्टाइल्स (क्रॉसवे, 2014)

ऑनेस्ट इवैंजीलिजम
रिको टाइस (द गुड बुक कंपनी, 2015)

पावर इवैंजीलिजम
जॉन विम्बर (हॉडर एंड स्टॉटन, रिवाइज्ड़ एडीशन, 2013)

इवैंजीलिजम एन्ड द सोवरेन्टी ऑफ गॉड
जे. आई. पैकर (आईवीपी, 2008)

अन्य धर्मों के साथ बातचीत करना

इनके साथ व्यवहार...
अन्य धर्मों से व्यवहार के बारे में गुड बुक कंपनी की लघु पुस्तकों की एक श्रृंखला।

ऑनलाइन और पाठ्यक्रम संसाधन

द बाइबल प्रोजेक्ट
bibleproject.com

द अल्फा कोर्स
alpha.org

क्रिश्चेनिटी एक्सप्लोर्ड
christianityeplored.org

द बाइबल कोर्स
biblesociety.org.uk

लाइफ इन 6 वर्ड्स (LI6W) **ऍप**
ऍपपल ऍप स्टोर और गूगल प्ले

टॉकिंग जीजस
talkingjesus.org

परिशिष्ट

रेखाचित्र: प्रचारक की भूमिका

चित्र.1 सुसमाचार प्रचारक को संसार और कलीसिया में सुसमाचार संदेश का प्रचार करने के लिए चुना गया है।



चित्र.2 प्रचारक को यह याद रखना चाहिए कि वे स्थानीय कलीसिया का हिस्सा हैं।



यह चित्र नए नियम के उन वचनों से कैसे संबंधित है जिनमें सुसमाचार प्रचारक शब्द का उपयोग किया गया है? प्रेरितों के काम 21:8 (फिलिप के संदर्भ के लिए प्रेरितों के काम 8:26–40 देखें), इफिसियों 4:11–13, 2 तीमुथियुस 4:1–5

परिशिष्ट

एक एडवांस ग्रुप शुरू करने के दस सरल कदम

1. गाइड से खुद को परिचित करें

एडवांस ग्रुप शुरू करने की प्रक्रिया में पहला कदम एडवांस ग्रुप सामग्री से खुद को परिचित करना है जो आपको हर सत्र और समग्र एडवांस यात्रा में मार्गदर्शन करेगा। सभी परिचयात्मक सामग्री और पहले कुछ सत्र पढ़ें ताकि आप सामग्री और चीजों के काम करने के तरीके से सहज हों।

2. प्रार्थना करें

प्रार्थना प्रत्येक समूह समय की कुंजी है और दुनिया में हमारे प्रचार का आधार है। जब आप एडवांस यात्रा में लोगों को आमंत्रित करने की तैयारी करते हैं, उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिनसे आप संपर्क करने वाले हैं, ताकि सही लोग इस साहसिक कार्य में आपके साथ शामिल हों। प्रत्येक सत्र से पहले, उसके दौरान और बाद में प्रार्थना करें, कि प्रभु आप में से प्रत्येक का मार्गदर्शन करें और उसे अपनी इच्छा के केंद्र तक ले जाएं और आपको विश्वासयोग्य जीवन और सेवा के लिए सशक्त बनाएंगे।

3. तय करें कि आप कैसे मिलेंगे

सामग्री से परिचित होने के बाद, तय करें कि आप अपने समूह से कैसे मिलना चाहेंगे। हर महीने सैकड़ों समूह शुरू होते हैं, जिनमें से अधिकांश महीने में एक बार लगभग दो घंटे के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं। लेकिन ऐसे कई समूह हैं जो जूम या किसी अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन मिलते हैं, या एक अलग दिनों या समयावधि में या ज्यादा घंटों के लिए मिलते हैं। वह समय–सारणी तय करें जो आपके समूह के लिए सबसे अच्छा काम करे और उसे आजमाएँ।

4. लोगों को आमंत्रित करें

उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें आप एक साधारण आमंत्रण और पहले सत्र को एक साथ आजमाने की निम्न–स्तरीय प्रतिबद्धता के साथ आमंत्रित करना चाहते हैं। एडवांस समूहों की कल्पना छह से बारह लोगों को शामिल करने के साथ की गई है, लेकिन यदि समूह आकार में बड़ा या छोटा होना आपके लिए काम करता है, तो आपके पास जितने भी हैं उसके अनुसार काम करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें।

हमें इसमें शामिल होने के लिए समूह के लीडरों या सदस्यों को हमारे साथ पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, हम ऐसा करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को एडवांस वेबसाइट के माध्यम से साइन अप करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं ताकि हम दुनिया भर में एडवांस ग्रुप के प्रसार के बारे में अधिक समझ सकें और आपको विशेष प्रचार संसाधनों, एडवांस सभाओं और आयोजनों के निमंत्रणों, पूरे आंदोलन से अद्भुत कहानियाँ, और यह आश्वासन कि हम आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं, से जोड़कर आपको यात्रा इस यात्रा के लिए प्रोत्साहित कर सकें।

5. एक आरंभ तिथि निर्धारित करें

पहले सत्र के लिए लोगों को एक विशिष्ट तिथि पर आमंत्रित करें लेकिन यदि आवश्यक हो तो स्थिति के अनुरूप बदलने के लिए तैयार रहें। शुरुआत में यह काफी मायने रखता है कि प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक तारीख तय करें और एक सत्र का एक साथ अनुभव करें। क्योंकि यदि लोग एडवांस यात्रा जारी रखना चाहते हैं, तो आप

सत्र एक के आखिर के हिस्से में इसके लिए योजना और भविष्य की तारीखें निर्धारित करने में सक्षम होंगे।

6. पहला सत्र चलाएँ

कितनी देर?

सत्र महीने में एक बार लगभग 2 घंटे के लिए योजनाबद्ध किए गए हैं। यह योजना एक समूह को सत्रों के बीच जो कुछ सीखा है उसे अभ्यास में लाने का समय देती है और डायरी को बैठक की प्रतिबद्धता से मजबूर नहीं करती है जो आशीष के बजाय बोझ बन जाती है। अंततः, हालांकि, यह प्रत्येक समूह को ही तय करना है कि उनके संदर्भ में उनके लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है।

कैसे प्रस्तुत करें?

एडवांस समूहों को अनौपचारिक और अत्यधिक वार्तालाप तरीके से काम करने के लिए योजनाबद्ध किया गया है, प्रत्येक सत्र की सामग्री और प्रवाह को बातचीत समूह शैली में अनुसरण करते हुए, चीजों को पटरी पर रखने के लिए लीडर/सुविधाकर्ता के सौम्य मार्गदर्शन के साथ। हालाँकि, कुछ समूह अधिक प्रस्तुतिकरण शैली में सामने से पढ़ाकर सत्र को अधिक औपचारिक बनाना पसंद करते हैं।

जवाबदेही के बारे में क्या ख्याल है?

एडवांस ग्रुप के पांच सिद्धांतों में से एक जवाबदेही है और यह तत्व हर सत्र में मौजूद होना चाहिए। हम प्रत्येक लीडर/सुविधाकर्ता को न केवल समूह के भीतर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समूह के प्रत्येक सदस्य को अपने स्थानीय कलीसिया समुदाय, पारिवारिक जीवन, चुनिंदा मित्रता आदि के माध्यम से, समूह से परे एक व्यक्तिगत सिद्धांत के रूप में, अपने मसीही जीवन में जवाबदेह बनने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। इरादा, जवाबदेही के साथ महत्वपूर्ण है।

हम कैसे संवाद करेंगे?

समूह सत्रों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण है; गवाही में बने रहने के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करने, नई जानकारी, प्रार्थना अनुरोध, प्रचार के अवसर इत्यादि साझा करने का एक तरीका है। ऐसा करने के कई तरीके हैं, लेकिन वाट्सऍप और फेसबुक ग्रुप सबसे लोकप्रिय हैं। प्रत्येक समूह को यह चुनने की स्वतंत्रता है कि कौन सा तरीका/प्लेटफॉर्म उनके लिए सबसे अच्छा काम करेगा।

हम कैसे जारी रखें?

पहला समूह सत्र प्रत्येक समूह सदस्य को अगले सत्रों के लिए तारीख और समय तय करने और ब्लॉक/सुनिश्चित करने के लिए कहने का सही अवसर है (यह सत्र के हिस्से के रूप में शामिल है)। आप पहले से कितनी तारीखें बुक कर सकते हैं इसकी कोई सीमा नहीं है, लेकिन अधिकांश समूह 6 महीने से एक साल आगे के लिए तय करते हैं, जो यह सुनिश्चित करने का एक शानदार तरीका है कि लोग जल्द से जल्द यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हों।

7. व्यावहारिक बनें

हमारा लक्ष्य आपको केवल जानकारी और प्रेरणा देना नहीं है, बल्कि वास्तव में सुसमाचार की आशा के साथ दुनिया में जाने का निमंत्रण देना है। सत्रों में आप जो खोजते हैं उसके साथ व्यावहारिक होने के लिए एक–दूसरे को प्रोत्साहित करें और यह कैसा चल रहा है, इसके बारे में एक–दूसरे को प्रतिसाद दें।

8. अपनी कहानियाँ साझा करें

यह कैसा चल रहा है, इसके बारे में बात करते हुए, हमें यह सुनना अच्छा लगता है कि परमेश्वर आपके जीवन और आपके समूह में क्या कर रहा है। कृपया हमारी वेबसाइट पर कहानी अनुभाग (स्टोरी सेक्शन) के माध्यम से अपनी कहानियाँ हमारे साथ साझा करें, ताकि हम इस आंदोलन (और उससे आगे!) में दूसरों को आशीष दे सकें कि परमेश्वर कैसे काम कर रहा है।

9. कुछ और प्रार्थना करें

बहुत अधिक प्रार्थना जैसी कोई चीज नहीं होती। और क्योंकि प्रार्थना वह ईंधन है जो सुसमाचार प्रचार को आगे बढ़ाता है, आइए प्रार्थना करते रहें।

10. फिर मिलो

और अब, आपका पहला सत्र पूरा होने के बाद, आपकी अगली तारीखें डायरी में हैं, आपने जो सीखा है उसे अभ्यास में ला रहे हैं, एक–दूसरे के साथ प्रोत्साहन साझा कर रहे हैं, और प्रार्थना करना जारी रख रहे हैं, आप अगले चरण के लिए तैयार हैं... सत्र दो!

हम सहायता के लिए उपलब्ध हैं। यदि आपको अपना समूह शुरू करने या यात्रा जारी रहने तक किसी भी चीज की आवश्यकता है, तो आप एडवांस वेबसाइट के माध्यम से हमसे संपर्क कर सकते हैं: WWW.ADVANCEGROUPS.ORG

परिशिष्ट

एडवांस प्रश्नोत्तरी (बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न - F.A.Q)

क्या एडवांस केवल प्रचारकों के लिए है?
नहीं, बिलकुल नहीं। एडवांस सबके लिए है! हमारा मानना है कि सभी मसीहियों को अपने मिलने वालों के साथ यीशु का शुभ संदेश साझा करने के लिए बुलाया गया है। हम सभी को इस संदेश के बेहतर दूत बनने के लिए तेज होने और आकार लेने का अवसर मिलना चाहिए, न कि केवल उन लोगों के लिए जो विशेष रूप से एक प्रचारक के रूप में प्रतिभाशाली हैं।

क्या किसी समूह का नेतृत्व करने के लिए आपको कलीसिया लीडर होने की आवश्यकता है?
नहीं, वास्तव में एडवांस ग्रुप गाइड को इस तरह से तैयार किया किया गया है कि कोई भी आसानी से समूह या सत्र शुरू कर सकता है और उसका नेतृत्व कर सकता है।

क्या मुझे किसी एडवांस ग्रुप में शामिल होने या उसका नेतृत्व करने के लिए कुछ भी भुगतान करने की आवश्यकता है?
कोई भुगतान नहीं करना है – सभी सदस्यों के लिए एडवांस पूरी तरह से निःशुल्क है।

यदि मेरे क्षेत्र में कोई एडवांस समूह नहीं है तो क्या होगा?
दुनिया भर में एडवांस लगातार बढ़ रहा है। यदि आप अपने निकट कोई समूह नहीं देख पा रहे हैं तो चिंता न करें, हम आपको किसी एक समूह से जोड़ सकते हैं। कुछ देशों में समूह जूम या स्काइप के माध्यम से ऑनलाइन चलते हैं। यदि आप अधिक जानना चाहते हैं, तो ईमेल के माध्यम से हमसे संपर्क करें: info@advancegroups.org

क्या मेरा एडवांस ग्रुप ऐसे लोगों से बना होना चाहिए जो एक दूसरे को जानते हों?
नहीं, एडवांस ग्रुप के बारे में कई बेहतरीन बातें हैं, और उनमें से एक यह है कि आप अपने स्थानीय क्षेत्र में सुसमाचार साझा करने वाले एक जैसे जुनून वाले नए लोगों को मिल सकते हैं। हालाँकि, यदि आपके ऐसे मित्र हैं जो किसी एक समूह में शामिल होना चाहते हों, तो आपका ऐसा करने के लिए भी स्वागत है।

यदि मेरी पसंदीदा भाषा में कोई एडवांस ग्रुप गाइड नहीं है तो मैं क्या कर सकता हूं?
हम लगातार गाइडों का नई भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं, इसलिए यदि आपको वह भाषा नहीं मिल रही है जिसे आप ढूंढ रहे हैं तो कृपया इस बारे में बातचीत करने के लिए एडवांस टीम से संपर्क करें।

क्या मेरा अग्रिम समूह समान लिंग के लोगों से बना होना चाहिए?
जहां संभव हो, हम समान लिंग के सदस्यों से बने एडवांस समूहों को प्रोत्साहित करेंगे, लेकिन यह कोई आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, हम प्रत्येक सत्र के जवाबदेही अनुभागों के माध्यम से काम करते समय मिश्रित समूहों को पुरुषों और महिलाओं के छोटे समूहों में विभाजित होने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे।

मैं एक एडवांस ग्रुप कैसे शुरू कर सकता हूँ?
कृपया advancegroups.org पर ग्रुप प्रारंभ करने वाला फॉर्म भरें और हम आपसे संपर्क करेंगे।

यदि मैं पहले से ही एक अग्रिम समूह में हूँ, तो मैं आपको कैसे बता सकता हूँ?
कृपया advancegroups.org/already-in-a-group पर फॉर्म भरें।

साल एक परावर्तन

आपने एडवांस के इस पहले वर्ष में कैसे विकास की आशा की?

आप किस तरह बढ़े?

इस वर्ष से आपकी सबसे बड़ी सीख क्या है?

एडवांस के इस वर्ष में सामने आने वाली सबसे आश्चर्यजनक बात क्या है?

आपके सुसमाचार प्रचार में सबसे बड़ा प्रोत्साहन क्या रहा है?

एडवांस के इस पहले वर्ष के अंत में, आपने क्या सीखा है, आप कैसे बढ़े हैं, और एडवांस यात्रा के अगले वर्ष के लिए आपकी क्या उम्मीदें हैं, इस पर विचार करने के लिए इस फॉर्म का उपयोग करें। यदि ऐसी कोई कहानियाँ हैं जिन पर आप यहाँ विचार करते हैं और आपको लगता है कि इससे दूसरों को प्रोत्साहन मिलेगा, तो उन्हें हमारे साथ advancegroups.org/stories पर साझा करें।

सबसे बड़ी चुनौती क्या रही है?

____

____

____

इस वर्ष शास्त्र के किस वचन ने आप पर सबसे अधिक प्रभाव डाला है और क्यों?

____

____

____

इस वर्ष परमेश्वर आपकी प्रार्थनाओं में किस प्रकार कार्य कर रहा है?

____

____

____

आप एडवांस के साल दो में किस तरह से विकास की आशा करते हैं (और क्या आप इस वर्ष अपना स्वयं का समूह शुरू करेंगे)?

____

____

____

आने वाले वर्ष में आप किन सुसमाचार प्रचार अवसरों की लालसा कर रहे हैं?

____

____

____

साल दो परावर्तन

आपने एडवांस के इस दूसरे वर्ष में कैसे विकास की आशा की?

यह वर्ष पहले वर्ष से किस प्रकार भिन्न रहा है?

आप किस तरह बढ़े?

इस वर्ष से आपकी सबसे बड़ी सीख क्या है?

एडवांस के इस वर्ष में सामने आने वाली सबसे आश्चर्यजनक बात क्या है?

एडवांस के इस दूसरे वर्ष के अंत में, आपने क्या सीखा है, आप कैसे बढ़े हैं, और एडवांस यात्रा के अगले वर्ष के लिए आपकी क्या उम्मीदें हैं, इस पर विचार करने के लिए इस फॉर्म का उपयोग करें। यदि ऐसी कोई कहानियाँ हैं जिन पर आप यहाँ विचार करते हैं और आपको लगता है कि इससे दूसरों को प्रोत्साहन मिलेगा, तो उन्हें हमारे साथ advancegroups.org/stories पर साझा करें।

आपके सुसमाचार प्रचार में सबसे बड़ा प्रोत्साहन क्या रहा है (क्या आपको पिछले वर्षों के परावर्तन से वे अवसर मिले जिनकी आपने आशा की थी)?

सबसे बड़ी चुनौती क्या रही है?

इस वर्ष शास्त्र के किस वचन ने आप पर सबसे अधिक प्रभाव डाला है और क्यों?

इस वर्ष परमेश्वर आपकी प्रार्थनाओं में किस प्रकार कार्य कर रहा है?

एडवांस के साल तीन के लिए आपकी क्या उम्मीदें हैं (और क्या आप इस वर्ष अपना स्वयं का समूह स्थापित करेंगे, यदि आपने पहले से ही ऐसा नहीं किया है तो)?

साल तीन **परावर्तन**

आपने एडवांस के इस तीसरे वर्ष में कैसे विकास की आशा की?

आप किस तरह बढ़े?

इस वर्ष से आपकी सबसे बड़ी सीख क्या है?

एडवांस के इस वर्ष में सामने आने वाली सबसे आश्चर्यजनक बात क्या है?

आपके सुसमाचार प्रचार में सबसे बड़ा प्रोत्साहन क्या रहा है?

एडवांस के इस तीसरे वर्ष के अंत में, इस फॉर्म का उपयोग यह परावर्तित करने के लिए करें कि आपने क्या सीखा है, आप कैसे बढ़े हैं, और इस वर्ष आपकी क्या उम्मीदें हैं। यदि ऐसी कोई कहानियाँ हैं जिन पर आप यहाँ विचार करते हैं और आपको लगता है कि इससे दूसरों को प्रोत्साहन मिलेगा, तो उन्हें हमारे साथ advancegroups.org/stories पर साझा करें।

सबसे बड़ी चुनौती क्या रही है?

इस वर्ष शास्त्र के किस वचन ने आप पर सबसे अधिक प्रभाव डाला है और क्यों?

इस वर्ष परमेश्वर आपकी प्रार्थनाओं में किस प्रकार कार्य कर रहा है?

आप आने वाले वर्ष में कैसे विकास की आशा करते हैं?

आने वाले वर्ष में आप किन सुसमाचार प्रचार अवसरों की लालसा कर रहे हैं?

जवाबदेही फॉर्म

advancegroups.org/group-guide से एक छपाई योग्य संस्करण डाउनलोड करें

"हे परमेश्वर, मुझे जाँचकर जान ले! मुझे परखकर मेरी चिन्ताओं को जान ले!" (भजन 139:23)

एक दूसरे को **स्वीकार** करो (रोमियों 15:7)
एक दूसरे के सामने अपनी **गलती स्वीकार** करो (याकूब 5:16)
एक दूसरे को **प्रोत्साहित** करो और एक दूसरे का विकास करो (1 थिस्सलुनीकियों 5:11)

महत्वपूर्ण
✓ अच्छा
– ठीक
✗ खराब

"अपनी ईश्वर–निर्मित पहचान को जियो। जिस तरह परमेश्वर आपके प्रति रहता है, उसी तरह दूसरों के प्रति उदारतापूर्वक और दयालुता से जिएं।" (मत्ती 5:48)

अपने जीवन के प्रति मेरा दृष्टिकोण कितना स्पष्ट है?

जिस काम में मैं शामिल हूं, उसके प्रति मेरा दृष्टिकोण कितना स्पष्ट है?

क्या मैं जो करता हूँ आनंद से कर रहा हूँ?

क्या मैं जो कर रहा हूँ उसमें परमेश्वर की प्रसन्नता महसूस करता हूँ? मैं कितना जुनूनी हूँ?

क्या मैं यीशु के साथ घनिष्ठता का प्रयास कर रहा हूँ? क्या मैं प्रार्थना को पर्याप्त जगह दे रहा हूँ?

क्या मैं व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन में समय बिता रहा हूँ?

क्या आज बाइबल मेरे लिए जीवंत हो चुकी है?

क्या मैं अपने जीवन और सेवकाई में परमेश्वर की शक्ति का प्रमाण खोज रहा हूँ?

क्या यीशु मेरे लिए वास्तविक हैं?

क्या मैं शिक्षा ग्रहण करने योग्य और जवाबदेह हूं? क्या मैं उपलब्ध और मिलनसार हूँ? क्या मैं ठीक से सुन रहा हूँ?

क्या मैं स्वयं को दूसरों के प्रति असुरक्षित बना रहा हूँ? क्या मैं सेवक हृदय से नेतृत्व कर रहा हूँ?

क्या मैं विश्वासयोग्य हूँ?

क्या मैं अपने वादे निभा रहा हूँ?

क्या मैं स्वस्थ दृष्टिकोण अपना रहा हूँ?

क्या मैं दबाव को अच्छी रीति से संभाल पा रहा हूँ? (लोगों से, काम से, परिस्थितियों से)

मेरा स्वास्थ्य कैसा है? क्या मैं स्वस्थ भोजन कर रहा हूँ? क्या मुझे अच्छी नींद आ रही है?

क्या मैं अपने दिमाग को अनुचित विचारों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति दे रहा हूँ?

क्या मैं बीमारों, पीड़ितों और जरूरतमंदों को याद कर रहा हूँ?

क्या मेरा परिवार खुश है?

मेरी दोस्ती कैसी है?

क्या मैं जिनकी सेवा करता हूँ उनके साथ मेरे रिश्ते स्वस्थ हैं? (साथी, लीडर, विपरीत लिंग)

भूखे, क्रोधित, अकेले या थके हुए होने पर मेरी प्रतिक्रिया कितनी स्वस्थ है?

क्या मैं अनुचित वासनापूर्ण विचारों में संलग्न हूँ?

क्या मुझे पर्याप्त आराम मिल रहा है? क्या मैं अपना समय अच्छे से प्रबंधित कर रहा हूँ?

क्या मैं अपना खाली समय स्वस्थ तरीके से बिता रहा हूँ?

क्या मैं कलीसिया, काम और घरेलू जीवन के बीच स्वस्थ संतुलन बनाए हुए हूँ?

क्या मैं गैर–मसीहियों के साथ संबंध बना रहा हूं और बनाए रख रहा हूं?

क्या मैं स्वयं को यौन रूप से आकर्षक सामग्री के सामने आकर्षित होने रहा हूँ?

क्या मैं अपने जीवन के किसी भी हिस्से में हारा हुआ हूँ: ईर्ष्यालु, अशुद्ध, आलोचनात्मक, चिड़चिड़ा, मार्मिक या संशयात्मक?

क्या मैं अपने पैसे का अच्छे से प्रबंधन कर रहा हूँ? क्या मैं उदारतापूर्वक दे रहा हूँ?

क्या मैं अन्य लोगों से ईर्ष्या न करना चुन रहा हूँ?

क्या मैं बड़बड़ाना या शिकायत न करना चुन रहा हूँ?

क्या मैं पवित्रता के साथ चल रहा हूँ? क्या मैं निर्णायक और आश्वस्त हूँ? क्या मैं जोखिम लेने को तैयार हूँ?

क्या मैं लक्ष्य बना रहा हूँ और उन तक पहुँच रहा हूँ? क्या मैं बलिदान होने को तैयार हूँ?

क्या मैं अपनी अत्याधुनिकता बनाए रख रहा हूँ?

क्या मैं आत्मा की सामर्थ्य में आगे बढ़ रहा हूँ?

क्या मैं किसी को माफ करने से खुद को रोक रहा हूँ?

क्या मैं विनाशकारी प्रतिमानों और गढ़ों से मुक्ति का प्रयास कर रहा हूँ?

"परमेश्वर पर पूरे दिल से विश्वास रखें। सब कुछ अपने आप जानने का प्रयास न करें। आप जो कुछ भी करते हैं, जहां भी जाते हैं, परमेश्वर की आवाज सुनें। वह वह है जो आपको सही मार्ग पर रखेगा। यह मत समझो कि तुम्हें यह सब पता है। परमेश्वर की ओर दौड़ो! बुराई से दूर भागो।" (नीतिवचन 3:5–7)

ग्लोबल नेटवर्क ऑफ
इवेंजलिस्ट्स

ताकि सभी सुन सकें

एक प्रचारक केवल इतनी ही दूर तक पहुँच सकता है। एक संगठन इतना ही कर सकता है। एक साथ काम करके, हम सुसमाचार के विस्तार के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाते हैं। यह लुइस पलाऊ एसोसिएशन के ग्लोबल नेटवर्क ऑफ इवेंजीलिस्ट्स का दृष्टिकोण है।

अगले दशक को दुनिया भर में सुसमाचार प्रचार में तेजी लाने के लिए समर्पित करते हुए, पलाऊ एसोसिएशन 150 देशों में प्रचारकों का नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहा है।

इन नेटवर्कों को दुनिया भर में प्रचारकों और मसीही संगठनों के साथ मजबूत, भरोसेमंद रिश्तों के माध्यम से विकसित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को यीशु मसीह की ओर आकर्षित करने के लिए प्रचारकों को जोड़ा जा सके और प्रोत्साहित किया जा सके।

प्रचारकों का यह वैश्विक नेटवर्क हर साल लाखों लोगों तक यीशु मसीह का सुसमाचार पहुंचाने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग कर रहा है।

सलाह और उपकरण, सहयोगात्मक आउटरीच कार्यक्रमों और प्रशिक्षण और सम्मेलनों के माध्यम से, सदस्यों को मसीह के लिए अपनी दुनिया को प्रभावित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है। हमारी योजना इस पेशकश को दुनिया भर के हजारों और प्रचारकों तक विस्तारित करने की है, जिससे 150 से अधिक देशों में फैला पहला वैश्विक नेटवर्क बनेगा।

evangelist.global

टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ

NIKE

सुसमाचार
दूसरी कोई योजना
(प्लान बी) नहीं है।

ADVANCEGROUPS.ORG

LUIS PALAU ASSOCIATION

the message